
पञ्चसंग्रहः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला [प्राकृत ग्रन्थाङ्क—१०]

पञ्चसंग्रहः

[संस्कृतटीका-प्राकृतवृत्ति-हिन्दीभाषानुवादसहितः]



—सम्पादक—

पण्डित हीरालाल जैन, सिद्धान्तशास्त्री

भा र ती य ज्ञा न पी ठ, का शी

प्रथम आवृत्ति
११०० प्रति

भाद्रपद, वीर नि० २४८७
वि० सं० २०१७
अगस्त १९६०

मूल्य
पन्द्रह रुपये

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवीकी पवित्र स्मृतिमें तत्सुपुत्र साहू शान्तिप्रसादजी द्वारा

संस्थापित

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन-ग्रन्थमाला

प्राकृत ग्रन्थाङ्क १०

इस ग्रन्थमालामें प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड, तामिल आदि प्राचीन भाषाओंमें उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन और उसका मूल और यथासम्भव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन होगा। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमालामें प्रकाशित होंगे।

ग्रन्थमाला सम्पादक

डॉ. हीरालाल जैन,
एम० ए०, डी० लिट्०

डॉ. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये,
एम० ए०, डी० लिट्०

प्रकाशक

मन्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ,
दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी

मुद्रक—बाबूलाल जैन फागुल्ल, सन्मति मुद्रणालय, दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी

स्थापनाब्द
फाल्गुन कृष्ण ९
वीर नि० २४७०

सर्वाधिकार सुरक्षित

विक्रम सं० २०००
१८ फरवरी सन् १९४७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



स्वर्गीय मालिकाजी मालिकाजी साहू शान्तिप्रसाद जैन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

JNĀNAPĪṬHA MŪRTIDEVĪ JAINA GRANTHAMĀLĀ
PRAKRIT GRNTHA, No. 10

PANCASANGRAHA

SANSKRIT ṬĪKĀ, PRĀKRIT VṚITTI AND HINDI TRANSLATION



EDITOR

Pandit **HIRALAL JAIN** Siddhantashastri

Published by

BHĀRATĪYA JNĀNAPĪṬHA, KĀSHĪ

First Edition
1100 Copies

BHADRAPAD, VIRA SAMVAT 2487
V. S. 2017
AUGUST 1960

Price
Rs. 15/-



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

BHĀRATĪYA JNĀNAPĪTHA Kashi

FOUNDED BY

SĀHU SHĀNTIPRASĀD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRĪ MŪRTIDEVĪ

BHĀRATĪYA JNĀNAPĪTHA MŪRTIDEVĪ
JAIN GRANTHAMĀLĀ

PRAKRIT GRANTHA No. 10

IN THIS GRANTHAMĀLĀ CRITICALLY EDITED JAIN ĀGAMIC, PHILOSOPHICAL, PAURANIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS AVAILABLE IN PRAKRIT, SANSKRIT, APABHRANSHA, HINDI, KANNADA, TAMIL ETC., WILL BE PUBLISHED IN THEIR RESPECTIVE LANGUAGES WITH THEIR TRANSLATIONS IN MODERN LANGUAGES

AND

CATALOGUES OF JAIN BHANDARAS, INSCRIPTIONS, STUDIES OF COMPETENT SCHOLARS & POPULAR JAIN LITERATURE WILL ALSO BE PUBLISHED.

General Editors
Dr. Hiralal Jain, M. A., D. Litt.
Dr. A. N. Upadhye, M. A., D. Litt.

Publisher
Secy., Bharatiya Jnanapitha,
Durgakund Road, Varanasi

Founded on
Phalguna krishna 9.
Vira Sam. 2470

All Rights Reserved

Vikrama Samvat 2000
18 Febr. 1944.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रधान सम्पादकोंका वक्तव्य

कर्म और कर्मफलका चिन्तन मानव जीवनकी एक प्राचीनतम प्रवृत्ति है। प्रत्येक व्यक्ति यह देखना और जानना चाहता है कि वह जो कुछ करता है उसका क्या फल होता है। इसी अनुभवके आधारपर वह यह भी निश्चित करता है कि किस फलकी प्राप्तिके लिए उसे कौन-सा काम करना चाहिए। इस प्रकार मानवीय सभ्यताका समस्त ऐतिहासिक, सामाजिक व धार्मिक चिन्तन किसी-न-किसी प्रकार कर्म और कर्मफलको अपना विषय बनाता चला आ रहा है।

कर्म व कर्मफल सम्बन्धी चिन्तनकी दृष्टिसे संसारके समस्त दर्शनोंको दो भागोंमें विभक्त किया जा सकता है—एक वे दर्शन हैं जो कर्मफल सम्बन्धी कारण-कार्य परम्पराको इस जीवन-भर तक चलनेवाली ही मानते हैं। वे यह विश्वास नहीं करते कि इस देहके विनष्ट हो जानेपर उसके कार्योंकी कोई परम्परा आगे चलती है। ऐसी मान्यता रखनेवाले दर्शनोंको भौतिकवादी कहा जाता है, क्योंकि उसके अनुसार जीवन सम्बन्धी समस्त प्रवृत्तियाँ पञ्चभूतोंके मेलसे प्राणीके गर्भ या जन्म-कालसे प्रारम्भ होती हैं और आयुके अन्तमें शरीरके विनष्ट होकर पञ्चभूतोंमें मिल जानेपर उसकी समस्त प्रवृत्तियोंका अवसान हो जाता है।

इसके विपरीत दूसरे प्रकारके वे दर्शन हैं जो मानते हैं कि पञ्चभूतात्मक शरीरके भीतर एक अन्य तत्त्व, जीव व आत्मा, विद्यमान है जो अनादि और अनन्त है। उसकी अनादि-कालीन सांसारिक यात्राके बीच किसी विशेष भौतिक शरीरको धारण करना और उसे त्यागना एक अवान्तर घटनामात्र है। आत्मा ही अपने भौतिक शरीरके साधनसे नाना प्रकारकी मानसिक, वाचिक व कायिक क्रियाओं द्वारा नित्य नये संस्कार उत्पन्न करता, उसके फलोंको भोगता और उन्हींके अनुसार एक योनिको छोड़ दूसरी योनिमें प्रवेश करता रहता है, जब तक कि वह विशेष क्रियाओं द्वारा अपनेको शुद्ध कर इस जन्म-मरण रूप संसारसे मुक्त होकर सिद्ध नहीं हो जाता। ऐसी ही मुक्ति व सिद्धि प्राप्त करना मानव-जीवनका परम उद्देश्य होना चाहिए और इसी उद्देश्यकी पूर्तिके लिए आचार्योंने धर्मका उपदेश दिया है। इस प्रकारकी मान्यताओंको स्वीकार करनेवाले दर्शन अध्यात्मवादी कहलाते हैं।

जैन-दर्शन अध्यात्मवादी है और कर्म-सिद्धान्त उसका प्राण है। जैन कर्म-सिद्धान्तमें यह चिन्तन बड़ी गम्भीरता, सूक्ष्मता और विस्तारसे किया गया है कि विश्वके मूल तत्त्व क्या हैं और उनमें किस प्रकारके विपरिवर्तनों द्वारा प्रकृति और जीवनके नाना रूपोंकी विचित्रता उत्पन्न होती है। जैन मान्यतानुसार विश्वके मूल तत्त्व दो हैं—जीव और अजीव अथवा चेतन और जड़। निर्जीव अवस्थामें पृथ्वी, जल, अग्नि व वायु ये सब एक ही जड़ तत्त्वके रूपान्तर हैं, जिसे जैन-दर्शनमें पुद्गल कहा गया है। आकाश और काल भी जड़ तत्त्व हैं, किन्तु वे उपर्युक्त पृथ्वी आदिके समान मूर्तिमान् नहीं अमूर्त्त हैं। जीव व आत्मा इन सबसे पृथक् तत्त्व है जिसका लक्षण है चेतना। वह अपनी सत्ताका भी अनुभव करता है और अपने आस-पासके पर पदार्थोंका भी ज्ञान रखता है। उसकी इन्हीं दो वृत्तियोंको जैन-सिद्धान्तमें दर्शन और ज्ञानरूप उपयोग कहा गया है। दैहिकावस्थामें यह जीव अपनी रागद्वेषात्मक मन-वचन-कायकी प्रवृत्तियों द्वारा सूक्ष्मतम पुद्गल परमाणुओं-को ग्रहण करता है और उनके द्वारा नाना प्रकारके आभ्यन्तर संस्कारोंको उत्पन्न करता है। जिन सूक्ष्म परमाणुओंको जीव ग्रहण करता है उन्हें ही जैन सिद्धान्तमें कर्म कहा गया है। उनके आत्म-प्रदेशोंमें आ मिलनेकी प्रक्रियाका नाम आस्रव है, और इस मेलके द्वारा जो शक्तियाँ व आत्म-स्वरूपकी विकृतियाँ उत्पन्न होती हैं उनका नाम बन्ध है। कर्म-बन्धकी इसी प्रक्रियाको विधिवत् समझाना जैन कर्म-सिद्धान्तका विषय है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैन-साहित्यमें कर्म-सिद्धान्तका सबसे प्राचीन प्रतिपादन पूर्वोंमें किया गया था। जैन-धर्मके अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीरने जो उपदेश दिया उसको उनके गणधरों व साक्षात् शिष्योंने बारह अंगोंमें विभक्त किया। इन्हें ही द्वादशांग श्रुत या जैनागम कहा जाता है। बारहवें श्रुतांगका नाम दृष्टिवाद है और उसीके भीतर विद्यमान चौदह खण्डोंका नाम 'पूर्व' है। वे पूर्व इस कारण कहलाये कि भगवान् महावीरने उन्हींका सर्वप्रथम उपदेश दिया था। नाना उल्लेखोंपरसे यह भी अनुमान किया जाता है कि उनमें भगवान् महावीरसे भी पूर्वके तीर्थंकरों द्वारा उपदिष्ट सिद्धान्तोंका समावेश किया गया था, और इसीलिए वे पूर्व कहलाये। दुर्भाग्यसे वे पूर्व नामक ग्रन्थ कालक्रमसे विनष्ट हो गये। तथापि जैन-समाजके दिगम्बर और श्वेताम्बर ये दोनों सम्प्रदाय इस सम्बन्धमें एकमत हैं कि उक्त १४ पूर्वोंमें दूसरा पूर्व आग्रायणीय नामक था और उसीके भीतर कर्म-सिद्धान्तका सूक्ष्म विवेचन किया गया था। उसीके आधारसे पश्चात्कालमें दिगम्बर सम्प्रदायके क्रमशः षट्खण्डागम व उनकी धवला टीका, कषायप्राभृत और उसकी चूर्णि व जयधवला टीका, गोम्मटसार व उसकी टीकाएँ तथा प्राकृत व संस्कृत पञ्चसंग्रह नामक ग्रन्थोंकी रचना हुई, तथा श्वेताम्बर सम्प्रदायमें भी कर्मप्रकृति, पञ्चसंग्रह तथा उनके कर्म-ग्रन्थोंका निर्माण हुआ।

प्रस्तुत पञ्चसंग्रह नामक ग्रन्थ कर्म-सिद्धान्तकी उक्त दिगम्बर परम्पराकी एक विशिष्ट रचना है, जो हाल ही प्रकाशमें आई है। उसके पाँच प्रकरणोंके नाम हैं—जीवसमास, प्रकृति-समुत्कीर्तन, कर्मस्तव, शतक और सत्तरी। इनमेंसे प्रथम तीन अधिकारोंके नाम तो उनके विषयको सूचित करनेवाले हैं, किन्तु शतक और सत्तरी विषयको नहीं, किन्तु विषयको प्रतिपादन करनेवाली मूल सौ और सत्तर गाथाओंको देखकर रख दिये गये हैं। यथार्थतः ये नाम मूल ग्रन्थमें पाये भी नहीं जाते। शतककी प्रथम मूलगाथामें कहा गया है कि यह बन्ध-समास प्रकरण संक्षेप रूपसे कर्मप्रवाद नामक श्रुतसागरका निस्यन्दमात्र वर्णन किया गया है। इसी प्रकार सत्तरीकी प्रथम मूलगाथामें कर्ताने कहा है कि मैं यहाँ बन्धोदय व सत्त्व प्रकृति-स्थानोंको दृष्टिवादके निस्यन्द रूप संक्षेपसे कहता हूँ तथा ७१ वीं मूलगाथामें कहा है कि मैंने उक्त विषयका प्रतिपादन उस दृष्टिवादके आधारसे किया है जो दुर्गमनीय, निपुण, परमार्थ, रुचिर और बहुभङ्गी युक्त हैं।

श्वेताम्बर पञ्चसंग्रहमें भी अन्तिम दो प्रकरणोंके नाम ये ही शतक और सत्तरी पाये जाते हैं। उसके प्रथम तीन प्रकरणोंके नाम सत्त्वकर्मप्राभृत, कर्मप्रकृति और कषायप्राभृत ध्यान देने योग्य हैं। दिगम्बर परम्परामें कषायप्राभृत गुणधर आचार्यकृत गाथात्मक रचना है और उसमें रागद्वेषात्मक बन्धहेतुओंका ही प्ररूपण किया गया है। षट्खण्डागमकी धवला टीकाके अनुसार दृष्टिवादके द्वितीय पूर्व आग्रायणीयके पाँचवें अधिकारका नाम च्यवनलब्धि था और उसके २० पाहुड़ोंमेंसे चतुर्थ पाहुड़का नाम था कर्म-प्रकृति। इसी कर्म-प्रकृति पाहुड़के अन्तर्गत कृति, वेदना आदि २४ अधिकार थे जिनका संक्षेप परिचय षट्खंडागम व उसकी धवला टीकामें कराया गया है और उसे संतकम्मपाहुड़ भी कहा गया है। इस प्रकार जहाँ तक कर्म-सिद्धान्तका सम्बन्ध है, न केवल विषयकी दृष्टिसे किन्तु अपने प्राचीनतम ग्रन्थोंके नामों तकमें दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायोंके बीच कोई विशेष भेद नहीं पाया जाता।

प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके पाँचों अधिकारोंमें मूल गाथाओंकी संख्या ४४५ तथा भाष्यगाथाओंकी संख्या ८६४ कुल १३०९ दिखाई देती है। प्रथम दो अधिकारोंमें भाष्यगाथाएँ नहीं हैं, तथा दूसरे प्रकरण प्रकृति-समुत्कीर्तनमें गाथाएँ केवल १० ही हैं, किन्तु कर्म प्रकृतियोंको गिनानेवाला बहुत-सा अंश प्राकृत गद्यमें है, जो षट्खंडागमके प्रथम खंड जीवट्ठाणकी प्रकृति-समुत्कीर्तन नामक प्रथम चूलिकासे प्रायः जैसेका-तैसा उद्धृत किया गया है और अधिकारका नाम भी वही है। समस्त रचना गोम्मटसारसे भी खूब मेल खाती है। गोम्मटसारका भी दूसरा नाम पञ्चसंग्रह है। वहाँ भी जीवकाण्डकी प्रथम गाथामें **'जीवस्य परूवणं वोच्छं'** रूपसे अधिकारके विषयका निर्देश किया गया है जो इस संग्रहमें भी जैसाका तैसा पाया जाता है। उसी प्रकार कर्मकाण्डके आदिमें **'पयडिसमुक्कित्तणं** वोच्छं' रूपसे जैसी अधिकारकी सूचना की गई है ठीक वैसी ही यहाँपर पाई जाती है। गोम्मटसारका तीसरा अधिकार 'बंधुदयसत्तजुत्तं ओघादेसे **थवं** वोच्छं' इस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकार कर्मस्तव अधिकारकी सूचनासे प्रारंभ होता है और यहाँ 'बंधोदयसंतजुयं वोच्छामि थवं णिसामेह' इस प्रतिज्ञा वाक्यके साथ। चतुर्थ अधिकार कर्मकाण्डकी ७८५ वीं गाथामें 'पयडीणं पच्चयं वोच्छं'के प्रतिज्ञा-वाक्यसे प्रारम्भ होता है, और यहाँ 'जं पच्चइओ बंधो हवइ'। पाँचवाँ प्रकरण दोनोंमें उक्त प्रकार व्यवस्थित रीतिसे मेल नहीं खाता। गोम्मटसारकी कुल गाथा संख्या १७०५ है, जिनमेंकी बहुत-सी, विशेषतः प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके आदिके दो-तीन भागोंमें क्रमबद्ध जैसीकी तैसी पाई जाती हैं। यही कारण है कि इसके संस्कृत टीकाकार सुमतिकीर्तिने अपनी पुष्पिकाओंमें इसे गोम्मटसार व लघुगोम्मटसार सिद्धांतके नामसे उल्लिखित किया है। जो भी हो किन्तु इसमें सन्देह नहीं कि गोम्मटसार और प्रस्तुत पञ्चसंग्रहमें असाधारण मेल है। बीस प्ररूपणाओं द्वारा जीव समास निरूपण इन दोनोंमें समान है।

गोम्मटसारके कर्ता नेमिचंद्र सिद्धांत-चक्रवर्ती और उसका रचना-काल १०वीं शतीके सम्बन्धमें कोई सन्देह नहीं। किन्तु प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके कर्ता और उनके रचनाकालका कोई निश्चय नहीं पाया जाता। प्रस्तुत ग्रंथकी भूमिकामें सम्पादकने कल्पना की है कि इसकी एक गाथा धवला टीकामें भी पाई जाती है, इसलिए इसकी रचना उससे पूर्वकालकी होनी चाहिए, तथा कर्मप्रकृतिके कर्ता शिवशर्म ही श्वेताम्बर पञ्चसंग्रह अंतर्गत शतकके रचयिता भी माने जाते हैं, अतः उसका रचनाकाल इसकी पूर्वावधि कहा जा सकता है, और इस प्रकार इसकी रचना विक्रमकी ५वीं और ८वीं शतीके मध्यवर्ती कालमें हुई है। किन्तु पूर्वोक्त समस्त ग्रन्थ-परम्पराके प्रकाशमें यह कल्पना निर्णायक नहीं मानी जा सकती। विषयकी दृष्टिसे सम्पादकने हमारा ध्यान इसकी कुछ गाथाओंकी ओर आकर्षित किया है। इसके प्रथम अधिकारकी गाथा १०२–१०४ में द्रव्यवेदोंकी विपरीतताका उल्लेख किया गया है, जबकि धवलाकारने स्पष्ट कहा है कि वेद अन्तर्मुहूर्तक नहीं होते, क्योंकि जन्मसे लेकर मरण पर्यन्त एक ही वेदका उदय पाया जाता है। यही बात अमितगतिने अपने संस्कृत पञ्चसंग्रहकी गाथा १९१ में कही है। उसी प्रकार प्रस्तुत ग्रन्थके प्रथम प्रकरण १९३ की गाथामें सम्यग्दृष्टि जीवकी छह अधस्तन पृथिवियों, ज्योतिषी, वाणव्यंतर और भवनवासी देवों तथा समस्त स्त्री पर्यायोंके अतिरिक्त बारह मिथ्यावादोंमें भी उत्पत्तिका निषेध किया गया है। किन्तु धवला और गोम्मटसारमें एक ही प्रकारसे उक्त निरूपण किया गया है जिसमें बारह मिथ्यावादका कोई उल्लेख नहीं है। यथार्थतः ये दोनों प्रकरण उक्त रचनाको धवलासे पूर्वकी नहीं, किन्तु उससे पश्चात्कालीन इंगित कर रहे हैं। धवलाकारने अपने पूर्ववर्ती सिद्धान्त ग्रन्थोंका यत्र-तत्र स्पष्ट उल्लेख किया है। यदि यह पञ्चसंग्रह उनके सम्मुख होता तो कोई कारण नहीं कि वे उसका उल्लेख न करते, विशेषतः बीस प्ररूपणाओंके प्रसंगमें जहाँ उन्हें शंका-समाधान रूपमें कहना पड़ा है कि उनके निर्देश सूत्रोंमें नहीं हैं। अन्य किन्हीं रचनाओंमें भी इस ग्रन्थका उल्लेख प्रकाशमें नहीं आया। संस्कृत पञ्चसंग्रहके कर्ता अमितगतिके सम्मुख कोई पूर्व-रचित पञ्चसंग्रह अवश्य था, जिसके अन्तिम दो प्रकरणोंके नाम शतक और सत्तरी थे। यह बात माने बिना उनके द्वारा स्वीकार किये गये इन नामोंकी सार्थकता सिद्ध नहीं होती, क्योंकि वहाँ स्वयं इन प्रकरणोंमें सौ और सत्तर पद्योंसे अधिक पाये जाते हैं। सम्भव है प्रस्तुत पञ्चसंग्रहका मूलगाथा भाग ही उनके सम्मुख रहा हो। यदि यह बात ठीक हो तो इसके मूलरचनाकी उत्तरावधि वि० सं० १०७३ सिद्ध होती है, क्योंकि यही उस संस्कृत पञ्चसंग्रहकी रचनाका काल है। किन्तु इन दोनों रचनाओंमें जो अनेक भेद पाये जाते हैं, जिनका उल्लेख प्रस्तुत ग्रन्थके सम्पादकने अपनी भूमिकामें किया है, उन्हें देखते हुए यह बात भी सर्वथा सन्देहके परे नहीं कही जा सकती। इस प्रकार इस रचनाका काल-निर्णय अभी भी विशेष अध्ययनकी अपेक्षा रखता है। हो सकता है कि मूलतः ये पाँचों प्रकरण पृथक् स्वतन्त्र गाथा-संग्रह थे, जिन्हें एकत्र कर व अन्य कुछ गाथाएँ जोड़कर भाष्यकारने पञ्चसंग्रह नामसे प्रगट किया हो। इस सम्बन्धमें यह भी विचारणीय है कि जब पूर्वों व पाहुड़ोंकी परम्परामें षट्खण्डागम व धवला टीकाके काल तक कर्मसिद्धान्तका विवेचन बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्ध विधान इन चार अधिकारों द्वारा ही किया जाता रहा, तब यह पाँच अधिकारोंकी परम्परा कब कहाँसे चल पड़ी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पञ्चसंग्रहका यह सर्व-प्रथम प्रकाशन है और उसमें उस समस्त साहित्यका समावेश कर दिया गया है जो मूल संग्रहके आश्रयसे निर्मित हुआ है। इसमें मूल और भाष्य गाथाओंके अतिरिक्त १७वीं शतीमें सुमतिकीर्ति द्वारा रचित टीका भी है, एक प्राकृत वृत्ति भी है तथा श्रीपालसुत डड्ढकृत संस्कृत पञ्चसंग्रह भी है। मूलका पाठ हिन्दी अनुवाद, पादटिप्पण तथा गाथानुक्रमणी व भूमिका परिश्रमसे तैयार किये गये हैं, जिसके लिए हम इसके सम्पादक पं० हीरालाल शास्त्रीको हृदयसे धन्यवाद देते हैं। इस प्रकाशनके लिए ज्ञानपीठके अधिकारी अभिनन्दनीय हैं। इस ग्रन्थके द्वारा जैन कर्म-सिद्धान्तके अध्ययनको और भी अधिक गति मिलेगी, ऐसी आशा है।

शोलापुर
१५-६-६०

हीरालाल जैन,
आ० ने० उपाध्ये
प्रधान सम्पादक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पादकीय वक्तव्य

पन्द्रह वर्षसे भी अधिक हुए, जब मुझे प्राकृत पञ्चसंग्रहकी मूल प्रति ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन ब्यावरसे प्राप्त हुई और तभी मैंने उसकी प्रतिलिपि कर ली। उसके पश्चात् अन्य कार्योंमें व्यस्त रहनेसे इच्छा रहनेपर भी मैं उसका अनुवाद प्रारम्भ नहीं कर सका। दिनाङ्क ८–३–५३ को अनुवाद करना प्रारम्भ किया, पर वह भी लगातार चालू नहीं रह सका और बीच-बीचमें व्यवधान पड़ता रहा। अन्तमें सन् १९५७ के दिसम्बरमें वह पूरा किया जा सका और उसके पश्चात् वह प्रकाशनार्थ भारतीय ज्ञानपीठ काशी-को सौंप दिया गया। सम्पादक-मण्डलकी स्वीकृति मिल जानेपर ग्रन्थ प्रेसमें दे दिया गया। इसी समय पञ्च-संग्रहकी अधूरी संस्कृत टीका हस्तगत हुई और उसके प्रकाशनार्थ भी सम्पादक-मण्डलको लिखा गया। उसके भी प्रकाशनकी स्वीकृति मिलनेपर मूल और अनुवादके साथ नवमें फार्मसे उसका छपना प्रारम्भ कर दिया गया। इसी बीच प्राकृतवृत्तिकी प्रति आमेरके भण्डारसे और डड्ढाकृत संस्कृत पञ्चसंग्रहकी प्रति ईडरके भण्डारसे प्राप्त हुई। दोनोंकी उपयोगिता समझकर उनके भी प्रकाशनार्थ सम्पादक-मण्डलने स्वीकृति दे दी और अनु-वादके अन्तमें दोनोंको मुद्रित करनेका निर्णय किया गया। फलस्वरूप १८ मासमें यह सम्पूर्ण ग्रन्थ मुद्रित हो सका है। इस प्रकार पूरे पन्द्रह वर्षके पश्चात् पञ्चसंग्रहके सानुवाद-प्रकाशनकी भावना पूर्ण हुई। इसके लिए मैं भारतीय ज्ञानपीठके संस्थापक, संचालक और सम्पादक-मण्डलका आभारी हूँ।

ग्रंथके सम्पादनमें पहले मूलगाथा दी गई है, उसके नीचे संस्कृत टीका (जहाँसे वह उपलब्ध हुई) और उसके नीचे हिन्दी अनुवाद दिया गया है। अमितगतिकृत मुद्रित मूल-संस्कृत पञ्चसंग्रहके जो श्लोक मूल गाथाके छायानुवाद रूप हैं, उन्हें गाथारम्भमें रोमन अङ्कोंके द्वारा टिप्पण-अङ्क देकर टिप्पणीमें सर्वप्रथम स्थान दिया गया है। दूसरे ग्रन्थोंमें पायी जानेवाली या समता रखनेवाली गाथाओंके ऊपर हिन्दी अङ्कोंमें टिप्पण-अङ्क देकर उसके नीचे टिप्पणीमें स्थान दिया गया है। तदनन्तर प्रतियोंमें प्राप्त होनेवाले पाठ-भेदों-को (+) इत्यादि प्रकारके चिह्न-विशेष देकर टिप्पणीमें स्थान दिया गया है। इन तीनों प्रकारकी टिप्पणियोंमें से प्रथम प्रकारकी टिप्पणीको ग्रन्थारम्भसे लेकर ग्रन्थ-समाप्ति तक चालू रहनेके कारण प्रथम स्थान देना उचित समझा गया है।

संस्कृत टीका-गत जो पद्य जिस ग्रन्थके रहे हैं, उनकी सूचना टिप्पणीमें यथास्थान कर दी गई है। डड्ढाकृत संस्कृत पञ्चसंग्रहमें जो टिप्पणियाँ दी गई हैं, वे सब आदर्श प्रतिके हासियेपर लिखी हुई प्राप्त हुई हैं। प्रतिकी प्राचीनता, लेखनकी समता और अर्थ-बोधकी सरलता आदि कई बातें ऐसी हैं जो हमें यह कहनेके लिए प्रेरित करती हैं कि इन टिप्पणियोंको स्वयं ग्रन्थकार श्री डड्ढाने ही लिखा है।

पञ्चसंग्रह जैसे प्राचीन एवं दुर्गम ग्रन्थके अनुवादका काम कितना कठिन रहा है, यह उसके अभ्या-सियोंसे छिपा न रहेगा। मैंने शक्ति-भर पूरी सावधानी रखी है, फिर भी यदि कहीं कोई चूक रह गई हो, तो विद्वान् पाठकोंसे निवेदन है कि वे उसका सुधार कर लेवें और उससे मुझे सूचित करें।

किसी भी ग्रन्थकी प्रस्तावना लिखनेका कार्य अनुवादसे अधिक कठिन होता है। फिर जिसके कर्त्ता आदिका पता न हो, और दि० श्वे० दोनों सम्प्रदायोंमें मान्य रहा हो, तथा जिसपर दोनों सम्प्रदायके आचार्योंने स्वतन्त्र चूर्णि और टीका-टिप्पण आदि लिखे हों, उसकी प्रस्तावना लिखनेका कार्य तो और भी अधिक गुरुतर एवं समय-साध्य होता है। उसके लिए पर्याप्त समय और पर्याप्त ऐतिहासिक सामग्री अपेक्षित है। मेरे लिए समय और साधन दोनोंकी कमी रही है, इसलिए चाहते हुए भी मैं उन सब बातोंपर प्रकाश नहीं डाल सका हूँ, जिनपर कि उसकी आवश्यकता थी। फिर भी कुछ महत्त्वपूर्ण बातोंकी मैंने प्रस्तावनामें चर्चा की है और आशा करता हूँ कि इस विषयके अधिकारी विद्वान् अपेक्षित सभी मुख्य बातोंपर अनुसन्धान करेंगे और उसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठकोंके सामने रखेंगे। खास तौरसे वे 'पञ्चसंग्रहकार कौन हैं, उनका समय क्या रहा,' इस महत्त्वपूर्ण प्रश्नके समाधानके लिए अपनी अनुसन्धान-प्रवृत्तिको आगे बढ़ावें, ऐसा मेरा नम्र निवेदन है। प्रस्तावनाके लिए ग्रन्थको और आगे रोकना मैंने उचित नहीं समझा और इसलिए जैसी भी सम्भव हो सकी है, वैसी लिखकर उसे पाठकोंके सम्मुख उपस्थित करना ही उचित समझा है।

प्रतियोंकी प्राप्तिके लिए मैं श्री ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन व्यावर, दि० जैन पंचायती मन्दिर, खजूर मस्जिद दिल्ली, दि० जैनशास्त्र-भण्डार ईडर और श्रीमहावीर-शास्त्र-भण्डार जयपुरके संचालकों और व्यवस्थापकोंका आभारी हूँ, जिन्होंने कि अपने-अपने भण्डारोंसे अलभ्य प्राचीन प्रतियाँ प्रस्तुत संस्करणके लिए भेजी हैं। पं० परमानन्दजी शास्त्रीने भी अपनी हस्तलिखित मूल प्रति और प्राकृतवृत्ति मिलानके लिए दी, इसलिए मैं उनका भी आभारी हूँ।

ग्रन्थके अधिकार-विभाजनमें श्री पं० कैलाशचन्द्रजी सिद्धान्त-शास्त्रीने समय-समयपर समुचित परामर्श दिया और संस्कृत टीकाके भी साथमें प्रकाशनार्थ प्रेरणा दी, इसके लिए मैं उनका भी आभारी हूँ। ग्रन्थगत अनेक संदिग्ध पाठोंके निर्णय करनेमें तथा अनुवाद-सम्बन्धी कितनी ही गुत्थियोंके सुलझानेमें श्री० पं० फूलचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीका सदैवकी भाँति पूर्ण साहाय्य प्राप्त हुआ है, इसलिए मैं उनका भी बहुत आभारी हूँ। सिद्धान्त ग्रन्थोंके गहरे अभ्यासी श्री० ब्र० रतनचन्द्रजी नेमिचन्द्रजी सहारनपुरसे भी समय-समयपर समुचित सूचनाएँ मिलती रही हैं, और श्री० पं० महादेवजी चतुर्वेदी, व्याकरणाचार्य काशीसे अनेक संदिग्ध पाठोंके संशोधनमें भरपूर सहयोग मिला है; एतदर्थ मैं उनका भी आभारी हूँ।

ग्रन्थ-मुद्रणके समय प्रूफ़-संशोधनार्थ मुझे भारतीय ज्ञानपीठ काशीमें तीन बार लम्बे समय तक ठहरना पड़ा। उस समय मेरी सुख-सुविधा एवं मुद्रण आदिकी समुचित व्यवस्था करनेमें ज्ञानपीठके व्यवस्थापक और उनके स्टाफके समस्त सदस्योंका जो प्रेममय व्यवहार रहा है, उसके लिए मैं किन शब्दोंमें अपनी कृतज्ञता व्यक्त करूँ। सन्मति-मुद्रणालयके कम्पोजीटर्स और कर्मचारियों तकका मेरे साथ मधुर व्यवहार रहा है, इसके लिए मैं उन सबका आभारी हूँ।

श्रावक-शिरोमणि श्रीमान् साहू शान्तिप्रसादजी द्वारा संस्थापित एवं सौ० श्री रमारानी द्वारा संचालित यह भारतीय ज्ञानपीठ अपने पवित्र सदुद्देश्योंकी पूर्तिमें उत्तरोत्तर अग्रेसर रहे, यही अन्तिम मङ्गल-कामना है।

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी
२९-४-६०

—हीरालाल शास्त्री
साढूमल (झाँसी)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

मूलग्रन्थ प्रति-परिचय

आ यह प्रति श्री ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन ब्यावरकी है। प्राकृत पञ्चसंग्रहकी जितनी भी प्रतियाँ हमें मिल सकीं, उनमें यह सबसे प्राचीन है और अत्यन्त शुद्ध भी है। हमने इसीको आधार बनाकर पञ्चसंग्रहकी प्रतिलिपि की, अतः यह हमारे लिए आदर्श-प्रति रही है।

इस आदर्श-प्रतिका आकार १३ × ५ इंच है। पत्र-संख्या ७१ है। पत्रके प्रत्येक पृष्ठपर पंक्ति-संख्या १० है और प्रत्येक पंक्तिमें अक्षर-संख्या लगभग ५० के है। इस प्रकार पञ्चसंग्रहकी समस्त गाथाओं, अंक-संदृष्टियों और गद्यांशोंका श्लोक-प्रमाण लगभग ढाई हजार है।

प्रतिके प्रथम पत्रके ऊपरी पृष्ठपर 'पंचसंग्रह ग्रंथ, दिगम्बर जैन मन्दिर गोजगढ़, राज सवाई जैपुर' लिखा है। प्रतिके अन्तमें लेखक-प्रशस्ति इस प्रकार पाई जाती है—

"संवत् १५३७ वर्षे आषाढ़ सुदि ५ श्रीमूलसंघे नंद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारकश्रीपद्मनन्दिदेवास्तत्पट्टे भट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवास्तत्पट्टे भट्टारकश्रीजिनचन्द्रदेवास्तच्छिष्यमुनिश्रीभुवनकीर्त्तिस्तदाम्नाये खंडेलवालान्वये राउकागोत्रे साधु थेल्हा तद्भार्या थेल्हसिरी, तत्पुत्रास्त्रयो धीरा दानपूजातत्पराः साधु नापा, द्वितीय माणा, तृतीय पेता। नापा-भार्या गोगल, तत्पुत्र दासा। एतेषां मध्ये साधु नापाख्येन इदं ग्रन्थं लिखाप्य बाई गूजरिजोगु दत्तं विद्वद्भिः पठ्यमानं चिरं नंदतु ॥०॥श्री॥"

उक्त प्रशस्तिसे सिद्ध है कि यह प्रति ४८० वर्ष प्राचीन है। इसे खंडेलवाल-वंशीय एवं रांवका-गोत्रीय नापासाहुने लिखवाकर किसी ब्रह्मचारिणी बाई गूजरिजोगुके पठनार्थ प्रदान किया है। नापासाहुने अपने जन्मसे किस नगर या ग्रामको पवित्र किया, इस बातका पता उक्त प्रशस्तिसे नहीं लगता है। संभव है कि प्रशस्तिमें दी गई भट्टारक-परम्पराकी विशेष छान-बीन करनेपर नापासाहुकी जन्म-भूमि आदिका कुछ पता लग जावे।

ब यह प्रति भी श्री ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवनकी है। उपलब्ध प्रतियोंमें प्राचीनताकी दृष्टिसे इसका दूसरा स्थान है और यह भी पूर्व प्रतिके समान शुद्ध है। हाँ, प्राकृत भाषा-सम्बन्धी अनेक पाठ-भेद इसमें पाये जाते हैं, जिन्हें हमने यथास्थान टिप्पणमें ब संकेतके साथ दिया है। दोनों प्रतियोंमें एक मौलिक अन्तर है। शतक-प्रकरणकी गाथा नं० ६ आदर्शप्रतिमें नहीं है, जबकि वह इस प्रतिमें तथा इसके अतिरिक्त उपलब्ध अन्य अनेक प्रतियोंमें पाई जाती है।

इस प्रतिका आकार लेना हम भूल गये। पत्र-संख्या १०६ है। पत्रके प्रत्येक पृष्ठपर पंक्ति-संख्या १० है और प्रत्येक पंक्तिमें अक्षर-संख्या ३४-३५ के लगभग है। इस प्रतिमें ग्रन्थ-समाप्तिकी सूचना करते हुए निम्न गद्य-सन्दर्भ भी पाया जाता है—

"इति पंचसंग्रहः समाप्तः ॥ श्री ॥ ★ ॥ वासपुधत्तं त्रयाणामुपरि नवानां मध्यं ४–५–६–७–८–९॥ श्री क्वचित्समाप्तौ चेति दृश्यते ॥७।८॥ अंतःकोडाकोडिसंज्ञा सागरोपमैककोट्युपरि कोटीकोटीमध्यं। अन्तःकोडाकोडिसंज्ञा गोमटसारटीकायां समयूणकोडाकोडिप्पहुदि समयाहियकोडि त्ति ॥"

इस गद्य-सन्दर्भमें किसी पाठकने तीन बातोंकी जानकारी दी है—पहली बातमें वर्षपृथक्त्वका प्रमाण बतलाया है कि तीन वर्षसे ऊपर और नौ वर्षसे नीचेके मध्यवर्ती कालको वर्षपृथक्त्व कहते हैं। दूसरी बात 'इति' शब्दके सम्बन्धमें बतलाई है कि इति शब्दका प्रयोग कहीं 'समाप्ति'के अर्थमें भी देखा जाता है। तीसरी बात जो बतलाई गई है, वह एक सैद्धान्तिक मत-भेदको व्यक्त करती है। एक मतके अनुसार एक सागरोपम कोटि वर्षसे ऊपर और एक सागरोपम कोटाकोटि वर्षसे नीचेके कालको 'अन्तःकोडाकोडी' कहते हैं। किन्तु गोम्मटसारकी टीकामें एक समयाधिक कोटिवर्षसे लेकर एक समय-कम कोटाकोटिवर्ष तकके कालको अन्तःकोडाकोडी कहा गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके पश्चात् लेखकने अपनी प्रशस्ति इस प्रकार दी है—

"॥श्री॥ संवत् १५४८ वर्षे आसो सुदि ३ शनौ सागवाडाशुभस्थाने श्री आदिनाथ चैत्यालये श्री मूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भ० श्री विजयकीर्त्ति तच्छिष्य आ० श्री अभयचन्द्रदेवाः तच्छिष्य मु० महीभूषणेन कर्मक्षयार्थं स्वयमेव लिखितं ॥छ॥ शुभं भवतु ॥"

॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥

इस प्रशस्तिमें लेखकने प्रायः सभी आवश्यक बातोंकी जानकारी दे दी है। तदनुसार यह प्रति आजसे ४६९ वर्ष पूर्वकी लिखी हुई है। इसके लेखक मुनि महीभूषणने सागवाड़ाके श्री आदिनाथ चैत्यालयमें बैठकर कर्म-क्षयके लिए स्वयं ही अपने हाथसे इसे लिखा है। इस दृष्टिसे इस प्रतिका महत्त्व बहुत अधिक है कि वह एक मुनिके हाथसे लिखी हुई है और उस समय—जब कि जीवराज पापड़ीलाल जैसे सम्पन्न गृहस्थ सहस्रों जैन मूर्त्तियोंके निर्माण और प्रतिष्ठापनमें लग रहे थे, तब एक साधु कर्म-सिद्धान्तके एक प्राचीन ग्रन्थको लिखकर कर्म-क्षयके लिए अपनी आत्म-साधनामें संलग्न थे। आज भी यह अनुकरणीय है।

उक्त प्रशस्तिके पश्चात् भिन्न वर्णकी स्याही और बारीक कलमसे लिखा है—

"मुनिश्रीरविभूषणस्तच्छिष्य ब्रह्मगणजीष्णोरिदं पुस्तकं ॥"

तत्पश्चात् भिन्न कलमसे 'ब्र० वछराज' लिखा है। तदनन्तर इसके नीचे अन्य स्याही और अन्य कलमसे लिखा है—

"इदं पुराणं आचार्य श्री रामकीर्त्तिको छै"

ऊपरके इन उल्लेखोंसे पता चलता है कि मुनि महीभूषणके पश्चात् उक्त प्रति मुनि श्री रविभूषणके शिष्य ब्रह्मगण जिष्णुके पास रही है। तदनन्तर ब्र० वच्छराजजीके अधिकारमें रही है, जो कि अपना नाम तक भी शुद्ध नहीं लिख सकते थे। उनके पश्चात् यह प्रति 'श्री रामकीर्ति' के पास रही है। उनके ज्ञान और भावनाका अनुमान इस जरा-सी पंक्तिसे ही हो जाता है कि वे पंचसंग्रह जैसे कर्म-सिद्धान्तके ग्रन्थको एक पुराण ही समझते हैं और इसपर अपना अधिकार बतलानेके लिए स्वयं ही अपने आपको "आचार्यश्री" बतलाते हुए "रामकीर्त्तिको छै" लिख रहे हैं। ये आचार्य नहीं, किन्तु कोई ऐसे भट्टारक प्रतीत होते हैं, जिन्हें उक्त पंक्तिके प्रारम्भिक 'इदं' पदका 'अस्ति' क्रियाके साथ सम्बन्ध जोड़ने और पद-विभक्तिको शुद्ध लिखने-का भी संस्कृत ज्ञान नहीं था।

उपरि-निर्दिष्ट दोनों प्रतियोंके अतिरिक्त हमें जयपुर-शास्त्र भण्डारकी दूसरी दो और प्रतियाँ भी श्री कस्तूरचन्द्रजी काशलीवालकी कृपासे प्राप्त हुई, जो कि ऐलक सरस्वती भवनकी प्रतियोंके बादकी लिखी हुई हैं। इनमें प्रायः वे ही पाठ उपलब्ध हुए, जो कि ऊपरकी दोनों प्रतियोंमें पाये जाते हैं। किन्तु अपेक्षाकृत ये दोनों प्रतियाँ कुछ स्थलोंपर अशुद्ध लिखी दृष्टि-गोचर हुईं, अतएव उनके साथ प्रेस-कापीका मिलान करनेपर भी उनके पाठ-भेद देना हमने आवश्यक नहीं समझा और इसीलिए उन प्रतियोंका कोई परिचय भी नहीं दिया जा रहा है।

संस्कृत टीका प्रतिका परिचय

द यह प्रति श्रीदि० जैन पंचायती मन्दिर खजूर मस्जिद दिल्लीके प्राचीन शास्त्र-भण्डारकी है। यद्यपि यह प्रति अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण और खण्डित है, तथापि उक्त शास्त्रभण्डारके संरक्षकोंने उसका जीर्णोद्धार करके उसे पढ़ने और प्रतिलिपि करनेके योग्य बना दिया है। वर्तमान प्रतिमें प्रारम्भके दो पत्र तथा १८१ और १९४ का पत्र तो बिलकुल ही नहीं हैं, १८२ वाँ पत्र आधा है और २४–२५वाँ पत्र खण्डित एवं गलित है तथा बीचके कितने ही पत्रोंमें पानी लग जानेके कारण स्याही फैल गई है। इस प्रतिके अन्तमें पत्र-संख्या यद्यपि २०१ दी हुई है तथापि उसकी प्रतिलिपि करते समय ज्ञात हुआ कि प्रारम्भसे लेकर ५४वें पत्रके उत्तरार्धकी १३वीं पंक्ति तक तो पञ्चसंग्रहकी केवल मूल गाथाएँ ही लिखी गई हैं, टीकाका प्रारम्भ तो इस पत्रके उत्तरार्धकी १३वीं पंक्तिके 'खीयंति ॥३३॥ च्छ्वासाः ४ प्रत्येकशरीरं' से होता है। इस स्थलको देखते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुए यह स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि इस प्रतिके लेखकको भी प्रस्तुत टीका प्रारम्भसे नहीं प्राप्त हुई है, प्रत्युत मूल पञ्चसंग्रह और उसकी संस्कृत टीकाकी खण्डित प्रतियाँ ही प्राप्त हुई हैं और लेखकने उसकी पूर्वापर छान-बीन किये विना ही प्रतिलिपि करते हुए एक ही सिलसिलेसे पत्रोंपर अङ्क-संख्या डाल दी है।

पत्र ५४के जिस स्थलसे टीकाका 'प्रत्येकशरीरं' अंश प्रारम्भ होता है, वह यह सूचित करता है, कि इस प्रतिके लेखकके सामने प्रस्तुत टीकाका प्रारम्भिक अंश नहीं रहा है। गहरी छान-बीनके बाद ज्ञात हुआ कि टीकाका जो अंश उपलब्ध हो रहा है, वह पञ्चसंग्रहके तीसरे कर्मस्तवकी ४० वीं गाथाके चतुर्थ चरणका टीकांश है। इस प्रकार यह निष्कर्ष निकला कि पञ्चसंग्रहके समग्र प्रथम, द्वितीय प्रकरणोंकी, तथा तृतीय प्रकरणके प्रारम्भसे लेकर ४० गाथाओंकी टीका अनुपलब्ध है। फिर भी यह उचित समझा गया कि जहाँसे भी टीका उपलब्ध है, वहाँसे ही मुद्रित कर देना चाहिए। अन्यथा कालान्तरमें यह अवशिष्ट अंश भी नष्ट हो जावेगा।

उपलब्ध प्रतिका आकार ८½ × ४½ इञ्च है। पत्र-संख्या २०१ है। प्रत्येक पत्रमें पंक्तिसं० पत्र ५५ तक १६ और आगे १५ है। प्रत्येक पंक्तिमें अक्षर-संख्या ५०–५२ है। यदि प्रारम्भकी अप्राप्त टीकाके पत्रोंकी संख्या ५४ ही मान ली जाय तो प्रस्तुत टीका १० हजार श्लोक प्रमाण सिद्ध होती है। इसमेंसे यदि मूल ग्रन्थकी गाथाओंका लगभग दो हजार प्रमाण कम कर दिया जावे, तो टीका परिमाण आठ हजार श्लोक-प्रमाण ठहरता है। प्रस्तुत प्रतिके अन्तमें निम्न पुष्पिका पाई जाती है—

"सं० १७११ वर्षे शाके १५७६ प्रवर्तमाने आश्विन सुदि ९ सोमवासरे श्रीपट्टणानगरे चतुर्मासि कृता। श्रेयोऽर्थं कल्याणमस्तु।"

प्रतिके इस लेखनकालसे ज्ञात होता है कि यह टीका-प्रति टीका-रचनाके ठीक ९१ वर्षके बाद लिखी गई है। यद्यपि लेखक या लिखानेवालेका इसमें कोई उल्लेख नहीं है तथापि 'चतुर्मासि' कृता पदसे यह अवश्य ज्ञात होता है कि किसी अच्छे ज्ञानी साधु, भट्टारक या ब्रह्मचारीने पटना नगरमें किये हुए चौमासेमें इसे लिखा है। इस प्रतिके अक्षर अत्यन्त सुन्दर हैं और प्रायः सभी संदृष्टियोंकी रेखाएँ लाल स्याहीसे खींची गई हैं।

इस टीका-प्रतिको देखते हुए ऐसा स्पष्ट ज्ञात होता है कि इस प्रतिके लिखे जानेके पश्चात् किसी विद्वान्ने उसे पढ़ा है और संशोधन भी किया है जो कि हासियेपर भिन्न स्याही और भिन्न कलमसे अंकित है।

प्राकृतवृत्ति-परिचय

संस्कृत-टीकाकी प्रशस्तिके पश्चात् परिशिष्ट रूपमें जो प्राकृत वृत्ति-सहित मूल पंचसंग्रह मुद्रित (पृ० ५४७ई०) किया गया है, उसकी दो प्रतियाँ हमें उपलब्ध हुईं—एक श्री कस्तूरचन्द्रजी काशलीवालकी कृपासे जयपुर शास्त्र-भण्डारकी और दूसरी पं० परमानन्दजी शास्त्रीकी कृपासे—जिसपर कि ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन बम्बईकी मुहर लगी हुई है। इन दोनोंमें पहली बहुत प्राचीन है और दूसरी एक दम अर्वाचीन। वस्तुतः इसे नवीन ही कहना चाहिए, क्योंकि यह १५-२० वर्ष पूर्वकी ही लिखी हुई है और बहुत ही अशुद्ध है। इस प्रतिके लेखकने जिस प्राचीन प्रति परसे उसकी प्रतिलिपि की, वह सम्भवतः प्राचीन लिपिको ठीक पढ़ नहीं सका और इसीलिए उसकी प्रत्येक पंक्ति अशुद्धियोंसे भरी हुई है।

जयपुर-शास्त्र-भण्डारकी जो प्रति प्राप्त हुई, उसके आधारपर ही प्राकृत-वृत्तिकी प्रेस कापी की गई है। प्रतिलिपि करते हुए हमें यह अनुभव हुआ कि जहाँ एक ओर वह प्रति उपरिनिर्दिष्ट समस्त प्रतियोंमें सर्वाधिक प्राचीन है, वहाँपर उसकी लिखावट भी अति दुरूह है। इसके लिखनेमें—खासकर नहीं पढ़े जा सकनेवाले सन्दिग्ध पाठोंके शुद्ध रूपकी कल्पना करनेमें हमें पर्याप्त परिश्रम करना पड़ा है, तथापि कितने ही स्थल संदिग्ध ही रह गये और उनके स्थानपर या तो [ ] इस प्रकारके खड़े कोष्ठकके भीतर कल्पित पाठ लिखा गया, अथवा (?) ऐसे गोल कोष्ठके भीतर प्रश्नवाचक चिह्न देकर छोड़ देना पड़ा। इस प्रतिका आकार १२ × ४½ इंच है और पत्र संख्या ९८ है। वेष्टन नं० १००४ है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रतिके अन्तमें जो लेखक-प्रशस्ति पाई जाती है, वह इस प्रकार है—

"संवत् १५२६ वर्षे कार्तिक सुदि ५ श्रीमूलसंघे सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भ० श्रीपद्मनन्दिस्तत्पट्टे भ० श्रीशुभचन्द्रदेवास्तत्पट्टे भ० श्रीजिनचन्द्रदेव भ० श्रीपद्मनन्दिसिक्ष (शिष्य) मु० मदनकीर्त्तिस्तच्छिष्य ब्र० नरसिंघ तस्योपदेशात् खण्डेलवालान्वये वाकुल्या वालगोत्रे सं पचाइण भार्या केलू तयो त्र जैता भार्या जैतश्री तयोः पुत्र जिणदास सं० पचाइणाख्येन इदं शास्त्रं लिखापितम्।"

इस प्रशस्तिसे स्पष्ट है कि इस प्रतिको ब्र० नरसिंहके उपदेशसे खण्डेलवाल वंशीय और वाकलीवाल-गोत्रीय संघी या संघपति पचाइणने लिखवाया।

प्राकृतवृत्तिके पश्चात् (पृ० ६६३ ई०) श्रीडड्ढाकृत संस्कृत पञ्चसंग्रह मुद्रित किया गया है। इसकी एक मात्र प्रति ईडरके शास्त्र-भण्डारसे प्राप्त हुई है जिसका वेष्टन नं० २१ है। इसका आकार १२×५ इञ्च है। पत्र-संख्या ९५ है। प्रति-पृष्ठ पंक्ति-संख्या १० और प्रति-पंक्ति अक्षर-संख्या ३५-३६ है। प्रति साधारणतः शुद्ध है, किन्तु पडिमात्रा और गुजराती टाइपकी अक्षर-बनावट होनेसे पढ़नेमें दुर्गम है। कागज बाँसका और पतला है। प्रतिके अन्तमें लेखन-काल नहीं दिया है, तथापि वह लिखावट आदिकी दृष्टिसे, ३०० वर्षके लगभग प्राचीन अवश्य है।

पञ्चसंग्रह-परिचय

समस्त जैन वाङ्मयमें पंचसंग्रहके नामसे उपलब्ध या उल्लिखित ग्रन्थोंकी तालिका इस प्रकार है—

(१) **दि० प्राकृतपञ्चसंग्रह**—उपलब्ध सर्व पञ्चसंग्रहोंमें यह सबसे प्राचीन दि० परम्पराका ग्रन्थ है। मूल प्रकरणोंके समान उनके संग्रह करनेवाले और उनपर भाष्य-गाथाएँ लिखनेवाले इस ग्रन्थकारका नाम और समय अभी तक अज्ञात है। पर इतना तो निश्चय पूर्वक कहा ही जा सकता है कि श्वेताम्बराचार्य श्री चन्द्रर्षिमहत्तरके द्वारा रचे गये पंचसंग्रहसे यह प्राचीन है। मूलप्रकरणोंके साथ इसकी गाथा-संख्या १३२४ है। गद्यभाग लगभग ५०० श्लोक प्रमाण है। यह प्रस्तुत ग्रन्थ पहली बार प्रकाशित हो रहा है।

(२) **श्वे० प्राकृत पञ्चसंग्रह**—कर्मसिद्धान्तकी जिन मान्यताओंमें दिगम्बर-श्वेताम्बर आचार्योंका मतभेद रहा है, उनमेंसे श्वे० परम्पराके अनुसार मन्तव्योंको प्रकट करते हुए प्राचीन शतक आदि पाँच ग्रन्थोंका संक्षेप कर स्वतन्त्ररूपसे इस ग्रन्थकी रचना की गई है। इसमें शतक आदि मूलग्रन्थोंकी गाथाएँ नहीं हैं। समस्त गाथा-संख्या १००५ है। रचना कुछ क्लिष्ट होनेसे ग्रन्थकारने इस पर स्वोपज्ञ वृत्ति भी लिखी है। जिसका प्रमाण आठ हजार श्लोक है। इसपर मलयगिरिकी संस्कृत टीका भी है। यह ग्रंथ उक्त दोनों टीकाओंके साथ मुक्ताबाई ज्ञानमन्दिर डभोइ (गुजरात) से सन् १९३८ में प्रकाशित हुआ है। श्वे० मान्यतासे इसका रचनाकाल विक्रमकी सातवीं शताब्दी है।

(३) **दि० संस्कृत पञ्चसंग्रह** (प्रथम) दि० प्रा० पञ्चसंग्रहको आधार बनाकर उसे यथासम्भव पल्लवित करते हुए आ० अमितगतिने इसकी संस्कृत श्लोकोंमें रचना की है। इसके पाँचों प्रकरणोंकी श्लोक-संख्या १४५६ है। लगभग १००० श्लोक-प्रमाण गद्य-भाग है। इसका रचना-काल वि० सं० १०७३ है। यह मूल रूपमें सर्व-प्रथम माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला बम्बईसे सन् १९२७ में प्रकाशित हुआ और पीछे पं० वंशीधरजी शास्त्रीके अनुवादके साथ सोलापुरसे प्रकाशित हुआ है।

(४) **दि० सं० पञ्चसंग्रह** (द्वितीय)—इसकी रचना भी दि० प्रा० पञ्चसंग्रहको आधार बनाकर की गई है। इसमें अमितगतिके सं० पञ्चसंग्रहकी अपेक्षा अनेक विशेषताएँ हैं जिनका दिग्दर्शन आगे कराया जायगा। इसके रचयिता श्रीपालसुत श्री डड्ढा हैं, जो एक जैन गृहस्थ हैं। इसकी समस्त श्लोक-संख्या १२४३ है और गद्य-भाग लगभग ७०० श्लोक प्रमाण है। इसका रचनाकाल अनुमानतः विक्रमकी सत्तरहवीं शताब्दी है। इसकी एकमात्र प्रति ईडरके भण्डारसे प्राप्त हुई। यह पहली बार इसी ग्रन्थके साथ परिशिष्ट रूपमें प्रकाशित हो रहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) **दि० प्रा० पञ्चसंग्रह टीका**—दि० प्राकृत पञ्चसंग्रहपर यह एकमात्र संस्कृत टीका उपलब्ध हुई है, वह भी अपूर्ण । इस प्रतिका विशेष परिचय प्रति-परिचयमें दिया जा चुका है । टीका बहुत सरल है; मूलके भावको उत्तम रीतिसे प्रकट करती है । टीकाकारने अर्थको स्पष्ट करनेके लिए मूल प्राकृत या संस्कृत पञ्चसंग्रहमें दी गई संदृष्टियोंके अतिरिक्त अनेकों और भी संदृष्टियाँ लिखी हैं । इस टीकाके रचयिता श्री सुमतिकीर्त्ति हैं, जो सम्भवतः भट्टारक थे । इस टीकाकी रचना वि० सं० १६२० के भादों सुदी १० को हुई है ।

(६) **दि० प्राकृत पञ्चसंग्रह मूल और प्राकृत वृत्ति**—प्रा० पञ्चसंग्रहके मूल आधार जो पाँच मूल ग्रन्थ हैं, उनके ऊपर श्री **पद्मनन्दिने** प्राकृत वृत्तिकी रचना की है, जिसकी शैली प्राचीन चूर्णियोंके समान है । यह मूल और वृत्ति दोनों ही अपनी एक खास महत्ता रखती है, यह आगे बताया जायगा । इसके मूल प्रकरणोंकी गाथा-संख्या ४१८ है और प्राकृतवृत्तिका परिमाण लगभग ४००० श्लोक है । ये दोनों ही प्रथम बार इसी ग्रन्थके साथ परिशिष्टमें प्रकाशित हो रहे हैं । प्राकृतवृत्तिका रचनाकाल भी अभी तक अज्ञात ही है ।

इनके अतिरिक्त और भी अनेक पंचसंग्रहोंका उल्लेख मिलता है । उनमेंसे गोम्मटसार जीवकांड-कर्मकाण्डको भी पञ्चसंग्रह कहा जाता है; उनमें भी उक्त ग्रन्थोंके समान बन्धक, बन्धव्य, आदि पाँचों विषयों-का प्रतिपादन किया गया है । दि० प्राकृत पञ्चसंग्रहके संस्कृत टीकाकार तो इसी कारण इतने अधिक भ्रमित हुए हैं कि उन्होंने प्रत्येक प्रकरणकी समाप्ति करते हुए "इति श्रीपञ्चसंग्रहापरनाम लघुगोम्मटसार टीकायां" लिखा है और टीकाके अन्तमें भी "इति श्री लघुगोम्मटसार टीका समाप्ता" लिखा है । श्री हरि दामोदर बेलंकरने अपने श्री जिनरत्न कोशमें 'पञ्चसंग्रह दीपक" नामके एक और भी ग्रन्थका उल्लेख किया है। इसके रचयिता श्री इन्द्रवामदेव हैं । उन्होंने इसे गोम्मटसारका पद्यानुवाद बतलाया है और उसके पाँचों प्रकरणोंकी श्लोक-संख्या क्रमशः ८२५ + १४१ + १२५ + १८७ + २२० दी है, जिनका योग १४९८ होता है । यह अभी तक मेरे देखनेमें नहीं आई, इसलिए इसके विषयमें इससे अधिक और कुछ नहीं कहा जा सकता है ।

उक्त जिनरत्नकोशमें हरिभद्रसूरि-द्वारा बनाये गये एक और पञ्चसंग्रहका उल्लेख किया गया है । पर हरिभद्रसूरि-रचित ग्रन्थोंकी जितनी भी सूचियाँ मेरे देखनेमें आई हैं, उनमेंसे किसीमें भी मैंने इस ग्रन्थका नाम नहीं देखा । इसके प्रकाशमें आनेपर ही उसके विषयमें कुछ विशेष जाना जा सकेगा ।

उपर्युक्त विवेचनसे इतना तो स्पष्ट है कि पञ्चसंग्रहके आधारभूत बन्ध, बन्धक आदि पाँचों द्वार जैन दर्शनके लक्ष्यभूत मुख्य विषय हैं और इसीलिए दोनों सम्प्रदायके आविर्भाव होनेके पहलेसे ही जैन आचार्यों-ने उनपर प्रकरण-ग्रन्थोंकी रचना की और उनके आधारपर दोनों ही सम्प्रदायोंके आचार्योंने 'पञ्चसंग्रह' यही नाम देकर उनपर तदाधारसे स्वतन्त्र ग्रन्थोंकी रचनाएँ की और अनेक टीका-टिप्पणियों और चूर्णियोंको लिखा ।

जैन वाङ्मयमें पञ्चसंग्रह नामके अनेक ग्रन्थ उपलब्ध हैं, जिनमेंसे कुछ प्राकृतमें और कुछ संस्कृतमें रचे गये हैं । इनमेंसे कुछ दिगम्बराचार्योंके द्वारा रचे गये हैं और कुछ श्वेताम्बराचार्योंके द्वारा । यहाँ एक बात खास तौरसे ज्ञातव्य है और वह यह कि इन दोनों सम्प्रदायोंके द्वारा रचे गये या संकलन किये गये पंचसंग्रहोंमें जिन पाँच ग्रंथों या प्रकरणोंका संग्रह है, उनमेंसे एकाधको छोड़कर प्रायः सभी ग्रन्थों या मूल प्रकरणोंके रचयिताओंके नामादि अभी तक भी अज्ञात हैं और इसीसे उन मूल ग्रन्थोंकी प्राचीनता प्रमाणित होती है । मूलग्रन्थोंके अध्ययन करनेपर ऐसा ज्ञात होता है कि उनकी रचना उस समय हुई है, जबकि जैन-परम्परा अक्षुण्ण थी और उसमें दिगम्बर-श्वेताम्बर जैसे भेद उत्पन्न नहीं हुए थे । कालान्तरमें जब इन दोनों भेदोंने जैन-परम्परामें अपना स्थान दृढ़ कर लिया, तब पूर्व-परम्परासे चले आये श्रुतको उन्होंने अपनी-अपनी मान्यताओंके अनुरूप निबद्ध करना प्रारम्भ किया । संस्कृत-ग्रन्थोंमें जैसे तत्त्वार्थसूत्र अपनी-अपनी मान्यता-गत पाठ-भेदोंके साथ दोनों सम्प्रदायोंमें सम्मानित है और दोनों ही सम्प्रदायोंके आचार्योंने उसपर टीका-टिप्पण और भाष्यादि लिखे हैं, ठीक उसी प्रकार प्राकृत ग्रन्थोंमें हमें एकमात्र पंचसंग्रह ही

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऐसा ग्रन्थ अभी तक उपलब्ध हुआ है, जिसके मूल-प्रकरण दोनों सम्प्रदायोंमें थोड़ेसे पाठ-भेदोंके साथ समानरूपसे सम्मान्य हैं और दोनों ही सम्प्रदायके आचार्योंने उसपर प्राकृत भाषामें भाष्य-गाथाएँ और चूर्णियाँ, तथा संस्कृत भाषामें टीका और वृत्ति आदि रची हैं।

दोनों सम्प्रदायोंके इन पञ्चसंग्रहोंमें निबद्ध, संकलित या संगृहीत वे पाँच ग्रन्थ या प्रकरण कौनसे हैं, पाठकोंको यह जिज्ञासा होना स्वाभाविक है, अतः सर्वप्रथम उन प्रकरणोंका परिचय दिया जाता है। दि० पञ्चसंग्रहके पाँचों प्रकरणोंके नाम दो प्रकारसे मिलते हैं, जो इस प्रकार हैं—

प्रथम प्रकार	द्वितीय प्रकार
१ जीवसमास	१ बन्धक
२ प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन	२ बध्यमान
३ बन्धस्तव	३ बन्धस्वामित्व
४ शतक	४ बन्ध-कारण
५ सप्ततिका	५ बन्ध-भेद

श्वे० पञ्चसंग्रहके पाँचों प्रकरणोंके नाम दो प्रकारसे मिलते हैं, जो कि इस प्रकार हैं—

प्रथम प्रकार	द्वितीय प्रकार
१ सत्कर्मप्राभृत	१ बन्धक
२ कर्मप्रकृति	२ बन्धव्य
३ कषायप्राभृत	३ बन्ध-हेतु
४ शतक	४ बन्ध-विधि
५ सप्ततिका	५ बन्ध-लक्षण

दि० परम्पराके पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकारवाले पाँचों प्रकरण संग्रहकारके बहुत पहलेसे स्वतन्त्र ग्रन्थके रूपमें चले आ रहे थे। संग्रहकारने देखा कि उनकी रचना संक्षिप्त या सूत्रात्मक है, तो उसने पूर्व-परम्परागत ग्रन्थोंके नामोंको और उनकी गाथाओंको ज्यों-का-त्यों सुरक्षित रखकर और उन गाथाओंको मूलगाथाका रूप देकर उनपर भाष्य-गाथाओंकी रचना की। दूसरे प्रकारके नाम मिलते हैं अमितगतिके पञ्चसंग्रहमें, जिन्होंने पूर्वोक्त प्राचीन प्राकृत पञ्चसंग्रहका संस्कृत भाषामें कुछ पल्लवित पद्यानुवाद किया है। परन्तु उन्होंने भी प्रत्येक प्रकरणके अन्तमें नाम वे ही प्राचीन दिये हैं। द्वितीय प्रकारके नामोंका तो उल्लेख उन्होंने ग्रन्थके प्रारम्भमें किया है। परन्तु अर्थकी दृष्टिसे द्वितीय प्रकारके नामोंकी संगति प्रथम प्रकारके नामोंके साथ बैठ जाती है। यथा—

१ बन्धक नाम कर्मके बाँधनेवालेका है, जीवसमासमें कर्म-बंध करनेवाले जीवोंका ही चौदह मार्गणा और गुणस्थानोंके द्वारा वर्णन किया गया है।

२. बध्यमान नाम बंधनेवाले कर्मोंका है; प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन नामक द्वितीय अधिकारमें उन्हीं कर्मोंकी मूलप्रकृतियों और उत्तर प्रकृतियोंका वर्णन किया गया है।

३. बन्ध-स्वामित्व और बन्धस्तव एकार्थक ही हैं।

४. शतक यह नाम वस्तुतः गुण-कृत नहीं, अपितु संख्याकृत है अर्थात् इस प्रकरणकी मूल प्राचीन-गाथाएँ १०० ही हैं, इसलिए इसे शतक कहते हैं और इसमें कर्मबन्धके कारण आदिका ही वर्णन है, अतः ये दोनों नाम भी परस्परमें संगत बैठ जाते हैं।

५. सप्ततिका यह नाम भी संख्याकृत है, क्योंकि इस प्रकरणकी मूल-गाथाएँ भी ७० ही हैं और उनमें कर्मबन्धके योग, उपयोग, लेश्या आदिकी अपेक्षा भेदों या भंगोंका वर्णन किया गया है।

इस प्रकारसे दि० परम्पराके पञ्चसंग्रहोंमें पाये जानेवाले दोनों प्रकारके नामोंमें कोई मौलिक अन्तर या भेद नहीं है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किन्तु श्वे० पञ्चसंग्रहकी स्थिति कुछ भिन्न है। उसके रचयिताने स्वयं ही दोनों प्रकारके नाम दिये हैं। जिनमें प्रथम प्रकारके नामोंका उल्लेख करते हुए कहा है कि यतः इस ग्रन्थमें शतक आदि पाँच ग्रन्थ यथा-स्थान संक्षिप्त करके संग्रह किये गये हैं, अतः इस ग्रन्थका नाम पञ्चसंग्रह है। अथवा इसमें बन्धक आदि पाँच अधिकार वर्णन किये गये हैं, इसलिए भी इसका पंचसंग्रह यह नाम यथार्थ या सार्थक है[1]।

प्राकृत और संस्कृत पञ्चसंग्रहकी तुलना

आ० अमितगतिने अपने संस्कृत पञ्चसंग्रहकी रचना यद्यपि प्राकृत पञ्चसंग्रहके आधारपर ही की है, तथापि उनकी रचनामें अनेक विशेषताएँ या विभिन्नताएँ हैं, जिनका विश्लेषण हम निम्नप्रकारसे कर सकते हैं—

(१) मौलिक मत-भेद या विशेष मान्यताओंका निरूपण
(२) पल्लवित वैशिष्ट्य
(३) व्युत्क्रम या आगे-पीछे वर्णन
(४) स्खलन या विषयका छोड़ देना
(५) शैली-भेद
(६) कुछ विशिष्ट ग्रन्थ या ग्रन्थकारोंके उद्धरण-उल्लेख आदि

१. मौलिक मत-भेद या विशेष मान्यताओंका निरूपण

१. प्रा० पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें वेदमार्गणाके भीतर द्रव्य और भाववेदकी जीवोंके सदृशता और विसदृशता वर्णन करनेवाली दो गाथाएँ इस प्रकार हैं—

तिव्वेद एव सव्वे वि जीवा दिट्ठा हु दव्वभावादो।
ते चेव हु विवरीया संभवंति जहाकमं सव्वे ॥१०२॥
इत्थी पुरिस णउंसय वेया खलु दव्व-भावदो होंति।
ते चेव य विवरीया हवंति सव्वे जहाकमसो ॥१०४॥

दोनों गाथाएँ अर्थकी दृष्टिसे प्रायः समान हैं, इसलिए अमितगतिने दूसरी गाथाके आधारपर केवल एक श्लोक रचा है—

स्त्रीपुन्नपुंसका जीवाः सदृशाः द्रव्य-भावतः।
जायन्ते विसदृशाश्च कर्मपाकनियन्त्रिताः ॥१९२॥

ऊपरकी दोनों गाथाओंका और इस श्लोकका अर्थ एक ही है कि जीव कर्मोदयसे द्रव्य और भाववेद-की अपेक्षा स्त्री, पुरुष और नपुंसकरूपमें कभी सदृश भी होते हैं और कभी विसदृश भी होते हैं। किन्तु सं० पञ्चसंग्रहकारके सम्मुख संभवतः अन्य मान्यता भी उपस्थित थी और इसलिए प्रा० पञ्चसंग्रहमें उसके नहीं होते हुए भी उन्होंने उसे यहाँ स्थान दिया, जो कि इस प्रकार है—

नान्तर्मौहूर्त्तिका वेदास्ततः सन्ति कषायवत्।
आजन्ममृत्युतस्तेषामुदयो दृश्यते यतः ॥१९१॥

कषायोंके उदयके समान वेदोंका उदय अन्तर्मुहूर्त्तमात्र कालावस्थायी नहीं है; क्योंकि जन्मसे लेकर मरण-पर्यन्त एक जीवके एक ही वेदका उदय देखा जाता है।

---

१. सयगाइ पंच गंथा जहारिहं जेण एत्थ संखित्ता।
दाराणि पंच अहवा तेण जहत्थाभिहाणमिणं ॥
(श्वे० पंचसं० द्वा० १ गा० २)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें गुणस्थानोंकी प्ररूपणाके पश्चात् जीवसमासोंका निरूपण करते हुए अमितगति कहते हैं--

चतुर्दशसु पञ्चाक्षः पर्याप्तस्तत्र वर्तते ।
एतच्छास्त्रमतेनाद्ये गुणस्थानद्वयेऽपरे ॥१६॥
पूर्णः पञ्चेन्द्रियः संज्ञी चतुर्दशसु वर्तते ।
सिद्धान्तमततो मिथ्यादृष्टौ सर्वे गुणे परे ॥१७॥

अर्थात् इस शास्त्रके मतसे आदिके दो गुणस्थानोंमें सभी जीवसमास होते हैं । किन्तु सिद्धान्तके मतसे केवल मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें ही सर्वजीवसमास होते हैं ।

३. दूसरे प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन नामके प्रकरणमें प्रा० पञ्चसंग्रहकारने बन्धयोग्य प्रकृतियोंकी संख्या १२० और उदय-योग्य प्रकृतियोंकी संख्या १२२ बतलाई है और यह मान्यता दि० और श्वे० सभी कर्म-विषयक ग्रन्थोंके अनुरूप ही है । पर इस स्थलपर सं० पञ्चसंग्रहकार उक्त मान्यतानुसार बन्ध और उदयके योग्य प्रकृतियोंकी संख्या बतलानेके अनन्तर लिखते हैं—

मतेनापरसूरीणां सर्वाः प्रकृतयोऽङ्गिनाम् ।
बन्धोदयौ प्रपद्यन्ते स्वहेतुं प्राप्य सर्वदा ॥

कुछ आचार्योंके मतसे सभी अर्थात् १४८ प्रकृतियाँ ही अपने-अपने निमित्तको पाकर बन्ध और उदयको प्राप्त होती हैं ।

४. सं० पञ्चसंग्रहके चौथे प्रकरणमें स्थितिबन्धका वर्णन करते हुए श्लोकाङ्क २०८ के नीचे एक गद्य-भाग इस प्रकारका मुद्रित है—

"**पञ्चसंग्रहाभिप्रायेणेदं; सिद्धान्ताभिप्रायेण** पुनरायुषोऽप्याबाधो नास्ति; स्थितिः कर्मनिषेचनम् " ।

प्रयत्न करनेपर भी मैं इस पंक्तिके द्वारा सूचित किये गये पंचसंग्रह और सिद्धान्तके अभिप्राय-भेदको नहीं समझ सका । यहाँ प्रकरण यह है कि आयुकर्मके सिवाय शेष सात कर्मोंका जो स्थितिबन्ध हुआ है, उसमेंसे उनका आबाधा काल घटाकर जो स्थितिबन्ध शेष रहता है, उतना उनका कर्म-निषेककाल होता है । किन्तु आयुकर्मका जितना स्थितिबन्ध होता है, उतना ही कर्म-निषेककाल होता है । (देखो प्रा० पंचसंग्रह प्रकरण चौथेकी गा० ३९५) । इसी गाथाके आधारपर जो श्लोक इस स्थलपर अमितगतिने दिया है, वह भी गाथाके छायानुवाद रूप ही है । वह गाथा और श्लोक इस प्रकार हैं—

गाथा—आबाधूणट्ठिदी कम्मणिसेओ होइ सत्तकम्माणं ।
ठिदिमेव णिया सव्वा कम्मणिसेओ य आउस्स ॥३९५॥

श्लोक—आबाधो नास्ति सप्तानां स्थितिः कर्मनिषेचनम् ।
कर्मणामायुषो वाचि स्थितिरेव निजा पुनः ॥२०८॥

गाथाके अनुसार ही श्लोकका अर्थ भी है, फिर यह विचारणीय बात है कि इसी श्लोकके नीचे मत-भेदकी सूचक उपर्युक्त पंक्ति दी हुई है । माणिकचन्द-ग्रन्थमालासे प्रकाशित पञ्चसंग्रहमें जो उक्त श्लोक मुद्रित है उसपर गौर करनेसे पाठककी दृष्टि उसके प्रथम चरण और उसपर दी गई टिप्पणीकी ओर जानेपर इस समस्याका समाधान सहजमें हो जाता है । प्रथम चरण इस प्रकार मुद्रित है—

"**आबाधो नास्ति सप्तानां**"

ज्ञात होता है कि इसके सम्पादकको आदर्श प्रतिमें भी ऐसा ही पाठ उपलब्ध हुआ और इसीलिए इसके नीचेकी पंक्तिको प्रमाण मानकर उन्होंने भी एक टिप्पणी इसपर दे दी, जो इस प्रकार है—

"अपरसिद्धान्ताभिप्रायेण सप्तकर्मणामाबाधो नास्ति । तर्हि किमस्ति ? कर्मनिषेचनम् । × × × **पञ्चसंग्रहाभिप्रायेण सप्तानां कर्मणामाबाधाऽस्ति, आयुष्कर्मणोऽपि ज्ञातव्यम्** ।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस टिप्पणीके देनेमें सम्पादक-महोदयको उक्त श्लोकके नीचे दी गई उक्त पंक्ति ही प्रेरक हुई है और उस पंक्तिको उन्होंने सं० पञ्चसंग्रहके रचयिता आ० अमितगतिकी ही लिखी समझ ली है। पर वास्तविक स्थिति इसके प्रतिकूल है। यथार्थमें यह पंक्ति किसी पुराने पाठकने उक्त अशुद्ध पाठको शुद्ध मान करके और उस पाठपर चिह्न लगाकर टिप्पणीके तौरपर प्रतिके हासियेपर लिखी होगी। कालान्तरमें उस प्रतिकी प्रति-लिपि करनेवाले लेखकने उसे मूलका अंश समझकर उसे उक्त श्लोकके पश्चात् ही लिख दिया। इस प्रकार मूलपाठ 'आबाधो नास्ति' इस पदकी (आबाधा + ऊना + अस्ति) सन्धिको नहीं समझ सकनेके कारण जैसी भूल पुराने पाठकसे हो गई थी, ठीक वैसी ही भूल अशुद्ध पाठ और उक्त पंक्तिके सामने होनेपर इसके सम्पादकसे भी हो गई है और उसीके फलस्वरूप उन्होंने भी उक्त भ्रमोत्पादक टिप्पणी दे दी है।

इस सारे कथनका निष्कर्ष यह है कि इस स्थलपर उक्त पंक्ति न तो सं० पञ्चसंग्रहका अंग है और न उसे वहाँपर होना चाहिए। फिर उसके आधारपर दी गई टिप्पणीकी व्यर्थता तो स्वतः सिद्ध हो जाती है। पञ्चसंग्रहादि कर्मग्रन्थ और सिद्धान्तग्रन्थ सभी उक्त विषयमें एक मत हैं।

२. पल्लवित वैशिष्ट्य

प्रा० पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें ज्ञान मार्गणाके भीतर अवधिज्ञानका वर्णन केवल दो गाथाओंमें किया गया है। पर अमितगतिने उसे पर्याप्त पल्लवित किया है और षट्खण्डागम तथा धवला टीकाके आधारसे चार श्लोकोंके द्वारा कितनी ही नवीन बातोंकी सूचना की है। जैसे—तीर्थङ्कर, देव और नारकियोंके अवधिज्ञान सर्वाङ्गसे उत्पन्न होता है, किन्तु शेष जीवोंके यदि वे मिथ्यादृष्टि हैं तो नाभिके नीचे सरट, मर्कट, काक, खर आदि अशुभ चिह्नोंसे प्रकट होता है और यदि वे सम्यग्दृष्टि हैं, जो नाभिके ऊपर शंख, पद्म, श्रीवत्स आदि शुभ चिह्नोंसे उत्पन्न होता है। (देखो सं० पञ्चसंग्रह, प्रथम प्रकरण, श्लोक २२३–२२५)

इसी प्रकारका पल्लवित वैशिष्ट्य संस्कृत पञ्चसंग्रहमें अनेक स्थलोंपर दृष्टिगोचर होता है, जिसकी तालिका इस प्रकार है—

प्रथम जीवसमास प्रकरणमें अनन्तके नौ भेद (श्लोक ६–७), ग्यारह प्रतिमाएँ (श्लो० २९–३२), वर्ग, वर्गणा और स्पर्धक (श्लो० ४५–४६), गुणस्थानोंमें औदयिकादि भाव (श्लो० ५२–५८), गुणस्थानोंमें जीवोंकी संख्या आदि (श्लो० ५९–९१), चतुर्गतिनिगोद (श्लो० १११), स्थावरकायिक जीवोंके आकार (श्लो० १५४) त्रसनालीके बाहिर त्रसोंकी उपस्थिति (श्लो० ११६) तैजस्कायिक और वायुकायिक आदि जीवोंकी विक्रिया आदि (श्लो० १८१–१८५), द्रव्य-भाववेदकी अपेक्षा नौ भेद (श्लो० १९३–१९४), तीनों वेदवालोंके चिह्न-विशेष (श्लो० १९५–१९८), मति, श्रुत अवधिज्ञानके भेद-प्रभेद (श्लो० २१४–२२६), कषाय, नोकषाय और क्षायोपशमिकचारित्र (श्लो० २३४–२३७), द्रव्य-भाव-लेश्याओंका वर्णन (श्लो० २५४–२६३), पञ्च लब्धियोंका विस्तृत स्वरूप (श्लो० २८६ से २८९ तक तथा इनके मध्यवर्ती विस्तृत गद्यभाग) और तीन सौ तिरेसठ पाखण्डवादियोंका विस्तृत विवेचन (श्लो० ३०९–३१६ तथा इनके बीचका गद्य भाग) किया गया है।

प्रा० पंचसंग्रहमें चारों संज्ञाओंका केवल स्वरूप ही कहा गया है। किन्तु अमितगतिने प्रकरणोपयोगी होनेसे स्वरूपके साथ ही यह भी बतलाया है कि किस गुणस्थान तक कौन-सी संज्ञा होती है। (देखो सं० पञ्चसंग्रह प्रक० १, श्लो० ३४५–३४७)

प्रा० पञ्चसंग्रहके दूसरे प्रकरणमें उद्वेलना-प्रकृतियोंकी केवल संख्या ही गिनाई गई है। किन्तु सं० पञ्चसंग्रहकारने साथमें उद्वेलनाका लक्षण भी दे दिया है, जो कि प्रकरणको देखते हुए बहुत उपयोगी है।

प्रा० पञ्चसंग्रहके तीसरे प्रकरणमें चूलिकाधिकारके भीतर नौ प्रश्नोंका उत्तर प्रकृतियोंके नाममात्र गिनाकर दिया गया है। किन्तु सं० पञ्चसंग्रहकारने इस स्थलपर गद्य और पद्य भागके द्वारा प्रत्येक प्रश्नका सहेतुक विस्तृत वर्णन किया है, जो कि अभ्यासी व्यक्तिके लिए अत्युपयोगी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सं० पञ्चसंग्रहके चौथे प्रकरणमें अमितगतिने जिन विशिष्ट विषयोंकी चर्चा की है उनका संस्कृत-टीकाकारने यथास्थान निर्देश कर उन श्लोकोंको भी अधिकांशमें उद्धृत कर दिया है। इसके लिए देखिए— गा० १०२,१०३–१०४,१४०,१७८–१७९,२१५,२२६,२८८,३०४,३९३–३९४,३९५,४६६,४८९,४९५, ५०२,५१४–५१५ और ५१६–५१९की संस्कृतटीका और हिन्दी अनुवाद।

इसी चौथे प्रकरणमें स्थितिबन्धका उपसंहार करते हुए आयुर्बन्ध-सम्बन्धी अन्य कितनी ही बातोंका वर्णन सं० पञ्चसंग्रहकारने किया है। (इसके लिए देखिए श्लो० २५८–२६०)

प्रा० पञ्चसंग्रहकी गा० ४६६ में शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागबन्धके स्वामियोंका वर्णन किया गया है। गाथा-पठित 'शेष' पदसे कितनी और कौन-सी प्रकृतियाँ प्रकृतमें ग्राह्य हैं, इसका भी उहापोह अमितगतिने श्लो० २९० से २९२ तक किया है, जिसकी चर्चा उक्त गाथाके विशेषार्थमें इन श्लोकोंके उद्धरणके साथ कर दी गई है।

प्रा० पञ्चसंग्रहके पाँचवें प्रकरणमें समुद्घातगत केवलीको अपर्याप्त मानकर नामकर्मके बीस प्रकृतिक आदि उदयस्थानोंका वर्णन नहीं किया गया है। किन्तु अमितगतिने (पृष्ठ १७९ पर) **'उदये विंशतिः'** श्लोकको आदि लेकर **'अत्रैकत्रिंशतं स्थानं'** श्लोक तक समुद्घातगत केवलीके सर्व उदयस्थानोंका वर्णन किया है। (देखो, प्रकरण ५, श्लोक ५७४ से ५८३ तक)

३. व्युत्क्रम वर्णन

प्रा० पञ्चसंग्रहकारने प्रथम प्रकरणका आरम्भ करते हुए जिन बीस प्ररूपणाओंके कथनकी प्रतिज्ञा की है, उनका वर्णन भी उन्होंने अपने उसी क्रमसे किया है। तदनुसार सं० पञ्चसंग्रहकारको भी इसी क्रमसे वर्णन करना चाहिए था। गो० जीवकाण्डमें भी इसी क्रमको अपनाया गया है। किन्तु अमितगतिने ऐसा नहीं किया। उन्होंने बीस प्ररूपणाओंकी संख्या गिनाते हुए ग्रन्थके आरम्भमें (श्लो० नं० ११ में) प्राणोंको पर्याप्तियोंसे पूर्व और संज्ञाको प्राणोंके पश्चात् न गिनाकर उपयोगके पश्चात् गिनाया और उन संज्ञाओंका वर्णन भी क्रम-प्राप्त पाँचवें स्थानपर न करके अपने क्रमके अनुसार बीसवें स्थानपर किया है। इस क्रम-भंग-का क्या कारण या रहस्य रहा है; वे ही जानें।

प्राकृत पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणकी अन्तिम (२००-२०६) सात गाथाओंमें वर्णित विषयका वर्णन भी संस्कृत पञ्चसंग्रहकारको प्रकरणके अन्तमें ही करना चाहिए था। पर उन्होंने वैसा न करके गाथाङ्क २०० का विषय श्लोकाङ्क ३२७ में, गा० २०१ का श्लो० ३०१ में, गा० २०२ का श्लो० २९४ में, गा० २०३ का श्लो० २९५ में, गा० २०४ का श्लो० २९६ में और गा० २०५ का श्लो० ३३९ में किया है।

प्रा० पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें लेश्याओंका समग्र वर्णन क्रम-प्राप्त लेश्या मार्गणामें न करके कितनी ही बातोंका वर्णन बीसों प्ररूपणाओंका वर्णन कर देनेके बाद प्रकरणका उपसंहार करते हुए किया है। प्रा० पञ्चसंग्रहकारका यह क्रम-भङ्ग कुछ खटकता-सा है। सं० पञ्चसंग्रहकारको भी सम्भवतः यह बात खटकी और उन्होंने उक्त दोनों स्थलोंका वर्णन एक ही क्रम-प्राप्त स्थान लेश्यामार्गणाके भीतर कर दिया। अतएव मूलग्रन्थको देखते हुए यह व्युत्क्रम-वर्णन भी अमितगतिकी बुद्धिमत्ताका सूचक हो गया है। (देखो प्रा० पञ्चसंग्रह गा० १४२-१५३ तथा १८३-१९२ और सं० पञ्चसंग्रह श्लो० २५३-२८२)

प्रा० पञ्चसंग्रहके इसी प्रथम प्रकरणमें कौन-सा संयम किस गुणस्थानमें या किस गुणस्थान तक होता है, इस बातका वर्णन गा० १९५ में किया गया है। अमितगतिको यह क्रम-भङ्ग भी खटका और उन्होंने इस विषयका वर्णन भी संयममार्गणामें यथास्थान ही कर दिया।

प्रा० पञ्चसंग्रहके तीसरे प्रकरणकी गा० ४४ में वर्णित विषयको उदीरणा वर्णन करनेके प्रारम्भमें न कहकर अन्तमें किया है। (देखो सं० पञ्चसंग्रह ३, ६०)

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

प्रा० पञ्चसंग्रहके चौथे प्रकरणमें मार्गणा, जीवसमास और गुणस्थानोंमें योग, उपयोग और प्रत्यय आदिका वर्णन जिस क्रमसे किया गया है, सं० पञ्च संग्रहकारने उस क्रममें भी कुछ परिवर्त्तन करके विषय-का संदृष्टियोंके साथ विस्तृत गद्य भागके द्वारा वर्णन किया है। दोनोंके वर्णन-क्रमका अन्तर इस प्रकार है—

प्राकृत पञ्चसंग्रह	संस्कृत पञ्चसंग्रह
१ मार्गणाओंमें जीवसमास	१ मार्गणाओंमें जीवसमास
२ जीवसमासोंमें उपयोग	२ ,, गुणस्थान
३ मार्गणाओंमें ,,	३ ,, उपयोग
४ जीवसमासोंमें योग	४ ,, योग
५ मार्गणाओंमें ,,	५ जीवसमासोंमें उपयोग
६ ,, गुणस्थान	६ ,, योग
७ गुणस्थानोंमें उपयोग	७ गुणस्थानोंमें उपयोग
८ ,, योग	८ ,, योग
९ ,, प्रत्यय	९ ,, प्रत्यय
१० मार्गणाओंमें प्रत्यय	१० मार्गणाओंमें प्रत्यय

इस प्रकार पाठक देखेंगे कि प्रारम्भके छह वर्णनोंके क्रममें कुछ अन्तर है, शेष चार वर्णन समान हैं।

४. स्खलन या विषयका छोड़ देना

प्रा० पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें मिथ्यात्व गुणस्थानका स्वरूप बतलाते हुए उसके भेदादिका भी वर्णन दो गाथाओंके द्वारा किया गया है। किन्तु सं० पञ्चसंग्रहकारने उसे छोड़ दिया है। इसी प्रकार प्रथम प्रकरणकी गा० १२, २८-२९, १२८, १३५-१३६, १४२-१४३, १६२-१६६, १८३-१८४ और २०६ वीं गाथामें वर्णित विषयोंकी भी अमितगतिने कोई चर्चा नहीं की है।

प्रा० पञ्चसंग्रहके चौथे प्रकरणमें गाथाङ्क ३२५ के द्वारा यह सूचना की गई है कि ओघकी अपेक्षा बतलाया गया बन्ध-प्रकृतियोंका स्वामित्व आदेशकी अपेक्षा भी जान लेना चाहिए। मूलगाथाकी इस सूचनाके अनुसार भाष्यगाथाकारने गा० ३२६ से लगाकर गा० ३८९ तक उक्त वर्णन किया है। पर अमितगतिने इतने लम्बे सारेके-सारे प्रकरणको ही छोड़ दिया हैं, शायद उन्होंने इस स्थलपर अपने पाठकोंको इसके कथन-की आवश्यकताका ही अनुभव नहीं किया। किन्तु ग्रन्थ-समाप्तिके पश्चात् उन्हें अपनी यह बात खटकी और उन्होंने तब निम्न मंगल एवं प्रतिज्ञा-श्लोकके साथ उसकी रचना की। वह श्लोक इस प्रकार है—

नत्वा जिनेश्वरं वीरं बन्धस्वामित्वसूदनम्।
वक्ष्याम्योघविशेषाभ्यां बन्धस्वामित्वसम्भवम् ॥१॥

(सं० पञ्चसं० पृ० २२६)

प्रा० पञ्चसंग्रहके पाँचवें प्रकरणमें गतिमार्गणाके भीतर नामकर्मके उदयस्थानोंको कहकर गा० १९१ से लेकर २०७ गाथा तक इन्द्रियादि शेष तेरह मार्गणाओंमें भी नामकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण किया गया है। किन्तु अमितगतिने इस सर्व वर्णनको छोड़ दिया है। सम्भवतः सुगम होनेसे उन्होंने यह वर्णन अनावश्यक समझा।

इसी प्रकरणमें गा० ४३२ से लगाकर ४७१ तककी गाथाओंके विषयको भी कोई वर्णन नहीं किया है, केवल निम्नलिखित एक श्लोक द्वारा उसे आगमानुसार जान लेनेकी सूचना भर कर दी है। वह श्लोक इस प्रकार है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सर्वासु मार्गणास्वेवं सत्संख्याद्यष्टकेऽपि च ।
बन्धादित्रितयं नाम्नो योजनीयं यथागमम् ॥

(सं० पञ्चसं० ५,३७)

इसी पाँचवें प्रकरणके अन्तमें गा० ५०१ से लगाकर ५०४ तककी जो चार मूलगाथाएँ हैं, उनका वर्णन भी सं० पञ्चसंग्रहकारने नहीं किया है ।

५. शैली-भेद

प्रा० पञ्चसंग्रहके चौथे प्रकरणमें गाथाङ्क १०५ से लगाकर गा० २०३ तक जो गुणस्थानोंमें बन्ध-प्रत्ययोंके भङ्गोंका वर्णन किया गया है, उसका अधिकांश वर्णन गद्य या पद्यमें न करके अमितगतिने अङ्कसंदृष्टियोंके द्वारा ही प्रकट किया है । (इसके लिए देखिए—सं० पञ्चसंग्रहके पृ० ९२ से ११० तक दी गई संदृष्टियाँ ।)

६. कुछ विशिष्ट ग्रन्थ या ग्रन्थकारादिके उल्लेख

अमितगतिने सं० पञ्चसंग्रहमें कुछ श्लोक 'अपरेऽप्येवमाहुः' इत्यादि कहकर उद्धृत किये हैं; जिनसे ज्ञात होता है कि उनके सामने संस्कृत भाषामें रचित कोई कर्म-विषयक ग्रन्थ रहा है । ऐसे कुछ उल्लेखोंका निर्देश यहाँ किया जाता है—

१. तीसरे प्रकरणमें पाँचवें श्लोकके पश्चात् 'तदुक्तम्' कहकर निम्न श्लोक दिया है—

परस्परं प्रदेशानां प्रवेशो जीव-कर्मणोः ।
एकत्वकारको बन्धो रुक्म-काञ्चनयोरिव ॥६॥

मेरे उपर्युक्त अनुमानकी पुष्टि खास तौरसे इस श्लोकसे होती है; क्योंकि इसी अर्थका प्रतिपादन करने-वाली गाथा प्रा० पञ्चसंग्रहके इसी तीसरे प्रकरणमें दूसरे नम्बरपर इस प्रकार पाई जाती है—

कंचण-रुप्पदवाणं एयत्तं जेम अणुपवेसो त्ति ।
अण्णोण्णपवेसाणं तह बन्धं जीव-कम्माणं ॥२॥

२. चौथे प्रकरणमें बन्ध-प्रत्ययोंका निरूपण करनेके पश्चात् अमितगति लिखते हैं—

"इति प्रधानप्रत्ययनिर्देशः । अपरेऽप्येवमाहुः—और इसके पश्चात् ३२२ से ३२५ तकके निम्न चार श्लोक दिये हैं—

मिथ्यात्वस्योदये यान्ति षोडश प्रथमे गुणे ।
संयोजनोदये बन्धं सासने पञ्चविंशतिः ॥
कषायाणां द्वितीयानामुदये निर्वृते दश ।
स्वीक्रियन्ते तृतीयानां चतस्रो देशसंयते ॥
सयोगे योगतः सातं शेषः स्वे स्वे गुणे पुनः ।
विमुच्याहारकद्वन्द्वतीर्थकृत्त्वे कषायतः ॥
षष्टिः पञ्चाधिका बन्धं प्रकृतीनां प्रपद्यते ।

३. पाँचवें प्रकरणमें पृ० २२२ पर उपशमश्रेणीमें नोकषायोंके उपशमनका प्ररूपण करते हुए 'शान्तः षण्ढः' इस तिरपनवें श्लोकके पश्चात् 'उक्तं च' कहकर निम्न-लिखित दो श्लोक पाये जाते हैं—

पार्यते नोदयो दातुं यस्तत् शान्तं निगद्यते ।
संक्रमोदययोर्यत्र तन्निधत्तं मनीषिभिः ॥५४॥
शक्यते संक्रमे पाके यदुत्कर्षापकर्षयोः ।
चतुर्षु कर्म नो दातुं भण्यते तन्निकाचितम् ॥५५॥

इन श्लोकोंमें उपशम, निधत्ति और निकाचित करणका स्वरूप बतलाया गया है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोनों प्राकृत पञ्चसंग्रहोंमें प्राचीन कौन ?

दि० और श्वे० प्राकृत पञ्चसंग्रहमेंसे प्राचीन कौन है, यह एक प्रश्न दोनोंके सामने आनेपर उपस्थित होता है। इस प्रश्नके पूर्व हमें दोनोंके पाँचों अधिकारोंके नाम जानना आवश्यक है। दि० प्रा० पञ्चसंग्रहके पाँच प्रकरण इस प्रकार हैं—

१—जीवसमास, २—प्रकृतिसमुत्कीर्तन, ३—बन्धस्तव, ४—शतक और ५—सप्ततिका।

श्वे० प्रा० पञ्चसंग्रहके ५ संग्रह या प्रकरणोंके बारेमें ऐसा प्रतीत होता है कि स्वयं ग्रन्थकार ही किसी एक निश्चयपर नहीं है और इसीलिए वे ग्रन्थ प्रारम्भ करते हुए लिखते हैं:—

सयगाई पंच गंथा जहारिहं जेण एत्थ संखित्ता।
दाराणि पंच अहवा तेण जहत्थाभिहाणमिणं ॥२॥

इस गाथाका भाव यह है कि यतः इस ग्रन्थमें शतक आदि पाँच प्राचीन ग्रन्थ यथास्थान यथायोग्य संक्षेप करके संगृहीत हैं, इसलिए इसका 'पञ्चसंग्रह' यह नाम सार्थक है। अथवा इसमें बन्धक आदि पाँच द्वार वर्णन किये गये हैं। इसलिए इसका 'पञ्चसंग्रह' यह नाम सार्थक है।

ग्रन्थकारके कथनानुसार दोनों प्रकारके वे पाँच प्रकरण इस प्रकार हैं—

प्रथम प्रकार	द्वितीय प्रकार
१—शतक	१—बन्धक द्वार
२—सप्ततिका	२—बन्धव्य द्वार
३—कषायप्राभृत	३—बन्धहेतु द्वार
४—सत्कर्मप्राभृत	४—बन्धविधि द्वार
५—कर्मप्रकृति	५—बन्धलक्षण द्वार

दि० प्रा० पञ्चसंग्रहके जिन पाँच प्रकरणोंके नाम ऊपर बतलाये हैं उनके साथ जब हम श्वे० पञ्चसंग्रहोक्त पाँचों अधिकारोंका ऊपरी तौरपर या मोटे रूपसे मिलान करते हैं तो शतक और सप्ततिका यह दो नाम तो ज्यों-के-त्यों मिलते हैं। शेष तीन नहीं। किन्तु जब हम वर्णित-अर्थ या विषयकी दृष्टिसे उनका गहराईसे मिलान करते हैं तो दिगम्बरोंका जीवसमास श्वेताम्बरोंका बन्धक द्वार है और दिगम्बरोंका प्रकृतिसमुत्कीर्तन अधिकार श्वेताम्बरोंका बन्धव्यद्वार है। इस प्रकार दो और द्वारोंका समन्वय या मिलान हो जाता है। केवल एक द्वार 'बन्धलक्षण' शेष रहता है। सो उसका स्थान दिगम्बरोंका 'बन्धस्तव' ले लेता है। इस प्रकार दोनोंके भीतर एकरूपता स्थापित हो जाती है।

दोनों प्रा० पञ्चसंग्रहोंका तुलनात्मक अध्ययन करनेपर ज्ञात होता है कि दि० प्रा० पञ्चसंग्रहके भीतर यतः संग्रहकारने अपनेसे पूर्व परम्परागत पाँच प्रकरणोंका संग्रह किया है और यद्यपि उनपर भाष्य गाथाएँ स्वतन्त्र रूपसे रची हैं तथापि पूर्वाचार्योंकी कृतिको प्रसिद्ध रखने और स्वयं प्रसिद्धिके व्यामोहमें न पड़नेके कारण उनके नाम ज्यों-के-त्यों रख दिये हैं। दि० प्रा० पञ्चसंग्रहकारने प्रत्येक प्रकरणके प्रारम्भमें मंगलाचरण किया है। यहाँतक कि जहाँ सारा प्रकृतिसमुत्कीर्तनाधिकार गद्यरूपमें है वहाँ भी उन्होंने पद्यमें ही मंगलाचरण किया है। पर श्वे० पञ्चसंग्रहकार चन्द्रर्षिने ऐसा नहीं किया। इसका कारण क्या रहा, यह वे ही जानें। पर दोनोंके मिलानसे एक बात तो सहजमें ही हृदयपर अंकित होती है वह है दि० प्रा० पञ्चसंग्रहके प्राचीनत्वकी। दि० पञ्चसंग्रहकारने श्वे० पञ्चसंग्रहकारके समान ऐसी कोई प्रतिज्ञा नहीं की है कि मैं पञ्चसंग्रहकी रचना करता हूँ, जब कि चन्द्रर्षिने मंगलाचरणके उत्तरार्धमें ही 'वोच्छामि पंचसंगह' कहकर पञ्चसंग्रहके कथनकी प्रतिज्ञा की है। इस एक ही बातसे यह सिद्ध है कि उनके सामने दि० प्रा० पञ्चसंग्रह विद्यमान था और उसमें भी प्रायः वे ही शतक, सित्तरी आदि प्राचीन ग्रन्थ संगृहीत थे जिनका कि संग्रह चन्द्रर्षिने किया है। पर दि० पञ्चसंग्रहकी कितनी ही बातोंको वे अपनी श्वे० मान्यताके विरुद्ध देखते थे और इस कारण उससे वे सन्तुष्ट नहीं थे। फलस्वरूप उन्हें एक स्वतन्त्र पञ्चसंग्रह रचनेकी प्रेरणा प्राप्त हुई और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मतभेदवाले मन्तव्योंको श्वेताम्बर आगमानुमोदित या स्वगुरु-प्रतिपादित ढंगसे उन्हें यथास्थान निबद्ध करते हुए एक स्वतन्त्र पञ्चसंग्रह निर्माण किया।

चन्द्रर्षिने जिन शतक आदि पाँच प्राचीन ग्रन्थोंको अपने पञ्चसंग्रहमें यथास्थान संक्षेपसे निबद्ध कर संगृहीत किया है उनमेंसे सौभाग्यसे चार प्रकरण स्वतन्त्र रूपसे आज हमारे सामने विद्यमान हैं और वे चारों ही अपनी टीका-चूर्णि आदिके साथ प्रकाशित हो चुके हैं। उनमेंसे कषायपाहुड दिगम्बरोंकी ओरसे और कर्मप्रकृति श्वेताम्बरोंकी ओरसे प्रकाशमें आये हैं, और दोनों सम्प्रदाय एक-एकको अपने-अपने सम्प्रदायका ग्रन्थ समझते हैं। शतक और सप्ततिका दोनों सम्प्रदायोंके भण्डारोंमें मिली हैं और दोनों ही सम्प्रदायोंके आचार्योंने उनके विवादग्रस्त विषयोंका अपनी-अपनी मान्यताओंके अनुसार मूल पाठ रखकर चूर्णि, टीका और भाष्य गाथाओंसे उन्हें समृद्ध किया है। केवल एक सत्कर्मप्राभृत ही ऐसा शेष रहता है जिसकी स्वतन्त्र रचना अभी-तक भी प्राप्त नहीं हुई है। श्वे० परम्परामें तो इसका केवल नाम ही उपलब्ध है। किन्तु दि० परम्पराके प्रसिद्ध ग्रन्थ षट्खण्डागमकी धवला टीकामें अनेक बार 'संतकम्मपाहुड'का उल्लेख आया है और उसके अनेकों उद्धरण भी मिलते हैं। श्वे० प्रा० पञ्चसंग्रहके कर्त्ता चन्द्रर्षि और धवला टीकाके कर्त्ता वीरसेनके सम्मुख यह सत्कर्मप्राभृत था। यह बात दोनोंके उल्लेखोंसे भलीभाँति सिद्ध है।

दूसरी बात जो सबसे अधिक विचारणीय है वह है शतकादि प्राचीन ग्रन्थोंके संक्षेपीकरण की। जब हम शतक आदि प्राचीन ग्रन्थोंकी गाथा-संख्याको सामने रखकर श्वे० पञ्चसंग्रहके उक्त प्रकरणकी गाथा-संख्याका मिलान करते हैं तो संक्षेपीकरणकी कोई भी बात सिद्ध नहीं होती। यह बात नीचे दी जानेवाली तालिकासे स्पष्ट है:—

दि० प्राचीन शतक गाथा	१००	श्वे० पञ्चसंग्रह शतक और सप्ततिका सम्मिलित गाथा-संख्या	१५६
प्राचीन सप्ततिका गाथा	७०	परिशिष्ट गाथा	११
	१७०		१६७

प्राचीन शतक और सप्ततिकाकी गाथाओंका योग १७० होता है। श्वे० पञ्चसंग्रहमें दोनों प्रकरणों-को सम्मिलित रूपमें ही रचा गया है। पृथक्-पृथक् नहीं। तो भी उनकी गाथा-संख्या मय परिशिष्टके १६७ होती है। इस प्रकार कुल तीन गाथाओंका संक्षेपीकरण प्राप्त होता है। यहाँ इन गाथाओंके संक्षेपीकरणमें यह बात भी खास तौरसे ध्यान देनेके योग्य है कि प्राचीन शतक आदि ग्रन्थोंमें मंगलाचरण एवं अन्तिम उपसंहार आदि पाया जाता है। तब चन्द्रर्षिने वह कुछ भी नहीं किया। शतक प्रकरणमें ऐसी मंगलादिकी प्रारम्भिक गाथाएँ दो हैं और उपसंहारात्मक गाथाएँ तीन हैं। इसी प्रकार सप्ततिकामें भी प्रारम्भिक गाथा एक और उपसंहारात्मक गाथाएँ तीन हैं। इन पाँच और चार—९ गाथाओंको छोड़ देना ही संक्षेपीकरण माना जाय तो बात दूसरी है।

अब लीजिए प्राचीन कम्मपयडी (कर्मप्रकृति) के संक्षेपीकरणकी बात। सो उसकी भी जाँच कर लीजिए। दोनोंके प्रकरणोंकी गाथा-संख्या इस प्रकार है :—

प्राचीन कर्मप्रकृति	गाथा-संख्या	श्वे० पञ्चसंग्रहान्तर्गत कर्मप्रकृति,	गाथा-संख्या
बन्धनकरण	१०२	,, ,,	११२
संक्रमकरण	१११	,, ,,	११९
उद्वर्त्तना०	१०	,, ,,	२०
उदीरणा०	८९	,, ,,	८६
उपशमना०	७१	,, ,,	१०२
निधत्ति	३	,, ,,	३
	३८६		४४५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस मिलानसे यह स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहा है कि प्राचीन कर्मप्रकृतिके किसी भी प्रकरणकी गाथाओं-का संक्षेपीकरण नहीं हुआ है, प्रत्युत वृद्धिकरण ही हुआ है। यहाँ यह बात खास तौरसे विचारणीय है कि जब प्राचीन कर्मप्रकृतिमें उदय और सत्ता नामके दो अधिकार पृथक् पाये जाते हैं और जिनके कि गाथा संख्या ३२ और ५७ है, उन्हें श्वे० पञ्चसंग्रहकारने क्यों छोड़ दिया ? यदि इन दोनों समूचे प्रकरणोंको छोड़ देना ही उनका संक्षेपीकरण माना जाय तो बात दूसरी है।

श्वे० पञ्चसंग्रहके अधिकारोंकी स्थिति भी बड़ी विलक्षण है। ग्रन्थकारने ग्रन्थके प्रारम्भमें जैसी प्रतिज्ञा की है उसके अनुसार शतक आदि प्राचीन पाँच ग्रन्थोंके संक्षेपीकरणवाले पाँच ही अधिकार स्पष्ट या पृथक् रूपसे इस पञ्चसंग्रहमें होने चाहिए थे। सो उनमेंसे केवल दो ही अधिकार मिलते हैं—एक कर्मप्रकृति-संग्रहके नामसे और दूसरा सप्ततिका संग्रहके नामसे। जिनका इस प्रकार विश्लेषण किया जा सकता है कि कर्मप्रकृति संग्रहमें कर्मप्रकृतिके अतिरिक्त कषायप्राभृत और सत्कर्मप्राभृतका भी संक्षेपीकरण कर लिया गया है और सप्ततिका-संग्रहमें सप्ततिका और शतकका संक्षेप किया गया है। परन्तु सप्ततिका-संग्रहमें दोनों ग्रन्थोंका संक्षेप कोई अर्थ नहीं रखता, क्योंकि ऊपर बतलाया जा चुका है कि मूल रूपसे मात्र तीन गाथाओंका ही अन्तर है। इस प्रकार शतक एवं सप्ततिकाके दो प्रकरणोंके स्वतन्त्र दो अधिकार न बना कर एकमें संग्रह करना कोई खास महत्त्व नहीं रखता है।

रह जाती है कर्मप्रकृति-संग्रहमें कषायप्राभृत आदि प्राचीन तीन ग्रन्थोंके संक्षेपीकरणकी बात। सो ग्रन्थके प्रारम्भमें की गयी प्रतिज्ञाके अनुसार उत्तम तो यही होता कि ग्रन्थकार कर्मप्रकृति, कषायप्राभृत और सत्कर्मप्राभृतके संक्षेप करनेवाले तीन ही प्रकरण पृथक् निर्माण करते और सप्ततिका शतकवाले दो प्रकरण स्वतन्त्र रचते। तो इन पाँच ग्रन्थोंके संक्षेपीकरणके रूपसे 'पंचसंग्रह' यह नाम सार्थक होता। जैसा कि दि० पंचसंग्रहकारने किया है कि प्राचीन पाँच ग्रन्थोंको संग्रह करके और उनके कठिन या संक्षिप्त स्थलोंके स्पष्टी-करणार्थ भाष्य-गाथाएँ रचकर प्राचीन नामोंको ही अधिकारोंका नाम देकर 'पंचसंग्रह' नामको चरितार्थ किया है और स्वयं अपने नाम-ख्यातिके प्रलोभनसे इतने दूर रहे हैं कि कहीं भी उन्होंने अपने नामका उल्लेख करना तो दूर रहा, संकेत तक भी नहीं किया है। अस्तु।

थोड़ी देरके लिए उक्त पाँच ग्रन्थोंका संग्रह दो ही प्रकरणोंमें मानकर सन्तोष कर लिया जाय और ग्रन्थकारकी इच्छाको ही प्रधानता दे दी जाय, पर यह जाँच करना तो शेष ही रह जाता है कि कर्मप्रकृति आदि तीन ग्रन्थोंका उन्होंने कर्मप्रकृति-संग्रहमें क्या संक्षेपीकरण किया। जहाँ तक कर्मप्रकृतिके प्रकरणोंका सम्बन्ध है हम ऊपर बतला आये हैं कि वह कुछ महत्त्व नहीं रखता।

रह जाती है कर्मप्रकृतिवाले संग्रहमें कषायप्राभृत और सत्कर्मप्राभृतके संक्षेपीकरणकी बात। सो जाँच करनेपर वैसा कुछ भी दृष्टिगोचर नहीं होता।

दुर्भाग्यसे आज हमारे सामने सत्कर्मप्राभृत—जैसा कि आचार्योंके उल्लेखों आदिसे सिद्ध होता है—मूल गाथाओंके रूपमें उपस्थित नहीं है। या यह कहना अधिक उचित होगा कि उपलब्ध नहीं है। इसलिए उसके विषयमें कुछ नहीं कहा जा सकता कि चन्द्रर्षिने अपने पञ्चसंग्रहमें उसका क्या कितना संक्षेपीकरण किया है। पर सौभाग्यसे कषायप्राभृत आज उपलब्ध ही नहीं, अपितु मूल रूपमें अपनी चूर्णि और उसकी टीका अनुवाद आदिके साथ प्रकाशित भी हो चुका है। उसको सामने रखकर जब हम पंचसंग्रहके इस कर्मप्रकृति-संग्रहवाले प्रकरणकी छानबीन करते हैं तो संक्षेपीकरणके नामपर हमें निराश ही होना पड़ता है।

यहाँ एक विशेष बात यह ज्ञातव्य है कि जहाँ दि० पञ्चसंग्रहमें पूर्व-परम्परागत प्रकरणोंकी गाथाओंको संकलित करके उनके दुरूह अर्थवाली संक्षिप्त गाथाओंके ऊपर ही अपनी भाष्य-गाथाएँ रची हैं, वहाँ चन्द्रर्षिने स्वतन्त्र रूपसे गाथाओंकी रचना करके अपने पञ्चसंग्रहका निर्माण किया है।

दि० श्वे० पञ्चसंग्रहोंके ऊपर एक दृष्टि डालनेपर सहजमें ही जो छाप हृदयपर अंकित होती है वह उनके सरल और कठिन रचे जानेकी। दि० पञ्चसंग्रहकी रचना जितनी सरल, सुस्पष्ट और सुगम है, श्वे०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पञ्चसंग्रहकी रचना उतनी ही क्लिष्ट, कठिन और दुर्गम है। जिन्होंने प्राचीन और अर्वाचीन ग्रन्थोंकी रचनाओंका मौलिक रूपसे गहराईके साथ अध्ययन किया है वे इस बातसे सहमत हैं, कि सर्वप्रथम जिन ग्रन्थोंकी रचना की गयी वह अत्यन्त सरल शैलीकी रही है। पीछे-पीछे उनमें प्रौढ़ता एवं दुर्गमता आई है। इस विषयमें कुछ ग्रन्थ अपवाद भी हैं, पर उनका उद्देश्य दूसरा था। कसायपाहुड़, सप्ततिका आदि जैसे प्रकरणोंकी रचना सर्वसाधारणको दृष्टिमें रखकर नहीं की गयी है। प्रत्युत उच्चारणाचार्य्य या व्याख्यानाचार्योंको दृष्टिमें रखकर की गयी है। दूसरे ये ग्रन्थ उस विस्तीर्ण पूर्व साहित्यके संक्षिप्त बिन्दु रूपमें रचे गये हैं जिसे कि 'श्रुतसागर' कहा जाता है। अतः कसायपाहुड़ आदि जैसे ग्रन्थ वस्तुतः एक संकेतात्मक बीजपद रूपसे रचे गये ऐसे ग्रन्थ हैं जिन्हें आचार्य अपने प्रधान शिष्योंको पढ़ाकर और कण्ठस्थ कराकर उस पर उनके द्वारा सूचित या उनमें निबद्ध या निहित रहस्यका व्याख्यान देकर अपने शिष्योंको उनका यथार्थ अर्थबोध कराते थे। ये ग्रन्थ अभ्यासियों एवं जिज्ञासुओंके लिए एक प्रकारके नोट्स थे, जिनके आधारपर वे गुरु-प्रदत्त ज्ञानका अवधारण कर लेते थे। इसलिए इस प्रकारके ग्रन्थोंको छोड़कर सर्वसाधारणके लिए जो रचनाएँ हमारे महर्षिगण करते रहे हैं वे अत्यन्त सरल भाषामें रची गयी हैं। इसे हम इस प्रकार भी विभाजन करके कह सकते हैं कि उस कालमें दो प्रकारकी रचना-शैलियाँ रही हैं। एक सूत्र-शैली, दूसरी भाष्य-शैली। कसायपाहुड़, संतकम्मपाहुड़, सित्तरी आदि सूत्र-शैलीकी रचनाएँ हैं। इनके अर्थका मौखिक अवधारण जब असम्भव-सा दिखने लगा तब मौखिक भाष्य-शैलीके स्थानपर लेखन रूप भाष्य-शैली प्रतिष्ठित हुई। उस समय उन सूत्ररूप मूल गाथाओंपर भाष्य-गाथाओंकी रचना की गयी। जब उतनेसे काम चलता दिखाई नहीं दिया, तब उनपर चूर्णियोंके लिखे जानेका क्रम अपनाया गया। यह बात हमें कसायपाहुड़, सित्तरी आदिकी मूल-गाथाओं, भाष्य-गाथाओं और उनपर लिखी गयी चूर्णियों आदिके देखनेसे सहजमें ही समझमें आ जाती है।

श्वे० पञ्चसंग्रहकी रचना करते हुए चन्द्रर्षिके सम्मुख कम्मपयडी, कसायपाहुड़, संतकम्मपाहुड़, सतक और सित्तरी आदि ग्रन्थ तो थे ही, पर दि० प्रा० पञ्चसंग्रह भी था और उसके नामके आधारपर ही उन्होंने अपने ग्रन्थका पञ्चसंग्रह—यह नाम रखा। साथ ही यह प्रयत्न भी किया कि दि० पञ्चसंग्रहमें जो ग्रन्थ संग्रह करनेसे रह गये हैं उन सबका भी संग्रह इस नवीन रचे जानेवाले संग्रहमें कर दिया जाय। फलस्वरूप उन्होंने उन सबका संग्रह अपने पञ्चसंग्रहमें करना चाहा। पर उनके इस पञ्चसंग्रहमें उनके ही शब्दोंके अनुसार संग्रह तो नहीं हुआ है, हाँ, संक्षेपीकरण कहा जा सकता है। और प्रकरण-विभाजनकी दृष्टिसे हम उसे पञ्चसंग्रह न कहकर सप्त-संग्रह या अष्ट-संग्रह जरूर कह सकते हैं। अन्यथा उन्हें चाहिए यह था कि जैसे बन्धक आदि पाँच द्वारोंका स्वतन्त्र निर्माण कर "दाराणि पंच अहवा" रूप प्रतिज्ञाका निर्वाह किया है उसी प्रकार सतक, सित्तरी, संतकम्मपाहुड़, कम्मपयडी और कसायपाहुड़, इन पाँचों ग्रन्थोंके संग्रह या संक्षेपीकरण रूपसे पाँच ही संग्रह स्वतन्त्र बनाने थे और तभी ग्रन्थारम्भकी पहली और दूसरी गाथामें की हुई प्रतिज्ञाका भली-भाँति निर्वाह हो जाता। पर उन्होंने ऐसा न करके ऊपर बतलाये गये क्रमानुसार सात ही प्रकरण या द्वार रूपमें अपने पञ्चसंग्रहकी रचना की। ऐसा उन्होंने क्यों किया और संग्रह-संख्याकी विसंगति क्यों की, यह एक ऐसा प्रश्न है, जो कि ग्रन्थके किसी भी गहरे अभ्यासी और अन्वेषकके हृदयमें उठे बिना नहीं रहता और सम्भवतः यही या इसी प्रकारका प्रश्न स्वयं चन्द्रर्षिके भी मनमें उठा है और उसका उन्होंने यह लिखकर स्वयंका और शंकालुओंका समाधान किया है कि ग्रन्थकर्त्ता अपनी रचना किस ढंगसे करे या कौन-सी बात पहले और कौन-सी पीछे कहे इसके लिए वह स्वतन्त्र होता है। स्वयं ग्रन्थकार ग्रन्थारम्भकी तीसरी गाथाकी स्वोपज्ञवृत्तिमें शंका उठाते हुए कहते हैं:—

"अत्र कश्चिदाह—कोऽयं द्वारोपन्यासे क्रमः ?
यतः कर्तुरधीनत्वान् सर्वासां क्रियाणां" इत्यादि

आश्चर्यकी बात तो यह है कि यदि प्रतिज्ञात पाँच द्वारोंमेंसे किसी द्वारको आगे-पीछे कहते तब तो ग्रन्थकारकी इच्छाको प्रधानता दी जा सकती थी, पर वैसा न करके ग्रन्थकारने प्रतिज्ञात पाँचों द्वारोंमेंसे कोई

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भी द्वार पहले न कहकर योगोपयोग नामक एक और ही नये द्वारकी कल्पना ही नहीं की, सृष्टि भी कर डाली और उसकी पुष्टिमें इसी पहले द्वारकी तीसरी गाथाकी स्वोपज्ञ वृत्तिमें लिखा है, "यतः बन्धक जीवका परिज्ञान योग, उपयोगको जाने बिना नहीं हो सकता, अतः उनका वर्णन पहले किया जाता है।

इससे भी अधिक लक्ष्य देनेकी बात और देखिए—प्रतिज्ञात प्रथम द्वारको रचनामें दूसरा, प्रतिज्ञात द्वितीय द्वारको रचनामें तीसरा, प्रतिज्ञात तृतीय द्वारको रचनामें चौथा और प्रतिज्ञात चतुर्थ द्वारको रचनामें पांचवाँ स्थान देकर कर्मप्रकृति और सप्ततिका संग्रह वाले दो नये ही द्वार बनाये। प्रतिज्ञात 'बन्धलक्षणद्वार' कहाँ गया? यदि कहा जाये कि इसका समावेश कर्मप्रकृति और सप्ततिका-संग्रहमें कर दिया गया है तो भी यह बात विचारणीय रहती है कि उन दो संग्रहोंको पृथक्-पृथक् क्यों रचा? एक हीमें क्यों नहीं रचा जिससे कि ग्रन्थके पाँच ही द्वार बने रहते।

इस सब स्थितिको देखते हुए कोई भी पाठक निस्संकोच इस निष्कर्षपर पहुँचेगा कि वास्तवमें ग्रन्थकार चन्द्रर्षि अपने संग्रहके नामकरणमें अटपटा गये हैं। किये गये विभागोंके अनुसार उन्हें षट्संग्रह या सप्तसंग्रह आदि किसी अन्य ही नामको रखना था। अथवा वे अधिकारोंका विभाजन ठीक तौरसे नहीं कर सके। यदि ऐसा नहीं है तो मैं पूछता हूँ कि जब शतक और सप्ततिका यह दो ग्रन्थ स्वतन्त्र थे और दोनोंका विषय भी चौथे और पाँचवें द्वारके रूपमें भिन्न-भिन्न था तो फिर दोनोंका एक ही अधिकारमें संग्रह क्यों किया गया? इस प्रकार बहुत छानबीन और ऊहापोह करनेपर भी हम किसी समुचित समाधानपर नहीं पहुँच सके। यदि अन्य कोई विद्वान् मेरे प्रश्नका समुचित समाधान करेंगे, तो मैं उनका आभारी होऊँगा।

दि० श्वे० पञ्चसंग्रह-गत कुछ विशिष्ट मत-भेद

दि० पञ्चसंग्रह और चन्द्रर्षि महत्तरके पञ्चसंग्रहमें जो मत-भेद है उनमेंसे कुछकी तालिका इस प्रकार है:—

१—दि० ग्रन्थकारोंने देवायु और नारकायुकी जघन्य स्थिति १० हजार वर्षकी और तीर्थकरप्रकृतिकी अन्तःकोटाकोटि सागरोपमकी बतलाई है। किन्तु चन्द्रर्षिने तीर्थकरप्रकृतिकी उक्त स्थिति-सम्बन्धी मान्यताके विरुद्ध अपने पञ्चसंग्रहमें लिखा है—

सुर-नारयाऊआणं दसवाससहस्स लहु सतित्थाणं। (५, ४६)

अर्थात् देव और नारकायुके समान वे तीर्थकर प्रकृतिकी भी जघन्य स्थिति १० हजार वर्षकी बतलाते हैं। ग्रन्थकारकी इस मान्यतापर संस्कृत टीकाकार मलयगिरि आपत्ति करते हुए लिखते हैं—**"इह सूत्रकृता कस्याप्याचार्यस्य मतान्तरेण तीर्थकरनाम्नो दशवर्षसहस्रप्रमाणा जघन्या स्थितिरुक्ता, अन्यथा कर्मप्रकृत्यादिषु जघन्या स्थितिस्तीर्थकरनाम्नोऽन्तःसागरोपमकोटिकोटिप्रमाणैवोच्यते—केवलमुत्कृष्टान्तःसागरोपमकोटीकोट्याः सा संख्येयगुणहीना द्रष्टव्या। तथा चोक्तं कर्मप्रकृतिचूर्णौ—"आहारग-तित्थयरनामाणं उक्कोसओ ठिइबंधो अंतोकोडाकोडी भणिओ। तओ उक्कोसाओ ठिइबंधाओ जहन्नओ ठिइबंधो संखेज्जगुणहीणो, सो वि जहन्नओ अंतोकोडाकोडी चेव।"**

शतकचूर्णावप्युक्तं—आहारगसरीर-आहारगअंगोवंग-तित्थयरणामाणं जहण्णो ठिइबंधो अंतोसागरोवमकोडाकोडीओ, अंतोमुहुत्तमाबाहा, उक्कोसाओ संखेज्जगुणहीणो जहण्णो ठिइबंधो त्ति।

(पञ्चसंग्रह स्वो० वृ० पृष्ठ २२५।१)

२—इसी प्रकार श्वे० पञ्चसंग्रहकारने आहारक-द्विककी जघन्य स्थिति भी कर्मप्रकृति आदि प्राचीन कर्मग्रन्थोंसे भिन्न बतलाई है। यथा—

"आहारग विग्घावरणाणं किंचूणं।" (५, ४७)

स्वयं ही इसकी व्याख्या करते हुए ग्रन्थकार लिखते हैं—**"आहारकशरीरं तदंगोपांगं विघ्नं पंचप्रकारमन्तरायं आवरणं पंचप्रकारं ज्ञानावरणं तत्सहचरितं दर्शनावरणचतुष्कमेतासां षोडशानां प्रकृतीनां किञ्चिदूनं मुहूर्तं जघन्या स्थितिः, इति गाथार्थः।"**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थात् ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंके समान आहारकशरीर और आहारकअंगोपांगकी जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त होती है।

चन्द्रर्षिके इस कथनपर आपत्ति करते हुए मलयगिरि लिखते हैं—**"अत्राप्याहारकद्विकस्य जघन्या स्थितिरन्तर्मुहूर्तप्रमाणोक्ता मतान्तरेण, अन्यथा सान्तःसागरोपमकोटीकोटीप्रमाणा द्रष्टव्या, कर्मप्रकृत्यादिषु तथाभिधानात्।"**

यतः मलयगिरि कर्मप्रकृतिके भी टीकाकार हैं और अन्य कर्मग्रन्थकारोंके मतोंसे भी परिचित हैं। अतः मूल पञ्चसंग्रहकारके मतके विरुद्ध होते हुए भी 'मतान्तरेण' कहकर उनकी रक्षाका प्रयत्न कर रहे हैं। जब कि मूलमें मतान्तरका कोई संकेत नहीं है।

३—निद्रादिपञ्चककी जघन्य स्थिति भी श्वे० पञ्चसंग्रहकारने पूर्ववर्ती कार्मिक ग्रन्थोंसे भिन्न ही बतलाई है। यथा—

"सेसाणुक्कोसायो मिच्छत्तठिइए जं लद्धं।" (५, ४८)

इसकी वे स्वयं व्याख्या करते हैं—

शेषाणां शेषप्रकृतीनामुत्कृष्टस्थितिबन्धात् मिथ्यात्वोत्कृष्टस्थित्या यल्लब्धं सा जघन्या स्थितिरिति। एवं च निद्रापञ्चके त्रयः सप्त भागाः ७।३—इत्यादि।

(श्वे० पञ्चसंग्रह पृ० २२६।१)

इस कथनपर आपत्ति करते हुए मलयगिरि कहते हैं—

इदं च किल निद्रापञ्चकादारभ्य सर्वासां प्रकृतीनां जघन्यस्थितिपरिमाणमाचार्येण मतान्तरमधिकृत्योक्तमवसेयं, कर्मप्रकृत्यादावन्यथा तस्याभिधानात्। कर्मप्रकृतौ तु—

वग्गुक्कोस ठिईणं मिच्छत्तुक्कोसगेणजं लद्धं।
सेसाणं तु जहन्नो पल्लासंखेज्जगेणूणो॥

सागरोपमस्य त्रयः सप्तभागाः, ते पल्यासंख्येयभागहीना निद्रापञ्चकासातवेदनीययोर्जघन्या स्थितिः।

४—द्वीन्द्रियादि जीवोंकी उत्कृष्ट स्थितिके विषयमें श्वे० पञ्चसंग्रहकार कर्मप्रकृति आदिकी पुरानी मान्यतासे विरुद्ध निरूपण करते हैं—

पणवीसा पन्नासा सय दससयताडिया इगिंदिठिई।
विगलासण्णीण कमा जायइ जेट्ठोव इयरा वा॥ (४, ५५)

अर्थात् एकेन्द्रियोंके जघन्य या उत्कृष्ट स्थितिबन्धको २५,५०,१०० और १००० से गुणित करनेपर क्रमशः द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है। पर उसकी यह मान्यता पुरातन कार्मिकोंके विरुद्ध है। इसलिए मलयगिरिको भी उक्त गाथाका अर्थ करते हुए लिखना पड़ा—

कर्मप्रकृतिकारादयः पुनरेवमाहुः—एकेन्द्रियाणामुत्कृष्टः स्थितिबन्धः पञ्चविंशत्या गुणितो द्वीन्द्रियाणामुत्कृष्टः स्थितिबन्धो भवति। पञ्चशता गुणितस्त्रीन्द्रियाणामुत्कृष्टः स्थितिबन्धः, शतेन गुणितश्चतुरिन्द्रियाणां, सहस्रेण गुणितोऽसंज्ञिपञ्चेन्द्रियाणाम्। एष एवानन्तरोक्तद्वीन्द्रियादीनामात्मीय-आत्मीय उत्कृष्टस्थितिबन्धः पल्योपमसंख्येयभागहीनो जघन्यः स्थितिबन्धो वेदितव्य इति। तत्त्वं पुनरतिशयज्ञानिनो विदन्ति।" (पृष्ठ २३१।२)

५—श्वे० पञ्चसंग्रहके चतुर्थ द्वारकी १८वीं गाथाकी स्वोपज्ञवृत्तिमें चतुरिन्द्रियादि-जीवोंके बन्ध-हेतुओंका प्रतिपादन करते हुए चन्द्रर्षिने तीनों वेद बतलाये हैं। किन्तु यह बात कर्मप्रकृति एवं दि० कर्मग्रन्थोंके विरुद्ध है। अतः मलयगिरि इस सम्बन्धमें लिखते हैं—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"इह संज्ञिपञ्चेन्द्रियव्यतिरिक्ताः शेषाः सर्वेऽपि संसारिणो जीवाः परमार्थतो नपुंसकाः। केवलम-संज्ञिपञ्चेन्द्रियाः स्त्री-पुंलिङ्गाकारमात्रमधिकृत्य स्त्रीवेदे [पुरुषवेदे] च प्राप्यन्ते, इति तत्र त्रयो वेदाः परि-गृहीताः। चतुरिन्द्रियादीनां पुनर्बाह्यस्त्रीपुंलिङ्गाकारमात्रमपि न विद्यते, तत इह नपुंसकवेद एव द्रष्टव्यः।"
(श्वे० पञ्चसं० वृ० पृ० १८३।२)

इन सब उल्लेखोंको देखते हुए यह सम्भव है कि चन्द्रर्षि महत्तरने अपनी इन मान्यताओंको प्रतिष्ठित करनेके लिए ही स्वतन्त्र रूपसे अपने पञ्चसंग्रहकी रचना की और मूलमें जिन बातोंका निर्देश नहीं किया जा सका उनके स्पष्टीकरणार्थ उसपर उन्होंने स्वोपज्ञ वृत्ति लिखी।

प्राकृत पञ्चसंग्रहके कुछ महत्त्वपूर्ण पाठ

सम्यग्दृष्टि जीव मरकर कहाँ-कहाँ उत्पन्न नहीं होता, इस प्रश्नके उत्तरमें एक ही गाथाके तीन रूप तीन ग्रन्थोंमें पाये जाते हैं। यथा—

१—छसु हेट्ठिमासु पुढवीसु जोइस-वण-भवण-सव्व-इत्थीसु।
वारस मिच्छावादे सम्माइट्ठिस्स णत्थि उव्वादो॥ (प्रा० पञ्चसंग्रह १, १६३)

२—छसु हेट्ठिमासु पुढवीसु जोइस-वण-भवण-सव्व-इत्थीसु।
णेदेसु समुप्पज्जइ सम्माइट्ठी दु जो जीवो॥ (धवला पुस्तक १, पृष्ठ २०६)

३—हेट्ठिमछप्पुढवीणं जोइसि-वण-भवण-सव्व-इत्थीणं।
पुण्णिदरे ण हि सम्मो, ण सासणो णारयापुण्णे॥ (गो० जीव० गाथा १२७)

उक्त तीनों ही गाथाओंमें पूर्वार्द्धके प्रायः एक रहते हुए भी उत्तरार्धमें पाठ-भेद है। जिनमेंसे संख्या १ और २ की गाथाओंमें स्पष्टरूपसे एक ही बात बतलाई गयी है कि सम्यग्दृष्टि जीव मरकर कहाँ-कहाँ उत्पन्न नहीं होता। फिर भी धवलाकी गाथाके पाठसे सम्यक्त्वीके एकेन्द्रियादि असंज्ञी पञ्चेन्द्रियान्त तिर्यञ्चोंमें उत्पा-दका निषेध-परक कोई पद नहीं है। यह एक कमी उस गाथामें रह गयी है, या पाई जाती है। पर यह गाथा धवलाकारने अपने कथनकी पुष्टिमें उद्धृत किया है।

गो० जीवकाण्डकी गाथा उसके कर्त्ता द्वारा रची गयी है। यद्यपि उसका आधार पहली या दूसरी गाथा ही रही है। फिर भी उन्होंने उसे अपने ढंगसे वर्णन करते हुए स्वतन्त्र रूपसे ही रचा है और इसीलिए उत्तरार्धमें खासकर 'ण सासणो णारयापुण्णे' यह पद जोड़ा है। इस विशेषताके प्रतिपादन करनेपर भी उसके तीन चरणोंमें जो बात कही गयी है उससे सम्यक्त्वी जीवके एकेन्द्रियादि जीवोंमें उत्पन्न होनेका निषेध नहीं होता। यह एक कमी उसमें भी रह गयी है।

पर प्राकृत पञ्चसंग्रहका जो पाठ है वह अपने अर्थको सामस्त्यरूपसे प्रकट करता है और उसके 'वारस मिच्छावादे' पदके द्वारा उन सब तिर्यंचोंका निषेध कर दिया गया है जिनमें कि बद्धायुष्क भी सम्यग्दृष्टि जीव मरकर उत्पन्न नहीं होता है। इस दृष्टिसे प्रा० पञ्चसंग्रहकी इस गाथाका यह पाठ बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। आचार्य अमितगतिने प्राकृत पञ्चसंग्रहका ही संस्कृत रूपान्तर किया है। उन्होंने उक्त गाथाका जो रूपान्तर किया है, वह इस प्रकार है—

निकायत्रितये पूर्वे श्वभ्रभूमिषु षट्स्वधः।
वनितासु समस्तासु सम्यग्दृष्टिर्न जायते॥ (सं० पञ्चसंग्रह १, २६७)

इस श्लोकको देखते हुए ऐसा ज्ञात होता है कि उनके सामने प्रा० पञ्चसंग्रहवाला पाठ न रहकर धवलावाला पाठ रहा है। अन्यथा यह सम्भव नहीं था कि वे इतनी बड़ी बात यों ही छोड़ जाते।

दि० श्वे० शतकगत पाठभेद

१—श्वे० शतकमें 'तेरस चउसु' आदि १३ वें नम्बरकी गाथा न दि० मूल शतकमें है और न प्राकृत सभाष्य शतकमें ही।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२—दि० श्वे० मूल शतकोंमें जहाँ कहीं पाठ-भेद हैं वह पाठ-भेद प्रायः सर्वत्र सभाष्य शतकसे समता रखता है, मूल शतकसे नहीं।

३—श्वे० शतकमें 'बंधट्ठाणा चउरो' इत्यादि गाथा गाथांक २६ के बाद मुद्रित तो है पर उसपर अंक-संख्या नहीं दी, जिससे ज्ञात होता है कि वह मूल-बाह्य करार दी गयी है। दि० शतकमें यह गाथा नहीं पाई जाती।

४—दि० शतककी गाथा 'अट्ठविह सत्त छबंधगा'का उत्तरार्ध श्वे० शतककी गाथा-संख्या २७से मिलता है। किन्तु सभाष्य शतकमें उसके स्थानपर नया ही पाठ है।

५—श्वे० शतकमें पाई जानेवाली गाथा-संख्या ३८ और ३९ का सभाष्य शतकमें पता भी नहीं है।

६—श्वे० शतकमें संख्या ५२, ५३ पर जो गाथाएँ पाई जाती हैं उनके स्थानपर दिगम्बर शतक और सभाष्य शतकमें तदर्थ-सूचक अन्य ही गाथाएँ पाई जाती हैं।

७—श्वे० शतकमें गाथांक ५३ के बाद जो 'बारस अंतमुहुत्ता' आदि गाथा दी है और जिसपर चूर्णि भी मुद्रित है; आश्चर्य है कि उसे मूल गाथामें क्यों नहीं गिना गया? दि० शतकमें वह मूलरूपसे ही दी है और सभाष्य शतकमें भी।

८—श्वे० शतकमें संख्या ७२, ७३ पर पाई जानेवाली दोनों गाथाएँ दि० शतकसे समता रखती हैं, पर सभाष्य दि० शतकसे नहीं। वहाँ दोनों गाथाएँ अर्थ-साम्य रखते हुए भी पाठ-भेदसे युक्त हैं। यह भी एक विचारणीय बात है। (देखो गाथा ७०, ७१ मूल)

९—श्वे० शतककी गाथा संख्या ८० दिगम्बर शतककी इसी गाथासे समता रखती है पर सभाष्य शतकमें २० के स्थानपर मिश्रको मिलाकर सर्वघातिया २१ प्रकृतियाँ बतलाई गयी हैं। यह पाठभेद भी उल्लेखनीय है कि प्राकृतवृत्तिमें मिश्रको क्यों नहीं गिनाया गया।

१०—श्वे० शतकमें गाथा ८१ में देशघाती प्रकृतियाँ २५ ही बतलाई हैं, यही बात दि० मूल शतकमें भी है। पर सभाष्य शतकमें अन्तर स्पष्ट है। वहाँ पर २६ देशघातियाँ प्रकृतियाँ बतलाई गयी हैं। यह भी अन्तर महत्त्वपूर्ण है।

दिगम्बर और श्वेताम्बर सप्ततिकागत पाठभेद

१—गाथांक ७ दिगम्बर श्वे० दोनों सप्ततिकाओंमें समान है, पर सभाष्य सप्ततिकामें उसके स्थानपर 'णव छक्कं' आदि नवीन ही गाथा पायी जाती है।

२—गाथांक ८के विषयमें दोनों समान हैं। किन्तु सभाष्य सप्ततिकामें उसके स्थानपर नवीन गाथा है।

३—गा० ९ की दिगम्बर श्वे० मूल सप्ततिकासे सभाष्य सप्ततिकामें अर्द्ध-समता और अर्द्ध-विषमता है।

४—गा० १० (गोदेसु सत्त भंगा) सभाष्य सप्ततिका और दि० मूल सप्ततिकामें है। पर श्वेताम्बर सप्ततिकामें वह नहीं पायी जाती है।

५—गा० १५ दि० श्वे० सप्ततिकामें समान है। पर सभाष्य सप्ततिकामें भिन्न है।

६—श्वे० सप्ततिकाके हिन्दी अनुवाद एवं सम्पादक 'दस बाबीसे' इत्यादि गाथा १५को तथा 'चत्तारि' आदि णव बंधएसु इत्यादि गा० १६ को मूल गाथा स्वीकार करते हुए भी उन्हें सभाष्य सप्ततिकामें मूल गाथा माननेसे क्यों इनकार करते हैं? यह विचारणीय है।

७—गाथा १७ का उत्तरार्ध दि० श्वे० सप्ततिकामें समान है। पर सभाष्य सप्ततिकामें भिन्न है।

८—'एक्कं च दोणि व तिण्णि' इत्यादि गाथांक १८ न श्वे० सप्ततिकामें है और न सभाष्य सप्ततिकामें। इसके स्थानपर श्वे० सप्ततिकामें 'एतो चउबंधादि' इत्यादि गाथा पाई जाती है। पर सभाष्य सप्ततिकामें तत्स्थानीय कोई भी गाथा नहीं पायी जाती।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९—श्वे० सचूर्णि सप्ततिकामें मुद्रित गा० २६, २७ न दि० सप्ततिकामें ही पाई जाती है और न सभाष्य सप्ततिकामें। यह बात विचारणीय है।

१०—दि० सप्ततिकामें गा० २९ 'तेरस णव चदु पण्णं' यह न तो श्वे० सप्ततिकामें पाई जाती है और न सभाष्य सप्ततिकामें ही। मेरे मतसे इसे मूल गाथा होनी चाहिए।

११—'सत्तेव अपज्जत्ता' इत्यादि ३५ संख्यावाली गाथाके पश्चात् श्वे० और दि० सप्ततिकामें 'णाणंतराय तिविहमवि' इत्यादि तीन गाथाएँ पाई जाती हैं किन्तु वे सभाष्य सप्ततिकामें नहीं। उनके स्थानपर अन्य ही तीन गाथाएँ पाई जाती हैं। जिनके आद्य चरण इस प्रकार हैं—

णाणावरणे विग्घे (३३) णव छक्कं चत्तारि य (३४) और **उवरयबन्धे संते (३५)**।

१२—श्वे० सचूर्णि सप्ततिकामें गा० ४५ के बाद 'बारस पण सट्ठसया' इत्यादि गाथा अन्तर्भाष्य गाथाके रूपमें दी है। साथमें उसकी चूर्णि भी दी है। यही गाथा दि० सप्ततिकामें भी सवृत्ति पाई जाती है। फिर इसे मूल गाथा क्यों नहीं माना जाय ?

१३—गा० ४५ दि० सप्ततिका और सभाष्य सप्ततिकामें पूर्वार्द्ध उत्तरार्द्ध व्युत्क्रमको लिये हुए है। पर ध्यान देनेकी बात यह है कि वह श्वे० सचूर्णि सप्ततिकाके साथ दि० सप्ततिकामें एक-सी पाई जाती है।

सत्कर्मप्राभृत

संतकम्मपाहुड या सत्कर्मप्राभृत क्या वस्तु है यह प्रश्न अद्यावधि विचारणीय बना हुआ है। श्वे० ग्रन्थकारों और चूर्णिकारोंने इनके नामका उल्लेख मात्र ही किया है। पर दि० ग्रन्थकारोंमेंसे धवला और जयधवलाकारने बीसों बार संतकम्मपाहुडका उल्लेख किया है और अनेकों स्थलोंपर कसायपाहुड आदिके अभिप्रायोंसे उसकी विभिन्नताका भी निर्देश किया है। जिससे ज्ञात होता है कि धवला और जयधवलादिके रचे जानेके समय तक यह ग्रन्थ उपलब्ध था और सैद्धान्तिक-परम्परामें अपना विशिष्ट स्थान रखता था।

यहाँ हम कुछ अवतरण दे रहे हैं जिनसे सिद्ध है कि संतकम्मपाहुडका उपदेश कसायपाहुडके उपदेशसे कितने ही विषयोंमें भिन्न रहा है—

१—धवला पुस्तक १ पृ० २१७ पर नवम गुणस्थानमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न होनेवाली १६ और ८ प्रकृतियोंके मत-भेदका उल्लेख आया है। धवलाकार कहते हैं कि संतकम्मपाहुडके उपदेशानुसार पहले सोलह प्रकृतियोंकी सत्त्व-व्युच्छित्ति होती है और पीछे आठ प्रकृतियोंकी। पर कसायपाहुडका उपदेश है कि पहले आठ प्रकृतियोंकी व्युच्छित्ति होती है, पीछे सोलहकी। इस बातकी शंकाका उद्भावन करते हुए धवलाकार कहते हैं—

"एसो संतकम्मपाहुडउवएसो। कसायपाहुड उवएसो पुण" इत्यादि
(धवला पुस्तक १, पृ० २१७)

२—पुनः शिष्य पूछता है कि इन दोनोंमेंसे किसे प्रमाण माना जाय ? संतकम्मपाहुड और कसायपाहुड इन दोनोंको ही सूत्र रूपसे प्रामाणिक नहीं माना जा सकता है, इन दोनोंमेंसे कोई एक ही सूत्र रूपसे या जिनोक्त वचनरूपसे प्रमाण माना जा सकता है ?

आयरियकहियाणं संतकम्म-कसायपाहुडाणं कथं सुत्तत्तणमिदि चे ण'''इत्यादि
(धवला पुस्तक १, पृ० २२१)

अन्तमें धवलाकार समाधान करते हुए लिखते हैं कि आज वर्तमानकालमें केवली या श्रुतकेवली नहीं हैं जिनसे कि उक्त मत-भेदमेंसे किसी एककी सच्चाई या सूत्रताका निर्णय किया जा सके। दोनों ही ग्रन्थ वीतराग आचार्योंके द्वारा प्रणीत हैं, अतः दोनोंका ही संग्रह करना चाहिए।

धवलाकारके इस निर्णयसे दो बातें स्पष्ट रूपसे सिद्ध होती हैं—एक तो उनके सामने संतकम्मपाहुडके या उसके उपदेशके प्राप्त होनेकी और दूसरी बात सिद्ध होती है उसकी प्रामाणिकताकी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३—एत्थ एदेसिं चउण्हमुवक्कमाणं जहा संतकम्मपयडिपाहुडे परूविदं, तहा परूवेयव्वं। जहा महाबंधे परूविदं, तहा परूवणा एत्थ किण्ण कीरदे ? ण, तस्स पढमसमयबन्धम्मि चेव वावारादो।

(धवला क पत्र १२६७)

४—संतकम्मपाहुडके विषयमें स्वयं ही शंका उठाते हुए धवलाकार लिखते हैं—

"पुणो एदेसिं चउण्हं पि बन्धणोवक्कमाणं अत्थो जहा संतकम्मपाहुडम्मि उत्तो तहा वत्तव्वो ? संतकम्मपाहुडमिदि णाम कदमं ? महाकम्मपयडिपाहुडस्स चउवीस-अणिओगद्दारेसु चउत्थ-छट्ठम-सत्तमणियोगद्दाराणि दव्व-काल-भाव-विहाणणामधेयाणि। पुणो तहा महाकम्मपयडिपाहुडस्स पंचमो पयडिणामाहियारो। तत्थ चत्तारि अणियोगद्दाराणि अट्ठकम्माणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेससत्ताणि परूविय सूचिदुत्तरपयडिट्ठिदिअणुभागपदेससत्तादो। एदाणि संतकम्मपाहुडं णाम।

(धवला पुस्तक १५, पंजिका पृ० १८, परि०)

५—इसी बातको स्पष्ट करते हुए जयधवलामें भी लिखा है—

"संतकम्ममहाहियारे कदि-वेदणादि चउवीसणियोगद्दारेसु पडिबद्धेसु उदओ णाम अत्थाहियारो ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसाणं पयडिसमाणिण्णयाणमुक्कस्साणुक्कस्सजहण्णाजहण्णुदयपरूवणे य वावारो।"

(जयधवला अ० ५१२)

'भवोपग्गहिया' पदकी व्याख्या करते हुए जयधवलाकार लिखते हैं—'संतकम्मपाहुडे वित्थारेण भणिदो।'

(जय० मैनु० पृ० ६५८)

६—वर्गणा खण्डके पश्चात् धवलाकारने जिन १८ अनुयोगद्वारोंका वर्णन किया है उनके ऊपर किसी अज्ञात आचार्यने पंजिका नामक एक वृत्तिको रचा है। उसे रचते हुए वे कहते हैं—"पुणो तेहिंतो सेसट्ठारसाणियोगद्दाराणि संतकम्मे सव्वाणि परूविदाणि, तो वि तस्साइगंभीरत्तादो अत्थविसमपदाणमत्थे थोरुच्चेयण पंजियसरूवेण भणिस्सामो।" (धवला पुस्तक १५, पृष्ठ १)

इन उल्लेखोंसे सिद्ध होता है कि महाकम्मपयडिपाहुडके जिन शेष १८ अनुयोगद्वारोंका षट्खण्डागममें वर्णन नहीं किया जा सका उन्हींके वर्णन करनेवाले मूलसूत्ररूप ग्रन्थका नाम सन्तकम्मपाहुड रहा है।

७—यह ग्रन्थ गद्य-सूत्रोंमें रहा, या पद्य-गाथाओंमें, यह एक प्रश्न पाठकोंके हृदयमें सहज ही उत्पन्न होता है। धवला और जयधवलाके भीतर जितने भी उल्लेख मिलते हैं उनसे इस विषयपर कोई स्पष्ट प्रकाश नहीं पड़ता है। किन्तु सप्ततिकाचूर्णिमें दिये गये एक उल्लेखसे यह ज्ञात होता है कि यह ग्रन्थ गाथा-निबद्ध रहा है। वह उल्लेख इस प्रकार है—

सन्तकम्मे भणियं—णिद्दादुगस्स उदओ खीणग खवगे परिच्चज्ज।

(सप्ततिका चूर्णि गाथा ६)

ऐसा प्रतीत होता है कि षट्खण्डागमके वेदना और वर्गणा खण्डमें जो सूत्रगाथाएँ पाई जाती हैं वे सम्भवतः इसी संतकम्मपाहुडकी रही हैं और उन्हें ही आधार बनाकर षट्खण्डागमकारने अपने जीवस्थान आदि अधिकारोंकी रचना की है।

८—धवला पुस्तक ६ के पृष्ठ १०९ पर वीरसेनाचार्य एक शंकाका उद्भावन कर उसका समाधान करते हुए लिखते हैं—

'विगलिंदियाणं बंधो उदओ वि दुस्सरं चेव होदि त्ति।'

अर्थात् विकलेन्द्रियोंसे दुःस्वर प्रकृतिका ही बन्ध होता है और उसका ही उदय रहता है। जो भ्रमर आदिके स्वरको मधुर मानकर विकलेन्द्रिय जीवोंके सुस्वर नामकर्मके उदयका प्रतिपादन करते हैं, उनका मत ठीक नहीं है।

किन्तु चूर्णिमें संतकम्मपाहुडका जो उल्लेख आया है, उसमें धवलाकारके मतसे सर्वथा भिन्न या प्रतिकूल ही मत पाया जाता है। वह उल्लेख इस प्रकार है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"अण्णे भणंति—सुस्सरं विगलिंदियाणं णत्थि । तण्ण, संतकम्मे उक्तत्वात् ।"

(सित्तरी चूर्णि० गा० २५ पत्र २१।१)

अर्थात् जो लोग यह कहते हैं कि विकलेन्द्रियोंके सुस्वर कर्मका उदय नहीं होता है, तो उनका यह कहना ठीक नहीं है; क्योंकि संतकम्मपाहुडमें विकलेन्द्रिय जीवोंके सुस्वर कर्मका उदय कहा गया है ।

इस शंका-समाधानसे यह निष्कर्ष निकलता है कि संतकम्मपाहुडके सभी उपदेश वीरसेनको मान्य नहीं रहे हैं । इस बातकी पुष्टि एक अन्य उद्धरणसे भी होती है—

धवला पुस्तक ९ पृ० ३१८ पर वीरसेनने कहा है—

"·····एदमप्पाबहुगं सोलसवदिय-अप्पाबहुएण सह विरुज्झदे·····तेणेत्थ उवएसं लहिय एगदरणिण्णओ कायव्वो । **संतकम्मपयडिपाहुडं मोत्तूण सोलसपदिय अप्पाबहुअदंडए पहाणे कदे···।**"

अर्थात् संतकम्मपाहुडके उपदेशको छोड़कर इस सोलहपदिक उपदेशकी मुख्यतासे इस विवक्षित अल्प-बहुत्वका निर्णय करना चाहिए ।

ऊपर दिये गये अन्तिम दो उल्लेखोंसे यह बात भलीभाँति सिद्ध होती है कि कितनी ही बातोंमें संत-कम्मपाहुडका उपदेश कसायपाहुड, कम्मपयडी आदिके उपदेशोंसे भिन्न रहा है और धवलाकारको जहाँ जो बात उचित जँची है वहाँ उसका समर्थन या निषेध कर दिया है । अथवा तुल्य बलवाली बातोंमें दोनोंको प्रमाण मानकर उनके उपदेशको संग्रह करनेका भी विधान कर दिया है ।

उक्त विवेचनके प्रकाशमें जब हम नं० ४ और नं० ५ के उद्धरणोंका मिलान करते हैं, तो बहुत-सी बातें विचारणीय हो जाती हैं—

१. महाकम्मपयडि पाहुडके जिन उदय आदि शेष अट्ठारह अनुयोग द्वारोंको संतकम्मपाहुड माननेकी सूचना धवला और जयधवलाकारने की है, क्या वह ठीक है ?

२. संतकम्मपाहुडके नामसे जितने भी मतभेद धवला, जयधवला और सित्तरी चूर्णि आदिमें मिलते हैं, वे सब क्या उक्त अट्ठारह अनुयोग द्वारोंमें उपलब्ध हैं ? यदि नहीं, तो फिर उन्हें संतकम्मपाहुड क्यों माना जाय ?

३. नं० ७ पर दिये गये उद्धरणके अनुसार संतकम्मपाहुडको गाथा-निबद्ध होना चाहिए । पर उक्त १८ अनुयोग द्वारोंके जितने भी सूत्र मिलते हैं, वे सब गद्यरूप हैं । पद्यरूपमें उनके भीतर एक भी प्राप्त नहीं है । ऐसी दशामें यही क्यों न माना जाय कि षट्खण्डागमको जो संतकम्मपाहुड मानते हैं उनकी धारणा भ्रम-मूलक है ।[1]

दो दिगम्बर संस्कृत पञ्चसंग्रह

प्राकृत पञ्चसंग्रहको आधार बनाकर जिस संस्कृत पञ्चसंग्रहकी रचना आचार्य अमितगतिने की है उसका परिचय पहले दिया जा चुका है । उसी प्राकृत पञ्चसंग्रहको आधार बनाकर श्री श्रीपालसुत डड्ढाने अपने संस्कृत पञ्चसंग्रहकी रचना की । अमितगतिके संस्कृत पञ्चसंग्रहके होते हुए उन्हें एक और संस्कृत पञ्चसंग्रहकी रचना क्यों आवश्यक प्रतीत हुई यह एक विचारणीय प्रश्न है । दोनों संस्कृत पञ्चसंग्रहोंका तुलनात्मक अध्ययन करनेपर उक्त प्रश्नका उत्तर हमें मिल जाता है । आचार्य अमितगतिने मूल प्राकृत पञ्चसंग्रहका शब्दशः अनुकरण नहीं किया । कितने ही स्थलोंपर उन्होंने मूलके अंशको छोड़ा है और कितने ही स्थलोंपर कुछ नवीन बातोंको जोड़ा भी है । इस बातकी चर्चा हम पहले स्वतन्त्र रूपसे कर आये हैं । अमितगतिकी यह बात सम्भवतः डड्ढाको अच्छी नहीं लगी और इसीलिए उन्हें एक स्वतन्त्र पद्यानुवादकी प्रेरणा प्राप्त हुई । डड्ढाने सर्वत्र मूलका अनुगमन किया है । जहाँ अमितगतिने अनावश्यक या अतिरिक्त वर्णन किया है उसे प्रायः डड्ढाने छोड़ दिया है । हाँ, कहीं-कहीं कुछ आवश्यक बातोंका निरूपण

१ देखो, धवला पुस्तक सं० १ की प्रस्तावना ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवश्य उन्होंने यथास्थान किया है। दोनों संस्कृत पञ्चसंग्रहोंकी तुलना संक्षेपमें इस प्रकार की जा सकती है—

१—कितने ही स्थलोंपर स्थानकी उपयुक्तता डड्ढाकृत पञ्चसंग्रहमें पाई जाती है वह अमितगतिके पञ्चसंग्रहमें नहीं है।

(क) संज्ञाओंके स्वरूप डड्ढाने यथास्थान दिये हैं किन्तु अमितगतिने जीवसमास प्रकरणके अन्तमें दिये हैं।

(ख) साधारण वनस्पतिका लक्षण डड्ढाकृत सं० पञ्चसंग्रहमें प्रा० पञ्चसंग्रहके समान यथास्थान दिया गया है। किन्तु अमितगतिने उसे यथास्थान न देकर उससे बहुत पहले दिया है। (देखो जीवसमास प्रकरण श्लो० १०५ आदि।)

(ग) जीवसमास प्रकरणमें ज्ञानमार्गणाका वर्णन डड्ढाने प्रा० पञ्चसंग्रहके ही अनुसार किया है। किन्तु अमितगतिने इसे कुछ परिवर्धित किया है, अतः मत्यज्ञान आदिका स्वरूप मूलके अनुसार यथास्थान न होकर स्थानान्तरित हो गया है।

२—कितने ही स्थलोंपर डड्ढाकी रचना अमितगतिकी अपेक्षा अधिक सुन्दर है। देखो मार्गणाओंके नामवाले दोनोंके श्लोक :

अमितगति पञ्चसंग्रह श्लोक १, १३२, १३३

डड्ढा ,, १, ६८

३—डड्ढाकी रचना मूल गाथाओंके अधिक समीप है, अमितगतिकी नहीं। देखो प्रथम प्रकरणमें चारों गतियोंका स्वरूप तथा कायमार्गणा और कषायमार्गणाके श्लोक आदि।

४—प्राकृत पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें 'अण्डज पोतज जरजा' इत्यादि गाथा दी हुई है। पर अमितगतिने इसका अनुवाद नहीं दिया, जब कि डड्ढाने दिया है। (देखो श्लोक १, ८६)। इसी प्रकार संयममार्गणामें ११ प्रतिमावाली गाथाका भी। (देखो श्लोक १, १७१)।

५—जीवसमासकी ७४वीं मूल गाथाका पद्यानुवाद जितना डड्ढाका मूलके समीप है उतना अमितगतिका नहीं। (देखो १,१५१ और १,१८७)।

६—अमितगतिने जीवसमासकी 'साहारणमाहारो' इत्यादि तीन गाथाओंका (प्रकरण १, गाथा ८७ आदि) जहाँ स्पर्श भी नहीं किया, वहाँ डड्ढाने उनका सुन्दर पद्यानुवाद किया है। समझमें नहीं आता कि अमितगतिने उक्त गाथाओंको क्यों छोड़ दिया।

७—उक्त स्थलपर अमितगतिने गोम्मटसार जीवकाण्डकी 'उववाद मारणंतिय' इत्यादि गाथाका आश्रय लेकर उसका अनुवाद किया है जबकि जीवसमासके मूलमें वह गाथा नहीं है और इसीलिए डड्ढाने उसका अनुवाद नहीं किया।

८—कितने ही स्थलोंपर डड्ढाने अमितगतिकी अपेक्षा कुछ विषयोंको बढ़ाया भी है। यथा :—

(क) प्रथम प्रकरणमें धर्मोंका स्वरूप।

(ख) योगमार्गणाके अन्तमें विक्रियादिका स्वरूप।

९—अमितगतिने 'मनःपर्ययदर्शन क्यों नहीं होता' इस प्रश्नपर भी प्रकाश डाला है। यतः यह बात मूल गाथामें नहीं है अतः डड्ढाने उसपर कुछ प्रकाश नहीं डाला। (देखो दर्शनमार्गणा प्रकरण १)।

१०—अमितगतिने प्रथम प्रकरणमें सम्यक्त्व मार्गणाके भीतर गोम्मटसार कर्मकाण्डके आधारसे ३६३ पाखंडियोंकी चर्चा की है। पर मूलमें न होनेसे डड्ढाने उसकी चर्चा नहीं की है।

११—अमितगतिने तीसरे प्रकरणके श्लोक संख्या ८२, ८७ आदिके पश्चात् जिस बातको संस्कृत गद्यके द्वारा स्पष्ट किया है वैसा डड्ढाने नहीं किया। सम्भवतः इसका कारण यह ज्ञात होता है कि वे मूलसे बाहरकी बातको नहीं कहना चाहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोनों संस्कृत पञ्चसंग्रहोंके सम्बन्धमें कुछ विचारणीय बातें

१—अमितगतिने पाँचवें प्रकरणमें पृष्ठ १७४के नीचे 'उक्तं च' कहकर 'असम्प्राप्त' इत्यादि १६५ वाँ श्लोक दिया है। ठीक इसी प्रकारसे इसी स्थलपर डड्ढाने श्लोक १४८ के नीचेवाली गद्यके पश्चात् 'उक्तं च' कहकर "अयशःकी०" इत्यादि अमितगतिसे भिन्न ही श्लोक दिया है।

यहाँ विचारणीय बात यह है कि जब दोनों ही श्लोक अर्थ-साम्य रखते हुए भी शब्द-साम्य नहीं रखते, तो फिर 'उक्तं च'का क्या अर्थ है? क्या यह 'मक्षिकास्थाने मक्षिकापातः' नहीं है? यही बात आगे भी दृष्टिगोचर होती है।

२—अमितगतिके संस्कृत पञ्चसंग्रहके पृष्ठ २०४ पर 'एतदुक्तम्' कहकर 'चतुःषष्ठ्या' इत्यादि ३५० वाँ श्लोक है। तथैव डड्ढाके पञ्चसंग्रहमें सप्ततिकामें श्लोकाङ्क ३१७ 'उक्तं च' कहकर दिया गया है। खास बात यह है कि अर्थ-साम्य होते हुए भी दोनों श्लोकोंमें शब्द-साम्य नहीं है।

३—डड्ढाकृत सप्ततिकाके श्लोक संख्या २४९ के पश्चात् 'अत्र वृत्तिश्लोकाः पञ्च' वाक्य दिया है। उसका आधार क्या है? यह विचारणीय है। यदि इन श्लोकोंका आधार पञ्चसंग्रहकी संस्कृत वृत्ति ही है तो यह सिद्ध है कि डड्ढा संस्कृत टीकाकारके पीछे हुए हैं।

४—अमितगतिसे डड्ढाके पञ्चसंग्रहमें एक विशेषता यह भी है कि जहाँ अमितगतिने सप्ततिकामें पृष्ठ २२१ पर श्लोकांक ४५३ में शेष मार्गणाओंके बन्धादि-त्रिकको न कहकर मूलके समान ही 'पर्यालोच्यो यथागमं' कहकर छोड़ दिया है, वहाँ डड्ढाने श्लोकांक ३९० में 'बन्धादित्रयं नेयं यथागमं' कहकर भी उसके आगे समस्त मार्गणाओंमें उसे आधार बनाकर बन्धादि-त्रिकके पूरे स्थानोंको गिनाया है जो कि प्राकृत पञ्चसंग्रहके निर्देशानुसार होना ही चाहिए। अमितगतिने उन्हें क्यों छोड़ दिया? यह बात विचारणीय है।

सभाष्य पञ्चसंग्रह

पञ्चसंग्रहमें संगृहीत पाँचों प्रकरणोंके मूल रूपोंको देखनेपर सहजमें ही यह अनुभव होता है कि प्रत्येक प्रकरणकी मूल-गाथा-संख्या अल्प रही है और संग्रहकारने उनपर भाष्यगाथाएँ रचकर उन्हें पल्लवित या परिवर्धित कर प्रस्तुत संकलनका नाम 'पञ्चसंग्रह' रखा है। प्रस्तुत ग्रन्थमें संग्रहकारने जिन पाँच प्रकरणोंका संग्रह किया है, उनके नाम इस प्रकार हैं—१ जीवसमास, २ प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन, ३ कर्मस्तव, ४ शतक और ५ सप्ततिका। इनमेंसे अन्तिम तीन प्रकरण अपने मूलरूप और उसकी प्राकृत चूर्णि एवं संस्कृत टीकाओंके साथ विभिन्न संस्थाओंसे प्रकाशित हो चुके हैं। उनके साथ जब हम प्रस्तुत ग्रन्थमें संगृहीत इन प्रकरणोंका मिलान करते हैं, तो स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि संग्रहकारने किस प्रकरणपर कितनी भाष्य-गाथाएँ रचीं हैं। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

कर्मस्तवको कर्मबन्धस्तव या बन्धस्तव भी कहते हैं। श्वे० सम्प्रदायमें इसकी गणना प्राचीन कर्मग्रन्थोंमें की जाती है। अभी तक भी इसके संग्रहकर्त्ता या रचयिताका नाम अज्ञात है। श्वे० संस्थाओंकी ओरसे जो इसके संस्करण प्रकाशित हुए हैं, उनमें इसकी गाथा-संख्या ५५ पाई जाती है। और प्रस्तुत ग्रन्थके अन्तमें मुद्रित प्राकृतवृत्ति-युक्त पञ्चसंग्रहमें इसकी गाथा-संख्या ५४ पाई जाती है। किन्तु इसपर रची गई भाष्य-गाथाओंको देखते हुए इस प्रकरणकी मूल-गाथा-संख्या ५२ ही सिद्ध होती है, अतः हमने तदनुसार ही गाथाके प्रारम्भमें यही मूल-गाथा-संख्या दी है। संग्रहकारने सभी मूल-गाथाओंपर भाष्य-गाथाएँ नहीं रची हैं, किन्तु उन्हें जो गाथाएँ क्लिष्ट या अर्थ-बहुल प्रतीत हुईं, उनपर ही उन्होंने भाष्य-गाथाएँ रचीं हैं। इस प्रकार १२ गाथाएँ ही इस प्रकरणमें भाष्य-गाथाओंके रूपमें उपलब्ध होती हैं।

इसी प्रकरणके अन्तमें एक चूलिका प्रकरण भी है जो श्वे० संस्थाओंसे प्रकाशित बन्धस्तवमें नहीं पाया जाता। प्राकृतवृत्तिमें उसकी गाथा-संख्या ३४ है। किन्तु सभाष्य-कर्मस्तवमें चूलिका रूपसे केवल १३ गाथाएँ ही मिलती हैं। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि इन दोनों चूलिकाओंमें विषय-गत समता होते हुए भी गाथागत कोई

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समानता नहीं है। प्रत्युत ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त १३ गाथाओंको सामने रखकर उनके भाष्यरूपमें ३४ गाथाओंका निर्माण किया गया है।

प्रस्तुत ग्रन्थके चौथे प्रकरणका नाम शतक है। यतः इसकी मूल-गाथाएँ १०० ही रही हैं, अतः इसका नाम गाथा-संख्याके आधारपर शतक ही प्रसिद्ध या प्रचलित हो गया है। श्वे० संस्थाओंसे मुद्रित शतक प्रकरणमें इसकी गाथा-संख्या १०६ पाई जाती है। प्राकृतवृत्तिके अनुसार इसकी गाथा-संख्या १३९ है। किन्तु सभाष्य शतकके अनुसार इसकी गाथा-संख्या १०५ ही सिद्ध होती है। यद्यपि दोनों सम्प्रदायोंके अनुसार इस प्रकरणकी मूल-गाथाएँ १०० से अधिक मिलती हैं, पर ऐसा ज्ञात होता है कि प्रारम्भकी उत्थानिका-गाथा और अन्तकी उपसंहारात्मक-गाथाओंको न गिननेपर विवक्षित विषयकी प्रतिपादक गाथाओंको लक्ष्य करके 'शतक' यह नाम प्रख्यात हुआ है। भाष्यकारने इन मूल-गाथाओंपर जो भाष्य-गाथाएँ रची हैं, उन्हें मिलाकर इस प्रकरणकी गाथा-संख्या ५२२ हो जाती है, जिसका यह निष्कर्ष निकलता है कि इस प्रकरणकी भाष्य-गाथा-संख्या ४१७ है।

पाँचवें प्रकरणका नाम सप्ततिका है। प्राकृत भाषामें इसे सित्तरी या सत्तरी भी कहते हैं। इस प्रकरणका भी नाम-करण उसकी गाथा-संख्याके आधारपर प्रसिद्ध हुआ है। सित्तरी या सप्ततिका नामको देखते हुए इसकी मूल-गाथा-संख्या ७० ही होनी चाहिए। श्वे० संस्थाओंसे प्रकाशित प्रतियोंके अनुसार इसकी गाथा-संख्या ७२ है। प्राकृतवृत्तिमें उसकी गाथा-संख्या ९९ पाई जाती है। परन्तु भाष्यगाथाकारके अनुसार ७२ ही सिद्ध होती है। इसकी यदि आदि और अन्तकी उत्थानिका और उपसंहार-गाथा रूप २ गाथाओंको छोड़ दिया जावे, तो विवक्षित अर्थकी प्रतिपादन करनेवाली ७० गाथाएँ ही रह जाती हैं और तदनुसार इसका सित्तरी या सप्ततिका नाम भी सार्थक हो जाता है। भाष्य-गाथाकारने इन मूल-गाथाओंपर जो भाष्य-गाथाएँ रची हैं, उनके समेत इस प्रकरणकी कुल गाथा-संख्या ५०७ है और इसके अनुसार भाष्य-गाथाओंकी संख्या ४३५ सिद्ध होती है।

उक्त दोनों प्रकरणोंपर ही संग्रहकारने सबसे अधिक भाष्य-गाथाओंकी रचना की है। यतः विषयकी दृष्टिसे ये दोनों प्रकरण ही दुर्गम एवं अर्थ-बहुल रहे हैं, अतः उनपर अधिक भाष्य-गाथाओंका रचा जाना स्वाभाविक ही है।

पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणका नाम जीवसमास है। इस नामका एक ग्रन्थ श्री ऋषभदेवजी केशरीमलजी श्वेताम्बर संस्था रतलामकी ओरसे सन् १९२८ में एक संग्रहके भीतर प्रकाशित हुआ है, जिसकी गाथा-संख्या २८६ है। नाम-साम्य होते हुए भी अधिकांश गाथाएँ न विषय-गत समता रखती हैं और न अर्थगत समता ही। गाथा-संख्याकी दृष्टिसे भी दोनोंमें पर्याप्त अन्तर है। फिर भी जितना कुछ साम्य पाया जाता है, उनके आधारपर एक बात सुनिश्चित रूपसे कही जा सकती है कि श्वे० संस्थाओंसे प्रकाशित जीवसमास प्राचीन है। पञ्चसंग्रहकारने उसके द्वारा सूचित अनुयोग द्वारोंमेंसे १–२ अनुयोग द्वारके आधारपर अपने जीवसमास प्रकरणकी रचना की है। इसके पक्षमें कुछ प्रमाण निम्न प्रकार हैं—

१. श्वे० संस्थाओंसे प्रकाशित जीवसमासको 'पूर्वभृत्सूरिसूत्रित' माना जाता है। इसका यह अर्थ है कि जब जैन परम्परामें पूर्वोंका ज्ञान विद्यमान था, उस समय किसी पूर्ववेत्ता आचार्यने इसका निर्माण किया है। ग्रन्थ-रचनाके देखनेसे ऐसा ज्ञात होता है कि यह ग्रन्थ भूतबलि और पुष्पदन्तसे भी प्राचीन है और वह षट्खण्डागमके जीवट्ठाण नामक प्रथम खण्डकी आठों प्ररूपणाओंके सूत्र-निर्माणमें आधार रहा है, तथा यही ग्रन्थ प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके जीवसमास नामक प्रथम प्रकरणका भी आधार रहा है। इसकी साक्षीमें उक्त ग्रन्थकी एक गाथा प्रमाण रूपसे उपस्थित की जाती है जो कि श्वे० जीवसमासमें मंगलाचरणके पश्चात् ही पाई जाती है। वह इस प्रकार है—

णिक्खेव-णिरुत्तीहिं य छहिं अट्ठहिं अणुओगदारेहिं।
गइआइमग्गणाहि य जीवसमासाऽणुगंतव्वा ॥२॥

इसमें बतलाया गया है कि नामादि निक्षेपोंके द्वारा; निरुक्तिके द्वारा, निर्देश, स्वामित्व आदि छह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और सत्, संख्या आदि आठ अनुयोग-द्वारोंसे तथा गति आदि चौदह मार्गणा-द्वारोंसे जीवसमासको जानना चाहिए। इसके पश्चात् उक्त सूचनाके अनुसार ही सत्-संख्यादि आठों प्ररूपणाओं आदिका मार्गणास्थानोंमें वर्णन किया गया है। इस जीवसमास प्रकरणकी गाथा-संख्याकी स्वल्पता और जीवट्ठाणके आठों प्ररूपणाओंकी सूत्र-संख्याकी विशालता[1] ही उसके निर्माणमें एक दूसरेकी आधार-आधेयताको सिद्ध करती है।

जीवसमासकी गाथाओंका और षट्खण्डागमके जीवस्थानखंडकी आठों प्ररूपणाओंका वर्णन-क्रम विषय-की दृष्टिसे कितना समान है, यह पाठक दोनोंका अध्ययन कर स्वयं ही अनुभव करें।

प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके जीवसमास प्रकरणके अन्तमें उपसंहार करते हुए जो १८२ अंक-संख्यावाली गाथा पाई जाती है, उससे भी हमारे उक्त कथनकी पुष्टि होती है। वह गाथा इस प्रकार है—

णिक्खेवे एयट्ठे णयप्पमाणे णिरुत्ति-अणिओगे।
मग्गइ वीसं भेए सो जाणइ जीवसब्भावं॥

अर्थात् जो पुरुष निक्षेप, एकार्थ, नय, प्रमाण, निरुक्ति और अनुयोगद्वारोंसे मार्गणा आदि बीस भेदोंमें जीवका अन्वेषण करता है, वह जीवके यथार्थ सद्भाव या स्वरूपको जानता है।

पाठक स्वयं ही देखें कि पहली गाथाकी बातको ही दूसरी गाथाके द्वारा प्रतिपादित किया गया है। केवल एक अन्तर दोनोंमें है। वह यह कि पहली गाथा उक्त प्रकरणके प्रारम्भमें दी है, जब कि दूसरी गाथा उस प्रकरणके अन्तमें। पहले प्रकरणमें प्रतिज्ञाके अनुसार प्रतिपाद्य विषयका प्रतिपादन किया गया है, जब कि दूसरे प्रकरणमें केवल एक निर्देश अनुयोग द्वारसे १४ मार्गणाओंमें जीवकी विंशतिविधा सत्प्ररूपणा की गई है और शेष संख्यादि प्ररूपणाओंको न कहकर उनके जाननेकी सूचना कर दी गई है।

२. पृथिवी आदि षट्कायिक जीवोंके भेद प्रतिपादन करनेवाली गाथाएँ भी दोनों जीवसमासोंमें बहुत कुछ समता रखती हैं।

३. प्राकृत वृत्तिवाले जीवसमासकी अनेक गाथाएँ उक्त जीवसमासमें ज्यों-की-त्यों पाई जाती हैं।

उक्त समताके होते हुए भी पञ्चसंग्रहकारने उक्त जीवसमास-प्रकरणकी अनेक गाथाएँ जहाँ संकलित की हैं, वहाँ अनेक गाथाएँ उनपर भाष्यरूपसे रची हैं और अनेक गाथाओंका आगमके आधारपर स्वयं भी स्वतन्त्र रूपसे निर्माण किया है। ऐसी स्थितिमें उनकी निश्चित संख्याका बतलाना कठिन है। प्राकृत वृत्तिवाले जीवसमासमें गाथा-संख्या १७६ और सभाष्य पञ्चसंग्रहमें २०६ पाई जाती है। इनमें कई गाथाएँ एकसे दूसरेमें सर्वथा भिन्न एवं नवीन भी पाई जाती हैं, जिनका पता पाठकोंको उनका अध्ययन करनेपर स्वयं लग जायगा।

पञ्चसंग्रहके दूसरे प्रकरणका नाम प्रकृति समुत्कीर्त्तन है। प्रकृतियोंके नामोंका समुत्कीर्त्तन गद्यके द्वारा ही किया गया है। यह गद्य-भाग षट्खण्डागमके जीवट्ठाण खण्डके अन्तर्गत प्रकृति समुत्कीर्त्तन अधिकारके साथ शब्दशः समान है और दोनोंकी स्थिति देखते हुए यह कहा जा सकता है कि पञ्चसंग्रहकारने वहाँसे ही अपने इस प्रकरणका संग्रह किया है। इस प्रकरणके आदि और अन्तमें जो १२ गाथाएँ पायी जाती हैं उनमेंसे कुछ तो पूर्व परम्परागत हैं और शेषका निर्माण पञ्चसंग्रहकारने किया है। प्राकृतवृत्तिके इस प्रकरणमें गद्य-भाग तो समान ही है। गाथाओंमें प्रारम्भ की ४ गाथाओंको छोड़कर कोई समता नहीं है। उसमेंकी अनेक गाथाएँ इधर-उधरसे संकलित की गई ज्ञात होती हैं, जब कि पहलेकी गाथाएँ संग्रहकार-द्वारा रची गई प्रतीत होती हैं। श्वे० सम्प्रदायमें इस नामवाला कोई प्रकरण देखनेमें नहीं आया। हाँ, इस विषयके जो कर्म विपाक आदि प्रकरण रचे गये हैं, ये सब अर्वाचीन हैं और गाथाओंमें हैं। अतः उनके साथ प्रस्तुत संग्रहकी रचना-समानताकी बात करना व्यर्थ है।

भाष्य गाथाओंके साथ समस्त गाथाओंकी संख्या १३२४ है। गद्य-भाग इससे पृथक् है। जिसका

१. जीवसमासकी गाथासंख्या २८६ है, जब कि षट्खण्डागमके जीवट्ठाणकी सूत्रसंख्या ढाई हजारके लगभग है। —सम्पादक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कि परिमाण ५०० श्लोकोंसे भी अधिक है। पाँचों ही प्रकरणोंके प्रारम्भमें स्वतन्त्र मङ्गलाचरण किया गया है और उसके साथ ही प्रतिपाद्य विषयके निरूपणकी प्रतिज्ञा की गई है।

पाँचों प्रकरणोंकी उपर्युक्त स्थितिमें यह बात असंदिग्ध रूपसे सिद्ध हो जाती है कि प्रस्तुत ग्रन्थमें संगृहीत पाँचों ही प्रकरण संग्रहकारको पूर्व परम्परासे प्राप्त थे और उन्हें संक्षिप्त एवं अर्थ-बोधकी दृष्टिसे दुर्गम देखकर उन्होंने उनपर भाष्य-गाथाएँ रचीं, और उन पूर्वागत पाँचों प्रकरणोंके वही नाम रखकर अपने संग्रहको पञ्चसंग्रहका रूप दिया। पर जहाँ तक मेरी जानकारी है, संग्रहकार या भाष्य-गाथाकारने अपने शब्दोंमें 'पञ्चसंग्रह' ऐसा नाम कहीं भी प्रकट नहीं किया है। उक्त प्रकरण एक साथ एक ही आचार्यके द्वारा भाष्य-गाथाओंके साथ निबद्ध होनेके पश्चात् ही परवर्त्ती विद्वानोंके द्वारा 'पञ्चसंग्रह' नाम प्रचलित हुआ प्रतीत होता है।

पञ्चसंग्रहकार कौन ?

प्रस्तुत ग्रन्थके पाँचों मूल प्रकरणोंके रचयिताओंके नाम अभी तक अज्ञात ही हैं। हाँ, श्वेताम्बर विद्वान् शिवशर्मको शतकका निर्माता मानते हैं। शतककी मुद्रित चूर्णिके प्रारम्भिक अंशसे भी इस बातकी पुष्टि होती है[1]। किन्तु शेष चारों प्रकरणोंके रचयिताओंका कुछ भी पता नहीं चलता है। साथ ही जिन शतक और सप्ततिका इन दो प्रकरणोंपर प्राकृत चूर्णियाँ उपलब्ध हैं, उनके रचयिताओंका भी अभी तक कोई पता नहीं है। इससे पञ्चसंग्रहके मूल प्रकरणों और उनकी चूर्णियोंकी प्राचीनता, प्रामाणिकता और उभय सम्प्रदायमें मान्यता सिद्ध है।

पञ्चसंग्रहके ऊपर भाष्य-गाथाएँ रचनेवाले और पाँचों प्रकरणोंको एकत्र निबद्ध करनेवाले आचार्यका नाम भी अभीतक अज्ञात ही है, जब तक कोई आधार या प्रमाण स्पष्ट रूपसे सामने नहीं आ जाता है, तब तक उसके कर्त्ताके विषयमें कल्पना करना कोरी कल्पना ही समझी जायगी। इसलिए उसपर विचार न करके यह विचार करना उचित होगा कि पञ्चसंग्रहके ऊपर भाष्य-गाथाएँ रचनेवाले आचार्य किस समयमें हुए हैं ?

प्रस्तुत ग्रन्थके पाँचों मूल प्रकरणोंकी रचना कर्मप्रकृति या कम्मपयडीके आस-पास होना चाहिए। और यतः कर्मप्रकृतिके रचयिता शिवशर्म ही शतकके भी रचयिता माने जाते हैं, और इनपर रची गई चूर्णियाँ भी यतः इनके कुछ समय बाद ही रची गई प्रतीत होती हैं, अतः उन मूल प्रकरणोंकी रचनाका काल भी शिवशर्मके लगभगका माना जा सकता है। इस प्रकार शिवशर्मके कालको मूल पञ्चसंग्रहकारके कालकी पूर्वावधि कहा जा सकता है।

धवला टीकामें जीवसमास नामके साथ जिस 'छप्पंचणवविहाणं' इत्यादि गाथाका उल्लेख आया है[2]। वह गाथा ज्यों-की-त्यों प्रस्तुत ग्रन्थके जीवसमास प्रकरणमें पायी जाती है, अतः उक्त प्रकरणका रचना-काल धवला टीकासे पूर्व होना चाहिए। यतः श्वे० पञ्चसंग्रहकार चन्द्रर्षिके सामने दि० सभाष्य पञ्चसंग्रह विद्यमान था, जैसा कि हम पहले सिद्ध कर आये हैं, अतः उनके पूर्व इसकी रचनाका होना सिद्ध है। शतक चूर्णिमें एक स्थलपर जो गाथा-गत पाठ-भेदका उल्लेख किया गया है, उससे सिद्ध होता है कि उक्त चूर्णिके पूर्व सभाष्य पञ्चसंग्रह रचा जा चुका था। शतक-गत वह गाथा इस प्रकार है—

आउक्कस्स पएसस्स पंच मोहस्स सत्त ठाणाणि।
सेसाणि तणुकसाओ बंधइ उक्कोसगे जोगे ॥९३॥

इस गाथाकी चूर्णिमें "अन्ने पढंति आउक्कस्स छ त्ति'.....अन्ने पढंति मोहस्स णव उ ठाणाणि" इस प्रकारसे आयुकर्म और मोहकर्म सम्बन्धी स्थानोंके दो पाठ-भेद आये हैं। ये दोनों पाठ-भेद दि० पञ्चसंग्रहके चौथे शतक प्रकरणमें इस प्रकार पाये जाते हैं—

१. केण कयं ?...'अणेगवायसमालद्धविजएण सिवसम्मायरियणामधेज्जेण कयं इत्यादि, (शतक चूर्णि गा० १, पत्र १। २. धवला पु० ४, पृ० ३१५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आउक्कस्स पदेसस्स छच्च मोहस्स णव दु ठाणाणि ।
सेसाणि तणुकसाओ बंधइ उक्कोसगे जोगे ॥४,५०२॥

यद्यपि शतकचूर्णिके निर्माणका काल अभी तक निश्चित नहीं है, तथापि वह चूर्णि-युगमें ही रची गई है, इतना तो निश्चित है और इसी आधारपरसे उसे कम-से-कम विक्रमकी सातवीं शताब्दीसे पूर्वकी तो मान ही सकते हैं ।

उक्त आधारोंके बलपर इतना कहा जा सकता है कि सभाष्य प्राकृत पञ्चसंग्रहकी रचना विक्रमकी पाँचवीं और आठवीं शताब्दीके मध्यवर्ती कालमें हुई है ।

प्राकृतवृत्तिगत पञ्चसंग्रह

प्रस्तुत ग्रन्थमें सभाष्य पञ्चसंग्रहके पश्चात् प्राकृत वृत्ति-सहित पञ्चसंग्रह भी मुद्रित है । प्रकरणोंके नाम वे ही हैं, जिनका उल्लेख पहले किया जा चुका है । किन्तु उनके क्रममें अन्तर है और गाथा-संख्यामें भी । गाथा-संख्याका अन्तर पहले बतला आये हैं । क्रमका अन्तर यह है कि इसमें पहले प्रकृति समुत्कीर्त्तन, पुनः कर्मस्तव और तदनन्तर जीवसमास प्रकरण निबद्ध किये गये मिलते हैं । अन्तिम दोनों प्रकरण दोनोंमें समान-रूपसे चौथे और पाँचवें स्थानपर निबद्ध हैं । तीसरा अन्तर अन्तिम प्रकरणके मंगलाचरणका है, जब कि प्रथम चार प्रकरणोंकी मंगल-गाथाएँ समान हैं ।

उपर्युक्त स्थितिको देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि प्राकृत-वृत्तिकारको उक्त प्रकरण स्वतन्त्र रूपसे ही अपने स्वतन्त्र पाठोंके साथ प्राप्त हुए और उन्होंने पञ्चसंग्रहके अन्यत्र प्रसिद्ध बध्य, बन्धेश, बन्धक, बन्ध-कारण और बन्धभेद इन पाँच द्वारोंके अनुसार उनका संकलन कर व्याख्या करना उचित समझा है । गाथाओंके संकलनको देखते हुए ऐसा लगता है कि वृत्तिकारको सभाष्य पञ्चसंग्रह नहीं उपलब्ध हुआ और इसीलिए उन्होंने प्राचीन चूर्णियोंकी शैलीमें ही अपनी प्राकृत वृत्तिकी रचना की है ।

प्राकृत वृत्ति और वृत्तिकार

इस वृत्तिके रचयिता श्री पद्मनन्दि मुनि हैं, यह बात शतक नामक चौथे प्रकरणके मध्यमें दी गई गाथाओंसे ज्ञात होती है । वे गाथाएँ इस प्रकार हैं—

जह जिणवरेहिं कहियं गणहरदेवेहिं गंथियं सम्मं ।
आयरियकमेण पुणो जह गंगणइपवाहुव्व ॥
तह पउमणंदिमुणिणा रइयं भवियाण बोहणट्ठाए ।
ओघादेसेण य पयडीणं बंधसामित्तं ॥
छउमत्थयाए रइयं जं इत्थ हविज्ज पवयणविरुद्धं ।
तं पवयणाइकुसला सोहंतु मुणी पयत्तेण ॥

इन गाथाओंका भाव यह है कि जो कर्म-प्रकृतियोंका बन्धस्वामित्व जिनेन्द्रदेवने कहा, जिसे गणधर देवोंने गूँथा और जो गंगानदीके प्रवाहके समान आचार्य-परम्परासे चला आ रहा है, उसे मुझ पद्मनन्दी मुनिने भव्योंके प्रबोधनार्थ रचा है । इसमें मेरे छद्मस्थ होनेके कारण जो कुछ भी प्रवचन-विरुद्ध कहा गया हो, उसे प्रवचनमें कुशल मुनिजन सावधानीके साथ शुद्ध करें ।

इस उल्लेखके अतिरिक्त उक्त वृत्तिमें अन्यत्र कोई दूसरा उल्लेख नहीं मिलता है, जिससे कि उसके रचयिताकी आचार्य-परम्परा आदिके विषयमें कुछ विशेष जाना जा सके । हाँ, वृत्तिमें उद्धृत पद्योंके आधार-पर इतना अवश्य कहा जा सकता है कि वे अकलङ्कदेवसे पीछे हुए हैं; क्योंकि उनके लघीयस्त्रयकी 'ज्ञानं प्रमाणमित्याहुः' इत्यादि कारिका पाई जाती है ।

पद्मनन्दि नामके अनेक मुनि हुए हैं । उनमेंसे किसने इस प्राकृतवृत्तिको रचा, यह यद्यपि निश्चय-पूर्वक कुछ नहीं कहा जा सकता है, तथापि जम्बूद्वीपपण्णत्तीके रचयिता पद्मनन्दिकी ही अधिक सम्भावना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिखती है। साधनाभावसे हम कोई निर्णय करनेमें असमर्थ हैं। अनुमानतः विक्रमकी दशवीं शताब्दीसे पूर्वमें ही इसका रचा जाना अधिक संभव है।

वृत्तिकारने अपनी रचनामें कसायपाहुडकी चूर्णि और धवला टीकाकी शैलीका अनुसरण किया है। विषय-प्रतिपादनको देखते हुए यह निःसन्देह कहा जा सकता है कि वे जैनसिद्धान्तके अच्छे वेत्ता रहे हैं। उनके द्वारा दी गई अनेक परिभाषाएँ अपूर्व हैं, क्योंकि उनका अन्यत्र दर्शन नहीं होता है। वृत्तिकारने सभी गाथाओंपर वृत्ति नहीं लिखी है, किन्तु चूर्णिसूत्रकार यतिवृषभके समान उन्हें जिस गाथापर कुछ कहना अभीष्ट हुआ, उसीपर ही उन्होंने लिखा है। यतिवृषभके समान ही उन्होंने गाथाओंकी समुत्कीर्त्तना कर '**एत्तो सव्वपयडीणं बन्धवुच्छेदो कादव्वो भवदि। तं जहा**'[1]—इत्यादि वाक्योंको लिखा है।

प्राकृतवृत्तिके आदिमें ग्रन्थको उत्थानिकाके रूपमें जो सन्दर्भ दिया हुआ है, वह धवला—जयधवलाकी उत्थानिकाका अनुकरण करते हुए भी अपनी बहुत कुछ विशेषता रखता है। पर इसके विषयमें एक बात खासतौरसे विचारणीय है और वह यह कि जहाँ धवला या जयधवलाकार उस प्रकारकी उत्थानिकाके अन्तमें प्रतिपाद्य-विवक्षित ग्रन्थका नामोल्लेख करके उसके नामकी सार्थकता आदिका निरूपण करते हैं, वहाँ इस प्राकृतवृत्तिमें पञ्चसंग्रहका कोई नामोल्लेख आदि नहीं पाया जाता। प्रत्युत 'आराधना'का नाम पाया जाता है। वह इस प्रकार है—

'**तत्थ गुणणामं आराहणा इदि किं कारणं? जेण आराधिज्जंते अणआ दंसण-णाण-चरित्त-तवाणि त्ति**[2]?'

इस उद्धरणमें स्पष्टरूपसे 'आराधना'का नाम दिया गया है और उसकी निरुक्तिके द्वारा यह भी बतला दिया गया है कि जिसके द्वारा दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तपकी आराधना की जाती है उसे आराधना कहते हैं।

इस उल्लेखको देखते हुए यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि इसके पूर्वका और आगेका समस्त उत्थानिका-सन्दर्भ 'भगवती आराधना'की उस प्राकृत टीकाका है, जिसका उल्लेख अपराजित सूरिने अपनी विजयोदया टीकामें अनेक वार किया है। दुर्भाग्यसे आज वह उपलब्ध नहीं है, फिर भी इसे कम सौभाग्य नहीं माना जा सकता कि इस रूपमें उसकी 'बानगी' या 'नमूना' हमें देखनेको मिल गया है।

भगवती आराधनामें दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तप इन चारों ही आराधनाओंका वर्णन किया गया है, यह उसके मंगलाचरण एवं उसके आगेवाली गाथासे ही सिद्ध एवं सर्वविदित है। भ० आराधनाकी वे दोनों गाथाएँ इस प्रकार हैं—

सिद्धे जयप्पसिद्धे चउविह आराहणा फलं पत्ते।
वंदित्ता अरहंते वोच्छं आराहणा कमसो ॥१॥
उज्जोवणमुज्जवणं णिव्वहणं साहणं च णिच्छरणं।
दंसण-णाण-चरित्त-तवाणमाराहणा भणिया ॥२॥

ऐसा ज्ञात होता है कि पञ्चसंग्रहकी प्रतिलिपि करनेवाले किसी लेखकको उक्त भ० आराधनाकी प्राकृत टीकाका उक्त अंश उपलब्ध हुआ और उसे उसने लिखकर उसके आगे सवृत्ति पञ्चसंग्रहकी प्रतिलिपि करना प्रारम्भ कर दिया। जिससे वे दोनों एक ही ग्रन्थके अंश समझे जाने लगे। यहाँ इतना और ज्ञातव्य है कि अभी तक प्राकृत वृत्तिकी एक ही प्रति मिली है। यदि आगे किसी अन्य भण्डारसे कोई दूसरी प्रति उपलब्ध होगी, तो उससे उक्त बातपर और भी अधिक प्रकाश पड़ सकेगा।

---

१. देखो प्रस्तुत ग्रन्थके पृष्ठ ५६६ आदि।

२. देखो प्रस्तुत ग्रन्थका पृष्ठ ५४३।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

दोनों संस्कृत पञ्चसंग्रहोंका रचना-काल

प्राकृत सभाष्य पञ्चसंग्रहको आधार बनाकर दि० सम्प्रदायमें दो संस्कृत पञ्चसंग्रह रचे गये हैं— एकके रचयिता हैं अनेक ग्रंथोंके निर्माता आ० अमितगति और दूसरेके निर्माता हैं श्रीपालसुत डड्ढा। इनमें पहलेवाला पञ्चसंग्रह माणिकचंद ग्रन्थमालासे सन् १९२७ में प्रकाशित हो चुका है। आ० अमितगति-का समय निश्चित है। उन्होंने अपने इस सं० पञ्चसंग्रहकी रचना मसूतिकापुरमें वि० सं० १०७३ में की है, यह बात उसमें दी गई अन्तिम प्रशस्तिके इस श्लोकसे सिद्ध है—

त्रिसप्तत्यधिकेऽब्दानां सहस्रे शकविद्विषः।
मसूतिकापुरे जातमिदं शास्त्रं मनोरमम् ॥६॥

प्रा० पञ्चसंग्रहके साथ अमितगतिके इस सं० पञ्चसंग्रहको रखकर तुलना करनेपर यह स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि उन्होंने प्राकृत पञ्चसंग्रहका ही संस्कृत पद्यानुवाद किया है। पर आश्चर्यकी बात तो यह है कि उन्होंने समग्र ग्रन्थ भरमें कहीं ऐसा एक भी संकेत नहीं किया, कि जिससे उक्त बात ज्ञात हो सके। इसके विपरीत उन्होंने ग्रन्थके प्रत्येक प्रकरणके अन्तमें श्लेषरूपसे अपने नामको अवश्य व्यक्त किया है। यथा—

१ सोऽश्नुतेऽमितगतिः शिवास्पदम्। (१,३५३)
२ याति स भव्योऽमितगतिरिष्टम् ॥ (२,४८)
३ ज्ञानात्मकं सोऽमितगत्युपैति। (३,१०६)
४ सिद्धिमबन्धोऽमितगतिरिष्टाम्। (४,३७५)
५ सोऽस्तु तेऽमितगतिः शिवास्पदम्। (५,४८४)

इस सबके पश्चात् प्रशस्तिमें तो स्पष्ट ही कहा है कि मसूतिकापुरमें इस शास्त्रकी रचना हुई है।

आ० अमितगति-द्वारा रचे गये अन्य ग्रन्थोंमें भी यही बात दृष्टिगोचर होती है। क्या अपने नाम-प्रसिद्धिके व्यामोहमें दूसरेके नामका अपलाप पाप नहीं है? यह ठीक है कि प्रा० पञ्चसंग्रहके रचयिता अज्ञात आचार्य रहे हैं। परन्तु यथार्थ स्थितिसे अपने पाठकोंको परिचित रखनेके लिए कमसे कम उन्हें प्राकृत पञ्चसंग्रहके अस्तित्वका और उसके आधारपर अपनी रचना रचनेका उल्लेख तो करना ही चाहिए था। यही गनीमतकी बात है कि उन्होंने प्रस्तुत ग्रन्थ और उसके प्रकरणोंका नाम नहीं बदला और प्राकृत पञ्चसंग्रहके समान वे ही नाम अपने संस्कृत पञ्चसंग्रहमें दिये।

यह संस्कृत पञ्चसंग्रह लगभग २५०० श्लोक प्रमाण है।

दूसरे संस्कृत पञ्चसंग्रहकी एक मात्र प्रति ईडरके भण्डारसे ही सर्वप्रथम प्राप्त हुई है। इसके रच-यिता श्रीपाल-सुत डड्ढा हैं। इन्होंने अपनी रचनामें तीन स्थलोंपर जो परिचयात्मक पद्य दिये हैं, उनमेंसे दो तो बिलकुल शब्दशः समान हैं। एकके उत्तरार्धमें कुछ विभिन्नता है। वे दोनों पद्य इस प्रकार हैं—

१. श्रीचित्रकूटवास्तव्यप्राग्वाटवणिजा कृते।
श्रीपालसुतडड्ढेन स्फुटार्थः पञ्चसंग्रहः ॥ ४,३२१
५,४२८

२. श्रीचित्रकूटवास्तव्यप्राग्वाटवणिजा कृते।
श्रीपालसुतडड्ढेन स्फुटः प्रकृतिसंग्रहः ॥ (५,८५)
(मुद्रित पृ० ७४२)

इन उपर्युक्त दोनों ही पद्योंमें रचयिताने अपना संक्षिप्त परिचय दिया है, उससे इतना ही विदित होता है कि चित्रकूट (सम्भवतः चित्तौरगढ़) के निवासी, प्राग्वाट (पोरवाड़ या परवार) जातीय वैश्य श्रीश्रीपालके सुपुत्र डड्ढाने इस सं० पञ्चसंग्रहकी रचना की है। इतने मात्र संक्षिप्त परिचयसे न उनके समयपर प्रकाश पड़ता है और न उनके गुरु आदिकी परम्परा पर ही। परन्तु पञ्चसंग्रहकी संस्कृत टीकाका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रभाव श्रीडड्ढा पर रहा है, यह बात उनके द्वारा दी गई संदृष्टियोंसे अवश्य हृदयपर अंकित होती है। संस्कृतटीकाकारने अपनी रचनाका काल विक्रम सं० १६२० दिया है अतः इसके बाद ही इस दूसरे सं० पञ्चसंग्रहकी रचना हुई है। प्राप्त प्रतिकी स्थिति और लिखावट आदि देखते हुए वह ३०० वर्ष प्राचीन प्रतीत होती है—यह बात हम प्रति-परिचयमें बतला आये हैं अतः इसके विक्रमकी सत्तरहवीं शताब्दीमें रचे जानेका अनुमान होता है।

दि० परम्परामें पं० आशाधरजी, पं० मेधावी और पं० राजमल्लजीके पश्चात् संस्कृत भाषामें ग्रन्थ-रचना करनेवाले सम्भवतः ये अन्तिम विद्वान् प्रतीत होते हैं। ये गृहस्थ थे, यह बात अपनी जाति और पिताके नामोल्लेखसे ही सिद्ध है। ये प्रतिभाशाली एवं कर्मशास्त्रके अच्छे अधिकारी विद्वान् रहे हैं, ऐसा उनकी रचनाका अध्ययन करनेपर सहज ही अनुभव होता है। अमितगतिके सं० पञ्चसंग्रहके होते हुए इन्होंने क्यों पुनः सं० पञ्चसंग्रहकी रचना की, यह बात पहले इसी प्रस्तावनामें स्पष्ट की जा चुकी है। यह सं० पञ्चसंग्रह लगभग २००० श्लोक-प्रमाण है।

प्रा० पञ्चसंग्रहकी संस्कृत टीका

प्राकृत पञ्चसंग्रहके ऊपर जो संस्कृत टीका उपलब्ध हुई है यह प्रस्तुत ग्रन्थमें दी गई है। दुर्भाग्यसे इसका प्रारम्भिक अंश उपलब्ध नहीं हो सका और न दूसरी कोई प्रति ही मिल सकी, जिससे कि उस खण्डित अंशकी पूर्ति की जा सकती। यद्यपि यह टीका तीसरे प्रकरणकी ४०वीं गाथातक त्रुटित है, तथापि उसके भी विनाशके भयसे व्याकुल होकर एवं श्रुत-रक्षाकी भावनासे प्रेरित होकर ज्ञानपीठके संचालकों और उसके सम्पादकोंने उसे प्रकाशमें लाना उचित समझा और इसीलिए जहाँसे भी वह उपलब्ध हुई, वहींसे उसे प्रकाशित करनेकी व्यवस्था की गई है।

टीका अपने आपमें साङ्गोपाङ्ग है। प्रत्येक स्थलपर अग्रिम वक्तव्यकी उत्थानिका देकर और गाथाको पूरा उद्धृत कर टीका लिखी गई है। प्रत्येक आवश्यक स्थलपर अंक-संदृष्टियाँ दी गई हैं, जिससे उसकी उपयोगिता और भी अधिक बढ़ गई है। बीच-बीचमें अपने कथनकी पुष्टिमें अमितगतिके संस्कृत पञ्चसंग्रहके अनेकों श्लोक एवं गोम्मटसार जीवकाण्ड-कर्मकाण्डकी अनेकों गाथाएँ उद्धृत की गई हैं। टीकाकी भाषा अत्यन्त सरल और प्रसादगुण-युक्त है।

टीकाकार

इस टीकाके रचयिता सूरि (सम्भवतः भट्टारक) श्री सुमतिकीर्ति हैं। इन्होंने अपनी इस टीकाको वि० सं० १६२० के भाद्रपद शुक्ला दशमीके दिन ईलाव (?) नगरके आदिनाथ-चैत्यालयमें पूर्ण किया है, यह बात टीकाके अन्तमें दी गई प्रशस्तिसे स्पष्ट है। टीकाकारने अपनी जो गुरु-परम्परा दी है, उसके अनुसार वे मूलसंघ और बलात्कारगणमें श्री कुन्दकुन्दाचार्यकी परम्परामें उत्पन्न हुए पद्मनन्दी, देवेन्द्रकीर्त्ति, मल्लिभूषण, लक्ष्मीचन्द्र, वीरचन्द्र, ज्ञानभूषण और प्रभाचन्द्रके पश्चात् भट्टारक पदपर आसीन हुए हैं। हंस नामक किसी वर्णीके उपदेशसे प्रेरित होकर उन्होंने प्रस्तुत टीकाका निर्माण किया है। इसका संशोधन उनके गुरु ज्ञानभूषणने किया है।

संस्कृत टीकाकारकी एक भूल

पञ्चसंग्रहके टीकाकार सुमतिकीर्ति समग्र ग्रन्थकी संस्कृत टीका करते हुए भी एक बहुत बड़ी भूल प्रस्तुत ग्रन्थके यथार्थ नामको नहीं समझ सकनेके कारण उसके अध्याय-विभाजनमें कर गये हैं। गोम्मटसारका दूसरा नाम पञ्चसंग्रह उसके टीकाकारोंने दिया है। सकलकीर्त्तिने देखा कि गो० जीव काण्डका विषय प्रस्तुत ग्रन्थके प्रथम प्रकरण जीवसमासमें आया है। किन्तु गो० जीवकाण्डमें तो ७३३ गाथाएँ हैं और इसमें केवल २०६ ही। अतः यह लघु गो० जीवकाण्ड होना चाहिए। इसी प्रकार गो० कर्मकाण्डके प्रकृति समुत्कीर्त्तन अधिकारमें ९० के लगभग गाथाएँ पाई जाती हैं, पर इसमें तो केवल १२ ही हैं। इसी प्रकार आगे भी गो० कर्मकाण्डके जिस प्रकरणमें जितनी गाथाएँ हैं, उससे प्रस्तुत ग्रन्थके विवक्षित प्रकरणमें कम ही गाथाएँ दृष्टिगोचर हो रही

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं; अतः यह लघु गो० कर्मकाण्ड होना चाहिए। इस प्रकारके मति-विभ्रम हो जानेके कारण उन्होंने प्रस्तुत ग्रन्थको लघु गोम्मटसार ही समझ लिया और इसीके फलस्वरूप अधिकारोंके अन्तमें जो पुष्पिका-वाक्य दिये हैं, उसमें उन्होंने सर्वत्र उक्त भूलको दुहराया है। यहाँ हम इस प्रकारकी पुष्पिकाके दो उद्धरण देते हैं—

१. इति श्रीपञ्चसंग्रहापरनामलघुगोम्मटसारसिद्धान्तटीकायां कर्मकाण्डे बन्धोदयोदीरणसत्त्वप्ररूपणो नाम द्वितीयोऽध्यायः।

(देखो, पृ० ७४ की टिप्पणी)

२. इति श्रीपञ्चसंग्रहगोम्मट्टसारसिद्धान्तटीकायां कर्मकाण्डे जीवसमासादिप्रत्ययप्ररूपणो नाम चतुर्थोऽधिकारः।

(देखो, पृ० १७४ की टिप्पणी)

इस प्रकारकी भूल सभी अधिकारोंमें हुई है। उक्त दोनों उद्धरण गो० कर्मकाण्डके नामोल्लेख वाले दिये गये हैं, गो० जीवकाण्डके नामवाले नहीं। इसका कारण यह है कि प्रारम्भके दो प्रकरणोंपर अर्थात् जीवसमास और प्रकृति समुत्कीर्त्तनपर संस्कृत टीका उपलब्ध नहीं है। जो आदर्श प्रति प्राप्त हुई है, उसके प्रारम्भके ३७ पत्र नहीं मिल सके हैं जिनमें उक्त दोनों प्रकरणोंकी संस्कृत टीका रही है। लेकिन प्राप्त पुष्पिकाओंके आधारपर यह निश्चय-पूर्वक कहा जा सकता है कि जीवसमासकी समाप्तिपर टीकाकार-द्वारा जो पुष्पिका दी गई होगी, उसमें उसे 'लघु गोम्मटसार जीवकाण्ड' अवश्य कहा गया होगा। साथ ही आगेके अधिकारोंके विभाजनको देखते हुए यह भी निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि उसके भी अधिकारोंका विभाजन उन्होंने ठीक उसी प्रकार किया होगा, जिस प्रकारसे कि गो० जीवकाण्डमें पाया जाता है। इसके प्रमाणमें हम उपलब्ध पुष्पिकाओंसे दिये गये अधिकारोंकी क्रम-संख्याको प्रस्तुत करते हैं।

प्रा० पञ्चसंग्रहका कर्मस्तव तीसरा अधिकार है। पर उसके अन्तमें जो पुष्पिका दी गयी है, उसमें उसे दूसरा अध्याय कहा गया है। (देखो, पृ० ७४ की ऊपर दी गई पुष्पिका) इससे ज्ञात होता है कि उन्होंने प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन नामक दूसरे अधिकारको प्रथम अधिकार समझा है। और यतः गो० कर्मकाण्डमें प्रकृति-समुत्कीर्त्तन नामका प्रथम और बन्धोदयसत्त्व प्ररूपणावाला द्वितीय अधिकार पाया जाता है, अतः टीकाकारने प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन अधिकारसे लेकर आगेके भागको गो० कर्मकाण्डका संक्षिप्त रूप मान लिया, और उसके पूर्ववर्ती भागको गो० जीवकाण्डका। अतः उन्होंने तदनुसार ही अधिकारोंका विभाजन करना प्रारम्भ कर दिया। यदि उन्हें यह विभ्रम न होता, तो वे पञ्चसंग्रहके मूल अधिकारोंके समान ही अधिकारोंका विभाजन करते और उनके अन्तमें ही अपनी पुष्पिका देते।

उक्त विभ्रमकी पुष्टिमें दूसरी बात यह है कि प्रारम्भके दो अधिकारोंकी टीकाको छोड़कर शेष अधिकारोंपर जो टीका की गई है, उसपर मूल अधिकारोंके समान ही अधिकारोंकी अंक-संख्या दी जानी चाहिए थी। किन्तु हम देखते हैं कि पाँचवें सप्ततिका अधिकारकी समाप्तिपर सातवें अध्यायके समाप्तिका निर्देश किया गया है।

टीकाकारने मूल-गाथा और भाष्य-गाथाका अन्तर न समझ सकनेके कारण कहीं-कहीं मूल और भाष्य-गाथाकी टीका एक साथ ही की है। पर मैंने सर्वत्र मूल-गाथासे भाष्य-गाथाको पृथक् रखा है और तदनुसार पृथक् रूपसे ही उसका अनुवाद किया है। इससे २–१ स्थलोंपर अनुवाद कुछ असंगत-सा दिखाई देने लगा है (देखो, पृ० ४१५ इत्यादि)। परन्तु मूल-गाथाओंकी भिन्नता प्रकट करनेके लिए उनका पृथक् अनुवाद करना अनिवार्य रूपसे आवश्यक था।

जिस प्रकार आ० अमितगतिने श्लेषरूपमें प्रत्येक अधिकारके अन्तमें अपने नामका उल्लेख किया है ठीक उसी प्रकारसे संस्कृत टीकाकारने भी किया है और इसलिए अमितगतिके सं० पञ्चसग्रहका अपनी टीकामें भर-पूर उपयोग करते हुए एवं पर्याप्त-संख्यामें उसके श्लोकोंको उद्धृत करते हुए भी उन्होंने उनके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अधिकार-समाप्तिपर दिये गये श्लोकोंमें थोड़ा-बहुत शब्द-परिवर्तन कर स्व-रचितके रूपमें उपस्थित किया है। उदाहरणके लिए एक बानगी इस प्रकार है—

बन्धविचारं बहुतमभेदं यो हृदि धत्ते विगलितखेदम् ।
याति स भव्यो व्यपगतकष्टां सिद्धिमबन्धोऽमितगतिरिष्टाम् ॥

(सं० पञ्चसं० पृ० १४६)

बन्धविचारं बहुविधिभेदं यो हृदि धत्ते विगलितपापम् ।
याति स भव्यः सुमतिसुकीर्त्तिं सौख्यमनन्तं शिवपदसारम् ॥

(प्रस्तुत ग्रन्थ पृ० २६३)

दोनों पद्योंमें एक ही बात कही गई है, शब्द और अर्थ-साम्य भी है। परन्तु 'अमितगति' के नामपर अपने 'सुमतिकीर्त्ति' नामको प्रतिष्ठित कर दिया गया है जो स्पष्टरूपसे अनुकरण है।

विषय-परिचय

जैसा कि इस ग्रन्थके नामसे प्रकट है, इसमें पाँच प्रकरणोंका संग्रह किया गया है। उनके नाम इस प्रकार हैं—जीवसमास, प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन, बन्धस्तव, शतक और सप्ततिका।

१ जीवसमास—इस प्रकरणमें गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा, चौदह मार्गणा और उपयोग, इन बीस प्ररूपणाओंके द्वारा जीवोंकी विविध दशाओंका वर्णन किया गया है। मोह और योगके निमित्तसे होनेवाले जीवोंके परिणामोंके तारतम्यरूप क्रम-विकसित स्थानोंको गुणस्थान कहते हैं। गुणस्थान चौदह होते हैं—मिथ्यात्व, सासादन, सम्यग्मिथ्यात्व, अविरतसम्यक्त्व, देशविरत, प्रमत्तविरत, अप्रमत्तविरत, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसाम्पराय, उपशान्तमोह, क्षीणमोह, सयोगिकेवली और अयोगिकेवली। इनका स्वरूप प्रथम प्रकरणके प्रारम्भमें बतलाया गया है। दूसरी जीवसमास प्ररूपणा है। जिन धर्मविशेषोंके द्वारा नाना जीव और उनकी नाना प्रकारकी जातियाँ जानी जाती हैं, उन धर्मविशेषोंको जीवसमास कहते हैं। जीवसमासके संक्षेपसे चौदह भेद हैं और विस्तारकी अपेक्षा इक्कीस, तीस, बत्तीस, छत्तीस, अड़तीस, अड़तालीस, चौवन और सत्तावन भेद होते हैं। इन सर्व भेदोंका प्रथम प्रकरणमें विस्तारसे विवेचन किया गया है। तीसरी पर्याप्ति-प्ररूपणा है। प्राणोंके कारणभूत शक्तिकी प्राप्तिको पर्याप्ति कहते हैं। पर्याप्तियाँ छह प्रकारकी होती हैं—आहारपर्याप्ति, शरीरपर्याप्ति, इन्द्रियपर्याप्ति, श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति, भाषापर्याप्ति और मनःपर्याप्ति। एकेन्द्रिय-जीवोंके प्रारम्भकी चार, विकलेन्द्रिय जीवोंके प्रारम्भकी पाँच और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके छहों पर्याप्तियाँ होती हैं। चौथी प्राणप्ररूपणा है। पर्याप्तियोंके कार्यरूप इन्द्रियादिके उत्पन्न होनेको प्राण कहते हैं। प्राणोंके दस भेद हैं—स्पर्शनेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, चक्षुरिन्द्रिय, कर्णेन्द्रिय, मनोबल, वचनबल, कायबल, आयु और श्वासोच्छ्वास। इनमेंसे एकेन्द्रिय जीवोंके स्पर्शनेन्द्रिय, कायबल, आयु और श्वासोच्छ्वास; ये चार प्राण होते हैं। द्वीन्द्रियजीवोंके रसनेन्द्रिय और वचनबल इन दोके साथ उपर्युक्त चार प्राण मिलाकर छह प्राण होते हैं। त्रीन्द्रियजीवोंके इन्हीं छहमें घ्राणेन्द्रिय मिला देनेपर सात प्राण होते हैं। चतुरिन्द्रिय जीवोंके इन्हीं सातमें चक्षुरिन्द्रिय मिला देनेपर आठ प्राण होते हैं। असंज्ञी पञ्चेन्द्रियजीवोंके इन्हीं आठमें कर्णेन्द्रिय मिला देनेपर नौ प्राण होते हैं। संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके इन्हीं नौ प्राणोंमें मनोबल और मिला देनेपर दस प्राण होते हैं। पाँचवीं संज्ञा-प्ररूपणा है। जिनके सेवन करनेसे जीव इस लोक और परलोकमें दुःखोंका अनुभव करता है, उन्हें संज्ञा कहते हैं। संज्ञाके चार भेद हैं—आहारसंज्ञा, भयसंज्ञा, मैथुनसंज्ञा और परिग्रह संज्ञा। एकेन्द्रियसे लगाकर पञ्चेन्द्रिय तकके सर्व जीवोंके ये चारों ही संज्ञाएँ पायी जाती हैं। जिन अवस्थाविशेषोंमें जीवोंका अन्वेषण किया जाता है, उन्हें मार्गणा कहते हैं। मार्गणाओंके चौदह भेद हैं—गतिमार्गणा, इन्द्रिय-मार्गणा, कायमार्गणा, योगमार्गणा, वेदमार्गणा, कषायमार्गणा, ज्ञानमार्गणा, संयममार्गणा, दर्शनमार्गणा,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लेश्यामार्गणा, भव्यमार्गणा, सम्यक्त्वमार्गणा, संज्ञिमार्गणा और आहारमार्गणा। प्रथम प्रकरणमें इन चौदह मार्गणाओंका विस्तारके साथ वर्णन किया गया है। बीसवीं उपयोग-प्ररूपणा है। वस्तुके स्वरूपको जाननेके लिए जीवका जो भाव प्रवृत्त होता है, उसे उपयोग कहते हैं। उपयोग दो प्रकारका होता है—साकारोपयोग और अनाकारोपयोग। साकारोपयोगके आठ और अनाकारोपयोगके चार भेद होते हैं। इस प्रकार पहले जीवसमास प्रकरणमें बीसप्ररूपणोंके द्वारा जीवोंकी विविध दशाओंका विस्तारके साथ वर्णन किया गया है।

२ प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन—यह पञ्चसंग्रहका द्वितीय प्रकरण है। इसमें कर्मोंकी मूल प्रकृतियों और उत्तर प्रकृतियोंका निरूपण किया गया है। मूलप्रकृतियाँ आठ हैं—ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय। इनकी उत्तर प्रकृतियाँ क्रमशः पाँच, नौ, दो, अट्ठाईस, चार, तिरानबे, दो और पाँच है। जो सब मिलाकर १४८ होती हैं। इनमेंसे बन्ध-योग्य प्रकृतियाँ १२०, उदययोग्य प्रकृतियाँ १२२, उद्वेलन-प्रकृतियाँ ११, ध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ ४७, अध्रुवबन्धी ११, परिवर्तमान प्रकृतियाँ ६२ तथा सत्त्व-योग्य प्रकृतियाँ १४८ हैं। पञ्चसंग्रहके पाँचों प्रकरणोंमें यह सबसे छोटा प्रकरण है। यतः कर्म-विषयक अन्य ग्रन्थोंमें कर्म-प्रकृतियोंका विस्तृत विवेचन किया गया है, अतः ग्रन्थकारने प्रकृतियोंके नाम-निर्देशके अतिरिक्त अन्य कुछ वर्णन करना आवश्यक नहीं समझा है।

३ कर्मस्तव—यह पञ्चसंग्रहका तृतीय प्रकरण है। कुछ आचार्य इसे बन्धस्तव और कुछ कर्म-बन्धस्तवके नामसे भी इसका उल्लेख करते हैं। इस प्रकरणकी मूलगाथाओंकी संख्या ५२ और भाष्यगाथाओं तथा चूलिका गाथाओंकी संख्या मिलाकर सर्व गाथाएँ ७७ हैं। इस प्रकरणमें चौदह गुणस्थानोंमें बँधनेवाली, नहीं बँधनेवाली और बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंका; तथा सत्त्व-योग्य, असत्त्व-योग्य और सत्त्वसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंका विवेचन किया गया है और अन्तमें चूलिकाके भीतर नौ प्रश्नोंको उठाकर उनका समाधान करते हुए बतलाया गया है कि किन प्रकृतियोंकी बन्ध-व्युच्छित्ति, उदय-व्युच्छित्ति और सत्त्व-व्युच्छित्ति पहले, पीछे या साथमें होती है। इस नवप्रश्नरूप चूलिकाके द्वारा कर्मप्रकृतियोंकी बन्ध, उदय और सत्त्व-व्युच्छित्ति सम्बन्धी कितनी ही ज्ञातव्य बातोंका सहजमें ही बोध हो जाता है। 'स्तव' नाम विवेच्य वस्तुके विवेचन करनेवाले अधिकारका है, अतः यह मूल प्रकरण दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायोंमें कर्मस्तव या बन्धस्तव नामसे प्रसिद्ध है।

४ शतक—पञ्चसंग्रहके चौथे प्रकरणका नाम शतक है। यतः इस प्रकरणके मूल गाथाओंकी संख्या सौ है, अतः यह प्रकरण 'शतक' नाससे ही दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदायोंमें प्रसिद्ध है। इस प्रकरणमें चौदह मार्गणाओंके आधारसे जीवसमास, गुणस्थान, उपयोग और योगका वर्णन करके तदनन्तर कर्म-बन्धके कारणभूत मिथ्यात्व, अविरति आदि बन्ध-प्रत्ययोंका विस्तारसे वर्णन किया गया है। साथ ही मिथ्यात्व आदि गुणस्थानोंमें जघन्य और उत्कृष्ट प्रत्ययोंकी अपेक्षा सम्भव संयोगी भंगोंका विस्तृत विवेचन किया गया है। तत्पश्चात् ज्ञानावरणादि आठ कर्मोंके विशेष बन्ध-प्रत्ययोंका वर्णन किया गया है। पुनः कर्मबन्धके प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्धका स्वामित्व आदि अनेक अधिकारोंके द्वारा विस्तारसे साङ्गोपाङ्ग वर्णन किया गया है। इस प्रकरणके मूलगाथाओंकी संख्या १०५ है और उनके साथ भाष्य-गाथाओंकी संख्या ५२२ है।

५ सप्ततिका—पञ्चसंग्रहके पाँचवें प्रकरणका नाम सप्ततिका है। यतः इस प्रकरणके मूलगाथाओं-की संख्या सत्तर है, अतः यह प्रकरण दोनों ही सम्प्रदायोंमें 'सित्तरी' या 'सप्ततिका'के नामसे प्रसिद्ध है। इस प्रकरणमें मूलकर्मों और उनके अवान्तर भेदोंके बन्धस्थान, उदयस्थान और सत्त्वस्थानोंका स्वतन्त्ररूपसे एवं चौदह जीवसमास और गुणस्थानोंके आश्रयसे विवेचन कर उनके संभव भंगोंका विस्तारसे वर्णन करते हुए अन्तमें कर्मोंकी उपशामना और क्षपणाका विवेचन किया गया है। इस प्रकरणकी मूलगाथाएँ अतिसंक्षिप्त एवं दुरूह हैं, इस बातका अनुभव करके ही भाष्यगाथाकारने उनका विवेचन भाष्यगाथाएँ रचकर अतिसुगम कर दिया है। इस प्रकरणकी मूलगाथा-संख्या ७२ है और उनके साथ भाष्यगाथाओंकी संख्या ५०७ है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शतक और सप्ततिका इन दोनों ही प्रकरणोंमें भंगोंका निरूपण करनेवाली अनेकों भाष्यगाथाएँ शब्दशः समान हैं, जिन्हें उनके रचयिताने दोनों ही प्रकरणोंकी स्वतन्त्रताको अक्षुण्ण रखनेके लिए दोनों ही प्रकरणोंमें निबद्ध किया है और इसीसे यह सिद्ध होता है कि इन प्रकरणोंके भाष्यगाथाओंके रचयिता एक ही व्यक्ति हैं।

—हीरालाल शास्त्री

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग्रन्थ-विषय-सूची

	पृष्ठ
१ जीवसमास-अधिकार	**१-४३**
मंगलाचरण और वस्तु-निरूपणकी प्रतिज्ञा	१
जीवप्ररूपणाके भेद	२
गुणस्थानका स्वरूप और भेद	२
मिथ्यात्वगुणस्थानका स्वरूप	३
सासादनगुणस्थान ,,	३
सम्यग्मिथ्यात्वगुणस्थान ,,	३
अविरतसम्यक्त्वगुणस्थान ,,	४
देशविरतगुणस्थान ,,	४
प्रमत्तसंयतगुणस्थान ,,	४
अप्रमत्तसंयतगुणस्थान ,,	५
अपूर्वकरणगुणस्थान ,,	५
अनिवृत्तिकरणगुणस्थान ,,	५
सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थान ,,	६
उपशान्तकषायगुणस्थान ,,	६
क्षीणकषायगुणस्थान ,,	६
सयोगिकेवलिगुणस्थान ,,	७
अयोगिकेवलिगुणस्थान ,,	७
सिद्धोंका स्वरूप	७
जीवसमासका स्वरूप	७
जीवसमासोंके भेद	८-९
पर्याप्तिप्ररूपणा	९
प्राणप्ररूपणा	१०
संज्ञाप्ररूपणा	११
आहारसंज्ञाका स्वरूप	११
भयसंज्ञा ,,	११
मैथुनसंज्ञा ,,	१२
परिग्रहसंज्ञा ,,	१२
मार्गणाका स्वरूप और भेद	१२
आठ सान्तरमार्गणा	१२
गतिका स्वरूप	१३
नरकगति ,,	१३
तिर्यग्गति ,,	१३
मनुष्यगति स्वरूप	१३
देवगति ,,	१३
सिद्धगति ,,	१४
इन्द्रियमार्गणाका वर्णन और इन्द्रियका स्वरूप	१४
इन्द्रियोंके आकार	१४
एकेन्द्रियादि जीवोंके इन्द्रिय-निरूपण	१४
इन्द्रियोंके विषय	१४
एकेन्द्रिय जीवका स्वरूप	१५
द्वीन्द्रियजीवोंके भेद	१५
त्रीन्द्रिय जीवोंके भेद	१५
चतुरिन्द्रिय जीवोंके भेद	१५
पंचेन्द्रिय जीवोंके भेद	१५
अतीन्द्रिय जीवोंका स्वरूप	१५
कायमार्गणाका वर्णन और कायका स्वरूप	१६
पृथिवीकायिक जीवोंके भेद	१६
जलकायिक ,,	१६
अग्निकायिक ,,	१६
वायुकायिक ,,	१७
वनस्पतिकायिक ,,	१७
साधारणवनस्पतिकायिक जीवोंका वर्णन	१७
त्रसकायिक जीवोंके भेद	१८
अकायिक जीवोंका स्वरूप	१८
योगमार्गणाका वर्णन और योगका स्वरूप	१८
मनोयोगके भेद और उनका स्वरूप	१८-१९
वचनयोगके भेद और उनका स्वरूप	१९
औदारिक काययोगका ,,	२०
औदारिक मिश्रकाययोग ,,	२०
वैक्रियिककाययोग ,,	२१
वैक्रियिकमिश्रकाययोग ,,	२१
आहारककाययोग ,,	२१
आहारकमिश्रकाययोग ,,	२१
कार्मणकाययोग ,,	२१
अयोगि जीवोंका स्वरूप	२२
वेदमार्गणाका वर्णन और वेदका स्वरूप	२२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेदके भेद और वेद-वैषम्यका निरूपण	२२	केवल दर्शन ,,	३०
भाववेद और द्रव्यवेदका कारण	२२	लेश्यामार्गणा, लेश्याका स्वरूप	३०
वेद-वैषम्यका कारण	२२	लेश्याके स्वरूपका दृष्टान्त-द्वारा स्पष्टीकरण	३१
स्त्रीवेदका स्वरूप	२३	कृष्णलेश्याका लक्षण	३१
पुरुषवेदका स्वरूप	२३	नीललेश्या ,,	३१
नपुंसकवेद ,,	२३	कापोतलेश्या ,,	३१
अपगतवेदी जीव	२३	तेजोलेश्या ,,	३२
कषाय मार्गणा, कषायका स्वरूप	२३	पद्मलेश्या ,,	३२
कषायोंके भेद और उनके कार्य	२४	शुक्ललेश्या ,,	३२
क्रोध कषायकी जातियाँ और उनका फल	२४	अलेश्यजीवोंका स्वरूप	३२
मान कषायकी ,, ,,	२४	भव्यमार्गणा, भव्यका स्वरूप	३३
माया कषायकी ,, ,,	२४	भव्य और अभव्य जीवोंका विशेष निरूपण	३३
लोभ कषायकी ,, ,,	२४	भव्यत्व और अभव्यत्वसे रहित जीवोंका वर्णन	३३
चारों जातिकी कषायोंके कार्य	२५	सम्यक्त्वमार्गणा, सम्यक्त्वप्राप्तिकी योग्यता	३४
अकषायिक जीवोंका स्वरूप	२५	सम्यक्त्वका स्वरूप	३४
ज्ञानमार्गणा, ज्ञानका स्वरूप	२५	क्षायिकसम्यक्त्व ,,	३४
मत्यज्ञानका स्वरूप	२५	वेदकसम्यक्त्व ,,	३४
श्रुताज्ञान ,,	२६	उपशमसम्यक्त्व ,,	३५
विभंगज्ञान ,,	२६	तीनों सम्यक्त्वोंका गुणस्थानोंमें विभाजन	३५
मतिज्ञान ,,	२६	सासादनसम्यक्त्वका स्वरूप	३५
श्रुतज्ञान ,,	२६	सम्यग्मिथ्यात्व ,,	३६
अवधिज्ञान ,,	२६	मिथ्यात्व ,,	३६
अवधिज्ञानके भेद	२७	उपशमसम्यक्त्वकी उत्पत्तिमें सर्वोपशम और देशोपशमका नियम	३६
मनःपर्ययज्ञानका स्वरूप	२७	सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके पश्चात् मिथ्यात्व-प्राप्तिका नियम	३६
केवलज्ञान ,,	२७	संज्ञिमार्गणा, संज्ञी और असंज्ञीका सामान्य स्वरूप	३६
संयममार्गणा, द्रव्यसंयमका स्वरूप	२७	संज्ञी असंज्ञीका विशेष स्वरूप	३७
भावसंयमका स्वरूप	२८	आहारमार्गणा, आहारकका स्वरूप	३७
सामायिक संयम ,,	२८	आहारक और अनाहारक जीवोंका विभाजन	३७
छेदोपस्थापना ,,	२८	उपयोग प्ररूपणा, उपयोगका स्वरूप और भेद	३७
परिहारविशुद्धि ,,	२८	साकार उपयोग	३८
सूक्ष्मसाम्पराय ,,	२८	अनाकार उपयोग	३८
यथाख्यात ,,	२९	युगपद् उभयोपयोगी जीवोंके कालका निरूपण	३८
संयमासंयम ,,	२९	जीवसमास अधिकारका उपसंहार	३८
संयमासंयमका विशेष स्वरूप	२९	छहों लेश्याओंके वर्ण	३८
देशविरतके भेद	२९	नरकोंमें लेश्याओंका निरूपण	३९
असंयमका स्वरूप	२९	तिर्यञ्च और मनुष्योंमें ,,	३९
दर्शनमार्गणा, दर्शनका स्वरूप	३०	गुणस्थानोंमें ,,	३९
चक्षुदर्शनका ,,	३०		
अवधिदर्शन ,,	३०		

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवोंमें लेश्याओंका निरूपण ४०
पर्याप्तक-अपर्याप्तक जीवोंकी लेश्याओंका निरूपण ४०
विग्रहगतिको प्राप्त ,, ,, ,, ४०
लेश्या-जनित भावोंका दृष्टान्त द्वारा स्पष्टीकरण ४०
सम्यग्दृष्टि जीव मरकर कहाँ-कहाँ उत्पन्न नहीं होता ४१
एक जीवके कौन-कौनसी मार्गणाएँ एक साथ नहीं होतीं ४१
संयमोंका गुणस्थानोंमें निरूपण ४१
समुद्घातके भेद ४१
केवलिसमुद्घातका निरूपण ४१
केवलिसमुद्घातमें काययोगोंका वर्णन ४२
केवलिसमुद्घातका नियम ४२
सम्यक्त्व, अणुव्रत और महाव्रतकी प्राप्तिका नियम ४२
दर्शन मोहके क्षयका अधिकारी जीव ४२
क्षायिक सम्यग्दृष्टिके संसार-वासका नियम ४३
दर्शन मोहके उपशमका अधिकारी जीव ४३
सम्यक्त्व आदिके विरह-कालका नियम ४३
नारकियोंके विरह-कालका नियम ४३

२. प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन-अधिकार ४४–५०

मंगलाचरण और प्रकृति समुत्कीर्तन करनेकी प्रतिज्ञा ४४
प्रकृतियोंके भेद ४४
मूल प्रकृतियोंके नाम ४४
मूल प्रकृतियोंके स्वभावका दृष्टान्त द्वारा निरूपण ४४
उत्तर प्रकृतियोंके भेदोंका पृथक्-पृथक् वर्णन ४५
बन्ध-योग्य प्रकृतियाँ ४८
बन्धके अयोग्य प्रकृतियाँ ४८
उदयके अयोग्य प्रकृतियाँ ४९
उद्वेलना-योग्य प्रकृतियाँ ४९
ध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ ४९
अध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ ४९
परिवर्त्तमान प्रकृतियाँ ५०

३. कर्मस्तव अधिकार ५१–७९

मंगलाचरण और कर्मोंके बन्ध-उदयादि-कथनकी प्रतिज्ञा ५१
बन्ध, उदय, उदीरणा और सत्त्वका स्वरूप ५१
गुणस्थानोंमें मूल प्रकृतियोंके बन्धका निरूपण ५२
गुणस्थानोंमें मूल प्रकृतियोंके उदयका निरूपण ५२
गुणस्थानोंमें मूल प्रकृतियोंकी उदीरणाका निरूपण ५३
दशवें और बारहवें गुणस्थानमें उदीरणाका नियम ५३
गुणस्थानोंमें मूल प्रकृतियोंके सत्त्वका निरूपण ५४
गुणस्थानोंमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंका वर्णन ५४
बन्धके विषयमें कुछ विशेष नियम ५४
मिथ्यात्व गुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ ५६
सासादन गुणस्थानमें ,, ,, ,, ५७
अविरत गुणस्थानमें ,, ,, ,, ५७
देशविरत गुणस्थानमें ,, ,, ,, ५७
प्रमत्तविरत गुणस्थानमें ,, ,, ,, ५७
अप्रमत्त विरत गुणस्थानमें ,, ,, ,, ५८
अपूर्वकरण गुणस्थानमें ,, ,, ,, ५८
अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें ,, ,, ,, ५८
सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थानमें ,, ,, ,, ५९
सयोगि केवलीके ,, ,, ,, ५९
गुणस्थानोंमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंकी संख्याका निरूपण ५९
कुछ विशेष प्रकृतियोंके उदय-विषयक नियम ५९
आनुपूर्वीके उदय-विषयक कुछ विशेष नियम ६०
मिथ्यात्व गुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ ६१
सासादन गुणस्थानमें ,, ,, ,, ६२
सम्यग्मिथ्यात्वमें ,, ,, ,, ६२
अविरत सम्यक्त्वमें ,, ,, ,, ६२
देशविरतमें ,, ,, ,, ६२
प्रमत्त विरतमें ,, ,, ,, ६३
अप्रमत्तविरतमें ,, ,, ,, ६३
अपूर्वकरणमें ,, ,, ,, ६३
अनिवृत्ति करणमें ,, ,, ,, ६३
सूक्ष्म साम्परायमें ,, ,, ,, ६३
उपशान्त मोहमें ,, ,, ,, ६३
क्षीण मोहमें ,, ,, ,, ६४
सयोगि केवलीके ,, ,, ,, ६४
अयोगि केवलीके ,, ,, ,, ६५
उदय और उदीरणामें तीन गुणस्थान-गत विशेषताका निरूपण ६५
गुणस्थानोंमें प्रकृतियोंके क्षयका क्रम ६८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुछ विशेष प्रकृतियोंके सत्त्व-असत्त्व-विषयक नियम ६९
अनिवृत्ति करणमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ ७१
सूक्ष्मसाम्परायमें ,, ,, ,, ७२
क्षीणकषायमें ,, ,, ,, ७२
अयोगि केवलीके द्विचरम समयमें ,, ,, ७२
अयोगि केवलीके चरम समयमें ,, ,, ७३
कर्मस्तवकी अन्तिम मंगल-कामना ७३
बन्ध-उदयादि-सम्बन्धी नवप्रश्न-चूलिका ७४
नौ प्रश्नोंमेंसे द्वितीय प्रश्नका समाधान ७५
,, तृतीय ,, ,, ७५
,, प्रथम ,, ,, ७६
,, पाँचवें ,, ,, ७७
,, चौथे ,, ,, ७७
,, छठें ,, ,, ७७
,, आठवें ,, ,, ७८
,, सातवें ,, ,, ७८
,, नवें ,, ,, ७९

४. शतक अधिकार ८०–२६३

मंगलाचरण और वस्तु-कथनकी प्रतिज्ञा ८०
जिनवचनामृतकी महत्ता ८०
प्रतिपाद्य विषयके सुननेके लिए श्रोताओंको सम्बोधन ८१
प्रतिपाद्य विषयका निर्देश ८१
शतककार-द्वारा मार्गणा स्थानोंमें जीवसमासोंका निरूपण ८१
भाष्य गाथाकार-द्वारा ,, ,, ,, ८२-८६
शतककार-द्वारा जीव समासोंमें उपयोगका निरूपण ८७
भाष्य गाथाकार-द्वारा ,, ,, ,, ८७
भाष्य गाथाकार-द्वारा मार्गणा स्थानोंमें ,, ८८-९२
शतककार-द्वारा जीवसमासोंमें योगोंका वर्णन ९२
भाष्य गाथाकार-द्वारा ,, ,, ,, ९३
भाष्य गाथाकार-द्वारा मार्गणाओंमें योगोंका वर्णन ९४-९७
शतककार-द्वारा मार्गणाओंमें गुणस्थानोंका निरूपण ९८
भाष्य गाथाकार-द्वारा ,, ,, ९८-१०२
शतककार-द्वारा गुणस्थानोंमें उपयोगका वर्णन १०२
भाष्यगाथाकार-द्वारा उक्त अर्थका विशद विवेचन १०२-१०३
शतककार-द्वारा गुणस्थानोंमें योग-निरूपण १०३
भाष्य गाथाकार-द्वारा उक्त अर्थका स्पष्टीकरण १०४
बन्ध-प्रत्ययोंके भेदोंका निर्देश १०५
गुणस्थानोंमें मूल बन्ध-प्रत्ययोंका वर्णन १०५
गुणस्थानोंमें उत्तर-प्रत्ययोंका निरूपण १०६
किस गुणस्थानमें कौन-कौनसे उत्तर प्रत्यय नहीं होते १०६
मार्गणाओंमें बन्ध-प्रत्ययोंका निरूपण १०८-११३
गुणस्थानोंकी अपेक्षा एक जीवके एक समयमें सम्भव, जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट बन्ध-प्रत्ययोंका निर्देश ११३
काय-विराधना-सम्बन्धी गुणकारोंका निरूपण ११४-११६
मिथ्यादृष्टिके भी अवस्था-विशेषमें एक आवली कालतक अनन्तानुबन्धी कषायका उदय नहीं होता ११६
मिथ्यादृष्टिके दश बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भंगोंका निरूपण ११७
मिथ्यादृष्टिके ग्यारह ,, ,, ,, ११९
,, बारह ,, ,, ,, १२०
,, तेरह ,, ,, ,, १२२
,, चौदह ,, ,, ,, १२४
,, पन्द्रह ,, ,, ,, १२६
,, सोलह ,, ,, ,, १२८
,, सत्रह ,, ,, ,, १२९
,, अट्ठारह ,, ,, ,, १३१
सासादन सम्यग्दृष्टिके बन्ध-प्रत्यय-गत विशेष निर्देश १३२
सासादन सम्यग्दृष्टिके दश बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भंगोंका निरूपण १३२
सासादन सम्यग्दृष्टिके ग्यारह ,, ,, १३३
,, बारह ,, ,, ,, १३४
,, तेरह ,, ,, ,, १३५
,, चौदह ,, ,, ,, १३६
,, पन्द्रह ,, ,, ,, १३८
,, सोलह ,, ,, ,, १३९
,, सत्रह ,, ,, ,, १४०
सम्यग्मिथ्यादृष्टिके नौ ,, ,, ,, १४१
,, दश ,, ,, ,, १४१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्यग्मिथ्यादृष्टिके ग्यारह बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भंगोंका निरूपण १४२
सम्यग्मिथ्यादृष्टिके बारह ,, ,, ,, १४३
,, तेरह ,, ,, ,, १४४
,, चौदह ,, ,, ,, १४५
,, पन्द्रह ,, ,, ,, १४६
,, सोलह ,, ,, ,, १४७
असंयत सम्यग्दृष्टिके बन्ध-प्रत्ययगत विशेषताका निरूपण १४८
असंयत सम्यग्दृष्टिके नौ बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भंगोंका निरूपण १४९
असंयत सम्यग्दृष्टिके दस ,, ,, ,, १५०
,, ग्यारह ,, ,, ,, १५१
,, बारह ,, ,, ,, १५१
,, तेरह ,, ,, ,, १५२
,, चौदह ,, ,, ,, १५३
,, पन्द्रह ,, ,, ,, १५४
,, सोलह ,, ,, ,, १५५
देशसंयतके सम्भव बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी गुणकार १५६
देशसंयतके आठ बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भंगोंका निरूपण १५७
देशसंयतके नौ ,, ,, ,, १५७
,, दश ,, ,, ,, १५८
,, ग्यारह ,, ,, ,, १५९
,, बारह ,, ,, ,, १६०
,, तेरह ,, ,, ,, १६१
,, चौदह ,, ,, ,, १६२
प्रमत्तसंयतके बन्ध-प्रत्यय-गत विशेषताका निरूपण १६२
प्रमत्तसंयतके पाँच बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भंगोंका निरूपण १६३
प्रमत्तसंयतके छह ,, ,, ,, १६३
प्रमत्तसंयतके सात ,, ,, ,, १६४
अप्रमत्तसंयत और अपूर्वकरण संयतके बन्ध-प्रत्यय और उनके भंगोंका निरूपण १६४
अनिवृत्तिकरण संयतके बन्ध-प्रत्यय और उनके भंगोंका निरूपण १६५
सूक्ष्मसाम्परायादि शेष गुणस्थानोंके बन्ध-प्रत्यय और उनके भंगोंका निरूपण १६७
ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्मके विशेष बन्ध-प्रत्यय वर्णन १६७
वेदनीय कर्मके विशेष बन्ध-प्रत्यय वर्णन १६८
दर्शन मोहनीय कर्मके ,, ,, १६९
चारित्र मोहनीय कर्मके ,, ,, १६९
नरकायु कर्मके ,, ,, १७०
तिर्यगायु कर्मके ,, ,, १७०
मनुष्यायु कर्मके ,, ,, १७१
देवायु कर्मके ,, ,, १७१
नाम कर्मके ,, ,, १७२
गोत्र कर्मके विशेष बन्ध-प्रत्ययोंका निरूपण १७२
अन्तराय कर्मके ,, ,, ,, १७३
कर्मोंके विशेष बन्ध-प्रत्ययोंका निरूपण अनुभाग-बन्धकी अपेक्षासे जानना चाहिए १७४
कर्मोंके बन्ध, उदय और सत्त्व स्थानोंका निरूपण १७४
शतककार-द्वारा गुणस्थानोंमें मूल कर्मोंके बन्ध-स्थानोंका वर्णन १७४
भाष्य गाथाकार-द्वारा उक्त अर्थका स्पष्टीकरण १७५
शतककार-द्वारा गुणस्थानोंमें, उदयस्थानोंमें उदय-स्थानोंका निरूपण १७५
भाष्य गाथाकार-द्वारा उदीरकोंका कथन १७६
शतककार-द्वारा उदीरकोंका विशेष निरूपण १७६-१८०
प्रकृति बन्धसे सादि-अनादि आदि नौ भेदोंका कथन १८१
उक्त बन्ध-भेदोंका स्वरूप १८२
मूल प्रकृतियोंके सादि-आदि बन्धोंका निरूपण १८२
उत्तर प्रकृतियोंके ,, ,, ,, १८३
ध्रुवबन्धी प्रकृतियोंका निरूपण १८३
निष्प्रतिपक्ष अध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ १८३
सप्रतिपक्ष अध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ १८४
मूल प्रकृतिस्थान और भुजाकारादिका निरूपण १८४
उत्तर प्रकृतियोंके प्रकृतिस्थान और भुजाकारादिका वर्णन १८६
दर्शनावरण कर्मके बन्धस्थानोंका वर्णन १८६
दर्शनावरण कर्मके भुजाकार बन्धोंका वर्णन १८६
दर्शनावरण कर्मके बन्धस्थानोंका गुणस्थानोंमें निरूपण १८७
मोहकर्मके बन्धस्थान और भुजाकारादिका वर्णन १८८
मोहकर्मके दश बन्धस्थानोंका निरूपण १८८
उक्त बन्धस्थानोंका प्रकृति निर्देशपूर्वक गुणस्थानोंमें वर्णन १८८-१९१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोहकर्मके भुजाकार बन्धोंका निरूपण १९२
मोहकर्मके अल्पतर और अवक्तव्य बन्धोंका वर्णन १९४
नामकर्मके बन्धस्थान आदिका निर्देश १९६
नामकर्मके बन्धस्थानोंका निरूपण १९६
नामकर्मके भुजाकार बन्धस्थानोंका वर्णन १९६-१९८
नामकर्मके अल्पतर और अवक्तव्य बन्धस्थानोंका वर्णन १९८-१९९
नामकर्मके चारों गतियोंमें सम्भव बन्ध-स्थानोंका निरूपण २००
नरकगति युक्त बँधनेवाले अट्ठाईस प्रकृतिक स्थानका वर्णन २०१
तिर्यग्गति युक्त बँधनेवाले प्रथम तीस प्रकृतिक स्थानका वर्णन २०२
तिर्यग्गति युक्त बँधनेवाले द्वितीय और तृतीय प्रकारके तीस प्रकृतिक स्थानोंका वर्णन २०३
तिर्यग्गति युक्त बँधनेवाले तीनों प्रकारके उनतीस प्रकृतिक बन्धस्थानोंका निरूपण २०४
तिर्यग्गति युक्त बँधनेवाले छब्बीस प्रकृतिक बन्ध-स्थानका वर्णन २०५
तिर्यग्गति युक्त बँधनेवाले प्रथम पच्चीस प्रकृतिक स्थानका वर्णन २०५
तिर्यग्गति युक्त बँधनेवाले द्वितीय प्रकृतिक बन्ध-स्थानका वर्णन २०६
तिर्यग्गति युक्त बँधनेवाले तेईस ,, ,, २०७
मनुष्यगति युक्त बँधनेवाले तीस ,, ,, २०८
,, बँधनेवाले प्रथम उनतीस ,, ,, २०९
,, बँधनेवाले द्वितीय ,, ,, २०९
,, बँधनेवाले तृतीय ,, ,, २१०
,, बँधनेवाले पच्चीस ,, ,, २११
देवगति युक्त बँधनेवाले इकतीस ,, ,, २१२
,, बँधनेवाले तीस ,, ,, २१२
,, बँधनेवाले प्रथम उनतीस ,, ,, २१३
,, बँधनेवाले द्वितीय ,, ,, २१३
,, बँधनेवाले प्रथम अट्ठाईस ,, ,, २१४
,, बँधनेवाले द्वितीय ,, ,, २१४
,, बँधनेवाले एक ,, ,, २१४
गुणस्थानोंकी अपेक्षा प्रकृतियोंके बन्ध-स्वामित्वका निरूपण २१५-२१६
मिथ्यात्व गुणस्थानमे बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ २१६
सासादन गुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ २१७
अविरत आदि चार गुणस्थानोंमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ २१७-२१८
अपूर्वकरण गुणस्थानमें बन्धसे ,, ,, २१९
नवें और दशवें गुणस्थानमें ,, ,, २२०
तेरहवें गुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतिका निर्देशकर प्रकृत अर्थका उपसंहार २२१
शतककार-द्वारा मार्गणाओंमें बन्ध व्युच्छिन्न प्रकृतियोंको जाननेका निर्देश २२२
भाष्यगाथाकार-द्वारा नरकगतिमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंके निरूपण २२३-२२४
तिर्यग्गतिमें प्रकृतियोंके बन्धादिका निरूपण २२५
मनुष्यगतिमें ,, ,, ,, २२६
देवगतिमें ,, ,, ,, २२७
धवनत्रिक देव और सर्व देवियोंके बन्धादिका निरूपण २२८
कल्पवासी देवोंके बन्धादिका निरूपण २२९
इन्द्रियमार्गणाकी अपेक्षा प्रकृतियोंके बन्धादिका वर्णन २३०
कायमार्गणाकी ,, ,, ,, २३१
योगमार्गणाकी ,, ,, ,, २३२-२३४
वेदमार्गणाकी ,, ,, ,, २३५
कषायमार्गणाकी ,, ,, ,, २३६
ज्ञान, संयम और दर्शनमार्गणाकी अपेक्षा प्रकृ-तियोंके बन्धादि जाननेका निर्देश २३६
लेश्या मार्गणाकी अपेक्षा प्रकृतियोंके बन्धादिका वर्णन २३७-२४०
भव्य और सम्यक्त्व मार्गणाकी अपेक्षा ,, २४१
शेष मार्गणाओंकी अपेक्षा वन्धादि जाननेका निर्देश २४२
कर्म प्रकृतियोंके स्थिति बन्धके नव अधिकारोंका निरूपण २४३
मूल प्रकृतियोंके स्थिति बन्धका वर्णन २४३
कर्मोंके आबाधाकालका निरूपण २४४
कर्म-निषेधका निरूपण २४५
कर्मोंकी उत्तर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका विशद वर्णन २४६-२४९
कर्मोंकी उत्तर प्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबन्धका विस्तृत वर्णन २४९-२५२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मूल प्रकृतियोंके जघन्यादि बन्ध-सम्बन्धी सादि-आदि भेदोंकी प्ररूपणा २५३
उत्तर प्रकृतियोंके सादि आदि भेदोंकी प्ररूपणा २५४
कर्मोंकी स्थितियोंमें शुभ और अशुभपनेका निरूपण २५५
उत्कृष्ट स्थितिबन्ध-गत कुछ विशिष्ट प्रकृतियोंके स्वामियोंका निरूपण २५६
शेष उत्तर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थिति बन्धकोंका निरूपण २५७-२५८
जघन्य स्थितिबन्धके स्वामित्वका निरूपण २५८-२५९
अनुभाग बन्धका निरूपण २६०
मूलप्रकृतियोंके उत्कृष्ट-अनुत्कृष्टादि भेदोंमें सम्भव सादि आदि अनुभागबन्धका निरूपण २६१
उत्तर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट-अनुत्कृष्टादि भेदोंमें सम्भव सादि आदि अनुभाग बन्धकी प्ररूपणा २६२-२६३
मूल और उत्तर प्रकृतियोंके स्वमुख-परमुख विपाकरूप अनुभागका निरूपण २६४
प्रशस्त-अप्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभागबन्धका वर्णन २६५
तीव्र अनुभाग बन्धके स्वामित्वका निरूपण २६५
प्रशस्त प्रकृतियोंका नाम-निर्देश २६५
अप्रशस्त प्रकृतियोंका नाम-निर्देश २६६
कुछ विशिष्ट प्रशस्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभाग-बन्ध करनेवाले जीवोंका वर्णन २६७
अप्रशस्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभाग बन्ध करनेवाले जीवोंका वर्णन २६८
जघन्य अनुभाग बन्धके स्वामित्वका निरूपण २७०-२७४
सर्वघाति प्रकृतियोंका निरूपण २७४
देशघाति ,, ,, २७५
पुण्य और पापरूप प्रकृतियोंका वर्णन २७५
चतुःस्थानीय-त्रिस्थानीय आदि अनुभागबन्धका निरूपण २७६
पुण्य और पापरूप प्रकृतियोंके अनुभागका दृष्टान्त-पूर्वक वर्णन २७६
प्रत्ययरूप अनुभागबन्धका निरूपण २७७
पुद्गलविपाकी, क्षेत्रविपाकी और भवविपाकी प्रकृतियोंका निरूपण २७८
जीवविपाकी प्रकृतियोंका निरूपण २७९
प्रदेश बन्धका वर्णन २८०
जीवके द्वारा ग्रहण किये जानेवाले कर्मरूप पुद्गल द्रव्यका प्रमाण २८०
प्रति समय आनेवाले कर्म-पिण्डका आठ कर्मोंमें विभाजन २८१
मूलकर्मोंके उत्कृष्टादि प्रदेश बन्धके सादि आदि भेदोंका वर्णन २८२
उत्तर प्रकृतियोंके प्रदेश बन्धके सादि आदि भेदोंका वर्णन २८२-२८३
गुणस्थानोंकी अपेक्षा मूलप्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश बन्धके स्वामित्वका निरूपण २८४
मूलप्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश बन्धके स्वामित्वका वर्णन २८५
उत्तर प्रकृतियोंमें उत्कृष्ट प्रदेशबन्धके स्वामित्वका वर्णन २८६
उत्कृष्ट प्रदेश बन्धकी सामग्री विशेषका निरूपण २८७
उत्तर प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशबन्ध और उनके स्वामित्वका निरूपण २८८
चारों बन्धोंके कारणोंका निर्देश २८९
चारों बन्धोंका स्वरूप २९०
योगस्थान, प्रकृति-भेद, स्थिति बन्ध्याध्यवसाय स्थान, अनुभाग बन्ध्याध्यवसाय स्थान और प्रदेश बन्धादिके अल्पबहुत्वका निरूपण २९१
शतककार-द्वारा ग्रन्थका उपसंहार और अपनी लघुताका प्रदर्शन २९२
प्रकृत ग्रन्थके अध्ययनका फल २९३

५. सप्ततिका अधिकार २९४-५४०

भाष्य गाथाकार-द्वारा मंगलाचरण और प्रतिज्ञा २९४
सप्ततिकाकार-द्वारा बन्ध, उदय और सत्त्व स्थानोंके कथनकी प्रतिज्ञा २९४
बन्ध, उदय और सत्त्व-सम्बन्धी भंगोंको जाननेकी सूचना २९५
मूल प्रकृतियोंके बन्ध, उदय और सत्त्व स्थानोंके सम्भव भंगोंका निरूपण २९६
चौदह जीव समासोंमें बन्ध, उदय और सत्त्व स्थानोंके संयोगी भंगोंका निरूपण २९७
गुणस्थानोंमें बन्धादि-त्रिसंयोगी भंगोंका निरूपण २९८
मूल प्रकृतियोंके समान उत्तर प्रकृतियोंमें भी बन्धादि-त्रिसंयोगी भंगोंको जाननेकी सूचना २९९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञानावरण और अन्तराय कर्मके बन्धादि त्रिकके संयोगी भंगोंका निरूपण २९९
दर्शनावरण कर्मके बन्धादि त्रिकके संयोगी भंगोंका वर्णन ३००
भाष्य गाथाकार-द्वारा उक्त भंगोंका स्पष्टीकरण ३००-३०२
वेदनीय, आयु और गोत्रकर्मके बन्धादि त्रिकके संयोगी भंगोंका वर्णन ३०३
गोत्र कर्मके भंगोंका स्पष्टीकरण ३०५-३०७
वेदनीय कर्मके भंगोंका स्पष्टीकरण ३०८
नरकायु कर्मके भंगोंका वर्णन ३०९
तिर्यगायु कर्मके " ३११
मनुष्यायु कर्मके " ३१२
देवायु कर्मके " ३१४
मोहनीय कर्मके बन्धस्थानोंका निरूपण ३१५
भाष्य गाथाकार-द्वारा उक्त बन्धस्थानोंका स्पष्टीकरण ३१६
उक्त बन्धस्थानोंके भंगोंका निरूपण ३१८
मोहनीय कर्मके उदयस्थानोंका निरूपण ३१९
भाष्य गाथाकार-द्वारा उक्त उदय स्थानोंकी प्रकृतियोंका निर्देश ३१९
मोहनीय कर्मके सत्त्व स्थानोंका निरूपण ३२०
भाष्य गाथाकार-द्वारा सत्त्व स्थानोंकी प्रकृतियोंका निर्देश ३२१
मोहनीय कर्मके बन्ध स्थानोंमें उदयस्थानोंका निरूपण ३२२
भाष्य गाथाकार-द्वारा उक्त अर्थका स्पष्टीकरण ३२३-३२५
मोहके बन्धस्थानोंमें सम्भव उदय स्थानोंका निरूपण ३२६
मोहके उदयस्थानोंके भंगोंका निरूपण ३२७-३२८
मोहके उदय-विकल्पोंके प्रकृति-परिवर्त्तन-जनित भंगोंका परिमाण ३२९
मोहकर्मके समस्त उदय-विकल्प और पदवृन्दोंका प्रमाण ३२९
मोहकर्मके बन्धस्थानोंमें सत्त्व स्थानके भंगोंका सामान्य कथन ३३०
उक्त भंगोंका विशेष कथन ३३०-३३५
नामकर्मके बन्धस्थानोंका निरूपण ३३५
नामकर्मके चारों गतियोंमें सम्भव बन्धस्थानोंका वर्णन ३३६
नामकर्मके उक्त बन्धस्थानोंका स्पष्टीकरण ३३६
नामकर्मके नरक गति संयुक्त बँधनेवाले अट्ठाईस प्रकृतिक बन्धस्थानकी प्रकृतियाँ ३३७
नामकर्मके तिर्यग्गतियुक्त बँधनेवाले प्रथम तीस प्रकृतिक बन्धस्थानकी प्रकृतियाँ ३३७
नामकर्मके द्वितीय तीस प्रकृतिक बन्धस्थानका वर्णन ३३८
नामकर्मके तृतीय तीस प्रकृतिक बन्धस्थानका वर्णन ३३९
नामकर्मके उनतीस प्रकृतिक बन्धस्थानका निरूपण ३३९
नामकर्मके छब्बीस प्रकृतिक बन्धस्थानका निरूपण ३४०
नामकर्मके प्रथम पच्चीस प्रकृतिक बन्धस्थानका वर्णन ३४१
नामकर्मके द्वितीय पच्चीस प्रकृतिक बन्धस्थानका वर्णन ३४१
नामकर्मके तेईस प्रकृतिक बन्धस्थानका वर्णन ३४२
मनुष्यगति युक्त बँधनेवाले तीस प्रकृतिक बन्धस्थानका निरूपण ३४३
मनुष्यगति युक्त बँधनेवाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय उनतीस प्रकृतिक बन्धस्थानोंका निरूपण ३४४-३४५
मनुष्यगति युक्त बँधनेवाले पच्चीस प्रकृतिक बन्धस्थानका निरूपण ३४५
देवगति संयुक्त बँधनेवाले इकतीस प्रकृतिक बन्धस्थानका निरूपण ३४६
देवगति संयुक्त बँधनेवाले तीस प्रकृतिक बन्धस्थानका निरूपण ३४६
देवगति संयुक्त बँधनेवाले प्रथम और द्वितीय उनतीस प्रकृतिकबन्ध स्थानका निरूपण ३४७
देवगति संयुक्त बँधनेवाले प्रथम और द्वितीय अट्ठाईस प्रकृतिक बन्धस्थानका निरूपण ३४८
नामकर्मके एक प्रकृतिक बन्धस्थानका निरूपण ३४८
सप्ततिकाकार-द्वारा नामकर्मके उदयस्थानोंका वर्णन ३४९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाष्य-गाथाकार-द्वारा नरकगति संयुक्त नामकर्म-के उदयस्थानोंका वर्णन ३४९
नरकगति संयुक्त इक्कीस प्रकृतिक उदयस्थानका वर्णन ३४९
नरकगति संयुक्त पच्चीस प्रकृतिक " ३५०
नरकगति संयुक्त सत्ताईस " " ३५०
नरकगति संयुक्त अट्ठाईस " " ३५१
नरकगति संयुक्त उनतीस " " ३५१
तिर्यग्गतिमें नामकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण ३५२
सामान्य एकेन्द्रिय जीवके नामकर्मके उदयस्थानों-का वर्णन ३५२
सामान्य एकेन्द्रिय जीवके इक्कीस प्रकृतिक " ३५२
सामान्य एकेन्द्रिय जीवके चौबीस " " ३५४
सामान्य एकेन्द्रिय जीवके पच्चीस " " ३५४
सामान्य एकेन्द्रिय जीवके छब्बीस " " ३५५
आतप और उद्योत प्रकृतिके उदयवाले एकेन्द्रिय जीवोंके उदयस्थानोंका निरूपण ३५५-३५६
विकलेन्द्रिय जीवोंके नामकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण ३५७
द्वीन्द्रियजीवके इक्कीस प्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण ३५८
द्वीन्द्रियजीवके छब्बीस " " " ३५८
द्वीन्द्रियजीवके अट्ठाईस " " " ३५९
द्वीन्द्रियजीवके उनतीस " " " ३५९
द्वीन्द्रियजीवके तीस " " " ३५९
उद्योतके उदयवाले द्वीन्द्रियके उदयस्थानोंका निरूपण ३६०
उद्योतके उदयवाले द्वीन्द्रियके उनतीस प्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण ३६०
उक्त जीवके तीस प्रकृतिक उदयस्थानका वर्णन ३६०
" इकतीस " " " ३६०
द्वीन्द्रिय जीवके समान त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंके उदयस्थान जाननेकी सूचना ३६१
विकलेन्द्रिय जीवोंके तीस और इकतीस प्रकृतिक उदयस्थानोंके कालका वर्णन ३६१
पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चके उदयस्थानोंका निरूपण ३६२
उद्योतके उदयसे सहित और रहित पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चके उदयस्थानोंका कथन ३६२
उद्योतके उदयसे रहित इक्कीस प्रकृतिक उदय-स्थानका वर्णन ३६२
उद्योतके उदयसे रहित छब्बीस प्रकृति उदय-स्थानका वर्णन ३६३
उद्योतके उदयसे रहित अट्ठाईस " " ३६४
उद्योतके उदयसे रहित उनतीस " " ३६५
उद्योतके उदयसे रहित तीस " " ३६५
उद्योतके उदयवाले पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके उदय-स्थानोंका निरूपण ३६५
उद्योतके उदय-सहित उनतीस प्रकृतिक उदय-स्थानका कथन ३६६
उद्योतके उदय-सहित तीस " ३६७
उद्योतके उदय-सहित इकतीस " ३६७
तीस और इकतीस प्रकृतिक उदयस्थानोंके कालका निरूपण ३६७
सर्व तिर्यञ्चोंके नामकर्मके उदयस्थानोंके समस्त भंगोंकी संख्याका निरूपण ३६७
मनुष्यगतिमें नामकर्मके उदयस्थानोंका वर्णन ३६८
मनुष्यगतिके उदयस्थान-गत विशेषताका निरूपण ३६९
मनुष्यगति-सम्बन्धी इक्कीस प्रकृतिक उदयस्थान-का वर्णन ३६९
मनुष्यगति-सम्बन्धी छब्बीस " " ३७०
मनुष्यगति-सम्बन्धी अट्ठाईस " " ३७०
मनुष्यगति-सम्बन्धी उनतीस " " ३७१
मनुष्यगति-सम्बन्धी तीस " " ३७१
आहारक शरीरवाले मनुष्यके उदयस्थानोंका निरूपण ३७१
आहारक शरीरवाले मनुष्यके पच्चीस प्रकृतिक उदयस्थानका वर्णन ३७२
आहारक शरीरवाले मनुष्यके सत्ताईस " ३७२
आहारक शरीरवाले मनुष्यके अट्ठाईस " ३७२
आहारक शरीरवाले मनुष्यके उनतीस " ३७३
तीर्थङ्कर प्रकृतिके उदय-युक्त सयोगिजिनके इक-तीस प्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण ३७३
तीर्थङ्कर प्रकृतिके उदय-युक्त अयोगिजिनके नौ प्रकृतिक उदयस्थानका वर्णन ३७४
तीर्थङ्कर प्रकृतिके उदय-रहित अयोगिजिनके आठ प्रकृतिक उदयस्थानका कथन ३७४
मनुष्यगति-सम्बन्धी उदयस्थानोंके सर्व भंगोंका निरूपण ३७४
देवगति-सम्बन्धी उदयस्थानोंका निरूपण ३७६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवगति-सम्बन्धी इक्कीस प्रकृतिक उदयस्थानका वर्णन ३७६
देवगति-सम्बन्धी पच्चीस " " ३७७
देवगति-सम्बन्धी सत्ताईस " " ३७७
देवगति-सम्बन्धी अट्ठाईस " " ३७८
देवगति-सम्बन्धी उनतीस " " ३७८
देवगति-सम्बन्धी उदयस्थानोंके सर्वउदय विकल्पोंका निरूपण ३७८
चतुर्गति-सम्बन्धी नामकर्मके उदयस्थानोंके सर्व भंगोंका निरूपण ३७८
इन्द्रियमार्गणाकी अपेक्षा सामान्य एकेन्द्रिय जीवोंके उदयस्थानोंका वर्णन ३७९
विकलेन्द्रिय जीवोंके उदयस्थानोंका वर्णन ३७९
पञ्चेन्द्रिय " " ३७९
कायमार्गणाकी अपेक्षा स्थावरकाय और त्रसकाय जीवोंके उदयस्थानोंका वर्णन ३७९
योगमार्गणाकी अपेक्षा मनोयोगियों और वचनयोगियोंके उदयस्थानोंका वर्णन ३८०
काययोगियोंके उदयस्थानोंका निरूपण ३८०-३८१
वेद और कषायमार्गणाकी अपेक्षा उदयस्थानोंका वर्णन ३८१
ज्ञानमार्गणाकी अपेक्षा मत्यज्ञानियों और श्रुताज्ञानियोंके उदयस्थानोंका निरूपण ३८१
शेष ज्ञानवाले जीवोंके उदयस्थानोंका कथन ३८१
संयममार्गणाकी अपेक्षा नामकर्मके उदयस्थानोंका वर्णन ३८२
दर्शनमार्गणाकी अपेक्षा नामकर्मके उदयस्थानोंका कथन ३८२
लेश्यामार्गणाकी अपेक्षा नामकर्मके उदयस्थानोंका कथन ३८२
भव्यत्व आदि शेष मार्गणाओंकी अपेक्षा नामकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण ३८३
सप्ततिकाकार-द्वारा नामकर्मके सत्त्वस्थानोंका वर्णन ३८५
भाष्य गाथाकार-द्वारा नामकर्मके सर्व सत्त्वस्थानोंकी प्रकृतियोंका निरूपण ३८५-३८७
गुणस्थानोंमें नामकर्मके सत्त्वस्थानोंका निरूपण ३८८
सप्ततिकाकार-द्वारा बन्धस्थान, उदयस्थान और सत्त्वस्थान इन तीनोंको एकत्र मिलाकर कहनेकी सूचना ३९१
बन्धस्थानको आधार बनाकर उदयस्थान और सत्त्वस्थानका निरूपण ३९१
भाष्य गाथाकार-द्वारा उपर्युक्त अर्थका स्पष्टीकरण ३९२
अट्ठाईस प्रकृतिक बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वकी विशिष्ट दशामें सम्भव स्थान विशेषोंका निरूपण ३९३
उक्त बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वस्थानगत दूसरी विशेषता ३९४
उक्त बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वस्थानगत तीसरी विशेषता ३९५
उक्त बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वस्थानगत चौथी विशेषता ३९५
उक्त बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वस्थानगत पाँचवीं विशेषता ३९५
उक्त बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वस्थानगत छठी विशेषता ३९६
उक्त बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वस्थानगत सातवीं विशेषता ३९६
उक्त बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वस्थानगत आठवीं विशेषता ३९७
उनतीस और तीस प्रकृतिक बन्धस्थानमें उदय सत्त्वस्थानोंका निरूपण ३९७
उनतीस प्रकृतिक बन्धस्थानमें इक्कीस प्रकृतिक उदय स्थानके साथ तेरानबे और इक्यानबे प्रकृतिक सत्त्वस्थानके स्वामीका निरूपण ३९८
उक्त बन्धस्थान और उदयस्थानके साथ बानबे और नब्बे प्रकृतिक सत्त्वस्थानके स्वामीका निरूपण ३९८
उक्त बन्धस्थान और उदयस्थानके साथ अट्ठासी, चौरासी और बयासी प्रकृतिक सत्त्वस्थानके स्वामीका वर्णन ३९९
उनतीस प्रकृतिक बन्धस्थानमें चौबीस प्रकृतिक-उदयस्थानके साथ बानबे, नब्बे आदि पाँच सत्त्वस्थानोंके स्वामीका निरूपण ३९९
उक्त बन्धस्थानमें पच्चीस प्रकृतिक उदयस्थानके साथ तेरानबे आदि सात सत्त्वस्थानोंके स्वामियोंका कथन ३९९
उक्त बन्धस्थानमें छब्बीससे लेकर तीस प्रकृतिक उदयस्थानोंके साथ तेरानबे आदि सात सत्त्वस्थानोंके स्वामियोंका कथन ४००

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्त बन्धस्थानमें इकतीरा प्रकृतिक उदयस्थानके साथ बानबे; नब्बे, अठासी, चौरासी और बयासी प्रकृतिक सत्त्वस्थानके स्वामियोंका वर्णन ४००
तीस प्रकृति बन्धस्थानमें संभव उदयस्थानों और सत्त्वस्थानोंका वर्णन ४०१
उक्त स्थानोंमें संभव विशेषताका निरूपण ४०२–४०३
सप्ततिकाकार-द्वारा शेष बन्धस्थानोंमें संभव उदय और सत्त्वस्थानोंका निरूपण ४०४
भाष्य गाथाकार-द्वारा उक्त अर्थका स्पष्टीकरण ४०५
उपर्युक्त बन्धादि तीनों प्रकारके स्थानोंका जीवसमास और गुणस्थानोंकी अपेक्षा स्वामित्व जाननेकी सूचना ४०६
जीवसमासोंमें ज्ञानावरण और अन्तराय कर्मके बन्धादि स्थानोंके स्वामित्वका निर्देश ४०७
दर्शनावरणकर्मके बन्धादि स्थानोंके स्वामित्वगत भंगोंका जीवसमासोंमें निर्देश, वेदनीय, आयु और गोत्रके स्थानो के भंग जाननेका संकेत और मोहकर्मके भंग-निरूपणकी प्रतिज्ञा ४०८
भाष्यगाथाकार-द्वारा वेदनीय, आयु और गोत्रकर्मके भंगोंकी संख्याका निर्देश ४१०
वेदनीयकर्मके भंगोंका जीवसमासोंमें निरूपण ४१०
आयुकर्मके भंगोंका जीवसमासोंमें निरूपण ४११
गोत्रकर्मके भंगोंका जीवसमासोंमें निरूपण ४१४
सप्ततिकाकार-द्वारा जीवसमासोंमें मोहकर्मके भंगोंका निरूपण ४१५
भाष्यगाथाकार-द्वारा उक्त अर्थका स्पष्टीकरण ४१६
सप्ततिकाकार-द्वारा जीवसमासोंमें नामकर्मके बन्ध उदय और सत्त्वस्थान सम्बन्धी भंगोंका निरूपण ४१७
भाष्यगाथाकार-द्वारा उक्त अर्थका स्पष्टीकरण ४१८–४२२
सप्ततिकाकार-द्वारा ज्ञानावरण और अन्तराय-कर्मके बन्धादि-स्थानोंका गुणस्थानोंमें वर्णन ४२३
दर्शनावरण कर्मके बन्धादि स्थानोंका गुणस्थानोंमें वर्णन ४२४
भाष्यगाथाकार-द्वारा उक्त स्थानोंका स्पष्टीकरण ४२४
गुणस्थानोंमें दर्शनावरणके बन्धादि स्थानोंका निरूपण ४२५–४२६
सप्ततिकाकार-द्वारा वेदनीय, आयु और गोत्रकर्मके बन्धादि स्थान सम्बन्धी भंगोंका निरूपण ४२७
भाष्यगाथाकार-द्वारा वेदनीयकर्मके भंगोंका वर्णन ४२७
गुणस्थानोंमें आयुकर्मके भंगसंख्यादिका वर्णन ४२८–४२९
नरकायुके भंगोंका वर्णन ४२९
तिर्यगायुके " " ४३०
मनुष्यायुके " " ४३०
देवायुके " " ४३१
आयुकर्मके ११३ भंगोंका स्पष्टीकरण ४३१-४३४
गुणस्थानोंमें गोत्रकर्मके भंगोंका निरूपण ४३४
उपर्युक्त भंगोंका स्पष्टीकरण ४३५-४३६
सप्ततिकाकार-द्वारा गुणस्थानोंमें मोहकर्मके बन्धस्थानोंका निरूपण ४३६
उक्त अर्थका भाष्य गाथाकार-द्वारा स्पष्टीकरण ४३७
भाष्यगाथाकार-द्वारा मोहकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण ४३८
मिथ्यात्व गुणस्थानमें सम्भव मोहकर्मके उदयस्थानोंका वर्णन ४३८
सासादनादि गुणस्थानोंमें उपर्युक्त स्थानोंका वर्णन ४३९-४४०
सप्ततिकाकार-द्वारा प्रत्येक गुणस्थानमें सम्भव उदयस्थानोंका निरूपण ४४१
सप्ततिकाकार-द्वारा गुणस्थानोंमें उदयस्थानोंके भंगोंका वर्णन ४४२
भाष्य गाथाकार-द्वारा उपर्युक्त अर्थका स्पष्टीकरण ४४३-४४४
सर्वगुणस्थानोंके मोहकर्म सम्बन्धी उदय-विकल्पोंका निरूपण ४४५
गुणस्थानोंमें उदयस्थानोंकी प्रकृतियोंका तथा उनके पदवृन्दोंका निरूपण ४४५-४४८
सप्ततिकाकार-द्वारा योग, उपयोग और लेश्यादिको आश्रय करके मोहकर्मके उदयस्थान-सम्बन्धी भंगोंको जाननेकी सूचना ४४८
भाष्यगाथाकार-द्वारा गुणस्थानोंमें योगोंका निरूपण ४४८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यादृष्टिके योगसम्बन्धी भंगोंका निरूपण ४४९
सासादन सम्यग्दृष्टिके " " " ४५०
सम्यग्मिथ्यादृष्टिके " " " ४५०
अविरत सम्यग्दृष्टिके " " " ४५०
देशविरतके " " " ४५०
प्रमत्त विरतके " " " ४५१
अप्रमत्त विरतके " " " ४५१
अपूर्वकरणके " " " ४५१
योग सम्बन्धी सर्व भंगोंका निर्देश ४५२
सासादन गुणस्थानोंमें योगसम्बन्धी भंग-गत विशेषताका निरूपण ४५३
अविरत गुणस्थानमें उक्त विशेषताका निरूपण ४५३
अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानके योग सम्बन्धी भंगोंका निरूपण ४५५
गुणस्थानोंमें सम्भव सर्व योग-भंगोंका उपसंहार ४५६
गुणस्थानोंमें योगके पदवृन्दोंका निरूपण ४५६
मिथ्यादृष्टिके योगसम्बन्धी पदवृन्दोंका निरूपण ४५७
सासादन गुणस्थानमें " " " ४५८
मिश्र गुणस्थानमें " " " ४५८
अविरत गुणस्थानमें " " " ४५९
देशविरत गुणस्थानमें " " " ४५९
प्रमत्तविरत " " " " ४५९
अप्रमत्तविरत " " " " ४६०
अपूर्वकरण " " " " ४६०
उक्त सर्वगुणस्थानोंके पदवृन्दोंके प्रमाणका निरूपण ४६०
सासादन गुणस्थानगत विशेष भंगोंका निरूपण ४६१
अविरत " " " " ४६२
मोहकर्मके योगोंकी अपेक्षा सम्भव सर्वभंगोंका निरूपण ४६३-४६४
उपयोगकी अपेक्षा गुणस्थानोंमें मोहकर्मके उदय-स्थानगत भंगोंका निरूपण ४६५-४६७
गुणस्थानोंमें उपयोगकी अपेक्षा मोहकर्मकी उदय-प्रकृतियोंकी संख्या जाननेकी सूचना ४६७
मिथ्यात्व और सासादनमें उपयोगकी अपेक्षा उदयप्रकृतिगत पदवृन्दोंका निरूपण ४६८
मिश्र और अविरतमें " " " ४६८
देशविरत और प्रमत्तविरतमें " " " ४६९
अप्रमत्तविरत और अपूर्वकरणमें उपयोगकी अपेक्षा उदयप्रकृतिगत पदवृन्दोंका निरूपण ४६९
अनिवृत्तिकरणमें " " " ४६९
सर्वगुणस्थानोंके उक्त पदवृन्दोंका योग ४६९-४७०
लेश्याओंकी अपेक्षा गुणस्थानोंमें मोहके उदयस्थान जाननेकी सूचना और उनमें सम्भव लेश्याओं-का निरूपण ४७०-४७१
मिथ्यात्व और सासादनमें लेश्याओंकी अपेक्षा मोहके उदय-भंग ४७१
मिश्र और अविरतमें " " " ४७२
देश, प्रमत्त और अप्रमत्त विरतमें " " ४७२
अपूर्वकरणमें " " " ४७३
अनिवृत्तिकरणमें " " " ४७३
उपर्युक्त सर्व उदय-विकल्पोंका प्रमाण ४७३
लेश्याओंकी अपेक्षा मोहकर्मके पदवृन्दोंका निरूपण ४७४
मिथ्यात्व और सासादनमें " " " ४७४
मिश्र और अविरतमें " " " ४७४
देशविरत और प्रमत्तविरतमें " " ४७४
अप्रमत्तविरत और अपूर्वकरणमें " " ४७४
अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्म साम्परायमें " " ४७५
उपर्युक्त सर्व पदवृन्दोंका परिमाण ४७५
वेदकी अपेक्षा मोहकर्मके उदय विकल्पोंका निरूपण ४७६
वेदकी अपेक्षा मोहकर्मके पदवृन्दोंका वर्णन ४७७
संयमकी अपेक्षा मोहकर्मके उदय-विकल्पोंका निरूपण ४७८
संयमकी अपेक्षा मोहकर्मके पदवृन्दोंका वर्णन ४७९
सम्यक्त्वकी अपेक्षा मोहकर्मके उदय-विकल्प ४८०
सम्यक्त्वकी अपेक्षा मोहकर्मके पदवृन्दोंकी संख्या ४८१
सप्ततिकाकार-द्वारा गुणस्थानोंमें मोहकर्मके सत्त्वस्थानोंका निरूपण ४८२
भाष्यगाथाकार-द्वारा उक्त कथनका स्पष्टीकरण ४८३-४८५
सप्ततिकाकार-द्वारा गुणस्थानोंमें नामकर्मके बन्ध, उदय और सत्त्वस्थानोंका निर्देश ४८६
भाष्य गाथाकार-द्वारा उक्त त्रिसंयोगी स्थानोंका स्पष्टीकरण ४८७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यात्व गुणस्थानमें नामकर्मके बन्ध, उदय और सत्त्वस्थान ४८७
सासादन " " " ४८७
मिश्र " " " ४८८
अविरत " " " ४८८
देशविरत " " " ४८९
प्रमत्तविरत " " " ४८९
अप्रमत्तविरत " " " ४९०
अपूर्वकरण " " " ४९०
अनिवृत्तिकरण " " " ४९१
सूक्ष्मसाम्पराय " " " ४९१
क्षीणकषाय " " " ४९१
सयोगिकेवली " " " ४९१
अयोगिकेवली " " " ४९२
सप्ततिकाकार-द्वारा मार्गणाओंमें नामकर्मके बन्धादि स्थानोंका निर्देश करते हुए गति मार्गणामें निरूपण ४९३
भाष्यगाथाकार-द्वारा नरक गतिमें उक्त बन्धादि स्थानोंका निरूपण ४९३
तिर्यग्गतिमें नामकर्मके बन्धादि स्थानोंका निरूपण ४९४
मनुष्यगतिमें " " " ४९४
देवगतिमें " " " ४९५
सप्ततिकाकार-द्वारा इन्द्रिय मार्गणाओंमें उक्त स्थानोंका निर्देश ४९६
भाष्यगाथाकार-द्वारा एकेन्द्रिय जीवोंमें उक्त स्थानोंका निर्देश ४९६
विकलेन्द्रिय जीवोंमें उक्त स्थानोंका निर्देश ४९७
पंचेन्द्रिय जीवोंमें " " ४९७
कायमार्गणामें नामकर्मके बन्धादि स्थानोंका निरूपण ४९८
योग मार्गणामें " " " ४९९-५०१
वेदमार्गणामें " " " ५०१
कषायमार्गणामें " " " ५०२
ज्ञानमार्गणामें " " " ५०२-५०३
संयममार्गणामें " " " ५०४-५०६
दर्शनमार्गणामें " " " ५०६
लेश्यामार्गणामें " " " ५०७-५०८
भव्यमार्गणामें " " " ५०८-५०९
सम्यक्त्वमार्गणामें नामकर्मके बन्धादि स्थानोंका निरूपण ५०९-५११
संज्ञिमार्गणामें " " " ५११-५१२
आहारमार्गणामें " " " ५१२-५१३
संस्कृत टीकाकार-द्वारा चौदह मार्गणाओंमें नामकर्मके उक्त बन्ध, उदय और सत्त्वस्थानोंकी अंकसंदृष्टि ५१३-५१८
सप्ततिकाकार-द्वारा उपर्युक्त अर्थका उपसंहार और विशेष जाननेके लिए आवश्यक निर्देश ५१८
इकतालीस प्रकृतियोंमें उदयकी अपेक्षा उदीरणा-गत विशेषताका निरूपण ५१९
उक्त इकतालीस प्रकृतियोंका नाम-निर्देश ५२०
उक्त इकतालीस प्रकृतियोंमें नामकर्म सम्बन्धी नौ प्रकृतियोंका निरूपण ५२१
सप्ततिकाकार-द्वारा गुणस्थानोंमें कर्मप्रकृतियोंके बन्धका वर्णन ५२२-५२३
भाष्यगाथाकार-द्वारा मिथ्यात्व और सासादनमें बँधनेवाली प्रकृतियोंका वर्णन ५२४
असंयत देशसंयत और प्रमत्तसंयतके बँधनेवाली प्रकृतियोंका वर्णन ५२४
अप्रमत्त और अपूर्वकरणके बँधनेवाली प्रकृतियों-का वर्णन ५२५
अनिवृत्तिकरण आदिके " " ५२६
सप्ततिकाकार-द्वारा मार्गणाओंमें भी बन्धस्वामित्व-को जाननेकी सूचना ५२७
सप्ततिकाकार-द्वारा चारों गतियोंमें कर्मप्रकृतियों-के सत्त्वका निरूपण ५२८
भाष्यगाथाकार-द्वारा उक्त अर्थका स्पष्टीकरण ५२८
सप्ततिकाकार-द्वारा दर्शन मोहकर्मके उपशमन करनेका विधान ५२८
सप्ततिकाकार-द्वारा चरित्र मोहके उपशमन करनेका विधान ५२९
भाष्यगाथाकार-द्वारा उपशान्त होनेवाली प्रकृतियोंके क्रमका निरूपण ५३०
सप्ततिकाकार-द्वारा कर्मप्रकृतियोंके क्षपणका विधान ५३१-५३३
भाष्यगाथाकार-द्वारा अयोगिकेवलीके द्विचरम समय और चरम समयोंमें क्षय होनेवाली प्रकृतियोंका नाम-निर्देश ५३४-५३६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अयोगिकेवलीके उदयमें आनेवाली प्रकृतियोंका निरूपण ५३६–५३७
अयोगि जिनके मनुष्यानुपूर्वीका उदय किस क्षण तक रहता है, इस बातका सयुक्तिक निरूपण ५३७
कर्म-क्षयसे प्राप्त होनेवाली अवस्था विशेषका वर्णन ५३८
सप्ततिकाकार-द्वारा प्रकरणका उपसंहार और आवश्यक ज्ञातव्य तत्त्वका निर्देश ५३८
सप्ततिकाकार-द्वारा अपनी लघुताका प्रदर्शन ५३९
संस्कृतटीकाकारकी प्रशस्ति ५४०

परिशिष्ट ७४५–७८४

१ संदृष्टियाँ ७४५-७५४
२ सभाष्य प्रा०पञ्चसंग्रह-गाथानुक्रमणिका ७५५-७६६
३ संस्कृतटीकोद्धृत-पद्यानुक्रमणी ७६७
४ प्राकृत वृत्तिगत-पद्यानुक्रमणी ७६८-७७३
५ संकृत पञ्चसंग्रहस्थश्लोकानुक्रमः ७७४-७८४

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संकेत-विवरण

आचा० नि०—आचाराङ्ग निर्युक्ति
क० पा० गा०—कसायपाहुड गाथा
कर्मवि०—कर्मविपाक (गर्गर्षिप्रणीत)
कर्मस्त०—कर्मस्तव (श्वेताम्बर)
गो० क०—गोम्मटसार कर्मकाण्ड
गो० जी०—गोम्मटसार जीवकाण्ड
जीवस०—जीवसमास प्रकरण (पूर्वभृद्-रचित)
द—ऐलक सरस्वती भवन ब्यावरकी प्रति सं० १५४८ वाली
धव०—षट्खण्डागमकी धवला टीका
प—पंचायती मन्दिर खजूर मस्जिद दिल्लीकी प्रति
ब—ऐलक सरस्वती भवन ब्यावरकी प्रति सं० १५३७ वाली
मूला०—मूलाचार
शतक०—शतक प्रकरण (भावनगर-मुद्रित)
षट्खं० प्र० स० चू०—षट्खण्डागम प्रकृति समुत्कीर्त्तन चूलिका
स्था० सू०—स्थानाङ्गसूत्र

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पञ्चसंग्रह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



पञ्चसंग्रह

प्रथम अधिकार

जीवसमास

मंगलाचरण और वस्तु-निरूपणकी प्रतिज्ञा—

[1]छद्दव्व-णवपयत्थे दव्वाइचउव्विहेण जाणंते ।
वंदित्ता अरहंते जीवस्स परूवणं वोच्छं ॥१॥

द्रव्यादि चार प्रकारसे छह द्रव्य और नौ पदार्थोंको जाननेवाले अरहन्तोंको नमस्कार करके जीवकी प्ररूपणा कहूँगा ॥१॥

अस्स णमोकारस्स विवरणं । तं जहा—[2]दव्वेण सपमाणादो सव्वे जीवा केत्तिया, अणंता । खेत्तेण सव्वे जीवा केत्तिया, अणंता लोका । कालेण सव्वे जीवा केत्तिया, अतीदकालादो अणंतगुणा । भावेण सव्वे जीवा केत्तिया, केवलणाणस्य अणंतिमभागमित्ता । [3]**पुग्गल-काल-आगासाणं जीवभंगो** । णवरिविसेसो, जीवरासीदो पुग्गलरासी अणंतगुणा । पुग्गलरासीदो कालरासी अणंतगुणा । कालरासीदो आगासं अणंतगुण त्ति वत्तव्वं । [4]धम्माधम्मा दो वि दव्वेण असंखेज्जा । खेत्तेण लोगपमाणा । कालेण अदीदकालस्स अणंतिमभागो* । भावेण केवलणाणस्स अणंतिमभागो । ओहिणाणस्स दो वि असंखेज्जदिमभागो । **णवण्हं पयत्थाणं** मज्झे जीवाजीवाणं पुव्वभंगो । पुण्ण-पावा दो वि दव्वेण असंखिज्जा । खेत्तेण घणंगुलस्स असंखिज्जदिमभागो । कालेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो†। **आसवाइपंचण्हं पयत्थाणं** दव्वेण अभवसिद्धिएहिं अणंतगुणा । अहवा सिद्धाणमणंतिमभागो । खेत्तेण अणंता लोगा । कालेण अदीदकालस्स अणंतगुणो + । भावेण केवलणाणस्स अणंतिमभागो ।

---

1. सं० पञ्चसं० १, ३ । 2. १, ४-५ । 3. १, ८ । 4. १, ६ ।
* ब -भागो । † ब -दिमभागो । + ब -गुणा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस नमस्काररूप गाथासूत्रका विवरण इस प्रकार है:—द्रव्यकी अपेक्षा स्वप्रमाणसे सर्व जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। क्षेत्रकी अपेक्षा सर्व जीव कितने हैं ? अनन्त लोक-प्रमाण हैं। कालकी अपेक्षा सर्व जीव कितने हैं ? अतीत कालसे अनन्तगुणित हैं। भावकी अपेक्षा सर्व जीव कितने हैं ? केवलज्ञानके अनन्तवें भागमात्र हैं। पुद्गल, काल और आकाश द्रव्यका परिमाण जीवद्रव्यके प्रमाणके समान है। विशेषता केवल यह है कि जीवराशिसे पुद्गलराशि अनन्तगुणित है, पुद्गलराशिसे कालराशि अनन्तगुणित है और कालराशिसे आकाशद्रव्य अनन्तगुणित है, ऐसा कहना चाहिए। धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय ये दोनों ही द्रव्यकी अपेक्षा असंख्यात हैं। क्षेत्रकी अपेक्षा लोकप्रमाण हैं। कालकी अपेक्षा अतीत कालके अनन्तवें भाग हैं। भावकी अपेक्षा केवलज्ञानके अनन्तवें भाग हैं और दोनों ही द्रव्य अवधिज्ञानके असंख्यातवें भाग हैं। नौ पदार्थोंके मध्यमें जीव और अजीव पदार्थका परिमाण पूर्वके भंग है अर्थात् जीवादि द्रव्योंके परिमाणके समान है। पुण्य और पाप ये दोनों ही पदार्थ द्रव्यकी अपेक्षा असंख्यात हैं। क्षेत्रकी अपेक्षा घनांगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। कालकी अपेक्षा पल्योपमके असंख्यातवें भागमात्र हैं। भावकी अपेक्षा अवधिज्ञानके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। आस्रवादि पांचों पदार्थोंका प्रमाण द्रव्यकी अपेक्षा अभव्यसिद्धोंसे अनन्तगुणित है। अथवा सिद्धोंके अनन्तवें भागमात्र है। क्षेत्रकी अपेक्षा अनन्त लोकप्रमाण है। कालकी अपेक्षा अतीतकालसे अनन्तगुणित है और भावकी अपेक्षा केवलज्ञानके अनन्तवें भागमात्र है।

जीव-प्ररूपणाके भेद—

[1]**गुण जीवा पज्जत्ती पाणा सण्णा य मग्गणाओ य।**
उवओगो* वि य कमसो वीसं तु परूवणा भणिया[1] ॥२॥

१४।१४।६।१०।४।१४ (४।५।६।१५।३।१६।८।७।४।६।२।६।२।२) १२।

गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा, चौदह मार्गणाएं और उपयोग; इस प्रकार क्रमसे ये बीस प्ररूपणा कही गई हैं ॥२॥

गुणस्थानके १४, जीवसमासके १४, पर्याप्तिके ६, प्राणके १०, संज्ञाके ४, मार्गणाके १४ और उपयोगके १२ भेद हैं। इनमेंसे १४ मार्गणाओंके अवान्तर भेद इस प्रकार हैं—गति ४, इन्द्रिय ५, काय ६, योग १५, वेद ३, कषाय १६, ज्ञान ८, संयम ७, दर्शन ४, लेश्या ६, भव्यत्व २, सम्यक्त्व ६, संज्ञित्व २ और आहार २।

गुणस्थानका स्वरूप और भेद—

[2]**जेहिं दु लक्खिज्जंते उदयादिसु संभवेहिं भावेहिं।**
जीवा ते गुणसण्णा णिद्दिट्ठा सव्वदरिसीहिं[2] ॥३॥
[3]**मिच्छो सासण मिस्सो अविरदसम्मो य देसविरदो य।**
विरदो पमत्त इयरो अपुव्व अणियट्टि सुहुमो य[3] ॥४॥
उवसंतखीणमोहो सजोगिकेवलिजिणो अजोगी य।
चोद्दस गुणट्ठाणाणि य कमेण सिद्धा य णायव्वा[4] ॥५॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, ११। 2. १, १२। 3. १, १५–१८।

१. गो० जी० २। २. धवला० भा० १, पृ० १६१ गा० १०४, गो० जी० ८। ३. गो० जी० ९। ४. गो० जी० १०; परं तत्र तृतीयचरणे 'चोद्दस जीवसमासा' इति पाठः।

* ब-उग्गो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दर्शनमोहनीयादि कर्मोंकी उदय, उपशम, क्षय, क्षयोपशम आदि अवस्थाओंके होने पर उत्पन्न होनेवाले जिन भावोंसे जीव लक्षित किये जाते हैं, उन्हें सर्वदर्शियोंने 'गुणस्थान' इस संज्ञासे निर्देश किया है। १ मिथ्यात्व, २ सासादन, ३ मिश्र (सम्यग्मिथ्यात्व), ४ अविरतसम्यक्त्व, ५ देशविरत, ६ प्रमत्तविरत, ७ अप्रमत्तविरत, ८ अपूर्वकरणसंयत, ९ अनिवृत्तिकरणसंयत, १० सूक्ष्मसाम्परायसंयत, ११ उपशान्तमोह, १२ क्षीणमोह, १३ सयोगिकेवलिजिन और १४ अयोगिकेवली ये क्रमसे चौदह गुणस्थान होते हैं। तथा सिद्धोंको गुणस्थानातीत जानना चाहिए ॥३-५॥

१ मिथ्यात्वगुणस्थानका स्वरूप—

[1]मिच्छत्तं वेदंतो जीवो विवरीयदंसणो होइ।
ण य धम्मं रोचेदि हु महुरं पि रसं जहा जरिदो[1] ॥६॥
तं मिच्छत्तं *जमसद्दहणं †तच्चाण होदि अत्थाणं।
संसइद×मभिग्गहियं अणभिग्गहियं तु तं तिविहं[2] ॥७॥
मिच्छादिट्ठी जीओ उवइट्ठं पवयणं ण सद्दहदि।
सद्दहदि असब्भावं उवइट्ठं अणुवइट्ठं +च[3] ॥८॥

मिथ्यात्वकर्मको वेदन अर्थात् अनुभव करनेवाला जीव विपरीतश्रद्धानी होता है। उसे धर्म नहीं रुचता है, जैसे कि ज्वर-युक्त मनुष्यको मधुर (मीठा) रस भी नहीं रुचता है। जो सात तत्त्वों या नव पदार्थोंका अश्रद्धान होता है, उसे मिथ्यात्व कहते हैं। वह तीन प्रकारका है— संशयित, अभिगृहीत और अनभिगृहीत। मिथ्यादृष्टि जीव जिन-उपदिष्ट प्रवचनका श्रद्धान नहीं करता है। प्रत्युत अन्यसे उपदिष्ट या अनुपदिष्ट असद्भाव अर्थात् पदार्थके अयथार्थ स्वरूपका श्रद्धान करता है ॥६-८॥

२ सासादनगुणस्थानका स्वरूप—

[2]सम्मत्तरयणपव्वयसिहरादो> मिच्छभावसमभिमुहो।
णासियसम्मत्तो सो सासणणामो मुणेयव्वो[4] ॥९॥

सम्यक्त्वरूप रत्न-पर्वतके शिखरसे च्युत, मिथ्यात्वरूप भूमिके समभिमुख और सम्यक्त्वके नाशको प्राप्त जो जीव है, उसे सासादन नामवाला जानना चाहिए ॥९॥

३ सम्यग्मिथ्यात्वगुणस्थानका स्वरूप—

[3]दहिगुडमिव वामिस्सं पिहुभावं +णेव कारिदुं सक्कं।
एवं मिस्सयभावो सम्मामिच्छो त्ति णायव्वो[5] ॥१०॥

जिस प्रकार व्यामिश्र अर्थात् अच्छी तरहसे मिला हुआ दही और गुड़ पृथक्-पृथक् नहीं किया जा सकता, उसी प्रकारसे सम्यक्त्व और मिथ्यात्वके मिश्रित भावको सम्यग्मिथ्यात्व जानना चाहिए। यह सम्यक्त्व और मिथ्यात्वका सम्मिश्रण उन दोनोंके स्वतंत्र आस्वादसे एक भिन्न-जातीय रूपको धारण कर लेता है, अतएव उसकी अपेक्षासे मिश्रभावको एक स्वतन्त्र गुणस्थान माना गया है। ॥१०॥

1. सं० पञ्च सं० १, १९। 2. १, २०। 3. १, २२।

१. धवला, भा० १, पृ० १६२ गा० १०६। गो० जी० १७। २. ध० भा० १, पृ० १६३ गा० १०७। ३. गो० जी० १८, ६५५। ४. ध० भा० १ पृ० १६६ गा० १०८। गो० जी० २०। ५. ध० भा० १, पृ० १७० गा० १०९। गो० जी० २२।

*ब-जं असद्दहणं। †ब-तच्चाण। ×ब-मवि। +ब-वा। >ब-सिहरगओ। +ब-नय।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४ अविरतसम्यक्त्वगुणस्थानका स्वरूप--

[1]णो इंदिएसु विरदो णो जीवे थावरे तसे चावि*।
जो सद्दहइ जिणुत्तं सम्माइट्ठी अविरदो †सो[1] ॥११॥
सम्माइट्ठी जीवो उवइट्ठं पवयणं तु सद्दहदि।
सद्दहइ असब्भावं अजाणमाणो गुरुणिओगा[2] ॥१२॥

जो पाँचों इन्द्रियोंके विषयोंसे विरत नहीं है और न त्रस तथा स्थावर जीवोंके घातसे ही विरक्त है, किन्तु केवल जिनोक्त तत्त्वका श्रद्धान करता है, वह चतुर्थ गुणस्थानवर्ती अविरत-सम्यग्दृष्टि है। सम्यग्दृष्टि जीव जिन-उपदिष्ट प्रवचनका तो श्रद्धान करता ही है, किन्तु कदाचित् (सद्भावको) नहीं जानता हुआ गुरुके नियोग (उपदेश या आदेश) से असद्भावका भी श्रद्धान कर लेता है ॥११-१२॥

५ देशविरतगुणस्थानका स्वरूप—

[2]जो तसवहाउ विरदो णो विरओ अक्ख-थावरवहाओ× ।
पडिसमयं सो जीवो विरयाविरओ जिणेक्कमई[3] ॥१३॥

जो जीव एक मात्र जिन भगवान्में ही मति (श्रद्धा) को रखता है, तथा त्रस जीवोंके घातसे विरत है और इन्द्रिय-विषयोंसे एवं स्थावर जीवोंके घातसे विरक्त नहीं है, वह जीव प्रति समय विरताविरत है। अर्थात् अपने गुणस्थानके कालके भीतर हर-क्षण विरत और अविरत इन दोनों संज्ञाओंको एक साथ एक समयमें धारण करता है ॥१३॥

६ प्रमत्तसंयतगुणस्थानका स्वरूप—

[3]वत्तावत्तपमाए जो वसइ पमत्तसंजओ होइ।
सयलगुणसीलकलिओ महव्वई चित्तलायरणो[4] ॥१४॥
[4]विकहा तहा कसाया इंदियणिद्दा तहेव पणओ य।
चदु चदु पण एगेगं होंति पमादा हु पण्णरसा[5] ॥१५॥

जो पुरुष सकल मूलगुणोंसे और शील अर्थात् उत्तरगुणोंसे सहित है, अतएव महाव्रती है; तथा व्यक्त और अव्यक्त प्रमादमें रहता है, अतएव चित्रल-आचरणी है; वह प्रमत्त संयत कहलाता है। चार विकथा (स्त्रीकथा, भोजनकथा, देशकथा, अवनिपालकथा) चार कषाय (क्रोध, मान, माया, लोभ) पाँच इन्द्रिय (स्पर्शन, रसना, नासिका, नयन, श्रवण) एक निद्रा और एक प्रणय (प्रेम या स्नेह-सम्बन्ध) ये पन्द्रह (४+४+५+१+१=१५) प्रमाद होते हैं ॥१४-१५॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, २३। 2. १, २४। 3. १, २८। 4. १, ३३।

१. ध० भा० १ पृ० १७३ गा० १११। गो० जी० २९। २. ध० भा० १ पृ० १७३ गा० ११०। गो० जी० २७। ३. ध० भा० १ पृ० १७५ गा० ११२। गो० जी० ३१। ४. ध० भा० १ पृ० १७८ गा० ११३। गो० जी० ३३। ५. ध० भा० १ पृ० १७८ गा० ११४। गो० जी० ३४।

*गो० जी० 'वापि'। †अरहंते य पदत्थे अविरदसम्मो दु सद्दहदि। इति प्राकृतवृत्तौ मूलगाथापाठः।

× थूले जीवे वधकरणवज्जगो हिंसगो य इदराणं।
एक्कम्हि चेव समए विरदाविरदु त्ति णादव्वो ॥ इति प्राकृतवृत्तौ मूलगाथापाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७ अप्रमत्तसंयतगुणस्थानका स्वरूप—

[1]णट्ठासेसपमाओ वयगुणसीलोलिमंडिओ णाणी ।
अणुवसमओ ×अखवओ झाणणिलीणो हु अप्पमत्तो सो[1] ॥१६॥

जो व्यक्त और अव्यक्तरूप समस्त प्रकारके प्रमादसे रहित है, महाव्रत, मूलगुण और और उत्तरगुणोंकी मालासे मंडित है, स्व और परके ज्ञानसे युक्त है, और कषायोंका अनुपशमक या अक्षपक होते हुए भी ध्यानमें निरन्तर लीन रहता है, वह अप्रमत्तसंयत कहलाता है ॥१६॥

८ अपूर्वकरणसंयतगुणस्थानका स्वरूप—

[2]भिण्णसमयट्ठिएहिं दु जीवेहि ण होइ सव्वहा सरिसो ।
करणेहिं एयसमयट्ठिएहिं सरिसो विसरिओ वा[2] ॥१७॥
एयम्मि गुणट्ठाणे विसरिससमयट्ठिएहिं जीवेहिं ।
पुव्वमपत्ता जम्हा होंति अपुव्वा हु परिणामा[3] ॥१८॥
तारिसपरिणामट्ठियजीवा हु जिणेहिं गलियतिमिरेहिं ।
मोहस्सऽपुव्वकरणा खवणुवसमणुज्जया भणिया[4] ॥१९॥

इस गुणस्थानमें, भिन्न समयवर्ती जीवोंमें करण अर्थात् परिणामोंकी अपेक्षा कभी भी सादृश्य नहीं पाया जाता। किन्तु एक समयवर्ती जीवोंमें सादृश्य और वैसादृश्य दोनों ही पाये जाते हैं। इस गुणस्थानमें यतः विभिन्न-समय-स्थित जीवोंके पूर्वमें अप्राप्त अपूर्व परिणाम होते हैं; अतः उन्हें अपूर्वकरण कहते हैं। इस प्रकारके अपूर्वकरण परिणामोंमें स्थित जीव मोहकर्मके क्षपण या उपशमन करनेमें उद्यत होते हैं, ऐसा गलित-तिमिर अर्थात् अज्ञानरूप अन्धकारसे रहित वीतरागी जिनोंने कहा है ॥१७–१९॥

९ अनिवृत्तिकरणसंयतगुणस्थानका स्वरूप—

[3]एक्कम्मि कालसमए संठाणादीहि जह णिवट्टंति ।
ण *णिवट्टंति तह चिय परिणामेहिं मिहो जम्हा[5] ॥२०॥
होंति अणियट्टिणो ते पडिसमयं जेसिमेकपरिणामा ।
विमलयर÷झाणहुयवहसिहाहिं णिद्दड्ढकम्मवणा[6] ॥२१॥

इस गुणस्थानके अन्तर्मुहूर्त-प्रमित कालमें से विवक्षित किसी एक समयमें अवस्थित जीव यतः संस्थान (शरीरका आकार) आदिकी अपेक्षा जिस प्रकार निवृत्ति या भेदको प्राप्त होते हैं, उस प्रकार परिणामोंकी अपेक्षा परस्पर निवृत्तिको प्राप्त नहीं होते हैं, अतएव वे अनिवृत्तिकरण कहलाते हैं। अनिवृत्तिकरण गुणस्थानवर्ती जीवोंके प्रति समय एक ही परिणाम होता है। ऐसे ये जीव अपने अति विमल ध्यानरूप अग्निकी शिखाओंसे कर्मरूप वनको सर्वथा जला डालते हैं ॥२०–२१॥

1. सं० पंचसं० १, ३४ । 2. १, ३५-३७ । 3. १, ३८–४० ।

१. ध० भा० १ पृ० १७६ गा० १५५। गो० जी० ४६ । २. ध० भा० १ पृ० १८३ गा० ११६ । गो० जी० ५२ । ३. ध० भा० १ पृ० १८३ गा० ११७ । गो० जी० ५१ । ४. ध० भा० १ पृ० १८३ गा० ११८ । गो० जी० ५४ । ५. ध० भा० १ पृ० १८६ गा० ११९ । गो० जी० ५६ । ६. ध० भा० १ पृ० १८६ गा० १२० । गो० जी० ५७ ।

× द ब -यखवओ । * ब -निव० । ÷ ब -द्धर ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१० सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानका स्वरूप—

[1]कोसुंभो जिह राओ अब्भंतरदो य सुहुमरत्तो य ।
एवं सुहुमसराओ सुहुमकसाओ त्ति णायव्वो[1] ॥२२॥
पुव्वापुव्वप्फड्डयअणुभागाओ अणंतगुणहीणे ÷ ।
लोहाणुम्मि य ट्ठिअओ हंदि सुहुमसंपराओ य[2] ॥२३॥

जिस प्रकार कुसूमली रंग भीतरसे सूक्ष्म रक्त अर्थात् अत्यन्त कम लालिमावाला होता है, उसी प्रकार सूक्ष्म राग-सहित जीवको सूक्ष्मकषाय या सूक्ष्मसाम्पराय जानना चाहिए। लोभाणु अर्थात् सूक्ष्म लोभमें स्थित सूक्ष्मसाम्परायसंयत पूर्वस्पर्धक और अपूर्वस्पर्धकके अनुभाग से अनन्तगुणितहीन अनुभागवाला होता है ॥२२-२३॥

विशेषार्थ—अनेक प्रकारकी अनुभाग शक्तिसे युक्त कार्मणवर्गणाओंके समूहको स्पर्धक कहते हैं। जो स्पर्धक अनिवृत्तिकरणके पहले पाये जाते हैं, उन्हें पूर्वस्पर्धक कहते हैं। जिन स्पर्धकोंका अनिवृत्तिकरणके निमित्तसे अनुभाग क्षीण होता है, उन्हें अपूर्वस्पर्धक कहते हैं। सूक्ष्मकषाय-सम्बन्धी स्पर्धककी अनुभाग-शक्ति उक्त दोनों ही स्पर्धकोंकी अनुभाग-शक्तिसे अनन्तगुणी हीन होती है।

११ उपशान्तकषायगुणस्थानका स्वरूप—

[2]सकयाहलं जलं वा सरए सरवाणियं व णिम्मलयं ।
सयलोवसंतमोहो उवसंतकसायओ होइ[3] ॥२४॥

कतकफल (निर्मली)से सहित जल, अथवा शरद्-कालमें सरोवरका पानी जिस प्रकार निर्मल होता है, उसी प्रकार जिसका सम्पूर्ण मोहकर्म सर्वथा उपशान्त हो गया है, ऐसा उपशान्तकषायगुणस्थानवर्ती जीव अत्यन्त निर्मल परिणामवाला होता है ॥२४॥

१२ क्षीणकषायगुणस्थानका स्वरूप—

[3]णिस्सेसखीणमोहो फलिहामलभायणुदयसमचित्तो ।
खीणकसाओ भण्णइ णिग्गंथो वीयराएहिं[4] ॥२५॥
जह सुद्धफलिहभायणखित्तं *णीरं खु †णिम्मलं सुद्धं ।
तह ×णिम्मलपरिणामो खीणकसाओ मुणेयव्वो ॥२६॥

मोहकर्मके निःशेष क्षीण हो जानेसे जिसका चित्त स्फटिकके विमल भाजनमें रक्खे हुए सलिलके समान स्वच्छ हो गया है, ऐसे निर्ग्रन्थ साधुको वीतरागियोंने क्षीणकषायसंयत कहा है। जिस प्रकार निर्मली, फिटकरी आदिसे स्वच्छ किया हुआ जल शुद्ध-स्वच्छ स्फटिकमणिके भाजनमें नितरा लेनेपर सर्वथा निर्मल एवं शुद्ध होता है, उसी प्रकार क्षीणकषायसंयतको भी निर्मल, स्वच्छ एवं शुद्ध परिणामवाला जानना चाहिये ॥२५-२६॥

1. सं० पं० सं० १, ४१-४४ । 2. १, ४७ । 3. १, ४८ ।

१. गो० जी० ५९, परं तत्र प्रथम-द्वितीयचरणयोः 'धुदकोसुंभयवत्थं होदि जहा सुहुमरायसंजुत्तं' ईदृक् पाठः । २. ध० भा० १ पृ० १८८ गा० १२१ । ३. गो० जी० ६१, परं तत्र प्रथमचरणे 'कदकफलजुदजलं वा' इति पाठः । ४. ध० भा० १ पृ० १६० गा० १२३ । गो० जी० ६२ ।

÷ ब -हीणो । * ब -नीरं । † ब -निम्मलं । × ब -निम्मल ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३ सयोगिकेवलिगुणस्थानका स्वरूप—

[1]केवलणाणदिवायरकिरणकलावप्पणासिअण्णाणो ।
णवकेवललद्धुग्गमपावियपरमप्पववएसो[1] ॥२७॥
जं णत्थि राय-दोसो तेण ण बंधो हु अत्थि केवलिणो ।
जह सुक्कुड्डलग्गा वालुया सडइ तह कम्मं ॥२८॥
असहायणाण-दंसणसहिओ वि हु केवली हु× जोएण ।
जुत्तो त्ति सजोइजिणो अणाइणिहणारिसे* वुत्तो[2] ॥२९॥

केवलज्ञानरूप दिवाकर (सूर्य) की किरणोंके समूहसे जिनका अज्ञानान्धकार सर्वथा नष्ट हो गया है, जिन्होंने नौ केवल-लब्धियोंके उद्गमसे 'परमात्मा' संज्ञा प्राप्त की है और जो पर-सहायसे रहित केवलज्ञान-दर्शनसे सहित हैं, ऐसे योग-युक्त केवली भगवान्को अनादि-निधन आर्षमें सयोगिजिन कहा है। केवली भगवान्के यतः राग-द्वेष नहीं होता, इस कारणसे उनके नवीन कर्मका बन्ध भी नहीं होता है। जिस प्रकार सूखी भित्तीपर आकरके लगी हुई वालुका तत्क्षण झड़ जाती है, इसी प्रकार योगके सद्भावसे आया हुआ कर्म भी कषायके न होनेसे तत्क्षण झड़ जाता है ॥२७-२९॥

१४ अयोगिकेवलिगुणस्थानका स्वरूप—

[2]सेलेसिं संपत्तो णिरुद्धणिस्सेसआसओ जीवो ।
कम्मरयविप्पमुक्को गयजोगो केवली होइ[3] ॥३०॥

जो जीव शैलेशी अवस्थाको प्राप्त हुए हैं, अर्थात् शैल (पर्वत) के समान स्थिर परिणाम-वाले हैं; अथवा जिन्होंने अठारह हजार भेदवाले शीलके स्वामित्वरूप शीलेशत्वको प्राप्त किया है, जिनका निःशेष आस्रव सर्वथा रुक गया है, जो कर्म-रजसे विप्रमुक्त हैं और योगसे रहित हो चुके हैं, ऐसे केवली भगवान्को अयोगिकेवली कहते हैं ॥३०॥

१५ गुणस्थानातीत सिद्धोंका स्वरूप—

[3]अट्ठविहकम्मवियडा सीदीभूदा णिरंजणा णिच्चा ।
अट्ठगुणा कयकिच्चा लोयग्गणिवासिणो सिद्धा[4] ॥३१॥

जो अष्ट-विध कर्मोंसे रहित हैं, अत्यन्त शान्तिमय हैं, निरंजन हैं, नित्य हैं, क्षायिक सम्यक्त्व आदि आठ गुणोंसे युक्त हैं, कृतकृत्य हैं और लोकके अग्रभागपर निवास करते हैं, वे सिद्ध कहलाते हैं ॥३१॥

इस प्रकार गुणस्थानप्ररूपणा समाप्त हुई ।

अब दूसरी जीवसमासप्ररूपणाका वर्णन करते हैं—

[4]जेहिं अणेया जीवा णज्जंते बहुविहा वि तज्जादी ।
ते पुण संगहिदत्था जीवसमासे† त्ति विण्णेया[5] ॥३२॥

1. सं० पञ्चसं० १, ४६ । 2. १, ५० । 3. १, ५१ । 4. १, ६३ ।

१. ध० भा० १ पृ० १६१ गा० १२४ । गो० जी० ६३ । २. ध० भा० १ पृ० १६२ गा० १२५ । गो० जी० ६४ । ३. ध० भा० १ पृ० १६६ गा० १२६ । गो० जी० ६५ । परं तत्र 'सीलेसिं' इति पाठः । ४. ध० भा० १ पृ० २०० गा० १२७ गो० जी० ६८ । ५. गो० जी० ७० ।

× द व केवलीहिं । * व -णोरिसे । † व -समासा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिन धर्म-विशेषोंके द्वारा नाना जीव और उनकी नाना प्रकारकी जातियाँ जानी जाती हैं, पदार्थोंका संग्रह करनेवाले उन धर्मविशेषोंको जीवसमास जानना चाहिये ॥३२॥

जीवसमासोंके भेदोंका वर्णन—

[1]जीवट्ठाणवियप्पा चोद्दस इगिवीस तीस बत्तीसा ।
छत्तीस *अट्ठतीसाऽडयाल चउवण्ण सयवण्णा ॥३३॥

जीवोंके स्थानोंको जीवसमास कहते हैं। जीवस्थानोंके भेद क्रमशः चौदह, इक्कीस, तीस, बत्तीस, छत्तीस, अड़तीस, अड़तालीस, चौवन और सत्तावन होते हैं ॥३३॥

चौदह भेदोंका निरूपण—

[2]बायरसुहुमेगिंदिय-वि-ति-चउरिंदिय-असण्णि-सण्णी य ।
पज्जत्तापज्जत्ता एवं ते चोद्दसा होंति[१] ॥३४॥

बादर एकेन्द्रिय, सूक्ष्म एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञिपंचेन्द्रिय और संज्ञिपंचेन्द्रिय, ये सातों ही पर्याप्तक और अपर्याप्तक रूप होते हैं। इस प्रकार जीवसमासके चौदह भेद होते हैं ॥३४॥ (देखो संदृष्टि सं० १)

इक्कीस भेदोंका निरूपण—

[3]चोद्दस पुव्वुद्दिट्ठा अलद्धिपज्जत्तया य सत्तेव ।
इय एवं इगिवीसा णिद्दिट्ठा जिणवरिंदेहि ॥३५॥

पूर्वोद्दिष्ट चौदह भेद, तथा लब्ध्यपर्याप्तक-सम्बन्धी उपर्युक्त सातों ही भेद, इस प्रकार जीवसमासके ये इक्कीस भेद जिनवरेन्द्रोंने कहे हैं ॥३५॥ (देखो सं० सं० २)

तीस भेदोंका निरूपण—

[4]पंच वि थावरकाया बादर-सुहुमा पज्जत्त इयरा य ।
दस चेव तसेसु तहा एवं जाणे हु तीसा य ॥३६॥

पाँचों ही स्थावरकायिकजीव बादर-सूक्ष्म और पर्याप्तक-अपर्याप्तकके भेदसे बीस भेदरूप होते हैं। तथा त्रसजीवोंमें द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञिपंचेन्द्रिय और संज्ञिपंचेन्द्रिय इन पाँचोंके ही पर्याप्तक-अपर्याप्तकके भेदसे दश भेद होते हैं। इस प्रकार स्थावरोंके बीस, त्रसोंके दश ये दोनों मिलकर तीस भेद जानना चाहिये ॥३६॥ (देखो सं० सं० ३)

बत्तीस भेदोंका निरूपण—

[5]पुव्वुत्ता वि य तीसा जीवसमासा य होंति णवरं तु ।
सुपरिट्ठिय दो सहिया जीवसमासेहिं बत्तीसा ॥३७॥

पूर्वोक्त जो तीस जीवसमास हैं, उनमें केवल वनस्पतिकायिक-सम्बन्धी सप्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठित ये दो भेद और मिला देनेपर बत्तीस जीवसमास हो जाते हैं ॥३७॥(देखो सं० सं० ४)

1. सं० पञ्चसं० १, ९८-९९ । 2. १, ९४-९५ । 3. १, १०० । 4. १, १०१-१०२ । 5. १, १०३-१०४ ।

१. गो० जी० ७२ ।

* ब -अडतीसा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छत्तीस भेदोंका वर्णन—

[1]चउ-इयरणिगोएहिं जुआ बत्तीसा य होइ छत्तीसा ।
बादर-सुहुमेहिं तहा पज्जत्ता इयरसंखेहि ॥३८॥

पूर्वोक्त बत्तीस भेदोंमें बादर चतुर्गतिनिगोद पर्याप्तक, बादर चतुर्गतिनिगोद-अपर्याप्तक, बादरनित्यनिगोद पर्याप्तक और बादर नित्यनिगोद-अपर्याप्तक ये सप्रतिष्ठितके चार भेद और मिलानेपर छत्तीस जीवसमास हो जाते हैं ॥३८॥ (देखो सं० सं० ५)

अड़तीस भेदोंका वर्णन—

[2]पुव्वुत्ता छत्तीसा अट्ठत्तीसा य सा होइ ।
अपइट्ठिएहिं सहिया दो जीवसमासएहिं च ॥३९॥

पूर्वोक्त छत्तीस भेदोंमें अप्रतिष्ठित वनस्पतिके पर्याप्तक और अपर्याप्तक ये दो जीवसमास और मिला देनेपर अड़तीस जीवसमास हो जाते हैं ॥३९॥ (देखो सं० सं० ६)

अड़तालीस भेदोंका वर्णन—

[3]सोलस जीवसमासा अलद्धिपज्जत्तगेसु जे भणिया ।
तेहिं जुआ बत्तीसा अडदालीसा य सा होइ ॥४०॥

लब्ध्यपर्याप्तकोंमें जो पहले सोलह जीवसमास कहे गये हैं, उनसे बत्तीस जीवसमास युक्त करनेपर अड़तालीस भेद हो जाते हैं ॥४०॥ (देखो सं० सं० ७)

चौपन भेदोंका वर्णन—

[4]अट्ठारसेहिं जुत्ता अलद्धिपज्जत्तएहिं छत्तीसा ।
जीवसमासेहिं तहा चउवण्णा *जाण णियमेण ॥४१॥

लब्ध्यपर्याप्तकोंके अठारह जीवसमासोंके साथ पूर्वोक्त छत्तीस जीवसमास युक्त करने पर चौपन भेद हो जाते हैं, ऐसा नियमसे जानना चाहिए ॥४१॥ (देखो सं० सं० ८)

सत्तावन भेदोंका वर्णन—

[5]उणवीसेहि य जुत्ता अलद्धिपज्जत्तएहिं अडतीसा ।
जीवसमासेहिं तहा सयवण्णा सा य विण्णेया ॥४२॥

लब्ध्यपर्याप्तकोंके उन्नीस जीवसमासोंके साथ पूर्वोक्त अड़तीस जीवसमास युक्त करने पर सत्तावन जीवसमास हो जाते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥४२॥ (देखो सं० सं० ९)

इस प्रकार जीवसमासप्ररूपणा समाप्त हुई

पर्याप्तिप्ररूपणा—

[6]जह पुण्णापुण्णाइं गिह-घड-वत्थाइयाइं दव्वाइं ।
तह पुण्णापुण्णाओ पज्जत्तियरा मुणेयव्वा[1] ॥४३॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, १०८-१०९ । 2. १, १११-११३ । 3. १, ११५ । 4. १, ११६ । 5. १, ११७ । 6. १, १२७ ।

१. गो० जी० ११७ ।

* ब -जाणि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]आहारसरीरिंदियपज्जत्ती *आणपाणभासमणो ।
चत्तारि पंच छप्पि य एइंदिय-वियल-सण्णीणं[1] ॥४४॥

जिस प्रकार गृह, घट, वस्त्रादिक अचेतन द्रव्य पूर्ण और अपूर्ण दोनों प्रकारके होते हैं, उसी प्रकार जीव भी पूर्ण और अपूर्ण दोनों प्रकारके होते हैं। पूर्ण जीवोंको पर्याप्त और अपूर्ण जीवोंको अपर्याप्त जानना चाहिए। आहार, शरीर, इन्द्रिय, आनपान (श्वासोच्छ्वास) भाषा और मन ये छह पर्याप्तियाँ होती हैं। इनमेंसे एकेन्द्रियोंके आदिकी चार, विकलेन्द्रियोंके आदिकी पांच और संज्ञी पंचेन्द्रियोंके छहों पर्याप्तियां होती हैं ॥४३-४४॥

इस प्रकार पर्याप्तिप्ररूपणा समाप्त हुई ।

प्राणप्ररूपणा—

[2]बाहिरपाणेहिं जहा तहेव अब्भंतरेहि पाणेहिं ।
जीवंति जेहिं जीवा पाणा ते होंति बोहव्वा[2] ॥४५॥
[3]पंचेविंदियपाणा मण-वचि-काएण तिण्णि बलपाणा ।
आणप्पाणप्पाणा आउगपाणेण दस होंति[3] ॥४६॥

जिस प्रकार बाह्य प्राणोंके द्वारा जीव जीते हैं, उसी प्रकार जिन आभ्यन्तर प्राणोंके द्वारा जीव जीते हैं, वे प्राण कहलाते हैं, ऐसा जानना चाहिए। स्पर्शन, रसन, घ्राण, नयन और श्रवण *ये पाँच इन्द्रियाँ, मनोबल, वचनबल और कायबल ये तीन बल, आयु और आनपान ये दश प्राण होते हैं ॥४५-४६॥*

विशेषार्थ—पौद्गलिक द्रव्येन्द्रियोंके व्यापारको बाह्यप्राण कहते हैं। बाह्यप्राणके निमित्तभूत ज्ञानावरण और अन्तरायकर्मके क्षयोपशमादिसे विजृम्भित चेतनव्यापारको आभ्यन्तर प्राण कहते हैं। इन दोनों ही प्रकारके प्राणोंके सद्भावमें जीवमें जीवितपनेका और वियोग होने पर मरणपनेका व्यवहार होता है, इसलिए इन्हें प्राण कहते हैं। ये प्राण पूर्वोक्त पर्याप्तियोंके कार्य-रूप हैं और पर्याप्ति कारणरूप हैं; क्योंकि गृहीत पुद्गल स्कन्ध-विशेषोंको इन्द्रिय, वचन आदिरूप परिणमावनेकी शक्तिकी पूर्णताको पर्याप्ति और वचन-व्यापार आदिकी कारणभूत शक्तिको, तथा वचन आदिको प्राण कहते हैं।

[4]उस्सासो पज्जत्ते सव्वेसिं काय-इंदियाऊणि ।
वचि† पज्जत्ततसाणं चित्तबलं सण्णिपज्जत्ते ॥४७॥
दस सण्णीणं पाणा सेसेगूणंतिमस्स वे ऊणा ।
पज्जत्तेसु दरेसु अ सत्त दुए सेसगेगूणा ॥४८॥
पुण्णेसु सण्णि सव्वे मणरहिया होंति ते दु इयरम्मि ।
सोदक्खिघाणजिब्भारहिया सेसिगिंदिभासूणा ॥४९॥
पंचक्ख-दुए पाणा मण वचि उस्सास ऊणिया सव्वे ।
कण्णक्खिगंधरसणारहिया सेसेसु ते अपुण्णेसु ॥५०॥

बीइंदियादिपज्जत्ते सु ४।६।७।८।९।१० । सण्णिपंचिंदियादि-अपज्जत्तेसु ७।७।६।५।४।३।

1. सं० पंचसं० १, १२८ । 2. १, १२३ । 3. १, १२४ । 4. १, १२५-१२६ ।
१. गो० जी० ११८ । २. ध० भा० १ पृ० २५६ गा० १४१ । गो० जी० १२८ । ३. गो० जी० १२९ । ४. गो० जी० १३२ ।
* ब -याण । † ब -विचि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कायबल, इन्द्रियाँ और आयु ये प्राण सभी पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंके होते हैं। श्वासोच्छ्वास पर्याप्त स्थावर और त्रसजीवोंके होता है। वचनबल पर्याप्त त्रसजीवोंके, तथा मनोबल संज्ञी पर्याप्त जीवोंके होता है। पर्याप्त संज्ञीपंचेन्द्रियोंके दश प्राण होते हैं। शेष पर्याप्त जीवोंके एक-एक प्राण कम होता है और एकेन्द्रियोंके दो प्राण कम होते हैं। अपर्याप्त संज्ञी और असंज्ञी पंचेन्द्रियोंके सात प्राण होते हैं, और शेष जीवोंके एक-एक प्राण कम होता जाता है। पर्याप्त संज्ञी पंचेन्द्रियोंके पाँचों इन्द्रियाँ, तीनों बल, आयु और आनपान ये दशों प्राण होते हैं। पर्याप्त असंज्ञी पंचेन्द्रियके मन-रहित शेष नौ प्राण होते हैं। पर्याप्त चतुरिन्द्रियके उक्त नौ प्राणोंमेंसे श्रोत्र-रहित शेष आठ प्राण होते हैं। पर्याप्त त्रीन्द्रियके उक्त आठ प्राणोंमेंसे चक्षु-रहित शेष सात प्राण होते हैं। पर्याप्त द्वीन्द्रियके उक्त सात प्राणोंमेंसे घ्राण-रहित शेष छह प्राण होते हैं। पर्याप्त एकेन्द्रियके उक्त छह प्राणोंमेंसे रसनाइन्द्रिय और वचनबल इन दो प्राणोंसे रहित शेष चार प्राण होते हैं। अपर्याप्त पंचेन्द्रिय-द्विकमें मनोबल, वचनबल और श्वासोच्छ्वास इन तीनसे कम शेष सात प्राण होते हैं। अपर्याप्त चतुरिन्द्रियके उक्त सातमें कर्णेन्द्रिय कम करनेपर शेष छह प्राण होते हैं। अपर्याप्त त्रीन्द्रियके उक्त छहमेंसे चक्षुरिन्द्रिय कम करने पर शेष पाँच प्राण होते हैं। अपर्याप्त द्वीन्द्रियके घ्राणेन्द्रिय कम करने पर शेष चार प्राण होते हैं। अपर्याप्त एकेन्द्रियके रसना-रहित शेष तीन प्राण होते हैं। इनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है ॥४७-५०॥

इस प्रकार प्राणप्ररूपणा समाप्त हुई।

संज्ञाप्ररूपणा—

[1]इह जाहि बाहिया वि य जीवा पावंति दारुणं दुक्खं।
सेवंता वि य ⁂उभए ताओ चत्तारि सण्णाओ[1] ॥५१॥

जिनसे बाधित होकर जीव इस लोकमें दारुण दुःखको पाते हैं और जिनको सेवन करनेसे जीव दोनों ही भवोंमें दारुण दुःखको प्राप्त करते हैं, उन्हें संज्ञा कहते हैं और वे चार होती हैं—आहारसंज्ञा, भयसंज्ञा, मैथुनसंज्ञा और परिग्रहसंज्ञा ॥५१॥

आहारसंज्ञाका स्वरूप—

[2]आहारदंसणेण य तस्सुवओगेण †ऊणकुट्ठेण।
सादिदरुदीरणाए होदि हु आहारसण्णा दु[2] ॥५२॥

बहिरंगमें आहारके देखनेसे, उसके उपयोगसे और उदररूप कोठाके खाली होने पर तथा अन्तरंगमें असातावेदनीयकी उदीरणा होने पर आहारसंज्ञा उत्पन्न होती है ॥५२॥

भयसंज्ञाका स्वरूप—

[3]अइ‡भीमदंसणेण य तस्सुवओगेण ×ऊणसत्तेण।
भयकम्मुदीरणाए भयसण्णा जायदे चउहिं[3] ॥५३॥

बहिरङ्गमें अति भयानक रूपके देखनेसे, उसका उपयोग करनेसे और शक्तिकी हीनता होने पर, तथा अन्तरंगमें भयकर्मकी उदीरणा होने पर, इस प्रकार इन चार कारणोंसे भयसंज्ञा उत्पन्न होती है ॥५३॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, ३४४। 2. १, ३४८। 3. १, ३४९।
१. गो०जी० १३३। २. गो०जी० १३४। ३. गो० जी० १३५।
⁂ द -उभये। † ब -ओन, द -ओमु। ‡ ब -इय। × ब -ऊन।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मैथुनसंज्ञाका स्वरूप—

[1]पणिदरसभोयणेण य तस्सुवओगेण कुसीलसेवाए ।
वेदस्सुदीरणाए मेहुणसण्णा हवदि एवं[1] ॥५४॥

बहिरंगमें गरिष्ठ, स्वादिष्ट और रसयुक्त भोजन करनेसे, पूर्व-भुक्त विषयोंके ध्यान करनेसे, कुशीलका सेवन करनेसे, तथा अन्तरंगमें वेदकर्मकी उदीरणा या तीव्र उदय होनेपर मैथुनसंज्ञा उत्पन्न होती है ॥५४॥

परिग्रहसंज्ञाका स्वरूप—

[2]उवयरणदंसणेण य तस्सुवओगेण मुच्छियाए व ।
लोहस्सुदीरणाए परिग्गहे जायदे सण्णा[2] ॥५५॥

बहिरंगमें भोगोपभोगके साधनभूत उपकरणोंके देखनेसे, उनका उपयोग करनेसे, उनमें मूर्च्छाभाव रखनेसे तथा अन्तरंगमें लोभकर्मकी उदीरणा होने पर परिग्रहसंज्ञा उत्पन्न होती है ॥५५॥

इस प्रकार संज्ञाप्ररूपणा समाप्त हुई ।

मार्गणाप्ररूपणा—

[3]जाहि व जासु व जीवा मग्गिज्जंते जहा तहा दिट्ठा ।
ताओ चोद्दस जाणे सुदणाणे मग्गणाओ त्ति[3] ॥५६॥

[4]गइ इंदियं च काए जोए वेए कसाय णाणे य ।
संजम दंसण लेस्सा भविया सम्मत्त सण्णि आहारे[4] ॥५७॥

जिन-प्रवचन-दृष्ट जीव जिन भावोंके द्वारा, अथवा जिन पर्यायोंमें अनुमार्गण किये जाते हैं, उन्हें मार्गणा कहते हैं । जीवोंका अन्वेषण करनेवाली ऐसी मार्गणाएँ श्रुतज्ञानमें चौदह कही गई हैं, ऐसा जानना चाहिए । वे चौदह मार्गणाएँ इस प्रकार हैं— १, गतिमार्गणा, २ इन्द्रियमार्गणा, ३ कायमार्गणा, ४ योगमार्गणा, ५ वेदमार्गणा, ६ कषायमार्गणा, ७ ज्ञानमार्गणा, ८ संयममार्गणा, ९ दर्शनमार्गणा, १० लेश्यामार्गणा, ११ भव्यमार्गणा, १२ सम्यक्त्वमार्गणा, १३ संज्ञिमार्गणा और १४ आहारमार्गणा ॥५६-५७॥

[5]मणुया य अपज्जत्ता वेउव्वियमिस्सऽहारया दोण्णि ।
सुहुमो सासणमिस्सो उवसमसम्मो य संतरा अट्ठ* ॥५८॥

एत्थ एगो गईए १ । तितयं जोगे ३ । सुहुमो संजमे १ । तयं सम्मत्ते ३ । इदि अट्ठ संतरा ८ ।

---

1. सं० पंचसं० १, ३५० । 2. १, ३५२ । 3. १, १३१ । 4. १, १३२-१३३ । 5. १, १३४-१३५ ।

१. गो० जी० १३६ । २. गो० जी० १३७ । ३. ध० भा० १ पृ० १३२ गा० ८३ । गो० जी० १४० । ४. गो० जी० १४१ ।

* ब टिप्पणी—सत्त दिणा छम्मासा वासपुधत्तं च बारस मुहुत्ता ।
पल्लासंखं तिण्हं वरमवरं एगसमओ दु ॥१॥
पढमुवसमसहिदाए विरदाविरदीए चउद्दसा दिवसा ।
विरदीए पण्णरसा विरहिदकालो दु बोहव्वो ॥२॥ गो० जी० १४३-१४४ ।

उवसमेण सह अणुव्वयंतरं दिण १४। तेण सह महव्वयंतरं दिणं १५ । पेयादोसाभिप्पायादो तस्सेवंतरं दिण २४ । प्रथमोपशमसम्यक्त्वस्य ४० । अपर्याप्तमनुष्यस्य पल्योपमासंख्याततमभागः उत्कृष्टेन शून्यकालो भवति । आहारकद्वितयस्य सप्ताष्टौ वर्षाणि । वैक्रियिकमिश्रे द्वादश मुहूर्त्ताः । सूक्ष्मसाम्पराय-संयमस्य षण्मासाः । सासादन-मिश्रयोः पल्योपमासंख्याततमभागः । औपशमिकस्य सप्त दिनानि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपर्याप्त मनुष्य, वैक्रियिकमिश्रयोग, दोनों आहारक अर्थात् आहारककाययोग और आहारक मिश्रकाययोग, सूक्ष्मसाम्परायचारित्र, सासादनसम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और उपशमसम्यक्त्व ये आठ सान्तर मार्गणा होती हैं ॥ ५८॥

इनमेंसे गतिमार्गणामें एक, योगमार्गणामें तीन, संयममार्गणामें सूक्ष्मसाम्परायचारित्र तथा सम्यक्त्वमार्गणामें अन्तिम तीन, इस प्रकार आठ सान्तर मार्गणाएँ जानना चाहिए।

अब गतिमार्गणाका वर्णन करते हुए पहले गतिका स्वरूप कहते हैं—

[1]गइकम्मविणिव्वत्ता जा चेट्ठा सा गई मुणेयव्वा ।
जीवा हु चाउरंगं गच्छंति हु सा गई होइ[1] ॥५९॥

गतिनामा नामकर्मसे उत्पन्न होनेवाली जो चेष्टा या क्रिया होती है उसे गति जानना चाहिए। अथवा जिसके द्वारा जीव नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देव इन चारों गतियोंमें गमन करते हैं, वह गति कहलाती है ॥५९॥

नरकगतिका स्वरूप—

[2]ण रमंति जदो णिच्चं दव्वे खेत्ते य काल भावे य ।
अण्णोण्णेहि य णिच्चं तम्हा ते णारया भणिया[2] ॥६०॥

यतः तत्स्थानवर्ती द्रव्यमें, क्षेत्रमें, कालमें और भावमें जो जीव रमते नहीं हैं, तथा परस्परमें भी जो कभी भी प्रीतिको प्राप्त नहीं होते हैं, अतएव वे नारक या नारकी कहे जाते हैं ॥६०॥

तिर्यग्गतिका स्वरूप—

[3]तिरियंति कुडिलभावं विगयसुसण्णा णिकट्ठमण्णाणा+ ।
अच्चंतपावबहुला तम्हा ते तिरिच्छिया भणिया[3] ॥६१॥

यतः जो सदा कुटिलभावका आचरण करते हैं, उत्कट संज्ञाओंके धारक हैं, निकृष्ट एवं अज्ञानी हैं, अत्यन्त पाप-बहुल हैं, अतः वे तिर्यञ्च कहे जाते हैं ॥६१॥

मनुष्यगतिका स्वरूप—

[4]मण्णंति जदो णिच्चं मणेण णिउणा जदो दु जे जीवा ।
मणउक्कडा य जम्हा तम्हा ते माणुसा भणिया[4] ॥६२॥

यतः जो मनके द्वारा नित्य ही हेय-उपादेय, तत्त्व-अतत्त्व और धर्म-अधर्मका विचार करते हैं, कार्य करनेमें निपुण हैं, मनसे उत्कृष्ट हैं, अर्थात् उत्कृष्ट मनके धारक हैं, और युगके आदिमें मनुओंसे उत्पन्न हुए हैं, अतएव वे मनुष्य कहलाते हैं ॥६२॥

देवगतिका स्वरूप—

[5]कीडंति जदो णिच्चं गुणेहिं अट्ठेहिं दिव्वभावेहिं ।
भासंतदिव्वकाया तम्हा ते वण्णिया देवा[5] ॥६३॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, १३६ । 2. १, १३७ । 3. १, १३८ । 4. १, १३९ । 5. १, १४० ।

१. ध०भा० १ पृ० १३५ गा० ८४ । २. ध०भा० १ पृ० २०२ गा० १२८ । गो०जी० १४६ । ३. ध० भा० १ पृ० २०२ गा० १२९ । गो० जी० १४७ । ४. ध० भा० १ पृ० २०३ गा० १३० । गो०जी० १४८ । ५. ध०भा० १ पृ० २०३ गा० १३१ । गो०जी० १५० । परन्तूभयत्रापि 'कीडंति' स्थाने 'दिव्वंति' पाठः ।

+ द- मन्नाणा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो दिव्यभाव-युक्त अणिमादि आठ गुणोंसे नित्य क्रीडा करते रहते हैं और जिनका प्रकाशमान दिव्य शरीर है, वे देव कहे गये हैं ॥६३॥

सिद्धगतिका स्वरूप—

[1]जाइ-जरा-मरण-भया संजोय-विओय-दुक्ख-सण्णाओ ।
रोगादिया य *जिस्से ण होंति सा होइ सिद्धिगई[1] ॥६४॥

जहाँ पर जन्म, जरा, मरण, भय, संयोग, वियोग, दुःख, संज्ञा और रोगादिक नहीं होते हैं, वह सिद्धगति कहलाती है ॥६४॥

इस प्रकार गतिमार्गणाका वर्णन समाप्त हुआ ।

अब इन्द्रियमार्गणाका वर्णन करते हुए पहले इन्द्रियका स्वरूप कहते हैं—

[2]अहमिंदा जह + देवा अविसेसं अहमहं ति मण्णंता ।
ईसंति एक्कमेक्कं इंदा इव इंदियं जाणे[2] ॥६५॥

जिस प्रकार अहमिन्द्रदेव विना किसी विशेषताके 'मैं इन्द्र हूँ, मैं इन्द्र हूँ' इस प्रकार मानते हुए ऐश्वर्यका स्वतन्त्ररूपसे अनुभव करते हैं उसी प्रकार इन्द्रियोंको जानना चाहिए। अर्थात् प्रत्येक इन्द्रिय अपने-अपने विषयके सेवन करनेमें स्वतन्त्र है ॥६५॥

इन्द्रियोंके आकार—

[3]*जवणालिया-मसूरी-चंदद्ध-अइमुत्तफुल्लतुल्लाइं ।*
इंदियसंठाणाइं फासं पुण णेगसंठाणं[3] ॥६६॥

श्रोत्रेन्द्रियका आकार यव-नालीके समान, चक्षुरिन्द्रियका मसूरके समान, रसनेन्द्रियका अर्ध-चन्द्रके समान और घ्राणेन्द्रियका अतिमुक्तक पुष्प अर्थात् कदम्बके फूलके समान है। किन्तु स्पर्शनेन्द्रिय अनेक आकारवाली है ॥६६॥

[4]एइंदियस्स फुसणं एक्कं चिय होइ सेसजीवाणं ।
एयाहिया य तत्तो जिब्भाघाणक्खिसोत्ताइं[4] ॥६७॥

एकेन्द्रिय जीवके एक स्पर्शन-इन्द्रिय ही होती है। शेष जीवोंके क्रमसे जिह्वा, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये एक-एक इन्द्रिय अधिक होती हैं ॥६७॥

इन्द्रियोंके विषय—

[5]पुट्ठं सुणेइ सद्दं अपुट्ठं पुण वि पस्सदे रूवं ।
फासं रसं च गंधं बद्धं पुट्ठं वियाणेइ[5] ॥६८॥

श्रोत्रेन्द्रिय स्पृष्ट शब्दको सुनती है। चक्षुरिन्द्रिय अस्पृष्ट रूपको देखती है। स्पर्शनेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय और घ्राणेन्द्रिय क्रमशः बद्ध और स्पृष्ट, स्पर्श, रस और गन्धको जानती हैं ॥६८॥

सं० पंचसं० 1. १, १, १४१ । 2. १, १४२ । 3. १, १४३ । 4. १, १४४ । 5. १, १४५ ।

१. ध० भा० १ पृ० २०४ गा० १३२ । गो० जी० १५१ । २. ध० भा० १ पृ० १३७ गा० ८५ । गो० जी० १६३ । ३. मूला० गा० १०६१ । ध० भा० १ पृ० २३६ गा० १३४ । ४. ध० भा० १ पृ० २५८ गा० १४२ । गो० जी० १६६ । ५. सर्वा० १, १६ ।

* ब -जेस्से, द -जिस्सिं । + प्रतिषु 'जिह' पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]जाणइ पस्सइ भुंजइ *सेवइ फासिंदिएण एक्केण ।
कुणइ य तस्सामित्तं थावर एइंदियो तेण[1] ॥६९॥

स्थावरजीव एक स्पर्शनेन्द्रियके द्वारा ही अपने विषयको जानता है, देखता है, भोगता है, सेवन करता है और उसका स्वामित्व करता है इसलिए वह एकेन्द्रिय कहलाता है ॥६९॥

द्वीन्द्रिय जीवोंके भेद—

[2]खुल्ला वराड संखा अक्खुणह अरिट्ठगा य गंडोला ।
कुक्खिकिमि सिप्पिआई णेया बेइंदिया जीवा[2] ॥७०॥

क्षुल्लक अर्थात् छोटी कौड़ी, बड़ी कौड़ी, शंख, अक्ष, अरिष्टक, गंडोला, कुक्षि-कृमि अर्थात् पेटके कीड़े और सीप आदि द्वीन्द्रिय जीव जानना चाहिए ॥७०॥

त्रीन्द्रिय जीवोंके भेद—

[3]कुंथु पिपीलय भंकुण विच्छिय जूविंदगोव† गोम्ही य‡ ।
उत्तिंगमट्टियाई णेया तेइंदिया जीवा[3] ॥७१॥

कुंथु (चीटी) पिपीलक (चींटा) मत्कुण (खटमल) बिच्छू, जूँ, इन्द्रगोप, (वीर-बधूटी) गोम्ही (कनखजूरा), उत्तिंग (अन्नकीट) और मृद्-भक्षी दीमक आदि त्रीन्द्रिय जीव जानना चाहिए ॥७१॥

चतुरिन्द्रिय जीवोंके भेद—

[4]दंसमसगो य मक्खिय गोमच्छिय भमर कीड मक्कडया ।
सलह पयंगाईया णेया चउरिंदिया जीवा[4] ॥७२॥

दंश-मशक (डांस, मच्छर) मक्खी, मधुमक्खी, भ्रमर, कीट, मकड़ी, शलभ, पतंग आदि चतुरिन्द्रिय जीव जानना चाहिए ॥७२॥

पंचेन्द्रिय जीवोंके भेद—

[5]अंडज पोदज जरजा रसजा संसेदिमा य सम्मुच्छा ।
उब्भिंदिमोववादिम णेया पंचेंदिया जीवा[5] ॥७३॥

अंडज, पोतज, जरायुज, रसज, स्वेदज, सम्मूर्च्छिम, उद्भेदिम, और औपपादिक जीवोंको पंचेन्द्रिय जानना चाहिये ॥७३॥

अतीन्द्रिय जीवोंका स्वरूप—

[6]ण य इंदियकरणजुआ अवग्गहाईहिं गाहया अत्थे ।
णेव य इंदियसुक्खा अणिंदियाणंतणाणसुहा[6] ॥७४॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, १४६ । 2. १, १४७ । 3. १, १४८ । 4. १, १४९ । 5. १, १५० । 6. १, १५१ ।

१. ध०भा० १ पृ० २३९ गा० १३५ । २. ध०भा० १ पृ० २४१ गा० १३६ । तत्रेदृक् पाठः—कुक्खिकिमिसिप्पिसंखा गंडोलारिट्ठ अक्खखुल्ला य । तह य वराडय जीवा णेया बीइंदिया एदे । ३. ध०भा० १ पृ० २४३ गा० १३७ । ४. ध० भा० १ पृ० २४५ गा० १३८ । परं तत्रायं पाठः—मक्कडय-भमर-महुवर-मसय-पयंगा य सलह गोमच्छी । मच्छी सदंस कीडा णेया चउरिंदिया जीवा ॥ ५. ध० भा० १ पृ० २४६ गा० १३९ । परं पत्र पाठोऽयम्—सस्सेदिम सम्मुच्छिम उब्भेदिम ओववादिया चेव । रस पोदंड जरायुज णेया बीइंदिया जीवा ॥

* ब -सेवइ । † ब -जु विंदु । ‡ द -गुंभीया, ब -गुंभीय ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो इन्द्रियोंके व्यापारसे युक्त नहीं हैं, अवग्रहादिके द्वारा भी पदार्थोंके ग्राहक नहीं हैं और जिनके इन्द्रिय-सुख भी नहीं है, ऐसे अतीन्द्रिय अनन्त ज्ञान और सुखवाले जीवोंको इन्द्रियातीत सिद्ध जानना चाहिये ॥७४॥

इस प्रकार इन्द्रियमार्गणाका वर्णन समाप्त हुआ।

अब कायमार्गणाका वर्णन करते हुए पहले कायका स्वरूप कहते हैं—

[1]अप्पप्पवुत्तिसंचियपुग्गलपिंडं वियाण काओ त्ति ।
सो जिणमयम्हि भणिओ पुढवीकायाइयो छद्धा[1] ॥७५॥

योगरूप आत्माकी प्रवृत्तिसे संचयको प्राप्त हुए औदारिकादिरूप पुद्गलपिंडको काय जानना चाहिये। वह काय जिनमतमें पृथिवीकाय आदिके भेदसे छह प्रकारका कहा गया है ॥७५॥

[2]जह भारवहो पुरिसो वहइ भरं गिण्हिऊण कावडियं ।*
एमेव वहइ जीवो कम्मभरं कायकावडियं[2] ॥७६॥*

जिस प्रकार कोई भारको ढोनेवाला पुरुष कावटिकाको लेकर भारको वहन करता है, इसी प्रकार यह जीव कायरूपी कावटिकाको ग्रहण करके कर्मरूपी भारको वहन करता है ॥७६॥

पृथिवीकायिक जीवोंके भेद—

[3]पुढवी य सक्करा वालुया य उवले सिलाइ छत्तीसा ।
पुढवीमया हु जीवा णिद्दिट्ठा जिणवरिंदेहिं[3] ॥७७॥

पृथिवी, शर्करा, वालुका, उपल, शिला आदिके भेदसे छत्तीस प्रकारके पृथ्वीमय अर्थात् पृथिवीकायिक जीव जिनवरेन्द्रोंने निर्दिष्ट किये हैं ॥७७॥

जलकायिक जीवोंके भेद—

[4]ओसा य हिमिय महिया हरदणु सुद्धोदयं घणुदयं च ।
एदे दु आउकाया जीवा जिणसासणे दिट्ठा[4] ॥७८॥

ओस, हिमिका (बर्फ), महिका (कुहरा), हरदणु, (हरे तृण आदिके ऊपर अवस्थित जलबिन्दु) शुद्धोदक (चन्द्रकान्त, मणिसे उत्पन्न शुद्ध जल) घनोदक (स्थूल सघन जल) इत्यादि अप्कायिक (जलकायिक) जीव जिनशासनमें कहे गये हैं ॥७८॥

अग्निकायिक जीवोंके भेद—

[5]इंगाल जाल अच्ची मुम्मुर सुद्धागणी य अगणी य ।
अण्णेवि एवमाई [†]तेउकाया समुद्दिट्ठा[5] ॥७९॥

सं० पंचसं० 1. १, १५३ । 2. १, १५२ । 3. १, १५५ । 4. १, १५६ । 5. १, १५७ ।
१. ध० भा० १ पृ० १३६ गा० ८६ । गो०जी० १८०, परं तत्रोत्तरार्धसाम्यमेव। २. ध० भा० १ पृ० १३६ गा० ८७ । गो० जी० २०१ । ३. मूला० गा० २०६ । आचा० नि० ७३ । ध० भा० १, पृ० २७२ गा० १४६ । ४. मूला० गा० २१० । आचा० नि० १०८ । ध०भा० १ पृ० २७३ गा० १५० । परं तत्र पूर्वार्धे पाठोऽयम्–ओसा य हिमो धूमरि हरदणु सुद्धोदवो घणोदो य । ५. मूला०गा० २१२ । आचा० नि० १६६ । ध०भा० १ पृ० २७३ गा० १५२ ।
* प्रतिषु 'जिह' पाठः । † ब तेज०, द तेऊ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंगार, ज्वाला, अर्चि (अग्निकिरण), मुर्मुर (निर्धूम और ऊपर राखसे ढँकी हुई अग्नि) शुद्ध-अग्नि (बिजली और सूर्यकान्तमणिसे उत्पन्न अग्नि) और धूमवाली अग्नि इत्यादि अन्य अनेक प्रकारके तेजस्कायिक जीव कहे गये हैं ॥७९॥

वायुकायिक जीवोंके भेद—

[1]वाउब्भामो उक्कलि* मंडलि गुंजा महाघण तणू य ।
एदे दु वाउकाया जीवा जिणसासणे दिट्ठा[1] ॥८०॥

सामान्य वायु, उद्भ्राम (ऊर्ध्व भ्रमणशील) वायु, उत्कलिका (अधोभ्रमणशील और तिर्यक् बहनेवाली), मण्डलिका (गोलरूपसे बहनेवाली वायु), गुंजा (गुंजायमान वायु), महावात (वृक्षादिकको गिरा देनेवाली वायु), घनवात और तनुवात इत्यादिक अनेक प्रकारके वायुकायिक जीव जिनशासनमें कहे गये हैं ॥८०॥

वनस्पतिकायिक जीवोंके भेद—

[2]मूलग्गपोरबीया कंदा तह खंध बीय बीयरुहा ।
सम्मुच्छिमा य भणिया पत्तेयाणंतकाया य[2] ॥८१॥

मूलबीज, अग्रबीज, पर्वबीज, कन्दबीज, स्कन्धबीज, बीजरुह और सम्मूर्च्छिम, ये नाना प्रकारके प्रत्येक और अनन्तकाय (साधारण) वनस्पतिकायिक जीव कहे गये हैं ॥८१॥

[3]साहारणमाहारो साहारण †आणपाणगहणं च ।
साहारणजीवाणं साहारणलक्खणं भणियं[3] ॥८२॥

साधारण अर्थात् अनन्तकायिक वनस्पति जीवोंका साधारण अर्थात् समान ही आहार होता है और साधारण ही श्वास-उच्छ्वासका ग्रहण होता है, इस प्रकार साधारण जीवोंका साधारण लक्षण कहा गया है ॥८२॥

[4]जत्थेक्क मरइ जीवो तत्थ दु मरणं हवे अणंताणं ।
चक्कमइ जत्थ एक्को ‡तत्थक्कमणं अणंताणं[4] ॥८३॥

साधारण जीवोंमें जहाँ एक मरता है, वहाँ उसी समय अनन्त जीवोंका मरण होता है और जहाँ एक जन्म धारण करता है, वहाँ अनन्त जीवोंका जन्म होता है ॥८३॥

एयणिओयसरीरे जीवा दव्वप्पमाणदो दिट्ठा ।
सिद्धेहि अणंतगुणा सव्वेण वितीदकालेण[5] ॥८४॥

एक निगोदिया जीवके शरीरमें द्रव्यप्रमाणकी अपेक्षा सिद्धोंसे और सर्वव्यतीत कालसे अनन्तगुणित जीव सर्वदर्शियोंके द्वारा देखे गये हैं ॥८४॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, १५८ । 2. १, १५९ । 3. १, १०५ । 4. १, १०७ ।

१. मूला० २१३ । ध०भा० १ पृ० २७३ गा० १५२ । २. ध० भा० १ पृ० २७३ गा० १५३ । गो० जी० १८५ । ३. ध० भा० १ पृ० २७० गा० १४५ । गो० जी० १९१ । ४. ध० भा० १ पृ० २७० गा० १४६ । गो० जी० १९२ । ५. ध०, भा० १, पृ० २७० गा० १४७ । गो० जी० १५६ ।

* द ब -उक्लि । † ब -माण । ‡ब द -चक्कमणं तत्थ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]अत्थि अणंता जीवा जेहिं ण पत्तो तसत्तपरिणामो ।
भावकलंकसुपउरा* णिगोयवासं ण मुंचंति[1] ॥८५॥

नित्य निगोदमें ऐसे अनन्तानन्त जीव हैं, जिन्होंने त्रस जीवोंकी पर्याय आजतक भी नहीं पाई है और जो प्रचुर कलंकित भावोंसे युक्त होनेके कारण निगोद-वासको कभी भी नहीं छोड़ते ॥८५॥

त्रसजीवोंके भेद—

[2]विहिं तिहिं चऊहिं पंचहिं सहिया जे इंदिएहिं लोयम्हि ।
ते तसकाया जीवा णेया वीरोवएसेणं[2] ॥८६॥

लोकमें जो दो इन्द्रियोंसे, तीन इन्द्रियोंसे, चार इन्द्रियोंसे और पाँच इन्द्रियोंसे सहित जीव दिखाई देते हैं, उन्हें वीर भगवान्के उपदेशसे त्रसकायिक जीव जानना चाहिए ॥८६॥

अकायिक जीवोंका स्वरूप—

[3]जह† कंचणमग्गिमयं मुच्चइ किट्टेण कलियाए य ।
तह कायबंधमुक्का अकाइया झाणजोएण[3] ॥८७॥

जिस प्रकार अग्निमें दिया गया सुवर्ण किट्टिका (बहिरंगमल) और कालिमा (अन्तरंग-मल) इन दोनों प्रकारके मलोंसे रहित हो जाता है, उसी प्रकार ध्यानके योगसे शुद्ध हुए और कायके बन्धनसे मुक्त हुए जीव अकायिक जानना चाहिए ॥८७॥

इस प्रकार कायमार्गणाका वर्णन समाप्त हुआ

अब योगमार्गणाका वर्णन प्रारम्भ करते हुए पहले योगका स्वरूप कहते हैं—

[4]मणसा वाया काएण वा वि जुत्तस्स विरियपरिणामो ।
जीवस्स ‡प्पणिओगो जोगो त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठो[4] ॥८८॥

मन, वचन और कायसे युक्त जीवका जो वीर्य-परिणाम अथवा प्रदेश-परिस्पन्द रूप प्रणि-योग होता है, उसे योग कहते हैं, ऐसा जिनेन्द्र भगवान्ने कहा है ॥८८॥

मनोयोगके भेद और उनका स्वरूप—

[5]सब्भावो सच्चमणो जो जोगो सो दु सच्चमणजोगो ।
तव्विवरीओ मोसो जाणुभयं सच्चमोस त्ति[5] ॥८९॥

सद्भाव अर्थात् समीचीन पदार्थके विषय करनेवाले मनको सत्य मन कहते हैं और उसके द्वारा जो योग होता है, उसे सत्यमनोयोग कहते हैं । इससे विपरीत योगको मृषामनोयोग कहते हैं । सत्य और मृषारूप योगको सत्यमृषामनोयोग कहते हैं ॥८९॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, ११० । 2. १, १६० । 3. १, १६४ । 4. १, १६५ । 5. १६७ ।

१. ध० भा० १ पृ० २७१ गा० १४८ । गो० जी० १९६ । २. ध० भा० १ पृ० २७४ गा० १५४ । गो० जी० १९७ । ३. ध० भा० १, पृ० २६६ गा० १४४ । गो० जी० २०२ । ४. ध० भा० १ पृ०, १४० गा० ८८ । स्था० सू० पृ० १०१ । गो० जी० २०७ । ५. ध० भा० १ पृ० २८१ गा १५४ ।

* द -सपडरा । † प्रतिषु 'जिह' पाठः । ‡ब द -य णिय० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ण य सच्चमोसजुत्तो जो हु मणो सो असच्चमोसमणो ।
जो जोगो तेण हवे असमच्चमोसो दु मणजोगो[1] ॥९०॥

जो मन न तो सत्य हो और न मृषा हो, उसे असत्यमृषामन कहते हैं । उस असत्यमृषामनके द्वारा जो योग होता है, उसे असत्यमृषामनोयोग कहते हैं ॥९०॥

वचनयोगके भेद और उनका स्वरूप—

[1]दसविहसच्चे वयणे जो जोगो सो दु सच्चवचिजोगो ।
तव्विवरीओ मोसो जाणुभयं सच्चमोस त्ति[2] ॥९१॥
जो णेव सच्चमोसो तं जाण असच्चमोसवचिजोगो ।
अमणाणं जा भासा सण्णीणामंतणीयादी[3] ॥९२॥

दश प्रकारके सत्य वचनमें वचनवर्गणाके निमित्तसे जो योग होता है उसे सत्यवचनयोग कहते हैं । इससे विपरीत योगको मृषावचनयोग कहते हैं । सत्य और मृषा वचनरूप योगको उभयवचनयोग कहते हैं । जो वचनयोग न तो सत्यरूप हो और न मृषारूप ही हो, उसे असत्यमृषावचनयोग कहते हैं । असंज्ञी जीवोंकी जो अनक्षररूप भाषा है और संज्ञी जीवोंकी जो आमंत्रणी आदि भाषाएँ हैं, उन्हें अनुभय भाषा जानना चाहिए ॥९१-९२॥

विशेषार्थ—जनपदसत्य, सम्मतिसत्य, स्थापनासत्य, नामसत्य, रूपसत्य, प्रतीत्यसत्य, व्यवहारसत्य, संभावनासत्य, भावसत्य और उपमासत्य ये दश प्रकारके सत्य वचन होते हैं । विभिन्न देशवासी लोगोंके व्यवहारमें जो शब्द रूढ हो रहा है, उसे जनपदसत्य कहते हैं; जैसे भक्त नाम अग्निसे पके हुए चावलका है, उसे कहीं 'भात' और कहीं 'कुलु' कहते हैं । बहुतसे लोगोंकी सम्मतिसे जो सत्य माना जाय, अथवा कल्पनासे जो सत्य हो, उसे सम्मतिसत्य या संवृतिसत्य कहते हैं, जैसे पट्टरानीके सिवाय किसी सामान्य स्त्रीको भी देवी कहना । भिन्न वस्तुमें भिन्न वस्तुके समारोप करनेवाले वचनको स्थापनासत्य कहते हैं; जैसे प्रतिमाको चन्द्रप्रभ कहना । दूसरी कोई अपेक्षा न रखकर केवल व्यवहारके लिए जो नाम रखा जाता है, उसे नामसत्य कहते हैं, जैसे जिनदत्त । यद्यपि उसको जिनभगवान्‌ने नहीं दिया है तथापि व्यवहारके लिए उसे जिनदत्त कहते हैं । पुद्गलके रूपादिक अनेक गुणोंमेंसे रूपकी प्रधानतासे जो वचन कहा जाय, उसे रूपसत्य कहते हैं । जैसे किसी मनुष्यके केशोंको काला कहना, अथवा उसके शरीरमें रसादिकके रहनेपर भी उसे श्वेत, धवल, गौर आदि कहना । किसी विवक्षित पदार्थकी अपेक्षा दूसरे पदार्थके स्वरूप-वर्णनको प्रतीत्यसत्य या आपेक्षिक-सत्य कहते हैं; जैसे किसीको दीर्घ, स्थूल आदि कहना । नैगमादि नयोंकी प्रधानतासे जो वचन बोला जाय, उसे व्यवहार सत्य कहते हैं; जैसे नैगमनयकी अपेक्षासे 'भात पकाता हूँ' आदि वचन बोलना । असंभवताका परिहार करते हुए वस्तुके किसी धर्मके निरूपण करनेमें प्रवृत्त वचनको संभावनासत्य कहते हैं; जैसे इन्द्र जम्बूद्वीपको उलट-पलट कर सकता है आदि । आगम-वर्णित विधि-निषेधके अनुसार अतीन्द्रिय पदार्थोंमें संकल्पित परिणामको भाव कहते हैं, उसके आश्रित जो वचन बोले जाते हैं, उन्हें भावसत्य कहते हैं; जैसे सूखे, पके और अग्निसे तपे या नमक, मिर्च, खटाई आदिसे संमिश्रित द्रव्यको प्रासुक माना जाता है । यद्यपि प्रासुक माने जानेवाले द्रव्यके तद्रूप अन्तर्वर्ती

1. सं० पञ्चसं० १, १६८-१७१ ।

१. ध० भा० १ पृ० २८६ गा० १५६ । गो० जी० २१८ । २. ध० भा० १ पृ० २८६ गा० १५६ । गो० जी० २१९ । ३. ध० भा० १ पृ० २८६ गा० १५७ । गो० जी० २२० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्म जीवोंको इन्द्रियोंसे देख नहीं सकते, तथापि आगमप्रामाण्यसे उसकी प्रासुकताका वर्णन किया जाता है। इस प्रकारके पापवर्ज वचनको भावसत्य कहते हैं। दूसरे प्रसिद्ध-सदृश पदार्थको उपमा कहते हैं। उपमाके आश्रयसे जो वचन बोले जाते हैं, उन्हें उपमासत्य कहते हैं; जैसे पल्योपम। पल्य नाम गड्ढेका है, उसकी उपमासे पल्योपमका व्यवहार होता है। अनुभय भाषाके नौ भेद होते हैं, आमंत्रणी, आज्ञापनी, याचनी, आपृच्छनी, प्रज्ञापनी, प्रत्याख्यानी, संशयवचनी, इच्छानुलोम्नी और अनक्षरगता। 'हे देवदत्त, यहाँ आओ', इस प्रकारसे बुलानेवाले वचनोंको आमंत्रणी-भाषा कहते हैं। 'यह काम करो' ऐसे आज्ञारूप वचनोंको आज्ञापनी भाषा कहते हैं 'यह मुझे दो', ऐसे याचना-पूर्ण वचनोंको याचनी-भाषा कहते हैं। 'यह क्या है' ऐसे प्रश्नात्मक वचनोंको आपृच्छनी भाषा कहते हैं। 'मैं क्या करूँ' ऐसे सूचनात्मक वचनोंको प्रज्ञापनी भाषा कहते हैं। 'मैं इसे छोड़ता हूँ' ऐसे त्याग या परिहाररूप वचनोंको प्रत्याख्यानी भाषा कहते हैं। 'यह वकपंक्ति है या ध्वजपंक्ति' ऐसे संशयात्मक वचनोंको संशयवचनी भाषा कहते हैं। 'मुझे भी ऐसा ही होना चाहिए' ऐसी इच्छाके व्यक्त करनेवाले वचनोंको इच्छानुलोम्नी भाषा कहते हैं। द्वीन्द्रियसे लेकर असंज्ञिपंचेन्द्रिय तकके जीवोंकी बोलीको अनक्षरगता भाषा कहते हैं। ये नौ प्रकारकी भाषा अनुभयवचनरूप हैं, क्योंकि इनके सुननेसे व्यक्त और अव्यक्त दोनों अंशोंका बोध होता है, सामान्य अंशके व्यक्त होनेसे इन्हें असत्य भी नहीं कह सकते और विशेष अंशके व्यक्त न होनेसे सत्य भी नहीं कह सकते। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि सत्य और अनुभय वचनयोगका मूल कारण भाषापर्याप्ति और शरीरनामकर्मका उदय है। तथा मृषा और अनुभयवचनयोगका मूल कारण अपना-अपना आवरणकर्म है ॥९१-९२॥

काययोगके सात भेदोंमेंसे औदारिककाययोगका स्वरूप—

[1]पुरु महमुदारुरालं *एयट्ठं तं वियाण तम्हि भवं।
ओरालिय त्ति वुत्तं ओरालियकायजोगो सो[1] ॥९३॥

पुरु, महत्, उदार और उराल ये सब शब्द एकार्थ-वाचक हैं। उदार या स्थूलमें जो उत्पन्न हो, उसे औदारिक जानना चाहिए। (यहाँ पर भव-अर्थमें ठण् प्रत्यय हुआ है।) उदारमें होने वाला जो काययोग है, वह औदारिककाययोग कहलाता है। अर्थात् मनुष्य और तिर्यंचोंके स्थूल शरीरमें जो योग होता है, उसे औदारिककाययोग कहते हैं ॥९३॥

औदारिकमिश्रकाययोगका स्वरूप—

[2]अंतोमुहुत्तमज्झं वियाण मिस्सं च अपरिपुण्णो त्ति।
जो तेण संपओगो ओरालियमिस्सकायजोगो सो[2] ॥९४॥

औदारिकशरीरकी उत्पत्ति प्रारम्भ होनेके प्रथम समयसे लगाकर अन्तर्मुहूर्त तक मध्यवर्ती कालमें जो अपरिपूर्ण शरीर है, उसे औदारिकमिश्र जानना चाहिए। उसके द्वारा होनेवाला जो संप्रयोग है, वह औदारिकमिश्र काययोग कहलाता है। अर्थात् शरीरपर्याप्ति पूर्ण होनेसे पूर्व कार्मणशरीरकी सहायतासे उत्पन्न होनेवाले औदारिककाययोगको औदारिकमिश्रकाययोग कहते हैं ॥९४॥

1–2. सं० पञ्चसं०, १, १७३।

१. ध० भा० १ पृ० २६१ गा० १६०। गो० जी० २२६। २. ध० भा० १ पृ० २६१ गा० १६१। गो० जी० २३०, परन्त्वुभयत्रापि प्रथमचरणे 'ओरालिय उत्तत्थं' इति पाठः।

*ब एयट्ठ, द एयट्ठा।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

वैक्रियिककाययोगका स्वरूप—

[1]विविहगुणइड्ढिजुत्तं वेउव्वियमहव विकिरियं चेव ।
तिस्से भवं च णेयं वेउव्वियकायजोगो सो[1] ॥९५॥

विविध गुण और ऋद्धियोंसे युक्त, अथवा विशिष्ट क्रियावाले शरीरको वैक्रियिक कहते हैं। उसमें उत्पन्न होनेवाला जो योग है, उसे वैक्रियिककाययोग जानना चाहिए ॥९५॥

वैक्रियिकमिश्रकाययोगका स्वरूप—

[2]अंतोमुहुत्तमज्झं वियाण मिस्सं च अपरिपुण्णो त्ति ।
जो तेण संपओगो वेउव्वियमिस्सकायजोगो सो[2] ॥९६॥

वैक्रियिकशरीरकी उत्पत्ति प्रारम्भ होनेके प्रथम समयसे लगाकर शरीरपर्याप्ति पूर्ण होने तक अन्तर्मुहूर्तके मध्यवर्ती अपरिपूर्ण शरीरको वैक्रियिकमिश्रकाय कहते हैं। उसके द्वारा होनेवाला जो संप्रयोग है, वह वैक्रियिकमिश्रकाययोग कहलाता है। अर्थात् देव-नारकियोंके उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे लेकर शरीरपर्याप्ति पूर्ण होने तक कार्मणशरीरकी सहायतासे उत्पन्न होनेवाले वैक्रियिककाययोगको वैक्रियिकमिश्रकाययोग कहते हैं ॥९६॥

आहारककाययोगका स्वरूप—

[3]आहरइ अणेण मुणी सुहुमे अट्ठे सयस्स संदेहे ।
गत्ता केवलिपासं तम्हा आहारकायजोगो सो[3] ॥९७॥

स्वयं सूक्ष्म अर्थमें सन्देह उत्पन्न होनेपर मुनि जिसके द्वारा केवलि-भगवान्के पास जाकर अपने सन्देहको दूर करता है, उसे आहारक काय कहते हैं। उसके द्वारा उत्पन्न होनेवाले योगको आहारककाययोग कहते हैं ॥९७॥

आहारकमिश्रकाययोगका स्वरूप—

[4]अंतोमुहुत्तमज्झं वियाण मिस्सं च अपरिपुण्णो त्ति ।
जो तेण संपओगो आहारयमिस्सकायजोगो सो[4] ॥९८॥

आहारकशरीरकी उत्पत्ति प्रारम्भ होनेके प्रथम समयसे लगाकर शरीरपर्याप्ति पूर्ण होने तक अन्तर्मुहूर्तके मध्यवर्ती अपरिपूर्ण शरीरको आहारकमिश्रकाय कहते हैं। उसके द्वारा जो योग उत्पन्न होता है वह आहारकमिश्रकाययोग कहलाता है ॥९८॥

कार्मणकाययोगका स्वरूप—

[5]कम्मेव य कम्मइयं कम्मभवं तेण जो दु संजोगो ।
कम्मइयकायजोगो एय-विय-तियगेसु समएसु[5] ॥९९॥

कर्मोंके समूहको, अथवा कार्मणशरीर नामकर्मके उदयसे उत्पन्न होनेवाले कायको कार्मणकाय कहते हैं और उसके द्वारा होनेवाले योगको कार्मणकाययोग कहते हैं। यह योग विग्रहगतिमें अथवा केवलिसमुद्घातमें एक, दो अथवा तीन समय तक होता है ॥९९॥

1-2. सं० पञ्चसं० १, १७३-१७४ । 3-4. १, १७५-१७७ । 5. १, १७८ ।

१. ध० भा० १ पृ० २९१ गा० १६२ । गो० जी० १३१ । २. ध० भा० १ पृ० २९२ गा० १६३ । गो०जी० २३३ । परं तत्र प्रथमचरणे पाठभेदः । ३. ध० भा० १ पृ० २९४ गा० १६४ । गो० जी० २३८ । ४. ध० भा० १ पृ० २९४ गा० १६५ । गो०जी० २३९, परं तत्र प्रथमचरणे पाठभेदः । ५. ध० भा० १ पृ० २९५ गा० १६६ । गो० जी० २४० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

योगरहित अयोगिजिनका स्वरूप—

[1]जेसिं ण संति जोगा सुहासुहा पुण्णपापसंजणया ।
ते होंति अजोइजिणा अणोवमाणंतगुणकलिया[1] ॥१००॥

जिनके पुण्य और पापके संजनक अर्थात् उत्पन्न करनेवाले शुभ और अशुभ योग नहीं होते हैं, वे अयोगिजिन कहलाते हैं, जो कि अनुपम और अनन्त गुणोंसे सहित होते हैं ॥१००॥

इस प्रकार योगमार्गणाका वर्णन समाप्त हुआ ।

अब वेदमार्गणाका निरूपण करते हुए पहले वेदका स्वरूप कहते हैं—

[2]वेदस्सुदीरणाए बालत्तं पुण णियच्छदे बहुसो ।
इत्थी पुरिस णउंसय वेयंति तदो हवदि वेदो[2] ॥१०१॥

वेदकर्मकी उदीरणा होनेपर यह जीव नाना प्रकारके बालभाव अर्थात् चांचल्यको प्राप्त होता है और स्त्रीभाव, पुरुषभाव एवं नपुंसक भावका वेदन करता है, अतएव वेदकर्मके उदयसे होनेवाले भावको वेद कहते हैं ॥१०१॥

वेदके भेद और वेद-वैषम्यका निरूपण—

[3]तिण्वेद एव सव्वे वि जीवा दिट्ठा हु दव्व-भावादो ।
ते चेव हु विवरीया संभवंति जहाकमं सव्वे ॥१०२॥

द्रव्य और भावकी अपेक्षा सर्व ही जीव तीनों वेदवाले दिखाई देते हैं और इसी कारण वे सर्व ही यथाक्रमसे विपरीत वेदवाले भी सम्भव हैं ॥१०२॥

भाववेद और द्रव्यवेदका कारण—

[4]उदयादु णोकसायाण भाववेदो य होइ जंतूणं ।
जोगी य लिंगमाई णामोदय दव्ववेदो दु ॥१०३॥

नोकषायोंके उदयसे जीवोंके भाववेद होता है । तथा योनि, लिंग आदि द्रव्यवेद नाम-कर्मके उदयसे होता है ॥१०३॥

वेद-वैषम्यका कारण—

[5]इत्थी पुरिस णउंसय वेया खलु दव्व-भावदो होंति ।
ते चेव य विवरीया हवंति सव्वे जहाकमसो ॥१०४॥

स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद ये तीनों ही वेद निश्चयसे द्रव्य और भावकी अपेक्षा दो प्रकारके होते हैं और वे सर्व ही विभिन्न नोकषायोंके उदय होनेपर यथाक्रमसे विपरीत भी परिणत होते हैं ॥१०४॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, १८० । 2. १, १८६–१८७ । 3. १, १९१–१९२ । 4. १, १८८–१८९ । 5. १, १९३–१९४ । परन्त्वत्र मतभेदो दृश्यते ।

१. ध० भा० १ पृ० २८० गा० १५३ । गो० जी० २४२ । २. ध० भा० १ पृ० १४१ गा० ८६ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्त्रीवेदका स्वरूप—

[1]छादयदि सयं दोसेण जदो छादयदि परं पि दोसेण ।
छादणसीला णियदं तम्हा सा *वण्णिया इत्थी[1] ॥१०५॥

जो मिथ्यात्व आदि दोषसे अपने आपको आच्छादित करे और मधुर-भाषणादिके द्वारा दूसरेको भी आच्छादित करे, वह निश्चयसे यतः आच्छादन स्वभाववाली है अतः 'स्त्री' इस नामसे वर्णित की गई है ॥१०५॥

पुरुषवेदका स्वरूप—

[2]पुरु गुण भोगे सेदे करेदि लोयम्हि पुरुगुणं कम्मं ।
पुरु +उत्तमो य जम्हा तम्हा सो वण्णिओ पुरिसो[2] ॥१०६॥

जो उत्तम गुण और उत्कृष्ट भोगमें शयन करता है, लोकमें उत्तम गुण और कर्मको करता है, अथवा यतः जो स्वयं उत्तम है, अतः वह 'पुरुष' इस नामसे वर्णित किया गया है ॥१०६॥

नपुंसकवेदका स्वरूप—

[3]णेवित्थी ण य पुरिसो णउंसओ उभयलिंगवदिरित्तो ।
इट्ठावग्गिसमाणो वेदणगरुओ कलुसचित्तो[3] ॥१०७॥

जो भावसे न स्त्रीरूप है और न पुरुषरूप है, तथा द्रव्यकी अपेक्षा जो स्त्रीलिंग और पुरुषलिंगसे रहित है, ईंटोंको पकानेवाली अग्निके समान वेदकी प्रबल वेदनासे युक्त है, और सदा कलुषित-चित्त है, उसे नपुंसकवेद जानना चाहिए ॥१०७॥

अपगतवेदी जीवोंका स्वरूप—

[4]करिसतणेट्ठावग्गीसरिसपरिणामवेदणुम्मुक्का ।
अवगयवेदा जीवा सयसंभव×णंतवरसोक्खा[4] ॥१०८॥

जो कारीष अर्थात् कंडेकी अग्नि, तृणकी अग्नि और इष्टपाककी अग्निके समान क्रमशः स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेदरूप परिणामोंके वेदनसे उन्मुक्त हैं और अपनी आत्मामें उत्पन्न हुए श्रेष्ठ अनन्त सुखके धारक या भोक्ता हैं, वे जीव अपगतवेदी कहलाते हैं ॥१०८॥

इस प्रकार वेदमार्गणा समाप्त हुई ।

कषायमार्गणा, कषायका स्वरूप—

[5]सुह-दुक्खं बहुसस्सं कम्मक्खित्तं कसेइ जीवस्स ।
संसारगदी †मेरं तेण कसाओ त्ति णं विंति[5] ॥१०९॥

जो क्रोधादिक जीवके सुख-दुःखरूप बहुत प्रकारके धान्यको उत्पन्न करनेवाले कर्मरूप खेत को कर्षण करते हैं, अर्थात् जोतते हैं और जिनके लिए संसारकी चारों गतियाँ मर्यादा या मेंढ़-रूप हैं, इसलिए उन्हें कषाय कहते हैं ॥१०९॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, १९९ । 2. १, २०० । 3. १, २०१ । 4. १, २०२ । 5. १, २०३ ।

१. ध० भा० १ पृ० ३४१ गा० १७० । गो० जी० २७३ । २. ध० भा० १ पृ० २४१ गा० १७१ । गो० जी० २७२ । ३. ध० भा० १ पृ० ३४२ गा० १७२ । गो० जी० २७४ । ४. ध० भा० १, पृ० ३४२ गा० १७३ । गो० जी० २७५ । ५. ध० भा० १, पृ० १४२ गा० ९० । गो० जी० २८१ ।

*ब वन्निया । +द ब पुरउत्तिमो । †द -सारं । ×द ब -मणंत ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कषायोंके भेद और उनके कार्य—

[1]सम्मत्त-देससंजम-संसुद्धीघाइकसाइं पढमाइं ।
तेसिं तु भवे नासे सद्धाई चउहं† उप्पत्ती ॥११०॥

प्रथमादि अर्थात् अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यानावरण, प्रत्याख्यानावरण और संज्वलन कषाय क्रमशः सम्यक्त्व, देशसंयम, संकलसंयम और पूर्ण शुद्धिरूप यथाख्यातचारित्रका घात करते हैं। किन्तु उनके नाश होनेपर आत्मामें श्रद्धा अर्थात् सम्यक्त्व आदिक चारों गुणोंकी उत्पत्ति होती है ॥११०॥

क्रोधकषायकी जातियाँ और उनका फल—

[2]सिलभेय पुढविभेया धूलीराई य उदयराइसमा ।
‡णिर-तिरि-णर-देवत्तं उविंति जीवा हु कोहवसा ॥१११॥

अनन्तानुबन्धी क्रोध शिलाभेदके समान है, अप्रत्याख्यानावरण क्रोध पृथ्वीभेदके समान है, प्रत्याख्यानावरण क्रोध धूलिराजिके समान है और संज्वलनक्रोध उदक अर्थात् जल-राजिके समान है। इन चारों जातिके क्रोधके वशसे जीव क्रमशः नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देवगतिको प्राप्त होते हैं ॥१११॥

मानकषायकी जातियाँ और उनका फल—

[3]सेलसमो अट्ठिसमो दारुसमो तह य जाण वेत्तसमो ।
×णिर-तिरि-णर-देवत्तं उविंति जीवा हु माणवसा ॥११२॥

अनन्तानुबन्धी मान शैल-समान है, अप्रत्याख्यानावरण मान अस्थि-समान है, प्रत्याख्यानावरण मान दारु अर्थात् काष्ठके समान है और संज्वलन मान वेत्र (वेंत) के समान है। इन चारों जातिके मानके वशसे जीव क्रमशः नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देवत्वको प्राप्त होते हैं ॥११२॥

मायाकषायकी जातियाँ और उनका फल—

[4]वंसीमूलं मेसस्स सिंग गोमुत्तियं च खोरुप्पं ।
+णिर-तिरि-णर-देवत्तं उविंति जीवा हु मायवसा ॥११३॥

अनन्तानुबन्धी माया बाँसकी जड़के समान है, अप्रत्याख्यानावरण माया मेषाके सींगके समान है, प्रत्याख्यानावरण माया गोमूत्रके समान है और संज्वलन माया खुरपाके समान है। इन चारों ही जातिके मायाके वशसे जीव क्रमशः नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देवत्वको प्राप्त होते हैं ॥११३॥

लोभकषायकी जातियाँ और उनका फल—

[5]किमिराय चक्कमल कद्दमो य तह चेय÷ जाण हारिद्दं ।
*णिर-तिरि-णर-देवत्तं उविंति जीवा हु लोहवसा ॥११४॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, २०४–२०५ । 2. १, २०६ । 3. १, २०७ । 4. १, २०८ । 5. १, २०९ ।
† द ब -चउ हुं । ‡ ब णिर । × ब णिर । + ब णिर । ÷ ब चेय । * ब णिर ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनन्तानुबन्धीलोभ किरमिजी रंगके समान है, अप्रत्याख्यानावरणलोभ चक्र अर्थात् गाड़ीके पहियेके मलके समान है, प्रत्याख्यानावरणलोभ कर्दम अर्थात् कीचड़के समान है और संज्वलन लोभको हल्दीके रंगके समान जानना चाहिए। इन चारों ही जातिके लोभके वशसे जीव क्रमशः नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देवत्वको प्राप्त होते हैं ॥११४॥

चारों जातिके कषायोंके पृथक्-पृथक् कार्योंका वर्णन—

[1]पढमो दंसणघाई विदिओ तह घाइ देसविरइ त्ति।
तइओ संजमघाई चउथो जहखायघाईया ॥११५॥

प्रथम अनन्तानुबन्धी कषाय सम्यग्दर्शनका घात करती है, द्वितीय अप्रत्याख्यानावरण कषाय देशविरतिकी घातक है। तृतीय प्रत्याख्यानावरण कषाय सकलसंयमकी घातक है और चतुर्थ संज्वलन कषाय यथाख्यातचारित्रकी घातक है ॥११५॥

अकषाय जीवोंका वर्णन—

[2]अप्पपरोभयबाहणबंधासंजमणिमित्तकोहाई।
जेसिं णत्थि कसाया अमला अकसाइणो जीवा[9] ॥११६॥

जिनके अपने आपको, परको और उभयको बाधा देने, बन्ध करने और असंयमके आचरणमें निमित्तभूत क्रोधादि कषाय नहीं हैं, तथा जो बाह्य और आभ्यन्तर मलसे रहित हैं, ऐसे जीवोंको अकषाय जानना चाहिए ॥११६॥

इस प्रकार कषायमार्गणाका वर्णन समाप्त हुआ।

ज्ञानमार्गणा, ज्ञानका स्वरूप—

[3]जाणइं तिकालसहिए* दव्व-गुण-पज्जए बहुब्भेए।
पच्चक्खं च परोक्खं अणेण णाण त्ति† णं विंति[2] ॥११७॥

जिसके द्वारा जीव त्रिकाल-विषयक सर्व द्रव्य, उनके समस्त गुण और उनकी बहुत भेदवाली पर्यायोंको प्रत्यक्ष और परोक्ष रूपसे जानता है, उसे निश्चयसे ज्ञानी जन ज्ञान कहते हैं ॥११७॥

मत्यज्ञानका स्वरूप—

[4]विस-जंत-कूड-पंजर-बंधादिसु‡ अणुवदेसकरणेण।
जा खलु पवत्तइ मई मइअण्णाण त्ति णं विंति[3] ॥११८॥

परोपदेशके विना जो विष, यन्त्र, कूट, पंजर तथा बन्ध आदिके विषयमें बुद्धि प्रवृत्त होती है, उसे ज्ञानी जन मत्यज्ञान कहते हैं ॥११८॥

---

1. सं० पञ्चसं १, २०५। 2. १, २१२। 3. १, २१३। 4. १, २३१ पूर्वार्ध।

१. ध० भा० १ पृ० ३५४, गा० १७८। गो० जी० २८८। २. ध० भा० १ पृ० १४४, गा० ९१। गो० जी० २९८। ३. ध० भा० १ पृ० ३५८, गा० १७९। गो० जी० ३०२।

* 'अणेण जीवो' इति मूलप्रतौ पाठः। † द त्तणं, घ त्तण। ‡ प्रतिषु 'बद्धादिसु' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रुताज्ञानका स्वरूप—

[1]आभीयमासुरक्खा भारह-रामायणादि-उवएसा ।
तुच्छा असाहणीया सुयअण्णाण त्ति णं* विंति[1] ॥११६॥

चौरशास्त्र, हिंसाशास्त्र तथा महाभारत, रामायण आदिके तुच्छ और परमार्थ-शून्य होनेसे साधन करनेके अयोग्य उपदेशोंको ऋषिगण श्रुताज्ञान कहते हैं ॥११६॥

कुअवधि या विभंगज्ञानका स्वरूप—

[2]विवरीयओहिणाणं खओवसमियं च कम्मबीजं च ।
वेभंगो त्ति य वुच्चइ समत्तणाणीहिं समयम्हि[2] ॥१२०॥

जो क्षायोपशमिक अवधिज्ञान मिथ्यात्वसे संयुक्त होनेके कारण विपरीत स्वरूप है, और नवीन कर्मका बीज है, उसे समाप्त अर्थात् जिनका ज्ञान सम्पूर्णताको प्राप्त है ऐसे ज्ञानियोंके द्वारा उपदिष्ट आगममें कुअवधि या विभंगज्ञान कहा है ॥१२०॥

आभिनिबोधिक या मतिज्ञानका स्वरूप—

[3]अहिमुहणियमियबोहणमाभिणिबोहियमणिंदि-इंदियजं ।
बहुउग्गहाइणा खलु कयछत्तीसा तिसयभेयं[3] ॥१२१॥

अनिन्द्रिय अर्थात् मन और इन्द्रियोंकी सहायतासे उत्पन्न होनेवाले, अभिमुख और नियमित पदार्थके बोधको आभिनिबोधिक ज्ञान कहते हैं। उसके बहु आदिक बारह प्रकारके पदार्थोंकी और अवग्रह आदिकी अपेक्षा तीन सौ छत्तीस भेद होते हैं ॥१२१॥

श्रुतज्ञानका स्वरूप—

[4]अत्थाओ अत्थंतरउवलंभे तं भणंति सुयणाणं ।
आहिणिबोहियपुव्वं णियमेण य सद्दयं मूलं[4] ॥१२२॥

मतिज्ञानसे जाने हुए पदार्थके अवलम्बनसे तत्सम्बन्धी दूसरे पदार्थका जो उपलम्भ अर्थात् ज्ञान होता है, उसे श्रुतज्ञान कहते हैं। यह ज्ञान नियमसे आभिनिबोधिकज्ञान-पूर्वक होता है। (इसके अक्षरात्मक और अनक्षरात्मक अथवा शब्दजन्य और लिंगजन्य, इस प्रकार दो भेद हैं)। उनमें अक्षरात्मक श्रुतज्ञानका मूल कारण शब्द-समूह है ॥१२२॥

अवधिज्ञानका स्वरूप—

[5]अवहीयदि त्ति ओही सीमाणाणेत्ति वण्णियं समए ।
भव-गुणपच्चयविहियं तमोहिणाण त्ति †णं विंति[5] ॥१२३॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, २३१ उत्तरार्ध। 2. १, २३२। 3. १, २१४। 4. १, २१७-२१८। 5. १, २२०-२२१।

१. ध० भा० १ पृ० ३५८, गा० १८०। गो० जी० ३०३। २. ध० भा० १ पृ० ३५६, गा० १८१। गो० जी० ३०४। ३. ध० भा० १ पृ० ३५६, गा० १८२। गो० जी० ३०५, परं तत्रोत्तरार्धे 'अवगहईहावायाधारणगा होंति पत्तेयं' इति पाठः। ४. ध० भा० १ पृ० ३५६, गा० १८३। गो० जी० ३१४। ५. ध० भा० १ पृ० ३५६, गा० १८४। गो० जी० ३६८।

* द -णत्तणं। † द -णाणेत्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा अवधि अर्थात् सीमासे युक्त अपने विषयभूत पदार्थको जाने, उसे अवधिज्ञान कहते हैं, सीमासे युक्त जाननेके कारण परमागममें इसे सीमाज्ञान कहा है। यह भवप्रत्यय और गुणप्रत्ययके द्वारा उत्पन्न होता है, ऐसा ज्ञानी जन कहते हैं ॥१२३॥

अवधिज्ञानके भेदोंका वर्णन—

[1]अणुगो अणाणुगामी× तेत्तियमेत्तो य अप्पबहुगोऽयं ।
वड्ढइ कमेण हीयइ ओही जाणाहि छब्भेओ ॥१२४॥

अनुगामी, अननुगामी, तावन्मात्र अर्थात् अवस्थित, अल्प-बहुत अर्थात् अनवस्थित, क्रमसे बढ़नेवाला अर्थात् वर्द्धमान और क्रमसे हीन होनेवाला अर्थात् हीयमान, इस प्रकार अवधिज्ञान छह भेदरूप जानना चाहिए ॥१२४॥

मनःपर्ययज्ञानका स्वरूप—

[2]चिंतियमचिंतियं* वा अद्धं‡ चिंतिय अणेयभेयगयं ।
मणपज्जव त्ति णाणं जं जाणइ तं तु णरलोए[1] ॥१२५॥

जो चिन्तित अर्थात् भूतकालमें विचारित, अचिन्तित अर्थात् अतीतमें अविचारित किन्तु भविष्यमें विचार्यमाण, और अर्धचिन्तित इत्यादि अनेक भेदरूप दूसरेके मनमें अवस्थित पदार्थको नरलोक अर्थात् पैंतालीस लाख योजनरूप मनुष्यक्षेत्रमें जानता है, वह मनःपर्ययज्ञान कहलाता है ॥१२५॥

केवलज्ञानका स्वरूप—

[3]संपुण्णं तु समग्गं केवलमसपत्त[1] सव्वभावगयं ।
लोयालोयवितिमिरं केवलणाणं मुणेयव्वं[2] ॥१२६॥

जो जीवद्रव्यके शक्ति-गत ज्ञानके सर्व अविभागप्रतिच्छेदोंके व्यक्त हो जानेसे सम्पूर्ण है, ज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्मके सर्वथा क्षय हो जानेसे अप्रतिहतशक्ति है, अतएव समग्र है, जो केवल अर्थात् इन्द्रिय और मनकी सहायतासे रहित है, असपत्न अर्थात् प्रतिपक्षसे रहित है, युगपत् सर्व भावोंको जाननेवाला है, लोक और अलोकमें अज्ञानरूप तिमिर (अन्धकार)से रहित है, अर्थात् सर्व-व्यापक और सर्व-ज्ञायक है, उसे केवलज्ञान जानना चाहिए ॥१२६॥

इस प्रकार ज्ञानमार्गणाका वर्णन समाप्त हुआ ।

संयममार्गणा, द्रव्यसंयमका स्वरूप—

[4]वय-समिदि-कसायाणं दंडाणं इंदियाण पंचण्हं ।
धारण-पालण-णिग्गह-चाय-जओ संजमो भणिओ[3] ॥१२७॥

अहिंसादि पाँच महाव्रतोंका धारण करना, ईर्यादि पाँच समितियोंका पालन करना, क्रोधादि चारों कषायोंका निग्रह करना, मन, वचन, कायरूप तीन दण्डोंका त्याग करना और पाँचों इन्द्रियोंका जीतना सो द्रव्यसंयम कहा गया है ॥१२७॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, २२२ । 2. १, २२७–२२८ । 3. १, २२६ । 4. १, २३८ ।

१. ध० भा० १ पृ० ३६०, गा० १८५ । गो० जी० ४३७ । २. ध० भा० १ पृ० ३६०, गा० १८६ । गो० जी० ४५६ । ३. ध० भा० १ पृ० १४५, गा० ६२ । गो० जी० ४६५ ।

× द ब -णाणुगामी य ‡ अत्थं चिंता । † ब -वन्न, द -वण्ण ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावसंयमका स्वरूप—

सगवण्ण जीवहिंसा अट्ठावीसिंदियत्थदोसा य ।
तेहिंतो जो विरओ* भावो सो संजमो भणिओ ॥१२८॥

पहले जीवसमासोंमें जो सत्तावन प्रकारके जीव बता आये हैं, उनकी हिंसासे उपरत होना, तथा अट्ठाईस प्रकारके इन्द्रिय-विषयोंके दोषोंसे विरत होना, सो भावसंयम कहा गया है ॥१२८॥

सामायिकसंयमका स्वरूप—

[1]संगहियसयलसंजममेयजममणुत्तरं दुरवगम्मं ।
जीवो समुव्वहंतो सामाइयसंजदो होइ[1] ॥१२९॥

जिसमें सकल संयम संगृहीत हैं, ऐसे सर्व सावद्यके त्यागरूप एकमात्र अनुत्तर एवं दुरवगम्य अभेद-संयमको धारण करना सो सामायिकसंयम है, और उसे धारण करने वाला सामायिक-संयत कहलाता है ॥१२९॥

छेदोपस्थापनासंयमका स्वरूप—

[2]छेत्तूण य परियायं पोराणं जो ठवेइ अप्पाणं ।
पंचजमे धम्मे सो छेदोवट्ठावगो जीवो[2] ॥१३०॥

सावद्य व्यापाररूप पुरानी पर्यायको छेद कर अहिंसादि पाँच प्रकारके यमरूप धर्ममें अपनी आत्माको स्थापित करना छेदोपस्थापनासंयम है, और उसका धारक जीव छेदोपस्थापक-संयत कहलाता है ॥१३०॥

परिहारविशुद्धिसंयमका स्वरूप—

[3]पंचसमिदो तिगुत्तो परिहरइ सया वि जो हु सावज्जं ।
पंचजमेयजमो वा परिहारयसंजदो[†] साहू[3] ॥१३१॥

पाँच समिति और तीन गुप्तियोंसे युक्त होकर सदा ही सर्व सावद्य योगका परिहार करना तथा पाँच यमरूप भेद-संयम (छेदोपस्थापना) को, अथवा एक यमरूप अभेद-संयम (सामायिक) को धारण करना परिहार विशुद्धि संयम है, और उसका धारक साधु परिहार-विशुद्धिसंयत कहलाता है ॥१३१॥

सूक्ष्मसाम्परायसंयमका स्वरूप—

[4]अणुलोहं वेयंतो जीओ उवसामगो व खवगो वा ।
सो सुहुमसंपराओ जहखाएणूणओ किंचि[ॐ] ॥१३२॥

मोहकर्मका उपशमन या क्षपण करते हुए सूक्ष्म लोभका वेदन करना सूक्ष्मसाम्परायसंयम है और उसका धारक सूक्ष्मसाम्परायसंयत कहलाता है। यह संयम यथाख्यातसंयमसे कुछ ही कम होता है। (क्योंकि सूक्ष्मसाम्परायसंयम दशवें गुणस्थानमें होता है और यथाख्यातसंयम ग्यारहवें गुणस्थानसे प्रारम्भ होता है) ॥१३२॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, २३६ । 2. १, २४० । 3. १, २४१ । 4. १, २४२ ।

१. ध० भा० १ पृ० ३७२, गा० १८७ । गो० जी० ४६६ । २. ध० भा० १ पृ० ३७२, गा १८८ । गो० जी० ४७० । ३. ध० भा० १ पृ० ३७२, गा० १८९ । गो० जी० ४७१ । ४. ध० भा० १ पृ० ३७३, गा० १९० । गो० जी० ४७३ ।

* द -विरउ । † द ब -संजमो ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यथाख्यातसंयमका स्वरूप—

[1]उवसंते खीणे वा असुहे कम्मम्हि मोहणीयम्हि ।
छदुमत्थो व जिणो वा ❀जहखाओ संजओ साहू[१] ॥१३३॥

अशुभ (पाप) रूप मोहनीय कर्मके उपशान्त अथवा क्षीण हो जानेपर जो वीतराग संयम होता है, उसे यथाख्यातसंयम कहते हैं। उसके धारक ग्यारहवें-बारहवें गुणस्थानवर्ती छद्मस्थ साधु और तेरहवें-चौदहवें गुणस्थानवर्ती केवली जिन यथाख्यातसंयत कहलाते हैं ॥१३३॥

संयमासंयमका सामान्य स्वरूप—

[2]जो ण विरदो दु भावो थावरवह-इंदियत्थदोसाओ ।
तसवहविरओ ‡सोचिय संजमासंजमो दिट्ठो ॥१३४॥

भावोंसे स्थावर-वध और पाँचों इन्द्रियोंके विषय-सम्बन्धी दोषोंसे विरत नहीं होने, किन्तु त्रस-वधसे विरत होनेको संयमासंयम कहते हैं और उनका धारक जीव नियमसे संयमासंयमी कहा गया है ॥१३४॥

संयमासंयमका विशेष स्वरूप—

पंच-तिय-चउविहेहिं अणु-गुण-सिक्खावएहिं संजुत्ता ।
वुच्चंति देसविरया सम्माइट्ठी झडियकम्मा[२] ॥१३५॥

पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रतोंसे संयुक्त होना विशिष्ट संयमासंयम है। उसके धारक और असंख्यातगुणश्रेणीरूप निर्जराके द्वारा कर्मोंके झड़ानेवाले ऐसे सम्यग्दृष्टि जीव देशविरत या संयतासंयत कहलाते हैं ॥१३५॥

देशविरतके भेद—

दंसण-वय-सामाइय पोसह सचित्त राइभत्ते य ।
बंभारंभपरिग्गह अणुमण उद्दिट्ठ देसविरदेदे[३] ॥१३६॥

दार्शनिक, व्रतिक, सामयिकी, प्रोषधोपवासी, सचित्तविरत, रात्रिभुक्तिविरत, ब्रह्मचारी, आरम्भविरत, परिग्रहविरत, अनुमतिविरत और उद्दिष्टविरत ये देशविरतके ग्यारह भेद होते हैं ॥१३६॥

असंयमका स्वरूप—

[3]जीवा चउदसभेया इंदियविसया य अट्ठवीसं तु ।
जे तेसु णेय विरया असंजया ते मुणेयव्वा[४] ॥१३७॥

जीव चौदह भेद रूप हैं और इन्द्रियोंके विषय अट्ठाईस हैं। जीवघातसे और इन्द्रिय-विषयोंसे विरत नहीं होनेको असंयम कहते हैं। जो इनसे विरत नहीं हैं, उन्हें असंयत जानना चाहिए ॥१३७॥

इस प्रकार संयममार्गणाका वर्णन समाप्त हुआ

---

1. सं० पञ्चसं० १, २४३। 2. १, २४६। 3. १, २४७-२४८।

१. ध० भा० १ पृ० ३७३, गा० १९१। गो० जी० ४७४। परन्तूभयत्रापि 'सो दु' तथा 'सो हु' इति पाठः। २. ध० भा० १ पृ० ३७३, गा० १९२। गो० जी० ४७५। ३. ध० भा० १ पृ० ३७३, गा० १९३। गो० जी० ४७६। ४. ध० भा० १ पृ० ३७३, गा० १९४। गो० जी० ४७७।

❀ द -खाउ। ‡ ब सुव्विय, द सुच्चिय।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दर्शनमार्गणा, दर्शनका स्वरूप—

[1]जं सामण्णं गहणं भावाणं णेव कट्टु आयारं ।
अविसेसिऊण अत्थे दंसणमिदि भण्णदे समए[1] ॥१३८

सामान्य-विशेषात्मक पदार्थोंके आकार-विशेषको ग्रहण न करके जो केवल निर्विकल्परूपसे अंशका या स्वरूपमात्रका सामान्य ग्रहण होता है, उसे परमागममें दर्शन कहा गया है ॥१३८॥

चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शनका स्वरूप—

[2]चक्खूण जं पयासइ दीसइ तं चक्खुदंसणं विंति ।
सेसिंदियप्पयासो णायव्वो सो अचक्खु त्ति[2] ॥१३९॥

चक्षुरिन्द्रियके द्वारा जो पदार्थका सामान्य अंश प्रकाशित होता है, अथवा दिखाई देता है, उसे चक्षुदर्शन कहते हैं। शेष चार इन्द्रियोंसे और मनसे जो सामान्य-प्रतिभास होता है, उसे अचक्षुदर्शन जानना चाहिए ॥१३९॥

अवधिदर्शनका स्वरूप—

[3]परमाणुआदियाइं अंतिमखंध *त्ति मुत्तदव्वाइं ।
तं ओहिदंसणं पुण जं पस्सइ ताइं पच्चक्खं[3] ॥१४०॥

सर्व-लघु परमाणुसे आदि लेकर सर्व-महान् अन्तिम स्कन्ध तक जितने मूर्त्त द्रव्य हैं, उन्हें जो प्रत्यक्ष देखता है, उसे अवधिदर्शन कहते हैं ॥१४०॥

केवलदर्शनका स्वरूप—

[4]बहुविह बहुप्पयारा उज्जोवा परिमियम्हि खेत्तम्हि ।
लोयालोयवितिमिरो सो† केवलदंसणुज्जोवो[4] ॥१४१॥

बहुत जातिके और बहुत प्रकारके चन्द्र-सूर्यादिके उद्योत (प्रकाश) तो परिमित क्षेत्रमें ही पाये जाते हैं, अर्थात् वे थोड़ेसे ही पदार्थोंको अल्प परिमाणमें प्रकाशित करते हैं। किन्तु जो केवलदर्शनरूप उद्योत है, वह लोकको और अलोकको भी प्रकाशित करता है, अर्थात् सर्व चराचर जगत्को स्पष्ट देखता है ॥१४१॥

इस प्रकार दर्शनमार्गणाका वर्णन समाप्त हुआ।

लेश्यामार्गणा, लेश्याका स्वरूप—

लिम्पइ अप्पीकीरइ एयाए णियय पुण्ण पावं च ।
जीवो त्ति होइ लेसा लेसागुणजाणयक्खाया[5] ॥१४२॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, २४६ । 2. १, २५० । 3. १, २५१ (पूर्वार्ध) । 4. १, २५१ (उत्तरार्ध)।
1. ध० भा० १ पृ० १४६, गा० ६३ । गो० जी० ४८१ । 2. ध० भा० १ पृ० ३८२, गा० १६५ । गो० जी० ४८३ । 3. ध० भा० १ पृ० ३८२, गा० १६६ । गो० जी० ४८४ । 4. ध० भा० १ पृ० ३८२, गा० १६७ । गो० जी० ४८५ । 5. ध० भा० १ पृ० १५०, गा० ६४ । गो० जी० ४८८, परं तत्र द्वितीय-चरणे 'णियअपुण्णपुण्णं च' इति पाठः ।

* ब त्त । † द तं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिसके द्वारा जीव पुण्य और पापसे अपने आपको लिप्त करता है अर्थात् उनके आधीन होता है, ऐसी कषायानुरंजित योगकी प्रवृत्तिको लेश्याके गुण-स्वरूपादिके जाननेवाले गणधरोंने लेश्या कहा है ॥१४२॥

लेश्याके स्वरूपका दृष्टान्त-द्वारा स्पष्टीकरण—

जह× गेरुवेण कुड्डो लिप्पइ लेवेण आमपिट्ठेण ।
तह परिणामो लिप्पइ सुहासुहा य त्ति लेवेण ॥१४३॥

जिस प्रकार आमपिष्ट (दालकी पिट्ठी या तैलादि) से मिश्रित गेरू मिट्टीके लेप-द्वारा भित्ती (दीवाल) लीपी या रंगी जाती है, उसी प्रकार शुभ और अशुभ भावरूप लेपके द्वारा जो आत्माका परिणाम लिप्त किया जाता है उसे लेश्या कहते हैं ॥१४३॥

कृष्णलेश्याका लक्षण—

[1]चंडो ण मुयइ वेरं भंडणसीलो य धम्मदयरहिओ ।
दुट्ठो ण य एइ वसं लक्खणमेयं तु किण्हस्स[1] ॥१४४॥

जो प्रचण्ड-स्वभावी हो, वैरको न छोड़े, भंडनशील या कलहस्वभावी हो, धर्म और दयासे रहित हो, दुष्ट हो, और जो किसीके भी वशमें न आवे, ये सब कृष्णलेश्यावालेके लक्षण हैं ॥१४४॥

नीललेश्याका लक्षण—

[2]मंदो बुद्धिविहीणो णिव्विण्णाणी य विसयलोलो य ।
माणी माई य तहा आलस्सो चेव* भेज्जो† य ॥१४५॥
णिद्दावंचणबहुलो धण-धण्णे होइ तिव्वसण्णाओ ।
लक्खणमेयं भणियं समासओ णीललेसस्स[2] ॥१४६॥

जो कार्य करनेमें मन्द-उद्यमी एवं स्वच्छन्द हो, बुद्धि-विहीन हो, कला और चातुर्यरूप विशेष ज्ञानसे रहित हो, इन्द्रियोंके विषयोंका लोलुपी हो, मानी हो, मायाचारी हो, आलसी हो, अभेद्य-स्वभावी हो, अर्थात् दूसरे लोग जिसके अभिप्रायको प्रयत्न करने पर भी न जान सकें, बहुत निद्रालु हो, पर-वंचनमें अतिदक्ष हो, और धन-धान्यके संग्रहादिमें तीव्र लालसावाला हो, ये सब संक्षेपसे नीललेश्यावालेके लक्षण कहे गये हैं ॥१४५-१४६॥

कापोतलेश्याका लक्षण—

[3]रूसइ णिंदइ अण्णे दूसणबहुलो य सोय-भयबहुलो ।
असुवइ परिभवइ परं ‡पसंसइ य अप्पयं बहुसो ॥१४७॥
ण य पत्तियइ परं सो अप्पाणं पिव परं पि मण्णंतो ।
तूसइ अइथुव्वंतो ण य जाणइ हाणि-वड्ढीओ[3] ॥१४८॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, २७२-२७३ । 2. १, २७४-२७५ । 3. १, २७६-२७७ ।

१. ध० भा० १ पृ० ३८६, गा० २०० । गो० जी० ५०८ । २. ध० भा० १ पृ० ३८८-३८६, गा० २०१-२०२ । गो० जी० ५०६-५१० । ३. ध० भा० १ पृ० ३८६, गा० २०३-२०४ । गो० जी० ५११-५१२ ।

× द ब जिह । * ब -च्चेव । † 'भीरु' इति मूलपाठः । ‡ द -पासं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]मरणं पत्थेइ रणे देइ सु बहुयं पि थुव्वमाणो हु ।
ण गणइ कज्जाकज्जं लक्खणमेयं तु काउस्स[1] ॥१४९॥

जो दूसरोंके ऊपर रोष करता हो, दूसरोंकी निन्दा करता हो, दूषण-बहुल हो, शोक-बहुल हो, भय-बहुल हो, दूसरेसे ईर्ष्या करता हो, परका पराभव करता हो, नानाप्रकारसे अपनी प्रशंसा करता हो, परका विश्वास न करता हो, अपने समान दूसरेको भी मानता हो, स्तुति किये जाने पर अति संतुष्ट हो, अपनी हानि और वृद्धि [लाभ] को न जानता हो, रणमें मरणका इच्छुक हो, स्तुति या प्रशंसा किये जाने पर बहुत धनादिक देवे और कर्त्तव्य-अकर्त्तव्यको कुछ भी न गिनता हो; ये सब कापोतलेश्यावालेके लक्षण हैं ॥१४७-१४९॥

तेजोलेश्याका लक्षण—

[2]जाणइ कज्जाकज्जं सेयासेयं च सव्वसमपासी ।
दय-दाणरदो य विदू लक्खणमेयं तु तेउस्स[2] ॥१५०॥

जो अपने कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य और सेव्य-असेव्यको जानता हो, सबमें समदर्शी हो, दया और दानमें रत हो, मृदु-स्वभावी और ज्ञानी हो, ये सब तेजोलेश्यावालेके लक्षण हैं ॥१५०॥

पद्मलेश्याका लक्षण—

[3]चाई भद्दो चोक्खो उज्जुयकम्मो य खमइ बहुयं पि ।
साहुगुणपूयणिरओ लक्खणमेयं तु पउमस्स[3] ॥१५१॥

जो त्यागी हो, भद्र (भला) हो, चोखा (सच्चा) हो, उत्तम कार्य करनेवाला हो, बहुत भी अपराध या हानि होने पर क्षमा कर दे, साधुजनोंके गुणोंकी पूजनमें निरत हो, ये सब पद्मलेश्यावालेके लक्षण हैं ॥१५१॥

शुक्ललेश्याका लक्षण—

[4]ण कुणेइं पक्खवायं ण वि य णिदाणं समो य सव्वेसु ।
णत्थि य राओ दोसो णेहो वि हु सुक्कलेसस्स[4] ॥१५२॥

जो पक्षपात न करता हो, और न निदान करता हो; सबमें समान व्यवहार करता हो, जिसे परमें राग न हो, द्वेष न हो और स्नेह भी न हो; ये सब शुक्ललेश्यावालेके लक्षण हैं ॥१५२॥

अलेश्य जीवोंका स्वरूप—

[5]किण्हाइलेसरहिया संसारविणिग्गया अणंतसुहा ।
सिद्धिपुरीसंपत्ता अलेसिया ते मुणेयव्वा[5] ॥१५३॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, २७८ । 2. १, २७९ । 3. १, २८० । 4. १, २८१ । 5. १, २८३ ।

१. ध० भा० १ पृ० ३८९, गा० २०५ । गो० जी० ५१३ । २. ध० भा० १ पृ० ३८९, गा० २०६ । गो० जी० ५१४ । परन्तूभयत्रापि 'मिदू' इति पाठः । ३. ध० भा० १ पृ० ३९०, गा० २०७ । गो० जी० ५१५ । ४. ध० भा० १ पृ० ३९०, गा० २०८ । गो० जी० ५१६ । ५. धवला, भा० १ पृ० ३९०, गा० २०९ । गो० जी० ५५५ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो कृष्णादि छहों लेश्याओंसे रहित हैं, पंच परिवर्त्तनरूप संसारसे विनिर्गत हैं, अनन्त-सुखी हैं, और आत्मोपलब्धिरूप सिद्धिपुरीको संप्राप्त हैं, ऐसे अयोगिकेवली और सिद्ध जीवोंको अलेश्य जानना चाहिए । ॥१५३॥

इस प्रकार लेश्यामार्गणाका वर्णन समाप्त हुआ ।

भव्यमार्गणा, भव्यसिद्धका स्वरूप—

[1]सिद्धत्तणस्स जोग्गा जे जीवा ते भवंति भवसिद्धा ।
ण उ मलविगमे णियमा ताणं कणकोपलाणमिव[1] ॥१५४॥

जो जीव सिद्धत्व अर्थात् सर्व कर्मसे रहित मुक्तिरूप अवस्था पानेके योग्य हैं, वे भव्य-सिद्ध कहलाते हैं । किन्तु उनके कनकोपल (स्वर्ण-पाषाण) के समान मलका नाश होनेमें नियम नहीं है ॥१५४॥

विशेषार्थ—भव्यसिद्ध जीव दो प्रकारके होते हैं—एक वे, जो कि सिद्ध-अवस्था प्राप्त कर लेते हैं, और एक वे, जो कभी सिद्ध-अवस्था प्राप्त नहीं कर सकते । जो भव्य होते हुए भी सिद्ध-अवस्थाको प्राप्त नहीं कर सकते हैं, उनके लिए स्वर्ण-पाषाणका दृष्टान्त ग्रन्थकारने दिया है । जिसप्रकार किसी स्वर्ण-पाषाणमें सोना रहते हुए भी उसको पृथक् किया जाना संभव नहीं है, उसी प्रकार सिद्धत्वकी योग्यता होते हुए कितने ही जीव तदनुकूल सामग्रीके नहीं मिलनेसे सिद्ध अवस्था नहीं प्राप्त कर पाते ।

भव्य और अभव्य जीवोंका निरूपण—

[2]संखेज्ज असंखेज्जा अणंतकालेण चावि ते णियमा ।
सिज्झंति भव्वजीवा अभव्वजीवा ण सिज्झंति ॥१५५॥
भविया *सिद्धी जेसिं जीवाणं ते भवंति भवसिद्धा ।
तव्विवरीयाऽभव्वा संसाराओ ण सिज्झंति[2] ॥१५६॥

जो भव्य जीव हैं, वे नियमसे संख्यात, असंख्यात अथवा अनन्तकालके द्वारा सिद्धपद-प्राप्त कर लेते हैं । किन्तु अभव्य जीव कभी भी सिद्ध-पद प्राप्त नहीं कर पाते हैं । जिन जीवोंकी मुक्तिपद-प्राप्तिरूप सिद्धि होनेवाली है, अथवा जो उसकी प्राप्तिके योग्य हैं, उन्हें भव्यसिद्ध कहते हैं । जो इनसे विपरीत स्वरूपवाले हैं, वे अभव्य कहलाते हैं और वे कभी संसारसे छूटकर सिद्ध नहीं होते हैं ॥१५५-१५६॥

भव्यत्व और अभव्यत्वसे रहित जीवोंका वर्णन—

[3]ण य जे भव्वाभव्वा मुत्तिसुहा होंति तीदसंसारा ।
ते जीवा णायव्वा णो भव्वा णो अभव्वा य[3] ॥१५७॥

जो न भव्य हैं और न अभव्य हैं, किन्तु जिन्होंने मुक्ति-सुखको प्राप्त कर लिया है और अतीत-संसार हैं, अर्थात् पंचपरिवर्तनरूप संसारको पार कर चुके हैं, उन जीवोंको 'नो भव्य नो अभव्य' जानना चाहिए ॥१५७॥

इस प्रकार भव्यमार्गणाका वर्णन समाप्त हुआ ।

---

1. सं० पञ्चसं० १, २८३ । 2. १, २८४ । 3. १, २८५ ।

१. ध० भा० १ पृ० १५०, गो० जी० ५५७, परं तत्र 'सिद्धत्तणस्य' स्थाने 'भव्वत्तणस्य' इति पाठः । २. ध० भा० १ पृ० ३९४, गो० जी० ५५६ । ३. गो० जी० ५५८ ।

* ब सिद्धि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्यक्त्वमार्गणा, जीव सम्यक्त्वको कब प्राप्त करता है, इस बातका निरूपण—

[1]भव्वो पंचिंदिओ सण्णी जीवो पज्जत्तओ तहा ।
काललद्धाइ-संजुत्तो सम्मत्तं पडिवज्जए ॥१५८॥

जो भव्य हो, पंचेन्द्रिय हो, संज्ञी हो, पर्याप्तक हो, तथा काललब्धि आदिसे संयुक्त हो, ऐसा जीव सम्यक्त्वको प्राप्त करता है। [यहाँ पर आदि पदसे वेदनाभिभव, जातिस्मरण आदि बाह्य कारण विवक्षित हैं। संस्कृत पञ्चसंग्रह] ॥१५८॥

सम्यक्त्वका स्वरूप—

[2]छप्पंचणवविहाणं अत्थाणं जिणवरोवइट्ठाणं ।
आणाए अहिगमेण य सद्दहणं होइ सम्मत्तं[1] ॥१५९॥

जिनवरोंके द्वारा उपदिष्ट छह द्रव्य, पाँच अस्तिकाय और नौ प्रकारके पदार्थोंका आज्ञा या अधिगमसे श्रद्धान करना सम्यक्त्व है ॥१५९॥

क्षायिकसम्यक्त्वका स्वरूप—

खीणे दंसणमोहे जं सद्दहणं सुणिम्मलं होइ ।
तं खाइयसम्मत्तं णिच्चं कम्मक्खवणहेउं[2] ॥१६०॥
[3]वयणेहिं वि* हेऊहि य इंदियभयजणणगेहिं रूवेहिं ।
वीभच्छ-दुगुंछेहि य णो तेल्लोक्केण चालिज्जा[3] ॥१६१॥
एवं विउला बुद्धी ण य †विंभयमेदि किंचि दट्ठूणं ।
पट्ठविए सम्मत्ते खइए जीवस्स लद्धीए ॥१६२॥

दर्शनमोहनीय कर्मके सर्वथा क्षय हो जाने पर जो निर्मल श्रद्धान होता है, उसे क्षायिक सम्यक्त्व कहते हैं। वह सम्यक्त्व नित्य है, अर्थात् होकरके फिर कभी छूटता नहीं है और सिद्धपद प्राप्त करने तक शेष कर्मोंके क्षपणका कारण है। यह क्षायिकसम्यक्त्व श्रद्धानको भ्रष्ट करनेवाले वचनोंसे, तर्कोंसे, इन्द्रियोंको भय उत्पन्न करनेवाले रूपों [आकारों] से तथा वीभत्स और जुगुप्सित पदार्थोंसे भी चलायमान नहीं होता। अधिक क्या कहा जाय, वह त्रैलोक्यके द्वारा भी चल-विचल नहीं होता। क्षायिकसम्यक्त्वके प्रस्थापन अर्थात् प्रारम्भ होने पर अथवा लब्धि अर्थात् प्राप्ति या निष्ठापन होने पर क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवके ऐसी विशाल, गम्भीर एवं दृढ़ बुद्धि उत्पन्न हो जाती है कि वह कुछ (असंभव या अनहोनी घटनाएँ) देखकर भी विस्मय या क्षोभको प्राप्त नहीं होता ॥१६०-१६२॥

वेदकसम्यक्त्वका स्वरूप—

बुद्धी सुहाणुबंधी सुइकम्मरओ सुए य संवेगो ।
तच्चत्थे सद्दहणं पियधम्मे‡ तिव्वणिव्वेदो ॥१६३॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, २८६ । 2. १, २९० । 3. १, २९३ ।

१. ध० भा० १ पृ० ३९५, गो० जी० ५६० । २. ध० भा० १ पृ० ३९५, गो० जी० ६४५ । ३. ध० भा० १ पृ० ३९५, गो० जी० ६४६ ।

* ब वि । † ब -विब्भय । ‡ ब द धम्मो ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इच्चेवमाइया जे वेदयमाणस्स होंति ते य गुणा ।
वेदयसम्मत्तमिणं सम्मत्तुदएण जीवस्स ॥१६४॥

वेदकसम्यक्त्वके उत्पन्न होने पर जीवकी बुद्धि शुभानुबन्धी या सुखानुबन्धी हो जाती है, शुचि कर्ममें रति उत्पन्न होती है, श्रुतमें संवेग अर्थात् प्रीति पैदा होती है, तत्त्वार्थमें श्रद्धान, प्रिय धर्ममें अनुराग, एवं संसारसे तीव्र निर्वेद अर्थात् वैराग्य जागृत हो जाता है। इन गुणोंको आदि लेकर इस प्रकारके जितने गुण हैं, वे सब वेदकसम्यक्त्वी जीवके प्रगट हो जाते हैं। सम्यक्त्वप्रकृतिके उदयका वेदन करनेवाले जीवको वेदकसम्यक्त्वी जानना चाहिए ॥१६३-१६४॥

उपशमसम्यक्त्वका स्वरूप—

देवे अणण्णभावो विसयविरागो य तच्चसद्दहणं ।
दिट्ठीसु असम्मोहो सम्मत्तमणूणयं जाणे ॥१६५॥
दंसणमोहस्सुदए उवसंते सच्चभावसद्दहणं ।
उवसमसम्मत्तमिणं पसण्णकलुसं जहा तोयं ॥१६६॥

उपशमसम्यक्त्वके होने पर जीवके सत्यार्थ देवमें अनन्य भक्तिभाव, विषयोंसे विराग, तत्त्वोंका श्रद्धान और विविध मिथ्यादृष्टियों (मतों) में असम्मोह प्रगट होता है, इसे क्षायिक-सम्यक्त्वसे कुछ भी कम नहीं जानना चाहिए। जिस प्रकार पंकादि-जनित कालुष्यके प्रशान्त होने पर जल निर्मल हो जाता है, उसी प्रकार दर्शनमोहके उदयके उपशान्त होनेपर जो सत्यार्थ श्रद्धान उत्पन्न होता है उसे उपशमसम्यक्त्व कहते हैं ॥१६५-१६६॥

तीनों सम्यक्त्वोंका गुणस्थानोंमें विभाजन—

[1]खाइयसंजयाइसु वेदयसम्मत्तमप्पमत्तंते ।
उवसमसम्मत्तं पुण *उवसंतंतेसु णायव्वं ॥१६७॥

क्षायिकसम्यक्त्व असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानसे लेकर उपरिम सर्व गुणस्थानोंमें होता है। वेदकसम्यक्त्व अप्रमत्तसंयतगुणस्थान तक होता है और उपशमसम्यक्त्व उपशान्तमोह गुणस्थानान्त जानना चाहिए ॥१६७॥

सासादनसम्यक्त्वका स्वरूप—

[2]ण य मिच्छत्तं पत्तो सम्मत्तादो य जो हु परिवडिओ ।
सो सासणो त्ति णेओ सादियपरिणामिओ भावो[1] ॥१६८॥

उपशमसम्यक्त्वसे परिपतित होकर जीव जब तक मिथ्यात्वको प्राप्त नहीं हुआ है, तब तक उसे सासादनसम्यग्दृष्टि जानना चाहिए। इसके सादि पारिणामिक भाव होता है ॥१६८॥

---

1. सं० पञ्चसं० २६८। 2. १, ३०२।

१. गो० जी० ६५३, परं तत्र चतुर्थचरणे 'पंचमभावेण संजुतो' इति पाठः।

* द ते -मुणेयव्वं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्यग्मिथ्यात्वका स्वरूप—

[1]सद्दहणासद्दहणं जस्स य जीवेसु होइ तच्चेसु ।
विरयाविरएण समो सम्मामिच्छो त्ति णायव्वो[1] ॥१६९॥

जिसके उदयसे जीवोंके तत्त्वोंमें श्रद्धान और अश्रद्धान युगपत् प्रगट हो, उसे विरताविरतके समान सम्यग्मिथ्यात्व जानना चाहिए ॥१६९॥

मिथ्यात्वका स्वरूप—

[2]मिच्छादिट्ठी जीवो उवइट्ठं पवयणं ण सद्दहइ ।
सद्दहइ असब्भावं उवइट्ठं अणुवइट्ठं वा[2] ॥१७०॥

मिथ्यात्वकर्मके उदयसे मिथ्यादृष्टि जीव जिन-उपदिष्ट प्रवचनका तो श्रद्धान करता नहीं, है, किन्तु कुदेवादिकके द्वारा उपदिष्ट या अनुपदिष्ट असद्भावका श्रद्धान करता है ॥१७०॥

उपशमसम्यक्त्वकी उत्पत्तिके विषयमें सर्वोपशम और देशोपशमका नियम—

[3]सम्मत्तपढमलंभो सयलोवसमा दु भव्वजीवाणं ।
णियमेण होइ अवरो सव्वोवसमा दु देसपसमा वा[3] ॥१७१॥

भव्यजीवोंके प्रथम वार उपशमसम्यक्त्वका लाभ नियमतः दर्शनमोहनीयके सकलोपशमसे ही होता है । किन्तु अपर अर्थात् द्वितीयादि वार सर्वोपशम अथवा देशोपशमसे होता है ॥१७१॥

सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके पश्चात् मिथ्यात्व-प्राप्तिका नियम—

[4]सम्मत्तादिमलंभस्साणंतरं णिच्छएण णायव्वो ।
मिच्छासंगो पच्छा अण्णस्स दु होइ भयणिज्जो[4] ॥१७२॥

आदिम सम्यक्त्वके लाभके अनन्तर मिथ्यात्वका संगम निश्चयसे जानना चाहिए । किन्तु अन्य अर्थात् द्वितीयादि वार सम्यक्त्व-लाभके पश्चात् मिथ्यात्वका संगम भजनीय है, अर्थात् किसीके होता भी है और किसीके नहीं भी होता ॥१७२॥

इस प्रकार सम्यक्त्वमार्गणा समाप्त हुई ।

संज्ञिमार्गणा, संज्ञी और असंज्ञीका स्वरूप—

[5]सिक्खाकिरिओवएसा आलावगाही मणोवलंबेण ।
जो जीवो सो सण्णी तव्विवरीओ असण्णी य[5] ॥१७३॥

जो जीव मनके अवलम्बनसे शिक्षा, क्रिया, उपदेश और आलापको ग्रहण करता है, उसे संज्ञी कहते हैं । जो इससे विपरीत है, अर्थात् शिक्षा आदिको ग्रहण नहीं कर सकता, उसे असंज्ञी कहते हैं ॥१७३॥

विशेषार्थ—जिसके द्वारा हितका ग्रहण और अहितका त्याग किया जा सके, उसे शिक्षा कहते हैं । इच्छापूर्वक हस्त-पाद आदिके संचालनको क्रिया कहते हैं । वचनादिके द्वारा बताये हुए कर्तव्यको उपदेश कहते हैं । श्लोक आदिके पाठको आलाप कहते हैं ।

---

1. सं० पञ्चसं० १, ३०३ । 2. १, ३०५ । 3. १, ३१७ । 4. १, ३१८ । 5. १, ३१९ ।

१. गो० जी० ६५४ । २. गो० जी० ६५५ । ३. तुलना—सम्मत्तपढमलंभो सव्वोवसमेण तह वियट्टेण । भजियव्वो य अभिक्खं सव्वोवसमेण देसेण ॥ क० पा० गा० १०४ । ४. तुलना—सम्मत्तपढमलंभस्सऽणंतरं पच्छदो य मिच्छत्तं । लंभस्स अपढमस्स दु भजियव्वो पच्छदो होदि ॥ क० पा० गा० १०५ । ५. ध० भा० १ पृ० १५२ गो० जी० ६६० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संज्ञी-असंज्ञीके स्वरूपका और भी स्पष्टीकरण—

[1]मीमंसइ जो पुव्वं कज्जमकज्जं च तच्चमिदरं च ।
सिक्खइ णामेणेदि य समणो अमणो य विवरीओ[1] ॥१७४॥
एवं कए मए पुण एवं होदि त्ति कज्जणिप्पत्ती ।
जो दु विचारइ जीवो सो सण्णी असण्णि इयरो य ॥१७५॥

जो जीव किसी कार्यको करनेके पूर्व कर्त्तव्य और अकर्त्तव्यकी मीमांसा करे, तत्त्व और अतत्त्वका विचार करे, योग्यको सीखे और उसके नामसे पुकारने पर आवे, उसे समनस्क या संज्ञी कहते हैं। इससे विपरीत स्वरूपवालेको अमनस्क या असंज्ञी कहते हैं। जो जीव ऐसा विचार करता है कि मेरे इस प्रकारके कार्य करने पर इस प्रकारके कार्यकी निष्पत्ति होगी, वह संज्ञी है। जो ऐसा विचार नहीं करता है, वह असंज्ञी जानना चाहिए ॥१७४-१७५॥

इस प्रकार संज्ञिमार्गणा समाप्त हुई।

आहारमार्गणा, आहारकका स्वरूप—

[2]आहारइ सरीराणं तिण्हं एक्कदरवग्गणाओ य ।
भासा मणस्स णियय तम्हा आहारओ भणिओ[2] ॥१७६॥

जो जीव औदारिक, वैक्रियिक और आहारक इन तीन शरीरोंमेंसे उदयको प्राप्त हुए किसी एक शरीरके योग्य शरीरवर्गणाको, तथा भाषावर्गणा और मनोवर्गणाको नियमसे ग्रहण करता है, वह आहारक कहा गया है ॥१७६॥

आहारक और अनाहारक जीवोंका विभाजन—

[3]विग्गहगइमावण्णा केवलिणो समुहदो अजोगी य ।
सिद्धा य अणाहारा सेसा आहारया जीवा[3] ॥१७७॥

विग्रहगतिको प्राप्त हुए चारों गतिके जीव, प्रतर और लोकपूरण समुद्घातको प्राप्त सयोगिकेवली और अयोगिकेवली, तथा सिद्ध भगवान् ये सब अनाहारक होते हैं, अर्थात् औदारिकादि शरीरके योग्य पुद्गलपिंडको ग्रहण नहीं करते हैं। इनके अतिरिक्त शेष सब जीव आहारक होते हैं ॥१७७॥

इस प्रकार आहारमार्गणा समाप्त हुई।

उपयोगप्ररूपणा, उपयोगका स्वरूप और भेद-निरूपण—

[4]वत्थुणिमित्तो भावो जादो जीवस्स होदि उवओगो ।
उवओगो सो दुविहो सागारो चेव अणगारो[4] ॥१७८॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, ३२०। 2. १, ३२३। 3. १, ३२४। 4. १, ३३२।

१. गो० जी० ६६१। २. ध० भा० १ पृ० १५२ गा० ९८। गो० जी० ६६४। ३. ध० भा० १ पृष्ठ १५३ गा० ९९। गो० जी० ६६५। ४. गो० जी० ६७१।

समुद्दो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवका जो भाव वस्तुके ग्रहण करनेके लिए प्रवृत्त होता है, उसे उपयोग करते हैं। वह साकार और अनाकारके भेदसे दो प्रकारका जानना चाहिए ॥१७८॥

साकार-उपयोगका स्वरूप—

[1]मइ-सुइ-ओहि-मणेहि य जं सयविसयं विसेसविण्णाणं।
अंतोमुहुत्तकालो उवओगो सो हु सागारो[1] ॥१७९॥

मति, श्रुत, अवधि और मनः पर्ययज्ञानके द्वारा जो अपने-अपने विषयका विशेष विज्ञान होता है, उसे साकार-उपयोग कहते हैं। यह अन्तर्मुहूर्त्तकाल तक होता है ॥१७९॥

अनाकार-उपयोगका स्वरूप—

[2]इंदियमणोहिणा वा अत्थे अविसेसिऊण जं गहणं।
अंतोमुहुत्तकालो उवओगो सो अणागारो[2] ॥१८०॥

इन्द्रिय, मन और अवधिके द्वारा पदार्थोंकी विशेषताको ग्रहण न करके जो सामान्य अंशका ग्रहण होता है, उसे अनाकार-उपयोग कहते हैं। यह भी अन्तर्मुहूर्त्तकाल तक होता है ॥ १८० ॥

[3]केवलिणं सागारो अणगारो जुगवदेव उवओगो।
सादी अणंतकालो पच्चक्खो सव्वभावगदो ॥१८१॥

केवलियोंके साकार और अनाकार उपयोग युगपत् ही होता है। उसका काल सादि और अनन्त है, अर्थात् उत्पन्न होनेके पश्चात् अनन्तकाल तक रहता है। वह प्रत्यक्ष है और सर्व भाव-गत है, अर्थात् चराचर जगद्-व्यापी समस्त पदार्थोंको जानता है ॥१८१॥

इस प्रकार उपयोगप्ररूपणा समाप्त हुई।

जीवसमास-अधिकारका उपसंहार—

[4]णिक्खेवे एयट्ठे णयप्पमाणे णिरुत्ति अणिओगे।
मग्गइ वीसं भेए सो जाणइ जीवसब्भावं ॥१८२॥

जो ज्ञानी पुरुष निक्षेप,एकार्थ,नय, प्रमाण, निरुक्ति और अनुयोगमें उपर्युक्त बीस प्ररूपणा-रूप भेदोंका अन्वेषण करता है, वह जीवके सद्भाव अर्थात् यथार्थ स्वरूपको जानता है ॥१८२॥

छहों लेश्याओंके वर्ण—

किण्हा भमर-सवण्णा णीला पुण णील-गुलियसंकासा।
काऊ कओद-वण्णा तेऊ तवणिज्ज-वण्णा हु ॥१८३॥
पम्हा पउमसवण्णा सुक्का पुणु कासकुसुमसंकासा।
वण्णंतरं च एदे हवंति परिमिता अणंता वा ॥१८४॥

---

1. सं० पंचसं० १, ३३३। 2. १, ३३४। 3. १, ३३५। 4. १, ३५३।

१. गो० जी० ६७३, परं तत्र द्वितीयचरणे 'जं सयविसयं' स्थाने 'सगसगविसये' इति पाठः।
२. गो०जी० ६७४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कृष्णलेश्या भौंरेके समान वर्णवाली है, नीललेश्या नीलकी गोली, नीलमणि या मयूरकंठके समान वर्णवाली है। कापोतलेश्या कपोत (कबूतर) के समान वर्णवाली है। तेजोलेश्या तपे हुए सोनेके समान वर्णवाली है। पद्मलेश्या पद्म (गुलाबी रंगके कमल) के सदृश वर्णवाली है और शुक्ललेश्या कांसके फूलके समान श्वेतवर्णवाली है। इन छहों लेश्याओंके वर्णान्तर अर्थात् तारतम्यकी अपेक्षा मध्यवर्ती वर्णोंके भेद इन्द्रियों-द्वारा ग्रहण करनेकी दृष्टिसे संख्यात हैं, स्कन्ध-गत जातियोंकी अपेक्षा असंख्यात हैं और परमाणु-गत भेदकी अपेक्षा अनन्त हैं ॥१८३-१८४॥

नरकोंमें लेश्याओंका निरूपण—

[1]काऊ काऊ तह काउ-णील णीला य णील-किण्हा य ।
किण्हा य परमकिण्हा लेसा रयणादि-पुढवीसु ॥१८५॥

रत्नप्रभादि पृथिवियोंमें क्रमशः कापोत, कापोत, कापोत और नील, नील, नील और कृष्ण, कृष्ण, तथा परमकृष्ण लेश्या होती है ॥१८५॥

विशेषार्थ—प्रथम पृथिवीके नारकियोंके कापोतलेश्याका जघन्य अंश होता है। द्वितीय पृथिवीके नारकियोंके कापोतलेश्याका मध्यम अंश होता है। तृतीय पृथिवीके नारकियोंके कापोत-लेश्याका उत्कृष्ट अंश और नीललेश्याका जघन्य अंश होता है। चतुर्थ पृथिवीके नारकियोंके नीललेश्याका मध्यम अंश होता है। पंचम पृथिवीके नारकियोंके नीललेश्याका उत्कृष्ट अंश और कृष्णलेश्याका जघन्य अंश होता है। षष्ठ पृथ्वीके नारकियोंके कृष्णलेश्याका मध्यम अंश होता है। सप्तम पृथ्वीके नारकियोंके परम कृष्णलेश्या अर्थात् कृष्णलेश्याका उत्कृष्ट अंश होता है।

तिर्यंच और मनुष्योंमें लेश्याओंका निरूपण—

[2]एइंदिय-वियलिंदिय-असण्णि-पंचिंदियाण पढमतियं ।
संखदीदाऊणं सेसा सेसाण छप्पि लेसाओ ॥१८६॥

३।३।६।

एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और असंज्ञी पंचेन्द्रियतिर्यंचोंमें प्रथम तीन अशुभ लेश्याएँ होती हैं। संख्यातीत आयुवालोंके अर्थात् असंख्यात वर्षकी आयुवाले भोगभूमियाँ मनुष्य और तिर्यंचोंके शेष तीन शुभ लेश्याएँ होती हैं। शेष अर्थात् संख्यात वर्षकी आयुवाले कर्मभूमियाँ मनुष्य और तिर्यंचोंके छहों लेश्याएँ होती हैं ॥१८६॥ (इनकी अंकसंदृष्टि गाथाके नीचे दी है।)

गुणस्थानोंमें लेश्याओंका निरूपण—

[3]पढमाइचउ छलेसा सुहाउ जाणे हु तिस्सु तिण्णेव ।
उवरिमगुणेसु सुक्का णिल्लेसो अंतिमो भणिओ ॥१८७॥

६।६।६।६।३।३।३।१।१।१।१।१।१।१।०।

प्रथम गुणस्थानसे लेकर चौथे गुणस्थान तक छहों लेश्याएँ होती हैं। पाँचवेंसे लेकर सातवें तक तीन गुणस्थानोंमें तीन शुभ लेश्याएँ ही होती हैं। उपरिम गुणोंमें अर्थात् आठवेंसे लेकर तेरहवें गुणस्थान तक एक शुक्ललेश्या ही होती है। अन्तिम अयोगकेवली गुणस्थान निर्लेश्य अर्थात् लेश्या-रहित कहा गया है ॥१८७॥ (इनकी अंकसंदृष्टि गाथाके नीचे दी है।)

---

1. सं० पञ्चसं० १, २६८ । 2. १, २६७ । 3. १, २६५ ।

१. जीवस० ७२, मूला० ११२४, गो० जी० ५२८ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवोंमें लेश्याओंका निरूपण—

[1]तिण्हं दोण्हं दोण्हं छण्हं दुण्हं च तेरसण्हं च ।
एदो य चउदसण्हं लेसाण समासओ मुणह ॥१८८॥

तेऊ तेऊ तह तेउ-पम्म पम्मा य पम्म-सुक्का य ।
सुक्का य परमसुक्का लेसा भवणाइदेवाणं[2] ॥१८९॥

भवनादि तीन देवोंके अर्थात् भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषियोंके जघन्य तेजोलेश्या होती है। सौधर्म और ईशान इन दो कल्पवासी देवोंके मध्यम तेजोलेश्या होती है। सनत्कुमार और महेन्द्र इन दो कल्पवासी देवोंके उत्कृष्ट तेजोलेश्या और जघन्य पद्मलेश्या होती है। ब्रह्म ब्रह्मोत्तर, लान्तव, कापिष्ट, शुक्र, महाशुक्र इन छह कल्पवासी देवोंके मध्यम पद्मलेश्या होती है। शतार, सहस्रार इन दो कल्पवासी देवोंके उत्कृष्ट पद्मलेश्या और जघन्य शुक्ललेश्या होती है। आनत, प्राणत, आरण, अच्युत इन चार कल्पवासी देवोंके तथा नव ग्रैवेयकवासी कल्पातीत देवोंके, इन तेरहोंके मध्यम शुक्ललेश्या होती है। इससे ऊपर नव अनुदिश और पंच अनुत्तर इन चौदह कल्पातीत देवोंके परम अर्थात उत्कृष्ट शुक्ललेश्या होती है ॥१८८-१८९॥

[2]पज्जत्तयजीवाणं सरीर-लेसा हवंति छब्भेया ।
सुक्का काऊ य तहा अपज्जत्ताणं तु बोहव्वा ॥१९०॥

पर्याप्तक जीवोंके शरीरकी लेश्या अर्थात् द्रव्य लेश्या छहों होती हैं। किन्तु अपर्याप्तकोंके शरीरलेश्या शुक्ल और कापोत जानना चाहिए ॥१९०॥

[3]विग्गहगइमावण्णा जीवाणं दव्वओ य सुक्का य ।
सरीरम्हि असंगहिए काऊ तह अपज्जत्तकाले य ॥१९१॥

विग्रहगतिको प्राप्त हुए चारों गतिके जीवोंके शरीरके ग्रहण नहीं करने अर्थात् जन्म नहीं लेनेतक द्रव्यसे शुक्ललेश्या होती है। पुनः जन्म लेनेके पश्चात् शरीरपर्याप्तिके पूर्ण नहीं होने तक अपर्याप्तकालमें कापोतलेश्या होती है ॥१९१॥

लेश्या-जनित भावोंका दृष्टान्त-द्वारा निरूपण—

[4]णिम्मूल खंध साहा गुंछा चुणिऊण ÷ कोइ पडिदाइं ।
जह एदेसिं भावा तह वि य लेसा मुणेयव्वा[3] ॥१९२॥

जिस प्रकार कोई पुरुष किसी वृक्षके फलोंको जड़-मूलसे उखाड़कर, कोई स्कन्धसे काटकर, कोई गुच्छोंको तोड़कर, कोई फलोंको चुनकर और कोई गिरे हुए फलोंको बीन करके खाना चाहे, तो उनके भाव जैसे उत्तरोत्तर विशुद्ध हैं, उसी प्रकार कृष्णादि लेश्याओंके भाव भी क्रमशः उत्तरोत्तर विशुद्ध चाहिए ॥१९२॥

---

1. १, २६९–२७१ । 2. १, २५३–२५६ । 3. १, २५७ । 4. १, २६४ ।

१. गो० जी० ५३३ । जीवस० गा० ७३, परं तत्र चतुर्थचरणे 'सक्कादिविमाणवासीणं' इति पाठः। २. गो० जी० ५३४ । तत्र चतुर्थचरणे भवणतियाऽपुण्णगे असुहा इति पाठः। ३. गो० जी० ५०७ । उत्तरार्धे पाठभेदः ।

÷ द ब चुण्णिऊण ।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

सम्यग्दृष्टि जीव मर कर कहाँ-कहाँ उत्पन्न नहीं होता—

[1]छसु हेट्ठिमासु पुढवीसु जोइस-वण-भवण-सव्वइत्थीसु ।
वारस मिच्छावादे सम्माइट्ठिस्स णत्थि उववादो[1] ॥१९३॥

प्रथम पृथ्वीके विना अधस्तन छहों पृथिवियोंमें; ज्योतिषी, व्यन्तर, भवनवासी देवोंमें, सर्वप्रकारकी स्त्रियोंमें अर्थात् तिर्यंचनी, मनुष्यनी और देवियोंमें, तथा बारह मिथ्यावादमें अर्थात् जिनमें केवल एक मिथ्यात्व ही गुणस्थान होता है, ऐसे एकेन्द्रिय विकलेन्द्रिय और असंज्ञिपञ्चेन्द्रियसम्बन्धी तिर्यञ्चोंके बारह जीवसमासोंमें सम्यग्दृष्टि जीवका उत्पाद नहीं है, अर्थात् वह मरकर इनमें उत्पन्न नहीं होता है ॥१९३॥

एक जीवके कौन-कौन सी मार्गणाएँ एक साथ नहीं होती हैं—

[2]मणपज्जव परिहारो उवसमसम्मत्त दोण्णि आहारा ।
एदेसु एक्कपयदे णत्थि त्ति असेसयं जाणे[2] ॥१९४॥

मनःपर्ययज्ञान, परिहारविशुद्धिसंयम, प्रथमोपशमसम्यक्त्व और दोनों आहारक, अर्थात् आहारकशरीर और आहारकअंगोपांग; इन चारोंमेंसे किसी एकके होने पर शेष तीन मार्गणाएँ नहीं होतीं, ऐसा जानना चाहिए ॥१९४॥

संयमोंका गुणस्थानोंमें निरूपण—

[3]जा सामाइय छेदोऽणियट्टि परिहारमप्पमत्तो त्ति ।
सुहुमो सुहुमसराओ उवसंताई जहक्खाय ॥१९५॥

छठे गुणस्थानसे लेकर नवें अनिवृत्तिकरण गुणस्थान तक सामायिक और छेदोपस्थापना संयम होता है । अप्रमत्तान्त अर्थात् छठें और सातवें गुणस्थानमें परिहारविशुद्धिसंयम होता है । सूक्ष्मसाम्परायसंयम सूक्ष्मसरागनामक दशवें गुणस्थानोंमें होता है और यथाख्यातसंयम उपशान्तकषायादि अन्तिम चार गुणस्थानमें होता है ॥१९५॥

समुद्घातके भेद—

[4]वेयण कसाय वेउव्विय मारणंतिओ समुग्घाओ ।
*तेजाऽऽहारो छट्ठो सत्तमओ केवलीणं च[3] ॥१९६॥

१ वेदनासमुद्घात २ कषायसमुद्घात ३ वैक्रियिकसमुद्घात ४ मारणान्तिकसमुद्घात, ५ तैजससमुद्घात, छट्ठा आहारकसमुद्घात और सातवाँ केवलियोंके होनेवाला केवलिसमुद्घात ये सात प्रकारके समुद्घात होते हैं । (वेदनादि कारणोंसे मूल शरीरके साथ सम्बन्ध रखते हुए आत्मप्रदेशोंके बाहर निकलनेको समुद्घात कहते हैं ।)॥१९६॥

केवलिसमुद्घातका निरूपण—

[5]पढमे दंडं कुणइ य विदिए य कवाडयं तहा समए ।
तइए पयरं चेव य चउत्थए लोयपूरणयं ॥१९७॥

---

1. सं० पञ्चसं० १, २९७ । 2. १, ३४० । 3. १, २४४ । 4. १, ३३७ । 5. १, ३२६ ।

१. ध० भा० १ पृ० २०९, गा० १३३ । परं तत्रोत्तरार्धे 'णेदेसु समुप्पज्जइ सम्माइट्ठी दु जो जीवो' इति पाठः । गो० जी० १२७. तत्रायं पाठः—हेट्ठिमछप्पुढवीणं जोइसि-वण-भवण-सव्व-इत्थीणं । पुण्णिदरे ण हि सम्मो ण सासणो णारयापुण्णे ॥ २. गो०जी० ७२८ । ३. ध० १, ३, २ गो० जी० ६६६ ।

* प्रतिषु 'तेजा' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवरं पंचमसमए जोई मंथाणयं तदो छट्ठे ।
सत्तमए य कवाडं संवरइ तदोऽट्ठमे दंडं ॥१९८॥

समुद्घातगतकेवली भगवान् प्रथम समयमें दंडरूप समुद्घात करते हैं। द्वितीय समयमें कपाटरूप समुद्घात करते हैं। तृतीय समयमें प्रतररूप और चौथे समयमें लोकपूरण समुद्घात करते हैं। पाँचवें समयमें वे सयोगिजिन लोकके विवर-गत आत्मप्रदेशोंका संवरण (संकोच) करते हैं। पुनः छठे समयमें मन्थान-(प्रतर-) गत आत्मप्रदेशोंका संवरण करते हैं। सातवें समयमें कपाट-गत आत्मप्रदेशोंका संवरण करते हैं और आठवें समयमें दंडसमुद्घात-गत आत्मप्रदेशोंका संवरण करते हैं ॥१९७-१९८॥

केवलिसमुद्घातमें काययोगोंका निरूपण—

[1]दंडदुगे ओरालं कवाडजुगले य पयरसंवरणे ।
मिस्सोरालं भणियं कम्मइओ सेस तत्थ अणहारी ॥१९९॥

केवलिसमुद्घातके उक्त आठों समयोंमेंसे दण्ड-द्विक अर्थात् पहले और आठवें समयके दोनों दण्डसमुद्घातोंमें औदारिककाययोग होता है। कपाट-युगलमें अर्थात् विस्तार और संवरण-गत दोनों कपाटसमुद्घातोंमें तथा संवरण-गत प्रतरसमुद्घातमें यानी दूसरे, छठे और सातवें समयमें औदारिकमिश्रकाययोग होता है, ऐसा परमागममें कहा गया है। शेष समयोंमें अर्थात् तीसरे, चौथे और पांचवें समयमें कार्मणकाययोग होता है और उस समय केवली भगवान् अनाहारक रहते हैं ॥१९९॥

केवलिसमुद्घातका नियम—

[2]छम्मासाउगसेसे उप्पण्णं जेसिं केवलं णाणं ।
ते णियमा समुग्घायं सेसेसु हवंति भयणिज्जा[1] ॥२००॥

जिनके छह मास आयुके शेष रहने पर केवलज्ञान उत्पन्न होता है, वे केवली नियमसे समुद्घात करते हैं। शेष केवलियोंमें समुद्घात भजनीय है, अर्थात् कोई करते भी हैं और कोई नहीं भी करते ॥२००॥

सम्यक्त्व, अणुव्रत और महाव्रतकी प्राप्तिका नियम—

[3]चत्तारि वि *छेत्ताइं आउयबंधेण होइ सम्मत्तं ।
अणुवय-महव्वयाइं ण लहइ देवाउअं मोत्तुं[2] ॥२०१॥

जीव चारों ही क्षेत्रों (गतियों) की आयुका बन्ध होनेपर सम्यक्त्वको प्राप्त कर सकता है। किन्तु अणुव्रत और महाव्रत देवायुको छोड़कर शेष आयुका बन्ध होने पर प्राप्त नहीं कर सकता ॥२०१॥

दर्शनमोहनीयका क्षय कौन करता है—

[4]दंसणमोहक्खवणापट्ठवगो कम्मभूमिजादो हु ।
णियमा मणुसगदीए णिट्ठवगो चावि सव्वत्थ[3] ॥२०२॥

---

1. सं पञ्चसं० १, ३२५ । 2. १, ३२७ । 3. १, ३०१ । 4. १, २९४ ।

१. मूलारा २१०'५ । ध० भा० १ पृ० ३०३ गा० १६७ । २. ध० भा० १ पृ० ३२६ गा० १६९ । गो० जी० ६५२, गो० क० ३३४ । ३. क० पा० २ गा० १६७ गो०जी० ६४७ ।
* ब खेत्ताइं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मनुष्यगतिमें उत्पन्न हुआ कर्मभूमियाँ मनुष्य ही नियमसे दर्शनमोहनीयकर्मके क्षयका प्रस्थापक होता है अर्थात् प्रारम्भ करता है। किन्तु निष्ठापक सर्वत्र होता है। अर्थात् पूर्व-बद्ध आयुके वशसे किसी भी गतिमें उत्पन्न होकर उसकी निष्ठापना (पूर्णता) कर सकता है ॥२०२॥

क्षायिकसम्यग्दृष्टिके संसार-वासका नियम—

[1]खवणाए पट्ठवगो जम्मि भवे णियमदो तदो [†]अण्णे ।
णादिक्कदि तिण्णि भवे दंसणमोहम्मि खीणम्मि[1] ॥२०३॥

जो मनुष्य जिस भवमें दर्शनमोहकी क्षपणाका प्रस्थापन करता है, वह दर्शनमोहके क्षीण होने पर नियमसे उससे अन्य तीन भवोंका अतिक्रमण नहीं करता है। अर्थात् दर्शनमोहके क्षीण हो जानेपर तीन भवमें नियमसे मुक्त हो जाता है ॥२०३॥

दर्शमोहनीयका उपशम कौन करता है—

[2]दंसणमोह-उवसामगो दु चउसु वि गईसु बोहव्वो ।
पंचिंदिओ य सण्णी णियमा सो होइ पज्जत्तो[2] ॥२०४॥

दर्शनमोहका उपशम करनेवाला जीव चारों ही गतियोंमें जानना चाहिए। किन्तु वह नियमसे पंचेन्द्रिय, संज्ञी और पर्याप्तक होता है। अर्थात् चारों ही गतिके संज्ञी, पंचेन्द्रिय पर्याप्तक जीव उपशमसम्यक्त्व प्राप्त कर सकते हैं ॥२०४॥

विरह (अन्तर) कालका नियम—

[3]सम्मत्ते सत्त दिणा विरदाविरदे य चउदसा होंति ।
विरदेसु य पण्णरसं विरहियकालो य बोहव्वो[3] ॥२०५॥

उपशमसम्यक्त्वका विरहकाल सात दिन, उपशमसम्यक्त्व-सहित विरताविरतका विरह-काल चौदह दिन और उपशमसम्यक्त्व-सहित विरत अर्थात् प्रमत्त-अप्रमत्तसंयतका विरहकाल पन्द्रह दिन जानना चाहिए ॥२०५॥

नारिकयोंके विरहकालका नियम—

पणयालीस मुहुत्ता पक्खो मासो य तिण्णि चउ मासा ।
छम्मास वरिसमेयं च अंतरं होइ पुढवीणं ॥२०६॥

जीवसमासो समत्तो

रत्नप्रभादि सातों पृथिवियोंमें नारकियोंकी उत्पत्तिका अन्तरकाल क्रमशः पैंतालीस मुहूर्त्त, एक पक्ष, एक मास, दो मास, चार मास, छह मास और एक वर्ष होता है ॥२०६॥

इस प्रकार जीवसमास नामक प्रथम अधिकार समाप्त हुआ।

---

1. सं० पञ्चसं० १, २६५। 2. १, २६६। 3. १, ३३६।

१. क० पा०, गा० ११३। २. क०पा० गा० ६५। ३. गो० जी० १४४ 'परं तत्र प्रथमचरणे पढमुवसमसहिदाए' इति पाठः।

† द अण्णो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय अधिकार

प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन

मंगलाचरण और प्रतिज्ञा—

[1]पयडि-विबंधणमुक्कं पयडिसरूवं विसेसदेसयरं ।
पणविय वीरजिणिंदं पयडिसमुक्कित्तणं वुच्छं ॥१॥

कर्म-प्रकृतियोंके बन्धनसे विमुक्त, एवं प्रकृतियोंके स्वरूपका विशेषरूपसे उपदेश करनेवाले ऐसे श्रीवीर जिनेन्द्रको प्रणाम करके मैं प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन नामक अधिकारको कहूँगा ॥१॥

पयडीओ दुविहाओ मूलपयडीओ उत्तरपयडीओ । तं जहा—

प्रकृतियाँ दो प्रकारकी होती हैं—मूलप्रकृतियाँ और उत्तरप्रकृतियाँ । उनका विशेष विवरण इस प्रकार है—

[2]णाणस्स दंसणस्स य आवरणं वेयणीय मोहणियं ।
आउग णामागोदं तहंतरायं च मूलाओ[1] ॥२॥

ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय ये कर्मोंकी आठ मूलप्रकृतियाँ हैं ॥२॥

कर्मोंके स्वभावका दृष्टान्त-द्वारा निरूपण—

पड पडिहारसिमज्जा हडि चित्त कुलाल भंडयारीणं ।
जह एदेसिं भावा तह वि य कम्मा मुणेयव्वा[2] ॥३॥

पट (देव-मुखका आच्छादक वस्त्र) प्रतीहार (राजद्वार पर बैठा हुआ द्वारपाल) असि (मधु-लिप्त तलवार) मद्य (मदिरा) हडि (पैर फंसानेका खोड़ा) चित्रकार (चितेरा) कुम्भकार (वर्त्तन बनानेवाला कुम्भार) और भंडारी (कोषाध्यक्ष) इन आठोंके जैसे अपने-अपने कार्य करनेके भाव होते हैं, उस ही प्रकार क्रमशः कर्मोंके भी स्वभाव समझना चाहिए ॥३॥

---

1. सं० पञ्चसं० २, १ । 2. २, २ ।

१. कर्मस्त० ६ । गो० क० ८, परं तत्र चतुर्थ-चरणे–'तरायमिदि अट्ठ पयडीओ' इति पाठः ।
२. गो० क० २१ । कर्मवि० ६ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्मोंकी उत्तरप्रकृतियोंका निरूपण—

[1]पंच णव दोण्णि अट्ठावीसं चउरो तहेव तेणउदी ।
दोण्णि य पंच य भणिया पयडीओ उत्तरा होंति ॥४॥

ज्ञानावरणादि आठों मूल-प्रकृतियोंकी उत्तरप्रकृतियाँ क्रमसे पाँच, नौ, दो, अट्ठाईस, चार, तेरानवे, दो और पाँच कही गई हैं ॥४॥

प्रत्येक कर्मकी उत्तरप्रकृतियोंका पृथक्-पृथक् निरूपण—

[2]जं तं णाणावरणीयं कम्मं तं पंचविहं—आभिणिबोहियणाणावरणीयं सुदणाणावरणीयं ओहिणाणावरणीयं केवलणाणावरणीयं चेदि[2] । जं दंसणावरणीयं कम्मं तं णवविहं—णिद्दाणिद्दा पयलापयला थीणगिद्धी णिद्दा य पयला य । चक्खुदंसणावरणीयं अचक्खुदंसणावरणीयं ओहिदंसणावरणीयं केवलदंसणावरणीयं चेदि[3] । जं वेयणीयं कम्मं तं दुविहं—सादावेयणीयं असादावेयणीयं चेदि[4] ।

जो ज्ञानावरणीयकर्म है, वह पाँच प्रकारका है—आभिनिबोधिकज्ञानावरणीय, श्रुतज्ञानावरणीय, अवधिज्ञानावरणीय, मनःपर्ययज्ञानावरणीय और केवलज्ञानावरणीय । जो दर्शनावरणीयकर्म है, वह नौ प्रकारका है—निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, निद्रा और प्रचला । तथा चक्षुदर्शनावरणीय, अचक्षुदर्शनावरणीय, अवधिदर्शनावरणीय और केवलदर्शनावरणीय । जो वेदनीयकर्म है, वह दो प्रकारका है—सातावेदनीय और असातावेदनीय ।

जं मोहणीयं कम्मं तं दुविहं—दंसणमोहणीयं चारित्तमोहणीयं चेदि[5] । जं दंसणमोहणीयं कम्मं तं बंधादो एयविहं । संतकम्मं पुण तिविहं—मिच्छत्तं सम्मत्तं सम्मामिच्छत्तं चेदि[6] । जं चारित्तमोहणीयं कम्मं तं दुविहं—कसायवेयणीयं णोकसायवेयणीयं चेदि[7] । जं कसायवेयणीयं कम्मं तं सोलसविहं—अणंताणुबंधिकोह-माण-माया-लोहा, अपच्चक्खाणावरणकोह-माण-माया-लोहा, पच्चक्खाणावरणकोह-माण-माया-लोहा, संजलणकोह-माण-माया-लोहा चेदि[8] । जं णोकसायवेयणीयं कम्मं तं णवविहं*—इत्थिवेदं पुरिसवेदं णउंसयवेदं हास रइ अरइ सोय भय दुगुंछा चेदि[9] ।

जो मोहनीयकर्म है, वह दो प्रकारका है—दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय । जो दर्शनमोहनीयकर्म है, वह बन्धकी अपेक्षा एक प्रकारका है । किन्तु सत्कर्म (सत्त्व) की अपेक्षा तीन प्रकारका है—मिथ्यात्व, सम्यक्त्वप्रकृति और सम्यग्मिथ्यात्व । जो चारित्रमोहनीयकर्म है, वह दो प्रकारका है—कषायवेदनीय और नोकषायवेदनीय । जो कषायवेदनीयकर्म है, वह

---

1. सं० पञ्चसं० २, ३ । 2. २, ५–३५ ।

१. कर्मस्त० १०, परं तत्र 'तेणउदी' स्थाने 'बायाला' इति पाठः । गो० क० २२, परं तत्रोत्तरार्धं 'ते उत्तरं सयं वा दुग पणगं उत्तरा होंति' इति पाठः । २. षट्० प्र० समु० चू० सू० १४ ३. षट्० प्र० स० चू०. सू० १६ । ४. षट्० प्र० स० चू० सू० १८ । ५. षट्० प्र० स० चू० सू० २० । ६. षट्० प्र० स० चू० सू० २१ । ७. षट्० प्र० स० चू० सू० २२ । ८. षट्० प्र० स० चू० सू० २३ । ९. षट्० प्र० स० चू० सू० २४ ।

* द 'भणिदं' इत्यधिकः पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सोलह प्रकारका है—अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ; अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ; प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ; और संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ। जो नोकषायवेदनीयकर्म है, वह नौ प्रकारका है—स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, और जुगुप्सा।

जं आउकम्मं तं चउव्विहं—णिरियाउगं तिरियाउगं मणुयाउगं देवाउगं चेदि[1]।

जो आयुकर्म है, वह चार प्रकारका है—नरकायुष्क, तिर्यगायुष्क, मनुष्यायुष्क और देवायुष्क।

जं णामकम्मं तं बायालीसं पिंडापिंडपयडीओ[2]। पिंडपयडीओ चउद्दस १४। अपिंडपयडीओ अट्ठावीसं २८। तं जहा—गइणामं जाइणामं सरीरणामं सरीरबंधणणामं सरीरसंघायणामं सरीरसंठाणणामं सरीरअंगोवंगणामं सरीरसंघयणणामं वण्णणामं गंधणामं रसणामं फासणामं आणुपुव्वीणामं विहायगइणामं अगुरुगलहुगणामं उवघादणामं परघादणामं उस्सासणामं आदावणामं उज्जोवणामं तसणामं थावरणामं बादरणामं सुहुमणामं पज्जत्तणामं अपज्जत्तणामं पत्तेयसरीरणामं साहारणसरीरणामं थिरणामं अथिरणामं सुहणामं असुहणामं सुभगणामं दुब्भगणामं सुस्सरणामं दुस्सरणामं आदेज्जणामं अणादेज्जणामं जसकित्तिणामं अजसकित्तिणामं णिमिणणामं तित्थयरणामं चेदि[3]।

जो नामकर्म है, वह पिंड और अपिंड प्रकृतियोंके समुच्चयकी अपेक्षा ब्यालीस प्रकारका है। उनमें पिंडप्रकृतियाँ चौदह हैं और अपिंडप्रकृतियाँ अट्ठाईस हैं। उनका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—गतिनाम, जातिनाम, शरीरनाम, शरीर-बन्धननाम शरीर-संघातनाम, शरीर-संस्थाननाम, शरीर-अंगोपांगनाम, शरीर-संहनननाम, वर्णनाम, गन्धनाम, रसनाम, स्पर्शनाम, आनुपूर्वीनाम, विहायोगतिनाम, अगुरुलघुनाम, उपघातनाम, परघातनाम, उच्छ्वासनाम, आतापनाम, उद्योतनाम, त्रसनाम, स्थावरनाम, बादरनाम, सूक्ष्मनाम, पर्याप्तनाम, अपर्याप्तनाम, प्रत्येकशरीरनाम, साधारणशरीरनाम, स्थिरनाम, अस्थिरनाम, शुभनाम, अशुभनाम, सुभगनाम, दुर्भगनाम, सुस्वरनाम, दुःस्वरनाम, आदेयनाम, अनादेयनाम, यशःकीर्त्तिनाम, अयशःकीर्तिनाम, निर्माणनाम और तीर्थकरनाम।

जं गइणामकम्मं तं चउव्विहं—णिरयगइणामं तिरियगइणामं मणुयगइणामं देवगइणामं चेदि[4]। जं जाइणामकम्मं तं पंचविहं—एइंदियजाइणामं वेइंदियजाइणामं तेइंदियजाइणामं चउरिंदियजाइणामं पंचेंदियजाइणामं चेदि[5]। जं सरीरणामकम्मं तं पंचविहं—ओरालियसरीरणामं वेउव्वियसरीरणामं आहारसरीरणामं तेयसरीरणामं कम्मइयसरीरणामं चेदि[6]।

---

१. षट्० प्र० स० चू० सू० २५–२६। २. षट्० प्र०स० चू० सू० २७। ३. षट्० प्र०स०चू० सू० २८। ४. षट्० प्र० स० चू० सू० २९। ५. षट्० प्र० स० चू० सू० ३०। ६. षट्० प्र० स० चू० सू० ३१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इनमें जो गतिनामकर्म है, वह चार प्रकारका है—नरकगतिनाम, तिर्यग्गतिनाम, मनुष्यगतिनाम और देवगतिनाम। जो जातिनामकर्म है, वह पाँच प्रकारका है—एकेन्द्रियजातिनाम, द्वीन्द्रियजातिनाम, त्रीन्द्रियजातिनाम, चतुरिन्द्रियजातिनाम, और पंचेन्द्रियजातिनाम। जो शरीरनामकर्म है, वह पाँच प्रकारका है—औदारिकशरीरनाम, वैक्रियिकशरीरनाम, आहारकशरीरनाम, तैजसशरीरनाम और कार्मणशरीरनाम।

जं सरीरबंधणणामकम्मं तं पंचविहं—ओरालियसरीरबंधणणामं वेउव्वियसरीरबंधणणामं आहारसरीरबंधणणामं तेयसरीरबंधणणामं कम्मइयसरीरबंधणणामं चेदि[1]। जं सरीरसंघायणामकम्मं तं पंचविहं—ओरालियसरीरसंघायणामं वेउव्वियसरीरसंघायणामं आहारसरीरसंघायणामं तेयसरीरसंघायणामं कम्मइयसरीरसंघायणामं चेदि[2]।

जो शरीर-बन्धननामकर्म है, वह पाँच प्रकारका है—औदारिकशरीरबन्धननाम, वैक्रियिकशरीरबन्धननाम, आहारकशरीरबन्धननाम, तैजसशरीरबन्धननाम और कार्मणशरीरबन्धननाम। जो शरीर-संघात नामकर्म है, वह पाँच प्रकारका है—औदारिकशरीरसंघातनाम, वैक्रियिकशरीरसंघातनाम, आहारकशरीरसंघातनाम, तैजसशरीरसंघातनाम और कार्मणशरीरसंघातनाम।

जं सरीरसंठाणणामकम्मं तं छव्विहं—समचउरससरीरसंठाणणामं णिग्गोहपरिमंडलसरीरसंठाणणामं साइयसरीरसंठाणणामं खुज्जयसरीरसंठाणणामं वामणसरीरसंठाणणामं हुंडसरीरसंठाणणामं चेदि[3]। जं सरीरअंगोवंगणामकम्मं तं तिविहं—ओरालियसरीरअंगोवंगणामं वेउव्वियसरीरअंगोवंगणामं आहारसरीरअंगोवंगणामं चेदि[4]।

जो शरीरसंस्थाननामकर्म है, वह छह प्रकारका है—समचतुरस्रशरीरसंस्थाननाम, न्यग्रोधपरिमंडलशरीरसंस्थाननाम, स्वातिशरीरसंस्थाननाम, कुब्जकशरीरसंस्थाननाम, वामनशरीरसंस्थाननाम और हुंडकशरीरसंस्थाननाम। जो शरीर-अंगोपांगनामकर्म है, वह तीन प्रकारका है—औदारिकशरीर-अंगोपांगनाम वैक्रियिकशरीर-अंगोपांगनाम और आहारकशरीर-अंगोपांगनाम।

जं सरीरसंघयणणामकम्मं तं छव्विहं—वज्जरिसहणारायसरीरसंघयणणामं वज्जणारायसरीरसंघयणणामं णारायसरीरसंघयणणामं अद्धणारायसरीरसंघयणणामं खीलियसरीरसंघयणणामं असंपत्तसेपट्टसरीरसंघयणणामं चेदि[5]।

जो शरीरसंहनननामकर्म है, वह छह प्रकारका है—वज्रऋषभनाराचशरीरसंहनननाम, वज्रनाराचशरीरसंहनननाम, नाराचशरीरसंहनननाम, अर्धनाराचशरीरसंहननाम, कीलकशरीरसंहनननाम और असंप्राप्तसृपाटिकाशरीरसंहनननाम।

जं वण्णणामकम्मं तं पंचविहं—किण्हवण्णणामं णीलवण्णणामं रत्तवण्णणामं पीतवण्णणामं सुक्कवण्णणामं चेदि[6]। जं गंधणामकम्मं तं दुविहं—सुरहिगंधणामं

---

१. षट्० प्र० स० चू० सू० ३२। २. षट्० प्र० स० चू० सू० ३३। ३. षट्० प्र० स० चू० सू० ३४। ४. षट्० प्र० स० चू० सू० ३५। ५. षट्० प्र० स० चू० सू० ३६। ६. षट्० प्र० स० चू० सू० ३७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दुरहिगंधणामं चेदि[1]। जं रसणामकम्मं तं पंचविहं—तित्तणामं कडुयणामं कसायणामं अंबिलणामं महुरणामं चेदि[2]। जं फासणामकम्मं तं अट्ठविहं—कक्खडणामं मउयणामं गरुयणामं लहुयणामं णिद्धणामं लुक्खणामं सीयणामं उण्हणामं चेदि[3]।

जो वर्णनामकर्म है, वह पाँच प्रकारका है—कृष्णवर्णनाम, नीलवर्णनाम, रक्तवर्णनाम, पीतवर्णनाम और शुक्लवर्णनाम। जो गन्धनामकर्म है, वह दो प्रकारका है—सुरभिगन्धनाम और दुरभिगन्धनाम। जो रसनामकर्म है, वह पाँच प्रकारका है—तिक्तनाम, कटुकनाम, कषायनाम, आम्लनाम और मधुरनाम। जो स्पर्शनामकर्म है, वह आठ प्रकारका है—कर्कशनाम, मृदुनाम, गुरुनाम, लघुनाम, स्निग्धनाम, रूक्षनाम, शीतनाम और उष्णनाम।

जं आणुपुव्वीणामकम्मं तं तं चउव्विहं—णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वीणामं तिरियगइपाओग्गाणुपुव्वीणामं मणुयगइपाओग्गाणुपुव्वीणामं देवगइपाओग्गाणुपुव्वीणामं चेदि[4]। जं विहायगइणामकम्मं तं दुविहं—पसत्थविहायगइणामं अपसत्थविहायगइणामं चेदि[5]।

जो आनुपूर्वी नामकर्म है, वह चार प्रकारका है—नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वीनाम, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वीनाम, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वीनाम और देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वीनाम। जो विहायोगतिनामकर्म है, वह दो प्रकारका है—प्रशस्तविहायोगतिनाम और अप्रशस्तविहायोगतिनाम।

जं गोयकम्मं तं दुविहं—उच्चगोयं णीचगोयं चेदि[6]। जं अंतरायकम्मं तं पंचविहं—दाणंतराइयं लाहंतराइयं भोयंतराइयं उवभोयंतराइयं विरियंतराइयं चेदि[7]।

जो गोत्रकर्म है, वह दो प्रकारका है—उच्चगोत्र और नीचगोत्र। जो अन्तरायकर्म है, वह पांच प्रकारका है—दानान्तराय, लाभान्तराय, भोगान्तराय, उपभोगान्तराय और वीर्यान्तराय।

बन्ध-योग्य प्रकृतियोंका निरूपण—

[1]पंच णव दोण्णि छव्वीसमवि य चउरो कमेण सत्तट्ठी।
दोण्णि य पंच य भणिया एयाओ बंधपयडीओ[8] ॥५॥

ज्ञानावरणीयकी पाँच, दर्शनावरणीयकी नौ, वेदनीयकी दो, मोहनीयकी छब्बीस, आयुकर्मकी चार, नामकर्मकी सड़सठ, गोत्रकर्मकी दो और अन्तरायकर्मकी पाँच; इस प्रकार एक सौ बीस (१२०) बंधने योग्य उत्तरप्रकृतियाँ कहीं गई हैं ॥५॥

बन्ध-प्रकृतियाँ १२०।

बन्धके अयोग्य प्रकृतियोंका निरूपण—

[2]वण्ण-रस-गंध-फासा चउ चउ इगि सत्त सम्ममिच्छत्तं।
होंति अबंधा बंधण पण पण संघाय सम्मत्तं ॥६॥

---

1. सं० पञ्चसं० २, ३६। 2. २, ३७।

१. षट्० प्र० स० चू० सू० ३८। २. षट्० प्र० स० चू० सू० ३९। ३. षट्० प्र० स० चू० सू० ४०। ४. षट्० प्र० स० चू० सू० ४१। ५. षट्० प्र० स० चू० सू० ४३। ६. षट्० प्र० स० चू० सू० ४५। ७. षट्० प्र० स० चू० सू० ४६। ८. गो० क० ३५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चार वर्ण, चार रस, एक गन्ध, सात स्पर्श, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्वप्रकृति, पाँच बन्धन और पाँच संघात; ये अट्ठाईस (२८) प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य होती हैं ॥६॥

अबन्ध-प्रकृतियाँ २८ ।

उदयके अयोग्य प्रकृतियोंका निरूपण—

[1]वण्ण-रस-गंध-फासा चउ चउ सत्तेक्कमणुदयपयडीओ ।
एए पुण सोलसयं बंधण-संघाय पंचेवं ॥७॥

अणुदयपयडीओ २६ । उदयपयडीओ १२२ ।

चार वर्ण, चार रस, एक गन्ध, सात स्पर्श, पाँच बन्धन और पाँच संघात; ये छब्बीस प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य हैं । शेष एक सौ बाईस (१२२) प्रकृतियाँ उदयके योग्य होती हैं ॥७॥

अनुदय-प्रकृतियाँ २६ । उदय-प्रकृतियाँ १२२ ।

उद्वेलना-योग्य प्रकृतियाँ—

[2]आहारय-वेउव्विय-णिर-णर-देवाण होंति जुगलाणि ।
सम्मत्तुच्चं मिस्सं एया उव्वेल्लणा-पयडी ॥८॥

। १३ ।

आहारक-युगल (आहारकशरीर, आहारक-अंगोपांग) वैक्रियिक-युगल (वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक-अंगोपांग) नरक-युगल (नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी) नर-युगल (मनुष्यगति, मनुष्य-गत्यानुपूर्वी) देव-युगल (देवगति, देवगत्यानुपूर्वी) सम्यक्त्वप्रकृति, मिश्रप्रकृति (सम्यग्मिथ्यात्व) और उच्चगोत्र ये तेरह उद्वेलना प्रकृतियाँ हैं, अर्थात् इन प्रकृतियोंका उद्वेलनसंक्रमण होता है ॥८॥

उद्वेलन-प्रकृतियाँ ११ ।

ध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ—

[3]आवरण विग्घ सव्वे कसाय मिच्छत्त णिमिण वण्णचदुं ।
भय णिंदाऽगुरु तेयाकम्मुवघायं धुवाउ सगदालं ॥९॥

। ४७ ।

ज्ञानावरणीय पाँच, दर्शनावरणीय पाँच, अन्तराय पाँच, कषाय सोलह, मिथ्यात्व, निर्माण वर्णचतुष्क (वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श) भय, जुगुप्सा, अगुरुलघु, तैजस, कार्मण और उपघात ये सैंतालीस ध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ है; क्योंकि बन्ध-योग्य गुणस्थानमें इनका निरन्तर बन्ध होता है ॥९॥

ध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ ४७ ।

अध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ—

[4]परघादुस्सासाणं आयवउज्जोयमाउ चत्तारि ।
तित्थयराहारदुगं एगारह होंति सेसाओ ॥१०॥

। ११ ।

परघात, उच्छ्वास, उद्योत, चारों आयु कर्म, तीर्थंकर, आहारकशरीर और आहारक-अंगोपांग ये ग्यारह शेष अर्थात् अध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ हैं ॥१०॥

अध्रुवबन्धी प्रकृतियाँ ११ ।

---

1. सं० पञ्चसं० २, ३८ । 2. २, ४० । 3. २, ४२-४३ । 4. २, ४४ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिवर्त्तमान प्रकृतियाँ—

[1]साइयरं वेदतियं हस्सादिचउक्क पंच जाईयो।
संठाणं संघडणं छ छक्क चउक्क आणुपुव्वी य ॥११॥
गइचउ दो य सरीरं गोयं च य दोण्णि अंगवंगा य।
दह जुवलाणि [1]तसाई गयणगइदुगं विसट्ठि परिवत्ता ॥१२॥

। ६२ ।

एवं पयडिसमुक्कित्तणं समत्तं।

सातावेदनीय असातावेदनीय, तीनों वेद, हास्यादि-चतुष्क, पाँचों जातियाँ, छहों संस्थान, छहों संहनन, चारों आनुपूर्वियाँ, चारों गतियाँ, औदारिक और वैक्रियिक ये दो शरीर, दोनों गोत्रकर्म, औदारिक और वैक्रियिक ये दो अंगोपांग, त्रसादि दश युगल और विहायोगति-युगल ये बासठ प्रकृतियाँ परिवर्तमान जानना चाहिए ॥११-१२॥

विशेषार्थ—जिन परस्पर-विरोधी प्रकृतियोंका उदय एक साथ संभव नहीं है, उन्हें परिवर्तमान कहते है। जैसे सातावेदनीयका उदय जिस समय किसी जीवके होगा, उस समय उसके असातावेदनीयका उदय संभव नहीं है। किसी एक वेदके उदय होने पर उस समय दूसरे वेदका उदय नहीं हो सकता। इसलिए इन्हें परिवर्तमान प्रकृति कहते हैं। ऐसी परिवर्तमान प्रकृतियाँ ६२ होती हैं जिन्हें ऊपर गिनाया गया है। उनमें जो त्रसादि दश युगल बतलाये हैं, वे इस प्रकार हैं—१ त्रस-स्थावर, २ बादर-सूक्ष्म, ३ पर्याप्त-अपर्याप्त, ४ प्रत्येकशरीर-साधारण-शरीर, ५ स्थिर-अस्थर, ६ शुभ-अशुभ, ७ सुभग-दुर्भग, ८ सुस्वर-दुःस्वर, ९ आदेय-अनादेय और १० यशःकीर्त्ति-अयशःकीर्त्ति।

इसप्रकार प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन नामक द्वितीय अधिकार समाप्त हुआ।

---

1. सं० पञ्चसं० २, ४५-४६।

१. तस-थावरं च बादर-सुहुमं पज्जत्त तह अपज्जत्तं।
पत्तेयसरीरं पुण साहारणसरीर थिरमथिरं ॥१॥
सुह-असुह सुहग दुब्भग सुस्सर-दुस्सर तहेव णायव्वा।
आदिज्जमणादिज्जं जसकित्ति-अजसकित्ती य ॥२॥ द ब टिप्पणी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय अधिकार

कर्मस्तव

मंगलाचरण और प्रतिज्ञा—

[मूलगा० १] [1]णमिऊण अणंतजिणे तिहुअणवरणाण-दंसणपईवे ।
बंधोदयसंतजुयं वोच्छामि *थवं †णिसामेह[1] ॥१॥

त्रिभुवनको प्रकाशित करनेके लिए उत्कृष्ट ज्ञान-दर्शनरूपी प्रदीपस्वरूप अनन्त जिनोंको नमस्कार करके कर्मोंके बन्ध, उदय और सत्त्वसे युक्त स्तवको कहूँगा, सो (हे जिज्ञासु जनो, तुम लोग) सुनो ॥१॥

विशेषार्थ—जिसमें विवक्षित विषयसे सम्बन्ध रखनेवाले सभी अंगोंका विस्तार या संक्षेपसे वर्णन किया जावे उसे स्तव कहते हैं । प्रकृत प्रकरणमें कर्म-सम्बन्धी बन्ध, उदय, उदीरणा आदि सभी विषयोंका साङ्गोपाङ्ग वर्णन किया गया है, इसलिए इसका नाम कर्मस्तव है ।

बन्ध, उदय, उदीरणा और सत्त्वका स्वरूप—

[2]कंचण-रुप्पदवाणं एयत्तं जेम अणुपवेसो त्ति ।
अण्णोण्णपवेसाणं तह बंधं जीव-कम्माणं ॥२॥

[3]धण्णस्स× संगहो वा संतं जं पुव्वसंचियं कम्मं ।
[4]भुंजणकालो उदओ उदीरणाऽपक्कपाचणफलं व‡ ॥३॥

जिस प्रकार कांचन (स्वर्ण) और रूपा (चाँदी) द्रव्यके प्रदेश परस्पर एक-दूसरेमें अनुप्रविष्ट होकर एकत्वको प्राप्त हो जाते हैं, उसी प्रकार जीव और कर्मोंके परस्पर एक-दूसरेमें प्रविष्ट हुए प्रदेशोंके एकमेक होकर बंधनेको बन्ध कहते हैं । धान्यके संग्रहके समान जो पूर्व-संचित कर्म हैं, उनके आत्मामें अवस्थित रहनेको सत्त्व कहते हैं । कर्मोंके फल भोगनेके कालको उदय कहते हैं । तथा अपक्व कर्मोंके पाचनको उदीरणा कहते हैं ॥२-३॥

---

1. सं० पञ्चसं० ३, १ । 2. ३, २, ६ । 3. ३, ५ । 4. ३, ३-४ ।

१. कर्मस्त० गा० १, परं तत्र 'अणंतजिणे' इति स्थाने 'जिणवरिंदे' इति पाठः ।

* द ब पयं । † तुलना—णमिऊण णेमिचंदं असहायपरक्कमं महावीरं । बंधुदयसत्तजुत्तं ओघादेसे थवं वोच्छं ॥ गो० क० ८७ । × द ब धन्नस्स । ‡ द ब वा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणस्थानोंमें मूल प्रकृतियोंके बन्धका निरूपण—

[1]सत्तट्ठछक्कठाणा मिस्सापुव्वाणियट्टिणो सत्त ।
छह सुहुमे तिण्णेगं बंधंति अबंधओऽजोओ ॥४॥

आउस्स बंधकाले अट्ठ कम्माणि, सेसकाले सत्त ।

७	७	७	७	७	७	७	७	७	६
८	८	०	८	८	८	८	०	०	०

मोहाउगेहिं विणा ६ । वेयणीयं १ । १ । १ । १ । ० ।+

मिश्रगुणस्थानको छोड़कर अप्रमत्तगुणस्थान तकके छह गुणस्थानवर्ती जीव आयुकर्मके विना सात कर्मोंको, अथवा आयुकर्म-सहित आठ कर्मोंको बाँधते हैं। मिश्र, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण गुणस्थानवाले जीव आयुकर्मके विना शेष सात कर्मोंको बाँधते हैं। सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानवर्ती जीव आयु और मोहनीय कर्मके विना छह कर्मोंको बाँधते हैं। ग्यारहवें, बारहवें और तेरहवें ये तीन गुणस्थानवर्ती जीव केवल एक वेदनीय कर्मको ही बाँधते हैं। अयोगिकेवली जिन किसी भी कर्मका बन्ध नहीं करते हैं ॥४॥

मिश्रके विना आदिके छह गुणस्थानोंमें आयुकर्मके बंधकालमें आठ कर्म बँधते हैं और शेष कालमें सात कर्म बँधते हैं। आठवें और नवें गुणस्थानमें आयुके विना सात कर्म बँधते हैं। दशवें गुणस्थानमें मोह और आयु कर्मके विना छह कर्म बँधते हैं। शेषमें एक वेदनीय कर्म बँधता है। चौदहवें गुणस्थानमें कोई कर्म नहीं बँधता। इनकी संदृष्टि इस प्रकार है—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
७	७	७	७	७	७	७	७	७	६	१	१	१	०
८	८	०	८	८	८	८	०	०	०				

गुणस्थानोंमें मूलप्रकृतियोंके उदयका निरूपण—

[2]सुहुमं ति× अट्ठ वि कम्मा खीणुवसंता य सत्त मोहूणा ।
घाइचउक्केणूणा वेयंति य केवली वि चत्तारि ॥५॥

८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ७ । ७ । ४ । ४ । उदयः ।*

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान तकके जीव आठों ही कर्मोंका वेदन करते हैं। उपशान्तकषाय और क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती जीव मोहकर्मके विना सात कर्मोंका वेदन करते हैं। तेरहवें और चौदहवें गुणस्थानवर्ती केवली भगवान् घातिचतुष्कके विना चार कर्मोंका वेदन करते हैं ॥५॥

गुणस्थानोंमें मूल कर्मोंके उदयकी संदृष्टि इस प्रकार है—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	७	७	४	४

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ११–१२ । 2. ३, १३ ।

+ द 'इति कर्मणां बन्धः कथितः' इत्यधिकः पाठः । × द तिट्ठवि । * द 'इति कर्मणां उदयः कथितः' ईदृक् पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणस्थानोंमें मूलप्रकृतियोंकी उदीरणाका निरूपण—

[1]घाइतियं खीणंता तह मोहमुदीरयंति सुहुमंता ।
तइ आउ पमत्तंता णाम गोयं सजोअंता ॥६॥

क्षीणकषायगुणस्थान तकके जीव ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय इन तीन घातिया कर्मोंकी उदीरणा करते हैं। सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान तकके जीव मोहकर्मकी उदीरणा करते हैं। प्रमत्तसंयतगुणस्थान तकके जीव वेदनीय और आयुकर्मकी उदीरणा करते हैं। तथा सयोगिकेवली गुणस्थान तकके जीव नाम और गोत्रकर्मकी उदीरणा करते हैं ॥६॥

[2]एत्थ मिस्सं वज्ज मिच्छाइपमत्तंताणं मरणावलियासेसे आउस्स उदीरणा णत्थि, तेण सत्त, मिस्सो अट्ठ चेव उदीरेइ, आउस्स मरणावलियासेसे मिस्सगुणाभावादो।

८	८	८	८	८	८	६	६	६
७	७	०	७	७	७	०	०	०

यहाँ पर इतना विशेष जानना चाहिए कि मिश्रगुणस्थानको छोड़कर मिथ्यात्वसे लेकर प्रमत्तसंयतगुणस्थान तकके जीवोंके मरणावलीके शेष रहनेपर आयुकर्मकी उदीरणा नहीं होती है। इसलिए वे सात कर्मोंकी उदीरणा करते हैं। मिश्रगुणस्थानवाला आठों ही कर्मोंकी उदीरणा करता है, क्योंकि आयुकर्मकी मरणावली शेष रहनेपर मिश्रगुणस्थान नहीं होता।

नौ गुणस्थानोंमें उदीरणाकी संदृष्टि इस प्रकार है—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अपू०	अनि०
८	८	८	८	८	८	६	६	६
७	७	०	७	७	७			

दशवें और बारहवें गुणस्थानमें उदीरणाका नियम—

[3]सगुणा अद्धावलिआसेसे सुहुमोदीरेइ पंचेव ।

६	५
५	०

अद्धावलियासेसे खीणो णाम-गोदे चेव उदीरेइ ॥७॥

५	२	०
२		

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानवर्ती जीव अपने गुणस्थानके कालमें आवलीमात्र शेष रह जानेपर नाम और गोत्रको छोड़कर शेष पाँचों ही कर्मोंकी उदीरणा करता है। क्षीणकषायगुणस्थानवर्ती जीव अपने गुणस्थानके कालमें आवलीमात्र शेष रह जानेपर नाम और गोत्र इन दो ही कर्मोंकी उदीरणा करता है ॥७॥

शेष गुणस्थानोंमें उदीरणाकी संदृष्टि इस प्रकार है—

सू०	उ०
६	५
५	

क्षी०	स०	अ०
५	२	०
२		

1. सं पञ्चसं० ३, १४ । 2. ३, १५ । 3. ३, १६ ।

* द 'इति उदीरणा समाप्ता' इत्यधिकः पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणस्थानोंमें मूलप्रकृतियोंके सत्त्वका निरूपण—

[1]जा उवसंता संता अड सत्त य मोहवज्ज खीणम्मि ।
जोयम्मि अजोयम्मि य चत्तारि अघाइकम्माणि ॥८॥

८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ७ । ४ । ४ ।

उपशान्तकषाय गुणस्थान तक आठों ही कर्मोंका सत्त्व रहता है। क्षीणकषायगुणस्थानमें मोहकर्मको छोड़कर शेष सात कर्मोंका सत्त्व रहता है। सयोगिकेवली और अयोगिकेवलीमें चार अघातिया कर्म विद्यमान रहते हैं ॥८॥

गुणस्थानोंमें मूलकर्मोंके सत्त्वकी संदृष्टि इस प्रकार है—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	७	४	४

गुणस्थानोंमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंका निरूपण—

[मूलगा० २] [2]मिच्छे सोलस पणुवीस सासणे अविरए य दह पयडी ।
चउ छक्कमेयकमसो विरयाविरयाइ बंधवोच्छिण्णा[1] ॥९॥

[मूलगा० ३] दुअ तीस चउरपुव्वे पंचऽणियट्टिम्हि† बंधवुच्छेओ ।
सोलस सुहुमसराए सायं सजोइ-जिणवरिंदे[2] ॥१०॥

मिथ्यात्वगुणस्थानमें सोलह, सासादनमें पच्चीस, अविरतमें दश, देशविरतमें चार, प्रमत्तविरतमें छह और अप्रमत्तविरतमें एक प्रकृति बन्धसे व्युच्छिन्न होती है। अपूर्वकरणमें क्रमसे दो, तीस और चार अर्थात् छत्तीस प्रकृतियाँ, तथा अनिवृत्तिकरणमें पाँच प्रकृतियोंका बन्धसे व्युच्छेद होता है। सूक्ष्मसाम्परायमें सोलह प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं और सयोगि-जिनवरेन्द्रके एक सातावेदनीय बन्धसे व्युच्छिन्न होती है ॥९-१०॥

बन्ध-व्युच्छिन्न प्रकृतियोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
१६	२५	०	१०	४	६	१	३६	५	१६	०	०	१	०

बन्धके विषयमें कुछ विशेष नियम—

सव्वासिं‡ पयडीणं मिच्छादिट्ठी दु बंधओ भणिओ ।
तित्थयराहारदुअं मुत्तूण य सेसपयडीणं ॥११॥
[3]सम्मत्तगुणणिमित्तं तित्थयरं संजमेण आहारं ।
बज्झंति सेसियाओ मिच्छत्तादीहिं हेऊहिं ॥१२॥

मिथ्यादृष्टि जीव तीर्थंकर और आहारकद्विक, इन तीन प्रकृतियोंको छोड़ करके शेष सभी प्रकृतियोंका बन्ध करनेवाला कहा गया है। इसका कारण यह है कि तीर्थंकर प्रकृतिका सम्यक्त्वगुणके निमित्तसे और आहारकद्विकका संयमके निमित्तसे बन्ध होता है। किन्तु शेष एक सौ सत्तरह प्रकृतियाँ मिथ्यात्व आदि कारणोंसे बन्धको प्राप्त होती हैं ॥११-१२॥

---

1. सं० पञ्चसं० ३, १७ । 2. ३, १९-२० । 3. ३, १८ ।

१. कर्मस्त० गा० २ । २. कर्मस्त० गा० ३ ।

† प्रतिषु 'णियट्टीहिं' इति पाठः । ‡ प्रतिषु 'सव्वेसिं' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]तित्थयराहारदुगूणा	१६	सासादने	२५	मणुय-देवाउं विणा	०
मिच्छम्मि	११७		१०१	मिस्से	७४
	३		१६		४६
	३१		४७		७४

	१०		४		६		१
तित्थयर-मणुय-देवाऊहिं	७७	देसे	६७	पमत्ते	६३	आहारदुगेण	५६
सह अविरदे	५३		५३		५७	सह अप्पमत्ते	६१
	७१		८१		८५		८६

	२	०	०	०	०	३०	४		१	१	१	१	१
अपुव्वकरणे सत्तसु	५८	५६	५६	५६	५६	५६	२६	अणियट्टिपंचसु	२२	२१	२०	१६	१८
भाएसु	६२	६४	६४	६४	६४	६४	६४	भाएसु	६८	६६	१००	१०१	१०२
	६०	६२	६२	६२	६२	६२	१२२		१२६	१२७	१२८	१२६	१३०

	१६	०	०	०	०
	१७	१	१	१	०
सुहुमाइसु	१०३	११६	११६	११६	१२०
	१३१	१४७	१४७	१४७	१४८

आठों कर्मोंकी एक सौ अड़तालीस प्रकृतियोंमेंसे बन्धके योग्य प्रकृतियाँ एक सौ बीस पहले बतला आये हैं, उनमेंसे मिथ्यात्वगुणस्थानमें तीर्थंकर और आहारकद्विक ये तीन बन्धके अयोग्य हैं, अतः इन तीनके विना शेष एक सौ सत्तरह प्रकृतियाँ बँधती हैं, मिथ्यात्व आदि सोलह प्रकृतियोंकी बन्धसे व्युच्छित्ति होती है और इकतीसका अबन्ध रहता है। सासादन गुणस्थानमें एक सौ एक प्रकृतियाँ बँधती है, अनन्तानुबन्धीचतुष्क आदि पच्चीस प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं, उन्नीस बन्धके अयोग्य होती हैं और सैंतालीसका अबन्ध रहता है। मिश्रगुणस्थानमें मनुष्यायु और देवायुके विना शेष चौहत्तर प्रकृतियाँ बँधती हैं। यहाँपर किसी भी प्रकृतिका बन्ध-व्युच्छित्ति नहीं होती। यहाँ बन्धके अयोग्य छयालीस प्रकृतियाँ हैं और चौहत्तरका अबन्ध रहता है। अविरतसम्यक्त्वगुणस्थानमें तीर्थंकर, मनुष्यायु और देवायुका बन्ध होने लगता है, अतः उनको मिलाकर सतहत्तर प्रकृतियाँ बँधती हैं, अप्रत्याख्यानावरण-चतुष्क आदि दश प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं, तेतालीस प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं और इकहत्तरका अबन्ध रहता है। देशविरतमें सड़सठका बन्ध होता है, तिरेपन बन्धके अयोग्य हैं, इक्यासीका अबन्ध रहता है और प्रत्याख्यानावरणचतुष्ककी बन्ध-व्युच्छित्ति होती है। प्रमत्तविरतमें तिरेसठका बन्ध होता है, सत्तावन बन्धके अयोग्य हैं, पचासीका अबन्ध रहता है और असातावेदनीय आदि छह प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं। अप्रमत्तविरतमें आहारकद्विकका बन्ध होने लगता है, अतः उनसठ प्रकृतियोंका बन्ध होता है, इकसठबन्धके अयोग्य हैं, नवासीका अबन्ध रहता है और एक देवायुकी बन्धसे व्युच्छित्ति होती है। अपूर्वकरणके सात भागोंमेंसे प्रथम भागमें अट्ठावन प्रकृतियोंका बन्ध होता है, बासठ बन्धके अयोग्य हैं, नब्बैका अबन्ध रहता है और निद्राद्विककी बन्ध-व्युच्छित्ति होती है। अपूर्वकरणके दूसरे, तीसरे, चौथे और

1. सं० पञ्चसं० ३, 'एतास्तीर्थकराहार' इत्यादिगद्यभागः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाँचवें भागमें छप्पन प्रकृतियाँ बँधती हैं, चौसठ बन्धके अयोग्य हैं, बानबैका अबन्ध रहता है। इन भागोंमें बन्ध-व्युच्छित्ति किसी भी प्रकृतिकी नहीं होती है। अपूर्वकरणके छठे भागमें बन्धादि तो पाँचवें भागके ही समान ही रहता है किन्तु यहाँ पर देवद्विक आदि तीस प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। अपूर्वकरणके सातवें भागमें छब्बीस प्रकृतियाँ बँधती हैं, चौरानबै बन्धके अयोग्य हैं, एक सौ बाईसका अबन्ध रहता है और हास्यादि चार प्रकृतियोंकी बन्ध-व्युच्छित्ति होती है। अनिवृत्तिकरणके पाँच भागोंमें से प्रथम भागमें बाईस प्रकृतियाँ बँधती हैं, अट्ठानबै बन्धके अयोग्य हैं, एक सौ छब्बीसका अबन्ध है और एक पुरुषवेदकी बन्ध-व्युच्छित्ति होती है। द्वितीय भागमें इक्कीस प्रकृतियाँ बँधती हैं, निन्यानबै बन्धके अयोग्य हैं, एक सौ सत्ताईसका अबन्ध है और एक संज्वलन क्रोधकी बन्ध-व्युच्छित्ति होती है। तृतीय भागमें बीस प्रकृतियाँ बँधती हैं, सौ प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं, एक सौ अट्ठाईसका अबन्ध है और एक संज्वलन मानकी बन्ध-व्युच्छित्ति होती है। चतुर्थ भागमें उन्नीस प्रकृतियाँ बँधती हैं, एक सौ एक प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं, एक सौ उनतीसका अबन्ध है और एक संज्वलन मायाकी बन्ध-व्युच्छित्ति होती है। पाँचवें भागमें अट्ठारह प्रकृतियाँ बँधती हैं, एक सौ दो प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं, एक सौ तीसका अबन्ध है और एक संज्वलन लोभकी बन्ध-व्युच्छित्ति होती है। सूक्ष्मसाम्परायमें सत्तरह प्रकृतियाँ बँधती हैं, एक सौ तीन प्रकृतियाँ बन्धके अयोग्य हैं, एक सौ इकतीसका अबन्ध है और ज्ञानावरण-पंचक आदि सोलह प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं। उपशान्तमोह और क्षीणमोहमें केवल एक सातावेदनीयका बन्ध होता है, एक सौ उन्नीस बन्धके अयोग्य हैं और एक सौ सैंतालीसका अबन्ध रहता है। इन दोनों गुणस्थानोंमें बन्ध-व्युच्छित्ति नहीं होती। सयोगिकेवलीके बन्ध-अबन्धादिप्रकृतियोंकी संख्या तो क्षीणमोहके ही समान है, विशेष बात यह है कि यहाँ पर एकमात्र अवशिष्ट सातावेदनीय भी बन्धसे व्युच्छिन्न हो जाती है। अयोगिकेवलीके न किसी प्रकृतिका बन्ध ही होता है और न बन्ध-व्युच्छित्ति ही। अतएव यहाँ पर बन्धके अयोग्य एक सौ बीस और अबन्ध प्रकृतियाँ एक सौ अड़तालीस कहीं गई हैं, ऐसा जानना चाहिए। (देखो संदृष्टि सं० १०)

मिथ्यात्वगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा० ४] [1]मिच्छ णउंसयवेयं णिरयाउ तह य चेव णिरयदुअं।
इगि-वियलिंदियजाई हुंडमसंपत्तमायावं[1] ॥१३॥

[मूलगा० ५] थावर सुहुमं च तहा साहारणयं तहेव अपज्जत्तं।
एए सोलह पयडी मिच्छम्मि अ बंधवुच्छेओ[2] ॥१४॥

।१६।

मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, नरकायु तथा नरकद्विक (नरकगति-नरकगत्यानुपूर्वी) एकेन्द्रियजाति, विकलेन्द्रिय जातियाँ (द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रियजाति) हुंडकसंस्थान, असंप्राप्तसृपाटिकासंहनन, आताप, स्थावर, सूक्ष्म तथा साधारण और अपर्याप्त; ये सोलह प्रकृतियाँ मिथ्यात्वगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥१३-१४॥

मिथ्यात्वमें बन्धसे व्युच्छिन्न प्रकृतियाँ १६।

---

1. सं० पञ्चसं० ३, २१-२२।

१. कर्मस्त० गा० ११। २. कर्मस्त० गा० १२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सासादनगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा० ६] [1]थीणतियं इत्थी वि य अण तिरियाऊ तहेव तिरियदुगं ।
मज्झिमचउसंठाणं मज्झिमचउ चेव संघयणं[1] ॥१५॥
[मूलगा० ७] उज्जोयमप्पसत्था विहायगइ दुब्भगं अणादेज्जं ।
दुस्सर णिचागोयं सासणसम्मम्हि वोच्छिण्णा[2] ॥१६॥

।२५।

स्त्यानत्रिक (स्त्यानगृद्धि, निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला) स्त्रीवेद, अनन्तानुबन्धीचतुष्क, तिर्यगायु तथा तिर्यग्-द्विक (तिर्यग्गति-तिर्यग्गत्यानुपूर्वी) मध्यम चार संस्थान और मध्यम ही चार संहनन, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, अनादेय, दुःस्वर और नीचगोत्र; ये पच्चीस प्रकृतियाँ सासादनसम्यक्त्वमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥१५-१६॥

सासादनमें बन्धसे व्युच्छिन्न २५ ।

अविरतसम्यग्दृष्टिगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा० ८] [2]विदियकसायचउक्कं मणुयाऊ मणुयदुव य ओरालं ।
तस्स य अंगोवंगं संघयणादी अविरदस्स[3] ॥१७॥

।१०।

द्वितीयकषायचतुष्क, अर्थात् अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ; मनुष्यायु, मनुष्यद्विक (मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्वी) औदारिकशरीर, औदारिक-अंगोपांग और प्रथम संहनन; ये दश प्रकृतियाँ अविरतसम्यग्दृष्टिके बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥१७॥

अविरतसम्यग्दृष्टिमें बन्धसे व्युच्छिन्न १० ।

देशविरतगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा० ९] [3]तइयकसायचउक्कं विरयाविरयम्हि बंधवोच्छिण्णा ।

।४।

तृतीय कषायचतुष्क अर्थात् प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया और लोभ ये चार प्रकृतियाँ विरताविरत गुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ।

देशविरतमें बन्धसे व्युच्छिन्न ४ ।

प्रमत्तविरतगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

साइयरमरइसोयं तह चेव य अथिरमसुहं च[4] ॥१८॥
[मूलगा०१०] अज्जसकित्ती य तहा पमत्तविरयम्हि बंधवुच्छेओ ।

।६।

असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति; ये छह प्रकृतियाँ प्रमत्तविरत गुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती है ॥१८॥

प्रमत्तविरतमें बन्धसे व्युच्छिन्न ६ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ३, २३-२५ । 2. ३, २६-२७ । 3. ३, २८-२९ ।

१. कर्मस्त०गा० १३ । २. कर्मस्त०गा० १४ । ३. कर्मस्त०गा० १५ । ४. कर्मस्त० गा० १६ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्रमत्तविरतगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

देवाउअं च एयं पमत्तइयरम्हि णायव्वो[1] ॥१९॥

।१।

अप्रमत्तविरतनामक सातवें गुणस्थानमें एक देवायु ही बन्धसे व्युच्छिन्न होती है, ऐसा जानना चाहिए ॥१९॥

अप्रमत्तविरतमें बन्धसे व्युच्छिन्न १ ।

अपूर्वकरणगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०११] [1]णिद्दा पयला य तहा अपुव्वपढमम्हि बंधवुच्छेओ ।

।२।

देवदुयं पंचिंदिय ओरालियवज्ज चदुसरीरं च[2] ॥२०॥

[मूलगा०१२] समचउरस वेउव्विय आहारयअंगुवंगणामं च ।

वण्णचउक्कं च तहा अगुरुयलहुयं च चत्तारि[3] ॥२१॥

[मूलगा०१३] तसचउ पसत्थमेव य विहाइगइ थिर सुहं च णायव्वा ।

सुहयं सुस्सरमेव य आइज्जं चेव णिमिणं च[4] ॥२२॥

[मूलगा०१४] [2]तित्थयरमेव तीसं अपुव्वछब्भाए बंधवोच्छिण्णा ।

।३०।

हास रइ भय दुगुंछा अपुव्वचरिमम्हि बंधवोच्छिण्णा[5] ॥२३॥

।४।

अपूर्वकरणके प्रथम भागमें निद्रा और प्रचला, ये दो प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं। अपूर्वकरणके छठे भागमें देवद्विक (देवगति-देवगत्यानुपूर्वी) पंचेन्द्रियजाति, औदारिक-शरीरको छोड़कर शेष चार शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक-अंगोपांग, आहारक-अंगोपांग, वर्णचतुष्क (वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श) अगुरुलघुचतुष्क (अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास) त्रसचतुष्क, (त्रस, बादर, प्रत्येकशरीर, पर्याप्त,) प्रशस्तविहायोगति, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थंकर, ये तीस प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं। अपूर्वकरणके अन्तिम सातवें भागमें हास्य, रति, भय और जुगुप्सा; ये चार प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥२०–२३॥

अपूर्वकरणके प्रथम भागमें बन्धसे व्युच्छिन्न	२	३६
अपूर्वकरणके छठे भागमें बन्धसे व्युच्छिन्न	३०	
अपूर्वकरणके सातवें भागमें बन्धसे व्युच्छिन्न	४	

अनिवृत्तिकरणगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०१५] [3]पुरिसं चउसंजलणं पंच य पयडी य पंचभागम्हि ।

अणियट्टी-अद्धाए जहाकमं बंधवुच्छेओ[6] ॥२४॥

।५।

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ३०–३३ । 2. ३, ३४ । 3. ३, ३५ ।

१. कर्मस्त० गा० १७ । २. कर्मस्त० गा० १८ । ३. कर्मस्त० गा० १९ । ४. कर्मस्त० गा० २० । ५. कर्मस्त० गा० २१ । ६. कर्मस्त० गा० २२ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनिवृत्तिकरणकालके पाँचों भागोंमें यथाक्रमसे पुरुषवेद, संज्वलन क्रोध, मान, माया और लोभ; ये पाँच प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥२४॥

अनिवृत्तिकरणमें बन्ध-व्युच्छिन्न ५ ।

सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०१६] [1]णाणंतरायदसयं दंसणचत्तारि उच्च जसकित्ती ।
एए सोलह पयडी सुहुमकसायम्हि वोच्छेओ[1] ॥२५॥

।१६।

ज्ञानावरणीयकी पाँच, अन्तरायकी पाँच, दर्शनावरणकी चार (चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन और केवलदर्शन) उच्चगोत्र और यशःकीर्त्ति; ये सोलह प्रकृतियाँ सूक्ष्मकषायमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥२५॥

सूक्ष्मसाम्परायमें बन्धसे व्युच्छिन्न १६ ।

सयोगिकेवलीके बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृति—

[मूलगा०१७] [2]उवसंत खीण चत्ता जोगिम्हि य सायबंधवोच्छेदो ।
णायव्वो पयडीणं बंधस्संतो* अणंतो य[2] ॥२६॥

।१।

उपशान्तमोह और क्षीणमोहगुणस्थानमें कोई प्रकृति बन्धसे व्युच्छिन्न नहीं होती है, अतएव उन्हें छोड़कर सयोगीजिनके एक सातावेदनीय ही बन्धसे व्युच्छिन्न होती है । (अयोगिकेवलीके न कोई प्रकृति बँधती है और न व्युच्छिन्न ही होती है ।) इस प्रकार गुणस्थानोंमें बन्धका अन्त अर्थात् व्युच्छेद और अनन्त अर्थात् बन्ध जानना चाहिए ॥२६॥

सयोगिकेवलीमें बन्धसे व्युच्छिन्न १ ।

इस प्रकार बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

गुणस्थानोंमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंकी संख्याका निरूपण—

[मूलगा०१८] [3]पण णव इगि सत्तरसं अड पंच चउर छक्क छच्चेव ।
इगि दुग सोलह तीसं बारह उयए अजोयंता[3] ॥२७॥

पहले मिथ्यात्वगुणस्थानसे लेकर चौदहवें अयोगिकेवली तक क्रमसे पाँच, नौ, एक, सत्तरह, आठ, पाँच, चार, छह, छह, एक, दो, सोलह, तीस और बारह प्रकृतियाँ उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥२७॥

कुछ विशेष प्रकृतियोंके उदय-विषयक नियम—

[4]मिस्सं उदेइ मिस्से अविरयसम्माइचउसु सम्मत्तं ।
तित्थयराहारदुअं कमेण जोए पमत्ते य ॥२८॥

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ३६ । 2. ३, ३९–४० । 3. ३, ३७ ।
१. कर्मस्त० गा० २३ । २. कर्मस्त०गा० २४ । गो०क० १०२ । केवलमुत्तरार्धे साम्यम् ।
३. कर्मस्त० गा० ४ । गो० क० २६४ ।
* द ब बंधो संतो ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिश्रप्रकृतिका उदय तीसरे मिश्रगुणस्थानमें होता है। सम्यक्त्वप्रकृतिका उदय चौथे अविरतसम्यक्त्व आदि चार गुणस्थानोंमें होता है। तीर्थङ्करप्रकृतिका उदय तेरहवें सयोगिकेवली गुणस्थानमें और आहारकद्विकका उदय छठे प्रमत्तसंयतगुणस्थानमें होता है ॥२८॥

आनुपूर्वीके उदय-विषयक कुछ विशेष नियम—

[1]णिरयाणुपुव्वि उदओ णासाए जण्ण णिरयउप्पत्ती ।
सव्वाणुपुव्वि-उदओ ण होइ मिस्से जदो ण मरणं से ॥२९॥

यतः सासादनसम्यग्दृष्टिकी नरकमें उत्पत्ति नहीं होती, अतः सासादनगुणस्थानमें नरकगत्यानुपूर्वीका उदय नहीं होता। सभी आनुपूर्वियोंका उदय मिश्रगुणस्थानमें नहीं होता है; क्योंकि, सम्यग्मिथ्यादृष्टिका मरण नहीं होता। (अतएव मिथ्यात्व और अविरतसम्यक्त्वगुणस्थानमें चारोंका और सासादनगुणस्थानमें तीन आनुपूर्वियोंका उदय होता है।) ॥२९॥

*सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-आहारदुय-तित्थयरेहिं विणा मिच्छादिट्ठिम्मि	५ ११७ ५ ३१							णिरयाणुपुव्विविणा सासणे	९ १११ ११ ३७				
तिरिय-मणुय-देवाणुपुव्वी विणा सम्मामिच्छत्तेण सह मिस्से	१ १०० २२ ४८							सव्वाणुपुव्वि-सम्मत्तेण सह					
अविरदे	१७ १०४ १८ ४४	देसे	८ ८७ ३५ ६१		आहारदुएण सह पमत्ते	५ ८१ ४१ ६७		अप्पमत्ते	४ ७६ ४६ ७२	अपुव्वे	६ ७२ ५० ७६		
अणियट्टीए	६ ६६ ५६ ८२	सुहुमाइसु	१ ६० ६२ ८८	२ ५९ ६३ ८९	खीणदुचरिमसमए	२ ५७ ६५ ९१		खीणचरिमसमए	१४ ५५ ६७ ९३				
तित्थयरेण सह सजोगम्मि	३० ४२ ८० १०६				अजोगम्मि	१२ १२ ११० १३६							

आठों कर्मोंकी एक सौ अड़तालीस प्रकृतियोंमेंसे उदयके योग्य प्रकृतियाँ एक सौ बाईस होती हैं, यह बात पहले बतला आये हैं। उनमेंसे मिथ्यात्वगुणस्थानमें सम्यक्त्वप्रकृति, सम्यग्मिथ्यात्व, आहारकद्विक और तीर्थङ्करप्रकृति; ये पाँच प्रकृतियाँ उदयके योग्य नहीं हैं, अतः उनके विना शेष रही एक सौ सत्तरह प्रकृतियोंका उदय है। सर्व अनुदय-प्रकृतियाँ इकतीस हैं। यहाँ पर मिथ्यात्व आदि पाँच प्रकृतियोंकी उदयसे व्युच्छित्ति होती है। सासादन गुणस्थानमें नरकानुपूर्वीका उदय नहीं होता, अतः वहाँ पर उदय-योग्य प्रकृतियाँ एक सौ ग्यारह हैं, उदयके अयोग्य ग्यारह और अनुदय-प्रकृतियाँ सैंतीस हैं। यहाँ पर अनन्तानुबन्धीचतुष्क आदि नौ प्रकृतियाँ उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं। मिश्रगुणस्थानमें तिर्यगानुपूर्वी, मनुष्यानुपूर्वी और देवानु-

1. सं० पञ्चसं० ३, ३८। * २, 'एताः सम्यक्त्व' इत्यादिगद्यभागः पृ० (५९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पूर्वोक्त भी उदय नहीं होता, किन्तु सम्यग्मिथ्यात्वका उदय होता है, अतः उदय-योग्य प्रकृतियाँ सौ और उदयके अयोग्य बाईस हैं। अनुदयप्रकृतियाँ अड़तालीस हैं। यहाँ पर एक सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतिकी उदयसे व्युच्छित्ति होती है। अविरतसम्यक्त्व गुणस्थानमें उदयके योग्य प्रकृतियाँ एक सौ चार हैं; क्योंकि यहाँ पर सभी अर्थात् चारों आनुपूर्वियोंका और सम्यक्त्वप्रकृतिका उदय होता है। उदयके अयोग्य प्रकृतियाँ अट्ठारह और अनुदय-प्रकृतियाँ चवालीस हैं। यहाँ पर अप्रत्याख्यानावरण-चतुष्क आदि सत्तरह प्रकृतियाँ उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं। देशविरतमें सत्तासी प्रकृतियोंका उदय होता है, उदयके अयोग्य पैंतीस हैं, अनुदयप्रकृतियाँ इकसठ हैं और प्रत्याख्यानावरणचतुष्क आदि आठ प्रकृतियाँ उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं। प्रमत्तविरतमें आहारक-द्विकका उदय होता है, अतः उनके साथ उदयके योग्य प्रकृतियाँ इक्यासी हैं, उदयके अयोग्य इकतालीस हैं और अनुदय सड़सठका है। यहाँ पर स्त्यानगृद्धि आदि पाँच प्रकृतियोंकी उदयसे व्युच्छित्ति होती है। अप्रमत्तविरतमें उदयके योग्य छिहत्तर, उदयके अयोग्य छयालीस और अनुदय प्रकृतियाँ बहत्तर हैं। यहाँ पर सम्यक्त्वप्रकृति आदि चारकी उदय-व्युच्छित्ति होती है। अपूर्वकरणमें उदय-योग्य बहत्तर, उदयके अयोग्य पचास और अनुदय-प्रकृतियाँ छिहत्तर हैं। यहाँ पर हास्यादि छह प्रकृतियोंकी उदय-व्युच्छित्ति होती है। अनिवृत्तिकरणमें उदय-योग्य छयासठ, उदयके अयोग्य छप्पन और अनुदय प्रकृतियाँ बियासी हैं। यहाँ पर वेद-त्रिकादि छह प्रकृतियाँ उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं। सूक्ष्मसाम्परायमें उदय-योग्य साठ, उदयके अयोग्य बासठ और अनुदय-प्रकृतियाँ अठासी हैं। यहाँ पर एकमात्र संज्वलन लोभकी उदय-व्युच्छित्ति होती है। उपशान्तमोहमें उदय-योग्य उनसठ, उदयके अयोग्य तिरेसठ और अनुदयप्रकृतियाँ नवासी हैं। यहाँ पर वज्रनाराच और नाराचसंहनन इन दो प्रकृतियोंकी उदय-व्युच्छित्ति होती है। क्षीण-मोहके द्विचरम समय तक सत्तावनका उदय रहता है अतः उदयके अयोग्य पैंसठ और अनुदय प्रकृतियाँ इक्यानवे जानना चाहिए। यहाँ पर द्विचरम समयमें निद्रा और प्रचला इन दो प्रकृतियोंकी उदय-व्युच्छित्ति होती है। इसी गुणस्थानके चरम समयमें उदय-योग्य पचपन, उदयके अयोग्य सड़सठ और अनुदय-प्रकृतियाँ तेरानवे हैं। चरम समयमें ज्ञानावरण-पंचकादि चौदह प्रकृतियोंकी उदयसे व्युच्छित्ति होती है। सयोगिकेवली गुणस्थानमें तीर्थङ्कर-प्रकृतिका उदय होता है, अतः उदयके योग्य बियालीस, उदयके अयोग्य अस्सी और अनुदयप्रकृतियाँ एक सौ छह हैं। यहाँ पर संस्थान, संहनन आदि तीस प्रकृतियाँ उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं। अयोगि-केवली गुणस्थानमें अवशिष्ट रही बारह प्रकृतियोंका उदय होता है, उदयके अयोग्य एक सौ दश और अनुदय-प्रकृतियाँ एक सौ छत्तीस हैं। यहाँ पर मनुष्यगति आदि जिन बारह प्रकृतियोंका उदय होता है, अन्तिम समयमें उन सबकी उदयसे व्युच्छित्ति हो जाती है। (देखो, संदृष्टि-संख्या ११)

मिथ्यात्वगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा० १६] [1]मिच्छत्तं आयावं सुहुममपज्जत्तया य तह चेव ।
साहारणं च पंच य मिच्छम्हि य उदयवुच्छेओ[1] ॥३०॥

[५]

मिथ्यात्व, आताप, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण; ये पाँच प्रकृतियाँ मिथ्यात्वगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होती है ॥३०॥

मिथ्यात्वमें उदय-व्युच्छिन्न ५ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ४१ ।

१. कर्मस्त० गा० २५ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सासादनगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०२०] [1]अण एइंदियजाई वियलिंदियजाइमेव थावरयं ।
एए णव पयडीओ सासणसम्मम्हि उदयवोच्छेओ[1] ॥३१॥

।९।

अनन्तानुबन्धीचतुष्क, एकेन्द्रियजाति, तीनों विकलेन्द्रिय जातियाँ, तथा स्थावर; ये नौ प्रकृतियाँ सासादनसम्यक्त्वमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३१॥

सासादनमें उदय-व्युच्छिन्न ९ ।

सम्यग्मिथ्यात्वगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृति—

[मूलगा०२१] [2]सम्मामिच्छत्तेयं सम्मामिच्छम्हि उदयवोच्छिण्णो ।

।१।

सम्यग्मिथ्यात्वगुणस्थानमें एक सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृति ही उदयसे व्युच्छिन्न होती है ।

सम्यग्मिथ्यात्वमें उदय-व्युच्छिन्न १ ।

अविरतसम्यक्त्वगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[3]विदियकसायचउक्कं तह चेव य णिरय-देवाऊ[2] ॥३२॥
[मूलगा०२२] मणुय-तिरियाणुपुव्वी वेउव्वियछक्क दुब्भगं चेव ।
अणादिज्जं च तहा अजसकित्ती अविरयम्हि[3] ॥३३॥

।१७।

द्वितीयकषायचतुष्क, नरकायु, देवायु, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, वैक्रियिकषट्क (वैक्रियिक-शरीर, वैक्रियिक-अंगोपांग, देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी) दुर्भग, अनादेय और अयशःकीर्त्ति, इस प्रकार सत्तरह प्रकृतियाँ अविरतसम्यक्त्वगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३२-३३॥

अविरतसम्यक्त्वमें उदय-व्युच्छिन्न १७ ।

देशविरतगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०२३] [4]तदियकसायचउक्कं तिरियाऊ तह य चेव तिरियगदी ।
उज्जोअ णिचगोदं विरयाविरयम्हि उदयवुच्छेओ[4] ॥३४॥

।८।

तृतीयकषायचतुष्क, तिर्यगायु, तिर्यग्गति, उद्योत और नीचगोत्र, ये आठ प्रकृतियाँ विरताविरतगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३४॥

विरताविरतमें उदय-व्युच्छिन्न ८ ।

---

1. सं० पंचसं० ३, ४२ । 2. ३, ४३ पूर्वार्ध । 3. ३, ४३ उत्तरार्ध, ४४-४५ । 4. ३, ४६ ।
१. कर्मस्त० गा० २६ । २. कर्मस्त० गा० २७ । ३. कर्मस्त० गा० २८ । ४. कर्मस्त० गा० २९ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रमत्तविरतगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०२४] [1]थीणतियं चेव तहा आहारदुअं पमत्तविरयम्हि ।

।५।

स्त्यानत्रिक (स्त्यानगृद्धि, निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला) तथा आहारकद्विक ये पाँच प्रकृतियाँ प्रमत्तविरतमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ।

प्रमत्तविरतमें उदय-व्युच्छिन्न ५ ।

अप्रमत्तविरतगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[2]सम्मत्तं संघयणं अंतिमतियमप्पमत्तम्हि[1] ॥३५॥

।४।

सम्यक्त्वप्रकृति और अन्तिम तीन संहनन, ये चार प्रकृतियाँ अप्रमत्तविरतगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३५॥

अप्रमत्तविरतमें उदय-व्युच्छिन्न ४ ।

अपूर्वकरणगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०२५] [3]तह णोकसायछक्कं अपुव्वकरणे* य उदयवोच्छिण्णं ।

।६।

नोकषायषट्क अर्थात् हास्य, रति, अरति, शोक, भय और जुगुप्सा; ये छह प्रकृतियाँ अपूर्वकरणगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ।

अपूर्वकरणमें उदय-व्युच्छिन्न ६ ।

अनिवृत्तिकरणगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[4]वेयतियं कोह-माण-मायासंजलण अणियट्टिम्हि[2] ॥३६॥

।६।

तीनों वेद, तथा संज्वलन क्रोध, मान, माया; ये छह प्रकृतियाँ अनिवृत्तिकरणगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३६॥

अनिवृत्तिकरणमें उदय-व्युच्छिन्न ६ ।

सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०२६] [5]संजलणलोहमेयं सुहुमकसायम्हि उदयवोच्छिण्णा ।

।१।

सूक्ष्मकषायगुणस्थानमें एक संज्वलनलोभ प्रकृति ही उदयसे व्युच्छिन्न होती है ।

सूक्ष्मसाम्परायमें उदय-व्युच्छिन्न १ ।

उपशान्तमोहगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[6]तह वज्जयणारायं णारायं चेव उवसंते[3] ॥३७॥

।२।

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ४७ । 2. ३, ४८ पूर्वार्ध । 3. ३, ४८ उत्तरार्ध । 4. ३, ४९ पूर्वार्ध । 5. ३, ४९ उत्तरार्ध । 6. ३, ५० पूर्वार्ध ।

१. कर्मस्त० गा० ३० । २. कर्मस्त० गा० ३१ । २. कर्मस्त० गा० ३२ ।

* प्रतिषु 'अपुव्वकरणाय' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वज्रनाराचसंहनन और नाराचसंहनन ये दो प्रकृतियाँ उपशान्तमोहगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३७॥

उपशान्तमोहमें उदय-व्युच्छिन्न २ ।

क्षीणमोहगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०२७] [1]णिद्दा पयला य तहा खीणदुचरिमम्हि उदयवोच्छिण्णा ।

।२।

निद्रा और प्रचला ये दो प्रकृतियाँ क्षीणकषायके द्विचरम समयमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ।

क्षीणमोहके द्विचरमसमयमें उदय-व्युच्छिन्न २ ।

[2]णाणंतरायदसयं दंसणचत्तारि चरिमम्हि ॥३८॥

।१४।

ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच और दर्शनावरणकी चक्षुदर्शनावरणादि चार; ये चौदह प्रकृतियाँ क्षीणमोहके अन्तिम समयमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३८॥

क्षीणमोहके चरमसमयमें उदय-व्युच्छिन्न १४ ।

सयोगिकेवलीगुणस्थानमें उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ—

[मूलगा०२८] [3]अण्णयरवेयणीयं ओरालियतेयणामकम्मं च ।
छच्चेव य संठाणं ओरालिय-अंगवंगं च[2] ॥३९॥

[मूलगा०२९] आदी वि य संघयणं वण्णचउक्कं च दो विहायगई ।
अगुरुगलहुयचउक्कं पत्तेय थिराथिरं चेव[3] ॥४०॥

[मूलगा०३०] सुह-सुस्सरजुयला वि य णिमिणं च तहा हवंति णायव्वा ।
एए तीसं पयडी सजोयचरिमम्हि वोच्छिण्णा[4] ॥४१॥

।३०।

[अन्यतरद्वेदनीयं १ औदारिकशरीरं १ तैजसनाम १ कार्मणशरीरनाम १ संस्थानषट्कं ६ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ वज्रवृषभनाराचसंहननं १ वर्णचतुष्कं ४ विहायोगतिद्विकं २ अगुरुलघुचतुष्कं ४] प्रत्येकशरीरं १ स्थिरास्थिरे २ शुभाशुभे २ सुस्वर-दुःस्वरौ २ निर्माणं १ चेति एतास्त्रिंशत्प्रकृतयः ३० सयोगकेवलिगुणस्थानस्य चरमसमये उदयतो व्युच्छिन्ना भवन्तीति ज्ञातव्याः ॥३९-४१॥

साता-असातावेदनीयमेंसे कोई एक वेदनीय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, छहों संस्थान, औदारिक-अंगोपांग, आदिका वज्रवृषभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, प्रशस्त और अप्रशस्त विहायोगति, अगुरुलघुचतुष्क, प्रत्येकशरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ-युगल, सुस्वर-युगल, तथा निर्माण; ये तीस प्रकृतियाँ सयोगिकेवलीके चरमसमयमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥३९-४१॥

सयोगिकेवलीमें उदय-व्युच्छिन्न ३० ।

---

1. सं० पंचसं० ३, ५० उत्तरार्ध । 2. ३, ५१ । 3. ३, ५२-५४ पूर्वार्ध ।

१. कर्मस्त० गा० ३३ । गो० क० २७० । २. कर्मस्त० गा० ३४ । ३. कर्मस्त० गा० ३५ । ४. कर्मस्त० गा० ३६ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[मूलगा०३१] [1]अण्णयरवेयणीयं मणुयाऊ मणुयगई य बोहव्वा ।
पंचिंदियजाई वि य तस सुभगादेज्ज पज्जत्तं [१] ॥४२॥
बायरजसकित्ती वि य तित्थयरं उच्चगोइयं चेव ।
[मूलगा०३२] एए + बारह पयडी अजोइम्हि × उदयवोच्छिण्णा [२] ॥४३॥

।१२।

अयोगगुणस्थाने अन्यतरदेकं वेदनीयं १ मनुष्यायुः १ मनुष्यगतिः १ पञ्चेन्द्रियजातिनाम १ त्रस-सुभगादेय-पर्याप्तानि ४ बादरः १ यशःकीर्त्तिः १ तीर्थंकरत्वं १ उच्चैर्गोत्रं १ चेति एता द्वादश प्रकृतयः अयोगिकेवलिगुणस्थानचरमसमये व्युच्छित्तयो भवन्तीति ज्ञातव्याः । नानाजीवापेक्षयैव उक्ताः । सयोगायोगयोस्त्वेकं जीवं प्रति साते असाते वा व्युच्छिन्ने त्रिंशद् द्वादश ३०।१२ । नानाजीवान् प्रति उभयच्छेदाभावादेकत्रिंशत् ३१ त्रयोदश १३ ज्ञातव्याः ॥४२-४३॥

इति गुणस्थानेषु उत्तरप्रकृतीनामुदयभेदः समाप्तः ।

कोई एक वेदनीय, मनुष्यायु, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रस, सुभग, आदेय, पर्याप्त, बादर, यशःकीर्ति, तीर्थंकर और उच्चगोत्र; ये बारह प्रकृतियाँ अयोगि-जिनके चरम समयमें उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥४२-४३ ॥

अयोगि-जिनके उदय-व्युच्छिन्न १२ ।

इस प्रकार उदयसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

[मूलगा०३३] [2]उदयस्सुदीरणस्स य सामित्तादो ण विज्जइ विसेसो ।
मोत्तूण तिण्णि ठाणं पमत्त जोई अजोई य [3] ॥४४॥

अथोदीरणाभेदं गाथाचतुष्केणाह—['उदयस्सुदीरणस्स य' इत्यादि ।] उदयस्योदीरणायाश्च स्वामित्वाद् विशेषो न विद्यते, प्रमत्त-योग्यऽयोगित्रयं स्थानं मुक्त्वा अन्यत्र विशेषो नेत्यर्थः ॥४४॥

स्वामित्वकी अपेक्षा उदय और उदीरणामें प्रमत्तविरत, सयोगिकेवली और अयोगिकेवली; इन तीन गुणस्थानोंको छोड़कर कोई विशेष (अन्तर) नहीं है ॥४४॥

[मूलगा०३४] [3]तीसं वारस उदयं केवलिणं मेलणं च काऊण ।
सायासायं च तहा मणुआउगमवणियं किच्चा [4] ॥४५॥
[मूलगा०३५] सेसं उगुदालीसं जोगीसु उदीरणा य बोहव्वा ।
अवणिय तिण्णि य पयडी पमत्तउदयम्हि पक्खित्ता [5] ॥४६॥

तत्र को विशेषः इति चेदाह—सयोगाऽयोगयोः उदयव्युच्छित्ती त्रिंशद्-द्वादश एकीकृत्य ४२ तत्र साताऽसातमनुष्यायूंष्यपनेतव्यानि ३१ । शेषैकोनचत्वारिंशत्प्रकृत्युदीरणाः ३९ सयोगकेवलिगुणस्थाने भवन्तीति बोधव्याः । तदपनीतसाताऽसातामनुष्यायुःप्रकृतित्रयं प्रमत्तसंयते उदयप्रकृतिपञ्चके प्रक्षेपणीयम् । ततः कारणात् प्रमत्ते अष्टौ ८ व्युच्छिद्यन्ते, नाप्रमत्तादिषु तत्त्रयोदीरणाऽस्ति; अप्रमत्तादित्वात् संक्लिष्टेभ्योऽन्यत्र तदसम्भवात् ॥४५-४६॥

---

1. सं० पञ्चसं० ३, ५४ उत्त०-५५ । 2. ३,६० । 3. ३, ५८-५९ ।
१. कर्मस्त० गा० ३७ । २. कर्मस्त० गा० ३८ । ३. कर्मस्त० गा० ३९ । गो० क० २७८ ।
४. कर्मस्त० गा० ४० । गो० क० २७९ । ५. कर्मस्त० गा० ४१ ।
+ द एदे । × ब अजोइहि; द अजोगिम्हि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[मूलगा०३६] तह चेव अट्ठ पयडी पमत्तविरदे उदीरणा होंति ।
[1]णत्थि त्ति अजोयजिणे उदीरणा इत्ति णायव्वा[१] ॥४७॥

तथा चैव प्रमत्तविरते षष्ठे गुणस्थाने स्त्यानत्रिकं ३ आहारकद्विकं २ साताऽसातादिकं २ मनुष्यायुश्चेति १ अष्टौ प्रकृतयः प्रमत्तसंयतान्तानामुदीरणा भवन्ति; अयोगिजिने उदयप्रकृतीनामुदीरणा नास्तीति ज्ञातव्यम् । उदीरणा नाम अपक्वपाचनं दीर्घकाले उदेष्यतोऽग्रनिषेकान् अपकृष्याऽल्पस्थितिकाऽधस्तननिषेकेषु उदयावल्यां दत्वा उदयमुखेनाऽनुभूय कर्मरूपं त्याजयित्वा पुद्गलान्तररूपेण परिणमयतीत्यर्थः ॥४७॥

सयोगिकेवलीके उदयमें आनेवाली तीस और अयोगिकेवलीके उदयमें आनेवाली बारह; इन दोनोंको मिला करके, तथा सातावेदनीय, असातावेदनीय और मनुष्यायु, इन तीनको घटा करके जो उनतालीस प्रकृतियाँ शेष रहती हैं, उनकी उदीरणा सयोगिकेवलीके जानना चाहिए। जो सातावेदनीय आदि तीन प्रकृतियाँ घटाई हैं, उन्हें प्रमत्तविरतके उदयमें आनेवाली पाँच प्रकृतियोंमें प्रक्षेप करना चाहिए। इस प्रकार प्रमत्तविरतमें आठ प्रकृतियोंकी उदीरणा होती है। अयोगिजिनके किसी भी प्रकृतिकी उदीरणा नहीं होती है, ऐसा नियम जानना चाहिए ॥४५-४७॥

[मूलगा०३७] [2]पण णव इगि सत्तरसं अट्ठट्ठ य चउरछक्क छच्चेव ।
इगि दुय* सोलगुदालं उदीरणा होंति जोअंता[२] ÷ ॥४८॥

उदीरणाव्युच्छित्तिमाह—['पण णव इगि सत्तरसं' इत्यादि ।] सयोगपर्यन्तत्रयोदशगुणस्थानेषु यथाक्रममुदीरणाव्युच्छित्तिः पञ्च ५ नवै ६ क १ सप्तदश १७ ऽष्टा ८ ऽष्ट ८ चतुः ४ षट्क ६ षट्कै ६ क १ द्विक २ षोडशै १६ कोनचत्वारिंशत् ३६ प्रकृतयः स्युः ॥४८॥

मिथ्यात्वगुणस्थानसे लेकर सयोगिकेवली पर्यन्त क्रमसे पाँच, नौ, एक, सत्तरह, आठ, आठ, चार, छह, छह, एक, दो, सोलह और उनतालीस प्रकृतियोंकी उदीरणा होती है ॥४८॥

[3]सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-तित्थयराहारदुगेण विणा मिच्छे ५ ११७ ५ ३१

णिरयाणुपुव्वी विणा सासणे ६ १११ ११ ३७

तिरिय-मणुय-देवाणुपुव्वी विणा मिस्सेण सह मिस्से १ १०० २२ ४८

सव्वाणुपुव्वी-सम्मत्तेण सह असंजदे १७ १०४ १८ ४४

देसे ८ ८७ ३५ ६१

आहारदुगेण सह अप्पमत्ते ८ ८१ ४१ ६७

अप्पमत्तादिसु	४	६	६	१	२	२	१३	तित्थयरेण सह सजोगे	३६	अजोगे	०
	७३	६६	३३	५७	५६	५४	५२		३६		०
	४६	५३	५६	६५	६६	६८	७०		८३		१२२
	७५	७६	८५	६१	६२	६४	६६		१०६		१४८

तस्यां सत्यां सम्यक्त्व-सम्यग्मिथ्यात्व-तीर्थंकराऽऽहारकद्विकैर्विना मिच्छे (मिथ्यात्वे), नरकगत्यानुपूर्व्यं विना सासादने, तिर्यग्मनुष्यदेवगत्यानुपूर्व्यैर्विना मिश्रेण सह मिश्रे, नरकतिर्यग्मनुष्यदेवगत्यानुपूर्व्यसम्यक्त्वैः सह असंयते, देशसंयमे, आहारकद्वयेन सह प्रमत्ते, अप्रमत्तादिषु [उक्तप्रकारेण उदीरणाप्रकृतयो ज्ञेयाः] ।

इति गुणस्थानेषु उदीरणाप्रकृतयः कथिताः ।

---

1. सं० पंचसं० ३, ५७ । 2. ३, ५६ । 3. ३, 'एताः सम्यक्त्व' इत्यादि गद्यभागः (पृ० ६१)।
१. कर्मस्त० गा० ४२ । २. कर्मस्त० गा० ४३ । गो० क० २८१ ।
* द दुग । ÷ द जोगंता ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रत्यय होते हैं, शेष ग्यारह प्रत्यय नहीं होते हैं। देशविरतमें त्रसवध; द्वितीय अप्रत्याख्यानावरण-कषायचतुष्क, अपर्याप्तकाल-सम्बन्धी तीनों योग, वैक्रियिककाययोग तथा उपर्युक्त ग्यारह प्रत्यय (मिथ्यात्वपञ्चक, अनन्तानुबन्धिचतुष्क और आहारकद्विक) इस प्रकार बीस प्रत्यय नहीं होते हैं। छट्ठे गुणस्थानोंमें चारों मनोयोग, चारों वचनयोग, औदारिककाययोग और आहारकद्विक ये ग्यारह योग, संज्वलनचतुष्क और नौ नोकषाय इस प्रकार चौबीस प्रत्यय होते हैं। (शेष तेतीस प्रत्यय नहीं होते हैं।) इन चौबीसमेंसे सातवें और आठवें इन दो गुणस्थानोंमें आहारकद्विकके विना शेष बाईस प्रत्यय होते हैं। अनिवृत्तिकरणके सात भागोंमें बन्ध-प्रत्ययोंके भेद इस प्रकार होते हैं—प्रथम भागमें अपूर्वकरणके बाईस प्रत्ययोंमेंसे हास्यादि-षट्कके विना सोलह प्रत्यय होते हैं। द्वितीय भागमें नपुंसकवेदके विना पन्द्रह, तृतीय भागमें स्त्रीवेदके विना चौदह, चतुर्थ भागमें पुरुषवेदके विना तेरह, पंचम भागमें संज्वलनक्रोधके विना बारह, षष्ठ भागमें संज्वलन-मानके विना ग्यारह और सप्तम भागमें संज्वलनमायाके विना बादरलोभ-सहित दश उत्तर प्रत्यय होते हैं। दशवें गुणस्थानमें चारों मनोयोग, चारों वचनयोग, औदारिककाययोग और सूक्ष्मसंज्वलन लोभ ये दश उत्तर प्रत्यय होते हैं। शेष अर्थात् ग्यारहवें और बारहवें गुणस्थानमें सूक्ष्मसंज्वलन लोभके विना शेष नौ नौ प्रत्यय होते हैं। तेरहवें गुणस्थानमें प्रथम और अन्तिम दो-दो मनोयोग और वचनयोग, तथा औदारिकद्विक और कार्मण काययोग ये सात प्रत्यय होते हैं ॥८१-८३॥

अब मार्गणाओंमें बन्ध प्रत्ययोंका निरूपण करते हैं—

[1]ओरालिय-आहारदुगूणा हेऊ हवंति सुर-णिरए।
आहारय-वेउव्वदुगूणा सव्वे वि तिरिएसु ॥८४॥
वेउव्वजुयलहीणा मणुए पणवण्ण पच्चया होंति।
गइचउरएसु एवं सेसासु वि ते मुणेयव्वा ॥८५॥

अथ मार्गणास्थानेषु यथासम्भवं प्रत्ययान् गाथासप्तदशकेनाह—['ओरालिय आहार—' इत्यादि।] सुरगत्यां नारकगत्यां च औदारिकद्विकाऽऽहारकद्विकोनाः अन्ये द्विपञ्चाशत्, एकपञ्चाशत् हेतवः प्रत्ययाः आस्रवा भवन्ति। देवगतौ तु नपुंसकवेदं विना, नारकगतौ तु स्त्री-पुंवेदाभ्यां विना ज्ञातव्याः। तिर्यग्गत्यां आहारकद्विक-वैक्रियिकद्विकोनाः अन्ये त्रिपञ्चाशत् ५३ भवन्ति ॥८४॥

मनुष्यगतौ वैक्रियिकयुग्महीनाः अन्ये पञ्चपञ्चाशत् प्रत्ययाः ५५ भवन्ति। गतिषु चतसृषु एवम्। शेषासु मार्गणासु एकेन्द्रियादिषु ते वक्ष्यमाणाः प्रत्ययाः ज्ञातव्याः ॥८५॥

गतिमार्गणाकी अपेक्षा नरकगतिमें औदारिकद्विक, आहारकद्विक, स्त्रीवेद और पुरुषवेद इन छहके विना शेष इकावन बन्ध-प्रत्यय होते हैं। देवगतिमें उक्त छहमेंसे स्त्रीवेद और पुरुषवेद निकालकर और नपुंसकवेद मिलाकर पाँचके विना शेष वावन बन्ध-प्रत्यय होते हैं। तिर्यग्गतिमें वैक्रियिकद्विक और आहारकद्विक इन चारके विना शेष सभी अर्थात् तिरेपन बन्ध-प्रत्यय होते हैं। मनुष्यगतिमें वैक्रियिकद्विकके विना शेष पचपन बन्ध-प्रत्यय होते हैं। इस प्रकार चारों गतियोंमें बन्ध-प्रत्ययोंका निरूपण किया। इसी प्रकारसे शेष मार्गणाओंमें भी उन्हें जान लेना चाहिए ॥८४-८५॥

---

1. ४, ३६, तथा 'स्त्रीपुंवेदो' इत्यादि गद्यभागः (पृ० ८७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिच्छत्ताइचउट्ठय वारह-जोगूणिगिंदिए मोत्तुं ।
कम्मोरालदुअं खलु वयणंतजुआ दु ते वियले ॥८६॥

एकेन्द्रिये कार्मणौदारिकयुग्मं मुक्त्वा शेषद्वादशयोगोनाः रसनादिचतुष्क-मनः पुंवेद-स्त्रीवेदेभ्यो विना च शेषाः अष्टात्रिंशत्प्रत्ययाः ३८ । मिथ्यात्वादिमूलप्रत्ययचतुष्टयः, तन्मध्ये मिथ्यात्वपञ्चकं ५ कायषट्कं ६, स्पर्शनेन्द्रियाऽसंयमः १, स्त्री-पुंवेदरहितकषायास्त्रयोविंशतिः २३ । औदारिकयुग्म-कार्मणयोग एक इति त्रिकं ३ चैत्यष्टत्रिंशत्प्रत्यया एकेन्द्रियाणां भवन्तीत्यर्थः ३८ । विकलत्रये त एव वचनान्तस्वेन्द्रिययुक्ता भवन्ति । द्वीन्द्रिये त एव ३८ अनुभयभावा-रसनाभ्यां सह ४० । त्रीन्द्रिये घ्राणेन सह त एव ४१ । चक्षुषा सह चतुरिन्द्रिये त एव ४२ इत्यर्थः ॥८६॥

इन्द्रियमार्गणाकी अपेक्षा एकेन्द्रियोंमें मिथ्यात्व आदि चार मूलप्रत्ययोंमेंसे औदारिक-द्विक तथा कार्मणकाययोगके विना शेष बारह योगोंको, एवं रसनादि चार इन्द्रिय और मन-सम्बन्धी पाँच अविरति तथा स्त्री और पुरुष इन दो वेदोंको छोड़कर बाकीके अड़तीस बन्ध-प्रत्यय जानना चाहिए । विकलेन्द्रियोंमें अन्तिम वचनयोग-सहित वे सर्व प्रत्यय होते हैं ॥८६॥

विशेषार्थ—यद्यपि भाष्य-गाथामें एकेन्द्रियोंके बन्धप्रत्यय बतलाते हुए 'बारह जोगूण' पदके द्वारा केवल बारह जोगोंके विना शेष प्रत्यय होनेका विधान किया गया है, जिसके अनुसार एकेन्द्रियोंमें पैंतालीस प्रत्यय होना चाहिए । पर वे संभव नहीं हैं । अतः 'मिच्छत्तादि-चउट्ठय' पदके पाये जानेसे तथा 'योग' पदको उपलक्षण मान करके रसना, घ्राण, चक्षु, श्रोत्र और मन ये पाँच अविरति एवं स्त्रीवेद और पुरुषवेद ये दो नोकषाय इनको भी कम करना चाहिए । अर्थात् पाँच अविरति, दो नोकषाय और बारह योग, इन उन्नीस प्रत्ययोंको सर्व सत्तावन प्रत्ययोंमेंसे कम करने पर शेष अड़तीस बन्ध-प्रत्यय एकेन्द्रियोंमें होते हैं, ऐसा जानना चाहिए । द्वीन्द्रियोंमें रसनेन्द्रिय और अनुभयवचनयोगको मिलाकर चालीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं । त्रीन्द्रियोंमें घ्राणेन्द्रियको मिलाकर इकतालीस और चतुरिन्द्रियोंमें चक्षुरिन्द्रियको मिलाकर व्यालीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं ।

तस पंचक्खे सव्वे थावरकाए इगिंदिए जेम ।
चोद्दस जोयविहीणा तेरस जोएसु ते णियं मोत्तुं ॥८७॥
संजलण णोकसाया संढित्थी वज्ज सत्त णिय जोगा ।
आहारदुगे हेऊ पुरिसे सव्वे वि णायव्वा ॥८८॥
इत्थि-णउंसयवेदे आहारदुगूणया होंति ।
कोहाइकसाएसुं कोहाइ इयर-दुवालस-विहीणा ॥८९॥

त्रसकाये पञ्चाक्षे च सर्वे प्रत्ययाः सप्तपञ्चाशत् भवन्ति ५७ । यथा एकेन्द्रियोक्ताः अष्टात्रिंशत्प्रत्ययाः, तथा पृथिव्यप्तेजोवायु-वनस्पतिकायेषु पञ्चसु स्थावरेषु ३८ भवन्ति । आहारकयुग्मं परित्यज्य अन्ये त्रयोदशयोगेषु निजं निजं योगं राशिमध्ये मुक्त्वा चतुर्दशयोगविहीनास्ते प्रत्ययाः ४३ भवन्ति । मिथ्यात्वपञ्चकं ५, असंयमाः १२, कषायाः २५, स्वकीययोगाः; एवं ४३ । ॥८७॥

संज्वलनचतुष्कं ४, नपुंसक-स्त्रीवेदवर्जितनोकषायसप्तकं ७ निजयोगैकसहितः १ इति द्वादश हेतवः प्रत्ययाः आहारककाययोगे आहारकमिश्रकाये च भवन्ति १२ । पुंवेदे एकस्मिन् समये सर्वे वेदा न भवन्ति, इति हेतोः द्वाभ्यां वेदाभ्यां विना अन्ये सर्वे आस्रवाः ५५ ज्ञातव्याः ॥८८॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्त्रीवेदे नपुंसकवेदे च आहारकद्विकाऽन्यतरवेददयरहिताः प्रत्ययाः ५३ भवन्ति । क्रोधादिकषायेषु क्रोधादेरितरद्वादशविहीनाः, यदा क्रोधो भवति, तदाऽन्यत् मानादित्रयं न भवति, इति हेतोरनन्तानुबन्ध्य-प्रत्याख्यानादिभेदेन द्वादशरहिताः ४५ ॥८६॥

कायमार्गणाकी अपेक्षा त्रसकायिक जीवोंमें और पंचेन्द्रियोंमें सर्व ही बन्ध-प्रत्यय होते हैं। स्थावरकायिक जीवोंमें एकेन्द्रियोंके समान अड़तीस बन्ध-प्रत्यय जानना चाहिए। योगमार्गणाकी अपेक्षा आहारकद्विकके विना बाकीके तेरह योगोंमें निज-निज योगको छोड़कर शेष चौदह योगोंसे रहित तेतालीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं। आहारकद्विकमें चारों संज्वलन, तथा नपुंसक और स्त्रीवेदको छोड़कर शेष सात नोकषाय और स्वकीय योग इस प्रकार बारह बन्ध-प्रत्यय होते हैं। वेदमार्गणाकी अपेक्षा पुरुषवेदी जीवोंमें सभी बन्ध-प्रत्यय जानना चाहिए। स्त्रीवेदी और नपुंसक-वेदी जीवोंमें आहारकद्विकको छोड़कर शेष सर्व प्रत्यय होते हैं। कषायमार्गणाकी अपेक्षा विवक्षित क्रोधादि कषायोंमें अपने चारके सिवाय अन्य बारह कषायोंके घट जानेसे शेष पैंतालीस-पैंतालीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥८७-८९॥

विशेषार्थ—वेदमार्गणामें इतना विशेष ज्ञातव्य है कि विवक्षित वेदवाले जीवके बन्ध-प्रत्यय कहते समय उसके अतिरिक्त अन्य दो वेदोंको भी कम करना चाहिए; क्योंकि एक जीवके एक समयमें सभी वेदोंका उदय संभव नहीं है। अतएव पुरुषवेदीके स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके विना पचपन बन्ध-प्रत्यय होते हैं। तथा स्त्रीवेदी और नपुंसकवेदीके स्व-व्यतिरिक्त शेष दो वेद और आहारकद्विकके विना शेष तिरेपन-तिरेपन बन्ध-प्रत्यय होते हैं।

मइ-सुअअण्णाणेसुं आहारदुगूणया मुणेयव्वा ।
मिस्सतियाहारदुअं वज्जित्ता सेसया दु वेभंगे ॥९०॥
मइ-सुअ-ओहिदुगेसुं अणचदु-मिच्छत्तपंचहि विहीणा ।
हस्साइ छक्क पुरिसो संजलण मण-वचि चउर उरालं ॥९१॥
मणपज्जे केवलदुगे मण-वचि पढमंत कम्म उरालदुगं ।
संजलण णोकसाया मण-वचि ओराल आहारदुगं ॥९२॥
सामाइय-छेएसुं आहारदुगूणया दु परिहारे ।
मण-वचि अट्ठोरालं सुहुमे संजलण लोहंते ॥९३॥
कम्मोरालदुगाइं मण-वचि चउरा य होंति जहखाए ।
असंजमम्मि सव्वे आहारदुगूणया णेया ॥९४॥
अण मिच्छ विदिय तसवह वेउव्वाहारजुयलाइं
ओरालमिस्सकम्मा तेहिं विहीणा दु होंति देसम्मि ॥९५॥

मति-श्रुताऽज्ञानद्वये आहारकद्विकोनाः अन्ये पञ्चपञ्चाशत् प्रत्ययाः ५५ ज्ञातव्याः। विभङ्गज्ञाने औदारिक-वैक्रियिकमिश्र-कार्मणनिति मिश्रत्रिकं आहारकद्विकं च वर्जयित्वा शेषाः ५२ प्रत्ययाः स्युः ॥९०॥

मति-श्रुतावधिज्ञानेषु अवधिदर्शने च अनन्तानुबन्धिचतुष्क-मिथ्यात्वपञ्चकैर्विहीनाः अन्ये अष्टचत्वा-रिंशत् ४८ प्रत्ययाः स्युः। मनःपर्ययज्ञाने हास्यादिषट्कं ६ पुंवेदः १ संज्वलनचतुष्कं ४ मनोयोगचतुष्कं ४ वचनयोगचतुष्कं ४ औदारिकं १ चेति विंशतिः २० ॥९१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केवलज्ञाने केवलदर्शने च मनो-वचनप्रथमान्ताः सत्यानुभयमनो-वचनयोगाः ४, कार्मणं १ औदारिकद्विकं २ चेति सप्ताऽऽस्रवाः ७ स्युः। सामायिकच्छेदोपस्थापनयोः संज्वलनाः ४ नव नोकषायाः ९ मनो-वचनयोगाः ८ औदारिकाऽऽहारकद्विकं ३ चेति चतुर्विंशतिः प्रत्ययाः २४ स्युः ॥९२॥

परिहारविशुद्धौ त एव २४ आहारकद्विकोनाः द्वाविंशतिः २२। सूक्ष्मसाम्परायसंयमे मनो-वचनयोगाः अष्टौ ८, औदारिककाययोगः १। कथम्भूते सूक्ष्मे? संज्वलनलोभान्ते। संज्वलनलोभोऽन्ते यस्य, स सूक्ष्मलोभसंयुक्तः १। एवं दश प्रत्ययाः १० ॥९३॥

यथाख्याते कार्मणं १ औदारिकद्विकं २ मनो-वचनयोगाः अष्टौ ८ चेत्येकादश ११ भवन्ति। असंयमे आहारकद्वयोनाः अन्ये सर्वे पञ्चपञ्चाशत् प्रत्यया ५५ ज्ञेयाः ॥९४॥

अनन्तानुबन्धिचतुष्क-मिथ्यात्वपञ्चकाप्रत्याख्यानचतुष्क-त्रसवध-वैक्रियिकयुग्माऽऽहारकयुगलौदारिकमिश्रकार्मणकैस्तैर्विंशतिसंख्यैर्विहीनाः अन्ये सप्तत्रिंशत्प्रत्ययाः देशसंयमे ३७ भवन्ति ॥९५॥

ज्ञानमार्गणाकी अपेक्षा मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें आहारकद्विकके विना शेष पचपन-पचपन बन्ध-प्रत्यय जानना चाहिए। विभंगज्ञानियोंमें मिश्रत्रिक अर्थात् औदारिकमिश्र, वैक्रियिकमिश्र और कार्मणकाययोग, तथा आहारकद्विक; इन पाँचको छोड़कर शेष बावन बन्ध-प्रत्यय जानना चाहिए। मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिद्विक अर्थात् अवधिज्ञानी और अवधिदर्शनी जीवोंमें अनन्तानुबिन्धचतुष्क और मिथ्यत्वपंचक; इन नौके विना शेष अड़तालीस-अड़तालीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं। मनःपर्ययज्ञानियोंमें हास्यादिषट्क, पुरुषवेद, संज्वलनचतुष्क, मनोयोगचतुष्क, वचनयोगचतुष्क और औदारिककाययोग; ये बीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं। केवलद्विक अर्थात् केवलज्ञानी और केवलदर्शनी जीवोंमें आदि और अन्तके दो-दो मनोयोग और वचनयोग, तथा औदारिकद्विक और कार्मणकाययोग; इस प्रकार सात-सात बन्ध-प्रत्यय होते हैं। संयममार्गणाकी अपेक्षा सामायिक और छेदोपस्थापनासंयमी जीवोंमें संज्वलनचतुष्क, नौ नोकषाय, मनोयोगचतुष्क, वचनयोगचतुष्क, औदारिककाययोग और आहारकद्विक, ये चौबीस-चौबीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं। परिहारविशुद्धसंयमी जीवोंमें उक्त चौबीसमेंसे आहारकद्विकके सिवाय शेष बाईस बन्ध-प्रत्यय होते हैं। सूक्ष्मसाम्परायसंयमियोंमें मनोयोगचतुष्क, वचनयोगचतुष्क, औदारिककाययोग और सूक्ष्मलोभ, ये दश बन्ध-प्रत्यय होते हैं। यथाख्यातसंयमियोंमें मनोयोगचतुष्क, वचनयोगचतुष्क, औदारिकद्विक और कार्मणकाययोग, ये ग्यारह बन्ध-प्रत्यय होते हैं। असंयमी जीवोंमें आहारकद्विकके विना शेष पचपन बन्ध-प्रत्यय जानना चाहिए। देशसंयमी जीवोंमें अनन्तानुबन्धिचतुष्क, अप्रत्याख्यानावरणचतुष्क, मिथ्यात्वपंचक, त्रसवध, वैक्रियिकयुगल, आहारकयुगल, औदारिकमिश्र और कार्मणकाययोग, इन बीसके विना शेष सैंतीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥९०-९५॥

तेज-तिय चक्खुजुयले सव्वे हेऊ हवंति† भव्वे य।
किण्हाइतियाऽभव्वे आहारदुगूणया णेया ॥९६॥

तेजस्त्रिके पीत-पद्म-शुक्ललेश्यासु, चक्षुर्युगले चक्षुर्दर्शने अचक्षुर्दर्शने भव्यजीवे च सर्वे सप्तपञ्चाशत्कर्मणां हेतवः प्रत्ययाः ५७ भवन्ति। कृष्णादित्रिके अभव्ये च आहारकद्विकोनाः अन्ये पञ्चपञ्चाशत् ५५ प्रत्ययाः ज्ञेयाः ॥९६॥

लेश्यामार्गणाकी अपेक्षा तेज-त्रिक अर्थात् तेज, पद्म और शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें, दर्शनमार्गणाकी अपेक्षा चक्षुयुगल अर्थात् चक्षुदर्शनी और अचक्षुदर्शनी जीवोंमें तथा भव्यमार्गणाकी अपेक्षा भव्योंमें सभी बन्ध-प्रत्यय होते हैं। कृष्णादि तीन लेश्यावालोंमें, तथा अभव्योंमें आहारकद्विकके विना पचपन बन्ध-प्रत्यय जानना चाहिए ॥९६॥

†द भवंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणमिच्छाहारदुगूणा सव्वे उवसमे णेया ।
आहारजुयल❀जुत्ता वेदय-खइयम्मि ते होंति ॥९७॥
मिच्छाहारदुगूणा साए मिच्छम्मि आहारदुगूणा ।
अण-मिच्छ-मिस्स जोगा हारदुगूणा हवंति मिस्सम्मि ॥९८॥

उपशमसम्यक्त्वे अनन्तानुबन्धिचतुष्क-मिथ्यात्वपञ्चकाऽऽहारद्विकोनाः अन्ये सर्वे षट्चत्वारिंशत्प्रत्ययाः ४६ ज्ञेयाः । वेदकसम्यक्त्वे क्षायिकसम्यक्त्वे च त एवाऽऽहारकयुगलयुक्ताः ४८ भवन्ति ॥९७॥

सासादनरुचौ मिथ्यात्वपञ्चकाऽऽहारद्विकोनाः पञ्चाशत् प्रत्ययाः ५० स्युः । मिथ्यात्वे आहारकद्विकोनाः पञ्चपञ्चाशत् ५५ प्रत्ययाः स्युः । मिश्रे अनन्तानुबन्धिचतुष्क-मिथ्यात्वपञ्चकमिश्रत्रिकयोगाऽऽहारकद्वयोनास्त्रिचत्वारिंशत्प्रत्ययाः ४३ स्युः ॥९८॥

सम्यक्त्वमार्गणाकी अपेक्षा औपशमिकसम्यक्त्वी जीवोंमें अनन्तानुबन्धिचतुष्क, मिथ्यात्वपंचक, और आहारकद्विक इन ग्यारहके विना शेष छ्यालीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं। वेदकसम्यक्त्वी और क्षायिकसम्यक्त्वी जीवोंमें आहारकयुगलसे युक्त उपर्युक्त छ्यालीस अर्थात् अड़तालीस-अड़तालीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं। सासादनसम्यग्दृष्टियोंमें मिथ्यात्वपंचक और आहारकद्विक, इन सातके विना शेष पचास बन्ध-प्रत्यय होते हैं। मिथ्यादृष्टियोंमें आहारकद्विकके विना शेष पचपन प्रत्यय होते हैं। मिश्र अर्थात् सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें अनन्तानुबन्धिचतुष्क, मिथ्यात्वपंचक, तीनों मिश्रयोग (औदारिकमिश्र, वैक्रियिकमिश्र और कार्मण) तथा आहारकद्विक, इन चौदहके विना शेष तैंतालीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥९७-९८॥

मिच्छाइचउक्केयारजोगूणा असण्णिए मोत्तुं ।
भासंतोरालदुअं कम्मं सण्णिम्मि सव्वे वि ॥९९॥

मिथ्यात्वादिचतुष्कं मिथ्यात्वाविरतकषाययोगा इति चतुष्कं तन्मध्ये पञ्चदश योगा वर्तन्ते । तत्र भाषान्तं अनुभयवचनं औदारिकद्विकं कार्मणं चेति चतुर्योगान् मुक्त्वा शेषैकादश योगाः, असंज्ञित्वान्मनो विना अन्ये ४५ असंज्ञिजीवे प्रत्ययाः स्युः । ते के ? मिथ्यात्वपञ्चकं ५, अविरतयः ११, कषायाः २५, योगाः ४ एवं ४५ । संज्ञिजीवे सर्वे सप्तपञ्चाशत् ५७ प्रत्ययाः स्युः ॥९९॥

संज्ञिमार्गणाकी अपेक्षा असंज्ञी जीवोंमें मिथ्यात्व आदि चार मूलप्रत्ययोंमेंसे योग-सम्बन्धी अन्तिम वचनयोग, औदारिकद्विकयोग और कार्मणकाययोग, इन चारको छोड़कर शेष चार मनोयोग, आदिके तीन वचनयोग, वैक्रियिकद्विक और आहारकद्विक इन ग्यारह योगोंके विना अवशिष्ट बन्ध-प्रत्यय होते हैं। संज्ञी जीवोंमें सर्व ही बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥९९॥

विशेषार्थ—यद्यपि भाष्य-गाथामें 'एयार जोगूणा' ऐसा निर्देश है, अतः ग्यारह ही योग कम करना चाहिए थे। परन्तु यतः असंज्ञी जीवोंके मन नहीं होता, अतः मन-सम्बन्धी अविरतिका न होना भी स्वतः-सिद्ध है। इस प्रकार ग्यारह योग और एक मन-सम्बन्धी अविरतिके घटाने पर शेष पैंतालीस बन्ध-प्रत्यय असंज्ञी जीवोंमें पाये जाते हैं, ऐसा जानना चाहिए।

आहारे कम्मूणा इयरे कम्मूण जोयरहिया ते ।
एवं तु मग्गणासुं उत्तरहेऊ जिणेहिं णिद्दिट्ठा ॥१००॥

मग्गणासु पच्चया समत्ता ।

❀ब जुवल ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आहारके कार्मणोनाः अन्ये ५६ आस्रवाः स्युः। इतरे अनाहारे कार्मणे चतुर्दशयोगरहितास्ते प्रत्ययाः ४३ भवन्ति। मिथ्यात्वपञ्चकं ५, अविरतयः १२, कषायाः २५, कार्मणयोगः १, एवं अनाहारके ४३ भवन्ति। एवं तु पुनः मार्गणास्थानेषु उत्तरहेतवः उत्तरप्रत्ययाः कर्म-कारणानि जिनैर्निर्दिष्टाः कथिताः ॥१००॥

इति मार्गणासु प्रत्ययाः समाप्ताः।

आहारमार्गणाकी अपेक्षा आहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगको छोड़कर शेष छप्पन बन्ध-प्रत्यय होते हैं। अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगके विना शेष चौदह योग नहीं पाये जाते हैं, अतएव उनके घट जानेसे तेतालीस बन्ध-प्रत्यय होते हैं। इस प्रकार जिनेन्द्रदेवने मार्गणाओंमें बन्धके उत्तर-प्रत्ययोंका निर्देश किया है ॥१००॥

अब गुणस्थानोंकी अपेक्षा एक जीवके एक समयमें संभव जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट बन्ध-प्रत्ययोंका निर्देश करते हैं—

[1]दस अट्ठारस दसयं सत्तर णव सोलसं च दोण्हं पि।
अट्ठ य चउदस पणयं सत्त तिए दु दि दु एगेगं ॥१०१॥

एयजीवं पडुच्च एयसमये जहण्णुकस्स-उत्तरोत्तरपच्चया—

१०	१०	९	९	८	५	५	५	२	२	१	१	१
१८	१७	१६	१६	१४	७	७	७	३	२	१	१	१

अथ मिथ्यात्वादिगुणस्थानेषु एकजीवस्य एकस्मिन् समये जघन्य-मध्यमोत्कृष्टभेदेन सम्भवदुत्तरोत्तरप्रत्ययान् प्ररूपयति—['दस अट्ठारस दसयं' इत्यादि।] एकस्य जीवस्यैकस्मिन् समये सम्भवत्प्रत्ययसमूहः स्थानम्। तच्च गुणस्थानेषु मिथ्यादृष्टौ जघन्यस्थानं दशकम् १०। मध्यममेकैकाधिकम् ११, १२, १३, १४, १५, १६, १७ यावदुत्कृष्टमष्टादशकम् १८। सासादने जघन्यं दशकं स्थानम् १०, तथा मध्यमं ११, १२, १३, १४, १५, १६ यावदुत्कृष्टम् १७ स्थानं सप्तदशकम्। मिश्रे जघन्यं नवकम् ९। तथा मध्यमं [१०, ११, १२, १३, १४, १५ यावत्] उत्कृष्टं षोडशकम् १६। तथाऽसंयतेऽपि जघन्यं नवकम् ९। तथा मध्यमं [१०, ११, १२, १३, १४, १५ यावत्] उत्कृष्टं षोडशकम् १६। द्वयोरपि वचनात्। देशसंयते जघन्यमष्टकम् ८। तथा मध्यमं [९, १०, ११, १२, १३ यावत्] उत्कृष्टं चतुर्दशकम् १४। त्रिके प्रमत्ताऽप्रमत्ताऽपूर्वकरणेषु प्रत्येकं पञ्च-षट्क-सप्तकानि ज० ५, म० ६, उ० ७। अनिवृत्तिकरणे द्विके २ त्रिके ३ द्वे। सूक्ष्मसाम्पराये द्विकम् २। उपशान्तकषायादित्रये एककमेकैकम्। अयोगे शून्यं प्रत्ययाभावात् ॥१०१॥

एकजीवं प्रतीत्य आश्रित्य एकसमये जघन्योत्कृष्टोत्तरोत्तरप्रत्यया एते—

गुण०	मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अयो०
जघ०	१०	१०	९	९	८	५	५	५	२	२	१	१	१	०
उत्कृ०	१८	१७	१६	१६	१४	७	७	७	३	२	१	१	१	०

मिथ्यात्व गुणस्थानमें जघन्यसे दश और उत्कर्षसे अट्ठारह बन्ध-प्रत्यय होते हैं। सासादनगुणस्थानमें जघन्यसे दश और उत्कर्षसे सत्तरह, मिश्रगुणस्थानमें जघन्यसे नौ और उत्कर्षसे सोलह, अविरतसम्यक्त्वगुणस्थानमें भी जघन्यसे नौ और उत्कर्षसे सोलह बन्ध-प्रत्यय होते हैं। देशविरतगुणस्थानमें जघन्यसे आठ और उत्कर्षसे चौदह, प्रमत्तविरत आदि तीन गुणस्थानोंमें जघन्यसे पाँच-पाँच और उत्कर्षसे सात-सात बन्ध-प्रत्यय होते हैं। अनिवृत्तिकरणगुणस्थानमें जघन्यसे दो और उत्कर्षसे तीन बन्ध-प्रत्यय होते हैं। सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानमें जघन्य और उत्कर्षसे दो ही बन्ध-प्रत्यय होते हैं। उपशान्तकषाय, क्षीणकषाय और सयोगिकेवली इन तीनों गुणस्थानोंमें जघन्य और उत्कर्षसे एक-एक ही बन्ध-प्रत्यय होता है ॥१०१॥

---

[1]. सं० पञ्चसं० ४, ३७-३९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार गुणस्थानोंमें एक जीवकी अपेक्षा एक समयमें जघन्यसे और उत्कर्षसे संभव उत्तर बन्ध-प्रत्ययोंकी संदृष्टि इस प्रकार जानना चाहिए—

गुण०	मि०	सा०	मि०	अवि०	दे०	प्र०	अप्र०	अपू०	अनि०	सू०	उप०	क्षी०	सयो०	अयो०
ज०	१०	१०	९	९	८	५	५	५	२	२	१	१	१	०
उ०	१८	१७	१६	१६	१४	७	७	७	२	१	१	१	१	०

अब काय-विराधना-सम्बन्धी गुणकारोंको बतलाते हैं—

[1]एय वियकायजोगे तिय चउ जोयम्मि पंच छज्जोए ।
छप्पंच दस य वीसा †पणरस छक्केय कायगुणकारा ॥१०२॥

१	२	३	४	५	६
६	१५	२०	१५	६	१

एवं संजोयादिगुणयारा ।

अथैकादिकायविराधनागुणकारान् दर्शयति—['एयवियकायजोगे' इत्यादि ।]

एक-द्वि-त्रि-चतुः-पञ्च-षट्संयोगेन कायिकाः ।
गुणकारा भवेयुर्ये ते षट्-पञ्चदशादयः ॥९॥
अनुलोम-विलोमाभ्यां एकैकोत्तरवृद्धितः ।
एक-द्वि-त्र्यादिसंयोगे विनिक्षिप्य पटीयसा[1] ॥१०॥

अनुलोम-विलोमरचना—

६	५	४	३	२	१
१	२	३	४	५	६

पूर्वकेन परं राशिं गुणयित्वा विलोमतः ।
क्रमादेकादिकैरङ्कैर्भाजिते लभ्यते फलम्[2] ॥११॥

षडादीन् एकपर्यन्तान् अङ्कान् संस्थाप्य तदधोहारान् एकादीन् एकोत्तरान् संस्थापयेत् । अत्र प्रथम-हारेण १ स्वांशे ६ भक्ते लब्धं प्रत्येकभङ्गाः ६ षट् । पुनः परस्पराऽऽहतषट्-पञ्चांशः ५ अन्योन्याहतः ३० । तदेक १ द्विकाहारेण २ भक्ते लब्धं द्विकायसंयोगभङ्गाः पञ्चदश १५ । पुनः परस्पराऽऽहत-तत्त्रिंश ३० चतुरंशे ४ = १२० । तथाकृतद्वित्रि ३ हारेण ६ भक्ते लब्धं त्रिकायसंयोगा विंशतिः २० । पुनः तथाकृत-विंशत्यधिकशतं १२० । ३ त्र्यंशे ३६० तथाकृतषट् ६ चतु ४ हारेण २४ भक्ते लब्धं चतुःकायविराधनसंयोगाः पञ्चदश १५ । पुनः तथाकृतषष्ट्यधिकत्रिंशते ३६० द्वयंशे २ । ७२० तथाकृतचतुर्विंशतिः २४ पञ्चहारेण भक्ते १२० लब्धं पञ्चकायविराधनासंयोगाः षट् ६ । पुनः तथाकृत १२० विंशत्यधिकसप्तशते ७२० एकांशे १ तथाकृतविंशत्यधिकशतं १२० षड् ६ हारेण ७२० भक्ते लब्धं षट्कायसंयोग एकः १ । मिलित्वा ७२० । प्रत्येकं मिथ्यादृष्ट्यादिचतुष्के संयोगगुणकाराः त्रिषष्टिः ६३ भवन्ति ।

१	२	३	४	५	६
६	१५	२०	१५	६	१

= ६३

मि सा मि अ एककायसंयोगभङ्गाः ६ । एवं एककायविराधनायां भङ्गाः ६ । पृथ्वी १ अप् १ तेज १ वात १ वनस्पति १ त्रसकाय १ ।

	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
द्वयोः संयोगे भङ्गाः १५—	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	अप्	अप्	अप्	अप्	तेज	तेज	तेज
	अप्	तेज	वात	वन०	त्रस	तेज	वात	वन०	त्रस	वात	वन०	त्रस

---

1. सं० पंचसं० ४, ४ ।

१. सं० पञ्चसं० ४, ४४–४५ । २. ४, ४६ ।

† ब पण्ण ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३ १४ १५
वात वात वन० एवं द्विकायविराधनायां भङ्गाः १५ ।
वन० त्रस त्रस

त्रयाणां संयोगभङ्गाः २०—

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी
अप्	अप्	अप्	अप्	तेज	तेज	तेज	वात	वात	वन०
तेज	वात	वन०	त्रस	वात	वन०	त्रस	वन०	त्रस	त्रस

११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०
पृथ्वी	पृथ्वी	अप्	अप्	अप्	अप्	तेज	तेज	तेज	वात
तेज	तेज	तेज	वात	वात	वन०	वात	वात	वन०	वन०
वात	वन०	त्रस	वन०	त्रस	त्रस	वन०	त्रस	त्रस	त्रस

एवं त्रिकायविराधनायां भङ्गाः २० ।

चतुःसंयोगभङ्गाः १५—

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११
पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	अप्
अप्	अप्	अप्	अप्	अप्	अप्	तेज	तेज	तेज	वात	तेज
तेज	तेज	तेज	वात	वात	वन०	वात	वात	वन०	वन०	वात
वात	वन०	त्रस	वन०	त्रस	त्रस	वन०	त्रस	त्रस	त्रस	वन०

१२	१३	१४	१५
अप्	अप्	अप्	तेज
तेज	तेज	वात	वात
वात	वन०	वन०	वन०
त्रस	त्रस	त्रस	त्रस

एवं चतुष्कायविराधनायां पञ्चदश भङ्गाः १५ ।

पञ्चकायसंयोगजाता भङ्गाः ६—

१	२	३	४	५	६
पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	पृथ्वी	अप्
अप्	अप्	अप्	अप्	तेज	तेज
तेज	तेज	तेज	वात	वात	वात
वात	वात	वन०	वन०	वन०	वन०
वन०	त्रस	त्रस	त्रस	त्रस	त्रस

यदा षण्णां कायानां मध्ये कश्चित् प्रत्येकमेकैकं कायं विराधयति तदा षड् भेदाः ६ । यदा द्वयं द्वयं कायं विराधयति, तदा भेदाः पञ्चदश १५ । यदा त्रिकं त्रिकं कायं विराधयति, तदा भेदाः विंशतिः २० । यदा कश्चित् कायचतुष्कं कायचतुष्कं विराधयति, तदा भेदाः पञ्चदश १५ । यदा कश्चित् कायपञ्चकं पञ्चकं विराधयति, तदा भेदाः षट् ६ । यदा कश्चित् युगपत् षट्कायान् विराधयति, तदा भेद एकः १ । एवं [सर्वे] भेदाः ६३ ॥१०२॥

कायवधसम्बन्धी एकसंयोगी भंगोंका गुणकार छह, द्विसंयोगी भंगोंका गुणकार पन्द्रह, त्रिसंयोगी बीस, चतुःसंयोगी पन्द्रह, पंचसंयोगी छह और षट्संयोगी कायगुणकार एक जानना चाहिए ॥१०२॥

विशेषार्थ—गुणस्थानोंमें बन्ध-प्रत्ययोंके एकसंयोगी, द्विसंयोगी आदि भंग कितने होते हैं, यह बतलानेके लिए ग्रन्थकारने देशामर्शकरूपसे प्रकृत गाथासूत्र कहा है। इन संयोगी भंगोंके सिद्ध करनेका करणसूत्र यह है कि जिस विवक्षित राशिके भंग निकालने हों, उस विवक्षित राशि-प्रमाणसे लेकर एक-एक कम करते हुए एकके अन्त तक अंकोंको स्थापित करना चाहिए। तथा उसके नीचे दूसरी पंक्तिमें एक अंकसे लेकर विवक्षित राशिके प्रमाण तक अंक लिखना चाहिए। पहली पंक्तिके अंकोंको अंश या भाज्य और दूसरी पंक्तिके अंकोंको हार या भागहार कहते हैं। ये भंग भिन्नगणितके अनुसार निकाले जाते हैं, इसलिए यहाँ क्रमसे पहले भाज्योंके साथ अगले भाज्योंका और पहले भागहारोंके साथ अगले भागहारोंका गुणा करना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चाहिए। पुनः भाज्योंके गुणा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो, उसमें भागहारोंके गुणा करनेसे उत्पन्न राशिका भाग देना चाहिए। इस प्रकार जो प्रमाण आवे, तत्प्रमाण ही विवक्षित स्थानके भंग जानना चाहिए। इसी नियमको ध्यानमें रखकरके ग्रन्थकारने मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानोंमें संभव काय-वधके संयोगी भंगोंका निरूपण किया है, जिनका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—आदिके चार गुणस्थानोंमें षट्कायिक जीवोंका वध सम्भव है, अतएव छह, पाँच, चार, तीन, दो और एक, इन भाज्य अंकोंको क्रमसे लिखकर पुनः उनके नीचे एक, दो, तीन, चार, पाँच और छह, इन भागहार अंकोंको लिखना चाहिए। इनकी अंक संदृष्टि इस प्रकार होती है—

६ ५ ४ ३ २ १

१ २ ३ ४ ५ ६

यहाँपर पहली भाज्यराशि छहमें पहली हारराशि एकका भाग देनेसे छह आते हैं, अतएव एकसंयोगी भंगोंका प्रमाण छह होता है। पहली भाज्यराशि छहका अगली भाज्यराशि पाँचसे गुणा करनेपर गुणनफल तीस आता है, तथा पहली हारराशि एकका अगली हारराशि दोसे गुणा करनेपर हारराशिका प्रमाण दो आता है। इस दो हारराशिका भाज्यराशि तीसमें भाग देनेपर भजनफल पन्द्रह आता है, यही द्विसंयोगी भंगोंका प्रमाण है। इसी क्रमसे त्रिसंयोगी भंगोंका प्रमाण बीस, चतुःसंयोगी भंगोंका पन्द्रह, पंचसंयोगी भंगोंका छह और षट्संयोगी भंगोंका प्रमाण एक आता है।

इन संयोगी भंगोंकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—

१	२	३	४	५	६
६	१५	२०	१५	६	१

यह उपर्युक्त गाथासूत्र अन्य बन्ध-प्रत्ययोंके भंग जाननेके लिए बीजपदरूप है, इसलिए शेष बन्ध-प्रत्ययोंके भी भंग इसी उपर्युक्त प्रकारसे सिद्ध करना चाहिए।

यहाँ इतना विशेष समझना चाहिए कि आगे मिथ्यात्वादि गुणस्थानोंमें उत्तरप्रत्ययोंकी अपेक्षा जो भंग-विकल्प बतलाये हैं, उनके लानेके लिए केवल काय-अविरतिके भेदोंकी अपेक्षा गुणकाररूपसे संख्या-निर्देश करना पर्याप्त नहीं है, किन्तु उन काय-अविरति-भेदोंके जो एक-संयोगी, द्वि-संयोगी आदि भंग होते हैं, गुणकाररूपसे उन भंगोंकी संख्याका निर्देश करने पर ही सर्व भंग-विकल्प आते हैं, इसलिए यहाँपर छह काय-अविरतियोंकी अपेक्षा एक-संयोगी आदि भंग लाकर उन्हें काय-गुणकार-संज्ञा दी गई है। इस प्रकारके काय-विराधना-सम्बन्धी गुणकार तिरेसठ होते हैं, जो कि मिथ्यादृष्टि आदि चार गुणस्थानोंमें पाये जाते हैं। इनका विशेष विवरण संस्कृत टीकामें दिया गया है जिसका अभिप्राय यह है कि जब कोई जीव क्रोधादि कषायोंके वश होकर षट्-कायिक जीवोंमेंसे एक-एक कायिक जीवको विराधना करता है, तब एक संयोगी छह भंग होते हैं। जब छह कायिकोंमेंसे किन्हीं दो-दो कायिक जीवोंकी विराधना करता है, तब द्विसंयोगी पन्द्रह भंग होते हैं। इसी प्रकार किन्हीं तीन-तीन कायिक जीवोंकी विराधना करनेपर त्रिसंयोगी भंग बीस, चार-चारकी विराधना करनेपर चतुःसंयोगी भंग पन्द्रह, पाँच-पाँचकी विराधना करनेपर पंच-संयोगी भंग छह होते हैं। तथा एक साथ छहों कायिक जीवोंकी विराधना करनेपर षट्संयोगी भंग एक होता है। इस प्रकारसे उत्पन्न हुए एक-संयोगी आदि भंगोंका योग तिरेसठ होता है।

[1]आवलिय मेत्तकालं अणंतबंधीण होइ णो उदओ।
अंतोमुहुत्त मरणं मिच्छत्तं दंसणा पत्ते* ॥१०२॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ४१-४२।

* द पत्तो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]मिच्छत्तक्खं काओ कोहाई तिण्णि वेद एगो य ।
हस्साइजुयलमेयं जोगो दस होंति हेऊ* ते ॥१०४॥

१।१।१।३।१।२।१। मिलिया १० ।

यः सम्यक्त्वात्पतितो मिथ्यात्वं प्राप्तस्तस्याऽनन्तानुबन्धिनां आवलिकामात्रकालं उदयो नास्ति, अन्तर्मुहूर्त्तकाले मरणमपि नास्तीति तदाह—['आवलियमेत्तकालं' इत्यादि] दर्शनात् अनन्तानुबन्धिविसंयोजितवेदकसम्यक्त्वात् मिथ्यात्वकर्मोदयान्मिथ्यादृष्टिगुणस्थानं प्राप्ते सति आवलिमात्रकालं आवलिपर्यन्तं अनन्तानुबन्धिनां उदयो नास्ति । अन्तर्मुहूर्त्तं यावत्, तावन्मरणं नास्ति । तावत्कालं सम्यक्त्वप्राप्तिर्नास्ति ॥१०३॥ तथा चोक्तम्—

अण संजोजिदसम्मे मिच्छं पत्ते ण आवलि त्ति अणं ।
उवसम खविये सम्मं ण हि तत्थ वि चारि ठाणाणि[1] ॥१२॥
अणसंजोजिद मिच्छे मुहुत्त-अंतो त्ति णत्थि मरणं तु[2] ॥१३॥ इति
कालमावलिकामात्रं पाकोऽनन्तानुबन्धिनाम् ।
जन्तोरस्ति न सम्यक्त्वं हित्वा मिथ्यात्वयायिनः ॥१४॥
सम्यक्त्वतो न मिथ्यात्वं प्रयातोऽन्तर्मुहूर्त्तकम् ।
मिथ्यात्वतो न सम्यक्त्वं शरीरी याति पञ्चताम्[3] ॥१५॥ इति

पञ्च [मिथ्यात्वानि, षडिन्द्रियाणि, एक-द्वि-त्रि-चतुः-पञ्च-षट्कायवधान्, चत्वारि क्रोधचतुष्काणि त्रीन् वेदान्, हास्ययुग्मारतियुग्मे आहारकद्वयं विना] त्रयोदशयोगांश्च उपर्युपरि तिर्यग् रचयित्वा इदं कूटं कथ्यते—भय-जुगुप्सारहितं प्रथमं कूटं १ । तदन्यतरयुतं द्वितीयं कूटं २ । तद्द्वययुतं तृतीयं कूटं ३ । इति सामान्यकूटानि त्रीणि ३ । अनन्तानुबन्ध्यूनानि कूटानि त्रीणि ३ । मिलित्वा मिथ्यादृष्टौ षट् कूटानि ६ भवन्ति । अनन्तानुबन्धि-रहितप्रथमे कूटे—

का०	अ०	भ०
१	०	०

मिथ्यात्व १ मिन्द्रियं १ कायः कषायैकतमत्रयम् ३ ।
एको वेदो १ द्वियुग्मैकं २ दशयोगैककः १ परम् ॥१६॥

मि०	इं०	का०	कषा०	वे०	हा०	यो०
१	१	१	३	१	२	१

मेलिताः पिण्डीकृताः दश १० । एते जघन्यहेतवः प्रत्ययानि मिथ्यादृष्टौ भवन्ति १० । [4]अत्र पञ्चानां मिथ्यात्वानां मध्ये एकतमस्योदयोऽस्तीत्येको मिथ्यात्वप्रत्ययः १ । षण्णामिन्द्रियाणामेकतमेन षण्णां कायानामेकतमविराधने कृते असंयमप्रत्ययः १ । प्रथमचतुष्कहीनानां चतुर्णां कषायाणामेकतमत्रिकोदये त्रयः कषायप्रत्ययाः ३ । त्रयाणां वेदानामेकतमोदये एको वेदप्रत्ययः १ । हास्य-रतियुग्माऽरतिशोकयुग्मयोरेकतरोदये द्वौ युग्मप्रत्ययौ २ । आहारकद्वय-मिश्रत्रयहीनानां दशानां योगानामेकतमोदयेन एको योगप्रत्ययः १ । एवमेते मिथ्यादृष्टेरेकस्मिन् समये जघन्यप्रत्ययाः दश १० ॥१०४॥

[2]सत्रयोदशयोगस्य सम्यग्दर्शनधारिणः ।
मिथ्यात्वमुपयातस्य शान्तानन्तानुबन्धिनः ॥१७॥
पाकोनावलिका यस्मादस्त्यनन्तानुबन्धिनाम् ।
ततोऽनन्तानुबन्ध्यूनकषायप्रत्ययत्रयम् ॥१८॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ४७ । 2. ४, ४८–४९ ।

१. गो० क० ४७८ । २. गो० क० ५६१ (पूर्वार्ध) । ३. सं० पञ्चसं० ४, ४१–४२ ।

४. सं० पञ्चसं० ४, 'अत्र पंचानां' इत्यादि गद्यभागः शब्दशस्तुल्यः (पृ० ९०) ।

*द् ते हेऊ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असौ न म्रियते यस्मात्कालमन्तर्मुहूर्त्तकम् ।
मिश्रत्रयं विना तस्माद्यौगिकाः प्रत्ययाः दश[1] ॥१६॥ इति
१।१।१।३।१।२।१

जो अनन्तानुबन्धीका विसंयोजक सम्यग्दृष्टि जीव सम्यक्त्वको छोड़कर मिथ्यात्वगुण-स्थानको प्राप्त होता है, उसके एक आवलीमात्रकाल तक अनन्तानुबन्धी कषायोंका उदय नहीं होता है। तथा सम्यक्त्वको छोड़कर मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाले जीवका अन्तर्मुहूर्तकाल तक मरण भी नहीं होता है इस नियमके अनुसार मिथ्यादृष्टिके एक समयमें पाँच मिथ्यात्वोंमें-से एक मिथ्यात्व, पाँच इन्द्रियोंमेंसे एक इन्द्रिय, छह कायोंमें-से एक काय, अनन्तानुबन्धीके विना शेष कषायोंमेंसे क्रोधादि तीन कषाय, तीन वेदोंमेंसे कोई एक वेद, हास्यादि दो युगलोंमेंसे कोई एक युगल और आहारकद्विक तथा अपर्याप्तकाल-सम्बन्धी तीन मिश्रयोग, इन पाँचके विना शेष दश योगोंमेंसे कोई एक योग इस प्रकार जघन्यसे दश बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१०३-१०४॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है— मि० इ० का० क० वे० हा० यो०
१ + १ + १ + ३ + १ + २ + १ = १०

का० अ० भ०
१ ० ० इस कूटका अभिप्राय इस प्रकार है—

आगे मिथ्यात्वादि गुणस्थानोंमें जघन्यसे लेकर उत्कृष्ट संख्या तकके बन्ध-प्रत्ययोंके उत्पन्न करनेके जो प्रकार बतलाये गये हैं, उनमें जहाँ जितने और जो बन्ध-प्रत्यय विवक्षित हैं यद्यपि उनका संख्याके साथ नाम-निर्देश गाथाओंमें किया गया है, तथापि काय-सम्बन्धी अविरति, अनन्तानुबन्धि-चतुष्क और भय-युगलके सद्भाव-असद्भावके जिन भंगोंका निर्देश किया गया है, वहाँ उनके स्थानमें विवक्षित अन्य प्रत्ययोंके साथ उनके अन्य भंग भी हो सकते हैं। परन्तु ऐसा करनेसे स्थानोंकी निश्चित संख्याका व्यतिक्रम हो जाता है, जो विवक्षित स्थान-संख्याको ध्यानमें रखते हुए अभीष्ट नहीं है। इस प्रकारके इस गूढ़ार्थको स्पष्ट करनेके लिए कूटोंकी रचना की गई है। इन कूटोंसे गाथामें निर्दिष्ट विवक्षित स्थान-संख्याके साथ काय-विराधना आदि तीनोंके भंगोंका स्पष्ट बोध हो जाता है। उदाहरण-स्वरूप दश-प्रत्ययक बन्धस्थानके इस कूटके प्रथम भागमें 'का०'के नीचे एकका अंक दिया हुआ है, जिसका अभिप्राय यह है कि यहाँपर काय-सम्बन्धी एक-संयोगी गुणकार विवक्षित है। 'अ०' के नीचे शून्य दिया गया है, जिसका अभिप्राय यह है कि यहाँपर अनन्तानुबन्धि-चतुष्कसे रहित स्थान विवक्षित है। 'भ०'के नीचे जो शून्य दिया गया है, उससे यह सूचित किया गया है कि यहाँपर भय-युगलसे रहित स्थान विवक्षित है। आगे आनेवाले सभी कूटोंमें दिये गये अंकों या शून्योंसे भी इसी प्रकारका अर्थ लेना चाहिए। इस प्रकारके गूढ रहस्यसे अन्तर्हित रखनेके कारण इसे कूट-संज्ञा दी गई है।

पंच मिच्छत्ताणि, छ इंदियाणि, छक्काया, चत्तारि वि कसाया, तिण्णि वेया, एयजुयलं, दस जोगा। ५।६।६।४।३।२।१०। अण्णोण्णगुणिया दसजोगजहण्णभंगा ४३२००।

एतेषाञ्च भङ्गाः—मिथ्यात्वपञ्चकेन्द्रियषट्क-कायषट्क-कषायचतुष्क-वेदत्रय-युग्मद्वययोगदशैकतमभङ्गाः ५।६।६।४।३।२।१०। अन्योन्यगुणिताः दशसंयोगस्य जघन्यभङ्गाः स्युः ४३२००। तत्कथम्? दश १० द्वाभ्यां २ गुणिताः विंशतिः २०, त्रिभिर्गुणिताः षष्टिः ६०, चतुर्भिर्गुणिताः २४०। एते षड्भिर्गुणिताः १४४०। एते पुनः षड्भिर्गुणिताः ८६४०। एते पञ्चभिर्गुणिताः ४३२००। अनेन प्रकारेण सर्वत्र अन्योन्यभङ्गाः गुणनीयाः ॥१०४॥

---

१. सं० पञ्चसं० ४, ५०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इन दश बन्ध-प्रत्ययोंके भंग तेतालीस हजार दो सौ होते हैं। उनके निकालनेका प्रकार यह है—पाँच मिथ्यात्व, छह इन्द्रियाँ, छह काय, चारों कषाय, तीनों वेद, हास्यादि एक युगल और दश योग, इन्हें क्रमसे स्थापित करके परस्परमें गुणा करनेपर जघन्य दश बन्ध-प्रत्ययोंके भंग सिद्ध होते हैं। इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—

५×६×६×४×३×२×१०=४३२०० दश बन्ध-प्रत्ययोंके भंग।

आगे बतलाये जानेवाले मिथ्यादृष्टिके ग्यारह बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भंगोंको निकालनेके लिए बीजभूत कूटकी रचना इस प्रकार है—

का०	अ०	भ०
२	०	०
१	१	०
१	०	१

मिच्छत्तक्ख दुकाया कोहाई तिण्णि वेय एगो य।
हस्साइजुयलमेयं जोगो एयारसं हेऊं ॥१०५॥

१।१।२।३।१।२।१। मिलिया ११।

मिथ्यात्वमेकं १ खमिन्द्रियमेकं १ द्विकायविराधनाद्विकं २ अनन्तानुबन्धिरहित-कषायत्रिकं ३ वेद एकः १ हास्यादियुगलं २ योग एकः १ चेत्येवं संयोगीकृता मध्यमहेतवः प्रत्ययाः भवन्ति १। १। २। ३। १। २। १। मीलिताः ११ ॥१०५॥

मिथ्यात्वगुणस्थानमें मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय दो, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, और योग एक; ये ग्यारह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१०५॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१+१+२+३+१+२+१=११।

मिच्छत्तक्खं काओ कोहाइचउक्क वेय एगो य।
हस्साइजुयलमेयं जोगो एयारसं हेऊ ॥१०६॥

१।१।१।४।१।२।१। मिलिया ११।

मिथ्यात्वमेकतमं १ खमिन्द्रियमेकं १ कायः १, क्रोधादिचतुष्कं ४ अत्रानन्तानुबन्धित्वात्। वेद एकतमः १ हास्यादियुगलं १। संयोगे एकादश ११ मध्यमप्रत्ययाः १।१।१।४।१।२।१ मीलिताः ११॥१०६॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय एक, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक और योग एक; ये ग्यारह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१०६॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१+१+१+४+१+२+१=११।

मिच्छत्तक्खं काओ कोहाई तिण्णि वेय एगो य।
हस्साइजुयं एयं भयदुय एयं च जोगो ते ॥१०७॥

१।१।१।३।१।२।१।१। मिलिया ११।

मिथ्यात्वे १ न्द्रिय १ क्रोधादिकै ३ कवेदै १ क-हास्यादियुग्म २ भयैक १ योगैकतमाः भङ्गाः १।१। १।१।३।१।२।१। पिण्डीकृताः ११ ॥१०७॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय एक, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भय-जुगुप्सामेंसे एक, और योग एक; ये ग्यारह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१०७॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१+१+१+३+१+२+१+१=११।

एदेसिं च भंगा—५।६।१५।४।३।२।१०। एदे अण्णोण्णगुणिया १०८०००।

५।६।६।४।३।२।१३। एदे अण्णोण्णगुणिय।५६१६०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५।६।६।४।३।२।२।१०। एदे अण्णोण्णगुणिया ८६४००।

ए तिण्णिमि मिलिए मज्झिमभंगा हवंति १०८००० + ५६१६० + ८६४०० = २५०५६०।

एतेषां त्रयाणां भङ्गाः ५।६।१५।४।३।२।१०। एते अन्योन्यगुणिताः १०८०००। ५।६।६।४।३।२।१३ एते परस्परं गुणिताः ५६१६०। ५।६।६।४।३।२।२।१० एते अन्योन्यगुणिताः ८६४००। एते त्रयो राशयः एकीकृताः एकादशानामुत्तरोत्तरमध्यमभङ्गाः २५०५६० भवन्ति।

इन उपर्युक्त ग्यारह बन्ध-प्रत्ययोंके तीनों प्रकारोंके भंग इस प्रकार हैं—

प्रथम प्रकार—५।६।१५।४।३।२।१०। इनका परस्पर गुणा करनेपर १०८००० भंग होते हैं।

द्वितीय प्रकार—५।६।६।४।३।२।१३। इनका परस्पर गुणा करनेपर ५६१६० भंग होते हैं।

तृतीय प्रकार—५।६।६।४।३।२।२।१०। इनका परस्पर गुणा करनेपर ८६४०० भंग होते हैं।

उक्त तीनों प्रकारोंके भंगोंके प्रमाणको जोड़ देनेपर (१०८००० + ५६१६० + ८६४०० =) मध्यम ग्यारह बन्ध-प्रत्ययोंके सर्व भंगोंका प्रमाण २५०५६० होता है।

मिथ्यादृष्टिके आगे बतलाये जानेवाले बारह बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भंगोंको निकालनेके लिए बीजभूत कूटकी रचना इस प्रकार है—

का०	अ०	भ०
३	०	०
२	१	०
२	०	१
१	१	१
१	०	२

मिच्छत्तक्खतिकाया कोहाई तिण्णि एय वेदो य।
हस्साइजुयलमेयं जोगो बारह हवंति ते हेऊ ॥१०८॥

१।१।३।३।१।२।१। मिलिया १२।

मिथ्यात्वं खमिन्द्रियं १ त्रिकायविराधना ३ अनन्तानुबन्ध्यूनक्रोधादित्रयं ३ एको वेदः १ हास्यादि-युगलं २ योग एकः १ इत्येवं द्वादश हेतवः १२ प्रत्ययास्ते भवन्ति ॥१०८॥

१।१।३।३।१।२।१ मीलिताः १२। एतेषां भङ्गाः—मिथ्यात्वपञ्चके ५ इन्द्रियषट्क ६ त्रिकायविराधनासंयोगविंशतिः २० कषायचतुष्क ४ वेदत्रय ३ हास्यादियुग्म २ मिश्रत्रिकाऽऽहारकद्विकरहितयोगाः १० भङ्गाः ५।६।२०।४।३।२।१० परस्परगुणिताः १४४००।

अथवा मिथ्यात्वगुणस्थानमें मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय तीन, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक और योग एक; इस प्रकार बारह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१०८॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ३ + ३ + १ + २ + १ = १२।

मिच्छत्तक्खदुकाया कोहाइचउक्क एयवेदो य।
हस्साइजुयलमेयं जोगो बारह हवंति ते हेऊ ॥१०९॥

१।१।२।४।१।२।१ एते मिलिया १२।

१।१।२।४।१।२।१ एते मीलिताः १२। एतेषां भङ्गाः विकल्पाः ५।६।१५।४।३।२।१३ परस्पराभ्यस्ताः १४०४०० ॥१०९॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय दो, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक, योग एक, इस प्रकार बारह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१०९॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + २ + ४ + १ + २ + १ = १२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिच्छत्तक्खदुकाया कोहाई तिण्णि एयवेदो य ।
हस्साइदुयं एयं भयदुय एयं च जोगो य ॥११०॥

१।१।२।३।१।२।१।१ । एते मिलिया १२ ।

१।१।२।३।१।२।१।१ एते मिलिताः १२ । एतेषां भङ्गाः ५।६।१५।४।३।२।२।१० परस्परं हताः २१६००० ॥११०॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय दो, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भयद्विकमेंसे एक और योग एक; इस प्रकार बारह बन्धप्रत्यय होते हैं ॥११०॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + २ + ३ + १ + २ + १ + १ = १२ ।

मिच्छत्तक्खं काओ कोहाइचउक्क एयवेदो य ।
हस्सादिदुयं एयं भयदुय एयं च जोगो य ॥१११॥

१।१।१।४।१।२।१।१ । एदे मिलिया १२ ।

१।१।१।४।१।२।१।१ एते पिण्डीकृताः १२ । एतेषां विकल्पाः ५।६।६।४।३।२।२।१३ परस्परेण गुणिताः ११२३२० ॥१११॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय एक, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भयद्विकमेंसे एक, और योग एक; इस प्रकार बारह बन्धप्रत्यय होते हैं ॥१११॥

इसकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + १ + ४ + १ + २ + १ + १ = १२ ।

मिच्छत्तक्खं काओ कोहाई तिण्णि एयवेदो य ।
हस्सादिदुयं एयं भयजुयलं एयजोगो य ॥११२॥

१।१।१।३।१।२।२।१ । एदे मिलिया १२ ।

१।१।१।३।१।२।२।१ एते मिलिताः १२ । एतेषां भङ्गाः ५।६।६।४।३।२।२।१० परस्परेण गुणिताः ४३२०० ॥११२॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय एक, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भययुगल एक और योग एक; इस प्रकार बारह बन्धप्रत्यय होते हैं ॥११२॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + १ + ३ + १ + २ + २ + १ = १२ ।

एदेसिं च भंगा—५।६।२०।४।३।२।१० । एदे अण्णोण्णगुणिदा = १४४०००
५।६।१५।४।३।२।१३ । एदे अण्णोण्णगुणिदा = १४०४००
५।६।१५।४।३।२।२।१० । एदे अण्णोण्णगुणिदा = २१६०००
५।६।६।४।३।२।२।१३ । एदे अण्णोण्णगुणिदा = ११२३२०
५।६।६।४।३।२।२।१० । एदे अण्णोण्णगुणिदा = ४३२००
एए पंच वि मिलिया मज्झिमभंगा = ६५५१२०

एते पञ्च राशयः एकीकृता मिथ्यात्वे मध्यमद्वादशप्रत्ययानां उत्तरोत्तरमध्यमभङ्गाः ६५५१२० भवन्ति । सुगमत्वात् वारं वारं वृत्तिविस्तरो न कृतोऽस्ति ।

इन उपर्युक्त बारह बन्धप्रत्ययोंके पाँचों प्रकारोंके भङ्ग इस प्रकार होते हैं—
प्रथम प्रकार—५।६।२०।४।३।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर १४४००० भङ्ग होते हैं ।
द्वितीय प्रकार—५।६।१५।४।३।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर १४०४०० भङ्ग होते हैं।
तृतीय प्रकार—५।६।१५।४।३।२।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर २१६००० भङ्ग होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ प्रकार—५।६।६।४।३।२।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर ११२३२० भङ्ग होते हैं।
पंचम प्रकार—५।६।६।४।३।२।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर ४३२०० भङ्ग होते हैं।
उक्त पाँचों प्रकारोंके भङ्गोंके प्रमाणको जोड़ देनेपर (१४४००० + १४०४०० + २१६००० + ११२३२० + ४३२०० =) बारह बन्धप्रत्यय-सम्बन्धी सर्व मध्यम भङ्गोंका प्रमाण ६५५६२० होता है।

मिथ्यादृष्टिके आगे बतलाये जानेवाले तेरह बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भङ्गोंको निकालनेके लिए बीजभूत कूटकी रचना इस प्रकार है—

का०	अन०	भ०
४	०	०
३	१	०
३	०	१
२	१	१
२	०	२
१	१	२

मिच्छक्खं चउकाया कोहाई तिण्णि एयवेदो य ।
हस्साइजुयलमेयं जोगो तेरह हवंति ते हेऊ ॥११३॥

१।१।४।३।१।२।१। एदे मिलिया १३ ।

मध्यमत्रयोदशप्रत्ययभेदाः चतुःखित्रिद्विद्वेयककायविराधनादिभेदान् गाथाषट्केनाऽऽह—['मिच्छक्खं चउकाया' इत्यादि ।] १।१।४।३।१।२।१ एते मिलिताः १३ । एतेषां च भङ्गाः ५।६।१५।४।३।२।१० एते अन्योन्यगुणिताः १०८००० ॥११३॥

अथवा मिथ्यात्वगुणस्थानमें मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय चार, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक और योग एक; इस प्रकार तेरह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥११३॥
इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ४ + ३ + १ + २ + १ = १३ ।

मिच्छत्तक्खतिकाया कोहाइचउक्क एयवेदो य ।
हस्साइजुयलमेयं जोगो तेरह हवंति ते हेऊ ॥११४॥

१।१।३।४।१।२।१ । एदे मिलिया १३ ।

१।१।३।४।१।२।१ एते मीलिताः १३ त्रयोदश मध्यमप्रत्ययाः भवन्ति । एतेषां विकल्पाः ५।६।२०।४।३।२।१३ एते परस्परगुणिताः १८७२०० ॥११४॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय तीन, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक और योग एक; इस प्रकार तेरह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥११४॥
इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ३ + ४ + १ + २ + १ = १३ ।

मिच्छत्तक्खतिकाया कोहाई तिण्णि एयवेदो य ।
हस्सादिदुयं एयं भयदुय एयं च जोगो य ॥११५॥

१।१।३।३।१।२।१।१ । एदे मिलिया १३ ।

१।१।३।३।१।२।१।१ एकीकृताः १३ प्रत्ययाः भवन्ति । एतेषां भङ्गाः ५।६।२०।४।३।२।२।१० । एते परस्परेण हताः २८८००० विकल्पा भवन्ति ॥११५॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय तीन, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भयद्विकमेंसे एक और योग एक; इस प्रकार तेरह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥११४॥
इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ३ + ३ + १ + २ + १ + १ = १३ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिच्छत्तक्खदुकाया कोहाइचउक्क एयवेदो य ।
हस्सादिदुयं एयं भयदुय एयं च जोगो च ॥११६॥

१।१।२।४।१।२।१।१ । एदे मिलिया १३ ।

१।१।२।४।१।२।१।१ एते पिण्डीकृताः प्रत्ययाः १३ । एतेषां भङ्गाः ५।६।१५।४।३।२।२।१३ । एते अन्योन्यगुणिताः २८०८०० उत्तरोत्तरविकल्पाः स्युः ॥११६॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय दो, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भयद्विकमेंसे एक और योग एक; इस प्रकार तेरह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥११६॥

इनकी अंक संदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + २ + ४ + १ + २ + १ + १ = १३ ।

मिच्छत्तक्खदुकाया कोहाई तिण्णि एयवेदो य ।
हस्साई दुयमेयं भयजुयलं होंति जोगो य ॥११७॥

१।१।२।३।१।२।२।१ । मिलिया १३ ।

१।१।२।३।१।२।२।१ एते एकीकृताः १३ । एतेषां च भङ्गाः ५।६।१५।४।३।२।१० परस्परेण गुणिताः १०८००० त्रिकल्पा भवन्ति ॥११७॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय दो, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भययुगल और योग एक, इस प्रकार तेरह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥११७॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + २ + ३ + १ + २ + २ + १ = १३ ।

मिच्छत्तक्खं कायो कोहाइचउक्क एयवेदो य ।
हस्साइदुयं एयं भयजुयलं होंति जोगो य ॥११८॥

१।१।१।४।१।२।२।१ । एदे मिलिया १३ ।

१।१।१।४।१।२।२।१ एते मेलिताः १३ प्रत्ययाः स्युः । एतेषां च भङ्गाः ५।६।६।४।३।२।१३ एते अन्योन्यगुणिताः ५६१६० विकल्पा भवन्ति ॥११८॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय एक, क्रोधादि कषाय चार; वेद एक, हास्यादि युगल एक, भययुगल और एक योग, इस प्रकार तेरह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥११८॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + १ + ४ + १ + २ + २ + १ = १३ ।

एदेसिं च भंगा—५।६।१५।४।३।२।१० । एदे अण्णोण्णगुणिदा = १०८०००
५।६।२०।४।४।३।२।१३ । एदे अण्णोण्णगुणिदा = १८७२००
५।६।२०।४।३।२।२।१० । एदे अण्णोण्णगुणिदा = २८८०००
५।६।१५।४।३।२।२।१३ । एदे अण्णोण्णगुणिदा = २८०८००
५।६।१५।४।३।२।१० । एदे अण्णोण्णगुणिदा = १०८०००
५।६।६।४।३।२। ३ । एदे अण्णोण्णगुणिदा = ५६१६०
एदे सव्वे वि मिलिया हवंति = १०२८१६०

एतेषां षड् राशयः एकीकृताः १०२८१६० मध्यमत्रयोदशप्रत्ययानामुत्तरोत्तरविकल्पा भवन्ति ।

इन उपर्युक्त तेरह बन्ध-प्रत्ययोंके छहों प्रकारोंके भङ्ग इस प्रकार होते हैं—
प्रथम प्रकार—५।६।१५।४।३।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर १०८०००० भङ्ग होते हैं ।
द्वितीय प्रकार—५।६।२०।४।३।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर १८७२०० भङ्ग होते हैं ।
तृतीय प्रकार—५।६।२०।४।३।२।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर २८८०००० भङ्ग होते हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ प्रकार—५।६।१५।४।३।२।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर २८०८०० भङ्ग होते हैं।
पंचम प्रकार—५।६।१५।४।३।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर १०८००० भङ्ग होते हैं।
षष्ठ प्रकार—५।६।६।४।३।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर ५६१६० भङ्ग होते हैं।

उक्त छहों प्रकारोंके भङ्गोंके प्रमाणको जोड़ देनेपर (१०८००० + १८७२०० + २८८००० + २८०८०० + १०८००० + ५६१६० =) तेरह बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी सर्व मध्यम भङ्गोंका प्रमाण १०२८१६० होता है।

मिथ्यादृष्टिके आगे बतलाये जानेवाले चौदह बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भङ्गोंको निकालनेके लिए बीजभूत कूटकी रचना इस प्रकार है—

का०	अन०	भ०
५	०	०
४	१	०
४	०	१
३	१	१
३	०	२
२	१	२

मिच्छक्ख पंचकाया कोहाई तिण्णि एयवेदो य।
हस्साइजुयलमेयं जोगो चउदह हवंति ते हेऊ ॥११९॥

१।१।५।३।१।२।१। एदे मिलिया १४।

अथ चतुर्दशप्रत्ययभेदे पञ्चचतुश्चतुस्त्रित्रिद्विकायविराधनादिभेदान् गाथाषट्केनाऽऽह—['मिच्छक्ख पंचकाया' इत्यादि।] १।१।५।३।१।२।१ एते पिण्डीकृताः १४ प्रत्यया मध्यमा भवन्ति। एतेषां भङ्गाः ५। ।६।४।३।२।१० परस्परेणाभ्यस्ताः ४३२०० उत्तरोत्तरविकल्पाः स्युः ॥११९॥

अथवा मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय पाँच, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक और योग एक; इस प्रकार चौदह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥११९॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ५ + ३ + १ + २ + १ = १४।

मिच्छक्खं चउकाया कोहाइचउक्क एयवेदो य।
हस्साइजुयलमेयं जोगो चउदस हवंति ते हेऊ ॥१२०॥

१।१।४।४।१।२।१। एदे मिलिया १४।

१।१।४।४।१।२।१ एते मीलिताः १४ मध्यमप्रत्यया भवन्ति। एतेषां च भङ्गाः ५।६।१५।४।३।२।१३ अन्योन्यगुणिताः १४०४०० विकल्पा भवन्ति ॥१२०॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय चार, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक और योग एक, इस प्रकार चौदह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१२०॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ४ + ४ + १ + २ + १ = १४।

मिच्छक्खं चउकाया कोहाई तिण्णि एयवेदो य।
हस्साइदुयं एयं भयदुय एयं च एय जोगो य ॥१२१॥

१।१।४।३।१।२।१।१। एदे मिलिया १४।

१।१।४।३।१।२।१।१ एकत्रीकृताः १४। एतेषां भङ्गाः ५।६।१५।४।३।२।२।१० परस्परेण गुणिताः २१६००० भवन्ति।

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय चार, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भयद्विकमेंसे एक और एक योग; इस प्रकार चौदह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१२१॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ४ + ३ + १ + २ + १ + १ = १४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिच्छत्तक्ख तिकाया कोहाइचउक्क एयवेदो य ।
हस्साइदुयं एयं भयदुय एयं च एयजोगो य ॥१२२॥

१।१।३।४।१।२।१।१ । एदे मिलिया १४ ।

१।१।३।४।१।२।१।१ एकीकृताः १४ प्रत्ययाः स्युः । एतेषां भङ्गाः ५।६।२०।४।३।२।२।१३ अन्योन्य-गुणिताः ३७४४०० विकल्पा भवन्ति ॥१२२॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय तीन, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भययुगलमेंसे एक और एक योग, इस प्रकार चौदह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१२२॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है— १ + १ + ३ + ४ + १ + २ + १ + १ = १४ ।

मिच्छत्तक्खतिकाया कोहाई तिण्णि एयवेदो य ।
हस्साइजुयं एयं भयजुयलं एयजोगो य ॥१२३॥

१।१।३।३।१।२।२।१ एदे मिलिया १४ ।

१।१।३।३।१।२।२।१ एकत्रीकृताः १४ । एतेषां भङ्गाः ५।६।२०।४।३।२।१० परस्परेण गुणिताः १४४००० भवन्ति ॥१२३॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय तीन, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भययुगल और एक योग; इस प्रकार चौदह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१२३॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ३ + ३ + १ + २ + २ + १ = १४ ।

मिच्छत्तक्ख दुकाया कोहाइचउक्क एकवेदो य ।
हस्सादिदुयं एयं भयजुयलं एयजोगो य ॥१२४॥

१।१।२।४।१।२।२।१ एदे मिलिया १४ ।

१।१।२।४।१।२।२।१ एतेषां भङ्गाः ५।६।१५।४।३।२।१३। परस्परेण गुणिताः १४०४०० ॥१२४॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय दो, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भययुगल और एक योग; इस प्रकार चौदह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१२४॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + २ + ४ + १ + २ + २ + १ = १४ ।

एदेसिं च भंगा—५।६।६।४।३।२।१० एदे अण्णोण्णगुणिदा = ४३२००
५।६।१५।४।३।२।१३ एदे अण्णोण्णगुणिदा = १४०४००
५।६।१५।४।३।२।२।१० एदे अण्णोण्णगुणिदा = २१६०००
५।६।२०।४।३।२।२।१३। एदे अण्णोण्णगुणिदा = ३७४४००
५।६।२०।४।३।२।१० एदे अण्णोण्णगुणिदा = १४४०००
५।६।१५।४।३।२।१३। एदे अण्णोण्णगुणिदा = १३०४००
एदे सव्वे वि मिलिए = १०५८४००

एते सर्वे षड्राशयः मिलिताः १०५८४०० । इति चतुर्दश-मध्यमप्रत्ययानां उत्तरोत्तर-विकल्पा भवन्ति ।

इन उपर्युक्त चौदह बन्ध-प्रत्ययोंके छहों प्रकारोंके भङ्ग इस प्रकार होते हैं—
प्रथम प्रकार—५।६।६।४।३।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर ४३२०० भङ्ग होते हैं ।
द्वितीय प्रकार—५।६।१५।४।३।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर १४०४०० भङ्ग होते हैं ।
तृतीय प्रकार—५।६।१५।४।३।२।२ इनका परस्पर गुणा करनेपर २१६००० भङ्ग होते हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ प्रकार—५।६।२०।४।३।२।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर ३७४४०० भङ्ग होते हैं।
पंचम प्रकार—५।६।२०।४।३।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर १४४००० भङ्ग होते हैं।
षष्ठ प्रकार—५।६।१५।४।३।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर १४०४०० भङ्ग होते हैं।
उक्त सर्व भङ्गोंका जोड़— १०५८४००
यह सब चौदह बन्ध प्रत्यय-सम्बन्धी भङ्गोंका प्रमाण जानना चाहिए।

मिथ्यादृष्टिके आगे बतलाये जानेवाले पन्द्रह बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भङ्गोंको निकालनेके लिए बीजभूत कूटकी रचना इस प्रकार है—

का०	अन०	भ०
६	०	०
५	१	०
५	०	१
४	१	१
४	०	२
३	१	२

मिच्छिंदिय छक्काया कोहाई तिण्णि एयवेदो य।
हस्सादिजुयलमेयं जोगो पण्णरस पच्चया होंति ॥१२५॥

१।१।६।३।२।१। एदे मिलिया १५।

अथ पञ्चदशमध्यमप्रत्ययभेदेषु षट् ६ पञ्च ५ पञ्च ५ चतु ४ श्चतु ४ स्त्रिकाय ३ विराधनादिभेदान् गाथाषट्केन कथयति—['मिच्छिंदिय छक्काया' इत्यादि।]

१।१।६।३।१।२।१। एते मीलिताः १५ प्रत्यया भवन्ति। एतेषां भङ्गाः ५।६।१।४।३।२।१०। एते परस्परेण गुणिता ७२०० उत्तरोत्तरप्रत्ययविकल्पा भवन्ति ॥१२५॥

अथवा मिथ्यात्वगुणस्थानमें मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय छह, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक और योग एक; इस प्रकार पन्द्रह बन्ध-प्रत्यय होते ह ॥१२५॥
इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + ५ + ६ + ३ + १ + २ + १ = १५।

मिच्छक्ख पंचकाया कोहाइचउक्क एयवेदो य।
हस्सादिजुयलमेयं जोगो पण्णरस पच्चया होंति ॥१२६॥

१।१।५।४।१।२।१। एदे मिलिया १५।

१।१।५।४।१।२।१। एते मीलिताः १५ उत्तरप्रत्ययाः। एतेषां च भङ्गाः ५।६।६।४।३।२।१३। एते अन्योन्यगुणिताः ५६१६० ॥१२६॥

अथवा मिथ्यात्व एक, काय पाँच, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक, और योग एक; इस प्रकार पन्द्रह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१२६॥
इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ५ + ४ + १ + २ + १ = १५।

मिच्छक्ख पंचकाया कोहाई तिण्णि एयवेदो य।
हस्सादिजुयं एयं भयदुय एयं च एयजोगो य ॥१२७॥

१।१।५।३।१।२।१।१। एदे मिलिया १५।

१।१।५।३।१।२।१।१। एकीकृताः १५। एतेषां विकल्पाः ५।६।६।४।३।२।२।१०। एते परस्परेण हताः ८६४०० भवन्ति ॥१२७॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय पाँच, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भयद्विकमेंसे एक, और योग एक; इस प्रकार पन्द्रह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१२७॥
इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ५ + ३ + १ + २ + १ + १ = १५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिच्छक्खं चउकाया कोहाइचउक्क एयवेदो य ।
हस्सादिदुयं एयं भयदुय एयं च × होंति जोगो य ॥१२८॥

१।१।४।४।१।२।१।१। एदे मिलिया १५ ।

१।१।४।४।१।२।१।१। एकीकृताः १५ प्रत्ययाः । एतेषां विकल्पाः ५।६।१५।४।३।२।२।१३ । एते परस्परेण गुणिताः २८०८०० भवन्ति ॥१२८॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय चार, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भययुगलमेंसे एक और योग एक; इस प्रकार पन्द्रह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१२८॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ४ + ४ + १ + २ + १ + १ = १५ ।

मिच्छक्खं चउकाया कोहाई तिण्णि एयवेदो य ।
हस्सादिदुयं एयं भयजुयलं एयजोगो य ॥१२९॥

१।१।४।३।१।२।२।१। एदे मिलिया १५ ।

१।१।४।३।१।२।२।१। एकीकृताः १५ प्रत्ययाः । एतेषां भङ्गाः ५।६।१५।४।३।२।२।१०। एते अन्योन्याभ्यस्ताः १०८००० ॥१२९॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय चार, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भययुगल और एक योग; इस प्रकार पन्द्रह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१२९॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ४ + ३ + १ + २ + २ + १ = १५ ।

मिच्छत्तक्ख तिकाया कोहाइचउक्क एयवेदो य ।
हस्साइदुअं एयं भयजुयलं एयजोगो य ॥१३०॥

१।१।३।४।१।२।२।१।एदे मिलिया १५ ।

१।१।३।४।१।२।२।१ एकीकृताः १५ प्रत्ययाः । एतेषां भङ्गाः ५।६।२०।४।३।२।२।१३। एते अन्योन्यगुणिताः १८७२०० ॥१३०॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय तीन, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भययुगल और एक योग; इस प्रकार पन्द्रह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१३०॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ३ + ४ + १ + २ + २ + १ = १५ ।

एदेसिं च भंगा—५।६।१।४।३।२।१० एदे अण्णोण्णगुणिदा = ७२००
५।६।६।४।३।२।१३ एदे अण्णोण्णगुणिदा = ५६१६०
५।६।६।४।३।२।२।१० एदे अण्णोण्णगुणिदा = ८६४००
५।६।१५।४।३।२।२।१३ एदे अण्णोण्णगुणिदा = २८०८००
५।६।१५।४।३।२।१० एदे अण्णोण्णगुणिदा = १०८०००
५।६।२०।४।३।२।१३ एदे अण्णोण्.गुणिदा = १८७२००
एदे सव्वे मिलिया = ७२५७६०

एते षड् राशयो मीलिताः ७२०० + ५६१६० + ८६४०० + २८०८०० + १०८००० + १८७२०० = ७२५७६० पञ्चदशप्रत्ययानामुत्तरोत्तरविकल्पाः स्युः ।

इन उपर्युक्त पन्द्रह बन्ध-प्रत्ययोंके छहों प्रकारोंके भङ्ग इस प्रकार हैं—
प्रथम प्रकार—५।६।१।४।३।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर ७२०० भङ्ग होते हैं ।
द्वितीय प्रकार—५।६।६।४।३।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर ५६१६० भङ्ग होते हैं ।

× ब भयजुयलं एय जोगो य ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय प्रकार—५।६।६।४।३।२।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर ८६४०० भङ्ग होते हैं।
चतुर्थ प्रकार—५।६।१५।४।३।२।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर २८०८०० भङ्ग होते हैं।
पंचम प्रकार—५।६।१५।४।३।२।१० इनका परस्पर गुणा करनेपर १०८००० भङ्ग होते हैं।
षष्ठ प्रकार—५।६।२०।४।३।२।१३ इनका परस्पर गुणा करनेपर १८७२०० भङ्ग होते हैं।
उपर्युक्त सर्व भङ्गोंका जोड़— ७२५७६०
यह सब पन्द्रह बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भङ्गोंका प्रमाण जानना चाहिए।

मिथ्यादृष्टिके आगे बतलाये जानेवाले सोलह बन्ध-प्रत्यय-सम्बन्धी भङ्गोंको निकालनेके लिए बीजभूत कूटकी रचना इस प्रकार है—

का०	अन०	भ०
१	१	०
१	०	१
५	१	१
५	०	२
४	१	२

मिच्छिंदिय छक्काया कोहाइचउक्क एयवेदो य।
हस्सादिजुयं एयं जोगो सोलस हवंति ते हेऊ ॥१३१॥

१।१।६।४।१।२।१ एदे मिलिया १६।

अथ मध्यमषोडशप्रत्ययभेदेषु षट्-षट्-पञ्च-पञ्च-चतुःकायविराधनादिप्रत्ययभेदान् गाथापञ्चकेनाऽऽह- ['मिच्छिंदिय छक्काया' इत्यादि।] १।१।६।४।१।२।१ एकीकृताः ते षोडश १६ हेतवो भवन्ति। एतेषां भङ्गाः ५।६।१।४।३।२।१३। एते परस्परेण गुणिताः ६३६० विकल्पा भवन्ति ॥१३१॥

अथवा मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय छह, क्रोधादि कषाय चार, एक वेद, हास्यादि युगल एक और योग एक; इस प्रकार सोलह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१३१॥
इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ६ + ४ + १ + २ + १ = १६।

मिच्छिंदिय छक्काया कोहाई तिण्णि एयवेदो य।
हस्सादिदुयं एयं भयदुय एयं च सोलसं जोगो ॥१३२॥

१।१।६।३।१।२।१।१ एदे मिलिया १६।

१।१।६।३।१।२।१।१ एकीकृताः १६ प्रत्ययाः। एतेषां भङ्गाः ५।६।१।४।३।२।२।१० एते अन्योन्य-गुणिताः १४४०० भवन्ति ॥१३२॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय छह, क्रोधादि कषाय तीन, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भययुगलमेंसे एक और योग एक, इस प्रकार सोलह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१३२॥
इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ६ + ३ + १ + २ + १ + १ = १६।

मिच्छक्ख पंचकाया कोहाइचउक्क एयवेदो य।
हस्साइदुयं एयं भयदुय एयं च सोलसं जोगो ॥१३३॥

१।१।५।४।१।२।१।१ एदे मिलिया १६।

१।१।५।४।१।२।१।१ एकीकृताः १६। एतेषां भङ्गाः ५।६।६।४।३।२।२।१३। एते अन्योन्यताडिताः ११२३२० प्रत्ययविकल्पाः स्युः ॥१३३॥

अथवा मिथ्यात्व एक, इन्द्रिय एक, काय पाँच, क्रोधादि कषाय चार, वेद एक, हास्यादि युगल एक, भयद्विकमेंसे एक और योग एक; इस प्रकार सोलह बन्ध-प्रत्यय होते हैं ॥१३३॥
इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१ + १ + ५ + ४ + १ + २ + १ + १ = १६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यात्वं १ नपुंसकवेदः १ नरकायुः १ नरकगति-नरकगत्यानुपूर्व्ये द्वे २ एकेन्द्रिय-विकलेन्द्रियजातयः ४ हुण्डकं १ असम्प्राप्तसृपाटिकासंहननं १ आतपः १ स्थावरं १ सूक्ष्मं १ साधारणं १ अपर्याप्तं १ चेत्येवं षोडश प्रकृतयो मिथ्यात्वहेतुभूता मिथ्यादृष्टिगुणस्थाने बन्धव्युच्छिन्नाः १६ । एतासामग्रेऽभावः ॥३०८-३०९॥

मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, नरकायु तथा नरकद्विक, एकेन्द्रियजाति, विकलेन्द्रियजातित्रिक, हुण्डकसंस्थान, सृपाटिकासंहनन, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, साधारण और अपर्याप्त ये सोलह प्रकृतियाँ मिथ्यात्वगुणस्थानके अन्तमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३०८-३०९॥

अब दूसरे गुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ बतलाते हैं—

[2]थीणतियं इत्थी विय अण तिरियाऊ तहेव तिरियदुगं ।
मज्झिमचउसंठाणं मज्झिमचउ चेव संघयणं ॥३१०॥
उज्जोयमप्पसत्थं विहायगइ दुब्भगं अणादेज्जं ।
दुस्सर णीचागोदं सासणसम्मम्हि वोच्छिण्णा ॥३११॥

स्त्यानगृद्धित्रयं निद्रानिद्रा प्रचलाप्रचला स्त्यानगृद्धिरिति त्रिकं ३ स्त्रीवेदः १ अनन्तानुबन्धिक्रोधादिचतुष्कं ४ तिर्यगायुः १ तिर्यग्गति-तदानुपूर्व्ये २ न्यग्रोध-वाल्मीक-कुब्जक-वामनसंस्थानमध्यचतुष्कं ४ वज्रनाराचनाराचार्धनाराचकीलितसंहननमध्यचतुष्कं ४ उद्योतः १ अप्रशस्तविहायोगतिः १ दुर्भगं १ अनादेयं १ दुःस्वरः १ नीचगोत्रं १ एवं पञ्चविंशतिप्रकृतयः सास्वादनगुणस्थाने [बन्ध] व्युच्छिन्ना भवन्ति २५ ॥३१०-३११॥

स्त्यानत्रिक (स्त्यानगृद्धि, निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला) स्त्रीवेद, अनन्तानुबन्धी चतुष्क, तिर्यगायु, तिर्यग्द्विक, मध्यम चार संस्थान, मध्यम चार संहनन, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, अनादेय, दुःस्वर और नीचगोत्र, ये पच्चीस प्रकृतियाँ सासादनगुणस्थानके अन्तमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३१०-३११॥

अब अविरतादि चार गुणस्थानोंमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंकी संख्या बतलाते हैं—

[मूलगा० ४४] अविरयअंता दसयं विरयाविरयंतिया दु चत्तारि ।
छच्चेव पमत्तंता एया पुण अप्पमत्तंता[1] ॥३१२॥

दश प्रकृतयः अविरतान्ताः अविरते व्युच्छेदं प्राप्ता इत्यर्थः । चतस्रः प्रकृतयो विरताविरतान्ता देशसंयते व्युच्छिन्नाः ४ । षट् प्रकृतयः प्रमत्तान्ताः प्रमत्ते व्युच्छिन्नाः ६ । एका प्रकृतिः अप्रमत्तान्ता अप्रमत्ते व्युच्छिन्ना ॥३१२॥

---

1. ४, 'तत्र मिथ्यात्वनपुंसकं' इत्यादि गद्यभागः (पृ० १२६) । 2. ४, 'स्त्यानगृद्धित्रय' इत्यादि-गद्यभागः (पृ० ११७) ।

१. शतक० ४७ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अविरतगुणस्थानके अन्तमें दश प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं। विरताविरतके अन्तमें चार प्रकृतियाँ और प्रमत्तविरतके अन्तमें छह प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं। अप्रमत्तविरतके अन्तमें एक प्रकृति बन्धसे व्युच्छिन्न होती है ॥३१२॥

तित्थयर-मणुय-देवाऊहिं सह असंजयसम्माइट्ठिम्मि $\begin{matrix}१०\\७७\\४३\\७१\end{matrix}$ देसविरदे $\begin{matrix}४\\६७\\५३\\८१\end{matrix}$ पमत्ते $\begin{matrix}६\\६३\\५७\\८५\end{matrix}$ आहारदुगेण सह अप्पमत्ते $\begin{matrix}१\\५९\\६१\\८९\end{matrix}$ ।

तीर्थंकरत्वेन मनुष्य-देवायुर्भ्यां च सह असंयतसम्यग्दृष्टौ, देश-विरते प्रमत्ते, आहारकयुगेन सहाप्रमत्ते–

	अ०	दे०	प्र०	अ०
वि०	१०	४	६	१
बं०	७७	६७	६३	५९
अ०	४३	५३	५७	६१
बं०	७१	८१	८५	८९

तीर्थङ्कर, मनुष्यायु और देवायुके साथ असंयतसम्यग्दृष्टिगुणस्थानमें ७७ प्रकृतियाँ बँधती हैं, १० प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं। अबन्धप्रकृतियाँ ४३ हैं और ७१ प्रकृतियोंके बन्धका अभाव है। देशविरतगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ ४ हैं, बन्धके योग्य ६७ हैं, अबन्धप्रकृतियाँ ५३ हैं और ८१ प्रकृतियोंके बन्धका अभाव है। प्रमत्तविरतगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियाँ ६ हैं, बन्धके योग्य ६३ हैं, अबन्धप्रकृतियाँ ५७ हैं और ८५ प्रकृतियोंके बन्धका अभाव है। अप्रमत्तविरतमें आहारकद्विकके साथ बन्धयोग्य प्रकृतियाँ ५९ हैं, बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृति १ है, अबन्धप्रकृतियाँ ६१ हैं और ८९ प्रकृतियोंके बन्धका अभाव है।

अब अविरत आदि चार गुणस्थानोंमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंको गिनाते हैं—

[1]विदियकसायचउक्कं मणुयाऊ मणुयदुगय उरालं।
तस्स य अंगोवंगं संघयणाई अविरयस्स ॥३१३॥
[2]तइयकसायचउक्कं विरयाविरयम्हि बंधवोच्छिण्णो।
[3]साइयरमरइ सोयं तह चेव य अथिरमसुहं च ॥३१४॥
अजसकित्ती य तहा पमत्तविरयम्हि बंधवोच्छेदो❀।
देवाउयं च एयं पमत्तइयरम्हि णायव्वो ॥३१५॥

प्रत्याख्यानचतुष्कं ४ मनुष्यायुः १ मनुष्यगति-तदानुपूर्व्ये द्वे २ औदारिकं १ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ वज्रवृषभनाराचमाद्यसंहननं १। एवं दश प्रकृतीनां असंयतगुणस्थाने विच्छेदः १० प्रत्याख्यानतृतीयचतुष्कं ४ देशसंयमे बन्धव्युच्छिन्नम् ४। असातं १ अरतिः १ शोकः १ अस्थिरं १ अशुभं १ अयशस्कीर्त्तिः १

1. सं० पञ्चसं० ४, 'द्वितीयकषायचतुष्क' इत्यादि गद्यभागः (पृ० १२९)। 2. ४, 'चतुर्थी तृतीय कषायाणां' इत्यादि गद्यभागः (पृ० १२९)। 3. ४, 'शोकारत्य' इत्यादि गद्यभागः (पृ० १२९)।
❀ब बोच्छिण्णो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चेति प्रमत्तसंयते षट् प्रकृतयो व्युच्छिद्यन्ते ६ । अप्रमत्ते एकस्य देवायुषो [बन्ध] व्युच्छेदो ज्ञातव्यः ॥३१३-३१५॥

द्वितीय अप्रत्याख्यानावरणकषायचतुष्क, मनुष्यायु, मनुष्यद्विक, औदारिकशरीर, औदारिक-अङ्गोपाङ्ग और वज्रवृषभनाराचसंहनन; ये दश प्रकृतियाँ अविरतगुणस्थानके अन्तमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं। तृतीय प्रत्याख्यानावरणकषायचतुष्क, विरताविरतगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती है। असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्त्ति ये छह प्रकृतियाँ प्रमत्तविरतगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं। एक देवायुप्रकृति अप्रमत्तविरतगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती है ॥३१३-३१५॥

अब अपूर्वकरणगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंकी संख्या बतलाते हैं—

[मूलगा० ४५] दो तीसं चत्तारि य भागा भागेसु संखसण्णाओ ।
चत्तारि समयसंखा अपुव्वकरणंतिहा[†] होंति[1] ॥३१६॥

अपूर्वकरणस्य सप्त भागास्त्रिधा भवन्ति—प्रथमभागे प्रकृतिद्वयस्य बन्धव्युच्छेदः २ । षष्ठे भागे त्रिंशत्कप्रकृतीनां व्युच्छेदः ३० । सप्तमे भागे चतुःप्रकृतीनां बन्धव्युच्छेदः ४ । अपूर्वकरणस्य त्रिषु भागेषु प्रकृतीनां संख्यासंज्ञार्थं २।३०।४। शेषाश्चत्वारो भङ्गाः समयसंख्यार्थं कालसंख्यार्थं ज्ञातव्यम् २ ॥३१६॥

अपूर्वकरणगुणस्थानके संख्यात अर्थात् सात भाग होते हैं। उनमेंसे प्रथम भागमें दो प्रकृतियाँ, छट्टे भागमें तीस प्रकृतियाँ और सातवें भागमें चार प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न होती है। इस प्रकार बन्धव्युच्छित्तिकी अपेक्षा अपूर्वकरणके तीन भाग प्रधान हैं। शेष चार भाग अपूर्वकरणगुणस्थानके समय अर्थात् काल बतलानेके लिए निरूपण किये गये हैं ॥३१६॥

अपुव्वेसु सत्तसु भाएसु	२	०	०	०	०	३०	४
	५८	५६	५६	५६	५६	५६	२६
	६२	६४	६४	६४	६४	६४	६४
	६०	६२	६२	६२	६२	६२	१२२

अपूर्वकरणस्य सप्तसु भागेषु	२	०	०	०	०	३०	४
	५८	५६	५६	५६	५६	५६	२६
	६२	६४	६४	६४	६४	६४	६४
	६०	६२	६२	६२	६२	६२	१२२

अपूर्वकरणके सातों भागोंके बन्धाबन्धयोग्य प्रकृतियोंकी अङ्कसंदृष्टि मूलमें दी हुई है।

अब अपूर्वकरणमें बन्ध-व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंको गिनाते हैं—

[1]णिद्दा पयला य तहा अपुव्वपढमम्हि बंधवोच्छेओ ।
देवदुयं पंचिंदिय ओरालिय वज्ज चउसरीरं च ॥३१७॥
समचउरं वेउव्विय आहारय अंगवंगणामं च ।
वण्णचउक्कं च तहा अगुरुयलहुगं च चत्तारि ॥३१८॥
तसचउ पसत्थमेव य विहायगइ थिर सुहं च णायव्वं ।
सुभगं सुस्सरमेव य आदेज्जं चेव णिम्मिणं च ॥३१९॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, 'अपूर्वस्य प्रथमे' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १२६)

१. शतक० ४८ ।

†ब -तिया ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तित्थयरमेव तीसं अपुव्वछब्भाय बंधवोच्छिण्णा ।
हस्स रइ भय दुगुंछा अपुव्वचरिमम्हि वोच्छिण्णा ॥३२०॥

अपूर्वकरणस्य प्रथमे भागे निद्रा-प्रचले द्वे बन्धव्युच्छिन्ने २ । षष्ठे भागे चरमसमये देवगति-देवगत्यानुपूर्व्ये द्वे २ पञ्चेन्द्रियं १ औदारिकवर्जितं वैक्रियिकाऽऽहारक-तैजस-कार्मणशरीरचतुष्कं ४ समचतुरस्रसंस्थानं १ वैक्रियिकाऽऽहारकाङ्गोपाङ्गद्वयं २ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुचतुष्कं ४ त्रसचतुष्कं ४ प्रशस्तविहायोगतिः १ स्थिरं १ शुभं १ सुभगं १ सुस्वरः १ आदेयं १ निर्माणं १ तीर्थकरत्वं १ एवं त्रिंशत्प्रकृतयोऽपूर्वकरणस्य षष्ठे भागे बन्धाद् व्युच्छिन्नाः ३० । हास्यं १ रतिः १ भयं १ जुगुप्सा १ इति चतस्रः प्रकृतयोऽपूर्वकरणस्य चरमे सप्तमे भागे बन्ध-व्युच्छिन्नाः ॥३१७-३२०॥

निद्रा और प्रचला, ये दो प्रकृतियाँ अपूर्वकरणके प्रथम भागमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं । देवद्विक, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीरको छोड़कर शेष चार शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक-अङ्गोपाङ्ग, आहारक-अङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थङ्कर, ये तीस प्रकृतियाँ अपूर्वकरणके छठवें भागमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं । हास्य, रति, भय और जुगुप्सा, ये चार प्रकृतियाँ अपूर्वकरणके चरम समयमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३१७-३२०॥

अब नववें और दसवें गुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंकी संख्या बतलाते हैं—

[मूलगा० ४६] संखेज्जदिमे सेसे आढत्ता* बायरस्स चरिमंतो[1] ।
पंचसु एक्केक्कंता सुहुमंता सोलसा होंति ॥३२१॥

बादरस्यानिवृत्तिकरणस्य शेषान् संख्याततमान् कांश्चिद् भागान् मुक्त्वा उद्धरित (?) भागेषु आहत्ता आरुह्य [आढत्ता आरभ्य] ततः पञ्चसु भागेषु चरमान्ते प्रान्ते एकैकस्याः प्रकृतेरन्तो व्युच्छेदो भवतीत्यर्थः । सूक्ष्मान्ताः सूक्ष्मसाम्परायस्य चरमसमये षोडश प्रकृतयो व्युच्छिन्ना भवन्ति १६ ॥३२१॥

बादरसाम्पराय अर्थात् अनिवृत्तिकरणके संख्यातवें भागके शेष रह जानेपर वहाँसे लगाकर चरम समयके अन्ततक होनेवाले पाँच भागोंमें एक-एक प्रकृति क्रमशः बन्धसे व्युच्छिन्न होती है । शेष सोलह प्रकृतियाँ सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानके अन्तमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३२१॥

अणिअट्टियम्मि पंचसु भाएसु सुहुमम्मि जहा पत्थारो—

१	१	१	१	१	१६
२२	२१	२०	१९	१८	१७
९८	९९	१००	१०१	१०२	१०३
१२६	१२७	१२८	१२९	१३०	१३१

अनिवृत्तिकरणस्य पञ्चसु भागेषु सूक्ष्मसाम्पराये च प्रस्तारो यथा—

१	१	१	१	१	१६
२२	२१	२०	१९	१८	१७
९८	९९	१००	१०१	१०२	१०३
१२६	१२७	१२८	१२९	१३०	१३१

अनिवृत्तिकरणके पाँच भागोंमें तथा सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें बन्धाबन्ध प्रकृतियोंकी प्रस्तार-रचना मूलमें दी है ।

---

१. शतक० ४९ ।

*ब आहत्ता । †द ब -ं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब नवें गुणस्थानमें, बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंके नाम बतलाते हैं—

[1]पुरिसं चउसंजलणं पंच य पयडी य पंचभायम्मि ।
अणिअट्टी-अद्धाए जहाकमं बंधवुच्छेओ ॥३२२॥

अनिवृत्तिकरणस्याद्धाभागेषु पञ्चसु यथाक्रमं [बन्ध-] व्युच्छेदः । प्रथमभागे पुंवेदः १ । द्वितीयभागे संज्वलनक्रोधः १ । तृतीयभागे संज्वलनमानः १ । चतुर्थभागे संज्वलनमाया १ । पञ्चमे भागे संज्वलनलोभः १ बन्धव्युच्छिन्नः ॥३२२॥

अनिवृत्तिकरण कालके पाँच भागोंमें पुरुषवेद और चार संज्वलनकषाय, ये पाँच प्रकृतियाँ यथाक्रमसे एक-एक करके बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३२२॥

अब दशवें गुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंके नाम बतलाते हैं—

[2]णाणंतरायदसयं दंसणचत्तारि उच्च जसकित्ती ।
एए सोलह पयडी सुहुमकसायम्मि वोच्छेओ ॥३२३॥

ज्ञानावरणपञ्चकं ५ अन्तरायपञ्चकं ५ चक्षुरचक्षुरवधिकेवलदर्शनावरणचतुष्कं ४ उच्चैर्गोत्रं १ यशस्कीर्त्तिः १ इत्येताः षोडश प्रकृतयः सूक्ष्मसाम्परायस्य चरमसमये [बन्धाद्] व्युच्छिन्नाः १६ ॥३२३॥

ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच, दर्शनावरणकी चार, उच्चगोत्र और यशःकीर्त्ति ये सोलह प्रकृतियाँ सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानके अन्तिम समयमें बन्धसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥३२३॥

अब तेरहवें गुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतिका निर्देश कर प्रकृत अर्थका उपसंहार करते हैं—

[मूलगा०४७] [3]सायंतो जोयंतो एत्तो पाएण णत्थि बंधो त्ति ।
णायव्वो पयडीणं बंधो संतो अणंतो य[1] ॥३२४॥

सातायाः अन्तो व्युच्छेदः योगान्तः सयोगपर्यन्तः । इतः परं प्रायेण गुणस्थानकेन बन्धो नास्तीति उपशान्तादिषु ज्ञातव्यं प्रकृतीनां सन्तः अबन्धः अनन्तः व्युच्छेदः । चकाराद् बन्धाबन्धो ज्ञातव्यः ॥३२४॥

योगके अन्ततक सातावेदनीयकर्मका बन्ध होता है, अर्थात् ग्यारहवें, बारहवें और तेरहवें गुणस्थानमें एक सातावेदनीयकर्म ही बँधता है । तेरहवें गुणस्थानके अन्तमें उसकी भी बन्धसे व्युच्छित्ति हो जाती है । इससे आगे चौदहवें गुणस्थानमें योगका अभाव हो जानेसे फिर किसी भी कर्मका बन्धका नहीं होता है । इस प्रकार चौदह गुणस्थानोंमें प्रकृतियोंका सान्त अर्थात् बन्धव्युच्छित्ति और अनन्त अर्थात् बन्ध जानना चाहिए ॥३२४॥ (देखो संदृष्टि संख्या १४)

विशेषार्थ—इस गाथाके चतुर्थ चरणके पाठ दो प्रकारके मिलते हैं—१ 'बंधो संतो' अणंतो य' और २ 'बन्धस्संतो अणंतो य' । प्रथम पाठ प्रकृत गाथामें दिया हुआ है और द्वितीय पाठ शतक प्रकरणकी गाथाङ्क ५० और गो० कर्मकाण्डकी गाथाङ्क १२१ में मिलता है । शतकचूर्णिमें 'अहवा सन्तो बंधो अणंतो य भव्वाभव्वे पडुच्च' कहकर 'बंधो संतो अणंतो य' पाठको भी स्वीकार किया है और तदनुसार शतकप्रकरणके संस्कृत टीकाकारने उसका अर्थ इस प्रकार किया है—

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ४, 'पुंवेद संज्वाल' इत्यादि गद्यांशः (पृ० १२६) । 2. ४, 'उच्चगोत्रयशो' इत्यादि गद्यांशः (पृ० १२६-१३०) । 3. ४, 'शान्तक्षीणकषायौ व्यतीत्यैकस्य सातस्य' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १३०) ।

१. शतक० ५० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'अथवा सर्वोऽप्यं प्रकृतीनां बन्धः सान्तो ज्ञातव्यो भव्यानाम्, अनन्तश्च ज्ञातव्योऽभव्यानामिति'।

अर्थात् भव्योंकी अपेक्षा सभी प्रकृतियोंका बन्ध सान्त है। किन्तु अभव्योंकी अपेक्षा अनन्त जानना चाहिए; क्योंकि उनके कभी भी किसी प्रकृतिका अन्त नहीं होता।

दूसरे पाठका अर्थ गो० कर्मकाण्डके टीकाकारने इस प्रकार किया है—

'बन्धस्यान्तो व्युच्छित्तिः। अनन्तः बन्धः। चशब्दादबन्धश्चोक्तः।' बन्धका अन्त यानी व्युच्छित्ति, अनन्त यानी बन्ध और गाथा-पठित 'च' शब्दसे अबन्ध जानना चाहिए।

शतक प्रकरणके संस्कृत टीकाकारने इस दूसरे पाठका अर्थ इस प्रकार किया है—

'यत्र गुणस्थाने यासां प्रकृतीनां बन्धस्यान्त उक्तस्तत्र तासां बन्धस्यान्तस्तत्र भावस्तदुत्तरत्राभाव इत्येवंलक्षणो ज्ञातव्यः। शेषाणां त्वनन्तस्तदुत्तरत्रापि भावलक्षणो ज्ञातव्यः। यथा षोडश प्रकृतीनां मिथ्यादृष्टौ बन्धस्यान्तः शेषस्य त्वेकोत्तरशतस्यानन्तस्तदुत्तरत्रापि गमनात्। एवमुत्तरत्र गुणस्थानेष्वप्यन्तानन्तभावना कार्या।

अर्थात् जिस गुणस्थानमें जिन प्रकृतियोंके बन्धका अन्त कहा है, वहाँ तक उनका सद्भाव है और आगे उनका असद्भाव है। तथा जहाँपर जिन प्रकृतियोंका अन्त या असद्भाव है, वहाँपर शेष प्रकृतियोंका 'अनन्त' अर्थात् अन्तका अभाव यानी सद्भाव है।

ऐसी अवस्थामें प्राकृतपञ्चसंग्रहके संस्कृत टीकाकार-द्वारा किया गया अर्थ विचारणीय है।

उवसंतादि—	०	०	१	०
	१	१	१	०
	११६	११६	११६	१२०
	१४७	१४७	१४७	१४८

उ०	क्षी०	स०	अ०
०	०	०	
१	१	१	०
११६	११६	११६	१२०
१४७	१४७	१४७	१४८

इति गुणस्थानेषु प्रकृतीनां बन्धस्वामित्वं समाप्तम्।

उपशान्तकषाय, क्षीणकषाय और सयोगिकेवलीके एक साता-वेदनीयका बन्ध होता है, शेष ११६ प्रकृतियोंका अबन्ध है। सयोगिकेवलीके सातावेदनीयकी भी बन्धसे व्युच्छित्ति हो जाती है। अतः अयोगकेवलीके १२० का ही अबन्ध रहता है।

अब मूलशतककार आदेश अर्थकी सूचनाके लिए उत्तर गाथासूत्र करते हैं—

[मूलगा० ४८] गइयादिएसु एवं तप्पाओगाणमोघसिद्धाणं।
सामित्तं णायव्वं पयडीणं णाण (ठाण) मासेज्ज[1] ॥३२५॥

अथ गत्यादिषु मार्गणासु प्रकृतीनां स्वामित्वं दर्शयति—['गइयादिएसु' इत्यादि।] गत्यादिमार्गणासु एवं गुणस्थानोक्तप्रकारेण तत्प्रायोग्यानां गत्यादिमार्गणायोग्यानां गुणस्थानप्रसिद्धानां प्रकृतीनां स्वामित्वं ज्ञातव्यं ज्ञानमाश्रित्य श्रुतज्ञानमागमं स्वीकृत्य ॥३२५॥

इसी प्रकार गति, इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओंमें उन उनके योग्य ओघसिद्ध प्रकृतियोंका स्वामित्व ऊपर बतलाये गये गुणस्थानों या बन्धस्थानोंके आश्रयसे लगा लेना चाहिए ॥३२५॥

---

१. शतक० ५१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब सूत्रकारके द्वारा सूचित अर्थका भाष्यकार व्याख्या करते हैं—

इगि-विगलिंदियजाई वेउव्वियछक्कणिरयदेवाऊ ।
आहारदुगादावं थावर सुहुमं अपुण्ण साहरणं ॥२२६॥
तेहि विणा णेरइया बंधंति य सव्वबंधपयडीओ ।
।१०१।
ताओ वि तित्थयरूणा मिच्छादिट्ठी दु णियमेण ॥३२७॥
क्कं ।१००।
मिच्छयसउंसयवेयं हुंडमसंपत्तसंघयणं ।
एयरिया विणा ताओ सासणसम्मा दु णेरइया ॥३२८॥
।९६।
अओ मिच्छेण्णपयडी णराउरहिया उ ताओ मिस्सा दु ।
सणसम्म ।७०।
ति राउजुया अविरयसम्मा दु णेरइया ॥३२९॥
सायछि ।७२।

नरकगतौ गुण[देवाऊ-रा]स्य बन्धयोग्यप्रकृतीः प्रकाशयति—एकेन्द्रिय-विकलेन्द्रियजातयः ४ नरकगतिः नरकगत्यानुपूर्वी देवग [त्यानुपूर्वी वैक्रियिकं वैक्रियिकाङ्गोपाङ्गमिति वैक्रियिकषट्कं ६ नारकायुः देवायुः १ आहारकद्विक[ओ देवाउ]१ स्थावरं १ सूक्ष्मं १ अपर्याप्तं १ साधारणं १ एवमेकोनविंशति-प्रकृती १९ विना शेषाः स [का बध्नन्ति १०१ । ताभिरेकोनविंशत्या प्रकृतिभिर्विना एकोत्तरशतसर्व-बन्धप्रकृतीर्नारका बध्न[दियकसाएहि]ता अपि प्रकृतयः घर्मादित्रये बन्धयोग्यमेकोत्तरशतम् १०१ । अञ्जनादित्रये तीर्थकरत्वं वि[। माघव्यां मनुष्यायुर्विना एकोनशतम् ९९ । तत्र घर्मानरके ता एव पूर्वोक्ताः १०१ तीर्थकरत्वानाः शतप्र[र्मिथ्यादृष्टिर्बध्नाति १०० नियमेन । मिथ्यात्वं १ नपुंसकवेदः १ हुण्डकं १ असम्प्राप्तसृपाटिकासंहननं १ चैताश्चतस्रः प्रकृतयो मिथ्यात्वे व्युच्छिन्नाः ४ । एताभिश्चतसृभिः प्रकृतिभिर्विना ताः प्रकृतीः सासादनसम्यग्दृष्टयो बध्नन्ति ९६ । ताः षण्णवतिः ९६ प्रकृतयः सास्वादनस्य व्युच्छिन्नपञ्चविंशतिप्रकृति २५ नरायूरहिता इति सप्ततिप्रकृतीः ७० मिश्रा मिश्रगुणस्थानवर्तिनो बध्नन्ति । एतास्तीर्थकरत्व-मनुष्यायुर्भ्यां युक्ताः ७२ अविरतसम्यग्दृष्टयो नारका बध्नन्ति ॥३२६–३२९॥

एकेन्द्रियजाति, विकलेन्द्रियजातित्रिक, वैक्रियिकषट्क (वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक अङ्गोपाङ्ग, नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी, देवगति, देवगत्यानुपूर्वी) नरकायु, देवायु, आहारकद्विक, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण; इन उन्नीस प्रकृतियोंके विना नारकी जीव शेष सर्व प्रकृतियोंका अर्थात् १०१ का बन्ध करते हैं । उनमें भी मिथ्यादृष्टि नारकी तीर्थङ्कर प्रकृतिके विना १०० प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करते हैं । सासादनसम्यग्दृष्टि नारकी मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, हुण्डकसंस्थान और सृपाटिकासंहनन, इन चारके विना ९६ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं । सासादनगुणस्थानमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली २५ प्रकृतियाँ और मनुष्यायु इन २६ के विना शेष ७० प्रकृतियोंका सम्यग्मिथ्यादृष्टि बन्ध करते हैं । अविरतसम्यग्दृष्टि नारकी तीर्थङ्कर और मनुष्यायुके साथ उक्त ७० प्रकृतियोंका अर्थात् ७२ का बन्ध करते हैं ॥३२६–३२९॥ (देखो संदृष्टिसंख्या १५)

आसाय छिण्णपयडी पढमाविदियातिदियासु पुढवीसु एवं चउसु वि गुणेसु । एवं चउत्थ-पंचमि-छट्ठी-णेरइया । ताओ चउसु वि गुणेसु । णवरि तित्थयरं असंजदो ण बंधेइ ।१००।९६।७०।७१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं प्रथम-द्वितीय-तृतीयपृथ्वीषु घर्मा-वंशा-मेघानरकत्रये एताः सास्वादनव्युच्छिन्नाः प्रकृतयः २५ चतुर्षु गुणस्थानेषु पूर्वोक्तप्रकारेण ज्ञातव्याः। नवरि किञ्चिद्विशेषः—असंयतसम्यग्दृष्टिस्तीर्थकरत्वं न बध्नातीति अञ्जनादित्रये तीर्थकरं विना···[घर्मादि-] त्रयवत्।

	मि०	सा०	मि०	अ०
घर्मादित्रये—	४	२५	०	१०
	१००	९६	७०	७२
	१	५	३१	२९

	मि०	सा०	मि०	अ०
अञ्जनादित्रये—	४	२५	०	१तत्र
	१००	९६	७०	७ षोड
	०	४	३०	३ अ गुण

सासादनमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली २५ प्रकृतियाँ नारकसामान्य ी गुणस्थानवत् जानना। इसी प्रकार पहली, दूसरी और तीसरी पृथिवीके नारकियोंके वहाँ ही गुणस्थानोंकी बन्धरचना जानना चाहिए। इसी प्रकार चौथी पाँचवीं और छट्ठी पृथिव्या असरकियोंकी बन्ध रचना है। उनके चारों ही गुणस्थानोंमें वे ही बन्धादि-सम्बन्धी प्रकृतियाँ वशेषता केवल यह है कि उन पृथिवियोंका असंयतसम्यग्दृष्टि नारकी तीर्थङ्कर प्रकृतिकया गयहीं करता है। उन पृथिवियोंके चारों गुणस्थानोंमें बन्ध-योग्य प्रकृतियाँ क्रमशः १००, ९ और ७१ हैं।

अब सातवें नरकमें प्रकृतियोंके बन्धादिका निरूपण करते हैं—

सामण्णणिरयपयडी तित्थयर-णराउ-रहियाऊ।
बंधंति तमतमाए णेरइया संकिलिट्ठभावेण ॥३३
।९९।

णरदुयउच्चूणाओ ताओ तत्थेव मिच्छदिट्ठीया ०
।९६।

तिरियाऊ मिच्छ संढय हुंडासंपत्तरहियपयंडीओ ॥३३१॥
ताओ तत्थ य णिरया सासणसम्मा दु बंधंति।
।९१।

तिरियाउऊण-सासण-वोच्छिण्णपयडिविहीणाओ ॥३३२॥
णरदुयउच्चजुयाओ मिस्सा अजई वि बंधंति।
।७०।

तमस्तमःप्रभानरके सप्तमे नारकास्तीर्थकरत्व-मनुष्यायुर्भ्यां रहिताः सामान्यनारकोक्तप्रकृतीः ९९ बध्नन्ति [संक्लिष्टभावेन]। तत्र माघव्यामेव नवनवति-प्रकृतीर्मनुष्यगति-मनुष्यानुपूर्व्योच्चैर्गोत्रत्रिकोनाः ९६ मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति। ताः षण्णवतिप्रकृतयः ९६ तिर्यगायुर्मिथ्यात्व-षण्ढवेद-हुण्डक-संस्थानाऽसम्प्राप्तसृपाटिकासंहननपञ्चप्रकृतिरहिता इत्येकनवतिप्रकृतीस्तत्र नारकोद्भवाः सासादनसम्यग्दृष्टयो बध्नन्ति ९१। तिर्यगायुरूना सास्वादनस्य व्युच्छिन्नप्रकृति २४ विहीनास्ताः सास्वादनोक्ता मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्व्योच्चैर्गोत्रयुक्ता इति सप्ततिप्रकृतीर्मिश्रगुणस्थानवर्त्तिनोऽसंयतसम्यग्दृष्टयश्च बध्नन्ति ७० माघव्याम् ॥३३०–३३२½॥

इति नरकगतिः समाप्ता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तमस्तमा अर्थात् महातमःप्रभा पृथिवीके नारकी संक्लिष्ट भाव होनेसे तीर्थङ्कर और मनुष्यायुके विना नारकसामान्यके बँधनेवाली शेष ९९ प्रकृतियोंको बाँधते हैं। उसी पृथिवीके मिथ्यादृष्टि नारकी मनुष्यद्विक और उच्चगोत्रके विना शेष ९६ प्रकृतियोंको बाँधते हैं। तथा वहींके सासादनसम्यग्दृष्टि नारकी तिर्यगायु, मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, हुंडकसंस्थान और सृपाटिकासंहनन; इन पाँच प्रकृतियोंके विना शेष ९१ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। वहाँके मिश्र और असंयत-गुणस्थानवर्ती नारकी तिर्यगायुके विना तथा सासादनमें व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंके विना, तथा मनुष्यद्विक और उच्चगोत्र सहित शेष ७० प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं ॥३३०-३३२½॥

(देखो संदृष्टिसंख्या १६)

अब तिर्यग्गतिमें प्रकृतियोंके बन्धादिका निरूपण करते हैं—

तित्थयराहारदुगूणाओ बंधंति बंधपयडीओ ॥३३३॥
तिरिया तिरियगईए मिच्छाइट्ठी वि इत्तिया चेव ।
।११७।
ताओ मिच्छाइट्ठी-वोच्छिण्णपयडिविहीणाओ ॥३३४॥
सासणसम्माइट्ठी तिरिया बंधंति णियमेण ।
।१०१।
आसायछिण्णपयडी मणुसोरालदुग आइसंघयणं ॥३३५॥
णरदेवाऊ-रहिया मिस्सा बंधंति ताओ तिरिया हु ।
।६६।
ताओ देवाउजुआ अजई तिरिया दु बंधंति ॥३३६॥
।७०।
बिदियकसाएहिं विणा ताओ तिरिया उ देसजई ।
।३६।

अथ तिर्यग्गत्यां बन्धप्रकृतिभेदं गाथाषट्केनाऽऽह—['तित्थयराऽऽहारदुगूणाओ' इत्यादि ।] तिर्यग्गतौ बन्धप्रकृतिराशि १२० मध्यात्तीर्थकरत्वाऽऽहारकद्वयं परिहृत्य शेषबन्धयोग्यप्रकृतयः सप्तदशोत्तरं ११७ इत्येतावतीः प्रकृतीर्मिथ्यादृष्टयस्तिर्यञ्चो बध्नन्ति । ताः सप्तदशोत्तरशतप्रकृतयः ११७ मिथ्यादृष्टिव्युच्छिन्नप्रकृति १६ विहीना इत्येकोत्तरशतप्रकृतीः १०१ सासादनसम्यग्दृष्टितिर्यञ्चो बध्नन्ति नियमेन । सासादनव्युच्छिन्नप्रकृतिपञ्चविंशतिकं २५ मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्व्यद्विकं २ औदारि-[कशरीरौदारि-]काङ्गोपाङ्गद्वयं २ वज्रवृषभनाराचसंहननं १ मनुष्यायुः १ देवायुष्कं १ चेति द्वात्रिंशत्कं प्रकृतिभिर्विहीनास्ताः पूर्वोक्ताः १०१ एवमेकोनसप्ततिप्रकृतीर्मिश्रगुणस्थानकास्तिर्यञ्चो बध्नन्ति । ता मिश्रोक्ता ६९ देवायुर्युक्ताः सप्तति प्रकृतीः ७० असंयतसम्यग्दृष्टयस्तिर्यञ्चो बध्नन्ति ॥३३२½-३३६½॥

तिर्यग्गतिमें मिथ्यादृष्टि तिर्यंच तीर्थंकर और आहारकद्विकके विना शेष उतनी ही अर्थात् ११७ बन्धप्रकृतियोंको बाँधते हैं। उनमेंसे मिथ्यात्व गुणस्थानमें व्युच्छिन्न होनेवाली १६ प्रकृतियोंके विना शेष १०१ प्रकृतियोंको सासादनसम्यग्दृष्टि तिर्यंच नियमसे बाँधते हैं। सासादनमें व्युच्छिन्न होनेवाली २५ प्रकृतियोंके, तथा मनुष्यद्विक, औदारिकद्विक, आदि संहनन, मनुष्यायु और देवायुके विना शेष रहीं ६९ प्रकृतियोंको मिश्रगुणस्थानवर्ती तिर्यंच बाँधते हैं। उनमें एक देवायुको मिलाकर ७० प्रकृतियोंको असंयतगुणस्थानवर्ती तिर्यंच बाँधते हैं। द्वितीय अप्रत्याख्यानावरण-कषायचतुष्कके विना शेष ६६ प्रकृतियोंको देशव्रती तिर्यंच बाँधते हैं ॥३३२½-३३६½॥

(देखो संदृष्टिसंख्या १७)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं तिरियपंचिंदिय पुण्णा बंधंति ताओ पयडीओ ॥३३७॥
पज्जत्ता णियमेणं पंचिंदियतिरिक्खिणीओ य ।
तित्थयराहारदुयं वेउव्वियछक्कणिरयदेवाऊ ॥३३८॥
तेहि विणा बंधाओ तिरियपंचिंदियअपज्जत्ता ।
।१०६।

एवं अमुना प्रकारेण ताः सप्तदशोत्तरशतप्रकृतीः पञ्चेन्द्रियपर्याप्तास्तिर्यञ्चो बध्नन्ति । तथा पञ्चेन्द्रियपर्याप्ततिरिश्च्यो योनिमत्तिर्यञ्चः एतावत् ११७ प्रकृतीर्बध्नन्ति ॥

पर्याप्तपञ्चेन्द्रिययोनिमतिर्यग्-रचनायन्त्रम्—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०
१६	३१	०	४	४
११७	१०१	६६	७०	६४
०	१६	४८	४७	५१

तीर्थकरत्वाऽऽहारकद्वयं २ देव-नरकगति-तदानुपूर्व्य-वैक्रियिक-वैक्रियिकाङ्गोपाङ्गवैक्रियिकषट्कं ६ नरकायुः १ देवायुः १ चेत्येकादशप्रकृतिभिस्ताभिर्विना शेषनवोत्तरशतप्रकृतिबन्धका लब्ध्यपर्याप्तपञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चो भवन्ति ॥३३६½–३३८½॥

०

अलब्धिपञ्चेन्द्रियतिर्यग्रचनायन्त्रम्—१०६ ।

०

इसी प्रकार तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीव भी ऊपर बतलाई गई सामान्य तिर्यञ्चोंवाली उन्हीं प्रकृतियोंको बाँधते हैं। इसी प्रकार पर्याप्त पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चनी भी नियमसे उन्हीं प्रकृतियोंको बाँधती हैं। तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय अपर्याप्त जीव तीर्थंकर, आहारकद्विक वैक्रियिकषट्क नरकायु और देवायुके विना शेष १०६ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं ॥३३६½–३३८½॥

अब मनुष्यगतिमें प्रकृतियोंके बन्धादिका निरूपण करते हैं—

मणुयगईए सव्वा तित्थयराहारहीणया मिच्छा ॥३३९॥
१२० मि० ११७।
मिच्छम्मि छिण्णपयडी-ऊणाओ आसाय ।
।१०१।
आसायछिण्णपयडीमणुसोरालदुय आइसंघयणं ॥३४०॥
णर-देवाऊरहिया मिस्सा बंधंति ताओ मणुयाऊ ।
।६६।
तित्थयर-सुराउजुआ ताओ बंधंति अजइमणुया दु ॥३४१॥
।७१।
बिदियकसाएहिं विणा ताओ मणुया दु देसजई ।
।६७।
पमत्तादिसु ओघो जि होज्ज मणुया दु पज्जत्ता ॥३४२॥
तह मणुय-मणुसिणीओ अपुण्णतिरियाः व णरअपज्जत्ता ।

* द. 'तिरियव्व' पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मनुष्यगतौ सर्वाः प्रकृतयो १२० बन्धयोग्या भवन्ति। तत्र तीर्थकरत्वाऽऽहारकद्वयहीनाः अन्या सप्तदशोत्तरशतप्रकृतीर्मिथ्यादृष्टिमनुष्या बध्नन्ति ११७। मिथ्यात्वव्युच्छिन्नप्रकृतिभिः १६ हीनास्ताः सासादनस्थमनुष्या बध्नन्ति १०१। सासादनव्युच्छिन्नप्रकृति २५ मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्व्यौदारिकौदारिकाङ्गोपाङ्गचतुष्क-वज्रवृषभनाराचसंहनन- मनुष्य-देवायुष्कद्वयरहितास्ताः पूर्वोक्ता मिश्रगुणस्थानस्थमनुष्या एकोनसप्ततिं प्रकृतीर्बध्नन्ति ६९। ता एकोनसप्ततिं तीर्थकर-देवायुर्युता एकसप्ततिप्रकृतीरसंयत-मनुष्या बध्नन्ति। एता द्वितीयकषायचतुष्केन विना सप्तषष्टिं प्रकृती देशसंयतमनुष्या बध्नन्ति ६७। प्रमत्तादिगुणस्थानेषु गुणस्थानोक्तवत्। तथाहि—प्रमत्ते ६३ अप्रमत्ते ५९ अपूर्वकरणे ५८ अनिवृत्तिकरणे २२ सूक्ष्मसाम्पराये १७ उपशान्ते १ क्षीणे १ सयोगेषु च १ प्रकृतीः पर्याप्ता मनुष्या बध्नन्ति। तथा तेनैव पर्याप्तमनुष्योक्तप्रकारेण प्रकृतीः पर्याप्ता मानुष्यः १२० बध्नन्ति। मिथ्यादृष्टिलब्ध्यपर्याप्ततिर्यग्गतिवत् मनुष्यलब्ध्यपर्याप्ताः १०९ बध्नति ॥३३८½–३४२½॥

पर्याप्तमानुष्यां बन्धयोग्याः १२०।

०

लब्ध्यपर्याप्तमनुष्येषु १०९।

०

	मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
पर्याप्तमनुष्यरचना—	१६	३१	०	४	४	६	१	३६	५	१६	०	०	१	७
	११७	१०१	६९	७१	६७	६३	५९	५८	२२	१७	१	१	१	०
	३	१९	५१	४९	५३	५७	६१	६२	९०	१०७	११९	११९	११९	१२०

मनुष्यगतिमें सभी अर्थात् १२० प्रकृतियाँ बँधती हैं। उनमेंसे मिथ्यादृष्टि मनुष्य तीर्थंकर और आहारिकद्विकसे हीन शेष ११७ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। सासादनसम्यग्दृष्टि मनुष्य मिथ्यात्वमें विच्छिन्न होनेवाली १६ प्रकृतियोंसे हीन शेष १०१ का बन्ध करते हैं। मिश्रगुणस्थानवर्ती मनुष्य सासादनमें विच्छिन्न होनेवाली २५ प्रकृतियोंसे, तथा मनुष्यद्विक, औदारिकद्विक, आदिसंहनन, मनुष्यायु और देवायुसे रहित शेष ६९ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। असंयतसम्यग्दृष्टि मनुष्य तीर्थंकर और देवायु सहित उक्त प्रकृतियोंका अर्थात् ७१ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। देशसंयत मनुष्य द्वितीय कषायचतुष्कके विना शेष ६५ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। प्रमत्तादि ऊपरके गुणस्थानवर्त्ती मनुष्योंमें ओघके समान प्रकृतियोंका बन्ध जानना चाहिए। सामान्य मनुष्योंके समान पर्याप्त मनुष्य और मनुष्यनियाँ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। तथा अपर्याप्त तिर्यञ्चके समान अपर्याप्त मनुष्य १०९ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं ॥३३८½–३४२½॥

(देखो संदृष्टिसंख्या १८)

अब देवगतिमें प्रकृतियोंके बन्धादिका निरूपण करते हैं—

सुहुमाहार अपुण्णवेउव्वियछक्कणिरयदेवाऊ ॥३४३॥
साहारण-वियलिंदियरहिया बंधंति देवाओ।

।१०४।

तित्थयरूणे मिच्छा सासाणसम्मो दु थावरादावं ॥३४४॥
इगिजाइहुंडसंढयमिच्छासंपत्तरहियाओ।

मि० १०३।सा० ९६।

आसायछिण्णपयडीणराउ ताउ मिस्सा दु ॥३४५॥
तित्थयरणराउजुया अजई देवा दु बंधंति।

मि० ७०।अ०७२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथ देवगतौ बन्धयोग्यप्रकृतीर्गाथाद्वादशेनाऽऽह—['सुहुमाहारमपुण्ण'—इत्यादि ।] सूक्ष्मं १ आहारकद्विकं २ अपर्याप्तं १ वैक्रियिकवैक्रियिकाङ्गोपाङ्ग-देवगति-तदानुपूर्व्य-नरकगति-तदानुपूर्व्यमिति वैक्रियिकषट्कं ६ नरकायुः १ देवायुः १ साधारणं १ विकलत्रयं ३ चेति षोडश १६ प्रकृतिरहिताः अन्याश्चतुरुत्तरशतं १०४ बन्धयोग्यप्रकृतीर्देवाः सामान्यतया बध्नन्ति । ता एव १०४ तीर्थकरोना १०३ मिथ्यादृष्टिदेवा बध्नंति । तु पुनः स्थावराऽऽतपौ २ एकेन्द्रियजातिः १ हुंडकसंस्थानं १ नपुंसकवेदं १ मिथ्यात्वासम्प्राप्तसृपाटिकासंहनने २ एवं सप्तप्रकृतिभिः रहितास्ताः षण्णवतिप्रकृतीः ९६ सास्वादनस्था देवा बध्नन्ति । सासादनव्युच्छिन्नप्रकृति २५ मनुष्यायुरहितास्ता एव ७० मिश्रगुणस्थदेवा बध्नन्ति । ता एव सप्ततिं ७० तीर्थंकर-मनुष्यायुःसहिता इति द्वासप्ततिं ७२ प्रकृतीरसंयतसम्यग्दृष्टिदेवा बध्नन्ति । ॥३४२½–३४५½॥

	मि०	सा०	मि०	अ०
सामान्येन देवगतौ—	७	२५	०	१०
	१०३	९६	७०	७२
	१	८	३४	३२

सूक्ष्म, आहारकद्विक, अपर्याप्त, वैक्रियिकषट्क, नरकायु, देवायु, साधारण और विकलेन्द्रियत्रिक; इन सोलहके विना शेष १०४ प्रकृतियोंको सामान्यतया देव बाँधते हैं । उनमें मिथ्यादृष्टि देव तीर्थंकरके विना १०३ प्रकृतियोंको बाँधते हैं । सासादन सम्यग्दृष्टि देव स्थावर, आतप, एकेन्द्रियजाति, हुंडकसंस्थान, नपुंसकवेद, मिथ्यात्व और सृपाटिका संहनन; इन सातसे रहित शेष ९६ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं । मिश्रगुणस्थानवर्ती देव सासादनगुणस्थानमें विच्छिन्न होनेवाली २५ और मनुष्यायु इन २६ से रहित शेष ७० प्रकृतियोंको बाँधते हैं । असंयत देव तीर्थंकर और मनुष्यायु सहित उक्त प्रकृतियोंका अर्थात् ७२ का बन्ध करते हैं ॥३४२½–३४५½॥

(देखो संदृष्टिसंख्या १९)

अब देवविशेषोंमें बन्धादिका निरूपण करते हैं—

तिकायदेव-देवी सोहम्मीसाण देवियाणं च ॥३४६॥
मिच्छाईतिसु ओघो अजई तित्थयररहियाओ ।
सामण्णदेवभंगो सोहम्मीसाणकप्पदेवाणं ॥३४७॥
एत्तो उवरिल्लाणं देवाण जहागमं वोच्छं ।

भवनवासि-व्यन्तर-ज्योतिष्कत्रयोत्पन्नदेव-देवीनां सौधर्मैशानोत्पन्नदेवीनां च मिथ्यात्वादिगुणस्थानेषु ओघवत् । मिथ्यादृष्टौ १०३ सासादने ९६ मिश्रे ७० असंयते तीर्थंकरत्वं विना ७१ ।

	मि०	सा०	मि०	अ०
	७	२५	०	१०
	१३	९६	७०	७१

सामान्यदेवभङ्गरचनावत्सौधर्मैशानकल्पजदेवानां मिथ्यादृष्टौ । अत उपरितनानां देवानां बन्धयोग्यप्रकृतीर्यथागमानुसारेण वक्ष्येऽहम् ॥३४५½–३४७½॥

भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी, इन तीन कायके देव और देवियोंके; तथा सौधर्म और ईशान कल्पोत्पन्न देवियोंके मिथ्यात्वादि तीन गुणस्थानोंमें प्रकृतियोंका बन्ध ओघके समान क्रमशः १०३, ९६ और ७० जानना चाहिए । असंयतगुणस्थानवर्ती उक्त देव और देवियाँ तीर्थंकररहित ७१ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं । सौधर्म-ईशान-कल्पवासी देवोंके प्रकृतियोंका बन्ध सामान्य देवोंके समान जानना चाहिए । अब इससे ऊपरके कल्पवासी देवोंके बन्धादिको आगमके अनुसार कहता हूँ ॥३४५½–३४७½॥

(देखो संदृष्टिसंख्या २०)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तइकप्पाई जाव दु सहसारंता देवा जा ॥३४८॥
देवगईपयडीओ एक्कखादावथावरूणाओ ।

।१०१।

मिच्छातित्थयरूणा हुंडा संपत्तमिच्छसंढूणा ॥३४९॥
सासणसम्मा देवा ताओ बंधंति णियमेण ।

मि० १००।सा० ९६।

आसाय*छिण्णपयडीणराउरहियाउ ताउ मिस्सा दु ॥३५०॥
तित्थयर-णराउजुया अजई बंधंति देवाओ ।

मि० अ० ।७२।

तृतीयकल्पादि यावत्सहस्रारान्ताः सनत्कुमार-माहेन्द्र-ब्रह्म-ब्रह्मोत्तरलान्तव-कापिष्ट-शुक्र-महाशुक्र-शतार-सहस्रारजा देवाः याः सामान्यदेवगत्युक्तप्रकृतयः १०४ एकेन्द्रियाऽऽतपस्थावरत्रयोनास्ता एव १०१ बध्नन्ति, [एतत्त्रिकस्य] तद्बन्धाभावात् । तीर्थकरत्वोनाः १०० प्रकृतिः सनत्कुमारादि-सहस्रारान्ता मिथ्यादृष्टिदेवा बध्नन्ति । हुण्डकसंस्थानासम्प्राप्तसृपाटिकासंहननमिथ्यात्व-षण्ढवेदोनास्ता एव ९६ सनत्कुमारादि-सहस्रारान्ता सासादनस्थदेवा बध्नन्ति । सासादनस्य व्युच्छिन्नप्रकृतीः २५ मनुष्यायुरहितास्ता एव ७० प्रकृतीः सनत्कुमारादि-सहस्रारान्ता मिश्रगुणस्थानस्था देवा बध्नन्ति । तीर्थकरत्वमनुष्यायुर्भ्यां युक्तास्ता एव ७२ सनत्कुमारादि-सहस्रारान्ताः असंयतदेवा बध्नन्ति ॥३४७½–३५०½॥

तृतीय कल्पसे लेकर सहस्रारकल्प तकके देव एकेन्द्रियजाति, आतप और स्थावरके विना देवगति-सम्बन्धी शेष १०१ प्रकृतियोंको बाँधते हैं । उक्त कल्पोंके मिथ्यादृष्टिदेव उक्त १०१ मेंसे तीर्थंकरके विना १०० प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं । इन्हीं कल्पोंके सासादनसम्यग्दृष्टि देव हुंडकसंस्थान, सृपाटिकासंहनन, मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके विना शेष ९६ प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करते हैं । उक्त कल्पोंके मिश्रगुणस्थानवर्ती देव सासादनमें विच्छिन्न होनेवाली २५ तथा मनुष्यायुके विना शेष ७० प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं । तथा उन्हीं कल्पोंके असंयतसम्यग्दृष्टि देव तीर्थंकरप्रकृति और मनुष्यायुके सहित ७० अर्थात् कुल ७२ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं ॥३४७½–३५०½॥ (देखो संदृष्टिसंख्या २१)

आणदकप्पप्पहुई उवरिमगेवज्जयं तु जावं ति ॥३५१॥
तत्थुप्पण्णा देवा सत्ताणउदिं च बंधंति ।

।९७।

देवगईपयडीओ तिरियाउ-तिरियजुयल एइंदी ॥३५२॥
थावर-आदाउज्जोऊण बंधंति ते णियमा ।
मिच्छा तित्थयरूणा हुंडासंपत्तमिच्छसंढूणा ॥३५३॥
सासणसम्मा देवा ताओ बंधंति णियमेण ।

मि० ९६ सा ९२।

तिरियाऊ तिरियदुयं तह उज्जोवं च मोत्तूणं ॥३५४॥

---

*ब-ई

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आसायछिण्णपयडी णराउरहियाऊ मिस्सा दु ।
।७०।
तित्थयर-णराऊजुया अजई देवा य बंधंति ॥३५५॥
।७१।
अणुदिस-अणुत्तरवासी देवा ता चेव णियमेण ।
।७२।

आनतकल्पप्रभृत्युपरिमग्रैवेयकान्तास्तन्नोत्पन्ना देवाः सप्तनवतिं ९७ प्रकृतीर्बध्नन्ति । तत्कथम् ? सामान्यतया देवगत्युक्तप्रकृतयः १०४ तिर्यगायुः १ तिर्यग्गति-तिर्यग्गत्यानुपूर्व्ये द्वे २ एकेन्द्रियं १ स्थावरं १ आतपः १ उद्योतः १ चेति सप्तभिः प्रकृतिभिरूना इति परायोग्यबन्धप्रकृतीः ते आनत-प्राणताऽऽरणाऽच्युत-नवग्रैवेयकान्ता देवा बध्नन्ति ९७ नियमेन । ता एव ९७ तीर्थकरत्वोनाः प्रकृतीः षण्णवतिं आनतादिनव-ग्रैवेयकान्ता मिथ्यादृष्टयो देवा बध्नन्ति ९६ । हुण्डकासम्प्राप्त १ मिथ्यात्व १ षण्ढवेदोनास्ता एव ९२ सासादनस्था देवा बध्नन्ति नियमेन । तिर्यगायु १ स्तिर्यग्द्विकं २ उद्योत १ श्चेति प्रकृतिचतुष्कं मुक्त्वा परिवर्ज्य सासादनव्युच्छिन्नप्रकृति २१ मनुष्यायू रहितास्ता एव मिश्रगुणस्थाने देवा बध्नन्ति ७० । ता एव ७० तीर्थकरत्व-मनुष्यायुर्भ्यां युक्ता ७२ आनतादिनवग्रैवेयकासंयतदेवा बध्नन्ति । नवानुदिश-पञ्चानुत्तर-वासिनो देवास्ता एवासंयमगुणोक्ताः प्रकृती ७२ बध्नन्ति । आनतादि-नवग्रैवेयकेषु बन्धयोग्याः ९७ । नवानुदिश-पञ्चानुत्तरेषु देवेषु अविरते ७२ ॥३५०½–३५५½॥

आनतकल्पसे लेकर उपरिम ग्रैवेयक तक उनमें उत्पन्न होनेवाले देव ९७ प्रकृतियोंको बाँधते हैं । अर्थात् देवगतिमें बन्धयोग्य जो १०४ प्रकृतियाँ बतलाई गई हैं उनमेंसे तिर्यगायु, तिर्यग्द्विक, एकेन्द्रियजाति, स्थावर, आतप और उद्योतके विना शेष ९७ प्रकृतियोंका उक्त देव नियमसे बन्ध करते हैं । उक्त कल्पोंके मिथ्यादृष्टि देव तीर्थङ्करके विना ९६ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं । सासादनसम्यग्दृष्टि देव हुण्डकसंस्थान, सृपाटिकासंहनन, मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके विना ९२ प्रकृतियोंको नियमसे बाँधते हैं । उक्त कल्पोंके मिश्र गुणस्थानवर्ती देव तिर्यगायु, तिर्यद्विक तथा उद्योतको छोड़कर सासादनमें विच्छिन्न होनेवाली शेष प्रकृतियोंके विना तथा मनुष्यायुके विना ७० प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं । उन्हीं कल्पोंके असंयतसम्यग्दृष्टि देव तीर्थङ्कर और मनुष्यायु सहित उक्त प्रकृतियोंका अर्थात् ७२ का बन्ध करते हैं । नव अनुदिश और पंच अनुत्तरवासी देव यतः सम्यग्दृष्टि ही होते हैं, अतः वे नियमसे उन्हीं ७२ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं ॥३५०–३५५½॥ (देखो संदृष्टि संख्या २२)

अब इन्द्रियमार्गणाकी अपेक्षा प्रकृतियोंके बन्धादिका निरूपण करते हैं—

इगि-विगलिंदियजीवे तिरियपंचिंदिय अपुण्णभंगमिव ॥३५६॥
मिच्छे तेत्तियमेत्तं णउत्तरसयं तु णायव्वं ।
।१०९।
मिच्छेवोच्छिण्णेहिं ऊणाओ ताओ आसाया णिरयाऊ ॥३५७॥
णेरइयदुयं मोत्तु पंचिंदियम्मि ओघमिव ।
।९६।

अथेन्द्रियमार्गणायां बन्धयोग्यप्रकृतीर्गाथाद्वयेनाऽऽह—['इगिविगलिंदियजीवे' इत्यादि ।] एकेन्द्रिय-द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रिय-विकलेन्द्रियजीवेषु लब्ध्यपर्याप्तकपञ्चेन्द्रियतिर्यग्वत् तीर्थङ्करत्वाऽऽहारकद्वय-सुरनारकायुर्वै-क्रियिकषट्कबन्धाभावाद् बन्धयोग्यं नवोत्तरशतम् १०९ । गुणस्थाने द्वे । तत्र मिथ्यादृष्टौ नवोत्तरशतमात्रं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बन्धयोग्यं ज्ञातव्यम् । मिथ्यात्वव्युच्छिन्नाभिरूनास्ता एव नरकायुर्नारकद्वयं २ च मुक्त्वा एतत्त्रयं परिहृत्य त्रयोदशप्रकृतिभिर्हीनाः अन्याः षण्णवतिः सासादने एक-विकलत्रयाणां बन्धः ९६ । तथा गोमट्टसारे एवं प्रोक्तमस्ति--मनुष्य-तिर्यगायुर्द्वयं मिथ्यादृष्टौ व्युच्छिन्नम् । सासादने एतद्द्वयं नास्ति । कुतः ? 'सासणो देहे पज्जत्तिं ण वि पावदि, इदि णर-तिरियाउगं णत्थि'[1] इति एकेन्द्रिय-विकलत्रयाणां मिथ्यादृष्टौ व्युच्छित्तिः १५ पञ्चदश तत्षोडशके नरकद्विक-नरकायुषोरभावे नर-तिर्यगायुषोः क्षेपात् पञ्चदश एक-विकलत्रयेषु पञ्चेन्द्रियेषु ओघवत् गुणस्थानवत् । बन्धयोग्यप्रकृतिकं १२० । गुणस्थानानि १४ ॥३५५½–३५७½॥

एकेन्द्रिय-विकलत्रययन्त्रम्—

मि०	सा०
१५	२९
१०५	९४
०	१५

एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय जीवोंमें प्रकृतियोंका बन्ध तिर्यञ्चपंचेन्द्रियअपर्याप्त जीवोंके बन्धके समान तीर्थङ्कर, आहारकद्विक, देवायु, नरकायु और वैक्रियिकषट्कके विना १०९ का होता है । उनके अपर्याप्त अवस्थाकी अपेक्षा दो गुणस्थान माने गये हैं, सो उक्त जीवोंके मिथ्यात्व-गुणस्थानमें तो उतनी ही १०९ प्रकृतियोंका बन्ध जानना चाहिए। सासादनगुणस्थानवर्ती एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय जीव नरकायु और नरकद्विकको छोड़कर मिथ्यात्वमें विच्छिन्न होनेवाली शेष १३ के विना ९६ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं । पंचेन्द्रिय जीवोंमें प्रकृतियोंका बन्ध ओघके समान जानना चाहिए ॥३५५½–३५७½॥ (देखो संदृष्टिसंख्या २३)

विशेषार्थ—भाष्यगाथाकारने यहाँपर एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रियोंकी बन्ध-प्रकृतियाँ बतलाते हुए मिथ्यात्वगुणस्थानमें नरकायु और नरकद्विकके विना १३ प्रकृतियोंकी व्युच्छित्ति कर सासादनमें बन्ध-योग्य ९६ प्रकृतियाँ कही हैं । परन्तु गो० कर्मकाण्ड गाथाङ्क ११३ में मनुष्यायु और तिर्यगायुकी भी बन्ध-व्युच्छित्ति मिथ्यात्वमें बतला करके सासादनमें ९४ प्रकृतियोंका बन्ध बतलाया है और उसके लिए युक्ति यह दी है कि 'सत्थुप्पण्णो हु सासणो देहे पज्जत्तिं ण वि पावदि, इदि णर-तिरियाउगं णत्थि; अर्थात् यतः एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रियोंमें उत्पन्न होनेवाला सासादनगुणस्थानवर्ती जीव शरीरपर्याप्तिको पूरा नहीं कर पाता, क्योंकि सासादनका काल अल्प और निर्वृत्त्यपर्याप्तअवस्थाका काल अधिक है, अतः सासादनगुणस्थानमें मनुष्यायु और तिर्यगायुका बन्ध नहीं होता है । किन्तु मिथ्यात्वगुणस्थानमें ही उनका बन्ध होता है और उसीमें उनकी व्युच्छित्ति भी हो जाती है । तथा इसी गाथामें जो पंचेन्द्रियसामान्यकी बन्ध-विधिका ओघके समान निर्देश किया गया है, सो वह पंचेन्द्रियपर्याप्तकोंका समझना चाहिए; क्योंकि निर्वृत्त्यपर्याप्तक पंचेन्द्रियोंके केवल पाँच गुणस्थान ही होते हैं, सभी नहीं ।

(देखो संदृष्टि सं० २४)

अब कायमार्गणाकी अपेक्षा प्रकृतियोंके बन्धादिका वर्णन करते हैं—

भूदयवणप्फदीसुं मिच्छा सासण इगिंदिभंगमिव ॥३५८॥
णरदुय-णराउ-उच्चूण तेउ-वाउइगिंदियपयडीओ ।
।१०५।

पृथ्वीकायाप्कायतनस्पतिकायेषु मिथ्यात्व-सासादनोक्तैकेन्द्रियभङ्गरचनावत् । मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्व्यद्वय-मनुष्यायुरुच्चैर्गोत्रोना एकेन्द्रियोक्तप्रकृतयः १०५ । तेजस्काये वायुकाये च मिथ्यादृष्टौ १०५ बन्धयोग्याः ॥३५८½॥

---

१. गो० कर्म० गा० ११३ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पृथिवीकायिक, जलकायिक और वनस्पतिकायिक जीवोंमें मिथ्यात्व और सासादनगुणस्थान-सम्बन्धी प्रकृतियोंका बन्ध एकेन्द्रिय जीवोंके बन्धके समान जानना चाहिए। तेजस्कायिक और वायुकायिक जीवोंके एक ही गुणस्थान होता है। तथा वे मनुष्यद्विक, मनुष्यायु और उच्चगोत्रके विना एकेन्द्रियसम्बन्धी शेष अर्थात् १०५ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं ॥३५८½॥

अब योगमार्गणाकी अपेक्षा प्रकृतियोंके बन्धादिका वर्णन करते हैं—

तस-मण-वचि ओरालाहारे जह* संभवं हवे ओघो ॥३५९॥

त्रसकायिकेषु सामान्यगुणस्थानवत्, तेन तेषु बन्धयोग्याः १२०। गुणस्थानानि १४। योगमार्गणायां मनोवचनयोगेषु औदारिककाययोगे आहारककाययोगे च यथासम्भवं ओघो भवेत्, गुणस्थानोक्तवत्। तेन सत्यानुभयमनोवचनचतुष्के बन्धयोग्यप्रकृतयः १२०। गुणस्थानानि त्रयोदश १३। असत्योभयमनोवचनचतुष्के बन्धप्रकृतयः १२०। गुणस्थानानि १२। औदारिककाययोगेषु मनुष्यगतिरचनावद् बन्धयोग्यप्रकृतयः १२०। गुणस्थानानि १४। आहारकाययोगिनां प्रमत्तोक्तवत्। आहारकमिश्रे 'तम्मिस्से णत्थि देवाऊ' इति वचनात् ॥३५९॥

त्रसकायिकोंमें, तथा मनोयोगियोंमें, वचनयोगियोंमें, औदारिककाययोगियोंमें और आहारककाययोगियोंमें यथासम्भव ओघके समान बन्धादि जानना चाहिए ॥३५९॥

णिरयदुग-आहारजुयलणिरि-देवाऊहिं हीणाओ।
ओरालमिस्सजोए बंधाओ होंति णायव्वं ॥३६०॥

।११४।

तित्थयर-सुरचदूणा ताओ बंधंति मिच्छदिट्ठी य।

।१०९।

णिरयाऊ णिरयदुयं मोत्तुं वोच्छिण्णमिच्छपयडीहिं ॥३६१॥
तिरिय-मणुयाउगेहि य रहियाओ ताउ आसाय।

।९४।

आसाय छिण्णपयडीऊणे तिरियाउयं मोत्तुं ॥३६२॥
तित्थयर-सुरचदुजुया ताओ अजई दु बंधंति।

।७५।

औदारिकमिश्रे बन्धयोग्यं गाथासार्धत्रयेणाऽऽह—['णिरयदुगआहारजुयल' इत्यादि।] औदारिकमिश्रकाययोगेषु नरकगति-तदानुपूर्व्यद्वयं २ आहारकाऽऽहारकाङ्गोपाङ्गद्वयं २ नारक-देवायुर्द्वयं २ चेति षड्भिर्हीनाः अन्याः प्रकृतयः ११४ बन्धयोग्याः भवन्तीति ज्ञातव्यम्। कथं तत्षट्कं न? तथाहि—औदारिकमिश्रकाययोगिनो हि लब्धपर्याप्ता निर्वृत्यपर्याप्ताश्च भवन्ति, तेन देव-नारकायुषी २ आहारकद्वयं २ नरकद्वयं च तत्र बन्धयोग्यं न चेति चतुर्दशोत्तरशतम् ११४। तत्रापि सुरचतुष्कं ४ तीर्थञ्च मिथ्यादृष्टि-सासादनयोर्न बध्नाति, अविरते च बध्नाति। तदाऽऽह—'तित्थयर-सुरचदूणा ताओ बंधंति मिच्छदिट्ठी य'। तीर्थकरत्व-देवगति-देवगत्यानुपूर्व्य-वैक्रियिक-तदाङ्गोपाङ्ग-सुरचतुष्कोनास्ता एव प्रकृतीरौदारिकमिश्रकाययोगिनो मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति १०९। नरकायुर्नारकद्वयं च मुक्त्वा अपनीय मिथ्यात्वव्युच्छिन्नप्रकृतिभिः १३ तिर्यङ्-मनुष्यायुर्भ्यां च रहितास्ता एव प्रकृतीः सासादनस्थौदारिकमिश्रयोगिनो बध्नन्ति ९४। तिर्यङ् मनुष्यायुर्द्वयं मिथ्यात्वे व्युच्छिन्नम्। एवं पञ्चदश तत्र व्युच्छिन्नाः। तिर्यगायुः परिहृत्य सासादनव्युच्छिन्नचतुर्विंश-

---

*प्रतिषु 'जहि' पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिप्रकृतिभिरूनाः तीर्थङ्करत्व-सुरचतुष्केन युताश्च ता एव प्रकृतीरौदारिकमिश्रकाययोगिनोऽविरतसम्यग्दृष्टयो ७५ बध्नन्ति ॥३६०-३६२½॥

औदारिकमिश्रकाययोगिनां रचना--

मि०	सा०	अ०	स०
१५	२४	७४	१
१०९	९४	७५	१
५	२०	३९	११३

औदारिक मिश्रकाययोगमें नरकद्विक, आहारकयुगल, नरकायु और देवायुके विना बन्धयोग्य शेष ११४ प्रकृतियाँ जानना चाहिए। उनमेंसे तीर्थङ्कर और सुरचतुष्क (देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक-अङ्गोपांग) इन पाँचके विना मिथ्यादृष्टि १०९ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। औदारिकमिश्रकाययोगी सासादनसम्यग्दृष्टि नरकायु और नरकद्विकको छोड़कर मिथ्यात्वमें विच्छिन्न होनेवाली १३ प्रकृतियोंके विना तथा तिर्यगायु और मनुष्यायुके विना शेष ९४ प्रकृतियोंको बाँधते हैं। औदारिकमिश्रकाययोगी अविरतसम्यग्दृष्टि तिर्यगायुको छोड़कर सासादनमें विच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंके विना तथा तीर्थङ्कर और सुरचतुष्कसहित ७५ प्रकृतियोंको बाँधते हैं ॥३६०-३६२½॥ (देखो संदृष्टि सं० २५)

वेउव्वे सुरभंगो सुरपयडी तिरिय-णराऊणा ॥३६३॥

।१०२।

तम्मिस्से तित्थयरूणाओ बंधंति ताउ मिच्छा दु ।

।१०१।

इगिजाइथावरादवहुंडासंपत्तमिच्छसंढूणा ॥३६४॥
सासणसम्माइट्ठी ताओ बंधंति पयडीओ ।

।९४।

तिरियाउयं च मोत्तुं सासणवोच्छिण्ण बंधवोच्छिण्णा ॥३६५॥
बंधपयडीहिं रहिया तित्थयरजुआ ताउ बंधंति अजई दु ।

।७५।

वैक्रियिककाययोगे सुरभङ्गः देवगत्युक्तवत् सूक्ष्मत्रय-विकलत्रय-नरकद्विक-नरकायुः-सुरचतुष्क-सुरायुराहारकद्वयोनाः षोडशानामबन्धाद्बन्धयोग्यप्रकृतयः १०४ ।

देवसम्बन्धिवैक्रियिकानां रचना--

मि०	सा०	मि०	अ०
७	२५	०	१०
१०३	९६	७०	७२
१	८	३४	३२

तन्मिश्रे वैक्रियिक [मिश्र-] काययोगे तिर्यग्मनुष्यायुर्भ्यां ऊना देवगत्युक्तप्रकृतयो बन्धयोग्याः १०२ भवन्ति। तीर्थकरत्वोनास्त एव १०१ प्रकृतीर्वैक्रियिकमिश्रयोगिनो मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति। एकेन्द्रियजातिः १ स्थावरं १ आतपः १ हुण्डकं १ असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननं १ मिथ्यात्वं १ षण्ढवेदः १ चेति सप्तभिः प्रकृतिभिरूनास्त एव प्रकृतीः ९४ सासादनस्था वैक्रियिकमिश्रकाययोगिनो बन्धन्ति। तिर्यगायुष्कं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुक्त्वा सासादनस्थव्युच्छिन्न २४ प्रकृतिभी रहितास्तीर्थङ्करत्वयुक्ताश्च ता एव प्रकृतीः ७१ वैक्रियिककाययोगिनोऽसंयता बध्नन्ति ॥३६२½–३६५½॥

मि०	सा०	असं०
७	२४	६
१०१	६४	७१
१	८	३

वैक्रियिककाययोगमें देवसामान्यके समान बन्धरचना जानना चाहिए। उनमें १०४ प्रकृतियोंका बन्ध होता है। वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें तिर्यगायु और मनुष्यायुके विना शेष १०२ देवगतिसम्बन्धी प्रकृतियाँ बँधती हैं। उनमेंसे तीर्थङ्करके विना शेष १०१ प्रकृतियाँ मिथ्यात्वगुणस्थानमें बँधती हैं। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी सासादनसम्यग्दृष्टि एकेन्द्रियजाति, स्थावर, आतप, हुंडकसंस्थान, सृपाटिकासंहनन, मिथ्यात्व और नपुंसकवेद इन सातके विना शेष ६४ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। उक्त योगवाले असंयतसम्यग्दृष्टि जीव तिर्यगायुको छोड़कर सासादनमें बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली २४ प्रकृतियोंके विना, तथा तीर्थङ्करसहित ७१ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं ॥३६२½–३६५½॥ (देखो संदृष्टि सं० २६)

विशेषार्थ—आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंकी बन्ध-प्रकृतियाँ सुगम होनेसे भाष्यगाथाकारने नहीं बतलाई हैं सो उनकी बन्ध-प्रकृतियाँ प्रमत्तगुणस्थानके समान जानना चाहिए। आहारकमिश्रकाययोगियोंके इतना विशेष ज्ञातव्य है कि उनके बन्धयोग ६२ प्रकृतियाँ ही होती हैं; क्योंकि 'तम्मिस्से णत्थि देवाऊ' इस आगम-वचनके अनुसार अपर्याप्तदशामें देवायुका बन्ध नहीं होता है।

णिरयदुगाहारजुयलचउरो आऊहिं बंधपयडीहिं ॥३६६॥
कम्मइयकायजोईरहिया बंधंति णियमेण।
।११२।
सुरचदुतित्थयरूणा ताओ बधंति मिच्छदिट्ठी दु ॥३६७॥
।१०७।

नरकगति-तदानुपूर्व्यद्वयं २ आहारक-तदङ्गोपाङ्गद्वयं २ नरकाद्यायुश्चतुष्कं ४ इत्यष्टाभिर्बन्धप्रकृतिभी रहिताः अन्याः द्वादशोत्तरशतप्रकृतीः कार्मणकाययोगिनो बध्नन्ति ११२। तद्योगिनां विग्रहगतौ तद्बन्धाभावान्नियमेन। तत्र देवगति-तदानुपूर्व्य-वैक्रियिक-तदङ्गोपाङ्ग-तीर्थकरत्वोनास्ता एव प्रकृतीः कार्मणकाययोगिनो मिथ्यादृष्टयो १०७ बध्नन्ति ॥३६५½–३६७॥

कार्मणकाययोगी जीव नरकद्विक, आहारकयुगल और चारों आयुकर्मोंके विना शेष ११२ प्रकृतियोंको नियमसे बाँधते हैं। उनमें भी कार्मणकाययोगी मिथ्यादृष्टि जीव सुरचतुष्क और तीर्थङ्करके विना १०७ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं ॥३६५½–३६७॥

एत्थ मिच्छादिट्ठिवुच्छिण्णपयडीणं मज्झे णिरयाउग-णिरयदुगं तिण्णि पयडीओ मुत्तूण सेसाओ तेरस पयडीओ अवणिय सेसाओ चउणउदिपयडीओ सासणसम्मादिट्ठिणो बंधंति ६४।

अत्र मिथ्यादृष्टिव्युच्छिन्नप्रकृतीनां १६ मध्ये नारकायुष्यं नारकद्वयमिति तिस्रः प्रकृतीः मुक्त्वा शेषास्त्रयोदशप्रकृतीरपनीय शेषाश्चतुर्नवतिं प्रकृतीः सास्वादनस्थकार्मणकाययोगिनो बध्नन्ति ६४।

यहाँपर मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें विच्छिन्न होनेवाली १६ प्रकृतियोंमेंसे नरकायु और नरकद्विक, इन तीन प्रकृतियोंको छोड़कर शेष तेरह प्रकृतियोंको निकालकर बाकी बची चौरानवे प्रकृतियोंको कार्मणकाययोगी सासादनसम्यग्दृष्टि बाँधते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जोगिम्मि ओघभंगो सासणवोच्छिण्ण-बंधपयडीहिं ।
सुरचउ-तित्थयरजुया रहिया बंधंति अजई दु ॥३६८॥

।७५।

सयोगकेवलिनि ओघभङ्गः त्रयोदशगुणस्थानोक्तवत् सास्वादनस्थव्युच्छिन्न २४ प्रकृतिभी रहितास्ता एव सुरचतुष्क-तीर्थकरत्वयुक्ताः प्रकृतीः पञ्चसप्ततिं ७५ कार्मणकाययोगिनोऽसंयतसम्यग्दृष्टयो बध्नन्ति ॥३६८॥

मि०	सा०	अ०	सयो०
१३	२४	७४	१
१०७	९४	७५	१
५	१८	३७	१११

कार्मणकाययोगी असंयतसम्यग्दृष्टि जीव (तिर्यगायुके विना) सासादनमें विच्छिन्न होने-वाली २४ प्रकृतियोंसे रहित, तथा सुरचतुष्क और तीर्थङ्कर सहित ७५ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। कार्मणकाययोगी सयोगिकेवलियोंमें बन्धरचना ओघके समान जानना चाहिए ॥३६८॥

(देखो संदृष्टि सं० २७)

अब वेदमार्गणाकी अपेक्षा बन्धादि बतलानेके लिए गाथासूत्र कहते हैं—

अणियट्टिं मिच्छाई वेदे वावीस बंधयं जाव ।
तत्तो परं अवेदे ओघो भणिओ सजोगो त्ति ॥३६९॥

अथ वेदादिमार्गणासु प्रकृतिबन्धभेदः कथ्यते—वेदेषु मिथ्यादृष्ट्याद्यनिवृत्तिकरणगुणस्थानकस-वेदभागेषु द्वाविंशतिबन्धकं यावत् तावद्बन्धकः। वेदेषु बन्धयोग्यं १२० । गुणस्थानानि ९ । स्त्रीवेदिनां नपुंसकवेदिनां पुंवेदवेदिनां च रचना—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अप्र०	अपू०	अनि०
१६	२५	०	१०	४	६	१	२६	१
११७	१०१	७४	७२	६७	६३	५९	५८	२२
३	१९	४६	४३	५३	५७	६१	६२	९८

पुंवेदिनां तु क्षपकानिवृत्तिकरणप्रथमचरमसमये इति विशेषः। निर्वृत्यपर्याप्तानां स्त्रीणां बन्धयोग्यं १०७। कुतः २ आयुश्चतुष्क-तीर्थकराहारकद्वयवैक्रियिकषट्कानामबन्धात्। षण्ढवेदिनां निर्वृत्यपर्याप्तानां बन्धयोग्यं १०८। लब्ध्यपर्याप्तकबन्धात् तिर्यग्मनुष्यायुषी अपनीय नारकासंयतापेक्षया तीर्थबन्धस्यात्र प्रक्षेपात्। पुंवेदिनां निर्वृत्यपर्याप्तानां नारकं विना त्रिगतिजानामेव बन्धयोग्यं ११२। अत्रासंयते तीर्थ-सुरचतुष्कयोर्बन्धोऽस्तीति ज्ञातव्यम्। स्त्री-षण्ढवेदयोरपि तीर्थाहारकबन्धो न विरुध्यते, उदयस्यैव पुंवेदिषु नियमात्। ततः परं अवेदे ओघो भणितः सयोगपर्यन्तं सूक्ष्मसाम्परायादि-सयोगान्तानां वेदो नास्ति, स्वगुणस्थानोक्तबन्धादिकं ज्ञातव्यम् ॥३६९॥

	मि०	सा०	
निर्वृत्यपर्याप्तस्त्रीवेदिनां रचना—	१०७	९४	
	०	१३	
	मि०	सा०	अ०
	१३	२४	९
निर्वृत्यपर्याप्तषण्ढवेदिनां रचना—	१०७	९४	७१
	१ ती०	१४	३७
	मि०	सा०	अ०
	१३	२४	९
निर्वृत्यपर्याप्तपुंवेदिनां रचना—	१०७	९४	७५
	५	१८	३७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तीनों वेदोंमें मिथ्यात्वगुणस्थानसे लेकर अनिवृत्तिकरणगुणस्थानमें बाईस प्रकृतियोंके बन्ध होने तक ओघके समान बन्ध-रचना जानना चाहिए। अवेदियोंमें उससे आगे इक्कीस प्रकृतियोंके बन्धस्थानसे लगाकर सयोगिकेवली पर्यन्त ओघके समान बन्ध-रचना कही है ॥३६९॥

अब कषायमार्गणाकी अपेक्षा बन्धादिका निर्देश करनेके लिए गाथासूत्र कहते हैं—

कोहाइकसाएसुं अकसाईसु य हवे मिच्छाई ।
इगिवीसादी जाव ओघो संतादि जोगंता ॥३७०॥

क्रोध-मान-माया-लोभकषायेषु मिथ्यादृष्ट्याद्यनिवृत्तिकरणस्य द्वितीयादिभागेषु एकविंशत्याद्यष्टादशपर्यन्तं सूक्ष्मसाम्पराये सूक्ष्मलोभस्य बन्धोऽस्ति, बादरलोभस्यानिवृत्तिकरणस्य पञ्चमे भागे बन्धोऽस्ति। अकषायेषु उपशान्तादिसयोगान्तगुणस्थानवत्। कषायमार्गणायां हि बन्धयोग्यं १२०। गुणस्थानानि क्षपकानिवृत्तिकरण-द्वितीय-तृतीय-चतुर्थ-पञ्चमभागपर्यन्तानि ९। क्रोध-मान-माया-बादर-लोभानां गुणस्थानोक्तवत्। सूक्ष्मलोभस्य सूक्ष्मसाम्परायमिव ॥३७०॥

क्रोधादि चारों कषायोंमें मिथ्यात्वको आदि लेकर क्रमशः अनिवृत्तिकरणके इक्कीस, बीस, उन्नीस और अट्ठारह प्रकृतियोंके बँधनेतक ओघके समान बन्धरचना जानना चाहिए। तथा अकषायी जीवोंमें उपशान्तमोहगुणस्थानसे लेकर सयोगिकेवली पर्यन्त ओघके समान बन्धरचना कही है ॥३७०॥

अब ज्ञान, संयम और दर्शनमार्गणाकी अपेक्षा बन्धादिका निर्देश करते हैं—

णाणेसु संजमेसु य दंसणठाणेसु होइ णायव्वो ।
जिह संभवं* च ओघो मिच्छाइगुणेसु जोयंते‡ ॥३७१॥

अष्टसु ज्ञानेषु च सप्तसु संयमेषु च चतुर्षु दर्शनेषु च यथासम्भवमोघो ज्ञातव्यो भवति। मिथ्यात्वादि-सयोगान्तगुणस्थानानि। तथाहि—कुमति-श्रुत-विभङ्गाज्ञानेषु बन्धयोग्यं ११७। सुज्ञानत्रये ७९। मनःपर्यये बन्धयोग्यं ६५। प्रमत्तादि-क्षीणान्तगुणस्थानरचना।

	मि०	सा०
	१६	२५
कुमति-श्रुत-विभङ्गज्ञानिनां रचना—	११७	१०१
	०	१६

	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०
	१०	४	६	१	३६	५	१६	०	०
मति-श्रुतावधिज्ञानिनां रचना—	७७	६७	६३	५९	५८	२२	१७	१	१
	२	१२	१६	२०	२१	५७	६२	७८	७८

	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०
	६	९	३६	५	१६	०	०
मनःपर्ययज्ञानिनां रचना—	६३	५९	५८	२२	१७	१	१
	२	६	७	४३	४८	६४	६४

	स०	अ०
	१	०
केवलज्ञानिनां रचना—	१	०
	११९	१२०

---

*ब -तो। द‡ -ता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
	६	१	३६	५	१६	०	०	१	०
संयममार्गणायां--	६३	५६	५८	२२	१७	१	१	१	०
	२	६	७	४२	४८	६४	६४	११६	१२०

	मि०	सा०	मि०	अ०
	१६	२५	०	१०
असंयमस्य--	११७	१०१	७४	७७
	१	१७	४४	४१

			प्र०	अ०	अ०	अ०
	४		६	१	३६	५
देशसंयतस्य--	६७	सामायिक-छेदोपस्थापनयोः--	६३	५६	५८	२२
	५३		२	६	७	४३

	प्र०	अप्र०		
	६	१		१६
परिहारविशुद्धे--	६३	५६	सूक्ष्मसाम्पराये--	१७
	२	६		१०३

	उ०	क्षी०	स०	अ०
	०	०	१	०
यथाख्याते--	१	१	१	०
	०	०	०	०

दर्शनमार्गणायां चक्षुरचक्षुर्दर्शनयोर्बन्धयोग्यं १२० । मिथ्यादृष्ट्यादि-क्षीणकषायान्तं गुणस्थानद्वादशोक्तवत् । अवधिदर्शने अवधिज्ञानवत् बन्धयोग्याः ७६ । गुणस्थानान्यसंयतादीनि नव ६ । केवलदर्शने सयोगायोगगुणस्थानद्वयम् २ ॥३७१॥

ज्ञानमार्गणाकी अपेक्षा आठों ज्ञानोंमें, संयममार्गणाकी अपेक्षा सातों स्थानोंमें तथा दर्शनमार्गणाकी अपेक्षा चारों दर्शनोंमें मिथ्यात्वगुणस्थानको आदि लेकर यथासंभव अयोगिकेवली गुणस्थान तक ओघके समान बन्धादि जानना चाहिए ॥३७१॥

विशेषार्थ—कुमति, कुश्रुत और विभंगा; इन तीनों कुज्ञानोंमें आदिके दो गुणस्थान होते हैं। मत्यादि चार सुज्ञानोंमें चौथेसे लगाकर बारहवें तकके नौ गुणस्थान होते हैं। केवलज्ञानमें अन्तिम दो गुणस्थान होते हैं। सो विवक्षित ज्ञानवाले जीवोंके तत्तत्संभवगुणस्थानोंके समान बन्धरचना जानना चाहिए। संयममार्गणाकी अपेक्षा ५ संयमके, १ देशसंयमका और १ असंयम का ऐसे सात स्थान होते हैं। सामायिक और छेदोपस्थापना संयममें छट्ठेसे लगाकर नवमें गुणस्थान तकके चार, परिहारविशुद्धिसंयममें छट्ठा और सातवाँ, ये दोः सूक्ष्मसाम्परायमें एक दशवाँ और यथाख्यातसंयममें अन्तिम चार गुणस्थान होते हैं। देशसंयममें पाँचवाँ और असंयममें आदिके चार गुणस्थान होते हैं। इन सातों संयमस्थानोंमें उपर्युक्त गुणस्थानोंके समान बन्धरचना जानना चाहिए। दर्शनमार्गणाकी अपेक्षा चार स्थान हैं सो चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शनमें आदिके १२ गुणस्थान होते हैं। अवधिदर्शनमें चौथेसे लेकर बारहवें तकके नौ गुणस्थान होते हैं। तथा केवलदर्शनमें अन्तिम दो गुणस्थान होते हैं। अतः विवक्षित दर्शनवाले जीवोंकी बन्धरचना उनमें संभव गुणस्थानोंके समान जानना चाहिए।

अब लेश्यामार्गणाकी अपेक्षा बन्धादिका वर्णन करते हैं—

किण्हाईतिसु णेया आहारदुगूण ओघबंधाओ ।

॥११८॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तित्थयरूणा ताओ मिच्छादिट्ठी दु बंधंति ॥३७२॥

।११७।

मिच्छे वोच्छिण्णूणा ताओ बंधंति आसाया ।

।१०१।

आसायछिण्णपयडी सुराउ-मणुयाउगेहिं ऊणाओ ॥३७३॥
सम्मामिच्छाइट्ठी ताओ बंधंति णियमेण ।

।७४।

देव-मणुयाउ-तित्थयरजुया ताओ अजई दु णायव्वा ॥३७४॥

।७७।

कृष्ण-नील-कापोतलेश्यासु तिसृषु आहारकद्वयोना अन्याः सर्वबन्धप्रकृतयः ११८ । एतास्तीर्थकरत्वोनास्ता एव मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति ११७ । मिथ्यात्वस्य व्युच्छिन्नो १६ नास्ता एव १०१ सासादना बध्नन्ति । सासादनव्युच्छिन्न २५ प्रकृतिदेवायु १ मनुष्यायुष्कै १ रूनास्ता एव चतुःसप्ततिं प्रकृतीमिश्रगुणस्थानवर्त्तिनो बध्नन्ति ७४ । ता एव देवमनुष्यायुष्क-तीर्थकरत्वयुक्ता असंयता बध्नन्ति ७७ कृष्ण-नील कापोतेषु ॥३७२-३७४॥

	मि०	सा०	मि०	अ०
कृष्णादिलेश्यात्रययन्त्रम्—	१६	२५	०	१०
	११७	७४	७४	७७
	१	१७	४४	४१

कृष्ण, नील और कापोत; इन तीन लेश्याओंमें आहारकद्विकके विना शेष ११८ प्रकृतियाँ बन्ध-योग्य हैं । उनमेंसे उक्त तीनों अशुभ लेश्यावाले मिथ्यादृष्टि जीव तीर्थङ्करके विना शेष ११७ प्रकृतियाँ बाँधते हैं । मिथ्यात्वमें व्युच्छिन्न होनेवाली १६ प्रकृतियोंके विना शेष १०१ को सासादनगुणस्थानवर्ती बाँधते हैं । उक्त तीनों अशुभलेश्यावाले सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव सासादनमें व्युच्छिन्न होनेवाली २५ और देवायु तथा मनुष्यायु ये दो; इन २७ के विना शेष ७४ प्रकृतियोंको नियमसे बाँधते हैं । उक्त तीनों अशुभलेश्यावाले असंयतसम्यग्दृष्टि जीव देवायु, मनुष्यायु और तीर्थङ्करसहित उक्त ७४ को अर्थात् ७७ प्रकृतियोंको बाँधते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥३७२-३७४॥

(देखो संदृष्टि सं० २८)

वियलिंदिय-णिरयाऊ णिरयदुगापुण्ण-सुहुम-साहरणा ।
रहियाउ ताउ बंधा तेजाए होंति णायव्वा ॥३७५॥

।१११।

तित्थयराहारदुगूणाउ च बंधंति ताउ मिच्छा दु ।

। ०८।

इगिजाइ थावरादवहुंडासंपत्तमिच्छसंढूणा ॥३७६॥
सासणसम्माइट्ठी ताओ बंधंति णियमेण ।

।१०१।

मिस्साइ ओघभंगो अपमत्तंतेसु णायव्वो ॥३७७॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विकलेन्द्रियजातयः ३ नारकायुष्यं १ नारकद्वयं २ अपर्याप्तं सूक्ष्मं साधारणं १ चेति एता नव-प्रकृतिरहिताः अन्या बन्धयोग्या एकादशोत्तरशतप्रकृतयः १११ तेजोलेश्यायां भवन्ति ज्ञातव्याः । ताः १११ तीर्थकराहारकद्विकोना १०८ मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति । एकेन्द्रियजातिः १ स्थावरं १ आतपः १ हुण्डकं १ असम्प्राप्तसृपाटिका १ मिथ्यात्वं १ षण्ढवेदः १ चेति सप्तभिः प्रकृतिभिस्ता ऊना इति एकोत्तरशतप्रकृतीः सास्वादनस्थाः १०१ बध्नन्ति । मिश्राद्यप्रमत्तान्तेषु ओघभङ्गः गुणस्थानोक्तबन्धो ज्ञातव्यः ॥३७५–३७७

तेजोलेश्यायां बन्धयोग्याः १११ । रचना—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०
७	२५	०	१०	४	६	१
१०८	१०१	७४	७७	६७	६३	५९
३	१०	३७	३४	४४	४८	५२

तेजोलेश्यामें विकलेन्द्रियत्रिक, नरकायु, नरकद्विक, अपर्याप्त, सूक्ष्म और साधारण, इन नौके विना शेष १११ प्रकृतियाँ बन्धयोग्य हैं, ऐसा जानना चाहिए । उनमेंसे तेजोलेश्यावाले मिथ्यादृष्टिजीव तीर्थङ्कर और आहारकद्विकके विना १०८ का बन्ध करते हैं । उक्त लेश्यावाले सासादनसम्यग्दृष्टि जीव एकेन्द्रियजाति, स्थावर, आतप, हुंडकसंस्थान, सृपाटिकासंहनन, मिथ्यात्व और नपुंसकवेद; इन सातके विना शेष १०१ प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करते हैं । मिश्रसे लगाकर अप्रमत्तसंयतगुणस्थान तकके तेजालेश्यावाले जीवोंकी बन्ध-रचना ओघके समान जानना चाहिए ॥३७५–३७७॥ (देखो संदृष्टि सं० २९)

इगि-विगल-थावरादव-सुहुमापज्जत्तसाहरणे ।
णिरयाउ-णिरयदुगूणाउ बंधा हवंति पम्माए ॥३७८॥
।१०८।

तित्थयराहारजुयलरहियाओ जाओ पयडीओ ।
पंचुत्तरसयमेत्ता ताओ बंधंति मिच्छा दु ॥३७९॥
।१०५।

आसाया पुण ताओ हुंडासंपत्तमिच्छसंढूणा ।
।१०१।

मिस्साइ ओघभंगो अपमत्तंतेसु णायव्वो ॥३८०॥

एकेन्द्रिय-विकलत्रयजातयः ४ स्थावरं १ आतपः १ सूक्ष्मं १ अपर्याप्तं १ साधारणं १ नरकायुष्यं १ नारकद्वयं २ चेति द्वादशप्रकृतिभिर्विहीनाः अन्याः अष्टोत्तरशतं बन्धयोग्याः १०८ पद्मलेश्यायां भवन्ति । तीर्थङ्कराऽऽहारकयुगलरहिता याः प्रकृतयस्ता एव पञ्चोत्तरशतं प्रकृतीरिति मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति १०५ । हुण्डकसंस्थानासम्प्राप्तसृपाटिकासंहनन-मिथ्यात्व-षण्ढवेदोनास्ता एव प्रकृतीः सासादना बध्नन्ति १०१ । मिश्राद्यप्रमत्तान्तेषु गुणस्थानोक्तबन्धो ज्ञातव्यः ॥३७८–३८०॥

पद्मलेश्यायां बन्धयोग्याः १०८ । रचना—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०
४	२५	०	१०	४	६	१
१०५	१०१	७४	७७	६७	६३	५१
३	७	३४	३१	४१	४५	४९

पद्मलेश्यामें एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रियत्रिक, स्थावर, आतप, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, नरकायु और नरकद्विक, इन बारहके विना शेष १०८ प्रकृतियाँ बन्ध-योग्य हैं । उनमेंसे पद्मलेश्यावाले मिथ्यादृष्टि जीव तीर्थङ्कर और आहारकयुगल, इन तीनसे रहित जो १०५ प्रकृतियाँ शेष रहती हैं, उन्हें बाँधते हैं । उक्त लेश्यावाले सासादनसम्यग्दृष्टि जीव हुंडकसंस्थान, सृपाटिकासंहनन, मिथ्यात्व और नपुंसकवेद, इन चारके विना शेष १०१ का बन्ध करते हैं । मिश्रगुणस्थानको

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदि लेकर अप्रमत्तसंयत तकके पद्मलेश्यावाले जीवोंमें बन्ध-रचना ओघके समान जानना चाहिए ॥३७८-३८०॥ (देखो संदृष्टि सं० ३०)

इगि-विगल-थावरादव-उज्जोवापुण्ण-सुहुम-साहरणा ।
णिरि-तिरियाऊ णिरि तिरिदुगूणा बंधा हवंति सुक्काए ॥३८१॥

।१०४।

तित्थयराहारदुगूणाओ बंधंति मिच्छदिट्ठी दु ।

।१०१।

आसाया पुण ताओ हुंडासंपत्त-मिच्छ-संढूणा ॥३८२॥

।९७।

तिरियाउ तिरियजुयलं उज्जोवं च इय साय-पयडीहिं ।
देव-मणुसाउगेहि य रहियाओ ताओ मिस्सा दु ॥३८३॥

।७४।

तित्थयर-सुर-णराऊ सहिया बंधंति ताओ अजई दु ।

।७७।

जाव य सजोगकेवलि विरयाविरयाइ ताव ओघो त्ति ॥३८४॥

एकेन्द्रियविकलेन्द्रियजातयः ४ स्थावरं १ आतपः १ उद्योतः १ अपर्याप्तं १ सूक्ष्मं १ साधारणं १ नारक-तिर्यगायुषो नारकद्वयं २ तिर्यग्द्वयं२ चेति षोडशप्रकृतिभिर्विना अन्याश्चतुरुत्तरशतं १०४ बन्धयोग्याः प्रकृतयः शुक्ललेश्यायां भवन्ति । तीर्थकरत्वाऽऽहारकद्वयोनास्ता एव १०१ मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति । हुण्डकासम्प्राप्तसृपाटिका-मिथ्यात्वषण्ढवेदोनास्ता एव प्रकृतीः सासादना बध्नन्ति ९७ । तिर्यगायुष्यं १ तिर्यग्द्विकं २ उद्योतः १ चेति प्रकृतिचतुष्कं ४ सासादनव्युच्छिन्नप्रकृतीनां मध्ये त्यक्त्वा अन्याः सासादनव्युच्छिन्नप्रकृतय एकविंशतिः २१ देवमनुष्यायुर्द्वयं २ एवं त्रयोविंशत्या प्रकृतिभि २३ विरहितास्ता एव प्रकृती ७४ मिश्रगुणा बध्नन्ति । तीर्थङ्करत्व-देव-मनुष्यायुःसहितास्ता एव प्रकृती ७७ रसंयता बध्नन्ति । विरताविरतादिसयोगकेवलिगुणस्थानपर्यन्तं गुणस्थानोक्तबन्धादिको ज्ञेयः । ३८१-३८४॥

शुक्ललेश्यायां बन्धयोग्यप्रकृतयः १०४ । शुक्ललेश्यायन्त्रम्—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०
४	२१	०	१०	४	६	१	३६	५	१६	०	०	०
१०१	९७	७४	७७	६७	६३	५९	५८	२२	१७	१	१	१
३	७	३०	२९	३७	४१	४५	४६	८२	८७	१०३	१०४	१०३

शुक्ललेश्यामें एकेन्द्रियजाति, विकलेन्द्रियत्रिक, स्थावर, आतप, उद्योत, अपर्याप्त, सूक्ष्म, साधारण, मनुष्यायु, तिर्यगायु, मनुष्यद्विक और तिर्यग्द्विक; इन सोलहके विना शेष १०४ प्रकृतियाँ बन्ध-योग्य हैं । उनमेंसे शुक्ललेश्यावाले मिथ्यादृष्टि जीव तीर्थङ्कर और आहारकद्विकके विना शेष १०१ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। उक्त लेश्यावाले सासादनसम्यग्दृष्टि जीव हुंडकसंस्थान, सृपाटिकासंहनन, मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके विना शेष ९७ प्रकृतियोंको बाँधते हैं । शुक्ललेश्यावाले सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव तिर्यगायु, तिर्यग्द्विक और उद्योत; इन चारको छोड़कर सासादनमें व्युच्छिन्न होनेवाली शेष २१ प्रकृतियोंसे तथा देवायु और मनुष्यायुसे रहित शेष ७४ प्रकृतियोंको बाँधते हैं । शुक्ललेश्यावाले असंयतसम्यग्दृष्टि जीव तीर्थङ्कर, देवायु और नरकायु, इन तीनके साथ उक्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७४ का अर्थात् ७७ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। पाँचवें विरताविरतगुणस्थानसे लेकर सयोगिकेवली तकके शुक्ललेश्यावाले जीवोंकी बन्धरचना ओघके समान जानना चाहिए ॥३८१–३८४॥

(देखो संदृष्टि सं० ३१)

अब भव्य और सम्यक्त्वमार्गणाकी अपेक्षा बन्धादिका निरूपण करते हैं—

वेदय-खइए भव्वाभव्वे जहसंभवं ओघो ।
उवसमअजई जीवा सत्तत्तरि सुर-णराउरहियाओ ॥३८५॥

।७५।

बिदियचदु-मणुसोरालियदुगाइसंघयणऊणिया पयडी ।
विरयाविरयाजीवा ताओ बंधंति णियमेण ॥३८६॥

।६६।

तइयचउक्कयरहिया पमत्तविरया दु ताओ बंधंति ।

।६२।

असुहाजसाथिरारइ-असायसोऊण आहारे* सहिया ॥३८७॥

।५८।

बंधंति अप्पमत्ता अपुव्वकरणाइ ओघभंगो य ।
सासणसम्माइतिए णियणियठाणम्मि ओघो दु ॥३८८॥

वेदकसम्यक्त्वे क्षायिकसम्यक्त्वे भव्ये अभव्ये च यथासम्भवं ओघः गुणस्थानोक्तयोग्यप्रकृतिबन्धादिको ज्ञातव्यः। भव्यजीवेषु बन्धप्रकृतियोग्यं १२० । गुणस्थानानि १२ । गुणस्थानोक्तवद् रचना । अभव्यजीवेषु मिथ्यात्वं गुणस्थानमेकम् । बन्धयोग्याः प्रकृतयः ११७ । उपशमाविरतसम्यग्दृष्टयो जीवाः सप्तसप्ततिः प्रकृतयो देव-मनुष्यायुष्यद्वयरहिता इति पञ्चसप्तति-प्रकृतीः बध्नन्ति ७५ । अप्रत्याख्यानद्वितीयकषायचतुष्कं ४ मनुष्यगति—मनुष्यगत्यानुपूर्व्यद्विकं २ औदारिक-तङ्गोपाङ्गद्वयं वज्रवृषभनाराचप्रथमसंहननं १ चेति नवप्रकृतिभिरूनास्ता एव प्रकृतीर्विरताविरता देशविरता उपशमसम्यग्दृष्टयो बध्नन्ति नियमेन । प्रत्याख्यानतृतीयचतुष्केण ४ रहितास्ता एव द्वाषष्टिं प्रकृतीः प्रमत्तसंयता उपशमसम्यक्त्वाः बध्नन्ति ६२ । अशुभं १ अयशः १ अस्थिरं १ अरतिं १ असातावेदनीयं १ शोकः १ चेति षड्भिः प्रकृतिभिरूना आहारकद्वयसहितास्ता एव ५८ प्रकृती २ प्रमत्तोपशमसम्यग्दृष्टयो बध्नन्ति । अपूर्वकरणानिवृत्तिकरणसूक्ष्मसाम्परायोपशान्तकषायेषु ओघभङ्गः गुणस्थानोक्तवत् । तथाहि—उपशमसम्यग्दृष्टीनां तिर्यग्मनुष्यगत्यो ७२ देवायुषो नरक-देवगत्यो ७२ मनुष्यायुषश्चाबन्धात् उभयोपशमसम्यक्त्वे तद्द्वयस्याप्यभावात् ।

	अ०	दे०	प्र०	अ०
प्रथमोपशमसम्यग्दृष्टौ गुणस्थानचतुष्कं—	६	४	६	०
	७५	६६	६२	५८
	२	११	१५	१६

द्वितीयोपशमसम्यक्त्वेऽपि बन्धयोग्याः ७७ । गुणस्थानानि ८ ।

अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०
६	४	६	०	३६	५	१६	०
७५	६६	६२	५८	५८	२२	१७	१
२	११	१५	१६	१६	५५	६०	७६

*ब आहरे ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्र श्रेण्यवरोहकासंयते उपशमश्रेण्यां द्वितीयोपशमिकं क्षायिकं च। क्षपकश्रेण्यां क्षायिकमेव सम्यक्त्वमिति नियमात्। सासादनसम्यक्त्वादित्रये निज-निजगुणस्थाने गुणस्थानोक्तवत् ॥३८५-३८८॥

	१६		२५		०
मिथ्यारुचीनां—	११७	सासादनरुचीनां	१०१	मिश्ररुचीनाम्	७४
	३		१६		४६

भव्य और अभव्य जीवोंमें तथा वेदक और क्षायिक सम्यक्त्वी जीवोंमें यथासंभव ओघके समान प्रकृतियोंका बन्ध जानना चाहिए। अभव्योंके एक पहिला ही गुणस्थान होता है और भव्योंके सभी गुणस्थान होते हैं। वेदकसम्यक्त्वी जीवोंके चौथेसे लेकर सातवें तकके चार और क्षायिकसम्यक्त्वी जीवोंके चौथेसे लेकर चौदहवें तकके ग्यारह गुणस्थान होते हैं। उपशमसम्यक्त्वी अविरती जीव देवायु और मनुष्यायुसे रहित सत्तहत्तर अर्थात् पचहत्तर प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। विरताविरत उपशमसम्यक्त्वी जीव द्वितीय कषायचतुष्क, मनुष्यद्विक, औदारिकद्विक और आदिम संहनन, इन नौके विना शेष ६६ प्रकृतियोंको नियमसे बाँधते हैं। प्रमत्तविरत उपशमसम्यक्त्वी तृतीय कषायचतुष्कसे रहित शेष ६२ प्रकृतियोंका बन्ध करते हैं। अप्रमत्तविरत उपशमसम्यक्त्वी अशुभ, अयशःकीर्त्ति, अस्थिर, अरति, असातावेदनीय और शोक इन छह प्रकृतियोंके विना तथा आहारकद्विकसहित ५८ प्रकृतियोंको बाँधते हैं। अपूर्वकरणसे आदि लेकर उपशान्तमोह तकके उपशमसम्यक्त्वी जीवोंके ओघके समान बन्धरचना जानना चाहिए। सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और मिथ्यादृष्टि जीवोंकी बन्धरचना उन-उन गुणस्थानोंमें वर्णित सामान्य बन्धरचनाके समान जानना चाहिए ॥३८५-३८८॥

(देखो संदृष्टि सं० ३२)

अब शेष मार्गणाओंकी अपेक्षा बन्धादिका निर्देश करते हैं—

सण्णि-असण्णि-आहारीसुं जह संभवो ओघो।
भणिओ अणहारीसु जिणेहिं कम्मइयभंगो ॥३८९॥

॥११२॥

एवं मग्गणासु पयडिबंधसामित्तं।

संज्ञ्यऽसंज्ञ्याऽऽहारकेषु यथासम्भवं ओघः गुणस्थानोक्तबन्धो भणितः। अनाहारकेषु कार्मणोक्तगुणस्थानवत् बन्धादिको जिनैर्भणितः। तथाहि—संज्ञिमार्गणायां बन्धयोग्यं १२०। गुणस्थानानि १२। मिथ्यात्वादि-क्षीणान्तेषु गुणस्थानोक्तं यथा। असंज्ञिमार्गणायां बन्धप्रकृतियोग्यं ११७।

मि०	सा०
१६	२६
११७	६८
०	१६

आहारकेषु बन्धयोग्यं १२०। गुणस्थानानि १३। बन्धादिकं गुणस्थानोक्तवत्। अनाहारमार्गणायां बन्धयोग्यं ११२। कार्मणोक्तरचनावत्। देव-नारकायुष्यद्वयं २ आहारकद्वयं २ नारकद्वयं २ तिर्यग्द्विकं २ इत्यष्टानां अबन्धत्वात् शेषबन्धयोग्यं ११२ ॥३८९॥

मि०	सा०	अवि०	सयो०	अयो०
१३	२४	६।६५	१	०
१०७	६४	७५	१	०
५	१८	३७	१११	११२

इति मार्गणासु प्रकृतिबन्धस्वामित्वं समाप्तम्।

संज्ञी, असंज्ञी और आहारक जीवोंमें प्रकृतियोंका बन्ध यथासंभव ओघके समान जानना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चाहिए। अनाहारक जीवोंमें प्रकृतियोंका बन्ध जिनेन्द्रभगवान्ने कार्मणकाययोगियोंके समान कहा है ॥३८९॥

विशेषार्थ—संज्ञियोंके आदिके १२ गुणस्थानोंके समान, पर्याप्त असंज्ञियोंके मिथ्यात्वगुणस्थानके समान, अपर्याप्त असंज्ञियोंके आदिके दो गुणस्थानोंके समान, तथा आहारकोंके सयोगिकेवली पर्यन्त १३ गुणस्थानोंके समान बन्धरचना जानना चाहिए। अनाहारक जीवोंकी बन्धरचना यद्यपि कार्मणकाययोगियोंके समान कही गई है, तथापि इतना विशेष जानना चाहिए कि अयोगिकेवली भी अनाहारक होते हैं, अतएव अनाहारकोंकी बन्धरचना करते समय उन्हें भी परिगणित करना चाहिए।

इस प्रकार चौदह मार्गणाओंमें प्रकृतियोंके बन्धस्वामित्वका निरूपण किया।

अब कर्मप्रकृतियोंके स्थितिबन्धका निरूपण करते हैं—

[1]उक्कस्समणुक्कस्सो जहण्णमजहण्णओ य ठिदिबंधो।
सादि अणादि य धुवाधुव सामित्तेण सहिया णव होंति ॥३९०॥

अथ स्थितिबन्धः उत्कृष्टादिभिर्नवधा कथ्यते—['उक्कस्समणुक्कसो' इत्यादि।] स्थितिबन्धो नवधा भवति। स्थितिरिति कोऽर्थः? स्थितिः कालावधारणमित्यर्थः। उत्कृष्टस्थितिबन्धः १। अनुत्कृष्टस्थितिबन्धः, उत्कृष्टात् किञ्चिद्धीनोऽनुत्कृष्टः २। जघन्यस्थितिबन्धः ३। अजघन्यस्थितिबन्धः, जघन्यात्किञ्चिदधिकोऽजघन्यः ४। सादिस्थितिबन्धः, यः अबन्धं स्थितिबन्धं बध्नाति स सादिबन्धः ५। अनादिः स्थितिबन्धः, जीव-कर्मणोरनादिबन्धः स्यात् ६। ध्रुवः स्थितिबन्धः, अभव्ये ध्रुवबन्धः; अनाद्यनन्तत्वात् ७। अध्रुवः स्थितिबन्धः, स्थितिबन्धविनाशे अध्रुवबन्धः। अबन्धे सति वा अध्रुवबन्धः स्यात्, भव्येषु भवति। स्वामित्वेन बन्धकजीवेन सह ९ नवधा स्थितिबन्धा भवन्ति ॥३९०॥

उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य, अजघन्य, सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव और स्वामित्वके साथ स्थितिबन्ध नौ प्रकारका है ॥३९०॥

विशेषार्थ—कर्मोंकी आत्माके साथ नियत काल तक रहनेकी मर्यादाका नाम स्थिति है। उसके सर्वोत्कृष्ट बँधनेको उत्कृष्टस्थितिबन्ध कहते हैं। उससे एक समय आदि हीन स्थितिके बन्धको अनुत्कृष्टस्थितिबन्ध कहते हैं। कर्मोंकी सबसे कम स्थितिके बँधनेको जघन्यस्थितिबन्ध कहते हैं। उससे एक समय आदि अधिक स्थितिके बन्धको अजघन्य स्थितिबन्ध कहते हैं। विवक्षित कर्मकी स्थितिके बन्धका अभाव होकर पुनः उसके बंधनेको सादि स्थितिबन्ध कहते हैं। गुणस्थानोंमें बन्धव्युच्छित्तिके पूर्व तक अनादिकालसे होनेवाले स्थितिबन्धको अनादिस्थितिबन्ध कहते हैं। जिस स्थितिबन्धका कभी अन्त न हो उसे ध्रुवस्थितिबन्ध कहते हैं; जैसे अभव्यजीवके कर्मोंका बन्ध। जिस स्थितिके बन्धका नियमसे अन्त हो, उसे अध्रुवस्थितिबन्ध कहते हैं। जैसे भव्य जीवोंके कर्मोंकी स्थितिका बन्ध। कौन जीव किस जातिकी स्थितिका बन्ध करता है, इस बातका निर्णय उसके स्वामित्वके द्वारा ही किया जाता है। इस प्रकार स्थितिबन्धके नौ भेद कहे गये हैं।

अब मूलकर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०४९] [2]तिण्हं खलु पढमाणं उक्कस्सं अंतराइयस्सेव।
तीसं कोडाकोडी सायर†णामाणमेव ठिदी ॥३९१॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, 'उत्कृष्टानुत्कृष्ट' इत्यादि गद्यभागः (पृ० १३५)। 2. ४, १९७-१९८।

†ब -माणाण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[मूलगा० ५०] मोहस्स सत्तरी खलु वीसं णामस्स चेव गादस्स ।
तेतीसमाउगाणं उवमाउ सायराणं तु+ ॥३९२॥

मूलप्रकृतीनामुत्कृष्टस्थितिबन्धं गाथाद्वयेनाऽऽह--['तिण्हं खलु पढमाणं' इत्यादि ।] त्रयाणां प्रथमानां ज्ञानावरण-दर्शनावरण-वेदनीयानां कर्मणां अन्तरायस्य कर्मणश्च उत्कृष्टस्थितिबन्धः सागरोपमाणां त्रिंशत्कोटीकोटयः खलु निश्चयेन ॥३९१॥

ज्ञाना० ३० को० । दर्श० ३० को० । वेद० ३० को, । अन्त० ३० को० ।

मोहनीयस्य कर्मणः सप्ततिः ७० सागराणां कोटीकोट्यः उत्कृष्टस्थितिबन्धः । नामकर्मणः गोत्रकर्मणश्चोत्कृष्टस्थितिः विंशतिसागरोपमकोटीकोट्यः स्थितिबन्धः । आयुषः कर्मणः उत्कृष्टस्थितिबन्धः शुद्धानि त्रयस्त्रिंशत् सागरोपमाणि ॥३९२॥

मो० ७० को० । ना० २० को । गो० २० को० । आयुषः साग० ३३ ।

आदिके तीन कर्मोंका अर्थात्—ज्ञानावरण, दर्शनावरण और वेदनीयकर्मका तथा अन्तरायका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम है । मोहनीयकर्मका सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपम, नाम और गोत्रकर्मका बीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम और आयुकर्मका तेतीस सागरोपम है ॥३९१-३९२॥

[1]वस्ससयं आबाहा कोडाकोडी ठिदिस्स जलहीणं ।
सत्तण्हं कम्माणं आउस्स दु पुव्वकोडितइअंसो ॥३९३॥
[2]तेरासिएण णेया उक्कस्सा होंति सव्वपयडीणं ।
अंतोमुहुत्तबाहा अहमा पुण सव्वकम्माणं ॥३९४॥

उत्कृष्ट-जघन्याऽऽबाधाकालभेदं गाथाद्वयेनाऽऽह--['वस्ससयं आबाहा' इत्यादि ।] आयुर्वर्जितसप्तकर्मणामुदयं प्रत्युत्कृष्टाऽऽबाधा कोटाकोटिसागरोपमाणां शतवर्षमात्री भवति । सागरकोटिं प्रति वर्षशतं वर्षशतं आबाधाकालो भवतीत्यर्थः । आयुषः पूर्वकोट्याः तृतीयांशः तृतीयभागः आबाधाकालः उत्कृष्टः । सर्वमूलप्रकृतीनां उत्तरप्रकृतीनां च त्रैराशिकेनोत्कृष्टा आबाधा ज्ञातव्या भवन्ति । तत्कथम् ! कोटीकोटिसागरोपमस्य शतवर्षम्, तदा त्रिंशतः सप्ततेः विंशतेश्च कोटीकोटिसागरोपमस्य किमिति त्रैराशिके कृते प्रमाणं सागरा० १ को० फलं वर्षः १०० । इच्छा सा० ३० को०, ७० को० । २० को० । इति इच्छां फलेन संगुण्य प्रमाणेन तु भाजयेत् । लब्धम् ३००० । २००० । तथाहि--ज्ञानावरणस्योत्कृष्टाबाधाकालः वर्षः ३००० । दर्शनावरणस्योत्कृष्टाबाधाकालः वर्षः ३००० । वेदनीयस्योत्कृष्टाबाधाकालः वर्षः ३००० । अन्तरायस्योत्कृष्टाबाधाकालः वर्षः ३००० । मोहनीयस्योत्कृष्टाबाधाकालः वर्षः ७००० । नामकर्मणः उत्कृष्टाबाधाकालः वर्षः २००० । गोत्रस्योत्कृष्टाबाधाकालः वर्षः २००० । सर्वेषां ज्ञानावरणादीनां अष्टानामुत्तरप्रकृतीनां च जघन्याबाधाकालः अन्तर्मुहूर्तः । आयुषः कर्मणः उत्कृष्टाबाधा पूर्वकोटिवर्षत्रिभागः स्यात् ३३३३३३$\frac{1}{3}$ अयं तृतीयांशः । उक्तं च--

---

1. सं० पञ्चसं० ४, १९९ । 2. ४, २०० ।

+ इन दोनों गाथाओंके स्थानपर शतकप्रकरणमें ये दो निम्नगाथाएँ पाई जाती हैं—

सत्तरि कोडाकोडी अयराणं होइ मोहणीयस्स ।
तीसं आइतिगंते वीसं नामे य गोए य ॥५२॥
तेत्तीसुदही आउम्मि केवला होइ एकमुक्कोसा ।
मूलपयडीण एत्तो ठिई जहन्नो निसामेह ॥५३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्रयस्त्रिंशज्जिनैर्लब्धाः सत्रिभागा निवेदिताः ।
आबाधा जीवितव्यस्य पूर्वकोटीस्थितेः स्फुटम्[1] ॥३१॥

पूर्वाणां त्रयस्त्रिंशल्लब्धा इति शेषः ३३$\frac{1}{3}$ । आयुषो जघन्याऽऽबाधाकालः अन्तर्मुहूर्तः । पक्षान्तरेणासंक्षेपाद्धा वा भवति । न विद्यतेऽस्मादन्यः संक्षेपः असंक्षेपः । स चासौ अद्धा च असंक्षेपाद्धा, आवल्यसंख्येयभागमात्रत्वात् । आयुषः कर्मणः एवमेव भवति । न च स्थिति-त्रिभागेन । तर्हि असंख्यातवर्षायुष्काणां त्रिभागे उत्कृष्टा कथं नोक्ता ? तन्न, देवानां नारकाणां च स्वस्थितौ षण्मासेषु, भोगभूमिजानां नवमासेषु चावशिष्टेषु त्रिभागेनायुर्बन्धासम्भवात् । आबाधालक्षणं गोमट्टसारे प्रोक्तमस्ति—

कम्मसरूवेणागयदव्वं ण य एदि उदयरूवेण ।
रूवेणुदीरणस्स य आबाहा जाव ताव हवे[2] ॥३२॥

कार्मणशरीरनामकर्मोदयापादितजीवप्रदेशपरिस्पन्दलक्षणयोगहेतुना कार्मणवर्गणायातपुद्गलस्कन्धाः मूलोत्तरप्रकृतिरूपेणाऽऽत्मप्रदेशेषु अन्योन्यप्रवेशानुलक्षणबन्धरूपेणाप्रस्थिताः फलदानपरिणतिलक्षणोदयरूपेणापक्वपाचनलक्षणोदीरणारूपेण वा यावन्नाऽऽयान्ति तावान् कालः 'आबाधा' इत्युच्यते १ । कर्मस्वरूपेण परिणतकार्मणद्रव्यं यावदुदयरूपेणोदीरणारूपेण वा न एति, न परिणमति तावान् कालः 'आबाधा' कथ्यते । तथा चोक्तम्—

यावत्कालमुदीर्यन्ते न कर्मारमाणवः ।
उदीरणां विनाऽऽबाधा तावत्कालोऽभिधीयते[3] ॥३३॥३६३-३६४॥

बँधा हुआ कर्म जितने कालतक फल देना प्रारम्भ नहीं करता, उतने कालको अबाधाकाल कहते हैं । कौन कर्म कितने समय तक फल नहीं देता, इसका एक निश्चित नियम है । आगे उसीका निरूपण करते हैं—

एक कोड़ाकोड़ी सागरोपम स्थितिबन्धकी आबाधा सौ वर्ष प्रमाण होती है । इस नियम के अनुसार सातों मूल कर्मोंकी, तथा उनकी उत्तरप्रकृतियोंकी उत्कृष्ट आबाधा त्रैराशिकसे जान लेना चाहिए । आयुकर्मकी उत्कृष्ट आबाधा पूर्वकोटी वर्षका त्रिभाग है । सर्व कर्मोंकी जघन्य आबाधा अन्तर्मुहूर्त काल-प्रमाण है ॥३६३-३६४॥

विशेषार्थ—सातों कर्मोंकी उत्कृष्ट आबाधा इस प्रकार जानना चाहिए—ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तरायकर्मकी ३००० वर्ष, दर्शनमोहकी ७००० वर्ष, चारित्रमोहकी ४००० वर्ष, नाम और गोत्रकर्मकी २००० वर्ष उत्कृष्ट आबाधा होती है ।

[1]आबाधूणट्ठिदी कम्मणिसेओ होइ सत्तकम्माणं ।
ठिदिमेव णिया सव्वा कम्मणिसेओ य आउस्स[1] ॥३६५॥

अथ निषेकलक्षणमाह—['आबाधूणियकम्मट्ठिदी' इत्यादि ।] आयुर्वर्जितसप्तमूलप्रकृतीनां ज्ञानावरणादीनां आबाधोनितकर्मस्थितिः कर्मनिषेचनं क्षरणं निषेको भवति । कर्मनिषेचनं कर्मोदय इत्यर्थः । आयुषः कर्मणः निजा स्थितिः सर्वा कर्मनिषेकरूपा भवति । आयुषः स्वस्थितिः सर्वैव निषेको भवति । तथा चोक्तम्—

आबाधोनाऽस्ति सप्तानां स्थितिः कर्मनिषेचनम् ।
कर्मणामायुषोऽबाचि स्थितिरेव निजा पुनः[4] ॥३४॥ इति

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २०८ ।

१. सं० पञ्चसं० ४, २०५ । २. गो० क० गा० १५५ । ३. सं० पञ्चसं० ४, २०७ । ४. सं० पञ्चसं० ४, २०८ ।

१. गो० क० गो० गा० १६०, परं तत्रोत्तरार्धे पाठभेदोऽस्ति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आयुषो यावती स्थितिस्तावान्निषेको भवति । तथा च —

आबाधोर्ध्वस्थितावस्यां समयं समयं प्रति ।
कर्माणुस्कन्धनिक्षेपो निषेकः सर्वकर्मणाम् ॥३५॥
परतः परतः स्तोकः पूर्वतः पूर्वतो बहुः ।
समये समये ज्ञेयो यावत्स्थितिसमापनम्[1] ॥३६॥

स्वां स्वामाबाधां मुक्त्वा सर्वकर्मणां निषेका वक्तव्याः । तेषाञ्च गोपुच्छाकारेणावस्थितिः[2] ॥३६५॥

आयुके विना शेष सात कर्मोंकी बँधी हुई स्थितिमेंसे आबाधाकालके घटा देनेसे जो स्थिति शेष रहती है, वह कर्मनिषेककाल है। आयुकर्मका कर्मनिषेककाल उसकी अपनी सर्व स्थिति ही जाननी चाहिए ॥३६५॥

विशेषार्थ—प्रत्येक समयमें खिरने या निर्जीर्ण होनेवाले कर्मपरमाणुओंके समूहको निषेक कहते हैं। आयुके विना शेष कर्मोंका जितना स्थितिबन्ध होता है, उसमेंसे ऊपर बतलाये गये नियमके अनुसार आबाधाकालके घटा देनेपर जो स्थिति शेष रहती है, उसे निषेककाल कहते हैं। इसका अभिप्राय यह हुआ कि विवक्षित समयमें बँधनेवाले कर्मपिण्डमें जितने परमाणु हैं, वे आगममें बतलाई गई एक निश्चित विधिके अनुसार निषेककालके जितने समय हैं, उनमें विभक्त हो जाते हैं और फिर अपनी-अपनी अवधिके पूर्ण होनेपर खिर जाते हैं। किन्तु आयुकर्म उक्त नियमका अपवाद है। उसमें अन्य कर्मोंके समान आबाधाकाल और निषेककाल ऐसे दो विभाग नहीं हैं; किन्तु जिस आयुकर्मकी जितनी स्थिति बँधती है, वह सभी निषेककाल है। अर्थात् उतनी स्थिति-प्रमाण उसके निषेकोंकी रचना होती है। ऊपर जो आयुकर्मकी उत्कृष्ट आबाधा पूर्वकोटी वर्षका त्रिभाग बतलाया गया है, सो भुज्यमान आयुकी अपेक्षा बतलाया गया है, बध्यमान आयुकी अपेक्षा नहीं, ऐसा विशेष जानना चाहिए। मूल शतककी जो चूर्णि उपलब्ध है, उसमें नरकायु-देवायुकी उत्कृष्ट स्थिति पूर्वकोटि वर्षके त्रिभागसे अधिक तेतीस सागरोपम बतलाया है। यथा—

'देव-णिरयाउगाणं उक्कोसगो ठिइबंधो तेत्तीसं सागरोवमाणि पुव्वकोडितिभागहियाणि, पुव्वकोडितिभागो अबाहा। अबाहाए विणा कम्मट्ठिई कम्मणिसेगो।

इसी प्रकार मनुष्य-तिर्यञ्चोंकी भी उत्कृष्ट आयुके विषयमें कहा है—

'मणुस-तिरियाउगाणं उक्कोसट्ठिई तिण्णि पलिओवमाणि पुव्वकोडितिभागसहियाणि। पुव्वकोडितिभागो अबाहा। अबाहाए विणा कम्मट्ठिई कम्मणिसेगो।'

यह कथन पूर्वकोटि प्रमाण कर्मभूमियाँ मनुष्य-तिर्यञ्चोंकी भुज्यमान आयुके त्रिभागरूप आबाधाकालको सम्मिलित करके कहा गया समझना चाहिए।

अब उत्तर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका निरूपण करते हैं—

[1]आवरणमंतराए पण णव पणयं असायवेयणियं ।
तीसं कोडाकोडी सायरणामाणमुक्कस्सं ॥३६६॥

२० एदासिं ठिदी ३० ।

अथोत्तरप्रकृतीनां स्थितिमुत्कृष्टां गाथाद्वादशकेनाऽऽह—['आवरणमन्तराए' इत्यादि ।] मतिज्ञानावरणादिपञ्चकं ५ चक्षुर्दर्शनावरणादि नव ९ दानान्तरायादिपञ्चकं ५ असातवेदनीयं १ चेति विंशतेः

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २११ ।

१. सं० पञ्चसं० ४, २०९–२१० । २. एषापि पङ्क्तिस्तत्रैवोपलभ्यते (सं० पञ्चसं० पृ० १३२)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकृतीनामुत्कृष्टस्थितिबन्धः त्रिंशत्कोटाकोटिसागरोपमप्रमाणः । विंशतेः प्रकृतीनां स्थितिः ३० कोटा० ॥३९६॥

ज्ञानावरणकी ५, दर्शनावरणकी ९, अन्तरायकी ५ और असातावेदनीय इन बीस प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम होता है ॥३९६॥

[1]मणुसदुग इत्थिवेयं सायं पण्णरस ‡कोडिकोडीओ ।
मिच्छत्तस्स य सत्तरि चरित्तमोहस्स चत्तालं ॥३९७॥

एदेसिं ठिदी १५ । मिच्छत्तस्स ७० । सोलसकसायाणं ४० ।

मनुष्यगति- [मनुष्य-] गत्यानुपूर्व्यद्वयं २ स्त्रीवेदः १ सातवेदनीयं चेति चतसृणां प्रकृतीनामुत्कृष्टस्थितिबन्धः पञ्चदशकोटाकोटिसागरोपमप्रमाणो भवति १५ । मिथ्यात्वस्योत्कृष्टस्थितिबन्धः सप्ततिकोटाकोटिसागरप्रमाणः स्यात् ७० कोटा० । चारित्रमोहस्यानन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यान-संज्वलनक्रोध-मान-माया-लोभानां षोडशकषायाणां उत्कृष्टस्थितिबन्धः चत्वारिंशत्सागरोपमकोटाकोटिप्रमाणः ४० कोटा० ॥३९७॥

मनुष्यद्विक, स्त्रीवेद, सातावेदनीय, इन चार प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध पन्द्रह कोड़ाकोड़ी सागरोपम है । मिथ्यात्वका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सत्तर कोड़ाकोड़ी और चारित्रमोहनीयका चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम होता है ॥३९७॥

[2]णिरयाउग-देवाउगठिदि-उक्कस्सं च होइ तेत्तीसं ।
मणुयाउय-तिरियाउय-उक्कस्सं तिण्णि पल्लाणि ॥३९८॥

।३३।

नारक-देवायुषोरुत्कृष्टस्थितिबन्धः त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमप्रमाणं साग० ३३ । मनुष्यायुषः तिर्यगायुषश्चोत्कृष्टस्थितिबन्धः त्रीणि पल्योपमप्रमाणानि पल्य० ३ ॥३९८॥

नरकायु और देवायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तेतीस सागरोपम है । मनुष्यायु और तिर्यगायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तीन पल्योपम है ॥३९८॥

[3]भयमरइदुगुंछा विय णउंसयं सोय णीचगोयं च ।
णिरयगइ-तिरियदोण्णि य तेसिं च तहाणुपुव्वी य ॥३९९॥
एइंदिय-पंचिंदिय-तेजा कम्मं च अंगवंगदुयं ।
दोण्णि य सरीर हुंडं वण्णचउक्कं असंपत्तं ॥४००॥
अगुरुयलहुयचउक्कं आदाउज्जोव अप्पसत्थगदिं ।
थावरणामं तसचउ अथिरं असुहं अणादेज्जं ॥४०१॥
दुब्भग दुस्सरमजसं णिमिणं च य वीस कोडकोडीओ ।
सायरसंखाणियमो ठिदि-उक्कस्सं वियाणाहि ॥४०२॥

४३ एयासिं ठिदी २० ।

भयं १ अरतिः १ जुगुप्सा १ नपुंसकवेदः १ शोकः १ नीचगोत्रं १ नरकगतिः १ नरकगत्यानुपूर्वी १ तिर्यग्गति-तदानुपूर्व्यद्वयं २ एकेन्द्रियं १ पञ्चेन्द्रियं १ तैजसं १ कार्मणं १ अङ्गोपाङ्गद्वयं २ औदारिक-

1. सं० पञ्चसं० ४, २१२ । 2. ४, २१३ । 3. ४, २१४-२१७ ।
‡द् कोड ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वैक्रियिकशरीराङ्गोपाङ्गद्विकं २ शरीरे द्वे औदारिक-वैक्रियिकशरीरे द्वे २ हुण्डकसंस्थानं १ स्पर्श-रस-गन्ध-वर्णचतुष्कं ४ असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननं १ अगुरुलघूपघातपरघातोच्छ्वासचतुष्कं, ४ आतपः १ उद्योतः १ अप्रशस्तविहायोगतिः १ स्थावरनाम १ त्रस-बादर-पर्याप्त-प्रत्येकचतुष्कं ४ अस्थिरं १ अशुभं १ अनादेयं १ दुर्भगं १ दुःस्वरं १ अयशःकीर्त्तिः १ निर्माणं १ चेति त्रिचत्वारिंशत्प्रकृतीनां ४३ उत्कृष्टस्थितिबन्धः विंशति-कोटाकोटिसागरोपमप्रमाणमिति त्वं जानीहि । एतासां ४३ प्रकृतीनां स्थितिः २० कोटा० ॥३९९–४०२॥

भय, अरति, जुगुप्सा, नपुंसकवेद, शोक, नीचगोत्र, नरकगति, तिर्यग्गति, नरकानुपूर्वी तिर्यगानुपूर्वी, एकेन्द्रियजाति, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिकशरीर, औदारिक-अंगोपांग, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक-अंगोपांग, हुंडकसंस्थान, सृपाटिकासंहनन, वर्ण-चतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावर, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, अनादेय, दुर्भग, दुःस्वर, अयशःकीर्त्ति और निर्माण; इन तेतालीस प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध बीस कोड़ाकोड़ीसागरोपम जानना चाहिए ॥३९९–४०२॥

[1]हास-रइ-पुरिसवेयं देवगइदुयं पसत्थसंठाणं ।
आदी वि य संघयणं पसत्थगइसुस्सरं सुभगं ॥४०३॥
थिर सुह जस आदेज्जं उच्चागोदं ठिदी य उक्कस्सं ।
दस सागरोवमाणं पुण्णाओ कोडकोडीओ ॥४०४॥

१५ एयासिं ठिदी १० ।

हास्यं १ रतिः १ पुंवेदः १ देवगति-देवत्यानुपूर्व्यद्वयं २ समचतुरस्रसंस्थानं १ वज्रवृषभनाराच-संहननं १ प्रशस्तविहायोगतिः १ सुस्वरः १ सुभगं १ स्थिरं १ [शुभं १] यशः १ आदेयं १ उच्चैर्गोत्रं १ चेति पञ्चदशप्रकृतीनामुत्कृष्टस्थितिबन्धः दश कोटाकोटिसागरोपमप्रमाणः । अमू पुण्यप्रकृतयः १५ तासां स्थितिः १० कोटा० ॥४०३–४०४॥

हास्य, रति, पुरुषवेद, देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त अर्थात् समचतुरस्रसंस्थान, आदि-का अर्थात् वज्रवृषभनाराचसंहनन, प्रशस्तविहायोगति, सुस्वर, सुभग, स्थिर, शुभ, यशःकीर्ति, आदेय और उच्चगोत्र; इन पन्द्रह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध दश कोड़ाकोड़ीसागरोपम होता है ॥४०३–४०४॥

[2]वितिचउरिंदिय सुहुमं साधारणणामयं अपज्जत्तं ।
अट्ठरस कोडकोडी ठिदिउक्कस्सं समुद्दिट्ठं ❀ ॥४०५॥

६ एयासिं १८ ।

द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रियाणि ३ सूक्ष्मं १ साधारणं १ अपर्याप्तं १ चेति षण्णां प्रकृतीनां ६ उत्कृष्टस्थितिबन्धः अष्टादशकोटाकोटि-[सागरोपम-] प्रमाणः । प्र० ६ । १८ कोटा० ॥४०५॥

द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रियजाति, सूक्ष्म, साधारण और अपर्याप्त नाम; इन छह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अट्ठारह कोड़ाकोड़ी सागरोपम कहा गया है ॥४०५॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २१८-२१९ । 2. ४, २२० ।

❀ब प्रतावीदृग् पाठः—अट्ठारस कोडीओ ठिदीणमुक्कस्सयं जाणे ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]संठाणं संघयणं विदियं तदियं य वारस चोद्दसयं च ।
सोलस कोडाकोडी चउत्थसंठाणं-संघयणं ॥४०६॥

२-१२।२-१४।२-१६

[2]पंचमयं संठाणं संघयणं तह य होइ पंचमयं ।
अट्ठरस कोडकोडी ठिदि-उक्कस्सं समुद्दिट्ठं ॥४०७॥

२।१८

संस्थान-संहननयोः द्वितीययोः न्यग्रोधपरिमण्डलसंस्थान-वज्रनाराचसंहननयोरुत्कृष्टस्थितिबन्धः द्वादशकोटाकोटिसागरोपमप्रमाणः । २—१२ कोटा० । तृतीययोः वाल्मीक-नाराच-संस्थान-संहननयोर्द्वयोरुत्कृष्टस्थितिबन्धः चतुर्दशकोटाकोटिसागरोपमप्रमाणः । २—१४ कोटा० । चतुर्थयोः कुब्जकसंस्थानार्धनाराच-संहननयोर्द्वयोरुत्कृष्टस्थितिबन्धः षोडशकोटाकोटिसागरोपमप्रमाणः । २—१६ कोटा० । पञ्चमं संस्थानं पंचमं संहननं पञ्चमयोर्वामनसंस्थान-कीलिकासंहननयोर्द्वयोरुत्कृष्टस्थितिबन्धः अष्टादशकोटाकोटिसागरोपमाणि, इति समुद्दिष्टं जिनैरिति । २—१८ कोटा० ॥४०६—४०७॥

दूसरे संस्थान और संहननका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध बारह कोड़ाकोड़ी सागरोपम है । तीसरे संस्थान और संहननका चौदह, चौथे संस्थान और संहननका सोलह तथा पाँचवें संस्थान और संहननका अठ्ठारह कोड़ाकोड़ी सागरोपम उत्कृष्टस्थितिबन्ध कहा गया है ॥४०६—४०७॥

[3]अंतोकोडाकोडी ठिदी दु आहारदुगय तित्थयरं ।
सव्वासिं पयडीणं ठिदि-उक्कस्सं वियाणाहि ॥४०८॥

आहारकाऽऽहारकाङ्गोपाङ्गद्वयस्य तीर्थकृतश्चोत्कृष्टस्थितिरन्तःकोटाकोटिसागरोपमाणि । एककोट्या उपरि द्विकवारकोट्या मध्ये अन्तःकोटाकोटिः कथ्यते । सर्वासां विंशत्युत्तरशतप्रकृतीनामुत्कृष्टस्थितिं हे भव्य, त्वं जानीहि ॥४०८॥

आहारकद्विक और तीर्थङ्करप्रकृतिका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम है । इस प्रकार सर्व कर्मप्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध जानना चाहिए ॥४०८॥

अब मूलकर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०५१] [4]बारस य वेयणीए णामे गोदे य अट्ठ य मुहुत्ता ।
भिण्णमुहुत्तं तु ठिदी जहण्णयं सेसपंचण्हं* ॥४०९॥

अथ मूलप्रकृतीनां जघन्यस्थितिबन्धमाह—['बारस य वेयणीए' इत्यादि ।] जघन्यस्थितिबन्धो वेदनीये द्वादश मुहूर्त्ताः १२ । नामकर्मणि अष्टौ मुहूर्त्ताः ८ । गोत्रकर्मणि अष्टौ मुहूर्त्ताः ८ । तु पुनः शेषाणां पञ्चानां ज्ञानावरणदर्शनावरण-मोहनीयाऽऽयुष्यान्तरायाणां भिन्नमुहूर्त्तः । अत्र भिन्नमुहूर्त्त इत्युक्ते अन्तर्मुहूर्त्तो लभ्यते । स क्वेति चेत्-ज्ञानावरणान्तरायाणां त्रयाणां जघन्या स्थितिः सूक्ष्मसाम्पराये ज्ञातव्या । मोहनीयस्यानिवृत्तिकरणगुणस्थाने जघन्या स्थितिर्ज्ञेया । आयुषो जघन्या स्थितिः कर्मभूमिजमनुष्येषु तिर्यक्षु च ज्ञेया ॥४०९॥

---

1. सं०पञ्चसं० ४, २२१ । 2. ४, २२२ । 3. ४, २२३ । 4. २२४ ।

*इसके स्थान पर शतकप्रकरणमें निम्न गाथा पाई जाती है—

बारस अंतमुहुत्ता वेयणिए अट्ठ नाम-गोयाणं ।
सेसाणंतमुहुत्तं खुड्डभवं आउए जाण ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेदनीयकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध बारह मुहूर्त, नाम और गोत्रका आठ मुहूर्त्त तथा शेष पाँच कर्मोंका भिन्नमुहूर्त है। (यहाँ भिन्नमुहूर्त्तसे अभिप्राय अन्तर्मुहूर्त्तका है) ॥४०६॥

अब कर्मोंकी उत्तरप्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध बतलाते हैं—

[1]आवरण-अंतराए पण चउ पणयं तह लोहसंजलणं ।
ठिदिबंधो दु जहण्णो भिण्णमुहुत्तं वियाणाहि ॥४१०॥

।१५।

[2]बारस मुहुत्त सायं अट्ठ मुहुत्तं तु उच्च-जसकित्ती ।
दो मास मास पक्खं कोहं माणं च मायं च ॥४११॥

एत्थ कोहसंजलणे मासा २ । माणे मासो १ । मायाए पक्खो १ ।

अथोत्तरप्रकृतीनां जघन्यस्थितिबन्धं गाथादशकेनाऽऽह—['आवरणमन्तराए' इत्यादि ।] ज्ञानावरणपञ्चकं ५ चक्षुरचक्षुरवधिकेवलादर्शनावरणचतुष्कं ४ दानान्तरायादिपञ्चकं ५ संज्वलनलोभं १ इत्येतासां पञ्चदशप्रकृतीनां जघन्यस्थितिबन्धः अन्तर्मुहूर्त्तः, इति हे भव्य, जानीहि त्वम् । सातावेदनीयस्य द्वादश मुहूर्त्ता जघन्या स्थितिः १२ । उच्चगोत्रस्य यशस्कीर्त्तेश्च जघन्या स्थितिरष्टौ मुहूर्त्ताः । अत्र संज्वलनक्रोधे जघन्या स्थितिः द्वौ मासौ २ । संज्वलनमाने जघन्या स्थितिरेको मासः १ । संज्वलनमायायां जघन्या स्थितिः पक्षः पञ्चदश दिनानि १५ ॥४१०-४११॥

ज्ञानावरणकी पाँच, दर्शनावरणकी चार, अन्तरायकी पाँच, तथा संज्वलनलोभ इन पन्द्रह प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध भिन्नमुहूर्त जानना चाहिए। सातावेदनीयका बारह मुहूर्त, उच्चगोत्र और यशःकीर्त्तिका आठ मुहूर्त जघन्य स्थितिबन्ध कहा गया है। संज्वलनक्रोधका जघन्य स्थितिबन्ध दो मास, संज्वलनमानका एक मास और संज्वलन मायाका एक पक्ष जघन्य स्थितिबन्ध है ॥४१०-४११॥

[3]पुरिसस्स अट्ठवासं आउदुगं भिण्णमेव य मुहुत्तं ।
देवाउय-णिरयाउय वाससहस्सा दस जहण्णा ॥४१२॥

पुंवेदस्य जघन्यस्थितिबन्धः अष्टौ वर्षाणि ८ । आयुर्द्विकं मनुष्य-तिर्यगायुषोः अन्तर्मुहूर्त्तः । देवायुषो नारकायुषश्च जघन्यस्थितिबन्धो दशसहस्रवर्षमिति १०००० ॥४१२॥

पुरुषवेदका जघन्य स्थितिबन्ध आठ वर्ष, मनुष्यायु और तिर्यगायुका अन्तर्मुहूर्त; तथा देवायु और नरकायुका दश हजार वर्ष है ॥४१२॥

[4]पंच य विदियावरणं साइयरं वेयणीय मिच्छत्तं ।
बारस अट्ठ य णियमा कसाय तह णोकसाया य ॥४१३॥

एत्थ दंसणावरणीयस्स णिद्दापंचयं ।

तिण्णि य सत्त य चदु दुग सायर उवमस्स सत्त भागा दु ।
ऊणा असंखभागे पल्लस्स जहण्णठिदिबंधो ॥४१४॥

प्र	प्र	प्र	प्र
६	१	१२	८
३ठि	७ठि	४ठि	२ठि
७	७	७	७

1. सं०पञ्चसं० ४, २२५ । 2. ४, २२६ । 3. ४, २२७ । 4. ४,२२८-२२९ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीयदर्शनावरणपञ्चकं निद्रा १ निद्रानिद्रा १ प्रचला १ प्रचलाप्रचला १ स्त्यानगृद्धिः १ असातावेदनीयं चेत्येतासां षण्णां प्रकृतीनां ६ जघन्या स्थितिः सागरोपमस्य सप्तभागानां मध्ये त्रयो भागाः प्र० ६। $\frac{३}{७}$। मिथ्यात्वस्य जघन्या स्थितिः सागरोपमप्रमिता १। अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यान क्रोध-मान माया-लोभानां द्वादशानां प्रकृतीनां जघन्या स्थितिः सागरोपमस्य सप्तभागानां मध्ये चत्वारो भागाः प्र० १२। $\frac{४}{७}$। पुंवेदं विना अष्टानां नोकषायाणां जघन्या स्थितिः सागरोपमस्य सप्तभागानां मध्ये द्वौ भागौ। प्र० ८। $\frac{२}{७}$। तदेवाऽऽह-निद्रादिपञ्चकस्यासातस्य षण्णां प्रकृतीनां जघन्या स्थितिः सागरस्य त्रयः सप्त-भागाः पल्योपमस्यासंख्यातभागहीनाः। मिथ्यात्वस्य जघन्या स्थितिः सागरस्य सप्त-सप्तभागाः पल्यासंख्यात-भागहीनाः। द्वादशकषायाणां चत्वारः सप्तभागाः पल्योपमासंख्यातभागहीनाः। पुंवेदं विनाऽष्टानां नोकषायाणां जघन्या स्थितिः सागरस्य द्वौ सप्तभागौ पल्यासंख्यातभागहीनौ ॥४१३–४१४॥

द्वितीय आवरण अर्थात् दर्शनावरणकी पाँच निद्राएँ और असातावेदनीय; इन छह प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध एक सागरोपमके सात भागोंमेंसे पल्यके असंख्यातवें भाग हीन तीन भागप्रमाण है। मिथ्यात्वका जघन्य स्थितिबन्ध सागरोपमके सात भागोंमेंसे पल्यासंख्यातभागहीन सात भागप्रमाण है। संज्वलन कषायचतुष्कको छोड़कर शेष बारहकषायोंका जघन्य स्थितिबन्ध सागरोपमके सात भागोंमेंसे पल्यासंख्यातभाग हीन चार भागप्रमाण है। तथा शेष आठ नोकषायोंका जघन्य स्थितिबन्ध सागरोपमके सात भागोंमेंसे पल्यासंख्यातभागहीन दो भागप्रमाण है ॥४१३–४१४॥ (इनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है।)

[1]तिरियगइ मणुयदोण्णि य पंच य जाई सरीरणामतियं।
संठाणं संघयणं छछक्क ओरालियंगवंगो य ॥४१५॥
वण्ण-रस-गंध-फासं अगुरुयलहुयादि होंति चत्तारि।
आदाउज्जोवं खलु विहायगई वि य तहा दोण्णि ॥४१६॥
तस-थावरादिजुयलं णव णिमिणं अजसकित्ति णिचं च।
सागर वि-सत्तभागा पल्लासंखेज्जभागूणा ॥४१७॥

५८ ठिदी $\frac{२}{७}$

तिर्यग्गति-तिर्यग्गत्यानुपूर्व्यद्वयं २ मनुष्यगति-तदानुपूर्व्यद्वयं २ एकेन्द्रियादिजातिपञ्चकं ५ औदारिक-तैजस-कार्मणशरीरत्रयं ३ समचतुरस्रादिसंस्थानषट्कं ६ वज्रवृषभनाराचादिसंहननषट्कं ६ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ वर्ण-गन्ध-रस-स्पर्शचतुष्कं ४ अगुरुलघूपघातपरघातोच्छ्वासचतुष्कं ४ आतपः १ उद्योतः १ प्रशस्ताप्रशस्तविहायोगतिद्वयं २ त्रस-स्थावर २ सुभग-दुर्भग २ सुस्वर-दुस्वर २ शुभाशुभ २ सूक्ष्म-बादर २ पर्याप्तापर्याप्त २ स्थिरास्थिरा २ देयानादेय २ प्रत्येक-साधारण २ युगलनवकं निर्माणं १ अयशस्कीर्त्तिः १ नीचैर्गोत्रं १ चेत्यष्टपञ्चाशत्प्रकृतीनां जघन्यस्थितिबन्धः सागरोपमस्य द्वौ सप्तभागौ। किम्भूतौ १ पल्योपमासंख्यातभागहीनौ ॥४१५–४१७॥

तिर्यग्गतिद्विक, मनुष्यगतिद्विक एकेन्द्रियादि पाँच जातियाँ, औदारिक, तैजस, कार्मण ये तीन शरीर, छह संस्थान, छह संहनन, औदारिक अङ्गोपाङ्ग, वर्ण, रस, गन्ध, स्पर्श, अगुरुलघु आदि चार, आतप, उद्योत, प्रशस्त और अप्रशस्त दोनों विहायोगतियाँ, त्रस-स्थावरादि नौ युगल,

1. सं० पञ्चसं०४, २३०-२३२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निर्माण, अयशःकीर्त्ति और नीचगोत्र; इन अट्ठावन प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध सागरोपमके सात भागोंमेंसे पल्यासंख्यातभागहीन दो भागप्रमाण है ॥४१५-४१७॥

[1]उदधिसहस्सस्स† तहा वि-सत्तभागा जहण्णठिदिबंधो ।
वेउव्वियछक्कस्स य पल्लासंखेज्जभागूणा ॥४१८॥

६ ठिदी २८ सवर्णितं $\frac{२०००}{७}$ *

वैक्रियिकषट्कस्य नरकगति-तदानुपूर्व्य-देवगति-तदानुपूर्व्य-वैक्रियिक-वैक्रियिकाङ्गोपाङ्गानां षण्णां प्रकृतीनां ६ जघन्यस्थितिबन्धः उदधेः सागरोपमस्य सहस्रभागकृतस्य द्वि-सप्तभागाः $\frac{२}{७}$। कथम्भूताः ? पल्यासंख्यातभागहीनाः । सागरसंज्ञाङ्कस्य २८५$\frac{५}{७}$ सवर्णितं सप्तभिर्गुणित्वा $\frac{२०००}{७}$ पञ्च मेलिताः ॥४१८॥

वैक्रियिकषट्क (वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक-अङ्गोपाङ्ग, देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी) का जघन्य स्थितिबन्ध सागरोपमसहस्रका पल्यासंख्यातभागहीन दो बटे सात भाग $\frac{२}{७}$ प्रमाण है ॥४१८॥

वैक्रियिकषट्कका ज० स्थितिबन्ध $\frac{२०००}{७}$ अर्थात् २८५$\frac{५}{७}$ सागरोपम है ।

[2]आहारयं सरीरं अंगोवंगं च णाम तित्थयरं ।
अंतोकोडाकोडी जहण्णबंधो ठिदी होइ ॥४१९॥

अपूर्वकरणादिक्षपकश्रेणौ आहारकाऽऽहारकाङ्गोपाङ्गद्वयस्य तीर्थकरत्वस्य च जघन्यस्थितिबन्धः अन्तःकोटाकोटिसागरोपमप्रमाणो भवति ॥४१९॥

इति मूलोत्तरप्रकृतिस्थितिबन्धः उत्कृष्टो जघन्यश्च समाप्तः ।

आहारकशरीर, आहारक-अङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकरनामकर्मका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तःकोडाकोडीसागरोपम है ॥४१९॥

विशेषार्थ—गाथोक्त तीनों प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध भी अन्तकोडाकोडी सागरोपम पहले बतला आये हैं और यहाँ पर जघन्य स्थितिबन्ध भी उतना ही बतला रहे हैं, सो दोनों स्थितिबन्धोंको समान नहीं जानना । किन्तु उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे इनका ही जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणित हीन होता है । जैसा कि शतकचूर्णिमें कहा है—"आहारकसरीर-आहारकांगोवंग-तित्थयरणामाणं जहण्णओ ठिइबंधो अंतोकोडाकोडी । अंतोमुहुत्तमबाहा । उक्कोसाओ संखेज्जगुणहीणो ।" (श० चू० पृ० २८) दूसरी विशेषता उत्कृष्ट और जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाले जीवोंकी है । उक्त प्रकृतियोंमेंसे आहारकद्विकका उत्कृष्टबन्ध अप्रमत्तसंयतके होता है, किन्तु जघन्य स्थितिबन्ध अपूर्वकरण गुणस्थानवर्ती क्षपकके अपनी बन्धव्युच्छित्तिके समय होता है । जैसा कि गो० कर्मकाण्डमें कहा है—"तित्थहाराणंतोकोडाकोडी जहण्णट्ठिदिबंधो । खवगे सगसगबंधच्छेदणकाले हवे णियमा" ॥१४१॥ तीर्थंकर प्रकृतिका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अविरतसम्यग्दृष्टि मनुष्यके होता है ।

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २३३ । 2. ४, २३४ ।

†व उदधिस्स सहस्स० । *ब २८५$\frac{५}{७}$ ईदृक् पाठः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैसा कि आगे गाथा नं० ४२७ तथा गो० कर्मकाण्डमें भी कहा है—"तित्थयरं च मणुस्सो अविरदसम्मो समजेइ ॥" गा० १३६ ।

इस प्रकार मूल और उत्तर प्रकृतियोंका उत्कृष्ट और जघन्य स्थितिबन्ध समाप्त हुआ ।

अब मूल प्रकृतियोंके जघन्यादिबन्ध-सम्बन्धी सादि आदि भेदोंकी प्ररूपणा करते हैं—

[मूलगा० ५२] [1]मूलट्ठिदिअजहण्णो सत्तण्हं बंधचदुवियप्पो य ।
सेसतिए दुवियप्पो आउचउक्के य दुवियप्पो[1] ॥४२०॥

इदि मूलपयडीसु । एत्तो उत्तरासु—

अथाजघन्यादीनां सम्भवत्साद्यादिभेदानाह—['मूलट्ठिदिअजहण्णो' इत्यादि ।] आयुर्वर्जितसप्तविधमूलप्रकृतीनां अजघन्यस्थितिबन्धः साद्यनादि-ध्रुवाध्रुवभेदेन चतुर्विधो भवति ४ । शेषजघन्यानुत्कृष्टोत्कृष्टत्रितये साद्यध्रुवौ द्वौ भवतः २ । आयुःकर्मचतुष्के अजघन्यजघन्यानुत्कृष्टोत्कृष्टेषु चतुर्विधेषु द्वौ विकल्पौ साद्यध्रुवौ भवतः २ । इति मूलप्रकृतिषु जघन्यादिषु साद्यादयः ॥४२०॥

आयुर्वर्जितसप्तमूलप्रकृतीनां साद्यादियन्त्रम्—

प्रकृति ७	जघन्य	सादि	०	०	अध्रुव ३
प्रकृति ७	अजघन्य	सादि	अनादि	ध्रुव	अध्रुव ४
प्रकृति ७	उत्कृष्ट	सादि	०	०	अध्रुव ३
प्रकृति ७	अनुत्कृष्ट	सादि	०	०	अध्रुव ३

आयुषः साद्यादियन्त्रम्—

जघन्य १	सादि	०	०	अध्रुव
अजघन्य २	सादि	०	०	अध्रुव
अनुत्कृष्ट ३	सादि	०	०	अध्रुव
उत्कृष्ट ४	सादि	०	०	अध्रुव

आयुकर्मको छोड़कर शेष सात मूलप्रकृतियोंका अजघन्य स्थितिबन्ध सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव; इन चारों ही प्रकारोंका होता है । उक्त सातों कर्मोंके शेषत्रिक अर्थात् उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट और जघन्य स्थितिबन्ध सादि और अध्रुव ऐसे दो प्रकारके होते हैं । आयुकर्मके उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य; ये चारों ही प्रकारके स्थितिबन्ध भी सादि और अध्रुव ये दो प्रकारके होते हैं ॥४२०॥

विशेषार्थ—जिससे अन्य और कोई छोटा स्थितिबन्ध न हो, ऐसे सबसे छोटे स्थितिबन्धको जघन्य स्थितिबन्ध कहते हैं । इसको छोड़कर आगे एक समय अधिकसे लगाकर ऊपर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तकके जितने भी शेष स्थितिबन्ध है, उन सबको अजघन्य स्थितिबन्ध कहते हैं । जघन्यसे लेकर उत्कृष्ट तकके जितने भी स्थितिविकल्प हैं, वे सर्व जघन्य और अजघन्य इन दोनों स्थितिबन्धोंमें प्रविष्ट हो जाते है । जिससे अन्य अधिक स्थितिवाला और कोई स्थितिबन्ध न हो, ऐसे सर्वोत्कृष्ट स्थितिबन्धको उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कहते हैं । इसको छोड़कर एक समय कमसे लगाकर जघन्य स्थितिबन्ध तकके जितने भी शेष स्थितिविकल्प हैं, उन सबको अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध कहते हैं । उत्कृष्टसे लगाकर जघन्य स्थितिबन्ध तकके जितने भी स्थितिविकल्प हैं, वे सर्व उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट, इन दोनों ही स्थितिबन्धोंके अन्तर्गत आ जाते हैं इस अर्थपदके अनुसार आयुके सिवाय शेष सात कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध सादि आदि चारों प्रकारका होता है । इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—मोहनीयको छोड़कर शेष कर्मोंका जघन्य स्थितिबन्ध

1. सं० पञ्चसं० ४, २३५ ।

१. शतक० ५४ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्मसाम्परायक्षपकका चरमसमयभावी स्थितिबन्ध है, सो वह सादि भी है और अध्रुव भी है। इसका कारण यह है कि क्षपकके सर्वस्तोक अजघन्य स्थितिबन्धसे जघन्य स्थितिबन्धको संक्रमण होनेपर जघन्य स्थितिबन्ध सादि हुआ। तत्पश्चात् बन्धका अभाव हो जानेपर वह अध्रुव कहलाया। सूक्ष्मसाम्परायक्षपकके अन्तिम समयमें होनेवाले इस जघन्य स्थितिबन्धके सिवाय जितना भी शेष स्थितिबन्ध है, वह अजघन्य स्थितिबन्ध है। सूक्ष्मसाम्पराय-क्षपकके अन्तिम समयके स्थितिबन्धसे सूक्ष्मसाम्पराय-उपशामकके अन्तिम समयका अजघन्य स्थितिबन्ध दुगुना है। उपशान्तकषायके उक्त छह कर्मोंका बन्ध नहीं होता है। पुनः वहाँसे गिरनेवालेके अजघन्य स्थितिबन्ध सादि है। जिसने कभी बन्धका अभाव नहीं किया, उसके अनादिबन्ध है। अभव्यके उक्त कर्मोंका जितना भी स्थितिबन्ध है, वह ध्रुवबन्ध है, क्योंकि वह कभी भी न तो अपने बन्धका अभाव करेगा और न कभी जघन्यस्थितिबन्धको ही करेगा। भव्यजीवोंके उक्त कर्मोंका जितना भी स्थितिबन्ध है, वह अध्रुव है, क्योंकि वे नियमसे उसका बन्ध-विच्छेद करेंगे। इसी प्रकार मोहनीय कर्मके सादि आदिकी प्ररूपणा जानना चाहिए। केवल इतना विशेष ज्ञातव्य है कि अनिवृत्तिक्षपकके अन्तिम समयमें मोहकर्मका सर्वजघन्य स्थितिबन्ध होता है। सातों कर्मोंका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट और जघन्य स्थितिबन्ध सादि और अध्रुव होता है। इनमेंसे जघन्य स्थितिबन्धके सादि और अध्रुव होनेका कारण पहले कहा जा चुका है। सातों कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सर्वाधिक संक्लेशसे युक्त संज्ञी मिथ्यादृष्टिके पाया जाता है, सो वह सादि और अध्रुव है। जैसे किसी जीवने विवक्षित समयमें सातों कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध प्रारम्भ किया। वह एक समयसे लगाकर अन्तर्मुहूर्तके पश्चात् नियमसे उसे छोड़कर अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध करेगा। इस प्रकार अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध सादि हुआ। पुनः जघन्यसे एक अन्तर्मुहूर्तके पश्चात् और उत्कर्षसे अनन्त कल्पकालके पश्चात् उसने उक्त कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध किया। इस प्रकार अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध अध्रुव हो गया और उत्कृष्ट स्थितिबन्ध सादि हो गया। इस प्रकार परिभ्रमण करते हुए उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धोंके करनेपर दोनों ही सादि और अध्रुव सिद्ध हो जाते हैं। सातों कर्मोंका भव्यजीवोंके अनादि ध्रुवबन्ध संभव नहीं है। आयुकर्मके उत्कृष्टादि चारों स्थितिबन्ध अध्रुव होनेके कारण अर्थात् कादाचित्क बंधनेसे सादि और अध्रुव ही होते हैं।

इस प्रकार मूल प्रकृतियोंके सादि आदि भेदोंका निरूपण किया।

अब इससे आगे मूलशतककार उत्तरप्रकृतियोंके सादि आदिकी प्ररूपणा करते हैं—

[मूलगा० ५३] [1]अट्ठारसपयडीणं अजहण्णो बंधचउवियप्पो दु।
सादियअद्धुवबंधो सेसतिए होइ बोहव्वो[1] ॥४२१॥
णाणंतरायदसयं विदियावरणस्स होंति चत्तारि।
संजलणं च अट्ठारस चदुधा अजहण्णबंधो सो ॥४२२॥

॥१८॥

अतः परं उत्तरप्रकृतिषु जघन्यसाद्यादिभेदानाह—['अट्ठारस पयडीणं' इत्यादि।] ज्ञानावरणीय-पञ्चकं ५ अन्तरायपञ्चकं ५ चक्षुरचक्षुरवधिकेवलदर्शनावरणचतुष्कं ४ संज्वलनक्रोधादिचतुष्कं ४ चेत्यष्टा-

1. सं० पञ्चसं० ४, २३६।

१. शतक० ५५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दशानां प्रकृतीनां अजघन्यबन्धः चतुर्विकल्पः साद्यनादि-ध्रुवाध्रुवभेदेन चतुर्विधः ४। शेषत्रिके जघन्यानुत्कृष्टोत्कृष्टबन्धत्रये साद्यध्रुवबन्धौ द्वौ इति ज्ञातव्यो भवति ॥४२१-४२२॥

स्थितिबन्धे अष्टादशोत्तरप्रकृतीनां साद्यादियन्त्रम्--

१८	जघन्य	सादि	०	०	अध्रुव
१८	अजघन्य	सादि	अनादि	ध्रुव	अध्रुव
१८	अनुत्कृष्ट	सादि	०	०	अध्रुव
१८	उत्कृष्ट	आदि	०	०	अध्रुव

आगे कही जानेवाली अट्ठारह प्रकृतियोंका अजघन्य बन्ध सादि आदि चारों प्रकारका होता है। उनके शेषत्रिक अर्थात् उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट और जघन्य स्थितिबन्ध सादि और अध्रुव होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥४२१॥

अब भाष्यगाथाकार उन अट्ठारह प्रकृतियोंका नाम निर्देश करते हैं—

ज्ञानावरण और अन्तरायकी (५+५=) दश, दर्शनावरणकी चक्षुदर्शनावरणादि चार, तथा संज्वलन चार; इन अट्ठारह प्रकृतियोंका जो अजघन्यबन्ध है वह चार प्रकारका होता है ॥४२२॥

अब मूलशतककार शेष उत्तरप्रकृतियोंके सादि आदिबन्धका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०५४] [1]उक्कस्समणुक्कस्सं जहण्णमजहण्णओ य ठिदिबंधो।
साइयअद्धुवबंधो पयडीणं होइ सेसाणं[1] ॥४२३॥

।१०२।

शेषाणां द्व्यधिकशतप्रकृतीनां १०२ उत्कृष्टस्थितिबन्धः साद्यध्रुवबन्धः, अनुत्कृष्टस्थितिबन्धः साद्यध्रुवबन्धः, जघन्यस्थितिबन्धः साद्यध्रुवबन्धः, अजघन्यस्थितिबन्धः साद्यध्रुवबन्धो भवति ॥४२३॥

स्थितिबन्धे शेष १०२ प्रकृतीनां साद्यादियन्त्रम्--

१०२	जघन्य	सादि	०	०	अध्रुव
१०२	अजघन्य	सादि	०	०	अध्रुव
१०२	अनुत्कृष्ट	सादि	०	०	अध्रुव
१०२	उत्कृष्ट	सादि	०	०	अध्रुव

ऊपर कहीं गई अट्ठारह प्रकृतियोंके सिवाय शेष जो १०२ बन्धप्रकृतियां हैं उनका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य स्थितिबन्ध सादि और अध्रुव होता है ॥४२३॥

अब कर्मोंकी स्थितियोंमें शुभाशुभका निरूपण करनेके लिए उत्तर गाथासूत्र कहते हैं—

[मूलगा०५५] [2]सव्वाओ वि ठिदीओ सुहासुहाणं पि होंति असुहाओ।
माणुस-तिरिक्ख-देवाउगं च मोत्तूण सेसाणं[2] ॥४२४॥

अथ स्थितिबन्धे स्वामित्वमाह—['सव्वाओ वि ठिदीओ' इत्यादि।] मनुष्यतिर्यग्देवायूंषि त्रीणि मुक्त्वा शेषसर्वशुभाशुभप्रकृतीनां ११७ सर्वाः स्थितयः संसारहेतुत्वादशुभा एव भवन्ति ॥४२४॥

मनुष्यायु, तिर्यगायु और देवायु, इन तीनको छोड़कर शेष जितनी भी शुभ और अशुभ प्रकृतियाँ है, उन सबकी स्थितियाँ अशुभ ही होती हैं ॥४२४॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २३७। 2. ४, २३८।

१. शतक० ५६। २. शतक० ५७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेषार्थ—आयुकर्मकी उक्त तीन प्रकृतियोंके सिवाय शेष ११७ प्रकृतियोंकी स्थितियोंको अशुभ कहनेका कारण संक्लेश है। अर्थात् परिणामोंमें संक्लेशकी वृद्धि होनेसे उक्त प्रकृतियोंकी स्थितियोंमें वृद्धि होती है। यहाँ यह बात ध्यानमें रखनेकी है कि प्रकृतियोंके शुभ-अशुभ या पुण्य-पापरूप जो दो विभाग किये गये हैं, वे अनुभागबन्धकी अपेक्षा किये गये हैं। किन्तु यहाँपर स्थितिबन्धकी अपेक्षा स्थितियोंके शुभ-अशुभका निर्णय किया जा रहा है। देवायु आदि तीन प्रकृतियोंकी स्थितियोंके शुभ कहनेका कारण विशुद्धि है। अर्थात् परिणामोंमें संक्लेशकी हानि और विशुद्धिकी वृद्धि होनेसे इन तीनों प्रकृतियोंकी स्थितियोंमें वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त एक कारण और भी है, जिससे कि तीर्थंकर, उच्चगोत्र, यशस्कीर्त्ति आदि जैसी शुभ प्रकृतियोंको अशुभ कहा गया है और वह कारण यह है कि आयुत्रिकको छोड़कर शेष सभी प्रकृतियोंकी जैसे जैसे स्थितियाँ बढ़ती है, वैसे वैसे ही उनका अनुभाग घटता चला जाता है। किन्तु आयुत्रिकका क्रम इससे भिन्न है। उक्त तीनों आयुकर्मोंकी स्थितियाँ ज्यों-ज्यों बढ़ती है, त्यों-त्यों उनका अनुभाग भी उत्तरोत्तर बढ़ता चला जाता है उक्त दोनों कारणोंसे आयुत्रिककी स्थितियोंको शुभ और शेष सर्वप्रकृतियोंकी स्थितियोंको अशुभ कहा गया है।

अब मूलशतककार इसी अर्थको स्वयं स्पष्ट करते हैं—

[मूलगा०५६] [1]सव्वट्ठिदीणमुक्कस्सओ दु उक्कस्ससंकिलेसेण।
विवरीओ दु जहण्णो आउगतिगं वज्ज सेसाणं[1] ॥४२५॥

आउतियं णिरयाउं विणा।

तिर्यग्मनुष्यदेवायुष्कत्रिकं वर्जयित्वा शेषाणां सप्तदशोत्तरसर्वप्रकृतीनामुत्कृष्टस्थितिबन्धः उत्कृष्टसंक्लेशपरिणामेन भवति। तु पुनः तासां प्रकृतीनां ११७ जघन्यस्थितिबन्धः उत्कृष्टविशुद्धपरिणामेन भवति। तत्रयस्य तु उत्कृष्टविशुद्धपरिणामेन जघन्यं तद्विपरीतेनोत्कृष्टसंक्लेशपरिणामेन च भवति ॥४२५॥

आयुत्रिकको छोड़कर शेष सर्व प्रकृतियोंकी स्थितियोंका उत्कृष्ट बन्ध उत्कृष्ट संक्लेशसे होता है और उनका जघन्य स्थितिबन्ध विपरीत अर्थात् संक्लेशके कम होनेसे होता है ॥४२५॥

यहाँपर आयुत्रिकसे अभिप्राय नरकायुके विना शेष तीन आयुकर्मोंसे है।

[मूलगा०५७] [2]सव्वुक्कस्सठिदीणं मिच्छादिट्ठी दु बंधगो भणिओ।
आहारय-तित्थयरं देवाउगं च विमोत्तूणं[2] ॥४२६॥

[मूलगा०५८] [3]देवाउगं पमत्तो+ आहारयमप्पमत्तविरदो दु।
तित्थयरं च मणुस्सो अविरयसम्मो समज्जेइ[3] ॥४२७॥

उत्कृष्टस्थितिबन्धकमाह—['सव्वुक्कस्स ठिदीणं' इत्यादि।] आहारकद्विकं २ तीर्थकरत्वं १ देवायुश्चेति १ चत्वारि मुक्त्वा शेष ११६ प्रकृतिसर्वोत्कृष्ट-स्थितीनां मिथ्यादृष्टिरेव बन्धको भणितः। तच्चतुर्णां आहारकद्वयतीर्थकरत्वदेवायुषां तु सर्वोत्कृष्टस्थितीनां सम्यग्दृष्टिरेव बन्धको भवति। तत्रापि विशेषमाह—'देवाउगं पमत्तो। इति पाठे देवायुरुत्कृष्टस्थितिकं प्रमत्त एवाप्रमत्तगुणस्थानाभिमुखो बध्नाति। अप्रमत्ते तदव्युच्छित्तावपि तत्र सातिशये तीव्रविशुद्धत्वेन तद्देवायुर्बन्धाद्विरतिशये चोत्कृष्टासम्भवात्। तु पुनः आहारकद्वयं उत्कृष्टस्थितिकं अप्रमत्तः प्रमत्तगुणस्थानाभिमुखः संक्लिष्ट एव बध्नाति, आयुस्त्रयवर्जितानां

1 सं० पञ्चसं० ४, २३६–२४३। 2. ४, २४४। 3. ४, २४५।
१. शतक० ५८। २. शतक० ५९। ३. शतक० ६०।
+ ब. प्रतौ 'देवाउमप्पमत्तो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्कृष्टस्थितिरुत्कृष्टसंक्लेशेनेत्युक्तत्वात् । तीर्थकरत्वं उत्कृष्टस्थितिकं नरकगतिगमनाभिमुखमनुष्यासंयत-सम्यग्दृष्टिरेव बध्नाति ॥४२६-४२७॥

आहारकद्विक, तीर्थङ्कर और देवायुको छोड़कर शेष सर्व प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितियोंका बन्धक मिथ्यादृष्टि जीव कहा गया है। देवायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध प्रमत्तसंयत, आहारकद्विकका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अप्रमत्तसंयत और तीर्थङ्करप्रकृतिका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अविरत सम्यग्दृष्टि मनुष्य करता है ॥४२६-४२७॥

विशेषार्थ—इन चारों प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके विषयमें इतना विशेष जानना चाहिए—देवायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अप्रमत्तगुणस्थान चढ़नेके अभिमुख हुए अप्रमत्तसंयतके होता है। आहारकद्विकका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध प्रमत्तगुणस्थानमें आनेके लिए अभिमुख हुए अप्रमत्तसंयतके होता है। तीर्थङ्करप्रकृतिका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध नरकगतिमें जानेको अभिमुख हुए असंयतसम्यग्दृष्टि मनुष्यके होता है।

[मूलगा०५६] [1]पण्णरसण्हं ठिदि-उक्कस्सं बंधंति मणुय-तेरिच्छा ।
छण्हं सुर-णेरइया ईसाणंता सुरा तिण्हं[1] ॥४२८॥

१५।६।३।

देवाउग वज्जेविय आउयतिय सुहुमणामऽपज्जत्तं ।
साहारण वियलिंदिय वेउव्वियछक्क पण्णरसं ॥४२९॥

।१५।

तिरियगई ओरालं तस्स य तह अंगवंगणामं च ।
तिरियगइआणुपुव्वी असंपत्तं चेव उज्जोवं ॥४३०॥
छण्हं सुर-णेरइया ठिदिमुक्कस्सं *करिंति पयडीणं ।
एइंदिय आयावं थावरणामं सुरा तिण्णि ॥४३१॥

६।३।

शेषाणां ११६ उत्कृष्टस्थितिबन्धकमिथ्यादृष्टीन् गाथापञ्चकेनाऽऽह—['पण्णरसण्हं' इत्यादि ।] देवाऽऽयुष्कं वर्जयित्वा नरक-तिर्यङ्मनुष्यायुष्यत्रयं ३ सूक्ष्मनाम १ अपर्याप्तं १ साधारणं १ विकलत्रयं ३ वैक्रियिकषट्कं ६ चेति पञ्चदशप्रकृतीनां १५ उत्कृष्टस्थितिबन्धं मनुष्यास्तिर्यञ्चश्च बध्नन्ति । तिर्यग्गतिः १ औदारिकशरीरं १ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ तिर्यग्गत्यानुपूर्वी असम्प्राप्तसृपाटिकासंहननं १ उद्योतः १ चेति षण्णां प्रकृतीनां ६ उत्कृष्टस्थितिबन्धं सुर-नारकाः कुर्वन्ति बध्नन्तीत्यर्थः । एकेन्द्रियं १ आतपः १ स्थावर-नाम चेति तिसृणां प्रकृतीनां ३ उत्कृष्टस्थितिबन्धं भवनत्रिक-सौधर्मैशानजा देवा बध्नन्ति ॥४२८-४३१॥

(वक्ष्यमाण) पन्द्रह प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिको मनुष्य और तिर्यञ्च बाँधते हैं, छह प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिको देव-नारकी बाँधते हैं और तीन प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिको ईशान स्वर्ग तकके देव बाँधते हैं ॥४२८॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २४६-२४८ ।
१. शतक० ६१ ।
*व किरंति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब भाष्यगाथाकार उक्त प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

देवायुको छोड़कर शेष तीन आयु, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, विकलेन्द्रियत्रिक और वैक्रियिकषट्क, इन पन्द्रह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मनुष्य और संज्ञी पंचेन्द्रियतिर्यञ्च करते हैं। तिर्यग्गति, तिर्यगत्यानुपूर्वी, औदारिकशरीर, तथा उसके अंगोपाङ्गनामकर्म, सृपाटिकासंहनन और उद्योत; इन छह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध देव और नारकी करते हैं। एकेन्द्रिय, आतप और स्थावरनामकर्म, इन तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध ईशानकल्प तकके देव और देवी करते हैं ॥४२६-४३१॥

विशेषार्थ—उत्कृष्ट संक्लेशसे कुछ हीन, या नीचे उतरते संक्लेशको ईषन्मध्यम संक्लेश[1] करते हैं।

[मूलगा०६०] [I]सेसाणं चउगइया ठिदि-उक्कस्सं †करिंति पयडीणं।
उक्कस्ससंकिलेसेण ईसिमहमज्झिमेणावि[1] ॥४३२॥

शेषाणां द्वानवतिसंख्योपेतप्रकृतीनां ९२ उत्कृष्टस्थितिबन्धं उत्कृष्टसंक्लेशेन परिणामेनाथवा ईषन्मध्यमसंक्लिष्टेन परिणामेन चातुर्गतिका मिथ्यादृष्टयो जीवा कुर्वन्ति बध्नन्ति ९२ ॥४३२॥

ऊपर कही हुई प्रकृतियोंके सिवाय जितनी भी शेष बानवै प्रकृतियाँ हैं, उनका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध चारों गतिके जीव उत्कृष्ट संक्लेशसे, अथवा ईषन्मध्यम संक्लेशसे करते हैं ॥४३२॥

अब मूलशतककार शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाले स्वामियोंका निर्देश करते हैं—

अब मूलशतककार जघन्य स्थितिबन्धके स्वामित्वका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०६१] [2]आहारय-तित्थयरं णियट्टि अणियट्टि पुरिस संजलणं।
बंधइ सुहुमसराओ सायजसुच्चावरण विग्घं [2] ॥४३३॥

३।५। दंसणावरणचउक्कं ।९७।

अथ जघन्यस्थितिबन्धस्वामिजीवान् गाथाद्वयेनाऽऽह—['आहारयतित्थयरं' इत्यादि।] आहारकाहारकाङ्गोपाङ्गद्वयस्य तीर्थकरत्वस्य च जघन्यस्थितिं अपूर्वकरणो निर्बध्नाति ३। पुंवेद-चतुःसंज्वलनानां जघन्यस्थितिं अनिवृत्तिकरणगुणस्थानस्थो मुनिर्बध्नाति ५। सातवेदनीयं १ यशस्कीर्त्तिं १ उच्चैर्गोत्रं १ ज्ञानावरणपञ्चकं ५ दानाद्यन्तरायपञ्चकं ५ चक्षुरचक्षुरवधिकेवलदर्शनावरणचतुष्कं ४ चेति सप्तदशप्रकृतीनां जघन्यस्थितिबन्धं सूक्ष्मसाम्पराय एव बध्नाति १७ ॥४३३॥

आहारकद्विक और तीर्थङ्करनामकर्म; इन तीन प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिको अपूर्वकरण-क्षपक; पुरुषवेद और संज्वलनचतुष्क इन पाँचकी जघन्य स्थितिको अनिवृत्तिकरण-क्षपक; तथा पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, पाँच अन्तराय, सातावेदनीय, यशःकीर्त्ति और उच्चगोत्र; इन सत्तरह प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिको सूक्ष्मसाम्पराय-क्षपक बाँधते हैं ॥४३३॥

३।५। (ज्ञानावरण ५ + दर्शनावरण ४ + अन्तराय ५ + सा० १ य० १ उ० १) १७

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २४६। 2. ४, २३०-२५१।

१. शतक० ६२। २. शतक० ६३।

†ब किरंति।

1. उक्कोससंकिलेसाओ ऊण-ऊणतराणि य ठिइबन्धज्झवसाणठाणाणि, तेहिंपि तमेव उक्कस्सियं ठिइं णिव्वत्तेंति, ते ईसिमज्झिमा वुच्चंति। शतकचूर्णि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[मूलगा० ६२] [1]छण्हमसण्णी ट्ठिदिं कुणइ जहण्णमाउगाणमण्णयरो ।
सेसाणं पज्जत्तो बायर एइंदियविसुद्धो[1] ॥४३४॥

।६।४।

देवगति-देवगत्यानुपूर्व्य-नरकगति-तदानुपूर्व्य-वैक्रियिकतदङ्गोपाङ्गानां षण्णां प्रकृतीनां जघन्यस्थितिबन्धं असंज्ञी एव बध्नाति ६ । आयुषां चतुर्णां जघन्यस्थितिं संज्ञी वा असंज्ञी वा बध्नाति ४ । शेषाणां पञ्चाशीतिप्रकृतीनां ८५ एकेन्द्रियो बादरः पर्याप्तको जीवो विशुद्धिं प्राप्तः सन् जघन्यस्थितिबन्धं बध्नाति ॥४३४॥

वैक्रियिकषट्कका जघन्य स्थितिबन्ध असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च करता है । देवायु और नरकायुका जघन्य स्थितिबन्ध कोई एक संज्ञी या असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीव करता है । मनुष्य और तिर्यगायुका जघन्य स्थितिबन्ध कर्मभूमियां मनुष्य या तिर्यञ्च करते हैं । शेष ८५ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध सर्वविशुद्ध, बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तक जीव करता है ॥४३४॥

अब भाष्यगाथाकार उक्त कथन-गत विशेषताका स्पष्टीकरण करते हैं—

[2]णिरयदुयस्स असण्णी पंचिंदियपुण्णओ ठिदिजहण्णं ।
जीवो करेइ जुत्तो तज्जोगो† संकिलेसेण ॥४३५॥
तिस्से हवेज्ज हेऊ सो चेव य कुणइ सुरचउक्कस्स ।
णवरिं विसेसो जाणे सव्वविसुद्धीए जुत्तो दु ॥४३६॥
[3]पंचिंदिओ असण्णी सण्णी वा कुणइ मंदठिदिबंधं ।
णिरयाउस्स य मिच्छो सव्वविसुद्धो दु पज्जत्तो ॥४३७॥
देवाउस्स य एवं तप्पाओग्गेण संकिलेसेण ।
जुत्तो णवरि य जीवो जहण्णबंधट्ठिदिं कुणइ ॥४३८॥
[4]मणुय-तिरियाउयस्स हि तिरिक्ख-मणुसाण कम्मभूमीणं ।
ठिदिबंधो दु जहण्णो तज्जोयासंकिलेसेण ॥४३९॥
[5]सेणाणं पयडीणं जहण्णबंधट्ठिदिं कुणइ ।
एइंदियपज्जत्तो सव्वविसुद्धो दु बायरो जीवो ॥४४०॥

सेसा ८५ ।

एवं ठिदिबंधो समत्तो ।

वैक्रियिकषट्कस्य बन्धको विशेषयति—['णिरयदुगस्स असण्णी' इत्यादि ।] नारकद्विकस्य नरकगति-तदानुपूर्व्यद्वयस्य जघन्यस्थितिबन्धं पञ्चेन्द्रियः पर्याप्तकः असंज्ञी जीवः करोति बध्नाति २ । स कथम्भूतः ? असंज्ञी तद्योग्यसंक्लेशपरिणामेन युक्तः सहितः तस्य नरकद्विकस्य जघन्यस्थितिबन्धकः । स एवाऽसंज्ञी पर्याप्तकः सुरचतुष्कस्य जघन्यस्थितिबन्धहेतुरसंज्ञी पञ्चेन्द्रियः पर्याप्तको भवति—देवगति-तदानुपूर्व्य-वैक्रियिक-तदङ्गोपाङ्गानां चतुर्णां जघन्यस्थितिबन्धकोऽसंज्ञी पञ्चेन्द्रियपर्याप्तको भवति । नवरि विशेषः—

---

वेदनीयकी २, गोत्रकी २, घातिकर्मोंकी ४७, विहायोगति २, गति ४, जाति ५, श्वासोच्छ्वास १, तीर्थंकर १, तथा त्रस, यशःकीर्त्ति, बादर, पर्याप्त, सुस्वर, आदेय और सुभग, इन सात युगलोंकी १४ प्रकृतियाँ; इस प्रकार सर्व मिलाकर ७८ प्रकृतियाँ जीवविपाकी हैं ॥४९३॥

पुद्गलविपाकी ६२, जीवविपाकी ७८, भवविपाकी ४ और क्षेत्रविपाकी ४ सब मिलाकर १४८ प्रकृतियाँ हो जाती हैं ।

इस प्रकार अनुभागबन्ध समाप्त हुआ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथ प्रदेशबन्धं एकोनत्रिंशद्-गाथासूत्रैराह । किं तदाह—

स्वामित्वभागभागाभ्यामष्टोत्कृष्टादयः सह ।
दश प्रदेशबन्धस्य प्रकाराः कथिताः जिनैः* ॥४४॥

अब प्रदेशबन्धका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०८६] [1]एयक्खेत्तोगाढं सव्वपदेसेहिं कम्मणो जोग्गं ।
बंधइ जहुत्तहेउं सादियमहऽणादियं चावि ॥४६४॥

एकक्षेत्रावगाहं यथा भवति तथा सर्वात्मप्रदेशेषु कर्मयोग्यपुद्गलद्रव्यं जीवो बध्नाति । यथोक्त-मिथ्यात्वादिकारणं लब्ध्वा । किम्भूतं द्रव्यम् ? सादिकमथवाऽनादिकं च । तथाहि—सूक्ष्मनिगोदशरीरं घनाङ्गुलासंख्येयभागं जघन्यावगाहक्षेत्रं एकक्षेत्रम् । तेनावगाहितं कर्मस्वरूपपरिणमनयोग्यं अनादिकं सादिकं उभयं च पुद्गलद्रव्यं जीवः सर्वात्मप्रदेशैर्मिथ्यादर्शनादिहेतुभिर्बध्नातीत्यर्थः ॥४६४॥

एकक्षेत्रावगाही, कर्मरूप परिणमनके योग्य, सादि, अथवा अनादि, तथा 'च' शब्दसे सूचित उभयरूप जो पुद्गलद्रव्य है, उसे यह जीव यथोक्त मिथ्यात्व आदि हेतुओंसे अपने सर्व प्रदेशोंके द्वारा बाँधता है । इसे ही प्रदेशबन्ध कहते हैं ॥४६४॥

विशेषार्थ—प्रकृत प्रदेशबन्धका निरूपण उत्कृष्टप्रदेशबन्ध, अनुत्कृष्टप्रदेशबन्ध, जघन्य-प्रदेशबन्ध, अजघन्यप्रदेशबन्ध, सादिप्रदेशबन्ध, अनादिप्रदेशबन्ध, ध्रुवप्रदेशबन्ध, अध्रुवप्रदेशबन्ध भागाभाग और स्वामित्व, इन दश द्वारोंसे किया जायगा । एक शरीरकी अवगाहनासे रुके हुए क्षेत्रमें अवस्थित पुद्गलद्रव्यको एकक्षेत्रावगाही द्रव्य कहते हैं । प्रकृतमें सूक्ष्मनिगोदिया जीवकी घनांगुलके असंख्यातमें भागप्रमाण अवगाहनाको एक क्षेत्र जानना चाहिए ।

अब जीवके द्वारा ग्रहण किये जानेवाले कर्मरूप पुद्गलद्रव्यका प्रमाण कहते हैं—

[मूलगा०८७] [2]पंचरस-पंचवण्णेहिं परिणयदुगंध चदुहिं फासेहिं ।
दवियमणंतपदेसं जीवेहि† अणंतगुणहीणं [2] ॥४६५॥

तद्द्रव्यप्रमाणमाह—['पंचरस-पंचवण्णेहिं' इत्यादि ।] पञ्चरस-पञ्चवर्ण-द्विगन्धैश्चरमशीतोष्णस्निग्ध-सूक्ष्मचतुःस्पर्शैश्च परिणतं यत्कर्मयोग्यपुद्गलद्रव्यम् । कथम्भूतम् ? अनन्तप्रदेशं अनन्तकर्मपुद्गलप्रदेशम् । पुनः कथम्भूतम् ? जीवराशिभ्योऽनन्तगुणहीनम् । तथा हि—सिद्धराश्यनन्तैकभागं अभव्यराश्यनन्तगुणं समयप्रबद्धद्रव्यं भवतीत्यर्थः । गोमट्टसारे तथा चोक्तं च—

सयलरसरूवगंधेहिं परिणदं चरिमचदुहिं फासेहिं ।
सिद्धादोऽभव्वादोऽणंतिमभागं गुणं दव्वं× ॥४५॥

बंधदि त्ति किरियाणुवट्टणं । एगसमयम्हि बज्झमाणपयडीणं दव्वमिदि णेयं । तथा च—

पुद्गलाः ये प्रगृह्यन्ते जीवेन परिणामतः ।
रसादित्वमिवाहाराः कर्मत्वं यान्ति तेऽखिलाः‡ ॥४६॥४६५॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ३३६ । 2. ४, ३३७ ।

★ सं० पञ्चसं० ४, ३३४ । × गो० कर्म० गा० १९१ । ‡ सं० पञ्चसं० ४, ३३५ ।

१. शतक० ८७ । गो० क० १८५ । २. शतक० ८८ ।

† ब जीवेसि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाँच रस, पाँच वर्ण, दो गन्ध और शीतादि अन्तिम चार स्पर्शसे परिणत, सिद्धजीवोंसे अनन्तगुणित हीन, तथा अभव्यजीवोंसे अनन्तगुणित अनन्तप्रदेशी पुद्गलद्रव्यको यह जीव एक समयमें ग्रहण करता है ॥४६५॥

अब आनेवाले द्रव्यके विभागका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०८८] [1]आउगभागो थोवो णामागोदे समो तदो अधिओ ।
आवरण अंतराए सरिसो अधिगो य मोहे वि[1] ॥४६६॥

[मूलगा०८९] सव्वुवरि वेदणीए भागो अधिओ दु कारणं किं तु ।
सुह-दुक्खकारणत्ता ठिदिविसेसेण सेसाणं[2] ॥४६७॥

तत् [समयप्रबद्धद्रव्यं] मूलप्रकृतिषु कथं विभज्यते इति चेदाह—['आउगभागो थोवो' इत्यादि ।] आयुःकर्मणो भागः स्तोकः । नाम-गोत्रकर्मणोः परस्परं समानः सदृशभागः, यतः आयुःकर्मभागादधिकः । ज्ञान-दर्शनावरणान्तरायकर्मसु तथा समानः सदृशभागः ततोऽधिकः । ततो मोहनीये कर्मणि अधिकभागः । ततो मोहनीयभागाद् वेदनीये कर्मणि अधिको भागः । एवं भक्त्वा दत्ते सति मिथ्यादृष्टौ आयुश्चतुर्विधं ४ सासादने नारकं नेति त्रिविधं ३ असंयते तैरश्चमपि नेति द्विविधं २ देशसंयतादित्रये एकं देवायुरेव १ । उपर्यनिवृत्तिकरणान्तेषु मूलप्रकृतयः सप्त ७ । सूक्ष्मसाम्पराये षट् ६ । उपशान्तादित्रये एका साता उदयात्मिका । वेदनीयस्य सर्वतः आधिक्ये कारणमाह—किन्तु वेदनीयस्य सुख-दुःखनिमित्तात्बहुकं निर्जरयतीति हेतोः सर्वप्रकृतिभागद्रव्याद् बहुकं द्रव्यं भवति । वेदनीयं विना सप्तानां शेषसर्वमूलप्रकृतीनां स्थितिविशेषप्रतिभागेन द्रव्यं भवति । तत्राधिकागमननिमित्तं प्रतिभागहारः आवल्यसंख्येयभागः । तत्संदृष्टिर्नवाङ्कः ९ । कार्मणसमयप्रबद्धद्रव्यमिदं स ९ । तदावल्यसंख्यातभक्ता बहुभागाः $\frac{\text{स } 9 \text{ । } ८}{९}$ । आवल्यसंख्यातभक्तबहुभागो बहुकस्य वेदनीयस्य देयः $\frac{\text{स } 9 \text{ । } ८}{९\ ९}$ । मोहनीयस्य $\frac{\text{स } 9 \text{ । } ८}{९\ ९\ ९}$ । ज्ञानावरणस्य $\frac{\text{स } 9 \text{ । } ८}{९\ ९\ ९\ ९}$ दर्शनावरणस्य $\frac{\text{स } 9 \text{ । } ८}{९\ ९\ ९\ ९}$ । अन्तरायस्य $\frac{\text{स } 9 \text{ । } ८}{९\ ९\ ९\ ९}$ । नामकर्मणः $\frac{\text{स } 9 \text{ । } ८}{९\ ९\ ९\ ९\ ९}$ । गोत्रस्य $\frac{\text{स } 9 \text{ । } ८}{९\ ९\ ९\ ९\ ९}$ । आयुषः $\frac{\text{स } 9 \text{ । } ८}{९\ ९\ ९\ ९\ ९\ ९}$ । एवं दत्ते 'आउगभागो थोवो' इति सिद्धम् । एवमुत्तरप्रकृतिषु गोमट्टसारे द्रष्टव्यः ॥४६६-४६७॥

एक समयमें जो पुद्गलद्रव्य आत्मप्रदेशोंके साथ सम्बद्ध होता है, उसका विभाग आठों कर्मोंमें होता है । उसमेंसे आयुकर्मका भाग सबसे थोड़ा है । नाम और गोत्रकर्मका भाग यद्यपि आपसमें समान है, तथापि आयुकर्मके भागसे अधिक है । ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय, इन तीन घातिया कर्मोंका भाग यद्यपि परस्पर समान है, तथापि नाम और गोत्रकर्मके भागसे अधिक है । ज्ञानावरणादि कर्मोंके भागसे मोहनीय कर्मका भाग अधिक है । मोहनीयकर्मके भागसे भी वेदनीयकर्मका भाग अधिक है । वेदनीयकर्म सुख-दुखका कारण है, इसलिए उसका भाग सर्वोपरि अर्थात् सबसे अधिक है । शेष कर्मोंके विभाग उनकी स्थिति-विशेषके अनुसार जानना चाहिए ॥४६६-४६७॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ३४२-३४४ ।

१. शतक० ८६ । गो० क० १९२ । २. शतक० ९० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब मूलकर्मोंके उत्कृष्टादि प्रदेशबन्धके सादि आदि भेदोंको कहते हैं—

[मूलगा०९०] [1]छण्हं पि अणुक्कस्सो पदेसबंधो दु चउविहो होइ।
सेसतिए दुवियप्पो मोहाउयाणं च सव्वत्थ[1] ॥४९८॥

अथोत्कृष्टादीनां साद्यादिविशेषं मूलप्रकृतिष्वाह—['छण्हं पि अणुक्कस्सो' इत्यादि ।] षण्णां ज्ञानावरण-दर्शनावरण-वेदनीय-नाम-गोत्रान्तरायाणां कर्मणां अनुत्कृष्टः प्रदेशबन्धः सादिबन्धानादिबन्ध-[ध्रुवबन्धाध्रुवबन्ध-] भेदाच्चतुर्विधो भवति ६ । षण्णां तु पुनः शेषोत्कृष्टाजघन्यजघन्येषु त्रिषु साद्यध्रुवभेदाद् द्विविध एव ६ । तु पुनः मोहाऽऽयुषोः सजा [तीये] षु चतुर्विधेषु साद्यध्रुवभेदाद् द्विविधः ॥४९८॥

प्रदेशबन्धे ज्ञा० १ द० २ वे० ३ ना० ४ गो० ५ अं० ६ प्र०

६	जघ०	सादि	०	०	अध्रुव	२
६	अज०	सादि	०	०	,,	२
६	उत्कृ०	सादि	०	०	,,	२
६	अनु०	सादि	अनादि	ध्रुव	,,	४

मोहनीयप्रदेशबन्धे आयुषः प्रदेशबन्धे साद्यादि—

२	जघ०	सादि	०	०	अध्रुव २
२	अज०	सादि	०	०	,, २
२	उत्कृ०	सादि	०	०	,, २
२	अनु०	सादि	०	०	,, २

मोहनीय और आयुके सिवाय शेष छह कर्मोंका अनुत्कृष्ट प्रदेशबन्ध सादि आदि चारों प्रकारका होता है। इन ही छह कर्मोंके शेषत्रिक अर्थात् उत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य प्रदेशबन्ध सादि और अध्रुवरूप दो प्रकारके होते हैं। मोहनीय और आयुकर्मके उत्कृष्टादि चारों प्रकारका प्रदेशबन्ध सादि और अध्रुवरूप दो प्रकारका होता है ॥४९८॥

इनकी संदृष्टि इस प्रकार है—

ज्ञानावरणादि ६ कर्म

कर्म					
६	जघ०	सादि	०	०	अध्रु०
६	अज०	सादि	०	०	,,
६	उत्कृ०	सादि	०	०	,,
६	अनु०	सादि	अनादि	ध्रुव	,,

मोहनीय और आयुकर्म

कर्म					
२	जघ०	सादि	०	०	अध्रु०
२	अज०	सादि	०	०	,,
२	उत्कृ०	सादि	०	०	,,
२	अनु०	सादि	०	०	,,

अब उत्तर प्रकृतियोंके प्रदेशबन्धके सादि आदि भेदोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०९१] [2]तीसण्हमणुक्कस्सो उत्तरपयडीसु चउविहो बंधो।
सेसतिए दुवियप्पो सेसासु वि होइ दुवियप्पो[2] ॥४९९॥

३०।९०

अथोत्कृष्टादीनां साद्यादिविशेषमुत्तरप्रकृतिषु गाथात्रयेणाऽऽह—['तीसण्हमणुक्कस्सो' इत्यादि ।] उत्तरप्रकृतिषु त्रिंशतः प्रकृतीनां ३० अनुत्कृष्टप्रदेशबन्धः साद्यनादिध्रुवाध्रुवभेदाच्चतुर्विकल्पः । शेषोत्कृष्ट-

1. सं० पञ्चसं० ४, ३४६ । 2. ४, ३४७-३४९ ।

१. शतक० ९१ । गो० क० २०७ । २. शतक० ९२ । परं तत्र चतुर्थचरणे 'सेसासु य चउविगप्पो वि' इति पाठः । गो० क० २०८ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जघन्याजघन्येषु त्रिषु साद्यध्रुवभेदाद् द्विविकल्पः। शेषनवतिप्रकृतीनामुत्कृष्टानुत्कृष्टजघन्याजघन्यप्रदेशबन्ध-चतुष्केऽपि साद्यध्रुवभेदाद् द्विविकल्प एव भवति ॥४९९॥

उत्तर प्रकृतियोंमेंसे (वक्ष्यमाण) तीस प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट प्रदेशबन्ध सादि आदि चारों प्रकारका होता है। उन्हींका शेषत्रिक अर्थात् उत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य प्रदेशबन्ध सादि और अध्रुवरूप दो प्रकारका होता है। उक्त प्रकृतियोंके अतिरिक्त शेष ९० प्रकृतियोंके उत्कृष्ट आदि चारों प्रकारके प्रदेशबन्ध सादि और अध्रुवरूप दो प्रकारके होते हैं ॥४९९॥

अब भाष्यगाथाकार उक्त तीस प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

णाणंतरायदययं दंसणछक्कं च मोहचउदसयं।
तीसण्हमणुक्कस्सो पदेसबंधो चउवियप्पो[1] ॥५००॥
अंतिमए छ दंसणछक्कं थीणतिगं वज्ज मोहचउदसयं।
अण वज्ज बारह कसाया भय दुगुंछा य ॥५०१॥

।१४।

ताः त्रिंशतमाह—['णाणंतरायदसयं' इत्यादि।] पञ्चज्ञानावरणान्तरायाः १० निद्रा-प्रचला-चक्षुरचक्षुरवधिकेवलदर्शनावरणषट्कं ६ अप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यान-संज्वलनक्रोधमानमायालोभ-भय-जुगुप्सा मोहनीयचतुर्दशकं १४ चेति त्रिंशतः प्रकृतीनां अनुत्कृष्टप्रदेशबन्धः साद्यनादिध्रुवाध्रुवबन्धभेदाच्चतुर्विकल्पो भवति। अत्र दर्शनावरणे स्त्यानत्रिकं वर्जयित्वा अन्तिमदर्शनषट्कं ६ मोहे अनन्तानुबन्धिचतुष्कं वर्जयित्वा कषाया द्वादश, भय-जुगुप्साद्वयमिति मोहचतुर्दशकम् १४ ॥५००–५०१॥

प्रदेशबन्धे उत्तरप्रकृतयः ३० ज्ञा० ५ द० ६ अं० ५ मो० १४

प्र० ३०	जघ०	सादि	०	०	अध्रु०
प्र० ३०	अज०	सादि	०	०	,,
प्र० ३०	उत्कृ०	सादि	०	०	,,
प्र० ३०	अनु०	सादि	अनादि	ध्रुव	,,

प्रदेशबन्धे उत्तरप्रकृतयः ९० उत्कृष्टादि० साद्यादिबन्ध-रचना—

प्र० ९०	जघ०	सादि	०	०	अध्रुव०
प्र० ९०	अज०	सादि	०	०	,,
प्र० ९०	उत्कृ०	सादि	०	०	,,
प्र० ९०	अनु०	सादि	०	०	,,

इत्युत्कृष्टादिप्रदेशबन्ध-साद्यादिबन्धाष्टकं समाप्तम्।

ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच, दर्शनावरणकी छह और मोहकी चौदह; इन तीस प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट प्रदेशबन्ध चारों प्रकारका होता है। यहाँपर जो दर्शनावरणकी छह प्रकृतियाँ कही हैं सो स्त्यानगृद्धित्रिकको छोड़कर अन्तिम छहका ग्रहण करना चाहिए। तथा मोहकी जो चौदह प्रकृतियाँ कही हैं, उनमें अनन्तानुबन्धी कषायचतुष्कको छोड़कर शेष बारह कषाय और भय तथा जुगुप्सा, ये चौदह प्रकृतियाँ ग्रहण की गई हैं ॥५००–५०१॥

---

१. गो० क० गा० २०९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्त प्रकृतियोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

३० प्रकृतियाँ (ज्ञा० ५, द० ६, मो० १४, अं० ५)						शेष उत्तर प्रकृतियाँ ९०					
३०	जघ०	सादि	०	०	अध्रु०	९०	जघ०	सादि	०	०	अध्रु०
३०	अज०	सादि	०	०	,,	९०	अज०	सादि	०	०	,,
३०	उक्कृ०	सादि	०	०	,,	९०	उक्कृ०	सादि	०	०	,,
३०	अनु०	सादि	अना०	ध्रुव	,,	९०	अनु०	सादि	०	०	,,

अब गुणस्थानोंकी अपेक्षा मूलप्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशबन्धके स्वामित्वका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०९२] [1]आउक्कस्स पदेसस्स छच्च मोहस्स णव दु ठाणाणि ।
सेसाणि तणुकसाओ बंधइ उक्कस्सजोगेण[1] ॥५०२॥

मिस्सवज्जेसु पढमगुणेसु ।

अथ मूलप्रकृतीनामुत्कृष्टप्रदेशबन्धस्य गुणस्थाने स्वामित्वमाह—['आउक्कस्स पदेसस्स' इत्यादि ।] आयुषः उत्कृष्टप्रदेशं मिश्रगुणं विना षड्गुणस्थानान्यतीत्याप्रमत्तो भूत्वा बध्नाति । तु पुनः नवमं गुणस्थानं प्राप्यानिवृत्तिकरणो मोहनीयस्योत्कृष्टप्रदेशबन्धं बध्नाति । शेषज्ञानावरण-दर्शनावरण-वेदनीय-नाम-गोत्रान्तरायाणां षण्णां सूक्ष्मसाम्पराय एवोत्कृष्टप्रदेशबन्धं बध्नाति । अत्रापि गुणस्थानत्रये उत्कृष्टयोगः प्रकृतिबन्धाल्पतर इति विशेषणद्वयं ज्ञातव्यम् ॥५०२॥

मिश्रवर्जितेषु प्रथमगुणस्थानेषु षट्सु । मिश्रगुणस्थाने आयुषः उत्कृष्टप्रदेशबन्धो नास्ति ।

आयुकर्मका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध मिश्रगुणस्थानको छोड़कर प्रारम्भके छह गुणस्थानोंमें होता है । तथा मोहकर्मका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध प्रारम्भके नौ गुणस्थानोंमें होता है । शेष छह कर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेशबन्धको उत्कृष्ट योगसे संयुक्त सूक्ष्मसाम्परायसंयत बाँधता है ॥५०२॥

यहाँपर मिश्रको छोड़कर प्रारम्भके छह गुणस्थानोंका ग्रहण करना चाहिए ।

विशेषार्थ—प्रकृत गाथामें आठों कर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेशबन्धके स्वामित्वका निरूपण किया गया है । यह गाथा गो० कर्मकाण्डमें भी २११वीं संख्याके रूपमें पाई जाती है । किन्तु वहाँपर जो उसके पूर्वार्धकी संस्कृतटीका पाई जाती है, वह विचारणीय है । टीकाका वह अंश इस प्रकार है—

"आयुष उत्कृष्टप्रदेशं षड्गुणस्थानान्यतीत्य अप्रमत्तो भूत्वा बध्नाति । मोहस्य तु पुनः नवमं गुणस्थानं प्राप्य अनिवृत्तिकरणो बध्नाति ।"

वहाँपर इसका हिन्दी अर्थ इस प्रकार किया गया है—"आयुकर्मका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध छः गुणस्थानोंको उल्लंघ सातवें गुणस्थानमें रहनेवाला करता है । मोहनीयका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध नवम गुणस्थानवर्ती करता है ।"

पञ्चसंग्रहके टीकाकारने इस गाथाकी टीकामें केवल 'मिश्रगुणं विना' इतने अंशको छोड़कर शेष अर्थमें गो० कर्मकाण्डकी टीकाका ही अनुसरण किया है । यद्यपि 'मिश्रगुणं विना' इतना अंश उन्होंने उक्त गाथाके अन्तमें दी गई वृत्ति 'मिस्सवज्जेसु पढमगुणेसु' के सामने रहनेसे दिया

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ३५१-३५३ ।

१. शतक० ९३ । परं तत्र पूर्वार्धे पाठोऽयम्—'आउक्कस्स पएसस्स पंच मोहस्स सत्त ठाणाणि' । गो० क० २११ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है, तथापि उक्त दोनों टीकाओंमें किया गया अर्थ न तो मूलगाथाके शब्दोंसे ही निकलता है और न महाबन्धके प्रदेशबन्धगत स्वामित्व अनुयोगद्वारसे ही उसका समर्थन होता है। महाबन्धमें आयु और मोहकर्मके उत्कृष्ट प्रदेशबन्धके स्वामित्वका निरूपण इस प्रकार किया गया है—

"मोहस्स उक्कस्सपदेसबन्धो कस्स ? अण्णदरस्स चदुगदियस्स पंचिंदियस्स सण्णिस्स मिच्छादिट्ठिस्स वा सम्मादिट्ठिस्स वा सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदस्स सत्तविहबन्धगस्स उक्कस्सजोगिस्स उक्कस्सए पदेसबंधे वट्टमाणस्य। आउगस्स उक्कस्सपदेसबन्धो कस्स ? अण्णदरस्स चदुगदियस्स पंचिंदियस्स सण्णिस्स मिच्छादिट्ठिस्स वा सम्मादिट्ठिस्स वा सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयस्स अट्ठविहबन्धगस्स उक्कस्सजोगिस्स।"

(महाबन्ध पु० ६ पृ० १४)

इस उद्धरणमें आयुकर्मका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध न केवल अप्रमत्तके बतलाया गया है और न मोहनीयका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध केवल अनिवृत्तिकरणके बतलाया गया है। किन्तु स्पष्ट शब्दोंमें कहा गया है कि आयुकर्मका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध आठो कर्मोंके बाँधनेवाले पञ्चेन्द्रिय संज्ञी, मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि जीवके होता है, तथा आयुकर्मको छोड़कर शेष सात कर्मोंका बन्ध करनेवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टिके मोहकर्मका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध होता है। महाबन्धके इस कथनसे पंचसंग्रहकी मूलगाथा-द्वारा प्रतिपादित अर्थका ही समर्थन होता है। आ० अमितगतिके संस्कृत पञ्चसंग्रहसे भी ऊपर किये गये अर्थकी पुष्टि होती है। यथा—

उत्कृष्टो जायते बन्धः षट्सु मिश्रं विनाऽऽयुषः।
प्रदेशाख्यो गुणस्थाननवके मोहकर्मणः॥ (सं० पञ्चसं० ४, २५१)

संस्कृत टीकाकार सुमतिकीर्त्तिके सामने अमितगतिके सं० पञ्चसंग्रहके होते हुए और अनेक स्थानोंपर उसके बीसों उद्धरण देते हुए भी इस स्थलपर उन्होंने उसका अनुसरण न करके गो० कर्मकाण्डकी टीकाका अनुसरण क्यों किया, यह बात विचारणीय ही है।

उक्त गाथा श्वे० शतकप्रकरणमें भी पाई जाती है और वहाँ उसका गाथाङ्क ९३ है। परन्तु वहाँपर 'छच्च' के स्थानपर 'पंच' और 'णव' के स्थानपर 'सत्त' पाठ पाया जाता है। जिसका अर्थ करते हुए चूर्णिकारने उक्त दोनों पाठ-भेदोंकी सूचना की है। यथा—

'आउक्कस्स पएसस्स पंच त्ति' मिच्छदिट्ठि असंजतादि जाव अप्पमत्तसंजओ एतेसु पंचसु वि आउगस्स उक्कोसो पदेसबंधो लब्भइ। कहं ? सव्वत्थ उक्कोसो जोगो लब्भइ त्ति काउं। अन्ने पढंति—'आउक्कोसस्स पदेसस्स छत्ति'। × × × 'मोहस्स सत्त ठाणाणि' त्ति सासण-सम्मामिच्छदिट्ठिवज्जा मोहणिज्जबंधका सत्तविहबंधकाले सव्वेसिं उक्कोसपदेसबंधं बंधंति। कहं ? भन्नइ—सव्वेसु वि उक्कोसो जोगो लब्भति त्ति। अन्ने पढंति—'मोहस्स णव उ ठाणाणि' त्ति सासणसम्मामिच्छेहिं सह। (शतकप्रकरण, गा० ९३ चू० ४६)

उक्त पाठ-भेदोंके रहते हुए भी चूर्णिमें किये गये अर्थसे न पंचसंग्रहकी संस्कृतटीकाके अर्थका समर्थन होता है और न गो० कर्मकाण्डकी संस्कृतटीका-द्वारा किये गये अर्थका समर्थन होता है।

अब मूल प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशबन्धके स्वामित्वका निरूपण करते हैं—

[मूलगा० ९३] सुहुमणिगोयअपज्जत्तयस्स पढमे जहण्णगे जोगे।
सत्तण्हं पि जहण्णो आउगबंधे वि आउस्स[1] ॥५०३॥

अथ मूलप्रकृतीनां जघन्यप्रदेशबन्धकं स्वामित्वं कथयति—['सुहुमणिगोद' इत्यादि।] सूक्ष्मनिगोदलब्ध्यपर्याप्तकः स्वभवप्रथमसमये जघन्ययोगेनायुर्विना सप्तमूलप्रकृतीनां जघन्यं प्रदेशबन्धं करोति। आयुर्बन्धसमये वा आयुषो जघन्यप्रदेशबन्धं च विदधाति स एव जीवः ॥५०३॥

---

१. शतक० ९४। गो० क० २१५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्मनिगोदिया लब्ध्यपर्याप्त जीवके अपनी पर्यायके प्रथम समयमें जघन्य योगमें वर्तमान होनेपर आयुके विना शेष सात कर्मोंका जघन्य प्रदेशबन्ध होता है। तथा त्रिभागके समय आयुबन्ध करनेके प्रथम समयमें उसी जीवके आयुकर्मका जघन्य प्रदेशबन्ध होता है ॥५०३॥

अब उत्तर प्रकृतियोंमें उत्कृष्ट प्रदेशबन्धके स्वामित्वका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०९४] सत्तरस सुहुमसराए पंच णियट्टी य सम्मओ णवयं।
[1]अजदी विदियकसाए देसजदी तदियए जयइ[1] ॥५०४॥

१७।५।९।४।४ सम्मओ मिस्सादियपुव्वंता।

[2]णाणंतरायदसयं दंसणचत्तारि साय जसकित्ती।
उच्चागोदुक्कस्सं छव्विहबंधो तणुकसाई ॥५०५॥
उक्कस्सपदेसत्तं कुणइ अणियट्टिबायरो चेव।
पंचण्हं पयडीणं णियमा पुंवेदसंजलणा ॥५०६॥
[3]छण्णोकसाय पयला णिद्दा वि य तह य होइ तित्थयरं।
उक्कस्सपदेसत्तं कुणइ य णव सम्मओ णेयं ॥५०७॥

अथोत्तरप्रकृतीनामुत्कृष्टप्रदेशबन्धं तत्स्वामित्वं च गाथाषट्केनाऽऽह—['सत्तरस सुहुमसराए' इत्यादि] सूक्ष्मसाम्पराये सप्तदशप्रकृतीनामुत्कृष्टप्रदेशबन्धद्रव्यं भवति। ताः काः? ज्ञानावरणपञ्चकं ५ अन्तरायपञ्चकं ५ चक्षुरचक्षुरवधिकेवलदर्शनावरणचतुष्कं ४ साता १ यशस्कीर्त्तिः १ उच्चैर्गोत्रं १ चेति सप्तदशप्रकृतीनामुत्कृष्टप्रदेशबन्धं तनुकषायी सूक्ष्मसाम्परायी मुनिः करोति बध्नाति १७। उत्कृष्टप्रदेशबन्धः कथम्भूतः? षड्विधबन्धः किं तत्? उत्कृष्टप्रदेशबन्धः १ अनुत्कृष्टप्रदेशबन्धः २ सादिप्रदेशबन्धः ३ अनादिप्रदेशबन्धः ४ ध्रुवप्रदेशबन्धः ५ अध्रुवप्रदेशबन्धः ६ इति षट्प्रकारप्रदेशबन्धः सप्तदशप्रकृतीनां भवतीत्यर्थः १७। अनिवृत्तिकरणगुणस्थानवर्ती पञ्चप्रकृतीनामुत्कृष्टप्रदेशबन्धं करोति। पुंवेद-संज्वलनक्रोधमानमायालोभानां पञ्चप्रकृतीनामुत्कृष्टप्रदेशबन्धं अनिवृत्तिकरणो मुनिः क[रोति। स]म्यग्दृष्टिः प्राणी नवप्रकृतीनामुत्कृष्टप्रदेशबन्धं सम्यग्दृष्टिरसंयताद्यपूर्वकरणो जीवः करोति बध्नाति ९। असंयतश्चतुर्थगुणस्थानवर्ती द्वितीयकषायान् अप्रत्याख्यानक्रोधमानमायालोभान् उत्कृष्टप्रदेशबन्धान् करोति ४। देशसंयतः श्रावकः तृतीयप्रत्याख्यानक्रोधमानमायालोभान् उत्कृष्टप्रदेशबन्धान् करोति बध्नातीत्यर्थः ॥५०४–५०७॥

(वक्ष्यमाण) सत्तरह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानमें होता है। पाँच प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें होता है। नौ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध सम्यग्दृष्टि करता है। अप्रत्याख्यानावरणकषाय चतुष्कका अविरतसम्यग्दृष्टि और प्रत्याख्यानावरणकषायचतुष्कका देशविरत गुणस्थानवाला उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध करता है ॥५०४

प्रकृतियाँ १७।५।९।४।४। गाथा-पठित 'सम्यग्दृष्टि' पदसे मिश्रगुणस्थानको आदि लेकर अपूर्वकरण गुणस्थानतकके जीवोंका ग्रहण करना चाहिए।

अब भाष्यगाथाकार उक्त प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच, दर्शनावरणकी चार, सातावेदनीय, यशस्कीर्त्ति और उच्चगोत्र; इन सत्तरह प्रकृतियोंके उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुवरूप छह प्रकारके प्रदेशबन्धको सूक्ष्मसाम्परायसंयत करता है। पुरुषवेद और चार संज्वलनकषाय; इन

1. सं० पञ्चसं० ४, ३५७। 2. ४, ३५४-३५५। 3. ४, ३५६।
१. शतक० ९५। गो० क० २१२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाँच प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध नियमसे अनिवृत्ति बादरसाम्परायसंयत करता है। हास्यादि छह नोकषाय, निद्रा, प्रचला और तीर्थंकर; इन नौ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध सम्यग्दृष्टि करता है, ऐसा जानना चाहिए ॥५०५-५०७॥

[मूलगा०९५] [1]तेरह बहुप्पएसो सम्मो मिच्छो व कुणइ पयडीओ।
आहारमप्पमत्तो सेस पएसेसुक्कडो मिच्छो[1] ॥५०८॥

१३।२।६६

सादेदर दो आऊ देवगइचउक्क आइसंठाणं।
आदेज्ज सुभग सुस्सर पसत्थगइ आइसंघयणं ॥५०९॥

एत्थ देव-मणुसाऊ।

त्रयोदशप्रकृतीनामुत्कृष्टप्रदेशबन्धं सम्यग्दृष्टिर्मिथ्यादृष्टिर्वा करोति बध्नाति। ताः का इति चेदाह— असातावेदनीयं १ मनुष्य-देवायुषी द्वे २ देवगति-तदानुपूर्वि-वैक्रियिक-तदङ्गोपाङ्गचतुष्कं ४ समचतुरस्र-संस्थानं २ सुभग-सुस्वर-प्रशस्तविहायोगतित्रिकं ३ वज्रवृषभनाराचसंहननं १ चेति त्रयोदशप्रकृतीनामुत्कृष्ट-प्रदेशबन्धं सम्यग्दृष्टिर्मिथ्यादृष्टिर्वा करोति १३। आहारकद्वयस्याप्रमत्तो मुनिरुत्कृष्टप्रदेशबन्धं करोति २। इति चतुःपञ्चाशत्प्रकृतीनामुत्कृष्टप्रदेशबन्धस्वामित्वं कथितम्। शेषाणां स्त्यानगृद्धित्रिक ३ मिथ्यात्व १ अनन्तानुबन्धिचतुष्क ४ स्त्री-नपुंसकवेद २ नारक-तिर्यगायुर्द्वय २ नरक-तिर्यग्मनुष्यगतित्रय ३ पञ्चैकेन्द्रिया-दिजाति ५ औदारिक-तैजस-कार्मणशरीरत्रय ३ न्यग्रोधपरिमण्डलादिसंस्थानपञ्चक ५ वज्रनाराचादिसंहननपञ्चक ५ औदारिकाङ्गोपाङ्ग १ वर्णचतुष्क ४ नरक-तिर्यग्मनुष्यानुपूर्व्यत्रयागुरुलघूपघातपरघातोच्छ्वासातपोद्योताप्रशस्त-विहायोगति-त्रस-स्थावर-बादर-सूक्ष्म-पर्याप्तापर्याप्त-प्रत्येक-साधारण-स्थिरास्थिर-शुभाशुभ-दुर्भग-दुःस्वरानादेया-यशोनिर्माण-नीचगोत्राणां षट्षष्टेः प्रकृतीनां ६६ उत्कृष्टप्रदेशबन्धं मिथ्यादृष्टिरेव करोति। एवमुक्तानुक्त १२० प्रकृतीनामुत्कृष्टप्रदेशबन्धकारणमुत्कृष्टयोगादि प्रागुक्तमेव ज्ञेयम्। अत्र मिथ्यात्वं मिथ्यादृष्टौ व्युच्छित्ति-द्रव्यमुत्कृष्टमुक्तम्। तथाऽनन्तानुबन्धिनः सासादने किमिति नोच्यते? तन्न; मिथ्यात्वद्रव्यस्य देशघाति-नामेव स्वामित्वात् ॥५०८-५०९॥

(वक्ष्यमाण) तेरह प्रकृतियोंका उत्कृष्टप्रदेशबन्ध सम्यग्दृष्टि अथवा मिथ्यादृष्टि जीव करता है। आहारकद्विकका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध अप्रमत्तसंयत करता है। शेष ६६ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध उत्कृष्ट योगवाला मिथ्यादृष्टि जीव करता है ॥५०८॥

प्रकृतियाँ १३।२।६६

अब भाष्यगाथाकार उक्त तेरह प्रकृतियोंको गिनाते हैं—

असातावेदनीय, दो आयु, देवगतिचतुष्क, आदिका संस्थान, आदेय, सुभग, सुस्वर, प्रशस्तविहायोगति और प्रथम संहनन; इन तेरह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध सम्यक्त्वी जीव भी करते हैं और मिथ्यात्वी जीव भी करते हैं ॥५०९॥

यहाँपर दो आयुसे देवायु और मनुष्यायुका अभिप्राय है।

अब उत्कृष्ट प्रदेशबन्धकी सामग्रीविशेषका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०९६] [2]उक्कस्सजोगसण्णी पज्जत्तो पयडिबंधमप्पयरं।
कुणइ पदेसुक्कस्सं जहण्णयं जाण विवरीयं[2] ॥५१०॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ३५८-३६०। 2. ४, ३६१।

१. शतक० ९६। गो० क० २१४ अर्धसमता। २. शतक० ९७। गो० क० २१०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथोत्कृष्टबन्धस्य सामग्रीविशेषमाह--['उक्कस्सजोगसण्णी' इत्यादि ।] प्रदेशोत्कृष्टबन्धमुत्कृष्टयोगसंज्ञिपर्याप्त एव प्रकृतिबन्धाल्पतरः करोति । जघन्ये विपरीतं जानीहि । जघन्ययोगासंज्ञ्यपर्याप्तप्रकृतिबन्धबहुतर एव जघन्यप्रदेशबन्धं करोतीत्यर्थः ॥५१०॥

जो जीव उत्कृष्ट योगसे युक्त है, संज्ञी, पर्याप्तक है और प्रकृतियोंका अल्पतर बन्ध करनेवाला है, वही जीव उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध करता है । जघन्य प्रदेशबन्धमें इससे विपरीत जानना चाहिए । अर्थात् जो जघन्ययोगसे युक्त हो, असंज्ञी और अपर्याप्त हो, तथा प्रकृतियोंका अधिकतर बन्ध करनेवाला हो, वह जघन्य प्रदेशबन्धको करता है ॥५१०॥

अब उत्तरप्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशबन्ध और उनके स्वामित्वका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०९७] [1]घोलणजोगमसण्णी बंधइ चदु दोण्णिमप्पमत्तो दु ।
पंचासंजदसम्मो सुहुमणिगोदो भवे सेसा[1] ॥५११॥

४।२।५।१०९।

णिरयाउग देवाउग णिरयदुगं चेव जाण चत्तारि ।
आहारदुगं चेव य देवचउक्कं च तित्थयरं ॥५१२॥

अथोत्तरप्रकृतीनां जघन्यप्रदेशबन्धं तत्स्वामित्वं च गाथाद्वयेनाऽऽह–['घोडगजोगमसण्णी' इत्यादि ।] येषां योगस्थानानां वृद्धिर्हानिरवस्थानं च सम्भवति, तानि घोटमानयोगस्थानानि परिणामयोगस्थानानीति भणितं भवति । तद्योगोऽसंज्ञी पञ्चेन्द्रियजीवः प्रकृतिचतुष्कं बध्नाति । तत्किम् ? नारकायुष्यं १ देवायुष्यं १ देवगति-नरकगति-तदानुपूर्व्यद्वयं २ चेति चतुर्णां प्रकृतीनां जघन्यप्रदेशबन्धं असंज्ञी जीवः करोति बध्नातीति जानीहि ४ । आहारकशरीर-तदङ्गोपाङ्गद्वयस्य जघन्यप्रदेशबन्धं अप्रमत्तो मुनिः करोति बध्नाति । कुतः ? अपूर्वकरणात्तस्य बहुप्रकृतिबन्धसम्भवात् २ । असंयतसम्यग्दृष्टिः पञ्चप्रकृतीनां जघन्यप्रदेशबन्धं बध्नाति । तत्किम् ? देवगति-तदानुपूर्व्य-वैक्रियिक-तदङ्गोपाङ्गचतुष्कं ४ तीर्थंकरत्वं १ चेति पञ्चप्रकृतीनां जघन्यप्रदेशबन्धं असंयतसम्यग्दृष्टिर्भवग्रहणप्रथमसमयजघन्योपपादयोगः करोति बध्नातीति ज्ञेयम् ५ । एवमुक्तैकादशेभ्यः शेषाणां नवोत्तरशतप्रकृतीनां जघन्यप्रदेशबन्धं सूक्ष्मनिगोदिको जीवो द्वादशोत्तरषट्सहस्रापर्याप्तभवानां चरमभवस्थः विग्रहगतित्रिवक्रेषु प्रथमवक्रे सूक्ष्मनिगोदो बध्नाति ॥५११–५१२॥ तथा चोक्तम्—

चरिम-अपुण्णभवत्थो तिविग्गहे पढमविग्गहम्मि ठिओ ।
सुहुमणिगोदो बंधदि सेसाणं अवरबंधं तु* ॥४७॥ इति ।

घोटमानयोगोंका धारक असंज्ञी जीव (वक्ष्यमाण) चार प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशबन्धको करता है । अप्रमत्तसंयत दो प्रकृतियोंके और असंयत सम्यग्दृष्टि पाँच प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशबन्धको करता है । शेष १०९ प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशबन्धको चरम भवस्थ तथा तीन विग्रहोंमेंसे प्रथम विग्रहमें अवस्थित सूक्ष्मनिगोदिया जीव करता है ॥५११॥

प्रकृतियाँ ४।२।५।१०९।

विशेषार्थ—जिन योगस्थानोंकी वृद्धि भी हो, हानि भी हो और अवस्थान भी हो, उन्हें घोटमानयोग कहते हैं । इन्हींका दूसरा नाम परिणामयोगस्थान भी है ।

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ३६२-३६४ ।

१. शतक० ९८ । गो० क० २१६ । परन्तु तत्र पाठभेदोऽस्ति ।

*गो० कर्म० गा० २१७ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब भाष्यगाथाकार उक्त प्रकृतियोंको गिनाते हैं—

नरकायु, देवायु और नरकद्विक ये उपर्युक्त चार प्रकृतियाँ जानना चाहिए। दो प्रकृतियोंसे आहारकद्विकका, तथा पाँच प्रकृतियोंसे देवचतुष्क और तीर्थंकर प्रकृतिका ग्रहण करना चाहिए ॥५१२॥

अब चारों बन्धोंके कारणोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०९८] [1]जोगा पयडि-पदेसा ठिदि-अणुभागं कसायदो कुणइ ।
काल-भव-खेत्तपेही उदओ सविवाग-अविवागो[1] ५१३॥

उक्तचतुर्विधबन्धानां कारणान्याह—['जोगा पयडिपएसा' इत्यादि ।] योगात्मनोवचनकाययोगात्प्रकृतिबन्ध-प्रदेशबन्धौ भवतः, जीवाः कुर्वते। कषायतोऽनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यान-प्रत्याख्यानसंज्वलनक्रोधमान-मायालोभात् नवनोकषायाच्च स्थितिबन्धानुभागबन्धौ भवतः, जीवाः कुर्वते। कर्मणामुदयो विपाको भवति। द्रव्य-क्षेत्र-काल-भव-भावलक्षण-कारणभेदोत्पादितनानात्वः विपाकः विविधोऽनुभवो ज्ञातव्यः। कालं भवं क्षेत्रं द्रव्यमपेक्ष्य कालं चतुर्थादिकालं भवं नर-नारकादिभवं क्षेत्रं भरतैरावतविदेहादिक्षेत्रं द्रव्यं जीव-पुद्गल-संहननादिद्रव्यं प्राप्य कर्मणामुदयोऽनुभागो भवति। स कथम्भूतः? द्विविधः—सविपाकोऽविपाकश्च। चातुर्गतिकानां जीवानां शुभाशुभकर्मणां सुख-दुःखादिरूपोऽनुभवः अनुभवनं स विपाकोदयः। यच्च कर्म-विपाककालमप्राप्तं उदयमनागतं उपक्रमक्रियाविशेषबलादुदयमानीय आस्वाद्यते स अविपाकोदयः ॥५१३॥

तथा चोक्तं च—

कालं क्षेत्रं भवं द्रव्यमुदयः प्राप्य कर्मणाम् ।
जायमानो मतो द्वेधा विपाकेतरभेदतः* ॥४८॥

जीव प्रकृतिबन्ध और प्रदेशबन्धको योगसे, तथा स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धको कषायसे करता है। काल, भव और क्षेत्रका निमित्त पाकर कर्मोंका उदय होता है। वह दो प्रकारका है—सविपाक उदय और अविपाक-उदय ॥५१३॥

विशेषार्थ—पूर्वार्धमें प्रकृतिबन्ध और प्रदेशबन्धका कारण योग, तथा स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धका कारण कषाय बतलाया गया है। उत्तरार्धके द्वारा उदयके निमित्त और उसके भेद बतलाये गये हैं। जिसका अभिप्राय यह है कि द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावका आश्रय पाकरके कर्म अपना फल देते हैं। यहाँ इतना विशेष जानना आवश्यक है कि ज्ञानावरणकी पाँच, दर्शनावरणकी चार, अन्तरायकी पाँच, मिथ्यात्व, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और निर्माण ये ३७ ध्रुवोदयी-प्रकृतियाँ कहलाती हैं, सो इनका तो उदय सर्व काल सर्व संसारी जीवोंके रहता है। इन्हें छोड़कर शेष जो ९५ उदय-प्रकृतियाँ हैं, वे क्षेत्र, कालादिका निमित्त पाकर उदय देती हैं। जैसे क्षेत्रविपाकी प्रकृतियाँ क्षेत्रका निमित्त पाकर फल देती हैं। भवविपाकी प्रकृतियाँ भवका निमित्त पाकर फल देती हैं। इसी प्रकार जो प्रकृतियाँ एकान्ततः नरकगति या देवगतिमें ही उदय आनेके योग्य हैं, वे उस-उस भवका निमित्त पाकर उदयमें आती हैं। निद्रा आदि प्रकृतियाँ कालका निमित्त पाकर उदयमें आती हैं। इसी प्रकार शेष सर्व प्रकृतियाँ जानना चाहिए। वह कर्मोदय सविपाक और अविपाकके भेदसे दो प्रकारका होता है। अपने समयके आने पर जो कर्म स्वतः स्वभावसे फल देते हैं, उसे सविपा-

1. सं० पञ्चसं० ४, ३६५।
१. शतक० ९९। गो० क० २५७ पूर्वार्ध-समता।
*सं० पञ्चसं० ४, ३६८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोदय कहते हैं। जैसे मनुष्यके मनुष्यगति नामकर्म अपने स्वरूपसे स्वतः स्वभाव उदयमें आकर फल देता है। जो कर्म स्वतः स्वभावसे उदयमें न आकर पर-प्रकृतिमुखसे उदयमें आकर विपाकको प्राप्त होते हैं, उसे अविपाकोदय कहते हैं। जैसे मनुष्यके शेष तीन गतियोंका स्तिबुकसंक्रमण होकर मनुष्यगतिके उदयकालमें मनुष्यगतिके रूपसे परिणत होकर विपाकको प्राप्त होना। इसी प्रकार शेष प्रकृतियोंके सविपाकोदय और अविपाकोदयको जानना चाहिए।

अब भाष्यगाथाकार प्रकृति आदि चारों बन्धोंका स्वरूप कहते हैं—

[1]पयडी एत्थ सहावो तस्स अणासो ठिदी होज्ज।
तस्स य रसोऽणुभाओ एत्तियमेत्तो पदेसो दु ॥५१४॥
[2]एक्कम्मि महुरपयडी तस्स अणासो ठिदो होज्ज।
तस्स य रसोऽणुभाओ कम्माणं एवमेवो त्ति ॥५१५॥

अथ प्रकृति-स्थित्यनुभाग-प्रदेशबन्धलक्षणं गाथाद्वयेनाऽऽह—['पयडी एत्थ सहावो' इत्यादि।] अत्र कर्मकाण्डे स्वभावः परिणामः शीलं प्रकृतिर्ज्ञेया। तस्य स्वभावस्याविनाशोऽच्युतिः स्थितिर्भवति। तस्याः स्थितेः अनुभागरूपो रसो भवति। तु पुनः एतावन्मात्रः प्रदेशः कर्मप्रकृतीनामंशावधारणं प्रदेशबन्धः स्यात्। उक्तञ्च—

प्रकृतिः परिणामः स्यात्स्थितिः कालावधारणम्।
अनुभागो रसो ज्ञेयः प्रदेशः प्रचयात्मकः ॥४६॥
स्वभावः प्रकृतिर्ज्ञेया स्वभावादच्युतिः स्थितिः।
अनुभागो रसस्तासां प्रदेशोंऽशावधारणम्[1] ॥५०॥ इति

तद्दृष्टान्तमाह—['एक्कम्हि महुरपयडी' इत्यादि।] यथा एकस्मिन् वस्तुनि वृक्षादौ वा मधुरादिप्रकृतिमिष्टता स्वभावः। तस्या मधुररसादिप्रकृतेरविनाशोऽप्रच्युतिः सा स्थितिः स्यात्। तस्याः स्थितेः रसरूपोऽनुभागोऽनुभवो विपाकः, तथा कर्मणामेवेति। यथा निम्बस्य कटुकता भवति, गुडस्य प्रकृतिर्मधुरता भवति, तथा ज्ञानावरणस्य प्रकृतिः अर्थापरिज्ञानम्, वेद्यस्य सुख-दुःखानुभवनमित्यादिप्रकृतिः १। अष्टकर्मणामष्टप्रकृतिभ्योऽप्रच्युतिः स्थितिः। यथा अजा-गो-महिषीक्षीरस्य निजमाधुर्यस्वभावादच्युतिः, तथा ज्ञानावरणादिकर्मणामर्थापरिज्ञानादिस्वरूपादप्रस्खलितिः स्थितिरुच्यते २। स्थितौ सत्यां प्रकृतीनां तीव्र-मन्द-मध्यमरूपेण रसविशेषः अनुभवोऽनुभाग उच्यते। अजा-गो-महिष्यादिदुग्धानां तीव्र-मन्द-मध्यमत्वेन रसविशेषः कर्मपुद्गलानां स्वगतसामर्थ्यविशेषः ३। कर्मत्वपरिगतपुद्गलस्कन्धानां परिमाणपरिच्छेदेन इयत्तावधारणं प्रदेश उच्यते ४। तथा चोक्तम्—

प्रकृतिस्तिक्तता निम्बे स्थितिरच्यवनं पुनः।
रसस्तस्यानुभागः स्यादित्येवं कर्मणामपि[2] ॥५१॥ इति
जघन्यो नाधरो यस्मादजघन्योऽस्ति सोऽधरः।
उत्कृष्टो नोत्तरो यस्मादनुत्कृष्टोऽस्ति सोत्तरः[3] ॥५२॥

उपशमश्रेण्याऽऽरोहकः सूक्ष्मसाम्परायः उच्चैर्गोत्रानुभागं बध्वा उपशान्तकषायो जातः। पुनरवरोहणे सूक्ष्मसाम्परायो भूत्वा तदनुभागमनुत्कृष्टं बध्नाति, तदाऽस्य सादित्वम्। अथवा अबन्धपतितस्य कर्मणः

1. सं० पञ्चसं० ४, ३६६। 2. ४, ३६७।
१. सं० पञ्चसं० ४, ३६६। २. सं० पञ्चसं० ४, ३६७। ३. सं० पञ्चसं० ४, ३५०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुनर्बन्धे सति सादिबन्धः स्यात् । तत्सूक्ष्मसाम्परायचरमादधोऽनादित्वम् । अभव्यसिद्धे ध्रुवबन्धो भवति । भव्यसिद्धेऽध्रुवबन्धो भवति ॥५१४–५१५॥

प्रकृतिनाम स्वभावका है । उस स्वभावका जितने काल तक विनाश नहीं होता, उतने कालका नाम स्थिति है । कर्मके रस या फलको अनुभाग कहते हैं । इतने प्रदेश अमुक कर्मके हैं, इस प्रकारके विभागको प्रदेशबन्ध कहते हैं । जैसे किसी एक वस्तुमें मधुरताका होना उसकी प्रकृति है । उस मधुरताका नियत कालतक उसमें बना रहना स्थिति है । उसके मधुररसका आस्वादन अनुभाग है और नियत मात्रामें उस मधुरताके परमाणुओंका होना प्रदेशबन्ध है । इसी प्रकारसे कर्मोंके भी प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशबन्धको जानना चाहिए ।५१४–५१५

अब योगस्थान, प्रकृति-भेद, स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान, अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान और उसके कार्य प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशबन्धादिके अल्प-बहुत्वका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०९९] [1]सेढिअसंखेज्जदिमे जोगट्ठाणाणि होंति सव्वाणि ।
तेसिमसंखेज्जगुणो पयडीणं संगहो सव्वो[5] ॥५१६॥

[मूलगा०१००][2]तासिमसंखेज्जगुणा ठिदी-विसेसा हवंति पयडीणं ।
ठिदिअज्झवसाणट्ठाणाणि असंखगुणियाणि तत्तो दु[2] ॥५१७॥

[मूलगा०१०१][3]तेसिमसंखेज्जगुणा अणुभागा होंति बंधठाणाणि ।
एत्तो अणंतगुणिया कम्मपएसा मुणेयव्वा[3] ॥५१८॥

[मूलगा०१०२][4]अविभागपलियछेदा अणंतगुणिया हवंति एत्तो दु ।
सुयपवरदिट्ठिवादे विसुद्धमयओ परिकहंति[4] ॥५१९॥

अथ योगस्थान-प्रकृतिसंग्रह-स्थितिविकल्प-स्थितिबन्धाध्यवसायानुभागबन्धाध्यवसाय-कर्मप्रदेशानामल्पबहुत्वं गाथात्रयेणाऽऽह—['सेढिअसंखेज्जदिमे' इत्यादि ।] निरन्तर-सान्तर-तदुभयभेदभिन्नयोगस्थानानि श्रेण्यसंख्येयभागमात्राणि $\frac{9२३}{9}$ $\frac{१9}{9}$ भवन्ति । एभ्योऽसंख्यातलोकगुणः सर्वप्रकृतिसंग्रहो $\frac{\equiv}{9} \equiv 9$ भवति । तेभ्यः प्रकृतिसंग्रहभेदेभ्यः प्रकृतीनां सर्वस्थितिविशेषाः सर्वस्थितिविकल्पाः असंख्यातगुणा भवन्ति ≡9≡9२०११ । एभ्यः स्थितिविकल्पेभ्यः स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानानि असंख्यातगुणितानि भवन्ति । एभ्यः स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानेभ्यः अनुभागबन्धाध्यवसायस्थानान्यसंख्यातलोकगुणितानि भवन्ति । एभ्योऽनुभागबन्धाध्यवसायेभ्यः कर्मप्रदेशाः अनन्तगुणा ज्ञातव्याः । एकजीवप्रदेशेषु सर्वदा सत्त्वस्थितकर्मप्रदेशाः स9१२ सर्वस्थित्यनुभागबन्धाध्यवसायस्थानेभ्योऽनन्तगुणा इति ज्ञातव्यम् । एभ्योऽनन्तगुणकर्मप्रदेशेभ्यः पल्यस्याविभागप्रतिच्छेदाः अनन्तगुणिता भवन्ति । एवं दृष्टिवादाङ्गपूर्वे श्रुतज्ञानप्रवराः शुद्धमतयः सूरयः परिकथयन्ति । अथवा श्रुतप्रवरदृष्टिवादाङ्गपूर्वे ॥५१६–५१९॥ तथा चोक्तं श्लोकचतुष्टये—

भागोऽसंख्यातिमः श्रेणेर्योगस्थानानि देहिनः ।
ततोऽसंख्यगुणो ज्ञेयः सर्वप्रकृतिसंग्रहः ॥५३॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ३६९ । 2. ४, ३७० । 3. ४, ३७१ । 4. ४, ३७२ ।
१. शतक० १०० । गो० क० २५८ । २. शतक० १०१ । गो० क० २५९ । ३. शतक० १०२ । गो० क० २६० । ४. शतक० १०३ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ततोऽसंख्यगुणानि स्युः स्थितिस्थानान्यतः स्थितेः ।
स्थानान्यध्यवसायानामसंख्यातगुणानि वै ॥५४॥
असंख्यातगुणान्यस्माद्रसस्थानानि कर्मणाम् ।
ततोऽनन्तगुणाः सन्ति प्रदेशाः कर्मगोचराः ॥५५॥
अविभागपरिच्छेदाः सर्वेषामपि कर्मणाम् ।
एकैकत्र रसस्थाने ततोऽनन्तगुणाः मताः❀ ॥५६॥ इति

सर्व योगस्थान जगच्छ्रेणीके असंख्यातवें भाग-प्रमाण हैं। योगस्थानोंसे असंख्यात-गुणित मतिज्ञानावरणादि सर्व कर्म-प्रकृतियोंका संग्रह अर्थात् समुदाय या प्रमाण जानना चाहिए। प्रकृतियोंके संग्रहसे प्रकृतियोंकी स्थितियोंके भेद असंख्यात-गुणित हैं। स्थिति-भेदोंसे उनके बन्धके कारणभूत स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान असंख्यात-गुणित होते हैं। स्थितिबन्धाध्यवसाय-स्थानोंसे अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान असंख्यात-गुणित होते हैं। अनुभागबन्धाध्यवसायस्थानोंसे अनन्तगुणित कर्म-प्रदेश जानना चाहिए। कर्मप्रदेशोंसे उनके अविभागप्रतिच्छेद अनन्तगुणित होते हैं। इस प्रकार द्वादशांग श्रुतमें प्रवर अर्थात् सर्वश्रेष्ठ जो दृष्टिवाद है, उसमें कुशल एवं विशुद्धमतिवाले आचार्य कहते हैं ॥५१६-५१६॥

इस प्रकार प्रदेशबन्धका वर्णन समाप्त हुआ।

अब मूल शतककार ग्रन्थका उपसंहार करते हुए अपनी लघुता प्रकट करते हैं

[मूलगा०१०३][1]एसो बंधसमासो पिंडक्खेवेण वण्णिओ किंचि ।
कम्मप्पवादसुयसायरस्स णिस्संदमेत्तो दु[1] ॥५२०॥

एषः प्रत्यक्षीभूतः बन्धसमासः मूलोत्तरकर्मप्रकृतीनां प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबन्धसमासः संक्षेपः स्तोकमात्रः पिण्डरूपेणैकत्रीकरणेन मया वर्णितः प्रतिपादितः। स कथम्भूतः ? कर्मप्रवादपूर्वनामश्रुतसागरस्य निःस्यन्दमात्रो बिन्दुमात्रो लेशः निर्यासः साररूप इत्यर्थः ॥५२०॥ तथा चोक्तम्—

कर्मप्रवादाम्बुधिबिन्दुकल्पश्चतुर्विधो बन्धविधिः स्वशक्त्या ।
संक्षेपतो यः कथितो मयाऽसौ विस्तारणीयो महनीयबोधैः† ॥५२७॥

यह बन्धसमास अर्थात् प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश, इन चारों प्रकारके बन्धोंका संक्षेपसे कुछ कथन मैंने पिण्डरूपसे एकत्रित करके वर्णन किया है, जो कि कर्मप्रवाद नामक श्रुतसागरका निस्यन्द-मात्र अर्थात् सार-स्वरूप है ॥५२०॥

[मूलगा०१०४][2]बंधविहाणसमासो रइओ अप्पसुयमंदमदिणा दु ।
तं बंधमोक्खकुसला पूरेदूणं परिकहेंतु[2] ॥५२१॥

तु पुनः कर्मप्रकृतिबन्धविधानं संक्षेपं मया रचितम्। किम्भूतेन मया ? अल्पश्रुतमन्दमतिना। तद्बन्धविधानं पूरयित्वा यद्धीनाधिकं आगमविरुद्धं मया कथितं तत्सर्वं शुद्धं कृत्वा इत्यर्थः। भोः बन्ध-मोक्ष-कुशलाः कर्मबन्धमोक्षे कुशलाः कर्मणां बन्धमोचने दक्षाः परिसमन्तात् कथयन्तु प्रतिपादयन्तु ॥५२१॥

इस बन्ध-विधान-समासको अल्पश्रुत और मन्दमति मैंने रचा है, सो इसे बन्ध और मोक्ष तत्त्वके जाननेमें जो कुशल आचार्य हैं, वे छूटे हुए अर्थको पूरा करके उसका व्याख्यान करें ॥५२१॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ३७३ । 2. ४, ३७४ ।

१. शतक० १०४ । २. शतक० १०५ ।

❀सं० पञ्चसं० ४, ३६६-३७२ । †सं० पञ्चसं० ४, ३७३ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब ग्रन्थकार प्रकृत ग्रन्थके अध्ययनका फल कहते हैं—

[मूलगा०१०५] इय कम्मपयडिपगदं संखेवुद्दिट्ठणिच्छिदमहत्थं ।
जो उवजुंजइ बहुसो सो णाहिदि बंधमोक्खट्ठं[1] ॥५२२॥

इति अमुना प्रकारेण कर्मप्रकृतिप्रकृतं कर्मप्रकृतीनां प्रवर्तितशास्त्रं संक्षेपेणोद्दिष्टम् । कथम्भूतम् ? निश्चितमहदर्थं समुच्चीकृतबह्वर्थम् । यो भव्यस्तत्कर्मप्रकृतिस्वरूपशास्त्रं उपयुञ्जति बहुशः वारम्वारं विचारयति स भव्यः बन्ध-मोक्षार्थं स्वाति कर्ममलस्फेटनार्थं पवित्रो भवति, वा कर्मबन्धस्य मोक्षार्थं प्रवर्तते ॥५२२॥

विद्यानन्दिगुरुर्यतीश्वरमहान् श्रीमूलसङ्घेऽनघे
श्रीभट्टारकमल्लिभूषणमुनिर्लक्ष्मीन्दु-वीरेन्दुकौ ।
तत्पट्टे भुवि भास्करो यतिव्रतिः श्रीज्ञानभूषो गणी
तत्पादद्वयपङ्कजे मधुकरः श्रीमत्प्रभेन्दुर्यती ॥५८॥
बन्धविचारं बहुविधिभेदं यो हृदि धत्ते विगलितपापम् ।
याति स भव्यः सुमतिसुकीर्त्ति सौख्यमनन्तं शिवपदसारम्[2] ॥५९
गुणस्थानविशेषेषु प्रकृतीनां नियोजने ।
स्वामित्वमिह सर्वत्र स्वयमेव विबुध्यताम्[3] ॥६०॥*

इसप्रकार शब्द-रचनाकी अपेक्षा संक्षेपसे कहे गये, किन्तु अर्थके प्रमाणकी अपेक्षा महान् इस प्रकृत कर्मप्रकृति अधिकारका वार-वार उपयोगपूर्वक अध्ययन, मनन एवं चिन्तन करता है, वह बन्ध और मोक्ष तत्त्वके अर्थको जान लेता है । अथवा कर्म-बन्धसे मुक्त होकर मोक्षरूप अर्थको प्राप्त कर लेता है ॥५२२॥

इस प्रकार सभाष्य शतक नामक चतुर्थ प्रकरण समाप्त हुआ ।

---

१. शतक० १०६ ।

२. संस्कृत पञ्चसंग्रहमें यह पद्य इस प्रकार पाया जाता है—

बन्धविचारं बहुतमभेदं यो हृदि धत्ते विगलितखेदम् ।
याति स भव्यो व्यपगतकष्टां सिद्धिमबन्धोऽमितगतिरिष्टाम् ॥ (सं० पञ्चसं० ४, ३७४ ।)

३. सं० पञ्चसं० ४, ३७५ ।

* इस श्लोकके अनन्तर संस्कृतटीकाकारकी यह पुष्पिका पाई जाती है—

इति श्रीपञ्चसंग्रहापरनामलघुगोम्मट्टसारसिद्धान्तटीकायां कर्मकाण्डाधिकारशतके बन्धाधिकारनाम पञ्चमोऽधिकारः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पञ्चम अधिकार

सप्ततिका

मङ्गलाचरण और प्रतिज्ञा—

[1]णमिऊण जिणिंदाणं वरकेवललद्धिसुक्खपत्ताणं ।
वोच्छं सत्तरिभंगं उवइट्ठं वीरणाहेण ॥१॥

नत्वाऽहमर्हतो भक्त्या घातिकर्मविघातिनः ।
स्वशक्त्या सप्ततिं वक्ष्ये बन्धसत्त्वोदयादिकान्[2] ॥

अतीतानागतवर्तमानजिनवरेन्द्रान् नमस्कृत्य वरकेवलज्ञानादिलब्धिसौख्यसम्प्राप्तान् सप्ततिभङ्गान् सप्ततिसङ्ख्योपेतान् भेदान् वक्ष्ये । कथम्भूतान् ? वीरनाथोपदिष्टान् ॥१॥

उत्कृष्ट केवलज्ञानरूप लब्धिको तथा अतीन्द्रिय सुखको प्राप्त हुए जिनेन्द्रदेवोंको नमस्कार करके मैं श्री वीरनाथसे उपदिष्ट सप्ततिका-सम्बन्धी भंगोंको कहूँगा ॥१॥

[मूलगा०१] [2]सिद्धपदेहि महत्थं बंधोदय-संत-पयडिठाणाणि ।
वोच्छं सुण संखेवेण णिस्संदं दिट्ठिवादादो[1] ॥२॥

बन्धोदयसत्त्वप्रकृतिस्थानानि संक्षेपेणाहं वक्ष्ये; भो भव्य, शृणु । कथम्भूतानि ? सिद्धपदैर्महदर्थम् । आविष्टलिङ्गत्वादेकवचनम् । कथम्भूतम् ? दृष्टिवादाङ्गात् निःस्यन्दं निर्यासं सारभूतं निर्गतं वा । बन्धप्रकृतिस्थानानि उदयप्रकृतिस्थानानि सत्ताप्रकृतिस्थानानि निःसृतं कथयिष्याम्यहम् । प्रसिद्धपदवाक्यैः बह्वर्थं महदर्थसंयुक्तानीत्यर्थः ॥२॥

मैं संक्षेपसे बन्धप्रकृतिस्थान, उदयप्रकृतिस्थान और सत्त्वप्रकृतिस्थानोंको कहूँगा, सो हे भव्यो, तुम सुनो । यह संक्षेप कथन भी सिद्धपदोंके द्वारा कहा जानेसे महान् अर्थवाला है और दृष्टिवाद नामक बारहवें अङ्गका निष्यन्द अर्थात् निचोड़ या साररूप है ॥२॥

विशेषार्थ—जो पद सर्वज्ञ-भाषित अर्थके प्रतिपादक होते हैं, उन्हें सिद्धपद कहते हैं। प्रकृत ग्रन्थके सर्व ही पद सर्वज्ञ-भाषित महाकर्मप्रकृतिप्राभृतके अर्थका प्रतिपादन करते हैं, इसलिए उन्हें ग्रन्थकारने सिद्धपद कहा है। यह ग्रन्थ यद्यपि संक्षेपसे कहा जायगा, तथापि उसे अल्पार्थक नहीं जानना चाहिए। क्योंकि वह दृष्टिवादका स्वरूप होनेसे महान् अर्थका धारक है। दूसरे इस ग्रन्थमें जिस विषयका वर्णन किया जानेवाला है, वह श्री महावीर भगवान्‌से उपदिष्ट

1. सं० पञ्चसं० ५. १ । 2. ५, २ ।

१. सं० पञ्चसं० ५, १ । परं तत्र चतुर्थचरणे 'बन्धभेदावबुद्धये' इति पाठः ।

१. सप्ततिका० १. परं तत्र 'दिट्ठिवादादो' स्थाने 'दिट्ठिवायस्स' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। इस वाक्यके द्वारा ग्रन्थकारने प्रस्तुत ग्रन्थकी प्रामाणिकता प्रकट की है। गाथाके द्वितीय चरणके द्वारा ग्रन्थकारने वक्ष्यमाण विषयका निर्देश किया है। कर्म-परमाणुओंका आत्माके प्रदेशोंके साथ जो एक क्षेत्रावगाही सम्बन्ध होता है, उसे बन्ध कहते हैं। बद्ध कर्म परमाणुओंके विपाकको प्राप्त होकर फल देनेको उदय कहते हैं। बँधनेके समयसे लेकर जब तक उन कर्म-परमाणुओंका अन्य प्रकृतिरूपसे संक्रमण नहीं होता, या जब तक उनकी निर्जरा नहीं होती, तब तक आत्माके साथ उनके अवस्थानको सत्त्व कहते हैं। स्थान शब्द समुदाय वाचक है। अतएव प्रकृत ग्रन्थमें कर्मप्रकृतियोंके बन्धस्थान, उदयस्थान और सत्त्वस्थान कहे जावेंगे, ऐसा अभिप्राय जानना चाहिए।

अब ग्रन्थकार प्रतिपाद्य विषय-सम्बन्धी प्रश्नोंका स्वयं उद्भावन करके ग्रन्थका अवतार करते हैं—

[मूलगा०२] [1]कदि बंधंतो वेददि कइया कदि पयडिठाणकम्मंसा।
मूलुत्तरपयडीसु य भंगवियप्पा दु बोहव्वा[1] ॥३॥

अथमूलोत्तरप्रकृतीनां स्थानभङ्गभेदप्रश्नमाह—['कदि बंधंतो वेददि' इत्यादि।] मूलप्रकृतिषु ८ उत्तरप्रकृतिषु च कति कर्माणि जीवो बध्नन् कति कर्माणि वेदयति अनुभवति कतीनां कर्मणामुदयमनुभवतीत्यर्थः। कति कर्माणि बध्नन् जीवः कतिपयानां कर्मणां सत्ता भवति। प्रकृतिस्थानकर्मांशा इति कर्मप्रकृतिस्थानसत्त्वमेवेत्यर्थः। तु पुनः मूलप्रकृतिषु उत्तरप्रकृतिषु च भङ्गविकल्पाः कियन्तो भवन्तीति ज्ञातव्याः। तथा च—

बन्धे कत्युदये सत्त्वे सन्ति स्थानानि वा कति।
मूलोत्तरगताः सन्ति कियन्त्यो भङ्गकल्पनाः[2] ॥१॥ इति

बन्धे कति स्थानानि, उदये कति स्थानानि, सत्तायां कति स्थानानि भवन्ति? मूलोत्तरप्रकृतिगता भङ्गविकल्पाः कियन्तो भवन्तीति प्रश्ने बन्धे स्थानानि चत्वारि ८।७।६।१। उदये स्थानानि त्रीणि ८।७।४। सत्तायां स्थानानि त्रीणि ८।७।४। किं स्थानं को भङ्ग इति प्रश्ने संख्याभेदेनैकस्मिन् जीवे युगपत् प्रकृतिसमूहः स्थानम्। एकस्य जीवस्यैकस्मिन् समये सम्भवन्तीनां प्रकृतीनां समूहः स्थानमित्यर्थः। अभिन्नसंख्यानां प्रकृतीनां परिवर्तनं भङ्गः, संख्याभेदेनैकत्वे प्रकृतिभेदेन वा भङ्गः ॥३॥

कितनी प्रकृतियोंका बन्ध करता हुआ जीव कितनी प्रकृतियोंका वेदन करता है? तथा कितनी प्रकृतियोंका बन्ध और वेदन करनेवाले जीवके कितनी प्रकृतियोंका सत्त्व रहता है? इस प्रकार मूल और उत्तर प्रकृतियोंमें सम्भव भङ्गोंके भेद जानना चाहिए ॥३॥

विशेषार्थ—इस गाथाके पूर्वार्ध-द्वारा दो बातें सूचित की गई हैं। पहली तो यह कि बन्ध, उदय और सत्त्वके स्थान कितने-कितने होते हैं और दूसरी यह कि किस बन्धस्थानके समय कितने उदयस्थान और सत्त्वस्थान होते हैं? गाथाके उत्तरार्ध-द्वारा उक्त स्थानोंके निमित्तसे उत्पन्न होनेवाले मूलप्रकृति और उत्तरप्रकृतियोंके भङ्गोंको जाननेकी सूचना की गई है। एक जीवके एक समयमें संभव होनेवाली प्रकृतियोंके समूहका नाम स्थान है। संख्याके एक रहते हुए भी प्रकृतियोंके परिवर्तनको भंग कहते हैं। मूलप्रकृतियोंके बन्धस्थान चार हैं—आठ प्रकृतिक, सात प्रकृतिक, छह प्रकृतिक और एक प्रकृतिक। इनमेंसे आठ प्रकृतिक बन्धस्थानमें सभी मूल

1. सं० पञ्चसं० ५, ३।

१. सप्ततिका० २. परं तत्र 'पयडिट्ठाणकम्मंसा' स्थाने 'पयडिसंतठाणाणि' इति पाठः।

२. सं० पञ्चसं० ५, ३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकृतियोंका, सात प्रकृतिक बन्धस्थानमें आयुकर्मके विना सातका, छह प्रकृतिक बन्धस्थानमें आयु और मोहकर्मके विना छहका, तथा एक प्रकृतिक बन्धस्थानमें एक वेदनीय कर्मका बन्ध पाया जाता है। मिश्र गुणस्थानके विना अप्रमत्त संयत गुणस्थान तक छह गुणस्थानोंमें आठों कर्मोंका, अथवा आयुके विना सात कर्मोंका बन्ध होता है। मिश्र, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन गुणस्थानोंमें आयुके सिवाय शेष सात कर्मोंका ही बन्ध होता है। एक सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें मोह और आयुके विना शेष छह कर्मोंका बन्ध होता है। उपशान्तमोह, क्षीणमोह और सयोगकेवली, इन तीन गुणस्थानोंमें एक वेदनीय कर्मका ही बन्ध होता है। अयोगिकेवली नामक चौदहवें गुणस्थानमें किसी भी कर्मका बन्ध नहीं होता है। मूल प्रकृतियोंके उदयस्थान तीन हैं—आठ प्रकृतिक सात प्रकृतिक और चार प्रकृतिक। आठ प्रकृतिक उदयस्थानमें सभी मूल प्रकृतियोंका, सात प्रकृतिक उदयस्थानमें मोहकर्मके विना सातका और चार प्रकृतिक उदयस्थानमें चार अघातिया कर्मोंका उदय पाया जाता है। आठों कर्मोंका उदय दशवें गुणस्थान तक पाया जाता है, अतः वहाँ तकके जीव आठ प्रकृतिक उदयस्थानके स्वामी जानना चाहिए। मोहकर्मके सिवाय शेष सात कर्मोंका उदय बारहवें गुणस्थान तक पाया जाता है। अतः सात प्रकृतिक उदयस्थानके स्वामी ग्यारहवें और बारहवें गुणस्थानवर्त्ती जीव हैं। चार अघातिया कर्मोंका उदय चौदहवें गुणस्थान तक पाया जाता है, अतः तेरहवें और चौदहवें गुणस्थानवर्ती जीव चार प्रकृतिक उदयस्थानके स्वामी हैं। मूल प्रकृतियोंके सत्त्वस्थान तीन हैं—आठ प्रकृतिक, सात प्रकृतिक और चार प्रकृतिक। आठ प्रकृतिक सत्त्वस्थानमें सभी मूल प्रकृतियोंका, सात प्रकृतिक सत्त्वस्थानमें मोहके विना सात कर्मोंका और चार प्रकृतिक सत्त्वस्थानमें चार अघातिया कर्मोंका सत्त्व पाया जाता है। आठों कर्मोंका सत्त्व ग्यारहवें गुणस्थान तक पाया जाता है, अतः वहाँ तकके सर्व जीव आठ प्रकृतिक सत्त्वस्थानके स्वामी हैं। मोहके विना सात कर्मोंका सत्त्व बारहवें गुणस्थानमें पाया जाता है, अतः क्षीणमोही जीव सात प्रकृतिक सत्त्वस्थानके स्वामी हैं। चार अघातिया कर्मोंका सत्त्व चौदहवें गुणस्थान तक पाया जाता है, अतः सयोगिकेवली और अयोगिकेवली भगवान् चार प्रकृतिक सत्त्वस्थानके स्वामी हैं। किस बन्धस्थानके साथ कौन कौनसे उदयस्थान और सत्त्वस्थान पाये जाते हैं, इसका निर्णय आगे ग्रन्थकार स्वयं ही करेंगे।

अब आचार्य मूल प्रकृतियोंके बन्ध, उदय और सत्त्व स्थानोंके संभव भंगोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०३] [1]अट्ठविह-सत्त-छब्बंधगेसु अट्ठेव उदयकम्मंसा।
एयविहे तिवियप्पो एयवियप्पो अबंधम्मि[1] ॥४॥

बन्ध०	८	७	६		बं०	१	१	१	०
उदय०	८	८	८	एकबंधे	उ०	७	७	४	अबंधे ४
सत्त्व०	८	८	८		सं०	८	७	४	४

अथ ज्ञानावरणादीनां मूलप्रकृतीनां बन्धोदयसत्त्वस्थानत्रयसंयोगं भङ्गभेदं च गाथात्रयेणाऽऽह—

८ ७ ६
['अट्ठविह-सत्त' इत्यादि ।] अष्टविध-सप्तविध-षड्विधबन्धके उदय-सत्त्वेऽष्टाष्टविधे स्तः भवतः ८ ८ ८ ।
८ ८ ८

---

1. सं०पञ्चसं० ५, ४ ।

१. सप्ततिका० ३. परं तत्र 'उदयकम्मंसा' स्थाने 'उदयसंताइं' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एकविधबन्धके तु सप्ताष्टविधे सप्तसप्तविधे चतुश्चतुर्विधे स्तः ७ ७ ४ । अबन्धके चतुश्चतुर्विधे स्तः ४ ।
८ ७ ४ ४

अष्टविध-सप्तविध-षड्विधबन्धकेषु एकविधबन्धे अबन्धे च भङ्गाः सप्त ॥४॥

आठ, सात और छह प्रकृतिक बन्धस्थानवाले जीवोंमें आठ प्रकृतिक उदयस्थान और आठ प्रकृतिक सत्त्वस्थान पाया जाता है। एक प्रकृतिक बन्धस्थानवाले जीवके तीन विकल्प होते हैं—१ एक प्रकृतिकबन्ध स्थान, सात प्रकृतिक उदयस्थान और आठ प्रकृतिक सत्त्वस्थान; २ एक प्रकृतिक बन्धस्थान, सात प्रकृतिक उदयस्थान और सात प्रकृतिक सत्त्वस्थान; तथा ३ एक प्रकृतिक बन्धस्थान, चार प्रकृतिक उदयस्थान और चार प्रकृतिक सत्त्वस्थान। अबन्धस्थानमें *चार प्रकृतिक उदयस्थान और चार प्रकृतिक सत्त्वस्थानरूप एक ही विकल्प होता है ॥४॥*

इनकी अङ्क संदृष्टि मूलमें दी है।

अब आचार्य चौदह जीवसमासोंमें बन्ध उदय और सत्त्वस्थानोंके परस्पर संयोजग भंगोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०४] [1]सत्तट्ठ बंध अट्ठोदयंस तेरससु जीवठाणेसु ।
एक्कम्मि पंच भंगा दो भंगा होंति केवलिणो[1] ॥५॥

	७	८					८	७	७	६	१	१			१	०			
[2]तेरसजीवसमासेसु	८	८	एक्कम्मि सण्णिपज्जत्ते	८	८	८	८	७	७	केवलीणं	४	४							
	८	८		८	८	८	८	८	७		४	४							

अथ जीवसमासेषु बन्धोदयसत्त्वस्थानत्रिसंयोगान् योजयति—['सत्तट्ठबन्ध' इत्यादि ।] त्रयोदशजीवसमासेषु सप्तविधाष्टविधबन्धके उदयसत्त्वेऽष्टाष्टविधे स्तः । एकस्मिन् जीवसमासे पञ्च भङ्गाः । अष्टविधसप्तविध-षड्विधैकैकविधबन्धकेषु अष्टविध-सप्तविधोदयसत्त्वभेदा भवन्तीत्यर्थः । केवलिनि द्वौ भङ्गौ । एकविधबन्धाबन्धे उदयसत्त्वे चतुश्चतुर्विधे भवतः । तथा हि—एकेन्द्रियसूक्ष्मबादरौ द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रिय-पञ्चेन्द्रियासंज्ञिजीवाश्चत्वारः ४ । एते एकीकृताः षट् पर्याप्ता अपर्याप्ताश्च । एवं द्वादश १२ । पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तक एकः १ । सर्वे एकीकृताः त्रयोदश । तेषु त्रयोदशेषु जीवसमासेषु १३ आयुर्विना सप्तकर्मणां बन्धे सति अष्टविधकर्मणां उदयः सत्ता च । अथवाऽष्टविधकर्मबन्धकेऽष्टविधकर्मणामुदयः सत्ता च । एकस्मिन् पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तके जीवसमासेऽष्टविध-सप्तविध-षड्विधैकैकविधकर्मबन्धकेषु उदये अष्टधाऽष्टधा सप्तधा सप्तधा सप्तधा । तत्र सत्तायां अष्टधा ८ अष्टधा ८ अष्टधा ८ अष्टधा ८ सप्तधा ७ चेति पञ्च भङ्गाः

८	७	६	१	१	
८	८	७	७	७	केवलिनोः सयोगायोगयोः द्वौ भङ्गौ—सयोगे सातावन्धके उदय-सत्त्वे अघातिचतुष्के
८	८	८	८	७	

														१	०				
भवतः । अयोगे अबन्धे उदय-सत्त्वे चतुश्चतुर्विधे भवतः														४	४	। अत्र भङ्गा १ । इति जीवसमासेषु			
														४	४				

बन्धोदयसत्त्वस्थानानि समाप्तानि ॥५॥

आदिके तेरह जीवसमासोंमें सात प्रकृतिक बन्धस्थान, आठ प्रकृतिक उदयस्थान और आठ प्रकृतिक सत्त्वस्थान; तथा आठ प्रकृतिक सत्त्वस्थान; तथा आठ प्रकृतिक बन्धस्थान, आठ प्रकृतिक उदयस्थान और आठ प्रकृतिक सत्त्वस्थान; ये दो भंग होते हैं। एक संज्ञी पंचेन्द्रिय

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ५ । 2. 'त्रयोदशसु' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १५०) ।

१. सप्ततिका० ४ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पर्याप्त जीवसमासमें पाँच भंग होते हैं—१ आठके बन्धमें आठका उदय और आठका सत्त्व; २ सातके बन्धमें आठका उदय और आठका सत्त्व; छहके बन्धमें आठका उदय और आठका सत्त्व; ४ एकके बन्धमें सातका उदय और आठका सत्त्व; ५ एकके बन्धमें सातका उदय और सातका सत्त्व। केवलीके दो भंग होते हैं—एकके बन्धमें चारका उदय और चारका सत्त्व; तथा अबन्धमें भी चारका उदय और चारका सत्त्व ॥५॥

इनकी अङ्कसंदृष्टि मूलमें दी है।

अब गुणस्थानमें बन्धादि त्रिसंयोगी भंगोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०५] [1]अट्ठसु एयवियप्पो छासु† वि गुणसण्णिदेसु दुवियप्पो।
पत्तेयं पत्तेयं बंधोदयसंतकम्माणं[1] ॥६॥

[2]छसु मिच्छाइसु मिस्सरहिएसु दो भंगा ८ ७ / ८ ८ / ८ ८ एगेगो अट्ठसु—८ ८ ८ ८ ७ ७ ४ ४ / ८ ८ ८ ८ ८ ७ ४ ४

अथ गुणस्थानेषु तत्त्रिसंयोगभङ्गान् योजयति—['अट्ठसु एयवियप्पो' इत्यादि।] अष्टसु गुणस्थानेषु प्रत्येकं बन्धोदयसत्त्वकर्मणां एकैको भङ्गः। षट्सु गुणस्थानसंज्ञिकेषु प्रत्येकं द्वौ द्वौ विकल्पौ भङ्गौ भवतः। तथा हि—मिश्रापूर्वकरणानिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्परायोपशान्तक्षीणकषाय-सयोगायोगगुणस्थानेषु अष्टसु प्रत्येकं एकैकं गुणस्थानं प्रति एकैको भङ्गः। केषाम्? बन्धोदयसत्त्वकर्मणामेकैको भेदः। तद्रचना—

	मिश्र	अपू०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
बं०	७	७	७	६	१	१	१	०
उ०	८	८	८	८	७	७	४	४
स०	८	८	८	८	८	७	४	४

मिथ्यात्व-सासादनाविरत-देश-प्रमत्ताप्रमत्तेषु षट्सु गुणस्थानेषु प्रत्येकं एकैकं गुणस्थानं प्रति द्वौ द्वौ विकल्पौ भङ्गौ भवतः ८ ७ / ८ ८ / ८ ७। एवं भङ्गा दश भवन्ति १०॥६॥

पुनरपि बन्धोदय-[सत्त्व] रचना रच्यते—

१४	मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अ०	अ०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
बं०	७।८	७।८	७	७।८	७।८	७।८	७।८	७	७	६	१	१	१	०
उ०	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	७	७	४	४
स०	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	७	४	४

अन्तिम आठ गुणस्थानोंमें कर्मोंके बन्ध, उदय और सत्त्वस्थानोंका पृथक्-पृथक् एक-एक भंग होता है। तथा मिश्रगुणस्थानको छोड़कर प्रारम्भके छह गुणस्थानोंमें दो-दो भंग होते हैं॥६॥

विशेषार्थ—मिश्र गुणस्थानके विना मिथ्यात्व आदि छह गुणस्थानोंमें आठ प्रकृतिक बन्ध, आठ प्रकृतिक उदय और आठ प्रकृतिक सत्त्व; तथा सातप्रकृतिक बन्ध, आठ प्रकृतिक उदय और आठ प्रकृतिक सत्त्व; ये दो भंग होते हैं। मिश्रगुणस्थानमें सात

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ६। 2. ५, 'मिथ्यादृष्ट्यादीनां' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १५०)।

१. सप्ततिका० ५।

†ब छसु।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकृतिक बन्ध, आठ प्रकृतिक उदय और आठ प्रकृतिक सत्त्वरूप एक भंग होता है। अपूर्वकरण, और अनिवृत्तिकरण बादरसाम्पराय; इन दो गुणस्थानोंमें सात प्रकृतिक बन्ध, आठ प्रकृतिक उदय और आठ प्रकृतिक सत्त्वरूप एक-एक भंग होता है। सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें छह प्रकृतिक बन्ध, आठ प्रकृतिक उदय और आठ प्रकृतिक सत्त्वरूप एक भंग होता है। उपशान्त-मोह नामक ग्यारहवें गुणस्थानमें एक प्रकृतिक बन्ध, सात प्रकृतिक उदय और आठ प्रकृतिक सत्त्वरूप एक भंग होता है। क्षीणमोह नामक बारहवें गुणस्थानमें एक प्रकृतिक बन्ध, सात प्रकृतिक उदय और सात प्रकृतिक सत्त्वरूप एक भंग होता है। तेरहवें गुणस्थानमें एक प्रकृतिक बन्ध, चार प्रकृतिक उदय और चार प्रकृतिक सत्त्वरूप एक भंग होता है। चौदहवें गुणस्थानमें बन्ध किसी भी कर्मका नहीं होता, अतएव अबन्धके साथ चार प्रकृतिक उदय और चार प्रकृतिक सत्त्वरूप एक भंग पाया जाता है। इन सबकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—

गुण०	मि०	सा०	मि०	अवि०	देश०	प्रम०	अप्र०	अपू०	अनि०	सू०	उप०	क्षीण०	सयो०	अयो०
बन्ध	७।८	७।८	७	७।८	७।८	७।८	७।८	७	७	६	१	१	१	०
उदय	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	७	७	४	४
सत्त्व	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	७	४	४

[1]मूलपयडीसु एवं अत्थोगाढेण जिह विही भणिया।
उत्तरपयडीसु एवं जहाविहिं जाण वोच्छामि ॥७॥

अथोत्तरप्रकृतिष्वाह—['मूलपयडीसु एवं' इत्यादि।] एवमनुक्तप्रकारेणार्थावगाढेन अर्थोपगूहनेन बह्वर्थगोपनेन मूलप्रकृतिषु यादृशी विधिर्भणिता, तादृशी विधिरुत्तरप्रकृतिषु यथोक्तविधिं वक्ष्यामि, त्वं जानीहि ॥७॥

इस प्रकार अर्थके अवगाहन द्वारा मूल प्रकृतियोंमें जिस विधिसे बन्ध, उदय और सत्त्वके भंगोंका प्रतिपादन किया है, उसी विधिसे उत्तर प्रकृतियोंमें भी कहता हूँ, सो हे भव्य, तुम जानो ॥७॥

अब ज्ञानावरण और अन्तरायकर्मकी पाँच-पाँच प्रकृतियोंके बन्ध, उदय और सत्त्वके संयोगी भंग कहते हैं—

[मूलगा०६] [2]बंधोदय-कम्मंसा णाणावरणंतराइए पंच।
बंधोवरमे वि तहा उदयंसा होंति पंचेव[1] ॥८॥

		ज्ञाना०	अन्त०			ज्ञाना०	अन्त०
	बं०	५	५		बं०	०	०
[3]दससु	उ०	५	५	उवसंत-खीणाणं	उ०	५	५
	स०	५	५		सं०	५	५

अथ ज्ञानावरणस्यान्तरायस्य च पञ्च-पञ्चप्रकृतिषु बन्धोदयसत्त्वसंयोगान् योजयति—['बन्धोदय-कम्मंसा' इत्यादि।] ज्ञानावरणान्तराययोर्मिथ्यदृष्ट्यादिसूक्ष्मसाम्परायपर्यन्तं बन्धोदयसत्त्वानि पञ्च पञ्च प्रकृतयो भवन्ति। बन्धोपरमे बन्धविरामे पञ्चप्रकृतीनां अबन्धे सति उपशान्तक्षीणकषाययोरुदय-सत्त्वे तथा पञ्च पञ्च प्रकृतयः स्युः ॥८॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ७। 2. ५, ८। 3. ५, दशसु इत्यादि गद्यभागः (पृ० १५१)।
१. सप्ततिका० ६, परं तत्र 'बंधोदयकम्मंसा' स्थाने 'बंधोदयसंतंसा' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

		ज्ञाना०	अन्त०			ज्ञाना०	अन्त०
	बं०	५	५		बं०	०	०
आद्यदशगुणस्थानेषु—	उ०	५	५	उपशान्त-क्षीणकषाययोः—	उ०	५	५
	स०	५	५		स०	५	५

ज्ञानावरण और अन्तराय कर्मकी पाँच-पाँच प्रकृतियोंका बन्ध दशवें गुणस्थान तक होता है, अतएव वहाँ तक उनका पाँच प्रकृतिक उदय और पाँच प्रकृतिक सत्त्वरूप एक-एक भंग पाया जाता है। दशवें गुणस्थानके अन्तिम समयमें उनके बन्धका अभाव हो जानेपर भी ग्यारहवें और बारहवें गुणस्थानमें उक्त दोनों कर्मोंका पाँच-पाँच प्रकृतिक उदय और पाँच-पाँच प्रकृतिक सत्त्वरूप एक-एक भंग पाया जाता है ॥८॥

इनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है।

सा०	१	३	१	२१	९,८,७	२८	
मि०	१	३	२	१७	९;८,७	२८,२४	
अ०	१	४	५	१७	९,८,७,६	२८,२४,२३,२२,२१	
दे०	१	४	५	१३	८,७,६,५	२८,२४,२३,२२,२१	
प्र०	१	४	५	९	७,६,५,४	२८,२४,२३,२२,२१	
अप्र०	१	४	५	९	७,६,५,४	२८,२४,२३,२२,२१	
						उपशमश्रेण्यां	क्षपकश्रेण्याम्
अपू०	१	३	३	९	६,५,४	२८,२४,२१	२१
अनि०	५	२	११	५,४,३, २,१	२ १	२८,२४,२१	२१,१२,११,५,४, ३,२,१
सू०	०	१	४	०	१	२८,२४,२१	१
उप०	०	०	३	०	०	२८,२४,२१	०
क्षी०	०	०	०	०	०	०	०

अट्ठाईस प्रकृतिक सत्तास्थानमें मोहकर्मकी सभी प्रकृतियोंकी सत्ता होती है। पुनः अट्ठाईस प्रकृतिक सत्तास्थानमेंसे सम्यक्त्वप्रकृतिकी उद्वेलना होनेपर सत्ताईसप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। पुनः सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करनेपर सादिमिथ्यादृष्टिके अथवा अनादिमिथ्यादृष्टिके छब्बीस प्रकृतिक सत्तास्थान होता है। पुनः अट्ठाईस प्रकृतिक सत्तास्थानोंमेंसे अनन्तानुबन्धी क्रोधादि चतुष्कके क्षपित अर्थात् विसंयोजित कर देनेपर चौबीसप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। पुनः मिथ्यात्वके क्षय करनेपर तेईसप्रकृतिक सम्यग्मिथ्यात्वके क्षय करनेपर बाईसप्रकृतिक और सम्यक्त्वप्रकृतिके क्षय कर देनेपर इक्कीसप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। तदनन्तर आठ मध्यमकषायोंके क्षय होनेपर तेरहप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। पुनः नपुंसकवेदके क्षय होनेपर बारह प्रकृतिक, स्त्रीवेदके क्षय होनेपर ग्यारहप्रकृतिक और हास्यादि छह प्रकृतियोंके क्षय होनेपर पाँच प्रकृतिक सत्तास्थान होता है। पुनः पुरुषवेदके क्षय होनेपर चार प्रकृतिक सत्तास्थान होता है। तदनन्तर संज्वलन क्रोधके क्षय होनेपर तीनप्रकृतिक, संज्वलनमानके क्षय होनेपर दोप्रकृतिक और संज्वलन मायाके क्षय होनेपर एकप्रकृतिक सत्तास्थान होता है ॥३५-३६॥

इस प्रकार मोहकर्मके सर्व सत्तास्थानोंकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—

२८, २७, २६, २४, २३, २२, २१, १३, १२, ११, ५, ४, ३, २, १।

अब मोहनीयकर्मके बन्धस्थानोंमें उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०१५] [1]बावीसादिसु पंचसु दसादि-उदया हवंति पंचेव।
सेसे दु दोण्णि एगं एगेगमदो परं णेयं[†] ॥३७॥

२२ २१ १७ १३ ९ अणियट्टिम्मि ५ ४ ३ २ १ सुहुमे ०
१० ९ ८ ७ ६ २ २ १ १ १ १

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४८।

१. श्वे० सप्ततिकायां गाथेयं नोपलभ्यते।

†द णेया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथ मोहनीयस्य बन्धस्थानेषु उदयस्थानानि निरूपयन्ति—['बावीसादिसु पंचसु' इत्यादि ।] पञ्चसु द्वाविंशतिकादिबन्धस्थानेषु पञ्चोदयस्थानानि भवन्ति। शेषयोः अनिवृत्तिकरणस्य प्रथम-द्वितीयभागयोः द्विकोदयस्थानद्वयं २ तत्प्रथमभागे पञ्चकबन्धभागे द्विकोदयस्थानम् २ । तच्चतुर्बन्धके द्वितीयभागे द्विकोदयमेकोदयस्थानं च $\begin{smallmatrix}२\\१\end{smallmatrix}$ भवति । अतः परं तत्त्रिबन्धके तृतीयभागे तद्द्विबन्धके चतुर्थभागे तदेकबन्धके पञ्चमे भागे च एककमुदयस्थानं ज्ञेयम् । सूक्ष्मे बन्धरहिते सूक्ष्मलोभमुदयस्थानम् १ । तथाहि—मिथ्यादृष्टौ द्वाविंशतिकबन्धस्थाने एकस्मिन् जीवे मोहप्रकृत्युदयस्थानं दशकं १० भवति । ताः काः ? मिथ्यात्वं १ षोडशकषायेषु क्रोधादयश्चत्वारः कषायाः ४ । वेदेषु एकतरवेदः १ । हास्यादियुग्मयोरेकयुग्मम् २ । भय-जुगुप्साद्वयम् २ । एवं दशप्रकृतिकमुदयस्थानम् $\begin{smallmatrix}२२\\१०\end{smallmatrix}$ । इति प्रथमोदयस्थानम् १ । मिथ्यात्वरहिते एकविंशतिकबन्धस्थाने सासादने मिथ्यात्वरहितं नवप्रकृत्युदयस्थानम् $\begin{smallmatrix}२१\\३\end{smallmatrix}$ । इति द्वितीयोदयस्थानम् २ । ततः परं अनन्तानुबन्धिचतुष्करहिते सप्तदशकबन्धस्थानके मिश्रगुणस्थाने असंयमोपशमसम्यक्त्वे क्षायिकसम्यग्दृष्टौ च अप्रत्याख्यानादिचतुष्कत्रयैकतरत्रयं ३ एकतरवेदादिपञ्चकम् ५ । एवमष्टोदयप्रकृत्युदयस्थानकं $\begin{smallmatrix}१७\\८\end{smallmatrix}$ भवति । इति तृतीयोदयस्थानम् ३ । ततः अप्रत्याख्यानचतुष्करहिते त्रयोदयकबन्धके देशसंयमे प्रत्याख्यानादिचतुष्कद्वयैकतरद्वयं २ एकतरवेदादिपञ्चकं ५ एवं मोहप्रकृत्युदयसप्तकं स्थानं ७ देशसंयतौपशमिक-क्षायिकसम्यग्दृष्टौ भवति $\begin{smallmatrix}१३\\७\end{smallmatrix}$ । इति चतुर्थोदयस्थानम् ४ । ततः प्रत्याख्यानचतुष्करहिते नवकबन्धके संज्वलनमेकतरं वेदादिपञ्चकमेवं षट्प्रकृत्युदयस्थानं औपशमिक-क्षायिकसम्यग्दृष्टिप्रमत्ताप्रमत्तापूर्वकरणमुनौ $\begin{smallmatrix}९\\६\end{smallmatrix}$ भवति । इति पञ्चमोदयस्थानम् ५ । ततः पुंवेदसंज्वलनपञ्चकबन्धक संज्वलनचतुर्बन्धकानिवृत्तिकरणभागयोः प्रथम-द्वितीययोः त्रिवेद-चतुःसंज्वलनानामेकैकोदयसम्भवं द्विप्रकृत्युदयस्थानम् $\begin{smallmatrix}५&४\\२&४\end{smallmatrix}$ । तत्त्रिबन्धके तृतीयभागे द्विबन्धके चतुर्थभागे संज्वलनलोभबन्धके पञ्चमभागे चैकस्थूललोभोदयस्थानम् $\begin{smallmatrix}३&२&१\\१&१&१\end{smallmatrix}$ । अबन्धके सूक्ष्मसाम्पराये सूक्ष्मलोभस्योदयस्थानमेकम् $\begin{smallmatrix}०\\१\end{smallmatrix}$ ॥३७॥

मोहनीयकर्मके बाईस आदिक पाँच बन्धस्थानोंमें दश आदिक पाँच उदयस्थान होते हैं। शेष बन्धस्थानोंमेंसे पाँचप्रकृतिक बन्धस्थानमें दोप्रकृतिक उदयस्थान होता है। चारप्रकृतिक बन्धस्थानमें दोप्रकृतिक उदयस्थान होता है। इससे आगेके तीन, दो और एक प्रकृतिक बन्धस्थानमें एकप्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए। दशवें गुणस्थानमें जहाँ मोहकी किसी प्रकृतिका बन्ध नहीं होता, वहाँपर एकप्रकृतिक उदयस्थान होता है ॥३७॥

इनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है।

अब भाष्यगाथाकार उपर्युक्त गाथाका स्पष्टीकरण करते हैं—

[1]अणरहिओ पढमिल्लो तइओ दो मिस्स-सम्मसहिया दु ।
दंसणजुत्ते सेसे अण्णो भंगो हवेज्ज दस एदे ॥३८॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४९ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२२ २१ १७ १७ १३ ९ ९
१० ८ ७ ६ त्रिषु गुणेषु इदं ६ वेदकरहिते ।
९ ९ ९ ९ ८ ७ ६

अथ मिथ्यादृष्टौ मिश्रेऽसंयतादिचतुषु[1] च सम्भवविशेषमाह—['अणरहिओ पढमिल्लो' इत्यादि ।] मोहप्रकृतीनां दशानामुदयः प्रथम आद्यः । स कथम्भूतः ? अनन्तानुबन्ध्युदयरहितः । कथम् ? उक्तञ्च—

अणसंजोजिदसम्मं मिच्छं पत्तो ण आवलि त्ति अणं[1] ॥५॥

अनन्तानुबन्धिविसंयोजितवेदकसम्यग्दृष्टौ मिथ्यात्वकर्मोदयान्मिथ्यादृष्टिगुणस्थानं प्राप्ते आवलिकाल-पर्यन्तमनन्तानुबन्ध्युदयो नास्ति । अतोऽनन्तानुबन्धिरहितं प्रथमस्थानं २० उ.१० मिथ्यात्वरहितम् । सासा- उ. ९
दनं द्वितीयं स्थानं २१/९ । तृतीयं स्थानं द्वयं कथम् ? एकं मिश्रगुणस्थानं द्वितीयं असंयतगुणस्थानं च । मिश्रे गुणस्थानेऽनन्तानुबन्धिरहितमष्टकं मिश्रेण सम्यग्मिथ्यात्वेन सहितं नवकम् १७/९ । असंयतवेदक-सम्यग्दृष्टौ मिश्रसहितमष्टकं सम्यक्त्वप्रकृतिसहितनवप्रकृत्युदयस्थानम् १७ ८ । शेषेषु देशविरत-प्रमत्त- ९
संयताप्रमत्तसंयतवेदकसम्यक्त्वसहितेषु सम्यक्त्वरहितोऽन्यो भङ्गः, सम्यक्त्वप्रकृतिसहितोऽन्यो भङ्गः स्यात् १२ ९
७ ६ । एते दश वक्ष्यमाणा उदयाः अग्रगाथायाम् ।
८ ७

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०
२२	२१	१७	१७	१३	९
१०	९	९	८	७	६
९			९	८	७

त्रिषु वेदकरहितप्रमत्तादिगुणस्थानेषु इदं ९/६ । वेदकरहितदेशे १३/७ वेदकरहितप्रमत्ताप्रमत्तयोः ९/६ अपूर्वकरणे ९/६ सम्यक्त्वप्रकृत्युदये अविरताद्यप्रमत्तान्तवेदकसम्यक्त्वं भवति । तदुदये उपशमसम्यक्त्वं क्षायिकसम्यक्त्वं च न भवति । तदुक्तञ्च—

उवसम-खइए-सम्मं ण हि तत्थ वि चारि ठाणाणि[2] ॥६॥

उवशमसम्यक्त्वे क्षायिकसम्यक्त्वे च सम्यक्त्वप्रकृत्युदयो नास्तीति तद्रहितानि असंयतादिचतुषु[1] चत्वारि स्थानानि भवन्ति ॥३८॥

मिथ्यात्वगुणस्थानमें मोहनीयकर्मका बाईस प्रकृतिक प्रथम बन्धस्थान अनन्तानुबन्धीके उदयसे रहित भी होता है; क्योंकि अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करनेवाला वेदकसम्यग्दृष्टि यदि मिथ्यात्वकर्मके उदयसे मिथ्यात्वगुणस्थानको प्राप्त हो, तो एक आवलीकालपर्यन्त उसके अनन्तानुबन्धीका उदय नहीं होता है, ऐसा नियम है । अतएव बाईस प्रकृतिक बन्धस्थानमें दश प्रकृतिक उदयस्थानके अतिरिक्त नौप्रकृतिक भी उदयस्थान होता है । इक्कीस प्रकृतिक दूसरे बन्धस्थानमें मिथ्यात्वके विना शेष नौ प्रकृतियोंके उदयवाला स्थान होता है । सत्तरह प्रकृतियोंके बन्धवाले तीसरे और चौथे गुणस्थानमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीके विना शेष आठप्रकृतिक उदयस्थान तथा तीसरेमें मिश्रप्रकृतिका और चौथेमें सम्यक्त्वप्रकृतिका उदय बढ़ जानेसे नौ

१. गो० क० ४७८ । २. गो० क० गा० ४१८ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकृतिक उदयस्थान भी होता है। सम्यक्त्वसहित शेष गुणस्थानोंमें अर्थात् पाँचवें, छठे और सातवेंमें उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके सम्यक्त्वप्रकृतिके उदयसे रहित एक-एक भङ्ग और भी होता है। अतएव वक्ष्यमाण प्रकारसे दश भङ्ग उदयस्थानसम्बन्धी जानना चाहिए ॥३८॥

इनकी अंकदृष्टि मूलमें दी है।

[1]भयरहिया णिंदूणा जुगलूणा हुंति तिण्णि तिण्णेव।
अण्णे वि तेसिमुदया एक्केक्कस्सोवरिं जाण ॥३९॥

	मिथ्या०	मिथ्या०	सासा०	मिश्र	अविरत०	अवि०	देश०	देश०	प्र०अ०	प्र०अ०
बंध०	२२	२२	२१	१७	१७	१७	१३	१३	९	९
	८	७	७	७	७	६	६	५	५	४
उदय०	९।९	८।८	८।८	८।८	८।८	७।७	७।७	६।६	६।६	५।५
	१०	९	९	९	९	८	८	७	७	६

द्वाविंशतिकबन्धके मिथ्यादृष्टौ उत्कृष्टतो दशमोहप्रकृत्युदयाः १०। भयरहिता नवोदयाः ९। जुगुप्सारहिता द्वितीयनवप्रकृत्युदयाः ९। भयजुगुप्सायुग्मोनाश्चाष्टप्रकृत्युदया ८ भवन्ति। एकैकस्योपरि तासां प्रकृतीनां नवादीनां अन्यान् उदयभङ्गान् त्रीन् त्रीन् जानीहि भो भव्यवरपुण्डरीकत्वम्। तथाहि—द्वाविंशतिकबन्धकेऽनन्तानुबन्ध्युदयरहिते मिथ्यादृष्टौ २२ नवप्रकृत्युदयाः ९। भयेन रहिता अष्टौ ८, निन्दया रहिताः अष्टौ ८, युग्मोनाश्च सप्त ७। एकविंशतिकबन्धे २१ सासादने नवप्रकृत्युदया ९, भयरहिता ८, जुगुप्सारहिता ८, युग्मोनाः सप्त ७। सप्तदशकबन्धके मिश्रे अनन्तानुबन्ध्युदयरहित-मिश्रप्रकृतिसहिता नवप्रकृत्युदयाः ९, भयरहिताः ८, निन्दारहिता ८, तद्युग्मरहिता वा ७। सप्तदशकबन्धकेऽविरतवेदकसम्यग्दृष्टौ मिश्रप्रकृतिरहिताः सम्यक्त्वप्रकृतिसहिता नवप्रकृत्युदयाः ९, भयेन रहिताः ८, जुगुप्सारहिताः ८, तद्युग्मोना वा ७। सप्तदशकबन्धकेऽविरतोपशमसम्यक्त्वे क्षायिकसम्यक्त्वे च सम्यक्त्वप्रकृतिरहिता अष्टौ प्रकृत्युदयाः ८, भयोनाः ७, निन्दोना वा ७, तद्युग्मोना वा ६। त्रयोदशकबन्धके देशसंयमवेदकसम्यग्दृष्टौ अप्रत्याख्यानोदयरहितसम्यक्त्वप्रकृतिसहिताः अष्टौ प्रकृत्युदयाः ८, भयोनाः ७, निन्दोना ७, तद्युग्मोनाः ६। त्रयोदशकबन्धके उपशमे क्षायिकसम्यक्त्वे देशसंयमे १३ अप्रत्याख्यानोनाः सप्तप्रकृत्युदयाः ७, भयोनाः ६, जुगुप्सोनाः ६, तद्युग्मोनाः ५। नवकबन्धकवेदकसम्यक्त्वप्रमत्तेऽप्रमत्ते च प्रत्याख्यानोनाः सम्यक्त्वप्रकृतिसहिताः सप्तप्रकृत्युदयाः ७, भयोनाः ६, निन्दोनाः ६, तद्युग्मोनाः ५। नवकबन्धकोपशमक-क्षायिकसम्यग्दृष्टौ प्रमत्ताप्रमत्तापूर्वकरणमुनौ संज्वलनमेकतरं पुंवेदादिपञ्चकं ५ एवं षट्प्रकृत्युदयाः ६, भयोनाः ५, जुगुप्सोनाः ५, तद्युग्मोना वा ४ ॥३९॥

गुण०	मि०	मि०	सा०	मि०	अवि०	अवि०	दे०	दे०	प्र० अ०	प्र० अ०
	२२	२२	२१	१७	१७	१७	१३	१३	९	९
बन्ध०	८	७	७	७	७	६	६	५	५	४
उदय०	९।९	८।८	८।८	८।८	८।८	७।७	७।७	६।६	६।६	५।५
	१०	९	९	९	९	८	८	७	७	६

तथा उपर्युक्त बन्धस्थानोंके भय-रहित निन्दा अर्थात् जुगुप्सा-रहित और दोनोंसे रहित, इस प्रकार तीन-तीन अन्य भी उदयस्थान एक-एकके ऊपर जानना चाहिए ॥३९॥

विशेषार्थ—बाईस प्रकृतियोंका बन्ध करनेवाले मिथ्यादृष्टिके यदि सम्भव सभी प्रकृतियोंका उदय हो, तो दशप्रकृतिक उदयस्थान होगा। यदि विसंयोजनके हो जानेसे अनन्तानुबन्धी कषायका उदय नहीं है, तो नवप्रकृतिक उदयस्थान भी सम्भव है। यदि भय और

1. सं० पञ्चसं० ५, ५०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जुगुप्सामेंसे किसी एकका उदय न हो, तो आठ प्रकृतिक उदयस्थान होगा। और यदि भय और जुगुप्सा इन दोनोंका ही उदय न रहे, तो सात प्रकृतिक उदयस्थान होगा। इस प्रकार बाईस प्रकृतिक बन्धस्थानमें दश, नौ, नौ, आठ और सात प्रकृतिक उदयस्थान होते हैं। इक्कीसप्रकृतिक बन्धस्थान दूसरे गुणस्थानमें होता है। वहाँपर अनन्तानुबन्धीका उदय तो रहता है, परन्तु मिथ्यात्वका उदय नहीं रहता, इसलिए नौ प्रकृतिक उदयस्थान होता है। तथा भय-जुगुप्सामेंसे किसी एकके उदय न रहनेसे आठप्रकृतिक और दोनोंका उदय न रहनेसे सात प्रकृतिक उदयस्थान होता है। सत्तरह प्रकृतिके बन्धवाले गुणस्थानसे लेकर नौ प्रकृतियोंके बन्धवाले गुणस्थान पर्यन्त तीन स्थानोंमें सम्यक्त्वप्रकृतिका उदय रहता भी है और नहीं भी रहता है, इसलिए सत्तरह प्रकृतिक बन्धस्थानमें सम्यक्त्वप्रकृतिका उदय न रहनेपर आठका उदयस्थान होता है। तथा भय और जुगुप्सामेंसे किसी एकके उदय न रहनेपर सातका उदयस्थान होता है और दोनोंके ही उदय न रहनेपर छहका उदयस्थान होता है। तेरह प्रकृतिक बन्धस्थानमें सम्यक्त्वप्रकृतिके उदय रहनेपर आठका उदयस्थान होता है। सम्यक्त्वप्रकृतिके उदय न रहनेपर सातका उदयस्थान होता है। भय और जुगुप्सामेंसे किसी एकके उदय न रहनेपर छहका तथा दोनोंके उदय न रहनेपर पाँचका उदयस्थान होता है। नौप्रकृतिक बन्धस्थानमें सम्यक्त्वप्रकृतिका उदय रहने पर सातका उदयस्थान होता है। सम्यक्त्वप्रकृतिके उदय न रहने पर छहका उदयस्थान होता है। जुगुप्सामेंसे किसी एकके उदय न होने पर पाँचका उदयस्थान और दोनोंके उदय न रहने पर चारका उदयस्थान होता है। मूलमें दी गई अंकसंदृष्टिका यह अभिप्राय समझना चाहिए।

अब मोहके बन्धस्थानोंमें संभव उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[1]दस वावीसे णव इगिवीसे सत्तादि उदय-कम्मंसा।
छादी णव सत्तरसे तेरे पंचादि अट्ठेव[1] ॥४०॥
चत्तारि-आदिणवबंधएसु उक्कस्स सत्तमुदयंसा।
चत्तालमिमेसुदया बंधट्ठाणेसु पंचसु वि[2] ॥४१॥

।४०।

[अथ] गुणस्थानेषु मोहप्रकृतिबन्धकेषु उदयस्थानानि प्ररूपयति—['दस वावीसे णव इगि' इत्यादि।] द्वाविंशतिबन्धके सप्ताद्याः दशान्ताः अष्टौ मोहप्रकृत्युदयकर्मांशा उदयांशा उदयप्रकृतिस्थान-

विकल्पा भवन्ति ८ $\begin{matrix}२२\\७\\८।८\\९\end{matrix}$ $\begin{matrix}२२\\८\\९।९\\१०\end{matrix}$। एकविंशतिकबन्धके सप्ताद्या नवप्रकृत्युदयस्थानचतुष्टयरूपाः $\begin{matrix}२१।४\\७\\८।८\\९\end{matrix}$।

सप्तदशकबन्धके षडाद्या नवोत्कृष्टपर्यन्ताः प्रकृत्युदयस्थानरूपाः द्वादश भवन्ति १७।१२। त्रयोदशबन्धके पञ्चाद्यष्टोत्कृष्टस्थानपर्यन्तं प्रकृत्युदयस्थानानि अष्टौ भवन्ति १३।८। नवकबन्धके चतुरादिसप्तोत्कृष्टान्ताः मोहप्रकृत्युदयस्थानान्यष्टौ भवन्ति ९।८। इत्यमीषु पञ्चसु बन्धस्थानेषु प्रकृत्युदयस्थानानि चत्वारिंशद्भवन्ति ॥४०-४१॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, 'द्वाविंशतेर्बन्धे सप्ताद्या' इत्यादिगद्यभागः। (पृ० १२९)।

१. श्वे० सप्ततिकायामियं गाथा मूलगाथारूपेण विद्यते।

२. श्वे० सप्ततिकायामियमपि गाथा मूलरूपेणास्ति। परं तत्रोत्तरार्धे पाठोऽयम्—'पंचविहबंधगे पुण उदओ दोण्हं मुणेयव्वो'।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें सातको आदि लेकर दश तकके उदयस्थान होते हैं। इक्कीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें सातको आदि लेकर नौ तकके उदयस्थान होते हैं। सत्तरहप्रकृतिक बन्धस्थानमें छहको आदि लेकर नौ तकके उदयस्थान होते हैं। और तेरहप्रकृतिक बन्धस्थानमें पाँचको आदि लेकर आठ तकके उदयस्थान होते हैं। नौ प्रकृतियोंका बन्ध करने वाले जीवोंके चार प्रकृतिक उदयस्थानको आदि लेकर उत्कर्षसे सातप्रकृतिक तकके उदयस्थान होते हैं। इस प्रकार इन पाँच बन्धस्थानों मोहप्रकृतियोंके उदयस्थान चालीस होते हैं ॥४०-४१॥

विशेषार्थ—बाईस, इक्कीस, सत्तरह, तेरह और नौ प्रकृतिक बन्धस्थानोंमें जितने उदयस्थान पाये जाते हैं, उनमेंसे दशप्रकृतिक उदयस्थान एक है, नौप्रकृतिक उदयस्थान छह हैं, आठप्रकृतिक उदयस्थान ग्यारह हैं, सातप्रकृतिक उदयस्थान दश हैं, छहप्रकृतिक उदयस्थान सात हैं, पाँचप्रकृतिक उदयस्थान चार हैं और चारप्रकृतिक उदयस्थान एक है। इस प्रकार इन सबका योग (१+६+११+१०+७+४+१=४०) चालीस होता है। यह बात ऊपर मूलमें दी गई संदृष्टिमें स्पष्ट दिखाई गई है।

अब उपर्युक्त ४० भंगोंको वक्ष्यमाण २४ भंगोंसे गुणित करने पर जितने भंग होते हैं उनका निरूपण करते हैं—

[1]जुगवेदकसाएहिं दुय-तिय-चउहिं भवंति संगुणिया।
चउवीस वियप्पा ते उदया सव्वे वि पत्तेयं ॥४२॥

[2]एवं पंचसु बंधट्ठाणेसु चत्तालं उदया चउवीसभंगगुणा हवंति। एयावंतो उदयवियप्पा ९६०।

अमूनि सर्वप्रकृत्युदयस्थानानि ४० प्रत्येकं चतुर्विंशतिगुणितानि भवन्तीति तत्सम्भवगाथामाह— ['जुगवेदकसाएहिं' इत्यादि।] हास्यादियुग्मेन २ वेदत्रिकेण ३ कषायचतुष्केण ४ परस्परं संगुणिताश्चतुर्विंशतिविकल्पाः २४ भवन्ति। तानि सर्वाणि चत्वारिंशत्प्रकृत्युदयस्थानानि ४० प्रत्येकं चतुर्विंशतिविकल्पा भङ्गा भेदा भवन्ति ॥४२॥

तदाह—['एवं पंचसु' इत्यादि।] एवं पञ्चसु नवकादिद्वाविंशतिपर्यन्तबन्धस्थानेषु चत्वारिंशत् ४० प्रकृत्युदयस्थानानि चतुर्विंशतिः २४ गुणितानि एतानि एतावन्त उदयविकल्पाः ९६० षष्ट्यधिकनवशतप्रकृत्युदयस्थानभङ्गा भवन्ति।

हास्यादि दो युगल, तीन वेद और चार कषाय इनके परस्पर संगुणित करने पर चौबीस भङ्ग होते हैं। इनसे उपर्युक्त चालीस भङ्गोंको गुणित कर देने पर उदयस्थानोंके सर्व भङ्गोंका योग आ जाता है ॥४२॥

इस प्रकार पाँच बन्धस्थानोंके चालीस उदयस्थानोंको चौबीस भङ्गोंसे गुणा करने पर (४०×२४=९६०) सर्व उदयस्थान विकल्प नौ सौ साठ उपलब्ध होते हैं।

अब पाँच आदि शेष प्रकृतिक उदयस्थानोंके भंगोंका निरूपण करते हैं—

[3]वेदाहया कसाया भवंति भंगा दुवारदुगउदए।
चउ-तिय-दुग एगेगं पंचसु एगोदएसु तदो ॥४३॥

	५	४	३	२	१		०
अणियट्टिम्मि	२	२	१	१	१	सुहुमे	१
	१२	१२	४	३	२		१

एवं सव्वे भंगा मेलिया ३५। पुव्वुत्तेहिं सह एदावंतो ९९५।

1. सं० पञ्चसं० ५, ५१। 2. ५, 'चतुर्विंशत्या' इत्यादिगद्यांशः। 3. ५, ५२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनिवृत्तिकरणस्य द्विकोदये इति पञ्चबन्धक-चतुर्बन्धकानिवृत्तिकरणभागयोस्त्रिवेद-चतुःसंज्वलना-नामेकैकोदयसम्भवं द्विप्रकृत्युदयस्थानं $\begin{smallmatrix}५ & ४\\ २ & १\end{smallmatrix}$ स्यात्। तत्र संज्वलनक्रोध-मान-माया-लोभाश्चत्वारः ४ त्रिभिर्वेदै-

हंताः द्वादशः भङ्गा भवन्ति। द्विद्वादश द्वादश द्वादशेति $\begin{smallmatrix}५ & ४\\ २ & १\\ १२ & १२\end{smallmatrix}$। पश्चान्तरापेक्षया चतुर्बन्धकचरमसमये त्रिद्व्येकबन्धबन्धकेषु अबन्धके पञ्चेषु भागस्थानेषु क्रमेण चतुस्त्रिद्वयेकैकसंज्वलनानामेकैकोदयः सम्भवमेकैकोदयस्थानं स्यात्। तेन तत्र भङ्गाश्चतुस्त्रिद्वयैकैको भूत्वा एकादश ॥४३॥

	बं०	५	४	३	२	१			०		
अनिवृत्तिकरणस्य	उ०	२	२	१	१	१	१	अबन्धे सूक्ष्मे	१	।	एवं सर्वे
	भं०	१२	१२	४	३	२	१		१		

भङ्गा मिलिताः ३५। पूर्वोक्तैः सह एतावन्तो भङ्गाः नवशतपञ्चनवतिः ॥९९५॥

द्वि-उदयमें अर्थात् अनिवृत्तिकरणके पाँच प्रकृतिक और चार प्रकृतिक बन्धस्थानमें जहाँ पर तीनों वेदोंमेंसे किसी एक वेद और चारों कषायोंमेंसे किसी एक कषायका उदय होता है, वहाँ पर तीनों वेदों और चारों कषायोंके परस्पर बारह बारह भङ्ग होते हैं। एक प्रकृतिके उदय वाले पाँच बन्धस्थानोंमें अर्थात् चारप्रकृतिक बन्धस्थानके चरम समयमें, तीन, दो, एक प्रकृतिक बन्धस्थानमें और किसी भी प्रकृतिका बन्ध नहीं करनेवाले ऐसे अबन्धकस्थानमें क्रमसे चार, तीन, दो, एक और एक भङ्ग होते हैं ॥४३॥

इस प्रकार अनिवृत्तिकरणमें दो प्रकृतिके उदयवाले पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानमें बारह, चार प्रकृतिक बन्धस्थानमें बारह, एक प्रकृतिके उदयवाले चार प्रकृतिक बन्धस्थानमें चार, तीन प्रकृतिक बन्धस्थानमें तीन, दो प्रकृतिक बन्धस्थानमें दो और एक प्रकृतिक बन्धस्थानमें एक भङ्ग होता है। तथा किसी भी मोहप्रकृतिका बन्ध नहीं करने वाले सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानमें एकमात्र सूक्ष्म संज्वलनलोभका उदय होनेसे एक भङ्ग होता है। इस प्रकार ये सर्व भङ्ग मिल करके (१२+१२+४+४+२+१+१=३५) पैंतीस भङ्ग हो जाते हैं। इन सर्व भङ्गोंकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है। इन्हें पूर्वोक्त ९६० भङ्गोंमें मिला देने पर मोहनीयकर्मके उदयस्थानसम्बन्धी सर्व विकल्प ९९५ हो जाते हैं।

इन्हीं उदय-विकल्पोंको भाष्यगाथाकार उपसंहार करते हुए प्रकट करते हैं—

[1]दसगादि-उदयठाणाणि भणियाणि मोहणीयस्स।
पंचूणयं सहस्सं उदयवियप्पा हवंति ते चेव ॥४४॥

॥९९५॥

ते कति चेदाह—['दसगादि-उदयठाणाणि' इत्यादि] मोहनीयस्य दशकादीन्येकपर्यन्तान्युदयप्रकृतिस्थानानि भणितानि। तेषां भङ्गाः पञ्चभिर्न्यूनं सहस्रं प्रकृत्युदयस्थानविकल्पा भवन्ति। दशकाद्येकपर्यन्तप्रकृत्युदयस्थानानां भङ्गा विकल्पाः प्रकृत्युदयस्थानभेदा नवशतपञ्चनवतिसंख्योपेताः ९९५ भवन्तीत्यर्थः ॥४४॥

मोहनीयकर्मके दशप्रकृतियोंको आदि लेकर एक प्रकृति पर्यन्त जो दश उदयस्थान कहे गये हैं उनके उदयस्थान-सम्बन्धी सर्व विकल्प पाँच कम एक हजार अर्थात् ९९५ होते हैं ॥४४॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ५३ तथाऽग्रेतनगद्यांशः (पृ० १५९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब उपर्युक्त उदयविकल्पोंके प्रकृति-परिवर्तन-जनित भंगोंका परिमाण कहते हैं—

[1]पुव्वुत्ता जे उदया संगुणिया तेसिं उदयपयडीहिं ।
चउवीसा आदीहि य सगेहिं भंगेहिं होंति पदबंधा ॥४५॥

[2]एए छदसादि-चउरंताणि उदयट्ठाणाणि एयाणि— $\begin{matrix}१०&९&८&७&६&५&४\\१&६&११&१०&७&४&१\end{matrix}$ दसादि† उदयस्थ-पयडिगुणियाणि १०।५४।८८।७०।४२।२०।४। मिलियाणि २८८। पुणो चउवीसभंगगुणियाणि ६९१२। अणियट्टिम्मि सुहुमे य दुगादिउदयपयडीओ २।२।१।१।१।१। सुहुमे । एयाओ एएहिं भंगेहिं १२।१२।४।३। २।१।१।गुणिया एयावंतो २४।२४।४।३।२।१।१। मिलिया ५९। पुव्विल्लेहिं सह पयबंधा एयावंतो ।६९७१।

अथ प्रकृतिभेदेन भङ्गानाह—['पुव्वुत्ता जे उदया' इत्यादि ।] ये पूर्वोक्ता उदयाः, अत्र दशानां एकोदयः $\begin{matrix}१०\\१\end{matrix}$ नवानां षडुदयाः $\begin{matrix}९\\६\end{matrix}$ अष्टानां एकादशोदयाः $\begin{matrix}८\\११\end{matrix}$ सप्तानां दशोदयाः $\begin{matrix}७\\१०\end{matrix}$ षण्णां सप्तोदयाः $\begin{matrix}६\\७\end{matrix}$ पञ्चानां चत्वार उदयाः $\begin{matrix}५\\४\end{matrix}$ चतुर्णामेकोदयः $\begin{matrix}४\\१\end{matrix}$ इत्येते उदयाः १।६।११।१०।७।४।१ एतेषां दशाद्युदयप्रकृतिभिः १०।९।८।७।६।५।४ संगुणिताः १०।५४।८८।७०।४२।२०।४ एते मिलिताः २८८। पुनश्चतुर्विंशति २४ भङ्गताडिताः ६९१२ एते पदबन्धा उदयप्रकृतिविकल्पा भङ्गा भवन्ति । अनिवृत्तिकरणे सूक्ष्मसाम्पराये च द्विकोदयः उदयप्रकृतयः २।२।१।१।१।१ सूक्ष्मे १ । एताः प्रकृतय एतैर्भङ्गैः १२।१२।४।३।२।१ गुणिता एतावन्तः २४।२४।४।३।२।१।१ । मिलिता ५९ । पूर्वैः ६९१२ सह पदबन्धा एतावन्तः ६९७१ मोहप्रकृतिसंख्यायाः पदबन्धा भवन्त्यमी ॥४५॥

जो पहले दशप्रकृतिक आदि उदयस्थान कहे गये हैं, उन्हें पहले उदय होनेवाली प्रकृतियोंसे गुणित करे। पुनः चौबीस आदि स्व-स्व भंगोंसे गुणित करनेपर सर्वपदबन्ध अर्थात् भंग आ जाते हैं। उनका परिमाण ६९७१ है ॥४५॥

अब इन्हीं ६९७१ भंगोंका स्पष्टीकरण करते हैं—दशको आदि लेकर चार प्रकृति-पर्यन्तके जो उदयस्थान हैं, उन्हें दश आदि उदयस्थ प्रकृतियोंके साथ गुणित करनेपर २८८ भंग होते हैं। (इनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी हुई है।) पुनः उन्हें चौबीस भंगोंसे गुणा करनेपर (२८८ × २४ = ६९१२) छह हजार नौ सौ बारह भंग प्राप्त होते हैं। पुनः अनिवृत्तिकरणमें जो दो आदिक उदय-प्रकृतियाँ हैं और सूक्ष्मसाम्परायमें जो एक उदय प्रकृति है, (यथा—२।२।१।१।१।१।) उन्हें इनके १२।१२।४।३।२।१।१ इन भंगोंसे गुणा करनेपर क्रमशः इतने २४।२४।४।३।२।१।१ भंग आते हैं, जो सब मिलाकर ५९ होते हैं। इन्हें पूर्वोक्त ६९१२ में जोड़ देनेपर समस्त पदबन्धोंका अर्थात् भंगोंका प्रमाण ६९७१ होता है।

अब मूलगाथाकार उपर्युक्त सर्व अर्थका उपसंहार करते हैं—

[मूलगा०१६] [3]णवपंचाणउदिसया उदयवियप्पेहिं मोहिया जीवा ।
ऊणत्तरि-एयत्तरिपयबंधसएहिं विण्णेया[1] ॥४६॥

९९५।६९७१।

पञ्चनवत्यधिकनवशतसंख्योपेतैः उदयविकल्पैः प्रकृत्युदयस्थानभङ्गैः ९९५ एकोनसप्ततिशतैकसप्ततिपदबन्धैः षट्सहस्रनवशतैकसप्ततिसंख्योपेतैः ६९७१ पदबन्धैः प्रकृतिविकल्पैः प्रकृत्युदयसंख्याभङ्गैश्च त्रिकाल-

1. सं० पञ्चसं० ५, ५४ । 2. ५, 'दशादीनि' इत्यादिराद्यभागः (पृ० १६०) । 3. ५, ५५ ।

†ब दसा अपि ।

1. सप्ततिका० २० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्रिलोकोदरवर्तिचराचरजीवा मोहिताः वैचित्र्यं प्रापिताः सन्ति ६६५ उदयविकल्पाः स्थानविकल्पाः भवन्ति। ६६७१ प्रकृतिविकल्पा उदयप्रकृतिसंख्याभंगा विज्ञेया भवन्ति ॥४६॥

इति मोहनीयप्रकृत्युदयभेदः समाप्तः।

सर्व संसारी जीव नौ सौ पंचानवे उदय-विकल्पोंसे तथा उनहत्तर सौ इकहत्तर अर्थात् छह हजार नौ सौ इकहत्तर भंगरूप पदबन्धोंसे मोहित हो रहे हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥४६॥

अब मोहनीयके बन्धस्थानोंमें सत्त्वस्थानके भंग सामान्यसे कहते हैं—

[1]पढमे विदिए तीसु वि पंचाई बंधउवरदे कमसो।
कमसो तिण्णि य एगं पंचय छह सत्त चत्तारि ॥४७॥

[2]संतट्ठाणाणि— २२ २१ १७ १३ ९ ५ ४ ३ २ १ ०
३ १ ५ ५ ५ ६ ७ ४ ४ ४ ४

अथ मोहनीयबन्धस्थानेषु सत्त्वस्थानभङ्गान् सामान्येनाह—['पढमे विदिए तीसु वि' इत्यादि।] प्रथमे द्वाविंशतिकबन्धे सत्त्वस्थानानि त्रीणि २८।२७।२६। द्वितीये एकविंशतिके बन्धे सत्त्वस्थानमेकं २८। त्रिषु बन्धेषु सप्तदशकबन्धे त्रयोदशकबन्धे नवकबन्धके च सत्त्वस्थानानि पञ्च २८।२४।२३।२२।२१। पञ्चबन्धके सत्त्वस्थानानि षट् २८।२४।२१।१३।१२।११। चतुर्विंधबन्धके सप्त सत्त्वस्थानानि २८।२४।२१। १३।१२।११।५। त्रिद्व्येकबन्धके अबन्धके च सत्त्वस्थानानि चत्वारि चत्वारि क्रमेण स्वभागबन्धकेषु सत्त्वानि ॥४७॥

२२ २१ १७ १३ ९ ५ ४ ३ २ १ ०
३ १ ५ ५ ५ ६ ७ ४ ४ ४ ४

प्रथम बन्धस्थानमें, द्वितीय बन्धस्थानमें, तदनन्तर क्रमशः तीन बन्धस्थानोंमें, पुनः पंच आदि एक पर्यन्त बन्धस्थानोंमें और उपरतबन्धमें क्रमसे तीन, एक, पाँच, छह, सात और चार सत्त्वस्थान होते हैं ॥४७॥

किस बन्धस्थानमें कितने सत्त्वस्थान होते हैं, इस बातको बतानेवाली अंकसंदृष्टि मूलमें दी हुई है।

एवं ओघेण भणियꙮ विसेसेण वुच्चए—

इस प्रकार ओघसे बन्धस्थानोंमें सत्त्वस्थानोंको कह करके अब मूलगाथाकार विशेषरूपसे उन्हें कहते हैं—

[मूलगा०१७] [3]आइतियं बावीसे इगिवीसे अट्ठवीस कम्मंसा।
सत्तरस तेरस णव बंधए अड-चउ-तिग-दुगेगहियवीसा[1] ॥४८॥

[4]बावीसबंधए संतट्ठाणाणि २८।२७।२६। एगवीसबंधए २८। सत्तरस-तेरस-णवबंधएसु २८।२४।२३।२२।२१।

अथ विशेषेण गुणस्थानेषु मोहबन्धस्थानं प्रति सत्त्वस्थानान्याह—'एवं ओघेण भणिय विसेसेण वुच्चइ' एवं उक्तप्रकारेण सामान्येन मोहप्रकृतिबन्धेषु सत्त्वस्थानानि। भणितानि गुणस्थानैः सह विशेषेण तान्युच्यन्ते—

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ५६। 2. ५, 'मोहस्य सत्तास्थानानि' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १६०)। 3. ५, ५७। 4. ५, 'द्वाविंशतिबन्धके' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १६१)।

१. सप्ततिका० २१। परं तत्रेदक् पाठः—

तिन्नेव य बावीसे इगवीसे अट्ठवीस सत्तरसे।
छच्चेव तेर-नवबंधगेसु पंचेव ठाणाइं ॥

ꙮब भणिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

['आइतियं बावीसे' इत्यादि ।] द्वाविंशतिकबन्धके मिथ्यादृष्टौ आदित्रिकसत्त्वस्थानानि २८।२७।२६। तत्राष्टाविंशतिके सम्यक्त्वप्रकृतौ उद्वेल्लितायां सप्तविंशतिकम् २७ । पुनः सम्यग्मिथ्यात्वे उद्वेल्लिते षड्विंशतिकम् २६ । सासादने एकविंशतिबन्धके अष्टाविंशतिकमेकसत्त्वस्थानम् २८ । सप्तदशबन्धे त्रयोदशबन्धे नवबन्धे च प्रत्येकं अष्टचतुस्त्रिद्व्येकाधिकविंशतिः । अष्टाविंशतिके २८ अनन्तानुबन्धिचतुष्के विसंयोजिते क्षपिते वा चतुर्विंशतिकम् २४ । ततः पुनः मिथ्यात्वे क्षपिते त्रयोविंशतिकम् २३ । तत्र पुनः सम्यङ्मिथ्यात्वे क्षपिते द्वाविंशतिकम् २२ । तत्र पुनः सम्यक्त्वप्रकृतिक्षपिते एकविंशतिकम् २१ । इति पञ्च सत्त्वस्थानानि विसंयोजितानन्तानुबन्धिनः क्षपितमिथ्यात्वादित्रयाणां च तेषु सम्भवात् ॥४८॥

बाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें आदिके तीन सत्त्वस्थान होते हैं। इक्कीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें अट्ठाईस प्रकृतिक एक सत्त्वस्थान होता है। सत्तरह प्रकृतिक, तेरह प्रकृतिक और नवप्रकृतिक बन्धस्थानमें अट्ठाईस, चौबीस, तेईस, बाईस और इक्कीस प्रकृतिक पाँच-पाँच सत्त्वस्थान होते हैं ॥४८॥

बाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें २८, २७ और २६ प्रकृतिक तीन सत्त्वस्थान होते हैं। इक्कीस प्रकृतिक बन्धस्थानमें २८ प्रकृतिक एक ही सत्त्वस्थान होता है। सत्तरह, तेरह और नौ प्रकृतिक सत्त्वस्थानमें २८, २४, २३, २२ और २१ प्रकृतिक पाँच पाँच सत्त्वस्थान होते हैं।

[मूलगा०१८] [1]पंचविहे अड-चउ-एगहियवीसा तेर-बारसेगारं ।
चउविहबंधे संता पंचहिया होंति ते चेव[1] ॥४९॥

पंचविहबंधए २८।२४।२१।१३।१२।११ चउव्विहबंधए २८।२४।२१।१३।१२।११।५।

पञ्चविधबन्धकेऽष्टचतुरेकाधिकविंशतिः [त्रयोदश द्वादश एकादश च] सत्त्वस्थानानि भवन्ति । चतुर्विधबन्धके तानि पूर्वोक्तानि पञ्चाधिकानि सत्त्वस्थानानि भवन्ति । तथाहि—पुंवेदसंज्वलनचतुष्कमिति पञ्चविधबन्धके अनिवृत्तिकरणोपशमश्रेण्यां अष्टाविंशतिकसत्त्वस्थानम् २८ । तत्रानन्तानुबन्धिविसंयोजिते २४ दर्शनमोहसप्तके क्षपिते २१ एकविंशतिकम् । तत्पञ्चविधबन्धके अनिवृत्तिकरणक्षपकश्रेण्यां मध्यमकषायाष्टके क्षपिते त्रयोदशकं १३ सत्त्वस्थानम् । षण्ढे स्त्रीवेदे वा क्षपिते द्वादशं सत्त्वस्थानकम् १२ । पुनः स्त्रीवेदे वा षण्ढवेदे क्षपिते एकादशकसत्त्वस्थानम् ११ । पुंवेदं विना चतुर्विधसंज्वलनबन्धकेऽनिवृत्तिकरणोपशमश्रेण्यां २८ अनन्तानुबन्धिविसंयोजिते २४ क्षपितदर्शनमोहसप्तके एकविंशतिकं सत्त्वस्थानम् २१ । तच्चतुर्विधबन्धकानिवृत्तिकरणक्षपकश्रेण्यां एकविंशतिकसत्त्वस्थाने २१ मध्यमकषायाष्टके क्षपिते त्रयोदशकं सत्त्वस्थानम् १३ । षण्ढे स्त्रीवेदे वा क्षपिते द्वादशकं सत्त्वस्थानम् १२ । पुनः स्त्रीवेदे वा षण्ढवेदे क्षपिते ११ । पुनः षण्णोकषाये क्षपिते पञ्च सत्त्वं संज्वलनचतुष्कं पुंवेदश्चेति पञ्चप्रकृतिसत्त्वम् ५ ॥४९॥

पञ्चकबन्धकेऽनिवृत्तिकरणोपशमके सत्त्वस्थानानि २८।२४।२१ तच्चतुर्बन्धप्रकृतिक्षपके सत्त्वस्थानानि २१।१३।१२।११।५ ।

पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानमें अट्ठाईस, चौबीस, इक्कीस, तेरह, बारह और ग्यारह ये छह सत्त्वस्थान होते हैं। चार प्रकृतिक बन्धस्थानमें पाँच प्रकृतिक सत्त्वस्थानसे अधिक वे ही छह अर्थात् सात सत्त्वस्थान होते हैं ॥४९॥

पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानमें २८।२४।२१।१३।१२।११ ये छह सत्त्वस्थान तथा चार प्रकृतिक बन्धस्थानमें २८।२४।२१।१३।१२।११।५ ये सात सत्त्वस्थान होते हैं।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ५६ ।

१. सप्ततिका० २२ परं तत्रेदक् पाठः—

पञ्चविह-चउविहेसुं छ छक्क सेसेसु जाण पंचेव ।
पत्तेयं पत्तेयं चत्तारि य बंधवोच्छेए ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[मूलगा०१६] सेसेसु अबंधम्मि य संता अड-चउर-एगहियवीसा ।
ते पुण अहिया णेया कमसो चउ-तिय-दुगेगेण[1] ॥५०॥

सेसे बंधतिए, अबंधे वि चत्तारि संतट्ठाणाणि। तत्थ तिबंधए २८।२४।२१।४। दुबंधए २८।२४।२१।३। एयबंधे २८।२४।२१।२। अबंधे २८।२४।२१।१।

शेषु त्रिद्व्येकबन्धके अबन्धके च प्रत्येकं अष्टाविंशतिकं २८ चतुर्विंशतिकं २४ एकविंशतिकं च २१। तानि पुनः क्रमशश्चतुस्त्रिद्विकैकेनाधिकानि मोहसत्त्वस्थानानि। तथाहि अनिवृत्तिकरणे संज्वलनमानमाया-लोभत्रयबन्धके उपशमके २८।२४।२१। अनन्तानुबन्धिचतुष्कस्य विसंयोजितदर्शनमोहसप्तकस्य क्षपणं च तत्र सम्भवात्। तत्त्रिबन्धानिवृत्तिक्षपके पुंवेदे क्षयं गते चतुःसंज्वलनसत्त्वस्थानम् ४। तद्द्विकबन्धोपशमके २८।२४।२१। क्षपके क्रोधे क्षपिते संज्वलनत्रिकसत्त्वस्थानम् ३। अनिवृत्तिकरणोपशमके एकबन्धके २८।२४।२१। क्षपके च मानक्षपिते संज्वलनमाया-लोभसत्त्वद्वयम् २। अबन्धके सूक्ष्मसाम्पराये उपशमश्रेण्यां २८।२४।२१। क्षपकश्रेण्यां सूक्ष्मलोभसत्त्वं सूक्ष्मकृष्टिकरणरूपलोभसत्त्वमेकम् १। इति त्रिद्व्येकबन्धके अबन्धके च चत्वारि सत्त्वस्थानानि ४।३।२।१ ॥५०॥

शेष तीन, दो और एक बन्धस्थानमें और अबन्धक स्थानमें क्रमशः चार, तीन, दो और एक प्रकृतिक सत्त्वस्थानसे अधिक अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक ये चार-चार सत्त्वस्थान होते हैं ॥५०॥

शेष तीन बन्धस्थानोंमें और अबन्धकस्थानमें चार-चार सत्त्वस्थान होते हैं। उनमेंसे तीन प्रकृतिक बन्धस्थानमें २८।२४।२१।४ ये चार सत्त्वस्थान होते हैं। द्विप्रकृतिक बन्धस्थानमें २८।२४।२१।३ ये चार सत्त्वस्थान होते हैं। एक प्रकृतिक बन्धस्थानमें २८।२४।२१।२ ये चार सत्त्वस्थान होते हैं। तथा अबन्धकस्थानमें २८।२४।२१।१ ये चार सत्त्वस्थान होते हैं।

विशेषार्थ—मोहनीयके किस-किस बन्धस्थानमें किस-किस उदयस्थानके साथ कौन-कौन से सत्त्वस्थान किस प्रकार सम्भव हैं, इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—बाईस प्रकृतिक बन्ध-स्थान मिथ्यादृष्टिके होता है। इसके सात, आठ, नौ और दश प्रकृतिक चार उदयस्थान और अट्ठाईस, सत्ताईस और छब्बीस प्रकृतिक ये तीन सत्त्वस्थान होते हैं। इनमेंसे सातप्रकृतिक उदयस्थानके समय अट्ठाईस प्रकृतिक एक ही सत्त्वस्थान होता है। इसका कारण यह है कि सातप्रकृतिक उदयस्थान अनन्तानुबन्धीके उदयके विना ही प्राप्त होता है और मिथ्यात्वमें अनन्ता-नुबन्धीके उदयका अभाव उसी जीवके होता है जिसने पहले सम्यग्दृष्टिकी दशामें अनन्तानुबन्धि-चतुष्ककी विसंयोजना की है। पुनः सम्यक्त्वसे गिरकर और मिथ्यात्वमें जाकर जिसने मिथ्यात्वके निमित्तसे पुनः अनन्तानुबन्धि-चतुष्कका बन्ध प्रारम्भ किया। ऐसे जीवके एक आवलीकाल तक अनन्तानुबन्धी कषायका उदय नहीं होता है। किन्तु ऐसे जीवके अट्ठाईस प्रकृतियोंका सत्त्व अवश्य पाया जाता है। इसलिए यह सिद्ध हुआ कि सात प्रकृतिक उदयस्थानमें अट्ठाईस प्रकृतिक एक ही सत्त्वस्थान होता है। आठ प्रकृतिक उदयस्थानमें अट्ठाईस, सत्ताईस और छब्बीस ये तीनों ही सत्त्वस्थान होते हैं। इसका कारण यह है कि आठ प्रकृतिक उदयस्थान दो प्रकारका होता है—एक तो अनन्तानुबन्धीके उदयसे रहित और दूसरा अनन्तानुबन्धीके उदयसे सहित। इनमेंसे अनन्तानुबन्धीके उदयसे रहित आठ प्रकृतिक उदयस्थानमें अट्ठाईस प्रकृतिक एक ही सत्त्वस्थान होता है। तथा अनन्तानुबन्धीके उदयसे सहित आठ प्रकृतिक उदयस्थानमें आदिके तीनों ही सत्त्वस्थान सम्भव है। वह इस प्रकार कि जब तक सम्यक्त्वप्रकृतिकी उद्वेलना नहीं होती, तब तक अट्ठाईसप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। सम्यक्त्वप्रकृतिकी उद्वेलना हो जाने पर

१. श्वे० सप्ततिकायां गाथेयं नास्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्ताईसप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना हो जाने पर छब्बीसप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। इसके अतिरिक्त छब्बीसप्रकृतिक सत्त्वस्थान अनादिमिथ्यादृष्टके भी होता है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धीके उदयसे रहित नौप्रकृतिक उदयस्थानमें अट्ठाईसप्रकृतिक एक सत्त्वस्थान तो होता ही है; किन्तु अनन्तानुबन्धीके उदयसे सहित उसी नौ प्रकृतिक उदयस्थानमें आदिके तीनों ही सत्त्वस्थान सम्भव है। दशप्रकृतिक उदयस्थान अनन्तानुबन्धीके उदयवाले जीवके ही होता है, अतएव उसमें अट्ठाईस, सत्ताईस और छब्बीसप्रकृतिक तीनों सत्त्वस्थान बन जाते हैं।

इक्कीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें अट्ठाईसप्रकृतिक एक सत्त्वस्थान होता है। इसका कारण यह है कि इक्कीसप्रकृतिक बन्धस्थान सासादनगुणस्थानवर्ती जीवके ही होता है और यह गुणस्थान उपशमसम्यक्त्वसे च्युत हुए जीवके ही होता है। किन्तु ऐसे जीवके दर्शनमोहनीयकी तीनों प्रकृतियोंका सत्त्व अवश्य पाया जाता है। इक्कीसप्रकृतिक बन्धस्थानवाले जीवके उदयस्थान सात, आठ और नौप्रकृतिक तीन पाये जाते हैं, अतएव उनके साथ एक ही अट्ठाईस प्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है।

सत्तरह प्रकृतिक बन्धस्थानके साथ अट्ठाईस, सत्ताईस, चौबीस, तेईस, बाईस और इक्कीसप्रकृतिक छह सत्त्वस्थान होते हैं। सत्तरहप्रकृतिक बन्धस्थान सम्यग्मिथ्यादृष्टि और असंयतसम्यग्दृष्टि इन दो गुणस्थानोंमें होता है। इनमेंसे सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके सात, आठ और नौप्रकृतिक तीन उदयस्थानसे होते हैं और अविरतसम्यग्दृष्टि जीवोंके छह, सात, आठ और नौ प्रकृतिक चार उदयस्थान होते हैं। इनमेंसे छहप्रकृतिक उदयस्थान उपशमसम्यक्त्वी या क्षायिकसम्यक्त्वी जीवोंके प्राप्त होता है। इनमेंसे उपशमसम्यक्त्वी जीवोंके अट्ठाईस और चौबीस प्रकृतिक दो सत्त्वस्थान होते हैं। अट्ठाईसप्रकृतिक सत्त्वस्थान प्रथमोपशमसम्यक्त्वके समय होता है। जो जीव अनन्तानुबन्धीका उपशम करके उपशमश्रेणी पर चढ़कर गिरा है, उस अविरतसम्यग्दृष्टिके भी अट्ठाईस प्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। तथा जिसने अनन्तानुबन्धीकी उद्वेलना या विसंयोजना की है, उस औपशमिक अविरतसम्यक्त्वीके चौबीस प्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। किन्तु क्षायिक सम्यग्दृष्टिके केवल इक्कीस प्रकृतिक एक ही सत्त्वस्थान होता है; क्योंकि अनन्तानुबन्धिचतुष्क और दर्शनमोहत्रिक इन सात प्रकृतियोंके क्षय होने पर ही क्षायिकसम्यक्त्वकी प्राप्ति होती है। इस प्रकार छह प्रकृतिक उदयस्थानमें अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक तीनों ही सत्त्वस्थान होते हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके सात प्रकृतिक उदयस्थानके साथ अट्ठाईस, सत्ताईस और चौबीसप्रकृतिक तीन सत्त्वस्थान होते हैं। इनमेंसे अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो जीव तीसरे गुणस्थानको प्राप्त होता है, उसके अट्ठाईसप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। किन्तु जिस मिथ्यादृष्टिने सम्यक्त्वप्रकृतिकी उद्वेलना करके सत्ताईस प्रकृतिक सत्त्वस्थानको तो प्राप्त कर लिया है, किन्तु अभी सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना नहीं की है, वह यदि मिथ्यात्वसे सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानको प्राप्त होता है, तो उसके सत्ताईसप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। सम्यग्दृष्टि रहते हुए जिसने अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना की है, वह यदि संक्लेशपरिणामोंके वशसे सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानको प्राप्त हो, तो उसके चौबीसप्रकृतिक सत्त्वस्थान पाया जाता है। किन्तु अविरतसम्यक्त्वी जीवके सात प्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए अट्ठाईस, चौबीस, तेईस, बाईस और इक्कीस पाँच सत्त्वस्थान होते हैं। इनमेंसे अट्ठाईस और चौबीस प्रकृतिक सत्त्वस्थान तो उपशमसम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके होता है। किन्तु इतनी विशेषता है कि चौबीस प्रकृतिक सत्त्वस्थान अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी विसंयोजना करनेवालोंके ही होता है। तेईस और बाईस प्रकृतिक सत्त्वस्थान केवल वेदकसम्यक्त्वी जीवोंके ही होते हैं। इसका कारण यह है कि आठ वर्षसे ऊपरकी आयुवाला जो वेदकसम्यक्त्वी जीव दर्शनमोहकी क्षपणाके लिए अभ्युद्यत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होता है, उसके अनन्तानुबन्धि-चतुष्क और मिथ्यात्व, इन पाँचके क्षय हो जाने पर तेईस प्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। पुनः उसीके सम्यग्मिथ्यात्वका क्षय हो जाने पर बाईसप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। यह बाईसप्रकृतिक सत्त्वस्थान कृतकृत्य वेदकसम्यग्दृष्टि जीव की अपेक्षा चारों ही गतियोंमें सम्भव है। इसी प्रकार आठप्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए भी सम्यग्मिथ्यादृष्टि और अविरतसम्यग्दृष्टि जीवोंके क्रमशः पूर्वोक्त तीन और पाँच सत्त्वस्थान होते हैं। नौ प्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए भी इसी प्रकार जानना चाहिए। किन्तु अविरतोंमें नौप्रकृतिक उदयस्थान वेदकसम्यग्दृष्टियोंके ही होता है और वेदकसम्यग्दृष्टियोंके अट्ठाईस, चौबीस, तेईस और बाईस प्रकृतिक चार सत्त्वस्थान पाये जाते हैं, अतः यहाँ पर भी उक्त चार सत्तास्थान होते हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टिके सत्तरहप्रकृतिक बन्धस्थान, सात, आठ और नौप्रकृतिक तीन उदयस्थान तथा अट्ठाईस, सत्ताईस और चौबीस प्रकृतिक तीन सत्तास्थान होते हैं। अविरतसम्यग्दृष्टियोंमें उपशमसम्यग्दृष्टिके सत्तरहप्रकृतिक एक बन्धस्थान, छह, सात और आठ प्रकृतिक तीन उदयस्थान, तथा अट्ठाईस और चौबीस प्रकृतिक दो सत्तास्थान होते हैं। क्षायिकसम्यग्दृष्टिके सत्तरह प्रकृतिक एक बन्धस्थान, छह, सात और आठ प्रकृतिक तीन उदयस्थान, तथा इक्कीसप्रकृतिक एक सत्तास्थान होता है। वेदकसम्यग्दृष्टिके सत्तरहप्रकृतिक एक बन्धस्थान सात,आठ और नौ प्रकृतिक तीन उदयस्थान, तथा अट्ठाईस, चौबीस, तेईस और बाईस प्रकृतिक चार सत्तास्थान होते हैं।

तेरहप्रकृतिक बन्धस्थानमें अट्ठाईस, चौबीस, तेईस, बाईस और इक्कीस प्रकृतिक पाँच सत्त्वस्थान होते हैं। तेरह प्रकृतियोंका बन्ध देशविरतोंके होता है। वे दो प्रकारके होते हैं—एक तिर्यंच, दूसरे मनुष्य। इनमें जो तिर्यंच देशविरत हैं, उनके चारों ही उदयस्थानोंमें अट्ठाईस और चौवीस प्रकृतिक दो सत्त्वस्थान होते हैं। इनमेंसे अट्ठाईसप्रकृतिक सत्त्वस्थान तो उपशमसम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि इन दोनों प्रकारके देशविरत तिर्यंचोंके होता है। उसमें भी जो प्रथमोपशमसम्यक्त्वको उत्पन्न करनेके समय ही देशविरतिको प्राप्त करता है, उसी देशविरतके उपशमसम्यक्त्वके रहते हुए अट्ठाईसप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। जो देशविरत मनुष्य हैं उनके पाँच प्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक तीन सत्त्वस्थान होते हैं। छहप्रकृतिक और सातप्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए प्रत्येकमें अट्ठाईस, चौबीस, तेईस और इक्कीस प्रकृतिक पाँच सत्त्वस्थान होते हैं। तथा आठप्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए अट्ठाईस, चौबीस, तेईस और बाईस प्रकृतिक चार सत्त्वस्थान होते हैं।

नौ प्रकृतिक बन्धस्थान प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत जीवोंके होता है। इनके चार, पाँच, छह और सात प्रकृतिक चार उदयस्थान होते हैं। इनमेंसे चार प्रकृतिक उदयस्थानके साथ दोनों गुणस्थानोंमें अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक तीन ही सत्त्वस्थान होते हैं; क्योंकि यह उदयस्थान उपशमसम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टिके ही होता है। पाँच और छह प्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए पाँच-पाँच सत्त्वस्थान होते हैं, क्योंकि ये उदयस्थान तीनों प्रकारके सम्यग्दृष्टि जीवोंके सम्भव हैं। किन्तु सातप्रकृतिक उदयस्थान वेदकसम्यग्दृष्टि जीवके ही होता है। अतएव यहाँ इक्कीसप्रकृतिक सत्त्वस्थानसम्भव नहीं है; शेष चार ही सत्त्वस्थान होते हैं।

पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानमें द्विकप्रकृतिक एक उदयस्थान और अट्ठाईस, चौबीस, इक्कीस, तेरह, बारह और ग्यारह ये छह सत्तास्थान होते हैं। इनमेंसे उपशमश्रेणीकी अपेक्षा आदिके तीन सत्तास्थान पाये जाते हैं। तथा क्षपकश्रेणीकी अपेक्षा इक्कीस, तेरह, बारह और ग्यारह ये चार सत्तास्थान होते हैं। जिस अनिवृत्तिबादरसंयतने आठ मध्यम कषायोंका क्षय नहीं किया, उसके इक्कीसप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। उसीके आठ कषायोंका क्षय होने पर तेरह प्रकृतिक सत्तास्थान होता है। पुनः नपुंसकवेदका क्षय होने पर बारहप्रकृतिक सत्तास्थान होता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है और स्त्रीवेदका क्षय होने पर ग्यारहप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। इस प्रकार पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानमें दोनों श्रेणियोंकी अपेक्षा छह सत्तास्थान होते हैं।

चारप्रकृतिक बन्धस्थानमें द्विकप्रकृतिक और एकप्रकृतिक ये दो उदयस्थान और अट्ठाईस, चौबीस, इक्कीस, तेरह, बारह, ग्यारह और पाँच प्रकृतिक सात सत्तास्थान होते हैं। चार प्रकृतिक बन्धस्थान भी दोनों श्रेणियोंमें होता है। अतः उनके साथ उपशमश्रेणीमें अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक तीन सत्तास्थान होते हैं। शेष चार सत्तास्थान क्षपकश्रेणीकी अपेक्षा जानना चाहिए। उनमेंसे तेरह, बारह और ग्यारह प्रकृतिक सत्तास्थानोंका वर्णन तो पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानके समान ही जानना चाहिए। उसी जीवके हास्यादिषट्कके क्षय हो जाने पर पाँच प्रकृतिक सत्तास्थान होता है।

तीन, दो और एक बन्धस्थानमें एक प्रकृतिक उदय और चार चार सत्तास्थान होते हैं, यह बात पहले स्वयं ग्रन्थकार बतला आये हैं। उन चार सत्तास्थानोंमेंसे अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक तीन सत्तास्थान तो उपशमश्रेणीमें ही होते हैं। शेष चार प्रकृतिक, तीन प्रकृतिक और द्विप्रकृतिक एक-एक सत्तास्थानका स्पष्टीकरण यह है कि उसी अनिवृत्तिबादरसंयतके वेदोंका क्षय होने पर चार प्रकृतिक सत्तास्थान पाया जाता है। संज्वलन क्रोधके क्षय हो जाने पर तीन प्रकृतिक सत्तास्थान होता है, संज्वलन मानके क्षय हो जाने पर द्विप्रकृतिक सत्तास्थान होता है और संज्वलन मायाके क्षय हो जाने पर एकप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। पुनः अबन्धक सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपकके एकप्रकृतिक उदयस्थानके साथ एकप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। किन्तु अबन्धक सूक्ष्मसाम्परायिक उपशमकके एक प्रकृतिक उदयस्थानके साथ अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक तीन सत्तास्थान पाये जाते हैं।

[मूलगा०२०] [1]दस णव पण्णरसाइ बंधोदयसंतपयडिठाणाणि।
भणियाणि मोहणिज्जे इत्तो णामं परं वोच्छं[1] ॥५१॥

मोहनीये बन्धोदयसत्त्वप्रकृतिस्थानानि क्रमेण दश १० नव ९ पञ्चदश १५ भणितानि। मोहनीयप्रकृतिबन्धस्थानानि १० मोहप्रकृत्युदयस्थानानि ९ मोहप्रकृतिसत्त्वस्थानानि १५। इतः परं नामकर्मणस्तानि बन्धोदयसत्त्वप्रकृतिस्थानान्यहं वक्ष्यामि ॥५१॥

इस प्रकार मोहनीयकर्मके दश बन्धस्थान, नौ उदयस्थान और पन्द्रह सत्त्वस्थान कहे। अब इससे आगे नामकर्मके बन्धस्थान, उदयस्थान और सत्त्वस्थानोंको कहेंगे ॥५१॥

अब उनमेंसे सबसे पहले नामकर्मके बन्धस्थान कहते हैं—

[मूलगा०२१] [2]तेवीसं पणुवीसं छव्वीसं अट्ठवीसमुगुतीसं।
तीसेक्कतीसमेगं बंधट्ठाणाणि णामस्स[2] ॥५२॥

२३।२५।२६।२८।२९।३०।३१।१।

नामकर्मणः बन्धस्थानानि त्रयोविंशतिकं २३ पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ अष्टाविंशतिकं २८ एकोनत्रिंशत्कं २९ त्रिंशत्कं ३० एकत्रिंशत्कं ३१ एककं १ इत्यष्टौ २३।२५।२६।२८।२९।३०।३१।१। आद्यानि सप्त मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरणषष्ठभागान्तं यथासम्भवं बध्यन्ते। एकं यशःकीर्त्तिकं १ उभयश्रेण्योरपूर्वकरणसप्तमभागप्रथमसमयात्सूक्ष्मसाम्परायचरमसमयपर्यन्तं बध्यते ॥५२॥

---

1. सं०पञ्चसं० ५, ६०। 2. ५, ६१।

१. सप्ततिका० २३। २. सप्ततिका० २४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नाम कर्मके तेईस, पच्चीस, छब्बीस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस, इकतीस और एक प्रकृतिक, इस प्रकार ये आठ बन्धस्थान होते हैं ॥५२॥

अब नामकर्मके चारों गतियोंमें संभव बन्धस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[1]इगि पंच तिण्णि पंचय बंधट्ठाणा हवंति णामस्स ।
णिरयगइ तिरिय मणुया देवगईसंजुआ होंति ॥५३॥

१।५।३।५

क गत्यां कियन्ति स्थानानि सम्भवन्तीत्याह—['इगि पंच तिण्णि' इत्यादि ।] नरकगतिं याता मिथ्यादृष्टिजीवेन तिर्यग्मनुष्येण नरकगतियुक्तं नामकर्मणः बन्धस्थानं एकं बध्यते १ । तिर्यग्गत्यां तिर्यग्गतिसंयुक्तानि नामकर्मणः बन्धस्थानानि पञ्च भवन्ति ५ । मनुष्यगत्यां मनुष्यगत्या सह नाम्नः कर्मणः बन्धस्थानानि त्रीणि भवन्ति ३ । देवगतौ देवगतिसंयुक्तानि नामकर्मणः बन्धस्थानानि पञ्च भवन्ति ॥५३॥

नरकगतिसंयुक्त नामकर्मका एक बन्धस्थान है । तिर्यग्गतिसंयुक्त नामकर्मके पाँच बन्धस्थान हैं । मनुष्यगतिसंयुक्त नामकर्मके तीन बन्धस्थान है और देवगतिसंयुक्त नामकर्मके पाँच बन्धस्थान होते हैं ॥५३॥

नरकगतियुक्त १ । तिर्यग्गतियुक्त ५ । मनुष्यगतियुक्त ३ । देवगतियुक्त ५ बन्धस्थान ।

अब आचार्य उक्त स्थानोंका स्पष्टीकरण करते हैं—

अट्ठावीसं णिरए तेवीसं पंचवीस छव्वीसं ।
उणतीसं तीसं च हि तिरियगईसंजुआ पंच ॥५४॥

णिरए २८ । तिरियगईए २३।२५।२६।२९।३०

तानि कानि ? ['अट्ठावीसं णिरए' इत्यादि ।] नरकगत्यां नरकगतिं यातो जीवो नामप्रकृत्यष्टाविंशतिमेकं स्थानं बध्नाति २८ । तिर्यग्गतौ त्रयोविंशतिकं २३ पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ एकोनत्रिंशत्कं २९ त्रिंशत्कं ३० चेति पञ्च नामकर्मणः प्रकृतिबन्धस्थानानि तिर्यग्गतियुक्तानि भवन्ति ॥५४॥

नरकगतौ २८ । तिर्यग्गतौ २३।२५।२६।२९।३० ।

नरकगतिके साथ बँधनेवाला नामकर्मका अट्ठाईसप्रकृतिक एक बन्धस्थान है । तेईस, पच्चीस, छब्बीस, उनतीस और तीस प्रकृतिक पाँच बन्धस्थान तिर्यग्गति-संयुक्त बँधते हैं ॥५४॥

नरकगतियुक्त २८ । तिर्यग्गतियुक्त २३।२५।२६।२९।३० ।

पणुवीसं उणतीसं तीसं च तिण्णि हुंति मणुयगई ।
[2]देवगईए चउरो एक्कत्तीसादि णिग्गदी एयं ॥५५॥

मणुयगईए २५।२९।३० । देवगईए ३१।३०।२९।२८।१

मनुष्यगतौ पञ्चविंशतिकं २५ एकोनत्रिंशत्कं २९ त्रिंशत्कं ३० चेति त्रीणि नामप्रकृतिबन्धस्थानानि मनुष्यगतियुक्तानि भवन्ति २५।२९।३० । देवगत्यां एकत्रिंशत्कादीनि चत्वारि । एकं गतिबन्धरहितं एकं यशो बध्नाति । देवगतौ ३१।३०।२९।२८।१ ॥५५॥

मनुष्यगतिके साथ नामकर्मके पच्चीस, उनतीस और तीस प्रकृतिक तीन स्थान बँधते है । देवगतिके साथ इकतीस प्रकृतिक स्थानको आदि लेकर चार स्थान बँधते हैं । एकप्रकृतिक स्थान गति-रहित बँधता है ॥५५॥

मनुष्यगतियुक्त २५।२९।३० । देवगतियुक्त ३१।३०।२९।२८। गतिरहित १ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ६२ । 2. ५, १०१ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]णिरयदुयं पंचिंदिय वेउव्विय तेउ कम्म णामं च ।
वेउव्वियंगवंगं वण्णचउक्कं तहा हुंडं ॥५६॥
अगुरुयलहुअचउक्कं तसचउ असुहं च अप्पसत्थगई ।
अथिर दुब्भग दुस्सर अणाइज्जं चेव णिमिणं च ॥५७॥
अजसकित्ती य तहा अट्ठावीसा हवंति णायव्वा ।
णिरयगईसंजुत्तं मिच्छादिट्ठी दु बंधंति ॥५८॥

[2]एत्थ णिरयगईए सह वुत्तिअभावादो एइंदियवियलिंदियजाईओ ण बज्झंति । तेण भंगो ।१।

अथ नरकगतिं प्रति गन्तारो जीवा मिथ्यादृष्टयः नामकर्मप्रकृतीरष्टाविंशतिं बध्नन्तीत्याह— ['णिरयदुयं पंचिंदिय' इत्यादि ।] नरकगतितदानुपूर्वीद्वयं २ पञ्चेन्द्रियं १ वैक्रियिकं १ तैजसं १ कार्मणं १ वैक्रियिकाङ्गोपाङ्गं १ वर्णचतुष्कं ४ हुण्डकं १ अगुरुलघूपघातपरघातोच्छ्वासचतुष्कं ४ त्रस-बादर-प्रत्येक-पर्याप्त-चतुष्कं ४ अशुभं १ अप्रशस्तविहायोगतिः १ अस्थिरं १ दुर्भगं १ दुःस्वरं १ अनादेयं १ निर्माणं १ अयश-स्कीर्तिः १ चेत्यष्टाविंशतिं प्रकृतीर्नरकगतियुक्ता मिथ्यादृष्टयस्तिर्यञ्चो मनुष्या वा बध्नन्ति २८ ॥५६–५८॥

अत्राष्टाविंशतिके नरकगत्या सह प्रवृत्तिविरोधात् एकेन्द्रियविकलेन्द्रियजातयो न बध्यन्ते, संहननानि च न बध्यन्ते; तेन भङ्ग एकः १ ।

अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें नरकद्विक (नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी) पंचेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिकशरीर-अंगोपांग, वर्णचतुष्क, (रूप, रस, गन्ध, स्पर्श नामकर्म) हुण्डकसंस्थान, अगुरुलघुचतुष्क (अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास), त्रस चतुष्क (त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर) अशुभ, अप्रशस्तविहायोगति, अस्थिर, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, निर्माण और अयशः कीर्त्ति; ये अट्ठाईस प्रकृतियाँ जानना चाहिए । इन प्रकृतियों-का नरकगतिसंयुक्त बन्ध मिथ्यादृष्टि मनुष्य या तिर्यञ्च करते हैं ॥५६–५८॥

यहाँ नरकगतिके साथ उदय न पाये जानेसे एकेन्द्रिय और विकेन्द्रिय जातियाँ नहीं बँधती हैं, इसलिए भंग एक ही होता है ।

[3]तत्थ य पढमं तीसं तिरियदुगोराल तेज कम्मं च ।
पंचिंदियजाई वि य छस्संठाणाणमेयदरं ॥५९॥
ओरालियंगवंगं छस्संठाणाणमेयदरं ।
वण्णचउक्कं च तहा अगुरुयलहुयं च चत्तारि ॥६०॥
उज्जोउ तसचउक्कं थिराइछज्जुयलाणमेयदर णिमिणं ।
बंधइ मिच्छादिट्ठी एयदरं दो विहायगदी ॥६१॥

[4]एत्थ य* पढमतीसे छस्संठाण-छसंघयण-थिराइछज्जुयल-विहायगईजुयलाणि ६।६।२।२।२।२।२।२।२। अण्णोण्णगुणिया भंगा ४६०८ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ६३-६५ । 2. ५, 'नरकगत्या सह' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १६२) ।
3. ५, ६७-६९½ । 4. ५, 'तत्र प्रथमत्रिंशति' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १६२) ।
*ब 'एयत्थ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथ तिर्यग्गतिं प्रति गन्ता मिथ्यादृष्टिर्जीवः प्रथमं त्रिंशत्कं स्थानं बध्नातीति गाथात्रयेणाह— ['तत्थ य पढमं तीसं' इत्यादि ।] तत्र तिर्यग्गत्यां बन्धस्थानेषु प्रथमं नामप्रकृतित्रिंशत्कं मिथ्यादृष्टिर्बध्नाति । तदाह—तिर्यग्गतिद्वयं २ औदारिक-तैजस-कार्मणशरीरत्रयं ३ पञ्चेन्द्रियं १ संस्थानानां षण्णां मध्ये एकतरसंस्थानं १ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ षण्णां संहननानां मध्ये एकतरं संहननं १ वर्णचतुकं ४ अगुरुलघुचतुष्कं ४ उद्योतं १ त्रसचतुष्कं ४ स्थिरादिषड्युग्मानां संख्योपेतानां मध्ये एकतरं १।१।१।१।१।१ । निर्माणं १ विहायोगतिद्वयस्य मध्ये एकतरं १ चेति नामकर्मप्रकृतित्रिंशत्कं प्रथमं स्थानं ३० मिथ्यादृष्टिर्बध्नाति । एताः ३० प्रकृतीर्बद्ध्वा मरणं प्राप्य पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवो जायते इत्यर्थः ॥५९-६१॥

अत्र प्रथमत्रिंशत्के स्थाने षट् संस्थान-संहनन-स्थिरादि षड्युगलविहायोगतियुगलानि ६।६।२।२।२।२।२।२ एतेऽङ्काः अन्योन्यगुणिता भङ्गाः ४६०८ ।

तिर्यग्द्विक (तिर्यग्गति, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी), औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, पंचेन्द्रियजाति, छह संस्थानोंमेंसे कोई एक, औदारिकशरीर-अंगोपांग, छह संहननोंमेंसे कोई एक, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, उद्योत, त्रसचतुष्क, (स्थिर-अस्थिर, शुभ-अशुभ, सुभग-दुर्भग, सुस्वर-दुःस्वर, आदेय-अनादेय और यशःकीर्त्ति-अयशःकीर्त्ति इन) स्थिरादि छह युगलोंमेंसे कोई एक एक, निर्माण, दो विहायोगतियोंमेंसे कोई एक, इन प्रथम प्रकारवाली तीस प्रकृतियोंको नारकी मिथ्यादृष्टि जीव बाँधता है ॥५९-६१॥

इस प्रथम तीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें छह संस्थान, छह संहनन, स्थिरादि छह युगल और विहायोगतिद्विक इनके परस्पर गुणा करनेपर (६×६×२×२×२×२×२×२×२×२= ४६०८) चार हजार छह सौ आठ भंग होते हैं ।

[1]एमेव विदियतीसं णवरि असंपत्त हुंडसंठाणं ।
अवणिज्जो एयदरं सासणसम्मो दु बंधेइ ॥६२॥

एत्थ विदियतीसे सासणा अंतिमसंठाणा संघयणाणि बंधं णागच्छंति, तज्जोगतिव्वसंकिलेसस्स अभावादो । ५।५।२।२।२।२।२।२।२। अण्णोण्णगुणिया भंगा ३२०० । एए पुव्वपविट्ठा पुणरुत्ता इदि ण घेप्पंति ।

एवं प्रथमत्रिंशत्कोक्तप्रकृतिबन्धस्थानप्रकारेण द्वितीयं त्रिंशत्कं स्थानं ३० भवति । नवरि विशेषः किन्तु असम्प्राप्तसृपाटिकसंहनन-हुण्डकसंस्थानद्वयं अपनीय दूरीकृत्य पञ्चानां संस्थानानां पञ्चानां संहननानां च एकतरं संस्थानं १ संहननं १ सासादनस्थो जीवः द्वितीयत्रिंशत्कं बध्नाति । अन्त्यसंस्थानसंहननद्वयं वर्जयित्वा । द्वितीयत्रिंशत्कनामप्रकृतिस्थानं ३० चातुर्गतिकः सासादनगुणस्थानवर्ती जीवो बद्ध्वा पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवः समुत्पद्यते ॥६२॥

अत्र द्वितीयत्रिंशत्के सासादना जीवा अन्तिमसंस्थान-संहननद्वयस्य बन्धं नागच्छन्ति । कुतः ? तद्योग्यतीव्रसंक्लेशस्य तेषामभावात् । ५।५।२।२।२।२।२।२ । २ अन्योन्यगुणिता भङ्गाः ३२०० । एते पूर्वेषु प्रविष्टाः पुनरुक्तत्वान्न गृह्यन्ते ।

इसी प्रकार द्वितीय तीसप्रकृतिक बन्धस्थान होता है । विशेषता केवल यह है कि उसमें प्रथम तीसमेंसे असंप्राप्तसृपाटिकासंहनन और हुंडकसंस्थान इन दोको निकाल देना चाहिए । अर्थात् छह संस्थान और छह संहननके स्थानपर पाँच संस्थान और पाँच संहननमेंसे कोई एकको ग्रहण करना चाहिए । इस द्वितीय तीसप्रकृतिक स्थानको सासादन सम्यग्दृष्टि जीव बाँधता है ॥६२॥

इस द्वितीय तीसप्रकृतिक स्थानमें सासादनसम्यग्दृष्टि जीव अन्तिम संस्थान और अन्तिम संहननका बन्ध नहीं करते हैं, क्योंकि इन दोनोंके बन्धयोग्य तीव्र संक्लेश सासादनगुणस्थानमें

1. सं० पञ्चसं० ५, ७० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नहीं पाया जाता। इसलिए पाँच संस्थान, पाँच संहनन और स्थिरादि छह युगलोंके तथा विहायोगतिद्विकके परस्पर गुणा करनेसे (५×५×२×२×२×२×२×२×२×२=३२००) तीन हजार दो सौ भंग होते हैं। ये सर्व भंग पूर्वोक्त ४६०८ में प्रविष्ट होनेसे पुनरुक्त होते हैं, अतः उनका ग्रहण नहीं किया गया है।

[1]तह य तदीयं तीसं तिरियदुगोराल तेज कम्मं च।
ओरालियंगवंगं हुंडमसंपत्त वण्णचदुं ॥६३॥
अगुरुयलयहुयचउक्कं तसचउउज्जोवमप्पसत्थगई।
थिर-सुह-जसजुगलाणं तिण्णेयदरं अणादेज्जं ॥६४॥
दुब्भग-दुस्सर-णिमिणं वियलिंदियजाइ एयदरमेव।
एयाओ पयडीओ मिच्छाइट्ठी दु बंधंति ॥६५॥

[2]एत्थ वियलिंदियाणं एयहुंडसंठाणमेव। तहा एदेसिं बंधोदयाणं दुस्सरमेव। इदि थिर-सुह-जसजुयलतिण्णिवियलिंदियजाईओ २।२।२।३ अण्णोण्णगुणिया भंगा २४।

तथा तृतीयं नामकर्मप्रकृतिस्थानं त्रिंशत्कं मिथ्यादृष्टिर्जीवो मनुष्यस्तिर्यग्वा बद्ध्वा विकलत्रयजीवः तिर्यग्गतावुत्पद्यते। तत्किम्? तिर्यग्द्वयं २ औदारिक-तैजस-कार्मणत्रिकं ३ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ हुण्डकं १ सृपाटिकं १ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुचतुष्कं ४ त्रसचतुष्कं ४ उद्योतं १ अप्रशस्तविहायोगतिः १ स्थिर-शुभ-यशोयुगलानां त्रयाणामेकतरं १।१।१। अनादेयं १ दुर्भगं १ दुस्वरं १ निर्माणं १ विकलेन्द्रियजात्येकतरं १ चेत्येताः प्रकृतीः ३० मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति ॥६३–६५॥

अत्र विकलेन्द्रियाणामेकं हुण्डसंस्थानं भवति। एतेषां त्रिकलत्रयाणां बन्धोदययोः दुःस्वरमेव भवति। इति स्थिर-शुभ-यशोयुगलानि त्रीणि विकलत्रयजातित्रयं २।२।२।३। अन्योन्यगुणितभङ्गाः २४।

इसी प्रकार तीसप्रकृतिक तृतीय बन्धस्थान है। उसकी प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—तिर्यग्द्विक, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिकशरीर-अंगोपांग हुंडकसंस्थान, असंप्राप्तसृपाटिकासंहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्त्ति; इन तीन युगलोंमेंसे कोई एक एक; अनादेय, दुर्भग, दुःस्वर, निर्माण और विकलेन्द्रियजातियोंमेंसे कोई एक, इन प्रकृतियोंको मिथ्यादृष्टि मनुष्य या तिर्यञ्च ही बाँधते हैं ॥६३–६५॥

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि विकलेन्द्रियजीवोंके हुंडकसंस्थान ही होता है। तथा इनके दुःस्वरप्रकृतिका ही बन्ध और उदय होता है। इनकी तीन विकलेन्द्रिय जातियाँ तथा स्थिर, शुभ और यशस्कीर्त्ति युगल; इनके परस्पर गुणा करनेसे (३×२×२×२=२४) चौबीस भंग होते हैं।

[3]जहा† तिण्हं तीसाणं तह चेव य तिण्णि ऊणतीसं तु।
णवरि विसेसो जाणे उज्जोवं णत्थि सव्वत्थ ॥६६॥

एयासु पुव्वुत्तभंगा ४६०८। २४।

यथा त्रिंशत्कानां त्रिकं ३०।३०।३० तथैव एकोनत्रिंशत्कानां त्रिकं २९।२९।२९। नवरि विशेषः,

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ७१-७२। 2. ५, ७४-७५। 3. ५, ७६।

† ब जिह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किन्तु सर्वत्र तिर्यक्षु जीवेषु उद्योतो नास्तीति, केचिदुद्योतं बध्नन्ति, केचिन्न बन्धन्ति। अत उद्योतं विना एकोनत्रिंशत्कं त्रिकं पूर्वोक्तप्रकृतिस्थानत्रिकं २९।२९।२९ ज्ञेयम् ॥६६॥

एतासु पूर्वोक्ता भङ्गाः ४६०८।२४।

जिस प्रकारसे तीन प्रकारके तीसप्रकृतिक बन्धस्थानोंका निरूपण किया है, उसी प्रकारसे तीन प्रकारके उनतीसप्रकृतिक बन्धस्थान भी होते हैं। केवल विशेषता यह है कि उन सभीमें उद्योतप्रकृति नहीं होती है ॥६६॥

इन तीनों ही प्रकारके उनतीसप्रकृतिक बन्धस्थानोंके भंग पूर्वोक्त ४६०८ और २४ ही होते हैं।

[1]तत्थ इमं छव्वीसं तिरियदुगोराल तेय* कम्मं च।
एइंदिय वण्णचउ अगुरुयलहुयचउक्कं होइ हुंडं च ॥६७॥
आदावुज्जोवाणमेयदर थावर बादरयं।
पज्जत्तं पत्तेयं थिराथिराणं च एयदरं ॥६८॥
एयदरं च सुहासुह दुब्भग जसजुयलमेयदर णिमिणं।
अणादिज्जं चेव तहा मिच्छादिट्ठी दु बंधंति ॥६९॥

[2]एत्थ एइंदिएसु अंगवंगं णत्थि, अट्ठंगाभावादो। संठाणमवि एयमेव हुंडं। आदावुज्जोव-थिर-सुह-जसजुयलाणि २।२।२।२ अण्णोण्णगुणिया भंगा १६।

तत्र तिर्यग्गत्यां इदं षड्विंशतिकं नामप्रकृतिस्थानं मिथ्यादृष्टिर्जीवो बद्ध्वा तिर्यग्जीव उत्पद्यते। किं तत्? तिर्यग्द्वयं २ औदारिक-तैजस-कार्मणानि ३ एकेन्द्रियं १ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुचतुष्कं ४ हुण्डकं १ आतपोद्योतयोरेकतरं १ स्थावरं १ बादरं १ पर्याप्तं १ स्थिरास्थिरयोरेकतरं १ शुभाशुभयोरेकतरं १ दुर्भगं १ यशोयुग्मयोरेकतरं १ निर्माणं १ अनादेयं १ चेति षड्विंशतिं प्रकृतीर्मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति २६ ॥६७-६९॥

अत्र एकेन्द्रियेषु अङ्गोपाङ्गं नास्ति, अष्टाङ्गाभावात्। संस्थानं हुण्डकमेव भवति। अत आतपोद्योत-स्थिरास्थिर-शुभाशुभ-यशोऽयसोर्युगलानि २।२।२।२ अन्योन्यगुणिता भङ्गाः १६।

छव्वीसप्रकृतिक बन्धस्थानकी प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—तिर्यग्द्विक, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, एकेन्द्रियजाति, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, हुंडकसंस्थान, आतप, और उद्योतमेंसे कोई एक, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर-अस्थिरमेंसे कोई एक, शुभ-अशुभमेंसे कोई एक, दुर्भग और यशस्कीर्त्तियुगलमेंसे कोई एक, निर्माण और अनादेय, इन छव्वीस प्रकृतियोंको एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न होनेवाले मिथ्यादृष्टि देव बाँधते हैं ॥६७-६९॥

उनतीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें जो-जो उदयस्थान और सत्तास्थान पहले कहे गये हैं, वे ही नियमसे तीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥२४३॥

अब यहाँपर जो कुछ विशेषता है उसे कहते हैं—

[1]बंधं तं चेवुदयं पणुवीसं संत सत्त ठाणाणि ।
ति इगि णउदि देव-णिरए तिरिए वासीदि संता दु ॥२४४॥
बाणउदि णउदिसंता चउगइजीवेसु अट्ठ चउसीदिं ।
तिरिय-मणुएसु जाणे सव्वे सत्तेव सत्ता दु ॥२४५॥

[2]बंधे ३०। उदये २५ संते ९३।९२।९१।९०।८८।८४।८२। एएसिं च सत्तसंतठाणाणं विभागो सुर-णारएसु—९३।९१। तिरिएसु ८२ । चउगइयजीवेसु ९२।९० । मणुय-तिरिएसु ८८।८४।

त्रिंशत्कबन्धके सामान्येन तत्त्रिंशतो बन्धे ३० पञ्चविंशतिकस्थानोदये २५ सत्त्वस्थानानि सप्त भवन्ति ९३।९२।९१।९०।८८।८४।८२। विशेषतो देवगतौ देवानां नारकगतौ नारकाणां च त्रिंशत्कनाम-प्रकृतिबन्धके पञ्चविंशतिकोदयस्थाने २५ त्रिनवतिकैकनवतिकसत्त्वस्थानद्वयं ९३।९१। तिर्यग्गतौ तिर्यक्षु त्रिंशत्कबन्धे ३० पञ्चविंशतिकोदयस्थाने २५ द्व्यशीतिकसत्त्वस्थानं ८२ । तु पुनश्चातुर्गतिकजीवानां त्रिंशत्क-बन्धे ३० पञ्चविंशतिकोदये २५ द्वानवतिक-नवतिकसत्त्वस्थानद्वयम् ९२।९०। तिर्यङ्-मनुष्येषु त्रिंशत्कबन्धे ३० पञ्चविंशतिकोदये २५ अष्टाशीतिक-चतुरशीतिसत्त्वस्थानद्वयम् ८८।८४। इति सर्वाणि सप्त सत्त्वस्थानानि सत्त्वभेदाद् विभागं जानीहि ॥२४४–२४५॥

एतेषां सप्तानां सत्त्वस्थानानां विभागः सुर-नारकेषु बन्धः ३० । उदये २५ । सत्त्वे ९३।९१ । तिर्यक्षु बन्धः ३० । उदये २५ । सत्त्वे ८२ । चतुर्गतिजीवेषु बन्धः ३०। उदये २५। सत्त्वे ९२।९०। मनुष्य-तिर्यक्षु बन्धः ३० । उदये २५ । सत्त्वे ८८।८४।

तीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए आदिके सात सत्तास्थान होते हैं। उनमेंसे देव और नारकियोंके तेरानबै और इक्यानबैप्रकृतिक दो सत्तास्थान होते हैं, तिर्यञ्चोंमें बियासीप्रकृतिक सत्तास्थान होता है, चारों गतियोंके जीवोंके बानबै और नब्बैप्रकृतिक स्थान होते हैं, तथा तिर्यञ्च और मनुष्योंमें अट्ठासी और चौरासीप्रकृतिक सत्तास्थान होते हैं। इस प्रकार तीसप्रकृतिक बन्धस्थान और पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थानमें आदिके सातों ही सत्तास्थान जानना चाहिए ॥२४४–२४५॥

बन्धस्थान ३० और उदयस्थान २५ में सत्तास्थान ९३, ९२, ९१, ९०, ८८, ८४ और ८२ होते हैं। इन सत्तास्थानोंका विभाग इस प्रकार है—देव-नारकोंमें ९३, ९१, तिर्यञ्चोंमें ८२, चातु-र्गतिक जीवोंमें ९२, ९० और मनुष्य-तिर्यञ्चोंमें ८८, ८४ प्रकृतिक सत्तास्थान होते हैं।

[3]तं चेव य बंधुदयं छव्वीसं णउदि होइ बाणउदी ।
अड चउरासीदि तिरिय-मणुए तिरिए वासीदि संता दु ॥२४६॥

[4]बंधे ३० उदये २६ तिरिय-मणुएसु संते ९२।९०।८८।८४। तिरिए ८२ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २६१-२६३ । 2. ५, 'सामान्येन त्रिंशद्बन्धे' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १८८) । 3. ५, २६४ । 4. ५, 'त्रिंशद्बन्धे' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १८८) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिर्यङ्-मनुष्येषु षड्विंशतिकस्थानोदये २६ तदेव त्रिंशत्कबन्धस्थानं ३० द्वानवति ९२ नवतिकाऽ९० ष्टाशीति ८८ चतुरशीतिकानि ८४ सत्त्वस्थानानि भवन्ति । तिर्यङ्-मनुष्येषु बन्धः ३० उदये २६ सत्त्वे ९२।९०।८८।८४ तिरश्चां बन्धे ३९ उदये २६ द्व्यशीतिकं सत्त्वस्थानं ८२ भवति ॥२४६॥

उसी तीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए बानबै, नब्बै, अट्ठासी और चौरासीप्रकृतिक सत्तास्थान तिर्यञ्च और मनुष्योंमें पाये जाते हैं। किन्तु बियासी प्रकृतिक सत्तास्थान तिर्यञ्चोंमें ही पाया जाता है ॥२४६॥

बन्धस्थान ३० में तथा उदयस्थान २६ में ९२, ९०, ८८, ८४ प्रकृतिक सत्तास्थान मनुष्य-तिर्यञ्चोंमें तथा ८२ प्रकृतिक सत्तास्थान तिर्यञ्चोंमें होता है।

[1]इगि पण सत्तावीसं अट्ठावीसूणतीस उदया दु ।
तीसण्हं बंधम्मि य सत्ता आदिल्लया सत्ता ॥२४७॥

[2]बंधे ३० उदये २१।२५।२७।२८।२९। संते ९३।९२।९१।९०।८८।८४।८२।

त्रिंशन्नामप्रकृतिबन्धस्थाने ३० एकविंशतिकं २१ पञ्चविंशतिकं २५ सप्तविंशतिकं २७ अष्टाविंशतिकं २८ एकोनत्रिंशत्कं २९ च क्रमाद् भवतीत्युदयस्थानपञ्चकम्। आदिमानि सत्त्वस्थानानि सप्त भवन्ति ॥२४७॥

बन्धः ३० उदये २१।२५।२७।२८।२९ सत्तायां ९३।९२।९१।९०।८८।८४।८२।

तीस प्रकृतिक बन्धस्थानमें इक्कीस, पच्चीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीसप्रकृतिक उदय-स्थानोंके रहते हुए आदिके सात सत्तास्थान होते हैं ॥२४७॥

बन्धस्थान ३० उदयस्थान २१, २५, २७, २८, २९ के रहते हुए ९३, ९२, ९१, ९०, ८८, ८४ और ८२ प्रकृतिक सत्तास्थान होते हैं।

[3]चउछव्वीसिगितीसय-तीस-उदयम्मि तीस-बंधम्मि ।
तेणउदिगिणउदीओ वज्जित्ता पंच संता दु ॥२४८॥

[4]बन्धे ३० उदये २४।२६।३०।३१ संते पंच ९२।९०।८८।८४।८२।

इदि तीसबंधो समत्तो ।

त्रिंशत्कस्थानबन्धे ३० चतुर्विंशतिकोदये २४ षड्विंशतिकोदये २६ त्रिंशत्कोदये ३० एकत्रिंशत्कोदये ३१ त्रिनवतिकैकनवतिकस्थानद्वयं वर्जयित्वा पञ्च सत्त्वस्थानानि ॥२४८॥

बन्धे ३० उदये २४।२६।३०।३१ सत्त्वे पञ्च ९२।९०।८८।८४।८२ ।

अथ चतुर्गतिजानां यथासम्भवं गुणस्थाने बन्धादित्रिकमुच्यते—$\frac{\text{बं० } ३०}{\text{उ० } ९}$ नामप्रकृतित्रिंशत्कं बन्ध-स्थानं बन्धः ३० त्रसपर्याप्तोद्योत-तिर्यग्गतियुत-मनुष्यगतियुत-मनुष्यगतितीर्थयुत-देवगत्याहारकद्वययुतत्वा-च्चतुर्गतिजा बध्नन्ति । बं ३० प० वि० ति० च० प० म० म० ती० दे० आहारा । तत्र सर्वनारकमिथ्यादृष्टौ बं० ३० पं० ति० । उद० २१।२५।२७।२८।२९ । स० ९२।९० । सासादने बं० ३० पं० ति० । उद्योतोदये २९ । स० ९० । मिश्रे नास्य बन्धः । धर्मासंयते मनुष्यगति-तीर्थयुतबन्धः ३० म० ती० । उद० २१।२५।२७।२८।२९ । सत्ता ९१ । वंशा-मेघयोः बं० ३० म० तीर्थ० उद० २९ । सत्ता ९१ । अञ्जनादिषु नास्ति ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २६५ । 2. ५, 'बन्धे ३०' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १८८) । 3. ५, २६६ । 4. ५, 'बन्धे ३० उदये' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १८८) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिर्यग्गतौ सर्वमिथ्यादृष्टौ बन्धः ३० पं० ति० । उद्योतोदये २१।२४।२६।३०।३१ । स० ६० । [सासादने बं० ३० ति० उ० । उ० २१।२४।२६।३०।३१ स० ६०] मिश्रादित्रये नास्य बन्धः ।

मनुष्यगतौ मिथ्यादृष्टौ बन्धः ३० ति० उ० । उदये २१।२६।२८।२९।३० । सत्त्वं ९२।९०।८८। ८४ । सासादने बं० ३० ति० उ० । उद० २१।२६।३० । स० ९० । मिश्रादिचतुष्के नास्य बन्धः । अप्रमत्तादिद्वये बन्धः ३० देव० आहारक० । उद० ३० । स० ९२ ।

देवगतौ भवनत्रयादि-सहस्रारान्तेषूद्योत-तिर्यग्गतियुतम् । तत्र मिथ्यादृष्टौ बन्धः ३० ति० उद्यो० । उद० २१।२५।२७।२८।२९।३० । सत्त्व० ९२।९० । सासादने बं० ३० ति० उद्यो० । उद० २१।२५।२९ । सत्त्वं ९० । मिश्रे भवनत्रयासंयते च न त्रिंशत्कम् । किं तर्हि ? तन्मनुष्यगतियुतं नवविंशतिकमेव सम्भवति । सौधर्मादि-सहस्रारान्तासंयते मनुष्यगति-तीर्थयुतं बन्धः ३० म० ती० । उद० २१।२५।२७।२८।२९ । सत्त्व० ९३।९१ । आनताद्युपरिमग्रैवेयकान्तमिथ्यादृष्ट्यादित्रये नास्य बन्धः । आनतादिसर्वार्थसिद्ध्यन्तासंयते च मनुष्यगति-तीर्थयुतबन्धः ३० मनु० तीर्थ० । उद० २१।२५।२७।२८।२९ । सत्त्व० ९३।९१ ।

इति त्रिंशत्कस्थानबन्धः समाप्तः ।

उसी तीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें चौबीस, छब्बीस, तीस और इकतीसप्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए तेरानवै और इक्यानवैप्रकृतिक दो स्थानोंको छोड़कर शेष पाँच सत्तास्थान पाये जाते हैं ॥२४८॥

बन्धस्थान ३० में उदयस्थान २४, २६, ३०, ३१ के रहते हुए सत्तास्थान ९२, ९०, ८८, ८४, ८२ होते हैं ।

इस प्रकार तीसप्रकृतिक बन्धस्थानको आधार बनाकर उदयस्थान और सत्तास्थानोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

अब मूल सप्ततिकाकार शेष बन्धस्थानोंमें संभव उदय और सत्त्वस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०२६][1]एगेगं इगितीसे एगेगुदयट्ठ संतम्मि ।
उवरयबंधे चउ दस वेदयदि संतठाणाणि ॥२४९[1]॥

बन्ध०	३१	१	०
उद०	१	१	४
सत्त्व०	१	८	१०

अथैकत्रिंशत्कैकोपरतबन्धेषु उदय-सत्त्वस्थानस्वरूपं गाथाचतुष्केणाऽऽह—['एगेगं इगितीसे' इत्यादि ।] एकत्रिंशत्कनामप्रकृतिबन्धस्थाने ३१ एकमुदयस्थानं १ एकं सत्त्वस्थानं १ । एकस्मिन् यशःप्रकृतिबन्धके एकोदयस्थानं १ अष्टौ सत्त्वस्थानानि ८ । उपरतबन्धे बन्ध-रहिते ० उदयस्थानानि चत्वार्युदयन्ति ४ । सत्त्वस्थानानि दश १० भवन्ति ॥२४९॥

बं०	३१	१	०
उ०	१	१	४
स०	१	८	१०

इकतीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें एक उदयस्थान और एक सत्तास्थान होता है । एकप्रकृतिक बन्धस्थानमें एक उदयस्थान और आठ सत्तास्थान होते हैं । उपरतबन्धमें चार उदयस्थान और दश सत्तास्थान होते हैं ।

इनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २६७ ।

१. सप्ततिका० ३२ । तत्र चतुर्थचरणे 'वेयगसंतम्मि ट्ठाणाणि' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब भाष्यगाथाकार उपर्युक्त अर्थका स्पष्टीकरण करते हैं—

[1]इगितीसबंधगेसु य तीसुदओ संतम्मि य तेणउदिं ।
एयविहबंधगेसु य उदओ वि य तीस अट्ठ संता य ॥२५०॥
आदी वि य चउठाणा उवरिम दो वज्जिऊण चउ हेट्ठा ।
संतट्ठाणा णियमा उवसम-खवगेसु बोहव्वा ॥२५१॥

[2]अप्पमत्त-अपुव्वाणं बंधे ३१ उदये ३० संते ९२। बंधे १ उदये ३० उवसमएसु संते ९३।९२।९१। ९०। खवएसु ८०।७९।७८।७७।

एकत्रिंशत्कनामप्रकृतिबन्धकयोरप्रमत्तापूर्वकरणगुणस्थानयोः सत्त्वे त्रिनवतिकसत्त्वस्थानं स्यात् । अप्रमत्तापूर्वकरणयोः बन्धे ३१ उदये ३० सत्त्वे ९३ । एकविधयशःकीर्त्तिबन्धकेषु अपूर्वकरणस्य सप्तमभागानिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्परायिकेषु त्रिंशन्नामप्रकृत्युदयस्थानं ३० अष्टौ सत्त्वस्थानानि ९३।९२।९१।९०।८०।७९। ७८।७७। तानि कानि सत्त्वस्थानानान्यष्टौ ? सत्त्वेषु आद्यानि चत्वारि स्थानानि ९३।९२।९१।९०। उपरिमे द्वे दशकनवकस्थाने वर्जयित्वा अधःस्थितानि चतुःसत्त्वस्थानानि ८०।७९।७८।७७। उपशमेषु क्षपकेषु नियमाद् ज्ञातव्यानि । तथाहि—अपूर्वकरणसप्तमभागानिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्परायाणामुपशमश्रेणिषु एकयशस्कीर्त्तिबन्धकेषु अबन्धकोपशान्तकषाये च प्रत्येकं सत्त्वस्थानानि चत्वारि ९३।९२।९१।९०। अपूर्वकरणस्य क्षपकश्रेण्यां आ[दिम] सत्त्वसतुष्टयम्-९३।९२।९१।९०। अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराययोः क्षपकश्रेण्योः ८०।७९।७८।७७। नरकद्विकं २ तिर्यग्द्विकं २ विकलत्रयं ३ आतपः १ उद्योतः १ एकेन्द्रियं १ साधारणं १ सूक्ष्मं १ स्थावरं १ एवं त्रयोदश प्रकृती १३ अनिवृत्तिकरणस्य प्रथमभागे क्षपयति त्रिनवतिकमध्यात्तदा ८०। तीर्थं विना ७९। आहारकद्वयं विना ७८। तीर्थाहारकत्रिकं विना ७७ ॥२५०–२५१॥

इकतीसप्रकृतिक बन्धस्थानवाले जीवोंमें तीसप्रकृतिक एक उदयस्थानका उदय, तथा सत्तामें तेरानवे प्रकृतिक एक सत्तास्थान रहता है । एकप्रकृतिक बन्धस्थानवाले जीवोंमें तीसप्रकृतिक एक उदयस्थान और आठ सत्तास्थान होते हैं । जो इस प्रकार हैं—आदि के चार सत्तास्थान और उपरिम दो को छोड़कर अधस्तन चार सत्तास्थान । ये सत्तास्थान नियमसे उपशामकोंमें और क्षपकोंमें जानना चाहिए ॥२५०–२५१॥

अप्रमत्तसंयत और अपूर्वकरणसंयतोंके बन्धस्थान ३१ में उदयस्थान ३० के रहते हुए ९३ प्रकृतिक सत्तास्थान होता है । एक प्रकृतिक बन्धस्थानमें उदयस्थान ३० के रहते हुए उपशामकोंमें ९३, ९२, ९१ और ९० प्रकृतिक चार सत्तास्थान तथा क्षपकोंमें ८०, ७९, ७८ और ७७ प्रकृतिक चार सत्तास्थान होते हैं ।

[3]उवरयबंधे इगितीस तीस णव अट्ठ उदयठाणाणि ।
छा उवरिं चउ हेट्ठा संतट्ठाणाणि दस एदे ॥२५२॥

[4]उवरयबंधे उदया ३१।३०।९।८। संते ९३।९२।९१।९०।८०।७९।७८।७७।१०।९।

एवं णामपरूवणा समत्ता !

उपरतबन्धेषु उपशान्त-क्षीणकषाय-सयोगायोगिषु चतुर्षु ०।०।०।०। एकत्रिंशत्क ३१ त्रिंशत्क ३० नवका ९ अष्टकोदयस्थानानि चत्वारि ३१।३०।९।८ षडुपरितनसत्त्वस्थानानि अधःस्थानानि चतुःसत्त्वस्थानानि ९३।९२।९१।९०।८०।७९।७८।७७।१०।९। तथाहि—उपशान्तकषाये ९३।९२।९१।९०। उदय० ३०।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २६८–२६९ । 2. ५, 'उपशमकेषु' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १८९) । 3. ५, २७० । 4. ५, 'नष्टबन्धे पाका' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १८७) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्षीणकषाये अबन्धके ०। उदय० ३० सत्त्वस्थानानि ८०।७९।७८।७७। सयोगे ०। उदये ३१।३० सत्त्व० ८०।७९।७८।७७। अयोगिद्विचरमसमये उदये ३१।३०। सत्त्व० ८०।७९।७८।७७। तच्चरमसमये उदये ९। ८। सत्त्व० १०।९ ॥२५२॥

पुनरपि एकत्रिंशत्कादिबन्धो विचार्यते—एकत्रिंशत्कं ३१ देवगत्याऽऽहारकद्वयतीर्थयुतत्वादप्रमत्तापूर्वकरणा एव बध्नन्ति। बं० ३१ देव-आहारक-तीर्थयुत०। उद० ३०। स० ९३। एकबन्धो विगतिरपूर्वकरणे बं० १ उद० ३०। स० ९३।९२।९१।९०। अनिवृत्तिकरणे बं० १ उ० ३० स० ९३।९२।९१।९०। ८०।७९।७८।७७। सूक्ष्मसाम्पराये बं० १ उद० ३०। स० ९३।९२।९१।९०।८०।७९।७८।७७। उपशान्ते बं० ०। उ० ३०। स० ९३।९२।९१।९०। क्षीणे बं० ०। उ० ३० स० ८०।७९।७८।७७। सयोगे स्वस्थाने बं० ०। उ० ३०।३१। स० ८०।७९।७८।७७। समुद्घाते बं० ०। उ० २०।२१।२६।२७।२८। २९।३०।३१। स० ८०।७९।७८।७७। अयोगे बं० ०। उ० ३० तीर्थसहितं ३१।९।८। सत्त्व० ८०।७९। ७८।७७।१०।९।[1] इति विशेषो ज्ञातव्यः।

इति श्रीपञ्चसंग्रहापरनामलघुगोम्मटसारसिद्धान्तटीकायां नामकर्मप्ररूपणा समाप्ता।

उपरत बन्धस्थानमें इकतीस, तीस, नौ और आठ प्रकृतिक चार उदयस्थान, तथा उपरितन छह और अधस्तन चार; इस प्रकार दश सत्तास्थान होते हैं ॥२५२॥

उपरतबन्धमें उदयस्थान ३१, ३०, ९, ८, तथा सत्तास्थान ९३, ९२, ९१, ९०, ८०, ७९, ७८, ७७, १०, ९ होते हैं।

इस प्रकार नामकर्मके बन्धस्थानमें उदयस्थानोंके साथ सत्तास्थानोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

अब मूल सप्ततिकाकार आठों कर्मोंके उपर्युक्त बन्धादि तीनों प्रकारके स्थानोंका जीवसमास और गुणस्थानोंकी अपेक्षा स्वामित्वके कथन करनेका निर्देश करते हैं—

[मूलगा०२७] [1]तिवियप्पपयडिठाणा जीव-गुणसण्णिदेसु ठाणेसु।
भंगा पउंजियव्वा जत्थ जहा पयडिसंभवो हवइ[2] ॥२५३॥

ॐ नमः श्रीमत्सिद्धेभ्यः।

जिनान् सिद्धान् नमस्कृत्य साधून् सद्गुणधारकान्।
लक्ष्मीवीरेन्दुचिद्भूषात् ब्रुवे बन्धादिकत्रिकान्॥
स्थानानां त्रिविकल्पानां कर्त्तव्या विनियोजना।
अतो जीवगुणस्थाने क्रमतः सर्वकर्मणाम्[3] ॥२३॥

यत्र यथा प्रकृतीनां सम्भवो भवति, तत्र तथा जीव-गुणसंज्ञितेषु स्थानेषु जीवसमासेषु गुणस्थानेषु च त्रिविकल्पप्रकृतिस्थानानां सर्वकर्मणां सर्वप्रकृतीनां बन्धोदयसत्त्वरूपस्थानानां भङ्गा विकल्पा प्रकृष्टेन योजनीयाः ॥२५३॥

बन्ध, उदय और सत्ताकी अपेक्षा तीन प्रकारके जो प्रकृतिस्थान हैं, उनकी अपेक्षा जीवसमास और गुणस्थानोंमें जहाँ जितनी प्रकृतियाँ संभव हों, वहाँ उतने भङ्ग घटित करना चाहिए ॥२५३॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २७६।

१. गो० क० गा० ७४५ सं० टीका (पृ० ९०३)।

२. सप्ततिका० ३३। तत्र प्रथमचरणे 'तिविगप्पपगइट्ठाणेहिं' इति पाठः।

३. सं० पञ्चसं० ५, २७६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब पहले जीवसमासोंमें ज्ञानावरण और अन्तराय कर्मसम्बन्धी बन्धादिस्थानोंके स्वामित्वका निर्देश करते हैं—

[मूलगा०२८] [1]तेरससु जीवसंखेवएसु णाणंतराय-तिवियप्पो ।
एक्कम्हि ति-दु-वियप्पो करणं पडि एत्थ अवियप्पो[1] ॥२५४॥

[2]तेरससु जीवसमासेसु ५ ५ सण्णिपज्जत्ते मिच्छाइट्ठिसहुमंतेसु गुणेसु बंधाइट्ठसु ५ ५ तत्थेव उवरयबंधे उव-
संत-खीणाणं ५ ० ।
५

अथ चतुर्दशजीवसमासेषु ज्ञानावरणान्तरायकर्मणोः प्रकृतीनां बन्धादिविकल्पान् योजयति— ['तेरससु जीवसंखेवएसु' इत्यादि ।] एकेन्द्रिय-सूक्ष्मबादर-द्वि-त्रि-चतुः-पञ्चेन्द्रियासंज्ञिनः पर्याप्तापर्याप्ता इति द्वादश, पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तक एक इति त्रयोदशजीवसमासेषु ज्ञानावरणान्तरायप्रकृतीनां त्रिविकल्पो भवति बन्धोदयसत्त्वरूपो भवतीत्यर्थः । एकस्मिन् संज्ञिपर्याप्तके जीवसमासे त्रिविकल्पो द्विविकल्पश्च भवति । अत्र द्विविकल्पे करणमित्युपशान्त-क्षीणकषाययोः बन्धं प्रति विकल्पो न भवति । उपशान्तक्षीणकषाययोः बन्धस्य विकल्पो न भवतीत्यर्थः ॥२५४॥

त्रयोदशसु जीवसमासेषु ज्ञानावरणान्तराययोः प्रकृतीनां बन्धोदयसत्त्वम्—

	ज्ञा०	अं०
बं०	५	५
उ०	५	५
स०	५	५

चतुर्दशे

संज्ञिनि पर्याप्ते जीवसमासे मिथ्यादृष्ट्यादि-सूक्ष्मसाम्परायान्तेषु गुणस्थानेषु बन्धादित्रिके

	ज्ञा०	अं०
बं०	५	५
उ०	५	५
स०	५	५

तत्रैव संज्ञिपर्याप्ते जीवसमासे उपरतबन्धयोर्बन्धरहितयोरुपशान्त-क्षीणकषाययोरुदये सत्त्वे च

	ज्ञा०	अं०
बं०	०	०
उ०	५	५
स०	५	५

इति जीवसमासेषु ज्ञानावरणान्तरायप्रकृतिविकल्पः समाप्तः ।

आदिके तेरह जीवसमासोंमें ज्ञानावरण और अन्तरायके तीन विकल्प होते हैं । संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त नामक एक चौदहवें जीवसमासमें तीन और दो विकल्प होते हैं । किन्तु करण अर्थात् उपशान्त और क्षीणकषायगुणस्थानमें बन्धका कोई विकल्प नहीं है ॥२५४॥

विशेषार्थ—तेरह जीवसमासोंमें दोनों कर्मोंका पाँचप्रकृतिक बन्ध, पाँचप्रकृतिक उदय और पाँचप्रकृतिक सत्तारूप एक ही विकल्प या भङ्ग है । संज्ञीपंञ्चेन्द्रियपर्याप्तमें मिथ्यादृष्टिगुणस्थानसे लेकर सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानतक पाँचप्रकृतिकबन्ध, और सत्तारूप; तथा उपरतबन्धवाले उपशान्त और क्षीणमोही जीवोंके पाँचप्रकृतिक उदय और सत्तारूप दो भङ्ग होते हैं । श्वे० चूर्णि और टीकाकारोंने गाथाके चौथे चरणका अर्थ इस प्रकार किया है—करण अर्थात् केवल द्रव्य मनकी अपेक्षा जो जीव संज्ञिपञ्चेन्द्रिय कहलाते हैं ऐसे केवलीके उक्त दोनों कर्मोंका बन्धउदय-सत्त्वसम्बन्धी कोई विकल्प नहीं है ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २७७ । 2. ५, 'जीवसमासेषु' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १९०) ।

१. सप्ततिका० ३४ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब मूलसप्ततिकाकार दर्शनावरण कर्मके बन्धादि स्थानोंके स्वामित्वसम्बन्धी भंगोंका जीवसमासोंमें निर्देश करते हुए, तथा वेदनीय, आयु और गोत्र-सम्बन्धी स्थानोंके भंगोंको जाननेका संकेत करते हुए मोहकर्मके भंगोंके कथनकी प्रतिज्ञा करते हैं—

[मूलगा०२६] [1]तेरे णव चउ पणयं णव संता एयम्मि तेरह वियप्पा ।
वेयणीयाउगोदे विभज्ज मोहं परं वोच्छं[1] ॥२५५॥

दंसणा०
ह ह ह ह
[2]तेरस जीवेसु ४ ५ सण्णिपज्जत्ते तेरस त्ति कहं ? दुचए-मिच्छा-सासणाणं ४ ५ मिस्साइ-
ह ह ह ह
ह ह
अपुव्वकरणपढमसत्तमभागं जाव ४ ५ दुविहेसु उवसम-खवय-अपुव्वकरणाणियट्टिसु तहा उवसम-सुहुम-
ह ह
४ ४ ४ ४ ० ० ० ०
कसाए ४ ५ अणियट्टि-सुहुमखवगाणं ४ ५ उवसंते ४ ५ खीणदुचरिमसमये ४ ५ खीण-
ह ह ह ह ह ह ह ह
०
चरिमसमये ४ सव्वे मिलिया १३ ।
४

अथ दर्शनावरणस्य बन्धादि-विकल्पान् योजयति—['तेरे णव चउ पणयं' इत्यादि ।] संज्ञि-पञ्चेन्द्रियपर्याप्तजीवसमासं विना त्रयोदशसु जीवसमासेषु दर्शनावरणनवप्रकृतीनां बन्धः ६ । चतुः-प्रकृतीनामुदयः ४ । अथवा पञ्चप्रकृतीनामुदयः ५ । कथम् ? जाग्रज्जीवे चक्षुरचक्षुरवधिकेवलदर्शनावरणानां चतुर्णामुदयः, निद्रिते जीवे तु निद्राणां मध्ये एकतरा निद्रा १ इति पञ्चप्रकृतीनामुदयः ५ । दर्शनावरणस्य नवप्रकृतीनां सत्ता ६ । एकस्मिन् पञ्चेन्द्रियपर्याप्तकजीवसमासे चतुर्दशे दर्शनावरणस्य त्रयोदश विकल्पा भङ्गा भवन्ति । वेदनीयायुर्गोत्रेषु त्रिसंयोगभङ्गान् युक्त्वा जीवसमासेषु संयोज्याग्रे मोहनीयं वक्ष्यामि ॥२५५॥

बं० ६ ६
त्रयोदशसु जीवसमासेषु दर्शनावरणस्य बन्धादित्रयम्—उ० ४ ५ । संज्ञिपर्याप्तकजीवसमासे त्रयो-
स० ६ ६
बं० ६ ६
दश भङ्गा इति कथं चेदुच्यते—पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तजीवसमासे मिथ्यादृष्टि-सासादनयोः उ० ४ ५ । मिश्रा-
स० ६ ६
बं० ६ ६
द्यपूर्वकरणद्वयप्रथमभागं यावत् स्त्यानगृद्धित्रयबन्धं विना उ० ४ ५ द्विविधेषु उपशम-क्षपक
स० ६ ६
श्रेणिद्वयापूर्वकरणशेषषड्भागानिवृत्तिकरणेषु तथा सूक्ष्मसाम्परायस्योपशमश्रेणौ निद्रा-प्रचले विना
बं० ४ ४ बं० ४ ४
उ० ४ ५ । ततोऽनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराययोः क्षपकश्रेण्योः स्त्यानत्रिकसत्त्वं विना उ० ४ ५ । उपशान्त-
स० ६ ६ स० ६ ६
बं० ० ० बं० ० ० ०
कषाये अबन्धके उ० ४ ५ । क्षीणकषायस्य द्विचरमसमये । उ० ४ ५ । क्षीणकषायस्य चरमसमये ४ ।
स० ६ ६ स० ६ ६ ४

1. ५, २७८-२७९ । 2. ५, 'त्रयोदशसु' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १९०) ।

१. सप्ततिका० ३५ । तत्र द्वितीयचरणे 'नव संतेगम्मि भंगमेक्कारा' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सर्वे मीलिता भङ्गाः १३ । कथम् ? दर्शनावरणस्य बन्धभङ्गास्त्रयः ३ । उदयभङ्गाः सप्त ७। सत्त्वभङ्गास्त्रयः ३। एवं त्रिसप्तभङ्गास्त्रयोदश १३।

बं०	९	६	४	४	०	०	०
उ०	४।५	४।५	४।५	४।५	४।५	४।५	४।५
सं०	९	९	९	९	९	६	४

इति जीवसमासेषु दर्शनावरणस्य विकल्पाः समाप्ताः ।

प्रारम्भके तेरह जीव-समासोंमें दर्शनावरणकर्मके नौ प्रकृतिक बन्धस्थान, चार अथवा पाँच प्रकृतिक उदयस्थान और नौ प्रकृतिक सत्तास्थानरूप दो भंग होते हैं। एक चौदहवें संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक नामक जीवसमासमें तेरह विकल्प होते हैं। वेदनीय, आयु और गोत्रकर्म-सम्बन्धी स्थानोंके भंगोंका स्वयं विभाग करना चाहिए। तदनन्तर क्रम-प्राप्त मोहनीयकर्मके स्थानसम्बन्धी भंगोंका मैं वर्णन करूँगा ॥२५५॥

आदिके तेरह जीवसमासोंमें दर्शनावरणकर्मके नौप्रकृतिक बन्धस्थानमें चारप्रकृतिक उदयस्थान और नौप्रकृतिक सत्तास्थान; तथा पाँचप्रकृतिक उदयस्थान और नौप्रकृतिक सत्तास्थान ऐसे दो भंग होते हैं। संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक नामक जीवसमासमें तेरह भंग किस प्रकारसे संभव हैं ? इस शंकाका समाधान करते हैं—मिथ्यादृष्टि और सासादन सम्यग्दृष्टि जीवोंके नौप्रकृतिक बन्धस्थान, चारप्रकृतिक उदयस्थान और नौप्रकृतिक सत्तास्थान; तथा नौ-प्रकृतिक बन्धस्थान, पाँच प्रकृतिक उदयस्थान और नौप्रकृतिक सत्तास्थान; ये दो भंग होते हैं। तीसरे मिश्रगुणस्थानको आदि लेकर अपूर्वकरण नामक आठवें गुणस्थानके सात भागोंमेंसे आदिके प्रथम भाग-पर्यन्त छहप्रकृतिक बन्धस्थान, चारप्रकृतिक उदयस्थान, नौप्रकृतिक सत्ता-स्थान; तथा छहप्रकृतिक बन्धस्थान, पाँचप्रकृतिक उदयस्थान और नौप्रकृतिक सत्तास्थान; ये दो भंग होते हैं। उपशामक और क्षपक अपूर्वकरणके शेष छह भागोंमें, तथा उपशामक अनिवृत्तिमें, उपशामक सूक्ष्मसाम्परायमें; एवं क्षपकश्रेणी-सम्बन्धी अनिवृत्तिकरणके असंख्यातवें भागपर्यन्त चारप्रकृतिक बन्धस्थान, चारप्रकृतिक उदयस्थान, नौप्रकृतिक सत्त्वस्थान, तथा चारप्रकृतिक बन्धस्थान, पाँचप्रकृतिक उदयस्थान, नौप्रकृतिक सत्तास्थान, ये दो भंग होते हैं। क्षपक अनिवृत्तिकरणके शेष संख्यात भागमें और क्षपक सूक्ष्मसाम्परायमें चारप्रकृतिक बन्धस्थान, चारप्रकृतिक उदयस्थान, छहप्रकृतिक सत्तास्थान, तथा चार प्रकृतिक बन्धस्थान, पाँचप्रकृतिक उदयस्थान और पाँचप्रकृतिक सत्तास्थान; ये दो भंग होते हैं। दशवें गुणस्थानमें दर्शनावरणकी बन्धव्युच्छित्ति होजानेसे उपशान्तमोहमें बन्धस्थान कोई नहीं है, उदयस्थान चारप्रकृतिक, सत्तास्थान नौप्रकृतिक; तथा उदयस्थान पाँचप्रकृतिक और सत्तास्थान नौप्रकृतिक; ये दो भंग होते हैं। क्षीणमोहमें द्विचरम समय तक चारप्रकृतिक उदयस्थान, छह-प्रकृतिक सत्तास्थान; तथा पाँचप्रकृतिक उदयस्थान और छह प्रकृतिक सत्तास्थान ये दो भंग होते हैं। क्षीणमोहके चरम समयमें चारप्रकृतिक उदयस्थान और चारप्रकृतिक सत्तास्थान ये रूप एक भंग होता है। इस प्रकार सब मिला करके संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवसमासमें तेरह भंग होते हैं। इन सबकी अंकसंदृष्टियाँ मूलमें दी हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब भाष्यगाथाकार मूलसप्ततिकाकार-द्वारा सूचित वेदनीय, आयु और गोत्रकर्मके भंगोंका निरूपण करते हैं—

[1]बासट्ठि वेयणीए आउस्स हवंति तियधिगसयं तु ।
गोदस्स य सगदालं जीवसमासेसु णायव्वा ॥२५६॥

६२।१०३।४७।

अथ जीवसमासेषु वेदनीयायुर्गोत्राणां भङ्गाः कति चेदाह—['बासट्ठि वेयणीए' इत्यादि ।] जीवसमासेषु वेदनीयस्य द्वाषष्टिर्भङ्गाः ६२ । आयुषस्त्र्यधिकशतभङ्गाः १०३ । गोत्रस्य सप्तचत्वारिंशद्विकल्पाश्च ४७ भवन्तीति ज्ञातव्याः ॥२५६॥

जीवसमासोंमें वेदनीयकर्मके बन्धादित्रिकके भंग बासठ होते हैं, आयुकर्मके तीन अधिक सौ अर्थात् एक सौ तीन भंग होते हैं और गोत्रकर्मके सैंतालीस भंग जानना चाहिए ॥२५६॥

वेदनीयके भंग ६२, आयुके १०३ और गोत्रके ४७ होते हैं ।

अब भाष्यगाथाकार वेदनीयकर्मके भंगोंका निरूपण करते हैं—

[2]चोद्दस जीवे पढमा चउ चउभंगा भवंति वेयणिए ।
छच्चेव केवलीणं सव्वे वावट्ठि भंगा हु ॥२५७॥

[3]इदि पढमा चोद्दससु पत्तेयं चत्तारि $\begin{matrix}1\\1\\1\\1\end{matrix}$ $\begin{matrix}1\\0\\1\\0\end{matrix}$ $\begin{matrix}0\\1\\0\\1\end{matrix}$ $\begin{matrix}0\\0\\1\\0\end{matrix}$ इदि ५६ । सजोगे पढमा दो

$\begin{matrix}1\\1\\0\end{matrix}$ $\begin{matrix}1\\0\\1\end{matrix}$ अजोगे पढमा दो चेव, बंधेण विणा दुचरिमसमए वि $\begin{matrix}1\\1\end{matrix}$ $\begin{matrix}0\\0\end{matrix}$ तस्सेव चरिमसमए वि $\begin{matrix}1\\1\end{matrix}$ $\begin{matrix}0\\0\end{matrix}$
इदि सव्वे ६२ ।

अथ वेद्यस्य द्वाषष्टिभङ्गानाह—[चोद्दस जीवे पढमा' इत्यादि ।] चतुर्दशसु जीवसमासेषु प्रत्येकं वेदनीयस्य प्रथमा आदिमाश्चत्वारश्चत्वारो भङ्गविकल्पा भवन्ति । चतुर्भिर्गुणिताश्चतुर्दश (१४ × ४) इति षट्पञ्चाशत् ५६ । केवलिनां षड्विकल्पाः ६ । इति सर्वे द्वाषष्टिर्भङ्गा विकल्पाः वेद्यस्य जीवसमासेषु भवन्ति ६२ ॥२५७॥

इति चतुर्दशजीवसमासेषु प्रत्येकं चत्वारश्चत्वारो भङ्गाः $\begin{matrix}1\\1\\1\\1\end{matrix}$ $\begin{matrix}1\\0\\1\\0\end{matrix}$ $\begin{matrix}0\\1\\0\\1\end{matrix}$ $\begin{matrix}0\\0\\1\\0\end{matrix}$ एकेन्द्रियसूक्ष्मा-

पर्याप्तस्य सातबन्धोदयोभयसत्त्वं $\begin{matrix}1\\1\end{matrix}$ सातबन्धासातोदयोभयसत्त्वं $\begin{matrix}1\\0\end{matrix}$ असातबन्ध-सातोदयोभय-

सत्त्वं $\begin{matrix}0\\1\end{matrix}$ असातबन्धोदयोभयसत्त्वमिति $\begin{matrix}0\\0\end{matrix}$ चत्वारो भङ्गाः । एवं त्रयोदशसु जीवसमासेषु भङ्गा ज्ञातव्याः । एकाङ्केन सद्वेद्यस्य संज्ञा, शून्येनासद्वेद्यस्य संज्ञा । इति ५६ भङ्गाः । सयोगकेवलिनि प्रथमौ

1. सं० पञ्चसं० ५, २८० । 2. ५, २८१ । 3 ५, 'चतुर्दशसु' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १६१) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बं० १ १
आद्यौ द्वौ भङ्गौ उ० १ ० अयोगकेवलिनि आद्यौ द्वौ भङ्गौ बन्धेन विना द्विचरमसमयेऽपि
सं० १।० १।०

उ० १ ०
स० १।० १।० तस्यैवायोगिचरमसमये। इति सर्वे वेद्यस्य द्वाषष्टिर्विकल्पा भवन्ति ६२।

इति जीवसमासेषु वेदनीयस्य विकल्पाः समाप्ताः।

चौदह जीवसमासोंमेंसे प्रत्येक जीवसमासमें वेदनीयकर्मके त्रिसंयोगी प्रथम चार-चार भंग होते हैं। चौदहवें जीवसमासके अन्तर्गत केवलीके छह भंग होते हैं। इस प्रकार सर्व मिलकर वेदनीयकर्मके बासठ भंग हो जाते हैं ॥२५७॥

भावार्थ—इसी सप्ततिकाप्रकरणके प्रारम्भमें गाथाङ्क १६–२० का अर्थ करते हुए जो वेदनीयकर्मके आठ भंग बतलाये गये हैं, उनमेंसे प्रारम्भके चार भंग प्रत्येक जीवसमासमें पाये जाते हैं, अतः चौदह जीवसमासोंको चारसे गुणित करने पर छप्पन भंग हो जाते हैं। तथा केवलीके पूर्वोक्त आठ भंगोंमेंसे छह भंग पाये जाते हैं। इस प्रकार दोनों मिलकर (५६+६=६२) बासठ भंग होते हैं।

इसी अर्थका भाष्यकारने अंकसंदृष्टि द्वारा इस प्रकार स्पष्टीकरण किया है—

चौदह जीवसमासोंमेंसे प्रत्येकमें ये चार भंग होते हैं—
बंध १ १ ० ०
उद० १ ० १ ०
स० १।० १।० १ १।०

यहाँ पर (१) एक अंकसे सातावेदनीय और (०) शून्यसे असाता वेदनीयका संकेत किया गया है।

सयोगिकेवलीमें प्रथमके ये दो भंग $\begin{matrix}१ & १\\ १ & ०\\ १।० & १।०\end{matrix}$ होते हैं। अयोगिकेवलीमें भी ये ही दो भङ्ग पाये जाते हैं। किन्तु उनके द्विचरम समयमें वेदनीयकर्मके बन्धका अभाव हो जाता है, अतएव बन्धके विना $\begin{matrix}१ & ०\\ १।० & १।०\end{matrix}$ ये दो भङ्ग होते हैं। उन्हीं अयोगिकेवलीके चरम समयमें $\begin{matrix}१ & ०\\ १ & ०\end{matrix}$ ये दो भङ्ग पाये जाते हैं। इस प्रकार वेदनीयकर्मके सर्व भङ्ग ६२ जानना चाहिये।

इस प्रकार जीवसमासोंमें वेदनीयकर्मके बन्धादिस्थानोंका निरूपण किया।

अब भाष्यगाथाकार चौदह जीवसमासोंमें आयुकर्मके भंगोंका निरूपण करते हैं—

[1]एयार जीवठाणे पणवण्णा चेव होंति भंगा य।
पज्जत्तासण्णीसु य णव दस सण्णी अपज्जत्ते ॥२५८॥

[2]सण्णी पज्जत्तस्स य अट्ठावीसा हवंति आउस्स।
तिगधियसयं तु सव्वे केवलिभंगेण संजुत्तं ॥२५९॥

[3]सुर-णिरएसु पंच य तिरिय-मणुएसु हवंति णव भंगा।
बंधंते बंधेसु वि चउसु वि आउस्स कमसो दु ॥२६०॥

५।९।९।५।

1. सं० पञ्चसं० ५, २८२। 2. ५, २८३। 3. ५, २८४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथ जीवसमासेषु आयुष्कस्य विकल्पान् गाथाचतुष्केनाऽऽह–['एयार जीवठाणे' इत्यादि ।] एकेन्द्रियसूक्ष्म-बादरौ २ द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रियाः ३ इत्येते पञ्च पर्याप्ताऽपर्याप्ता एवं दश १० । असंज्ञ्यपर्याप्तक एकः १ एवमेकादशजीवसमासेषु प्रत्येकं आयुषः पञ्च पञ्च स्थानानि भङ्गा विकल्पाः । इति सर्वे पञ्चपञ्चाशद्भङ्गा भवन्ति ५५ । पञ्चेन्द्रियासंज्ञिपर्याप्तजीवसमासे नव भङ्गाः ९ भवन्ति । अत्रासंज्ञितिर्यग्जीवः कथं देव-नारकायुषी बध्नाति ? प्रथमनरकनारकायुर्भवन-व्यन्तरायुश्च बध्नातीत्यर्थः । उक्तञ्च—

देवायुर्नारकायुर्बध्नीतः संज्ञ्यसंज्ञिनौ पूर्णौ ।
द्वादश नैकाक्षाद्या जीवसमासाः परे जातु[1] ॥२४॥ इति

असण्णी सरिसवेत्यादिना ज्ञेयम् । संज्ञ्यपर्याप्तजीवसमासे दश विकल्पाः १० स्युः । संज्ञिपर्याप्तस्याष्टाविंशतिविकल्पा २८ भवन्ति । केवलज्ञानिनो भङ्ग एकः १ । एवं सर्वे एकीकृताः आयुषो विकल्पाः सर्वेषु जीवसमासेषु त्र्यधिकशतसंख्योपेता १०३ भवन्ति । मनुष्य-तिर्यगायुषोर्बन्धाबन्धयोर्देव-नारकाणां पञ्च पञ्च भङ्गा विकल्पा भवन्ति ५।५। आयुश्चतुर्षु बन्धाबन्धेषु तिर्यङ्-मनुष्याणां नव नव भङ्गा भवन्ति ९।९ ॥२५८–२६०॥

एकेन्द्रिय सूक्ष्म, एकेन्द्रिय बादर, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय इन पाँचके पर्याप्त और अपर्याप्त-सम्बन्धी दश, तथा एक असंज्ञी अपर्याप्त, इन ग्यारह जीवसमासोंमें आयुकर्मके त्रिसंयोगी भङ्ग पचपन होते हैं । पर्याप्त असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीवसमासमें नौ भङ्ग होते हैं । अपर्याप्त संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवसमासमें दश भङ्ग होते हैं । तथा पर्याप्त संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवसमासमें अट्ठाईस भङ्ग होते हैं । ये सब केवलिसम्बन्धी एक भङ्गसे संयुक्त होकर एकसौ तीन भङ्ग आयुकर्मके होते हैं । संज्ञी पंचेन्द्रियके अट्ठाईस भङ्ग इस प्रकार हैं—आयुकर्मके ये भङ्ग चारों गतियोंमें आयु बँधने और नहीं बँधनेकी अपेक्षा क्रमसे देवोंमें पाँच, नारकियोंमें पाँच, तिर्यञ्चोंमें नौ और मनुष्योंमें नौ होते हैं ॥२५८–२६०॥

[1]णारय-देवभंगा चउरो चउरो चइऊण सेसा तिरियभंगा पंच पंच एयारसेसु जीवसमासेसु ते एक्कम्मि

	०	२	०	३	०	
पंच पंच ति किच्चा पणवण्णा भवंति ।५५। तत्थ पंचण्हं संदिट्ठी वि	२	२	२	२	२	इदि ५५ ।
	२	२।२	२।२	२।३	२।३	

असण्णिपज्जत्तेसु सव्वे तिरियभंगा ९ । सण्णिअपज्जत्ते देव-णारयभंगा चउरो चउरो चइऊण सेसा तिरियाउयभंगा ५ । मणुयाउयभंगा ५ सव्वे १० । सण्णिपज्जत्ते णारयभंगा ५ । तिरियभंगा ९ । मणुयभंगा ९ ।

	०		
देवभंगा ५ । एवं सव्वे वि २८ । केवलिसु	३	एवं सव्वे १०३ ।	
	३		

क्रमेण तु नारके ५ तिर्यक्षु ९ मनुष्येषु ९ देवे ५ । नारक-देवभङ्गान् चतुरश्चतुरस्त्यक्त्वा शेषास्तिर्यग्भङ्गाः पञ्च पञ्च । एकादशजीवसमासेषु ते भङ्गाः एकैकस्मिन् पञ्च पञ्चेति कृत्वा पञ्चपञ्चाशद्भवन्ति ५५। तथाहि—यस्मादेकादशजीवसमासा नारक-देवायुषी न बध्नन्ति, ततस्तेषु तिरश्चामायुर्बन्धभङ्गेभ्यो नवभ्यो नारकायुर्बन्धभङ्गो देवायुर्बन्धभङ्गो द्वौ द्वौ अपाकृत्य शेषा जीवसमासेष्वेकादशसु पञ्चपञ्चेति पञ्चपञ्चाशद् भवन्ति ५५ । ततः पञ्चानां संदृष्टिः—

---

1. सं० पञ्चसं० ५, 'आसामर्थः–' इत्यादिगद्यांशः । (पृ० १९२)।

१. सं० पञ्चसं० ५, २८३ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बं० ० ति २ ० म ३ म ३ ०
उ० ति २ ति २ ति २ ति २ ति २ ति २
स० ० ति २ ति २ ति २ ति २ ति २ ति २ म २ ति २ ति २ ति २ म ३

बं० ० १ ० ति २ ० म ३ ० दे ४ ०
उ० ति २ ति २ ति २ ति २ ति २ ति २ ति २ ति २ ति २
स० ति २ ति २ न १ ति २।१ ति २।२ ति २।२ २ म ३ २ म ३ ति २ दे ४ ति २ दे ४

[इति] तिर्यग्भङ्गाः ६ । ततः संज्ञिपर्याप्तजीवसमासे देव-नारकभङ्गान् चतुरश्चतुरः ४ त्यक्त्वा शेषास्तिर्यगायुर्भङ्गाः पञ्च ५ । मनुष्यायुर्भङ्गाः पञ्च ५ । सर्वे दश । तथाहि—पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ते दश भङ्गाः, यस्मादपूर्णसंज्ञी तिर्यङ्-मनुष्यश्च देवनारकायुषी न बध्नाति तस्मात्तिरश्चां मनुष्याणां चायुर्बन्धभंगेभ्यो नवभ्यः नारकायुर्बन्धभङ्गौ देवायुर्बन्धभङ्गौ च हित्वा शेषाः पञ्चायुर्बन्धभङ्गाः ५।५ । इत्थमपर्याप्ते पंचेन्द्रियसंज्ञिनि भङ्गाः, तद्यथानां अपर्याप्तपञ्चेन्द्रियसंज्ञिरचना, अपर्याप्तमनुष्यरचना, इति पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तास्तिर्यङ्-मनुष्यभङ्गाः दश १० । संज्ञिपर्याप्तनारके भङ्गाः ५ । तिर्यग्पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ते भङ्गाः ६ । मनुष्यपर्याप्तके भङ्गा नव ६ । पर्याप्तदेवे भङ्गा ५ । एव सर्वे संज्ञिपर्याप्ते भङ्गा २८ । केवलिनि भङ्ग एक एव १ । एवं सर्वे आयुषो भङ्गाः विकल्पाः १०३ भवन्ति ।

बं० ० ति २ ० ३ ०
उ० २ २ २ २ २
स० २ २।२ ३।२ २।२ २।३

बं० ० २ ० ३ ०
उ० म ३ म ३ म ३ म ३ म ३
स० म ३ ३।२ ३।२ ३।३ ३।३

बं० ० २ ० ३ ०
उ० न १ न १ न १ न १ न १
स० १ १।२ १।२ १।३ १।३

बं० ० १ ० २ ० ३ ० ४ ० ४ ०
उ० ति २ ति २ ति २ ति २ २ ति २ ति २ ति २ ति २ म ३ म ३
स० २ २।१ २।१ २।२ २।२ २।३ २।३ २।४ २।४ ३।४ ३।४

बं० ० १ ० २ ०
उ० म ३ म ३ म ३ म ३ म ३
स० ३ ३।१ ३।१ ३।२ ३।२

बं० ० २ ० ३ ०
उ० दे ४ दे ४ दे ४ दे ४ दे ४
स० ४ ४।२ ४।२ ४।३ ४।३

इति जीवसमासेषु आयुर्विकल्पाः समाप्ताः ।

स्पष्टीकरण—आयुकर्मके नरकादि गतियोंमें क्रमसे ५, ६, ६ और ५ भङ्ग होते हैं । इन भङ्गोंका विवरण इसी प्रकरणके प्रारम्भमें गाथाङ्क २१ से २४ तक किया जा चुका है । वहाँ पर जो तिर्यग्गतिमें नौ भङ्ग बतलाये हैं, उनमेंसे नारकायु और देवायुके बन्ध-सम्बन्धी चार चार भङ्ग छोड़कर शेष जो पाँच भङ्ग हैं, वे आदिके ग्यारह जीवसमासोंमें पाये जाते हैं । एक एक जीवसमासमें पाँच पाँच भङ्ग होते हैं, इसलिए ग्यारहको पाँचसे गुणित करने पर पचपन (५५) भङ्ग हो जाते हैं । उन पाँच भङ्गोंकी संदृष्टि मूलमें दी हुई है । असंज्ञी पर्याप्तोंमें तिर्यग्गतिके सर्व भङ्ग ६ होते हैं । संज्ञी अपर्याप्तके देव और नारकसम्बन्धी चार-चार भङ्ग छोड़कर तिर्यगायुसम्बन्धी शेष पाँच भङ्ग होते हैं; तथा मनुष्यायुसम्बन्धी भङ्ग भी ५ होते हैं; इस प्रकार दोनों मिलाकर १० भङ्ग अपर्याप्तसंज्ञी पंचेन्द्रिय जीवसमासके होते हैं । संज्ञीपर्याप्त जीवसमासमें नारकियोंके ५ भङ्ग, तिर्यञ्चोंके ६ भङ्ग, मनुष्योंके ६ भङ्ग और देवोंके ५ भङ्ग, इस प्रकार सर्व मिलाकर २८ भङ्ग होते हैं । केवलीके ६ भङ्ग बतलाये गये हैं । इस प्रकार सर्व मिलाकर आयुकर्मके (५५ + ६ + १० + २८ + ६) = १०३ होते हैं ।

इस प्रकार जीवसमासोंमें आयुकर्मके बन्धादि-स्थानोंका निरूपण किया ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब जीवसमासोंमें गोत्रकर्मके बन्ध, उदय और सत्त्व-सम्बन्धी भङ्गोंको कहते हैं—

[1]उच्चं णीचं णीचं णीचं बंधुदयसंतजुयलं च ।
सव्वं णीचं च तहा पुह भंगा होंति तिण्णेवं ॥२६१॥

१	०	०
०	०	०
१।०	१।०	०।०

[2]तेरस ❀जीवसमासेसु एगुणताला हवंति भंगा हु ।
पढमा छ सण्णिपज्जत्तयस्स दो केवलीणं च ॥२६२॥

[3]तेरससु पत्तेयं तिण्णि तिण्णि । एवं ३९ । सण्णिपज्जत्ते सव्वभंगेसु पढमा छ

१	१	०	०	०			
१	०	१	०	०	१	केवलीणं चरमा दो	१ १
१।०	१।०	१।०	१।०	०।०	१।०		१।० १

एवं ३९।६।२।

[4]सव्वे वि मिलिएसु य भंगवियप्पा हवंति गोयस्स ।
सत्तुत्तरतालीसं एत्तो मोहं परं वोच्छं[1] ॥२६३॥

[गोत्रकर्मणः] त्रयोदशजीवसमासेषु प्रत्येकं त्रयो भङ्गा भवन्ति । ते के ? उच्चगोत्रस्य बन्धः १ नीचगोत्रस्योदयः ० पुनर्नीचैर्गोत्रस्य बन्धः ० । नीचगोत्रस्योदयः ० । तत्र द्वयोरुच्चबन्ध-नीचोदय-नीचबन्धो-

१	०
०	०
१।०	१।०

दययोः ० सत्त्वयुगलम् । उच्चगोत्रस्य सत्त्वं १ नीचगोत्रस्य सत्त्वं ० इति द्वौ भङ्गौ । तृतीयभङ्गे

०
०
०।०

सर्वनीचगोत्रस्य बन्धः ० नीचगोत्रस्योदयः ० नीचगोत्रस्य सत्त्वं ० पुनर्नीचगोत्रस्य सत्त्वम् ० इति त्रयो

१	०	०
०	०	०
१।०	१।०	०।०

भङ्गाः । पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तं विना त्रयोदशजीवसमासेषु प्रत्येकं त्रयो [भङ्गा] भवन्ति । त्रिभि ३ र्गुणिताश्चयोदशेति एकोनचत्वारिंशद्भङ्गा विकल्पा ३९ भवन्ति । इति पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ते जीव-समासे षट् प्रथमाः ये पूर्वं गोत्रस्य भङ्गाः सप्त कथितास्तन्मध्ये आदिमाः षट् विकल्पाः ।

बन्धः	१	१	०	०	०	
उदयः	१	०	१	०	०	१
सत्ता	१।०	१।०	१।०	०।०	१।०	१।०

पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ते भवन्ति ६ । केवलिनोः निरस्तसंज्ञ्यसंज्ञिव्यपदेशयोः केवलिनोर्द्वयोरन्तिमौ द्वौ । एते ३९।६।२। पिण्डिताः ४७ सर्वे गोत्रस्य सप्तचत्वारिंशद्भङ्गाः ॥२६१–२६३॥

इति जीवसमासेषु गोत्रस्य विकल्पाः समाप्ताः ।

---

1. सं०पञ्चसं० ५, २८६ । 2. ५, २८७ । 3. ५, 'प्रत्येकं त्रयस्त्रय' इत्यादिगद्यभागः' (पृ० १९३) । 4. ५, २८८ ।

१. द प्रतिमें न यह गाथा है और न उसकी संस्कृत टीका ही उपलब्ध है ।

❀द 'तेरे जीवसमासे' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उच्चगोत्रका बन्ध, नीचगोत्रका उदय और दोनोंका सत्तारूप प्रथम भङ्ग है। नीचगोत्रका बन्ध, नीचगोत्रका उदय और दोनोंका सत्तारूप द्वितीय भङ्ग है। तथा सर्वनीच अर्थात् नीचगोत्र का बन्ध, नीचगोत्रका उदय और नीचगोत्रका सत्त्वरूप तृतीय भङ्ग है। इस प्रकार गोत्रकर्मके पृथक्-पृथक् ये तीन भङ्ग होते हैं ॥२६१॥

स्पष्टीकरण—इन तीनों भङ्गोंकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है। उसमें एकका अंक उच्चगोत्रका और शून्य नीचगोत्रका बोधक जानना चाहिए।

संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तको छोड़कर शेष तेरह जीवसमासोंमें उक्त तीन-तीन भङ्ग होते हैं। अतएव तेरहको तीनसे गुणित करनेपर तेरह जीवसमासोंके उनतालीस भङ्ग हो जाते हैं। संज्ञी-पंचेन्द्रिय पर्याप्तकके प्रारम्भके छह भङ्ग होते हैं। केवलीके अन्तिम दो भङ्ग होते हैं ॥२६२॥

स्पष्टीकरण—इसी प्रकरणके प्रारम्भमें गाथाङ्क १८ की व्याख्या करते हुए गोत्रकर्मके सात भङ्ग संदृष्टिके साथ बतला आये हैं। उनमेंसे प्रारम्भके छह भङ्ग संज्ञीपंचेन्द्रिय पर्याप्तके होते हैं। इनकी अङ्कसंदृष्टि मूलमें दी है। केवलीके उन सात भङ्गोंमेंसे अन्तिम दो भङ्ग होते हैं। इनकी भी अंकसंदृष्टि मूल में दी है। इस प्रकार सर्व मिलाकर (३९ + ६ + २ =) ४७ भङ्ग गोत्रकर्मके होते हैं।

अब भाष्यगाथाकार इसी अर्थका उपसंहार करते हुए आगे मोहकर्मके भङ्गोंके कहनेकी प्रतिज्ञा करते हैं—

ऊपर जो तेरह जीवसमासके उनतालीस संज्ञीपंचेन्द्रिय पर्याप्तकके छह और केवलीके दो भङ्ग बतलाये हैं, वे सब मिलकर गोत्रकर्मके तैंतालीस भङ्ग होते हैं। अब इससे आगे मोहकर्मके भङ्ग कहेंगे ॥२६३॥

अब पूर्व प्रतिज्ञाके अनुसार सप्ततिकाकार जीवसमासोंमें मोहकर्मके भङ्गोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०३०] अट्ठसु पंचसु एगे एय दुय दसय मोहबंधगए।
तिउ चउ णव उदयगदे तिय तिय पण्णरस संतम्मि[1] ॥२६४॥

		८	५	१
जीवसमासेसु	बं०	१	२	१०
	उ०	३	४	९
	सं०	३	३	१५

अथ मोहनीयस्य जीवसमासेषु बन्धादित्रिसंयोगभङ्गान् गाथाचतुष्केनाऽऽह—['अट्ठसु पञ्चसु एगे' इत्यादि।] अष्टसु जीवसमासेषु ८ पञ्चसु जीवसमासेषु ५ एकस्मिन् जीवसमासे १ च क्रमेण मोहप्रकृतीनां बन्धस्थानमेकं १ द्विकं २ दशकं १० च, तथा मोहप्रकृत्युदयस्थानं त्रयं ३ चतुष्कं ४ नवकं ९, तथा मोहप्रकृतीनां सत्त्वस्थानं त्रिकं ३ च त्रिकं ३ च पञ्चदशकं च १५ भवन्ति ॥२६४॥

	जीवस० ८	जीवस० ५	जीवस० १
बन्धः	१	२	१०
उदयः	३	४	९
सत्ता	३	३	१५

आठ, पाँच और एक जीवसमासमें मोहकर्मके क्रमशः एक, दो और दश बन्धस्थान; तीन, चार और नौ उदयस्थान; एवं तीन-तीन और पन्द्रह सत्तास्थान होते हैं ॥२६४॥

इनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है।

---

१. सप्ततिका० ३६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब भाष्यगाथाकार उक्त मूलगाथाके अर्थका स्पष्टीकरण करते हैं—

[1]सत्त अपज्जत्तेसु य पज्जत्ते सुहुम तह य अट्ठसु य ।
वावीसं बंधोदय-संता पुण तिण्णि पढमिल्ला ॥२६५॥

अट्ठसु बंधे २२ उदये १०।९।८। संते २८।२७।२६।

एकेन्द्रियसूक्ष्म १ बादर १ द्वि १ त्रि १ चतुरिन्द्रिय १ पञ्चेन्द्रियसंज्ञ्यऽ १ संज्ञि १ जीवापर्याप्ताः सप्त । एकेन्द्रियसूक्ष्मपर्याप्त एकः १ एवमष्टसु जीवसमासेषु ८ मोहप्रकृतिबन्धस्थानं द्वाविंशतिकम् २२ । किं तत् ? मिथ्यात्वं १ कषायाः १६ वेदानां त्रयाणां मध्ये एकतरवेदः १ हास्य-शोकयुग्मयोर्मध्ये एकतरयुग्मं २ भय-जुगुप्साद्वयं २ इति द्वाविंशतिकं मोह[बन्ध-]स्थानं अष्टसु जीवसमासेषु बन्धमायाति २२ । तत्र मोहोदयस्थानानि आद्यानि त्रीणि ३—१०।९।८ । मोहप्रकृतिसत्त्वस्थानानि आद्यानि त्रीणि ३—२८।२७। २६ । किं तत् उदये ? मिथ्यात्वमेकं १ षोडशकषायाणां मध्ये एकतरकषायचतुष्कं ४ वेदत्रयाणां मध्ये एकतरवेदः १ हास्यादियुग्मं २ भयं १ जुगुप्सा १ एवं मोहप्रकृत्युदयस्थानं दशकम् १० । इदं भयरहितं नवकम् ९ । इदं जुगुप्सारहितमष्टकं स्थानम् ८ । मोहस्य सर्वप्रकृतिसत्त्वं २८ । अतः सम्यक्त्वप्रकृत्युद्वेल्लिते २७ । अतः मिश्रप्रकृत्युद्वेल्लिते इदं २६ ॥२६५॥

सातों अपर्याप्तक, तथा सूक्ष्म पर्याप्तक, इन आठों जीवसमासोंमें बाईसप्रकृतिक बन्धस्थान के साथ आदिके तीन उदयस्थान और तीन सत्तास्थान होते हैं ॥२६५॥

आठ जीवसमासोंमेंसे प्रत्येकमें बन्धस्थान २२ में उदयस्थान १०, ९, ८ प्रकृतिक और सत्तास्थान २८, २७, २६, प्रकृतिक तीन-तीन होते हैं ।

[2]पंचसु पज्जत्तेसु य पज्जत्तयसण्णिणामगं वज्ज† ।
हेट्ठिम× दो चउ तिण्णि य बंधोदयसंतठाणाणि ॥२६६॥

[3]पंचसु पज्जत्तेसु बंधे २२।२१। उदये १०।९।८।७। संते २८।२७।२६।

पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तकं वर्जयित्वा एकेन्द्रियबादर १ द्वीन्द्रिय १ त्रीन्द्रिय १ चतुरिन्द्रिय १ पञ्चेन्द्रियासंज्ञि १ पर्याप्तेषु पञ्चसु जीवसमासेषु ५ आदिमे द्वे मोहबन्धस्थाने द्वाविंशतिकै २२ कविंशतिके २१ भवतः । आदिमानि चत्वारि मोहप्रकृत्युदयस्थानानि १०।९।८।७ । आदिमानि त्रीणि मोहसत्त्वस्थानानि २८।२७।२६ ॥२६६॥

पञ्चसु पर्याप्तेषु बन्धे २२।२१ उदये १०।९।८।७ सत्तायाः २८।२७।२६ ।

पर्याप्त संज्ञीनामक जीवसमासको छोड़कर शेष पाँच पर्याप्तक जीवसमासोंमें अधस्तन दो बन्धस्थान, चार उदयस्थान और तीन सत्तास्थान होते हैं ॥२६६॥

पाँच पर्याप्तक जीवसमासोंमें बन्धस्थान २२, २१ प्रकृतिक दो; उदयस्थान १०, ९, ८, ७ प्रकृतिक चार और सत्तास्थान २८, २७, २६ प्रकृतिक तीन होते हैं ।

[4]दस णव पण्णरसाइ बंधोदयसंतपयडिठाणाणि ।
सण्णिपज्जत्तयाणं संपुण्ण त्ति+ बोहव्वा ॥२६७॥

[5]सण्णिपज्जत्ते सव्वाणि बंधे २२।२१।१७।१३।९।५।४।३।२।१। उदये १०।९।८।७।६।५।४।२।१ । संते २८।२७।२६।२४।२३।२२।२१।१३।१२।११।५।४।३।२।१ ।

---

1. सं०पञ्चसं० ५, २८९ । 2. ५, २९० । 3. ५, 'पञ्चानां पूर्णानां' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १९४) । 4. ५, २९१ । 5. ५, 'संज्ञिनि पूर्णे' इत्यादिगद्यांशः । (पृ० १९४) ।

†ब वज्जा, द बज्जं । × द आदिम । + द इदि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एकस्मिन् पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्ते जीवसमासे चतुर्दशे दश मोहप्रकृतिबन्धस्थानानि २२।२१।१७।१३। ९।५।४।३।२।१ । नव मोहप्रकृत्युदयस्थानानि १०।९।८।७।६।५।४।२।१ । पञ्चदश मोहनीयप्रकृतिसत्त्वस्थानानि सम्पूर्णानि भवन्तीति ज्ञातव्यम् । एतत्सर्वं पूर्वं व्याख्यातमेव ॥२६७॥

इति जीवसमासेषु मोहनीयस्य बन्धादित्रिकसंयोगविकल्पाः समाप्ताः ।

संज्ञी पर्याप्तक जीवोंके बन्धस्थान दश, उदयस्थान नौ और सत्त्वस्थान पन्द्रह होते हैं। अर्थात् इस चौदहवें जीवसमासमें सम्पूर्ण बन्धस्थान, उदयस्थान और सत्तास्थान जानना चाहिए ॥२६७॥

संज्ञी पर्याप्तकमें सभी बन्ध, उदय और सत्तास्थान होते हैं। उनकी अङ्कसंदृष्टि इस प्रकार है—बन्धस्थान २२, २१, १७, १३, ९, ५, ४, ३, २, १। उदयस्थान १०, ९, ८, ७, ६, ५, ४, २, १। सत्तास्थान २८, २७, २६, २४, २३, २२, २१, १३, १२, ११, ५, ४, ३, २, १।

इस प्रकार जीवसमासोंमें मोहकर्मके बन्धादि स्थानोंका निरूपण किया।

अब मूल सप्ततिकाकार जीवसमासोंमें नामकर्मके बन्ध, उदय और सत्तास्थान सम्बन्धी भङ्गोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०३१] [1]सत्तेव अपज्जत्ता सामी सुहुमो य बायरो चेव ।
वियलिंदिया य तिण्णि दु तहा असण्णी य सण्णी य[1] ॥२६८॥

७।१।१।३।१।१।

[मूलगा०३२] [2]पणय दुय पणय पणयं चदु पण बंधुदय संत पणयं च ।
पण छक्क पणय छ छक्क पणय अट्ठट्ठमेयारं[2] ॥२६९॥

	अप० ७	सु० १	बा० १	बि० ३	असं० १	सं० १
बं०	५	५	५	५	६	८
उ०	२	४	५	६	६	८
स०	५	५	५	५	५	११

अथ जीवसमासेषु नामकर्मप्रकृतिबन्धोदयसत्त्वस्थानत्रिकसंयोगान् याजयति—['सत्तेव अपज्जत्ता' इत्यादि ।] सप्तापर्याप्तका जीवाः स्वामिनः ७ एकः सूक्ष्मो जीवः १ एको बादरो जीवः १ विकलत्रयजीवास्त्रयः ३ तथाऽसंज्ञी जीव एकः १ संज्ञी जीव एकः १ इति चतुर्दश जीवाः स्वामिनः ॥२६८॥

क्रमादेषां स्वामिसंख्या ७।१।१।३।१।१ ।

अथैतेषु बन्धादिस्थानसंख्यामाह—['पणय दुय पणय पणयं' इत्यादि ।] एकेन्द्रियसूक्ष्म १ बादर २ द्वि ३ त्रि ४ चतुः ५ पञ्चेन्द्रियासंज्ञि ६ संज्ञि ७ जीवापर्याप्तेषु सप्तसु नामप्रकृतिबन्धोदयसत्त्वस्थानानि पञ्च ५ द्वे २ पञ्च ५ सर्वसूक्ष्मैकजीवसमासेषु पञ्च ५ चत्वारि ४ पञ्च ५ सर्वबादरैकजीवसमासेषु पञ्च ५ पञ्च ५ पञ्च ५, विकलत्रयजीवसमासेषु पञ्च ५ षट् ६ पञ्च ५ असंज्ञिषु षट् ६ षट् ६ पञ्च ५, संज्ञिषु अष्टा ८ ष्टौ ८ कादश ११ ॥२६९॥

	अपर्याप्तेषु ७	सूक्ष्म० १	बादर० १	विकल० ३	असं० १	संज्ञि०
बन्धः	५	५	५	५	६	८
उदयः	२	४	५	६	६	८
सत्ता	५	५	५	५	५	११

---

1 सं० पञ्चसं० ५, २९४ । 2. ५, २९२-२९३ ।

१. सप्ततिका० ३८ । २. सप्ततिका० ३७ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाँच बन्धस्थान, दो उदयस्थान और पाँच सत्तास्थानके स्वामी सातों ही अपर्याप्तक जीवसमास हैं। पाँच बन्धस्थान, चार उदयस्थान और पाँच सत्तास्थानके स्वामी सूक्ष्म एकेन्द्रिय-पर्याप्तक हैं। पाँच बन्धस्थान, पाँच उदयस्थान और पाँच सत्तास्थानके स्वामी बादर एकेन्द्रियपर्याप्तक हैं। पाँच बन्धस्थान, छह उदयस्थान और पाँच सत्तास्थानके स्वामी तीनों विकलेन्द्रिय हैं। छह बन्धस्थान, छह उदयस्थान और पाँच सत्तास्थानके स्वामी असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक हैं। तथा आठ बन्धस्थान, आठ उदयस्थान और ग्यारह सत्तास्थानके स्वामी संज्ञीपंचेन्द्रियपर्याप्तक जीव हैं ॥२६८-२६९॥

इनकी अंकसंदृष्टि मूल और टीकामें दी हुई है।

अब भाष्यगाथाकार इसी अर्थका स्पष्टीकरण करते हैं—

[1]सत्तेव य पज्जत्ते तेवीसं पंचवीस छव्वीसं।
ऊणत्तीसं तीसं बंधवियप्पा हवंति त्ति ॥२७०॥

सप्त अपर्याप्तेषु बंधस्थानानि २३।२५।२६।२९।३०

तानि कानीति चेदाह—['सत्तेव य पज्जत्ते' इत्यादि] सप्तसु अपर्याप्तेषु जीवसमासेषु नामप्रकृतिबन्धस्थानानि पञ्च—त्रयोविंशतिकं २३ पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ नवविंशतिकं २९ त्रिंशत्कं ३० चेति। बन्धविकल्पाः पञ्च भवन्ति ॥२७०॥

२३।२५।२६।२९।३०।

सातों ही अपर्याप्तक जीवसमासोंमें तेईस, पच्चीस, छब्बीस, उनतीस और तीसप्रकृतिक पाँच बन्धस्थान होते हैं ॥२७०॥

सातों अपर्याप्तकोंमें २३, २५, २६, २९, ३० प्रकृतिक पाँच बन्धस्थान होते हैं।

[2]सुहुम-अपज्जत्ताणं उदओ इगिवीसयं तु बोहव्वो।
बायरपज्जत्तेदरउदओ चउवीसमेव जाणाहि ॥२७१॥

उदया २१।२४।

एकेन्द्रियसूक्ष्मापर्याप्तानां स्थावरलब्ध्यपर्याप्तकानां नामप्रकृत्युदयस्थानमेकविंशतिकं २१ ज्ञातव्यम्। एकेन्द्रियबादरापर्याप्तानां चतुर्विंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं २४ जानीहि ॥२७१॥

एकेन्द्रियसूक्ष्म-बादरपर्याप्तयोः उदयस्थानद्वयम् २१।२४।

सूक्ष्म अपर्याप्तकोंके इक्कीसप्रकृतिक एक उदयस्थान जानना चाहिए। बादर अपर्याप्तकोंके चौबीसप्रकृतिक एक ही उदयस्थान जानो ॥२७१॥

सूक्ष्म अपर्याप्तकके २१ प्रकृतिक और बादर अपर्याप्तकके २४ प्रकृतिक उदयस्थान होते हैं।

[3]सेस-अपज्जत्ताणं उदओ दो चेव होंति णायव्वा।
इगिवीसं छव्वीसं एत्तो सत्तं भणिस्सामो ॥२७२॥

२१।२६

शेषाणां पञ्चानामपर्याप्तानां त्रसलब्ध्यपर्याप्तानां द्वे उदयस्थाने भवतः। किं तत् नामप्रकृत्युदयस्थानम्? एकविंशतिकं २१ षड्विंशतिकं च। अतः परं तत्र सत्त्वस्थानानि वयं भणिष्यामः ॥२७२॥

पञ्चानामप्यपर्याप्तानामुदये २१।२६।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २९५। 2. ५, २९६। 3. ५, २९७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शेष अपर्याप्त जीवसमासोंके इक्कीस और छब्बीसप्रकृतिक दो ही उदयस्थान होते हैं, ऐसा जानना चाहिए। अब इससे आगे सातों अपर्याप्तक जीवसमासोंके सत्तास्थान कहेंगे॥२७२॥

शेष अपर्याप्तकोंके उदयस्थान २१ और २६ प्रकृतिक दो होते हैं।

[1]तेसु य संतट्ठाणा वाणउदी णवदिमेव जाणाहि।
अडसीदी चेव तहा चउ वासीदी य संतया होंति ॥२७३॥

संते ९२।९०।८८।८४।८२। 'सत्त अपज्जत्तएसु' त्ति गयं।

तयोर्नामप्रकृतिबन्धोदययोर्वा अपर्याप्तकसप्तके वा नामप्रकृतिसत्त्वस्थानं द्वानवतिकं ९२ नवतिकं ९० अष्टाशीतिकं ८८ चतुरशीतिकं ८४ द्व्यशीतिकं ८२ चेति सत्तायाः पञ्च सत्त्वस्थानानि भवन्तीति जानाहि ॥२७३॥

९२।९०।८८।८४।८२ इति सप्तसु अपर्याप्तेषु व्याख्यानं गतं पूर्णं जातम्।

उन्हीं सातों अपर्याप्तक जीवसमासोंमें बानबै, नब्बै, अट्ठासी, चौरासी और बियासी-प्रकृतिक पाँच सत्तास्थान होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥२७३॥

सातों अपर्याप्तकोंमें ९२, ९०, ८८, ८४, ८२ प्रकृतिक पाँच सत्त्वस्थान होते हैं।

[2]ते चिय बंधट्ठाणा संता वि तहेव सुहुमपज्जत्ते।
चत्तारि उदयठाणा इगि चउ पणवीस छव्वीसा ॥२७४॥

[3]सुहुमपज्जत्ते बंधा २३।२५।२६।२९।३०। उदया २१।२४।२५।२६। संता ९२।९०।८८।८४।८२।

तान्येव पूर्वं अपर्याप्तसप्तकोक्तनामबन्धस्थानानि तथैव सत्त्वस्थानानि च सूक्ष्मैकपर्याप्तकेषु बन्धस्थानानि २३।२५।२६।२९।३०। सत्त्वस्थानानि ९२।९०।८८।८४।८२ भवन्ति। एकविंशतिकं २१ चतुर्विंशतिकं २४ पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ इत्युदयस्थानानि चत्वारि भवन्ति—२१।२४।२५।२६ ॥२७४॥

सूक्ष्मपर्याप्तके जीवसमासे बन्धाः २३।२५।२६।२९।३०। उदयाः २१।२४।२५।२६। सत्त्वानि ९२।९०।८८।८४।८२।

सूक्ष्मपर्याप्तक जीवसमासमें वे ही पूर्वोक्त पाँच बन्धस्थान और पाँच सत्त्वस्थान होते हैं। किन्तु उदयस्थान इक्कीस, चौबीस, पचीस और छब्बीस प्रकृतिक चार होते हैं ॥२७४॥

सूक्ष्मपर्याप्तमें बन्धस्थान २३, २५, २६, २९, ३०, उदयस्थान २१; २४, २५, २६ और सत्त्वस्थान २२, ९०, ८८, ८४, ८२ होते हैं।

[4]बायर पज्जत्तेसु वि ते चेव य होंति बंध-संतठाणाणि।
इगिवीसं ठाणादी सत्तावीसं ति ते उदया ॥२७५॥

[5]बायर-एइंदियपज्जत्ते बंधा २३।२५।२६।२९।३०। उदया २१।२४।२५।२६।२७। संता ९२।९०।८८।८४।८२।

तान्येव सूक्ष्मपर्याप्तोक्तबन्ध-सत्त्वस्थानानि बादरैकेन्द्रियपर्याप्तकजीवसमासे भवन्ति २३।२५।२६।२९।३०। सत्त्वस्थानानि ९२।९०।८८।८४।८२। एकविंशतिकादि-सप्तविंशतिपर्यंतोदयस्थानानि २१।२४।२५।२६।२७ भवन्ति ॥२७५॥

---

1. सं०पञ्चसं० ५, २९८। 2. २९९। 3. ५, 'सूक्ष्मे पूर्णे बन्धाः' इत्यादिगद्यभागः। (पृ० १९५)
4. ५, ३००। 5. ५, 'पूर्णे बन्धाः' इत्यादिगद्यांशः। (पृ० १९५)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एकेन्द्रियबादरपर्याप्तके बन्धाः २३।२५।२६।२९।३० । उदयाः २१।२४।२५।२६।२७ । सत्ताः ९२।९०।८८।८४।८२ ।

बादर पर्याप्त जीवसमासमें वे ही पूर्वोक्त पाँच बन्धस्थान और पाँच सत्त्वस्थान होते हैं। किन्तु उदयस्थान इक्कीस प्रकृतिसे लेकर सत्ताईस प्रकृतिक तकके पाँच होते हैं ॥२७५॥

बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तकमें बन्धस्थान २१, २५, २६, २९, ३० होते हैं। उदयस्थान २१, २४, २५, २६, २७ होते हैं और सत्त्वस्थान ९२, ९०, ८८, ८४, ८२ होते हैं।

[1]वियलिंदिएसु तेच्चिय पुव्वुत्ता बंध-संतठाणाणि ।
तीसिगितीसुगुतीसा इगिछव्वीसट्ठवीसुदया ॥२७६॥

[2]वियलिंदिएसु बंधा २३।२५।२६।२९।३० । उदया २१।२६।२८।२९।३०।३१ संता ९२।९०।८८ ८४।८२ ।

विकलत्रये पर्याप्ते तान्येव पूर्वं सूक्ष्मोक्तबन्ध-सत्त्वस्थानानि २३।२५।२६।२९।३० । सत्ता, ९२।९० । ८८।८४।८२ । त्रिंशत्कं ३० एकत्रिंशत्कं ३१ एकोनत्रिंशत्कं २९ एकविंशतिकं २१ षड्विंशतिकं २६ अष्टाविंशतिकं २८ इत्युदयस्थानानि षड् भवन्ति ॥२७६॥

विकलत्रयप र्याप्तजीवसमासेषु प्रत्येकं बन्धाः २३।२५।२६।२९।३० । उदयाः २१।२६।२८।२९।३०। ३१ । सत्त्वानि ९२।९०।८८।८४।८२ ।

विकलेन्द्रिय जीवसमासोंमें वे ही पूर्वोक्त पाँच बन्धस्थान और पाँच सत्तास्थान होते हैं। किन्तु उदयस्थान इक्कीस, छब्बीस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक छह होते हैं ॥२७६॥

विकलेन्द्रियोंमें बन्धस्थान २३, २५, २६, २९, ३०; उदयस्थान २१, २६, २८, २९, ३०, ३१ और सत्तास्थान ९२, ९०, ८८, ८४, ८२ होते हैं।

[3]पज्जत्तासण्णीसु वि बंधा तेवीसमाइ तीसंता ।
तेसिं चिय संतुदया सरिसा वियलिंदियाणं तु ॥२७७॥

[4]असण्णिपज्जत्ते बंधा २३।२५।२९।२८।२९।३० । उदया २१।२६।२८।२९।३०।३१ । संता ९२।९०।८८।८४।८२ ।

असंज्ञिपंचेन्द्रियपर्याप्तकेषु बन्धाः त्रयोविंशत्यादित्रिंशदन्ताः नामप्रकृतिबन्धस्थानानि त्रयोविंशतिकपञ्चविंशतिक-षड्विंशतिकाष्टाविंशतिक-नवविंशतिक-त्रिंशत्कानि षट् भवन्ति । तेषां विकलेन्द्रियाणां सदृशानि सत्त्वोदयस्थानानि भवन्ति ॥२७७॥

असंज्ञिपंचेन्द्रियपर्याप्तके जीवसमासे बन्धाः २३।२५।२६।२८।२९।३० । उदयाः २१।२६।२८।२९। ३०।३१ । सत्त्वानि ९२।९०।८८।८४।८२ ।

पर्याप्त असंज्ञी जीवोंमें तेईसप्रकृतिकको आदि लेकर तीसप्रकृतिक पर्यन्तके छह बन्धस्थान होते हैं। तथा उनके उदयस्थान और सत्तास्थान विकलेन्द्रियोंके सदृश ही जानना चाहिए ॥२७७॥

असंज्ञी पर्याप्तकोंमें बन्धस्थान २३, २५, २६, २८, २९, ३०; उदयस्थान २१, २६, २८, २९, ३०, ३१ और सत्तास्थान ९२, ९०, ८८, ८४, ८२ होते हैं।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३०१-३०२ । 2. ५, २३ इत्यादिगद्यभागः (पृ० १९५) । 3. ५. ३०३ । 4. ५, 'बन्धाः २३' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १९६) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]सव्वे वि बंधठाणा सण्णी पज्जत्तयस्स बोहव्वा ।
चउवीस णवय अट्ठ य वज्जित्ता उदय पज्जत्ते ॥२७८॥

[2]तस्स दु संतट्ठाणा उवरिम दो वज्जिदूण हेट्ठिल्ला ।
दोण्हं पि केवलीणं तीसिगितीसट्ठ णव उदया ॥२७९॥

[3]णव दस सत्तत्तरियं अट्ठत्तरियं च संतठाणाणि ।
ऊणासीदि असीदी बोहव्वा होंति केवलिणो ॥२८०॥

[4]सण्णिपज्जत्ते बंधा २३।२५।२६।२८।२९।३०।३१।१ । उदया २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१ । संता ९३।९२।९१।९०।८८।८४।८२।८०।७९।७८।७७ ।

[5]णेव सण्णिणेव असण्णीणं उदया २१।३०।९।८ । संता ८०।७९।७८।७७।१०।९ ।

इदि जीवसमासपरूवणा समत्ता ।

पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तकजीवस्य सर्वाणि बन्धस्थानान्यष्टौ भवन्तीति ज्ञातव्यम् २३।२५।२६।२८। २९।३०।३१।१ । चतुर्विंशतिक-नवकाष्टकं स्थानत्रयं वर्जयित्वान्यान्यष्टौ सर्वाण्युदयस्थानानि पंचेन्द्रिय-संज्ञिपर्याप्तके भवन्ति २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१ । तु पुनस्तस्य पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तकस्यो-परिमद्वये दशक-नवकस्थानद्वयं वर्जयित्वा एकादश सत्त्वस्थानानि भवन्ति । सयोगायोगिकेवलिनोर्द्वयोः त्रिंशत्कै ३० कत्रिंशत्क ३१ नवका ९ ष्टकानि ८ चत्वार्युदयस्थानानि भवन्ति । नवक ९ दशक १० सप्तसप्ततिका ७७ ष्टसप्ततिकानि ७८ च । पुन एकोनाशीति ७९ अशीतिकं ८० चेति षट् नामप्रकृति-सत्त्वस्थानानि केवलज्ञानिनो बोधव्यानि भवन्ति ॥२७८–२८०॥

पञ्चेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तकजीवसमासे बन्धाः २३।२५।२६।२८।२९।३०।३१ । उदयाः २१।२५।२६। २७।२८।२९।३०।३१ । सत्त्वानि ९३।९२।९१।९०।८८।८४।८२।८०।७९।७८।७७ । संज्ञ्यसंज्ञिव्यपदेश-रहितयोः सयोगायोगद्वययोर्बन्धरहितयोरुदयस्थानानि ३०।३१।९।८ । सत्त्वस्थानानि ८०।७९। ७८।७७।१०।९ ।

अपर्याप्तसप्तकेषु प्रत्येकम्			सूक्ष्मैकेन्द्रियपर्याप्ते			बादरैकेन्द्रियपर्याप्ते		
बन्धः	उदयः	सत्त्वम्	बन्धः	उदयः	सत्त्वम्	बन्धः	उदयः	सत्त्वम्
५	२	५	५	४	५	५	५	५
२३	२१।२१	९२	२३	२१	९२	२३	२१	९२
२५	२४।२६	९०	२५	२४	९०	२५	२४	९०
२६	०	८८	२६	२५	८८	२६	२५	८२
२९	०	८४	२९	२६	८४	२९	२६	८४
३०	०	८२	२०	०	८२	३०	२७	८२

1. सं०पञ्चसं० ५, ३०४ । 2. ५, ३०५ । 3. ५, ३०६ । 4. ५, 'बन्धा २३' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १९६) । 5. ५, 'उदये ३०' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १९६) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विकलत्रयेषु प्रत्येकम्

बन्धः	उदयः	सत्त्वम्
५	६	५
२३	२१	९२
२५	२६	९०
२६	२८	८८
२९	२९	८४
३०	३०	८२
	३१	

असंज्ञिपर्याप्ते

बन्धः	उदयः	सत्त्वम्
६	६	५
२३	२१	९२
२५	२६	९०
२६	२८	८८
२८	२९	८४
२९	३०	८२
३०	३१	

संज्ञिपर्याप्ते

बन्धः	उदयः	सत्त्वम्
८	८	११
२३	२१	९३
२५	२५	९२
२६	२६	९१
२८	२७	९०
२९	२८	८८
३०	२९	८४
३१	३०	८२
१	३१	८०
		७९
		७८
		७७

सयोगायोगयोः

बन्धः	उदयः	सत्त्वम्
०	४	६
०	३०	८०
०	३१	७९
०	९	७८
०	८	७७
०		१०
०		९

समुद्घातकेवलिनि

बन्धः	उदयः	सत्त्वम्
०	१०	६
०	२०	८०
०	२१	७९
०	२६	७८
०	२७	७७
०	२८	१०
०	२९	९
०	३०	
०	३१	
०	९	
०	८	

इति जीवसमासप्ररूपणा समाप्ता ।

पर्याप्त संज्ञी जीवोंमें सर्व ही बन्धस्थान जानना चाहिए। उदयस्थान चौबीस, नौ और आठ प्रकृतिक तीनको छोड़कर शेष आठ होते हैं। उसके सत्तास्थान उपरिम दोको छोड़कर अधस्तन ग्यारह होते हैं। तेरहवें और चौदहवें गुणस्थानवर्त्ती दोनों ही केवलियोंके तीस, इकतीस, नौ और आठ प्रकृतिक चार उदयस्थान होते हैं। उन्हीं केवलियोंके सत्तास्थान अस्सी, उन्यासी, अट्ठहत्तर, सतहत्तर दश और नौप्रकृतिक छह होते हैं ॥२७८-२८०॥

संज्ञी पर्याप्तकके बन्धस्थान २३, २५, २६, २८, २९, ३०, ३१ और १ प्रकृतिक आठ होते हैं। उदयस्थान २१, २५, २६, २७, २८, २९, ३०, ३१ प्रकृतिक आठ होते हैं। सत्तास्थान ९३, ९२, ९१, ९०, ८८, ८४, ८२, ८०, ७९, ७८ और ७७ प्रकृतिक ग्यारह होते हैं।

इस प्रकार जीवसमासोंमें नामकर्मके बन्ध, उदय और सत्तास्थानोंका निरूपण समाप्त हुआ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब मूल सप्ततिकार ज्ञानावरण और अन्तरायकर्मके बन्धादिस्थानोंका गुणस्थानोंमें वर्णन करते हैं—

[मूलगा०३३] [1]णाणावरणे विग्घे बंधोदयसंत पंचठाणाणि ।
मिच्छाइ-दसगुणेसुं खीणुवसंतेसु पंच संतुदया[1] ॥२८१॥

		बं०	५	५		बं०	० ०
[2]मिच्छाइगुणट्ठाणेसु दससु		उ०	५	५	अबंधगोवसंत-खीणाणं	उ०	५ ५
		सं०	५	५		सं०	५ ५

अथाष्टकर्मणामुत्तरप्रकृतीनां बन्धोदयसत्त्वस्थानत्रिसंयोगभङ्गान् गुणस्थानेषु प्ररूपयति । [तत्र] आदौ ज्ञानावरणान्तरायप्रकृतिबन्धादित्रिसंयोगान् गुणस्थानेष्वाह—['णाणावरणे विग्घे' इत्यादि ।] मिथ्यादृष्ट्यादि-सूक्ष्मसाम्परायान्तगुणस्थानेषु दशसु ज्ञानावरणान्तराययोर्बन्धोदयसत्त्वस्थानानि पञ्च पञ्च पञ्च प्रकृतयो भवन्ति ५।५।५। बन्धोपरमेऽप्युपशान्त-क्षीणकषाययोरुदयसत्त्वे तथा पञ्च पञ्च प्रकृतयः स्युः । उदयरूपाः पञ्च प्रकृतयः ५ सत्त्वरूपाः पञ्च प्रकृतयः ५ इत्यर्थः ॥२८१॥

		बं०	५	५		बं०	० ०
मिथ्यादिषु दशसु		उ०	५	५	अबन्धकयोरुपशान्त-क्षीणकषाययोः	उ०	५ ५
		स०	५	५		स०	५ ५

ज्ञानावरणान्तराययोर्बन्धादित्रिकयन्त्रम्—

गुण०	मि०	सा०	मि०	अवि०	दे०	प्र०	अप्र०	अपू०	अनि०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
बं०	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	०	०	०
उ०	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	०	०
स०	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	०	०

मिथ्यात्व आदि दश गुणस्थानोंमें ज्ञानावरण और अन्तरायकर्मके पाँचप्रकृतिक बन्धस्थान, पाँचप्रकृतिक उदयस्थान और पाँचप्रकृतिक सत्तास्थान होते हैं । इन दोनों ही कर्मोंके बन्धसे रहित उपशान्तमोह और क्षीणमोह नामक ग्यारहवें-बारहवें गुणस्थानमें पाँचप्रकृतिक उदयस्थान और पाँच प्रकृतिक सत्तास्थान होता है ॥२८१॥

		ज्ञाना०	अन्त०
	बं०	५	५
मिथ्यात्व आदि दश गुणस्थानोंमें—	उ०	५	५
	स०	५	५
	बं०	०	०
अबन्धक उपशान्त और क्षीणमोहमें	उ०	५	५
	स०	५	५

---

1. ५, ३०७ । 2. ५, 'गुणस्थानदशके' इत्यादिगद्यांशः (पृ०१९६) ।

१. सप्ततिका० ३९ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरणान्तदशकाद्युदयप्रकृतयः ६८।३२।३२।६०।५२।४४।४४।२० चतुर्विंशत्या २४ गुणिताः मिथ्यादृष्टौ ८६४। द्वि० ७६८। उभयोर्मीलिताः १६३२ सासादने ७६८। मिश्रे ७३८। असंयते १४४०। देशसंयते १२४८। प्रमत्ते १०५६। अप्रमत्ते १०५६। अपूर्वकरणे ४८०। एतासु मीलिताः ८४४८।

इस प्रकार मोहकर्मकी पूर्वोक्त दशप्रकृतिक उदयस्थानोंकी उदयप्रकृतियाँ मिथ्यात्व आदि सात गुणस्थानोंमें क्रमशः ६८, ३२, ३२, ६०, ५२, ४४, ४४ होती हैं। अपूर्वकरणमें २० होती हैं। अनिवृत्तिकरणके सवेदभागमें २ और अवेदभागमें १ होती है, तथा सूक्ष्मसाम्परायमें १ उदयप्रकृति होती है। अपूर्वकरणगुणस्थान तककी इन उदयप्रकृतियोंको चौबीससे गुणा करने पर पदवृन्द इस प्रकार होते हैं—मिथ्यात्वमें पहले ३६ के भेदको २४ से गुणा करनेपर ८६४ आये। दूसरे भेदके ३२ को २४ से गुणा करने पर ७६८ आये। दोनोंको मिलाने पर १६३२ पदवृन्द होते हैं। सासादनादिगुणस्थानोंमें क्रमसे ७६८, ७६८, १४४०, १२४८, १०५६, १०५६, ४८० पदवृन्द होते हैं। ये सर्व मिलकरके ८४४८ पदवृन्द हो जाते हैं।

अब इसी कथनको भाष्यगाथाकार निरूपण करते हैं—

[2]**चउसट्ठी अट्ठसया अट्ठट्ठी होंति सत्तसया।**
बत्तीसा सोलसया जुत्ता मिच्छम्मि उभओ वि ॥३२१॥

मिच्छे।१६३२।

एतदुक्तं च—['चउसट्ठी अट्ठसया' इत्यादि।] चतुःषष्ट्यधिकाष्टशतानि ८६४ अष्टषष्ट्यधिकसप्तशतानि ७६८ उभयविमिश्रे द्वात्रिंशदधिकषोडशशतप्रमिता मोहोदयप्रकृतिविकल्पा मिथ्यादृष्टौ १६३२ भवन्ति ॥३२१॥

मिथ्यात्वमें आठ सौ चौंसट (८६४) और सात सौ अड़सठ (७६८) ये दोनों मिलकरके सोलह सौ बत्तीस (१६३२) पदवृन्द होते हैं ॥३२१॥

मिथ्यात्वमें १६३२ पदवृन्द हैं।

[3]**अट्ठट्ठी सत्तसया सासण-मिस्साण होंति पयबंधा।**
अविरयम्मि चोद्दह सयाणि चत्तालसहियाणि ॥३२२॥

७६८।७६८।१४४०।

सासादन-मिश्रयोरष्टषष्ट्यधिकसप्तशतप्रमिताः ७६८। ७६८। असंयते चत्वारिंशदधिकचतुर्दशशतप्रमिताः १४४० पदबन्धाः मोहोदयप्रकृतिविकल्पा भवन्ति ॥३२२॥

सासादन और मिश्रमें पदवृन्द सात सौ अड़सठ, सात सौ अड़सठ होते हैं। अविरतसम्यक्त्वमें चौदह सौ चालीस पदवृन्द होते हैं ॥३२२॥

सासादनमें ७६८, मिश्रमें ७६८ अविरतमें १४४० पदवृन्द हैं।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, 'पूर्वोदितदशका' इत्यादिगद्यभागः (पृ० २०४)। 2. ५, ३५०। 3. ५, ३५१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]अडयाला बारसया देसेऽपुव्वम्मि चउसयाऽसीया ।
छप्पण्णं च सहस्सं पमत्तइयराण णायव्वं ॥३२३॥

१२४८।१०५६।१०५६।४८०। सव्वाओ ८४४८

देशसंयते अष्टचत्वारिंशदधिकद्वादशशतप्रमिताः १२४८ । अपूर्वकरणे अशीत्यधिकशतचतुष्टयं ४८० । प्रमत्ताप्रमत्तयोः षट्पञ्चाशदधिकसहस्रं १०५६।१०५६ ज्ञेयम् । सर्वाः पदबन्धाख्याः प्रकृतयो मोहोदय-प्रकृतिविकल्पाः ८४४८ भवन्ति ॥३२३॥

देशविरतमें बारह सौ अड़तालीस, तथा अपूर्वकरणमें चार सौ अस्सी पदवृन्द होते हैं। प्रमत्तविरत और अप्रमत्तविरतमें एक हजार छप्पन एक हजार छप्पन पदवृन्द जानना चाहिए ॥३२३॥

देशविरतमें १२४८, प्रमत्तमें १०५६, अप्रमत्तमें १०५६ और अपूर्वकरणमें ४८० पदवृन्द होते हैं। इन आठों गुणस्थानोंके पदवृन्दोंका प्रमाण ८४४८ होता है।

[2]संजलणा वेदगुणा बारस भंगा दुगोदया होंति ।
एगोदया दु चउरो सुहमे एगो मुणेयव्वो ॥३२४॥

उदयादो सत्तरसं खलु पयडीओ हवंति उगुतीसं ।
अणियट्टी तह सुहुमे दुगेगपयडीहिं संगुणिया ॥३२५॥

[3]एवं अणियट्टिस्मि दुगोदया १२ । एगोदया ४ । सुहुमे १ । एवं उदयठाणाणि १७ । तहा बारससु दुगोदएसु पयडीओ २४। एगोदयपयडीओ ४ । सुहुमे एया पयडी १ । एवं पयडीओ २९ ।

अनिवृत्तिकरणस्य सवेदभागे पुंवेदः १ संज्वलनानां मध्ये एकः १ एवं द्वौ उदयौ २ । संज्वलनाः ४ वेदै ३ र्गुणिताः द्वादश भङ्गाः १२ । तैर्द्वादशभिर्द्वौ उदय २ गुणिताश्चतुर्विंशतिः २४ । अवेदभागे एकोदयः कषायः १ चतुर्भिः कषायैर्गुणिताश्चत्वारः ४ । सूक्ष्मे संज्वलनसूक्ष्मैकलोभः १ । स एकेन गुणित एक एव १ । एवं एकोनत्रिंशदुदयप्रकृतिविकल्पाः २९ भवन्ति । तदेवाऽऽह—अनिवृत्तिकरणे सवेदे द्विकोदयाः १२ अवेदे एकोदयाः ४ सूक्ष्मे एकोदयः १ । एवमुदयात्सप्तदश प्रकृतयः १७ उदयस्थानरूपा भवन्ति । तथा अनिवृत्तिकरणे सवेदद्विकोदयौ २ द्वादशभिर्गुणिताश्चतुर्विंशतिः २४ । अवेदे एकोदयः १ चतुर्भिः कषायैः ४ गुणितश्चत्वारः ४ । सूक्ष्मे एकोदयः एकेन गुणित एक एव १ । एवमेकोनत्रिंशत्कोदय-प्रकृतिविकल्पाः २९ भवन्ति ॥३२४-३२५॥

अनिवृत्तिकरणके सवेदभागमें एक संज्वलन और एक वेद; इन दो प्रकृतियोंके उदयस्थानके संज्वलन और वेदगुणित बारह भङ्ग अर्थात् चौबीस पदवृन्द होते हैं। अवेदभागमें एकप्रकृतिक उदयवाले चार भङ्ग होते हैं। तथा सूक्ष्मसाम्परायमें एकप्रकृतिक उदयवाला एक ही भङ्ग जानना चाहिए। अनिवृत्तिकरण सवेदभागमें उदयकी अपेक्षा द्विक उदयवाली बारह और अवेदभागमें एक उदयवाली चार; तथा सूक्ष्मसाम्परायमें एक, इस प्रकार सर्व मिलकर उदयकी अपेक्षा सत्तरह-प्रकृतियाँ होती हैं। इनमेंसे सवेदभागकी दोप्रकृतियोंको बारहसे गुणा करनेपर चौबीस पदवृन्द होते हैं। तथा अवेदभागकी चारको और सूक्ष्मसाम्परायकी एकप्रकृतिको एक-एकसे गुणा करनेपर पाँच पदवृन्द होते हैं। ये दोनों मिलकर दोनों गुणस्थानोंके उनतीस पदवृन्द हो जाते हैं ॥३२४-३२५॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३५२-३५३ । 2. ५, ३५४-३५५ । 3. ५, 'सवेदेऽनिवृत्तौ' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २०५) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार अनिवृत्तिकरणमें द्विक उदयवाले १२, एक उदयवाले ४, सूक्ष्मसाम्परायमें १ ये सर्व १७ उदयस्थान होते हैं। तथा द्विक उदयवाले बारह भङ्गोंकी प्रकृतियाँ २४ हैं। एक उदय वाली प्रकृतियाँ ४ हैं। सूक्ष्मसाम्परायमें उदयप्रकृति १ है। इस प्रकार दोनों गुणस्थानोंके उदय पदवृन्द २६ होते हैं।

अब भाष्यगाथाकार पूर्वोक्त समस्त अर्थका उपसंहार करते हैं—

[1]उदयपयडिसंखेज्जा* ते चेव हवंति पयबंधा।
अट्ठसहस्सा चउरो सयाणि सत्तत्तरी य मोहम्मि ॥३२६॥

८४७७

पदबन्धाख्याः प्रकृतयस्ते उदयप्रकृतिसंख्यायाः पदबन्धाः अष्टसहस्रचतुःशतसप्तसप्ततिप्रमिता मोहनीये उदयविकल्पाः ८४७७ भवन्तीत्यर्थः। गुणस्थानेषु मोहोदयविकल्पाः स्युः ॥३२६॥

इस प्रकार उदयप्रकृतियोंकी जितनी संख्या हैं, वे सब पदवृन्द जानना चाहिए। मोहकर्मके सर्व गुणस्थानसम्बन्धी पदवृन्द आठ हजार चारसौ सतहत्तर होते हैं ॥३२६॥

मोहकर्मके सर्वपदवृन्द ८४७७ हैं।

अब योग, उपयोग और लेश्यादिको आश्रय करके मोहकर्मके उदयस्थानसम्बन्धी भंगोंको जाननेके लिए मूलसप्ततिकाकार निर्देश करते हैं—

[मूलगा०४२] [2]जे जत्थ गुणे उदया जाओ य हवंति तत्थ पयडीओ।
जोगोवओगलेसादिएहि जिह जोगंते गुणिज्जाहि[1] ॥३२७॥

अथ मोहोदयस्थानतत्प्रकृतीर्गुणस्थानेषु योगोपयोगलेश्यादीनाश्रित्याऽऽह—['जे जत्थ गुणे उदया' इत्यादि।] यत्र गुणस्थाने ये उदया योगादयः याश्च प्रकृतयो भवन्ति, ते ताश्च तत्र योगोपयोगलेश्यादिभिर्यथायोग्यं यथासम्भवं गुण्याः गुणनीयाः। तथाहि—पूर्वोक्तस्थानसंख्यां तत्प्रकृतिसंख्यां च संस्थाप्य स्व-स्व-गुणस्थानसम्भवि-योगोपयोगलेश्याभिः संगुण्य मेलने स्थानसंख्या प्रकृतिसंख्या च स्यादित्यर्थः ॥३२७॥

जिस गुणस्थानमें जितने उदयस्थान और उनकी जितनी प्रकृतियाँ होती हैं, उन्हें उन गुणस्थानोंमें यथासम्भव योग, उपयोग और लेश्यादिकसे गुणा करना चाहिए ॥३२७॥

अब इस गाथासूत्रसे सूचित अर्थका स्पष्टीकरण करते हुए भाष्यगाथाकार सबसे पहले गुणस्थानोंमें योगोंका निरूपण करते हैं—

[3]दुसु तेरे दस तेरस णव एयारस हवंति णव छासु।
सत्त सजोगे जोगा अजोगिठाणं हवे सुण्णं+ ॥३२८॥

[4]एवं गुणठाणेसु जोगा १३।१३।१०।१३।९।११।९।९।९।९।९।९।७।०।

तद्यथा—मिथ्यादृष्टि-सासादनयोर्द्वयोर्योगा आहारकद्वयरहितास्त्रयोदश १३।१३। मिश्रे योगा दश १०। अविरते योगास्त्रयोदश १३। प्रमत्ते एकादश योगाः ११। षट्सु देशसंयताप्रमत्तापूर्वकरणानिवृत्ति-

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३५६। 2. ५, ३५७। 3. ५, ३५८। 4. ५, 'गुणेसु योगा' इत्यादिगद्यांशः। (पृ० २०६)।

१. सप्ततिका० ४७। परं तत्र गाथा-पूर्वार्धस्थाने उत्तरार्धं पाठः, उत्तरार्धस्थाने च पूर्वार्धपाठो विद्यते।

* द 'पयबंधा पयडीओ' इति पाठः। + ब 'अजोगे चेव' जोगो त्ति' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करणसूक्ष्मसाम्परायोपशान्तक्षीणकषायेषु प्रत्येकं नव नव योगा ९।९ भवन्ति। सयोगे सप्त योगाः ७। अयोगे शून्यं ०। सयोगान्तयोगाः सन्ति, अयोगे न सन्ति ॥३२८॥

पहले दो गुणस्थानोंमें तेरह तेरह योग होते हैं। तीसरेमें दश योग होते हैं। चौथेमें तेरह योग होते हैं। पाँचवेंमें नौ और छठेमें ग्यारह योग होते हैं। इससे आगे सातवेंसे बारहवें तक छह गुणस्थानोंमें नौ नौ योग होते हैं। सयोगिकेवलीके सात योग होते हैं। अयोगिकेवलीके कोई योग नहीं होता है ॥३२८॥

गुणस्थानोंमें योग इस प्रकार होते हैं—

मि०	सा०	मि०	अवि०	देश०	प्रम०	अप्र०	अपू०	अनि०	सू०	उप०	क्षीण०	सयो०	अयो०
१३	१३	१०	१३	९	११	९	९	९	९	९	९	७	०

अब पहले मिथ्यादृष्टिके योगसम्बन्धी भंगोंका निरूपण करते हैं—

मिच्छादिट्ठिस्सोदयभंगा अट्ठेव होंति जिणभणिया।
ते दसजोगे गुणिया भंगमसीदी य पज्जत्ते ॥३२९॥

उदया ८ दसजोयगुणा ८०।

मि०
८

मिथ्यादृष्टेः स्थानानि दशकादीनि चत्वारि ९।९ अनन्तानुबन्ध्युदयरहितानि नवकादीनि चत्वारि
१०

मि०
७

८।८ मिलित्वा अष्टौ उदयभङ्गा भवन्ति, जिनैर्भणितास्ते अष्टौ उदयविकल्पाः ८ दशभिर्योगै १० र्गुणिता
९

उदयस्थानविकल्पाः ८० मिथ्यादृष्टेः पर्याप्तस्य भवन्ति ॥३२९॥

मिथ्यादृष्टिके अनन्तानुबन्धीके उदयसहित दश आदि चार उदयस्थान और अनन्तानुबन्धीके उदयसे रहित नौ आदि चार उदयस्थान इस प्रकार आठ उदयस्थान जिन भगवान्ने कहे हैं। उन्हें पर्याप्त दशामें सम्भव दश योगोंसे गुणित करने पर उदयस्थान-सम्बन्धी अस्सी भङ्ग हो जाते हैं ॥३२९॥

मिथ्यात्वमें उदयस्थान ८ को १० योगोंसे गुणा करने पर पर्याप्त मिथ्यादृष्टिके ८० भङ्ग होते हैं।

तस्सेव अपज्जत्ते उदयवियप्पाणि होंति चत्तारि।
ते तिण्णि-मिस्सजोगेहिं गुणिया बारसा होंति ॥३३०॥

४।१२।

८
तस्यैव मिथ्यादृष्टेरपर्याप्तकाले उदयस्थानविकल्पाः ९।९ चत्वारो भवन्ति ४। ते चत्वारो भङ्गाः ४
१०

औदारिकमिश्र-वैक्रियिकमिश्र-कार्मणयोगैस्त्रिभिर्गुणिता द्वादशोदयस्थानविकल्पा अपर्याप्तमिथ्यादृष्टौ भवन्ति १२ ॥३३०॥

उसी अपर्याप्त मिथ्यादृष्टिके उदयस्थान-सम्बन्धी विकल्प चार ही होते हैं। उन्हें अपर्याप्तकालमें सम्भव तीन मिश्रयोगोंसे गुणा करने पर बारह भङ्ग होते हैं ॥३३०॥

अपर्याप्त मिथ्यादृष्टिके उदय-विकल्प ४ और योग भङ्ग १२ होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब सासादन गुणस्थानमें योगसम्बन्धी भंगोंका निरूपण करते हैं—

आसादे चउभंगा बारसजोगाहया य अडयाला ।
मिस्सम्हि य चउभंगा दसजोगहया य चत्तालं ॥३३१॥

४।४८।४।४०।

७
सासादनस्थानानि नवकादीनि चत्वारि ८।८ इति चतुर्भङ्गाः ४ । सासादनो नरकं न यातीति वैक्रि-
६
यिकमिश्रं विना द्वादशभिर्योगै १२ र्हता अष्टचत्वारिंशदुदयस्थानविकल्पाः ४८ सासादने भवन्ति । मिश्रे
७
८।८ चतुर्भङ्गाः दशयोगगुणिताश्चत्वारिंशदुदयस्थानविकल्पाः ४० भवन्ति ॥३३१॥

सासादन गुणस्थानमें नौ आदिक चार उदयस्थान होते हैं। उन्हें पर्याप्तकालमें संभव बारह योगोंसे गुणा करने पर अड़तालीस भङ्ग हो जाते हैं। मिश्र गुणस्थानमें सम्भव चार उदयस्थानोंको दश योगोंसे गुणा करने पर चालीस भङ्ग होते हैं ॥३३१॥

सासादनमें उदयस्थान ४ और भंग ४८ होते हैं। मिश्रमें उदयस्थान ४ और भंग ४० होते हैं।

अब अविरतसम्यग्दृष्टिके योगसम्बन्धी भंगोंका निरूपण करते हैं—

अट्ठेवोदयभंगा अविरयसम्मस्स होंति णायव्वा ।
मिस्सतिगं वज्जित्ता छह जोगहया असीदी य ॥३३२॥

८।८०।

७ ६
अविरतसम्यग्दृष्टेर्वेदकसम्यक्त्वापेक्षया ८।८ । ७।७ अष्टावुदयस्थानभङ्गाः ८ मिश्रत्रिकं वर्जयित्वा
९ ८
दशभिर्योगै १० र्गुणिताः अशीत्युदयस्थानविकल्पा असंयतसम्यग्दृष्टेः पर्याप्तस्य भवन्ति ८० ॥३३२॥

अविरतसम्यक्त्वीके उदयस्थानके विकल्प आठ ही होते हैं। उन्हें अपर्याप्तकालमें संभव तीन मिश्रयोगोंको छोड़कर शेष दश योगोंसे गुणा करने पर अस्सी भंग चौथे गुणस्थानमें जानना चाहिए ॥३३२॥

अविरतसम्यक्त्वमें उदयस्थान ८ और योग भंग ८० होते हैं।

अब देशविरतके योगसम्बन्धी भंग कहते हैं—

विरयाविरए वि णियमा †उदयवियप्पा दु होंति अट्ठेव ।
णवजोगेहि य गुणिया भंगा बावत्तरी होंति ॥३३३॥

उदया ८ णवजोगगुणा ७२ ।

६ ५
विरताविरते देशसंयते ७।७ । ६।६ मिलित्वाऽष्टौ प्रकृत्युदयस्थानविकल्पा नियमेन ८ भवन्ति ।
८ ७
नवभिर्योगैर्गुणिता द्वासप्ततिरुदयस्थानविकल्पा भवन्ति ॥३३३॥

---

†ब उदये ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विरताविरतमें उदयस्थान-सम्बन्धी विकल्प नियमसे आठ ही होते हैं। उन्हें नौ योगोंसे गुणा करने पर बहत्तर भंग होते हैं ॥३३३॥

देशविरतमें उदयस्थान ८ को ९ योगोंसे गुणा करने पर ७२ भंग होते हैं।

अब प्रमत्तविरतके योगसम्बन्धी भंग कहते हैं—

अट्ठ य पमत्तभंगा जोगा एगारसा य तस्सेव।
तेहि हया अडसीया भंगवियप्पा वि ते होंति ॥३३४॥

उदया ८ एयारहजोगगुणा ८८।

५ ४
प्रमत्तस्य ६।६। ५।५ मिलित्वाऽष्टौ भङ्गाः ८ तस्य प्रमत्तस्यैकादशयोगाः ११ तैर्गुणिताः अष्टा-
७ ६
शीतिरुदयस्थानविकल्पाः ८८ भवन्ति ॥३३४॥

प्रमत्तगुणस्थानमें उदयस्थानके विकल्प आठ होते हैं। उन्हें इस गुणस्थानमें सम्भव ग्यारह योगोंसे गुणा कर देने पर अट्ठासी भङ्ग होते हैं ॥३३४॥

प्रमत्तविरतमें उदयस्थान ८ को ११ योगोंसे गुणित करने पर ८८ भङ्ग होते हैं।

अब अप्रमत्तविरतके योगसम्बन्धी भंग कहते हैं—

अट्ठेवोदयभंगा पमत्तिदरस्स चावि बोहव्वा।
णवजोगेहिं हदा ते भंगा बावत्तरी होंति ॥३३५॥

उदया ८ णवजोगगुणा ७२।

५ ४
अप्रमत्तस्य ६।६। ५।५ मिलित्वाऽष्टौ भङ्गाः ८ नवभिर्योगैर्हता द्वासप्ततिरुदयस्थानविकल्पाः ७२
७ ६
भवन्ति ॥३३५॥

अप्रमत्तविरतके उदयस्थानके भेद आठ ही जानना चाहिए। उन्हें नौ योगोंसे गुणित करने पर बहत्तर भङ्ग हो जाते हैं ॥३३५॥

अप्रमत्तविरतमें उदयस्थान ८ को ९ योगोंसे गुणित करने पर ७२ भङ्ग होते हैं।

अब अपूर्वकरणके योगसम्बन्धी भंगोंका निरूपण कर शेष अर्थका उपसंहार करते हैं—

चउभंगापुव्वस्स य णवजोगहया हवंति छत्तीसा।
एदे चउवीसहदा ठाणवियप्पा य पुव्वुत्ता ॥३३६॥

उदय ४ णवजोगगुणा ३६।

४
अपूर्वस्य ५।५ इति चतुर्भङ्गाः ४ नवयोगैर्हताः षट्त्रिंशदुदयस्थानविकल्पाः ३६। एतावत्पर्यन्तं
६
सर्वत्रोदयस्थानविकल्पाः गुणकारश्चतुर्विंशतिः। तथाहि—मिथ्यादृष्टौ ८०।१२। सासादने ४८ गु० २४। मिश्रे ४० गु० २४। अविरते ८० गु० २४। देशे ७२। गु० २४। प्रमत्ते ८८ गु० २४। अप्रमत्ते ७२ गु० २४। अपूर्वे ३६ गु० २४ ॥३३६॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपूर्वकरणमें उदयस्थान चार होते हैं। उन्हें नौ योगोंसे गुणित करने पर छत्तीस भङ्ग होते हैं। इन पूर्वोक्त योग-भङ्गोंको चौबीससे गुणा करनेपर सर्व उदयस्थान-सम्बन्धी भङ्ग प्राप्त हो जाते हैं ॥३३६॥

अपूर्वकरणमें उदयस्थान ४ को नौ योगोंसे गुणा करने पर ३६ भङ्ग होते हैं।

अब योगसम्बन्धी उक्त सर्व भंगोंका निर्देश करते हैं—

[1]चउवीसेण य गुणिया सव्वट्ठाणाणि एत्तिया होंति।
बारसयसहस्साइं छस्सदबाहत्तराइं च ॥३३७॥

१२६७२।

एते पूर्वोक्तस्थानविकल्पाश्चतुर्विंशत्या २४ गुणिताः मिथ्यादृष्टौ १६२०।२८८ पिण्डिताः २२०८। सासादने ११५२। मिश्रे ६६०। असंयते १६२०। देशे १७२८। प्रमत्ते २११२। अप्रमत्ते १७२८। अपूर्वकरणे ८६४। सर्वे एकत्रीकृताः द्वादशसहस्रषट्शतद्वासप्ततिप्रमिताः सर्वोदयस्थानविकल्पाः १२६७२ भवन्ति ॥३३७॥

ऊपर जो योगसम्बन्धी सर्व उदयस्थानोंके भंग बतलाये हैं, उन्हें चौबीससे गुणा करने पर बारह हजार छह सौ बहत्तर सर्व भंग होते हैं ॥३३७॥

विशेषार्थ—ऊपर मिथ्यात्वगुणस्थानमें पर्याप्तकालसम्बन्धी योगभंग ८० और अपर्याप्तकालसम्बन्धी १२ बतलाये हैं, उन्हें उदय-प्रकृतियोंके परिवर्तनसे सम्भव २४ भंगोंसे गुणा करने पर क्रमशः (८०×२४=) १६२० और (१२×२४=) २८८ आते हैं। इन दोनोंको जोड़ देने पर (१६२०+२८८=) २२०८ भंग मिथ्यात्वगुणस्थानमें प्राप्त होते हैं। सासादनमें योग भंग ४८ हैं। उन्हें २४ से गुणित करने पर (४८×२४=) सर्व भंग ११५२ होते हैं। मिश्रमें योगभङ्ग ४० हैं। उन्हें २४ से गुणित करने पर (४०×२४=) सर्व भङ्ग ६६० होते हैं। अविरतमें योगभङ्ग ८० हैं। उन्हें २४ से गुणित करने पर (८०×२४=) सर्व भङ्ग १६२० होते हैं। देशविरतमें योग-भङ्ग ७२ हैं। उन्हें २४ से गुणित करने पर (७२×२४=) सर्व भङ्ग १७२८ होते हैं। प्रमत्तविरतमें योग-भङ्ग ८८ हैं। उन्हें २४ से गुणित करने पर (८८×२४=) सर्व भङ्ग २११२ होते हैं। अप्रमत्तविरतमें योगभङ्ग ७२ हैं। उन्हें २४ से गुणित करने पर (७२×२४=) सर्व भङ्ग १७२८ होते हैं। अपूर्वकरणमें योगभङ्ग ३६ हैं। उन्हें २४ से गुणा करनेपर (३६×२४=) सर्वभङ्ग ८६४ होते हैं। प्रत्येक गुणस्थानके इन सर्वभङ्गोंको जोड़ देनेपर (२२०८×११५२+६६०+१६२०+१७२८+२११२+१७२८+८६४=) १२६७२ सर्वगुणस्थानोंके-योग सम्बन्धी भङ्गोंका प्रमाण जानना चाहिए।

इन भङ्गोंकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है :—

क्रमांक	गुणस्थान	योग	उदय-विकल्प	गुणकार	भंग
१	मिथ्यात्व	पर्याप्त १०	८	८० २४	१६२०
		अप० २	४	१२ २४	२८८
२	सासादन	पर्याप्त १२	४	४८ २४	११५२
३	मिश्र	१०	४	४० २४	६६०

1. सं०पञ्चसं० ५, ३५६-३६१। तथा 'मिथ्यादृष्टौ योगाः' इत्यादिगद्यभागः' (पृ० २०६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमांक	गुणस्थान	योग	उदयविकल्प	गुणकार	भंग
४	अविरत	पर्याप्त १०	८	८० २४	१९२०
५	देशविरत	९	८	७२ २४	१७२८
६	प्रमत्तविरत	११	८	८८ २४	२११२
७	अप्रमत्तविरत	९	७	७२ २४	१७२८
८	अपूर्वकरण	९	४	३६ २४	८६४
				सर्वभंगोंका जोड़	१२६७२

अब सासादन गुणस्थानमें योगसम्बन्धी भंगोंमें जो कुछ विशेषता है उसे बतलाते हैं—

[1]चउसट्ठि होंति भंगा वेउव्वियमिस्ससासणे णियमा।
वेउव्वियमिस्सस्स य णत्थि पुहत्तेण चउवीसा ॥३३८॥

सासणो णिरए ण उववज्जइ त्ति वयणाओ णपुंसकवेदो णत्थि। उदया ५ सोलसभंगगुणा ६४।

सासादनाविरतयोर्विशेषमाह—['चउसट्ठि होंति भंगा' इत्यादि।] वैक्रियिकमिश्रकाययोगसंयुक्त-सासादने चतुःषष्टिरुदयस्थानविकल्पाः भवन्ति नियमतः वैक्रियिकमिश्रस्य चतुर्विंशतिगुणकारभङ्गाः पृथक्त्वेन न सन्ति। कुतः? सासादनो नरकेषु नोत्पद्यत इति वचनात् नपुंसकवेदो नास्ति। सासादने ८।८ उदय-स्थानविकल्पाः ४ स्त्री-पुंवेदद्वय २ कषायचतुष्क ४ हास्यादियुग्म २ गुणिताः षोडशभङ्गगुणिताश्चतुःषष्टिः सर्वोदयस्थानविकल्पाः ६४ ॥३३८॥

वैक्रियिकमिश्रकाययोग-संयुक्त सासादनमें नियमसे चौसठ ही भङ्ग होते हैं, इसलिए वैक्रियिकमिश्रके चौबीस गुणकाररूप भङ्ग पृथक् नहीं बतलाये गये हैं ॥३३८॥

सासादनगुणस्थानवाला जीव मरकर नरकमें उत्पन्न नहीं होता है, ऐसा आगमवचन है, इसलिए इस गुणस्थानमें वैक्रियिकमिश्रकायगोगके साथ नपुंसकवेदका उदय संभव नहीं है, अतएव दो वेद, चार कषाय और हास्यादि दो युगलके परस्पर गुणा करनेसे उत्पन्न सोलह भङ्गोंसे चार उदयस्थानोंके गुणित करनेपर ६४ ही योगसम्बन्धी भङ्ग प्राप्त होते हैं।

अब अविरतगुणस्थानमें योगसम्बन्धी भङ्गोंमें जो कुछ विशेषता है, उसे बतलाते हैं—

[2]वेउव्व†मिस्सकम्मे वे जोगे गुणिय अट्ठभंगेहिं।
सोलसभंगेहिं पुणो गुणिदे दु हवंति अजदिभंगा दु ॥३३९॥

असंयते वैक्रियिकमिश्र-कार्मणयोगाभ्यां २ ८।८ । ७।७ इत्यष्टौ स्थानविकल्पाः ८ गुणिताः षोडश स्थानभङ्गाः १६। पुनरेते पुंवेद-नपुंसकवेदद्वय २ कषायचतुष्क ४ हास्यादियुग्म २ गुणिताः षोडश १६ तैः स्थानभङ्गैः १६ गुणिता २५६ असंयते उदयस्थानविकल्पा भवन्ति ॥३३९॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३६२। 2. ५, ३६३-३६५।
†ब वेउव्वि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वैक्रियिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग इन दोनों योगोंको चौथे गुणस्थानमें संभव आठों उदयस्थानोंसे गुणाकर पुनः सोलह भङ्गोंसे गुणा करनेपर असंयतगुणस्थानके भङ्ग उत्पन्न होते हैं ॥३३६॥

[1]एत्थ अविरदे कसाया ४ । पुंवेद-णपुंसगवेदा २ । हस्सादिगुयलं २ अण्णोण्णगुणा भंगा १६ । एदे अट्ठोदयगुणा १२८ । वेउव्वियमिस्स- कम्मइयजोगेहिं गुणा २५६ ।

तथाहि—असंयते वैक्रियिकमिश्र-कार्मणयोगयोः स्त्रीवेदोदयो नास्तीति, असंयतस्य स्त्रीष्वनुत्पत्तेः । अत्राविरते कषायाः ४ पुंवेद-नपुंसकवेदौ २ हास्यादियुगलं २ अन्योन्यगुणिताः भङ्गाः १६ । एते अष्टोदय-गुणाः १२८ वैक्रियिकमिश्र-कार्मणयोगाभ्यां २ गुणिताः २५६ ।

वैक्रियिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोगमें स्थित चतुर्थगुणस्थानवर्ती जीवके स्त्रीवेद-का उदय संभव नहीं है । इसलिए यहाँ असंयतगुणस्थानमें चार कषाय, पुरुष, नपुंसक ये दो वेद और हास्यादि युगलको परस्पर गुणा करनेपर १६ भङ्ग होते हैं । उन्हें इस गुणस्थानमें संभव आठ उदयस्थानोंसे गुणा करनेपर १२८ भङ्ग होते हैं और उन्हें वैक्रियिकमिश्र और कार्मण-काययोगसे गुणा करनेपर २५६ भङ्ग हो जाते हैं । इस प्रकार इन दोनों योगोंके २५६ भङ्ग जानना चाहिए ।

अब चौथे ही गुणस्थानमें औदारिकमिश्रयोग गत विशेषताको बतलाते हैं—

[2]**तेणेव होंति णेया ओरालियमिस्सजोगभंगा हु ।**
उदयट्ठेण य गुणिए भंगवियप्पा य होंति सव्वेवि ॥३४०॥

तेनैव प्रकारेणौदारिकमिश्रयोगभङ्गा भवन्तीति ज्ञेयाः । असंयतौदारिकमिश्रयोगे स्त्री-षण्ढवेदौ न स्तः । कुतः ? तस्य तयोरनुत्पत्तेः । असंयते अष्टौ उदयस्थानविकल्पाः ८ कषायचतुष्क ४ पुंवेद १ हास्या-दियुग्म २ गुणिता अष्टौ । तैर्गुणकारैर्गुणिताश्चतुःषष्टिः ६४ सर्वे असंयतौदारिकमिश्रस्योदयस्थानभङ्गाः स्युः ॥३४०॥

उसी प्रकारसे औदारिकमिश्रकाययोगसम्बन्धी भङ्गोंको जानना चाहिए । अर्थात् चौथे गुणस्थानमें औदारिकमिश्रकाययोगके साथ स्त्री और नपुंसक इन दो वेदोंका उदय संभव नहीं है, इसलिए इस गुणस्थानमें संभव आठ उदयस्थानोंको प्रकृति-परिवर्तनसे उत्पन्न होनेवाले आठ ही भङ्गोंसे गुणा करनेपर सर्व भङ्ग-विकल्प आ जाते हैं ॥३४०॥

[3]तह कसाया ४ पुंवेदे १ हस्साइजुगं २ । अण्णोण्णगुणा भंगा ८ । एदे वि अट्ठोदयगुणा ६४ । ओरालियमिस्सगुणा वि ६४ ।

तद्यथा—कषायचतुष्कं ४ पुंवेदः १ हास्यादियुग्मं २ अन्योन्यगुणिताः अष्टौ ८ । एते अष्टोदयगुणिताः ६४ । एते औदारिकमिश्रयोगेन १ गुणितास्तदेव ६४ ।

औदारिकमिश्रकाययोगमें चार कषाय, एक पुरुषवेद और हास्यादियुगलको परस्पर गुणा करनेपर ८ भङ्ग होते हैं । उन्हें इस गुणस्थानमें संभव आठ उदयस्थानोंसे गुणा करनेपर ६४ भङ्ग आते हैं । उन्हें औदारिकमिश्रकाययोगसे गुणा करनेपर भी ६४ ही भङ्ग इस योग-सम्बन्धी उत्पन्न होते हैं ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, 'पुंनपुंसक वेदद्वय' इत्यादिगद्यभागः (पृ० २०७) । 2. ५, ३६६ ।
3. ५, 'युग्मैकवेद' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २०७) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब उक्त अर्थका उसंहार करते हैं—

[1]बेसयछप्पण्णाणि य वेउव्वियमिस्स-कम्मजोगाणं ।
चउसट्ठि चेव भंगा तस्स य ओरालमिस्सए होंति ॥३४१॥

एवं अण्णे वि उदयवियप्पा ३२० ।

तस्यासंयतस्य वैक्रियिकमिश्रकार्मणयोगयोरुदयस्थानविकल्पाः षट्पञ्चाशदधिकद्विशतप्रमिताः २५६ । स्त्रीवेदोदयाभावदसंयतस्यौदारिकमिश्रयोगे उदयस्थानविकल्पाश्चतुःषष्टिः ६४ भवन्ति । कुतः ? स्त्री-षण्ढवेदोदयाभावात् ॥३४१॥

उभयोर्मीलिताः ३२० ।

चौथे गुणस्थानमें वैक्रियिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोगसम्बन्धी दो सौ छप्पन भङ्ग होते हैं, तथा उसी गुणस्थानवर्तीके औदारिकमिश्रकाययोगमें चौसठ भङ्ग होते हैं ॥३४१॥

इस प्रकार २५६ + ६४ = ३२० उदयस्थानसम्बन्धी अन्य भी भङ्ग चौथे गुणस्थानमें होते हैं ।

अब अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानके भङ्गोंको कहते हैं—

[2]सत्तरस उदयभंगा अणियट्टिय चेव होंति णायव्वा ।
णव-जोगेहि य गुणिए सदतेवण्णं च भंगा हु ॥३४२॥

अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराययोरुदयस्थानविकल्पानाह–['सत्तरस उदयभंगा' इत्यादि ।] अनिवृत्तिकरणसूक्ष्मसाम्पराययोः पूर्व उदयस्थानभङ्गाः सप्तदश कथिता भवन्ति १७ । ते नवभिर्योगैः ९ गुणिताश्त्रिपञ्चाशदधिकशतसंख्योपेताः १५३ उदयस्थानविकल्पा ज्ञातव्याः ॥३४२॥

अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानसम्बन्धी उदयस्थानोंके विकल्प सत्तरह होते हैं, उन्हें इन गुणस्थानोंमें सम्भव नौ योगोंसे गुणित करनेपर एक सौ तिरेपन भङ्ग होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥३४२॥

[3]अणियट्टीए संजलणा ४ वेदा ३ अण्णोण्णगुणा दु दुगोदया १२ णवजोगगुणा १०८ । तहा अवेदे संजलणा एगोदया ४ णव जोगगुणा ३६ । एदेसिं मेलिया १४४ । सुहुमे सुहुमलोहो एगोदओ १ णवजोगगुणो ९ एवं सव्वे मिलिया १५३ ।

तथाहि—अनिवृत्तिकरणस्य सवेदभागे २ संज्वलनाः ४ वेदाः ३ अन्योन्यगुणिता द्विकोदयाः १२ । एते नवयोगैर्गुणिताः १०८ । तथा अनिवृत्तिकरणस्य अवेदभागे १ चतुःसंज्वलनान्यतमोदयाः ४ नवयोगैर्गुणिताः ३६ । द्वयेऽप्यनिवृत्तौ मीलिते १४४ । सूक्ष्मसाम्पराये सूक्ष्मलोभोदयः १ नवभिर्योगैर्गुणिता नव ९ । एवं सर्वे मीलिताः १५३ ।

अनिवृत्तिकरणमें ४ संज्वलनकषाय और तीन वेदको परस्पर गुणा करनेपर द्विकप्रकृतिक उदयस्थानसम्बन्धी १२ भङ्ग होते हैं । उन्हें नौ योगोंसे गुणित करनेपर १०८ भङ्ग होते हैं । ये सवेदभागके भङ्ग हैं । अवेदभागमें एकप्रकृतिक उदयस्थानके चार संज्वलनकषायसम्बन्धी ४ भङ्ग होते हैं । उन्हें नौ योगोंसे गुणा करनेपर ३६ भङ्ग होते हैं । ये दोनों मिलकर (१०८ + ३६ =) १४४ भङ्ग अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें होते हैं । सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानमें एक सूक्ष्म लोभका ही उदय होता है । उसे नौ योगोंसे गुणा करनेपर ९ भङ्ग नवें गुणस्थानमें होते हैं । इस प्रकारके दोनों गुणस्थानोंके सर्व भङ्ग मिलकर (१४४ + ९ =) १५३ हो जाते हैं ।

---

1. सं०पञ्चसं० ५, 'एवमसंयते' इत्यादिगद्यांशः । (पृ० २०७) । 2. ५, ३६७ । 3. ५, सवेदेऽनिवृत्तौ इत्यादिगद्यभागः (पृ० २०७) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब योगकी अपेक्षा संभव उपर्युक्त सर्व भङ्गोंका उपसंहार करते हैं—

[1]तेरस चेव सहस्सा वे चेव सया हवंति णव चेव ।
उदयवियप्पे जाणसु जोगं पडि मोहणीयस्स ॥३४३॥

१३२०९ ।

मोहनीयस्य योगान् प्रत्याश्रित्य त्रयोदशसहस्रद्विशतनवप्रमितान् उदयस्थानविकल्पान् जानीहि १३२०९ ॥३४३॥

गुण०	यो०	भं० वि०	गुण०	उ० वि०
मिथ्या०	१३	८०।१२	२४	२२०८
सासा०	१३	४८	२४	११५२।६४
मिश्र०	१०	४०	२४	९६०
अवि०	१३	८०	२४	१९२०।२५६।६४।३२०
देश०	९	७२	२४	१७२८
प्रम०	११	८८	२४	२११२
अप्र०	९	७२	२४	१७२८
अपू०	९	३६	२४	८६४
अनि०	९	९	१२	१०८
		९	४	३६
सूक्ष्म०	९	९	१	
				१३२०९

इति गुणस्थानेषु योगानाश्रित्य मोहोदयस्थानविकल्पाः समाप्ताः ।

इस प्रकार योगकी अपेक्षा मोहनीय कर्मके सर्व उदयस्थान-विकल्प तेरह हजार दो सौ नौ (१३२०९) होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥३४३॥

भावार्थ—मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरण गुणस्थान तकके उदयस्थान-भङ्ग १२६७२, सासादनगुणस्थानके वैक्रियिकमिश्रसम्बन्धी ६४, असंयतसम्यग्दृष्टिके औदारिकमिश्र, वैक्रियिकमिश्र और कार्मणकाययोगसम्बन्धी ३२०, तथा नवें और दशवें गुणस्थानके १५३, इन सर्व भङ्गोंको जोड़नेसे मोहनीयकर्मके उदयसम्बन्धी १३२०९ विकल्प प्राप्त होते हैं ।

अब योगोंको आश्रय करके गुणस्थानोंमें पदवृन्दोंका निरूपण करते हैं—

छत्तीसं ति-बत्तीसं सट्ठी बावण्णमेव चोद्दालं ।
चोद्दालं वीसं पि य मिच्छादि-णियट्टिपयडीओ ॥३४४॥

अथ पदबन्धान् योगानाश्रित्य गुणस्थानेषु प्ररूपयन्ति—['छत्तीसं ति-बत्तीसं' इत्यादि ।] गुणस्थानेषु दशकादीनां प्रकृतयः मिथ्यादृष्टौ षट्त्रिंशत् ३६ । त्रिवारं द्वात्रिंशत् । पुनः मिथ्यादृष्टौ द्वात्रिंशत् ३२ । सासादने द्वात्रिंशत् ३२ । मिश्रे द्वात्रिंशत् ३२ । असंयते षष्टिः ६० । देशे द्वापञ्चाशत् ५२ । प्रमत्ते चतुश्चत्वारिंशत् ४४ । अप्रमत्ते चतुश्चत्वारिंशत् ४४ । अपूर्वकरणे विंशतिः २० चेति मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरणपर्यन्तं मोहप्रकृत्युदयसंख्या भवन्ति ॥३४४॥

1. सं०पञ्चसं० ५, ३६८ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यादृष्टिसे लेकर अनिवृत्तिकरणगुणस्थान तक मोहकर्मकी उदयप्रकृतियाँ क्रमशः छत्तीस; तीन वार बत्तीस, साठ, बावन, चवालीस, चालीस और बीस होती हैं ॥३४४॥

एवं मोहे पुव्वुत्तदसगादिउदयाणं पयडीओ मिच्छादिसु ३६।३२।३२।३२।६०।५२।४४।४४। अपुव्वे २० अणियट्टिम्मि २।१ सुहुमे १।

इत्थं मोहे पूर्वोक्तदशदाद्युदयानां प्रकृतयो मिथ्यादृष्ट्यादिषु मिथ्यात्वे ३६।३२ सासादने ३२ मिश्रे ३२ अविरते ६० देशे ५२ प्रमत्ते ४४ अप्रमत्ते ४४ अपूर्वकरणे २० अनिवृत्तिसवेदे २ अवेदे १ सूक्ष्मे १।

मोहकर्मकी पूर्वोक्त दशप्रकृतिक आदि उदयस्थानोंकी प्रकृतियाँ मिथ्यात्व आदि गुणस्थानोंमें इस प्रकार जानना चाहिए—

मि०	सा०	मि०	अवि०	देश०	प्रम०	अप्र०	अपू०	अनि०	सूक्ष्म०
३६।३२	३२	३२	६०	५२	४४	४४	२०	२	१

अब भाष्यगाथाकार इसी अर्थका स्पष्टीकरण करते हुए पहले मिथ्यादृष्टिके पदवृन्दभंगोंका निरूपण करते हैं—

दस णव अड सत्तुदया मिच्छादिट्ठिस्स होंति णायव्वा ।
सग-सग-उदएहिं गया भंगवियप्पा वि होंति छत्तीसा ॥३४५॥

१०।९।८।७।

मिथ्यादृष्ट्यादिषु दशकाद्युदयानां प्रकृतीर्दर्शयति—['दस णव अड सत्तुदया' इत्यादि ।] अनन्तानुबन्ध्युदयसहितमिथ्यादृष्टेर्दश १० नवा ९ ष्ट ८ सप्तो ७ दया भवन्ति ज्ञातव्याः । स्वक-स्वकोदयं गता भङ्गा विकल्पाः षट्त्रिंशद् भवन्ति ३६ ॥३४५॥

मिथ्यादृष्टिके दश, नौ, आठ और सातप्रकृतिक उदयस्थान होते हैं, ऐसा जानना चाहिए। इनमेंसे अनन्तानुबन्धीके उदयसहित मिथ्यादृष्टिके अपने-अपने उदयस्थानगत प्रकृतियोंके भङ्गविकल्प छत्तीस होते हैं ॥३४५॥

उनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—१०, ९, ९, ८=३६।

अणुदय सव्वे भंगा बत्तीसा चेव होंति णायव्वा ।
उभओ वि मेलिदेसु य मिच्छे अट्ठुत्तरा सट्ठी ॥३४६॥

उदयपयडीओ ३६।३२। उभए वि ६८

८ ७
अनन्तानुबन्ध्यनुदयगतमिथ्यादृष्टेर्नवाष्टससोदया भवन्ति ९।९ । ८।८ एषां प्रकृतयः । उभयेषु
१० ९
मिलितेषु मिथ्यादृष्टौ अष्टषष्टिः ६८ उदयविकल्पा भवन्ति ॥३४६॥

उदयप्रकृतयः ३६।३२ उभये ६८।

अनन्तानुबन्धीके उदयसे रहित मिथ्यादृष्टिके उदयस्थानगत प्रकृतियोंके सर्वभंगविकल्प बत्तीस होते हैं, ऐसा जानना चाहिए। दोनों उदय-भंगोंको मिला देनेपर मिथ्यादृष्टिके अड़सठ भंग हो जाते हैं ॥३४६॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—९, ८, ८, ७=३२। ३६+३२=६८।

पुणरवि दसजोगहदा अट्ठासट्ठी हवंति णायव्वा ।
मिच्छादिट्ठस्सेदे छस्सयमसीदि य भंगा दु ॥३४७॥

६८०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यादृष्टेः पर्याप्तकाले अष्टषष्टिः ६८ प्रकृत्युदयाः पुनरपि दशभिर्योगैः १० मनोवचनयोगैः मनोवचनयोगाष्टकौदारिक-वैक्रियिकयोगैर्गुणिता एते षट्शताशीतिप्रमिताः ६८० उदयविकल्पाः पदबन्धभङ्गा मिथ्यादृष्टौ पर्याप्ते भवन्तीति ज्ञातव्याः ॥३४७॥

इन उपर्युक्त अड़सठ उदयस्थानसम्बन्धी भङ्गोंको पर्याप्त दशामें सम्भव चार मनोयोग, चार वचनयोग, औदारिककाययोग और वैक्रियिककाययोग इन दश योगोंसे गुणा करने पर पर्याप्त मिथ्यादृष्टिके छह सौ अस्सी भङ्ग हो जाते हैं ॥३४७॥

पर्याप्त मिथ्यादृष्टिके पदवृन्द भङ्ग ६८×१०=६८०।

ते चेव य छत्तीसे मिस्सेण तिगेण संगुणेयव्वा ।
पुव्वुत्ते मेलविदे अडसीदा होंति सत्तसया ॥३४८॥

७८८

मिथ्यादृष्टौ अपर्याप्ते ते एव षट्त्रिंशत्प्रकृत्युदयाः ३६ मिश्रेण त्रिकेणौदारिकमिश्र-वैक्रियिकमिश्र-कार्मणत्रिकेण ३ संगुणिताः अष्टोत्तरशतप्रमिता १०८ पूर्वोक्तेषु ६८० मीलिताः अष्टाशीत्युत्तरसप्तशतप्रमिताः ७८८ उदयविकल्पा मिथ्यादृष्टौ भवन्ति । अथवा अनन्तानुबन्धिरहितमिथ्यादृष्टिद्वात्रिंशत्प्रकृतिं दशयोगेन गुणिते एवं ३२० । इतरषट्त्रिंशत्प्रकृतिं त्रयोदशयोगेन गुणिते एवं ४६८ । तयोर्मेलने एवं ७८८ ॥३४८॥

उन्ही पूर्वोक्त भङ्गोंको अपर्याप्तकाल भावी मिश्रयोगत्रिकसे अर्थात् औदारिकमिश्र, वैक्रियिकमिश्र और कार्मणकाययोगसे गुणा करना चाहिए। इस प्रकारसे प्राप्त हुए एक सौ आठ भङ्गोंको उपर्युक्त छह सौ आठमें मिला देनेपर मिथ्यात्वगुणस्थानके सर्व पदवृन्दसम्बन्धी भङ्ग सात सौ अट्ठासी हो जाते हैं ॥३४८॥

मिथ्यात्वमें पर्याप्तकालभावी ६८०। अपर्याप्तकाल भावी १०८। सर्व भङ्ग ७८८।

अब सासादनगुणस्थानके पदवृन्दभंग बतलाते हैं—

बत्तीसोदयभंगा सासणसम्मम्मि होंति णियमेण ।
चउरासीदिविमिस्सा तिण्णि सया बारसजोगहया ॥३४९॥

उदया ३२ बारसजोगगुणा ३८४

७
सासादने गुणस्थाने ८।८ एषामुदयप्रकृतयः ३२ । एतैर्वैक्रियिकमिश्रं विना द्वादशभिर्योगै १२
६
र्हताश्चतुरशीति-संयुक्तास्त्रिशतप्रमिताः प्रकृत्युदयाः ३८४ सासादने भवन्ति ॥३४९॥

सासादनगुणस्थानमें नियमसे उदयस्थान-सम्बन्धी भङ्ग बत्तीस होते हैं। उन्हें बारह योगोंसे गुणा करने पर तीन सौ चौरासी पदवृन्द-भङ्ग हो जाते हैं ॥३४९॥

सासादनमें उदयप्रकृतियाँ ३२ को १२ योगोंसे गुणा करने पर ३८४ पदवृन्द भङ्ग होते हैं।

अब मिश्रगुणस्थानके पदवृन्द भंग बतलाते हैं—

मिस्सस्स वि बत्तीसा दसजोगहया विसुत्तरा तिण्णिसया ।

उदया ३२ दसजोगगुणा ३२०।

७
मिश्रगुणस्थाने ८।८ एषां द्वात्रिंशत्प्रकृत्युदयाः ३२ दशभिर्योगैः १० हता विंशत्युत्तरत्रिशतप्रमिता
६
उदयविकल्पा मिश्रस्य भवन्ति ३२० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिश्रमें उदयसम्बन्धी प्रकृतियाँ बत्तीस होती हैं। उन्हें दश योगोंसे गुणा करने पर तीन सौ बीस भंग तीसरे गुणस्थानमें जानना चाहिए।

मिश्रमें उदयप्रकृतियाँ ३२ को १० योगोंसे गुणा करने पर ३२० पदवृन्द भंग होते हैं।

अब अविरतगुणस्थानके पदवृन्द भंग बतलाते हैं—

अविरयसम्मे सट्ठी दसजोगहया य छच्च सया ॥३५०॥

उदया ६० दसजोगहगुणा ६००

७ ६
अविरतसम्यग्दृष्टौ ८।८ । ७।७ एषामुदयाः षष्टिः ६० । कार्मणौदारिकमिश्र-वैक्रियिकमिश्रान् पृथक्
६ ८
वक्ष्यतीति दशभिर्योगैः १० गुणिताः षट्शतप्रमिता उदयविकल्पा ६०० असंयतस्य भवन्ति ॥३५०॥

अविरतसम्यक्त्व गुणस्थानमें उदयसम्बन्धी प्रकृतियाँ साठ होती हैं। उन्हें दश योगोंसे गुणा करने पर छह सौ पदवृंद-भंग होते हैं ॥३५०॥

अविरतमें उदयप्रकृतियाँ ६० को १० योगोंसे गुणा करने पर ६०० पदवृन्द भङ्ग होते हैं।

अब देशविरतगुणस्थानके पदवृन्द भङ्ग कहते हैं—

बावण्ण देसविरदे भंगवियप्पा य हुंति उदयगया।
णव जोगेहि य गुणिया चउसयमडसट्ठि णायव्वा ॥३५१॥

उदया ५२ णवजोगगुणा ४६८।

६ ५
देशसंयते ७।७ । ६।६ एषामुदयगतभङ्गाः द्वापञ्चाशत् ५२ नवभिर्योगैः ९ गुणिताः अष्टषष्ट्यग्रचतुः-
८ ७
शतप्रमिताः ४६८ मोहोदया देशे भवन्ति ज्ञातव्याः ॥३५१॥

देशविरतमें उदयगत भङ्ग-विकल्प बावन होते हैं। उन्हें नौ योगोंसे गुणा कर देने पर चार सौ अड़सठ पद वृन्द-भंग होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥३५१॥

देशविरतमें उदयप्रकृतियाँ ५२ को नौ योगोंसे गुणा करने पर ४६८ पदवृन्द भंग प्राप्त होते हैं।

अब प्रमत्तविरतगुणस्थानके पदवृन्द भंग कहते हैं—

चउदालं तु पमत्ते भंगवियप्पा वि होंति बोहव्वा।
एक्कारसजोगहया चउसीदा होंति चत्तसया ॥३५२॥

उदया ४४ एयारह जोगगुणा ४८४।

५ ४
प्रमत्ते ६।६ । ५।५ एषां प्रकृत्युदयाश्चतुश्चत्वारिंशत् ४४ भङ्गविकल्पा भवन्ति । ते एकादशभिर्योगै-
७ ६
११ र्हताश्चतुरशीत्यधिकचतुःशतप्रमिताः ४८४ उदयविकल्पाः प्रमत्ते ज्ञातव्याः ॥३५२॥

प्रमत्तगुणस्थानमें उदयस्थानसम्बन्धी भंग-विकल्प चवालीस होते हैं, ऐसा जानना चाहिए। उन्हें यहाँ सम्भव चार मनोयोग, चार वचनयोग, औदारिककाययोग, आहारककाययोग और आहारकमिश्रकाययोग, इन ग्यारह योगोंसे गुणा करने पर चार सौ चौरासी पदवृन्दभङ्ग प्राप्त होते हैं ॥३५२॥

प्रमत्तमें उदयविकल्प ४४ को ११ योगोंसे गुणा करने पर ४८४ पदवृन्दभङ्ग आ जाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब अप्रमत्तगुणस्थानके पदवृन्द-भङ्ग कहते हैं—

पमत्तेदरेसुदया चउदाला चेव होंति जिणवुत्ता ।
तिण्णि सया छण्णउया भंगवियप्पा वि हुंति णवगुणिया ॥३५३॥

उदया ४४ णवजोगगुणा ३९६ ।

५ ४
अप्रमत्ते ६।६ । ५।५ एषामुदयाश्चतुश्चत्वारिंशत् ४४ जिनोक्ता भवन्ति । एते नवभिर्योगै ९ र्गुणिताः
७ ६
षण्णवत्याधिकत्रिशतप्रमिताः ३९६ उदयभङ्गविकल्पाः अप्रमत्ते भवन्ति ॥३५३॥

अप्रमत्तविरतमें उदयस्थान-सम्बन्धी भङ्ग-विकल्प जिनभगवान्ने चवालीस ही कहे हैं। उन्हें नौयोगोंसे गुणा करने पर तीन सौ छयानवै पदवृन्द-भङ्ग होते हैं ॥३५३॥

अप्रमत्तमें उदयविकल्प ४४ को नौ योगोंसे गुणा करने पर ३९६ पदवृन्द आते हैं।

अब अपूर्वकरणगुणस्थानके पदवृन्द-भंगोंका निरूपण कर प्रकृत अर्थका उपसंहार करते हैं—

सुण्णजुयट्ठारसयं अपुव्वकरणम्मि वीस णवगुणिया ।
मिच्छादि-अपुव्वंता चउवीसहया हवंति सव्वे वि ॥३५४॥

उदया २० णवजोगगुणा १८० ।

४
अपूर्वकरणे ५।५ एषामुदया विंशति २० र्नवभिर्योगैर्गुणिताः अष्टादशकं शून्ययुक्तं अशीत्युत्तरशतप्रमिता
६
१८० उदयविकल्पा भवन्ति । मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरणान्तमुदयविकल्पाश्चतुर्विंशत्या २४ गुणिताः । तथाहि—मिथ्यात्वे ७८८ गु० २४ । सासादने ३८४ गु० २४ । मिश्रे ३२० गु० २४। असंयते ६०० गु० २४ । देशे ४६८ गु० २४ । प्रमत्ते ४८४ गु० २४ । अप्रमत्ते ३९६ गु० २४ । अपूर्वकरणे १८० गु० २४ ॥३५४॥

अपूर्वकरणमें उदयप्रकृतियाँ बीस होती हैं। उन्हें नौ योगोंसे गुणा करने पर शून्ययुक्त अट्ठारह अर्थात् एक सौ अस्सी पदवृन्दभङ्ग होते हैं। इस प्रकार मिथ्यात्व गुणस्थानसे लेकर अपूर्वकरण तक बतलाये हुए उक्त सर्व पद-वृन्द-भङ्गोंको प्रकृतियोंके परिवर्तनसे उत्पन्न चौबीस भङ्गोंसे गुणा करना चाहिए ॥३५४॥

अपूर्वकरणमें उदयविकल्प २० को नौ योगसे गुणित करने पर १८० पदवृन्द-भङ्ग होते हैं।

अब चौबीससे गुणा करने पर जितने भंग होते हैं, उनका निरूपण करते हैं—

[1]चउवीसेण विगुणिदे एत्तियमेत्ता हवंति ते सव्वे ।
असिदिं चेव सहस्सा अडसट्ठि सदा असीदी य ॥३५५॥

८६८८० ।

मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरणान्तमुदयविकल्पाश्चतुर्विंशत्या २४ गुणिता मिथ्यादृष्टौ १८९१२ सासादने ९२१६ मिश्रे ७६८० असंयते १४४०० देशे ११२३२ प्रमत्ते ११६१६ अप्रमत्ते ९५०४ अपूर्वकरणे ४३२० सर्वे उदयविकल्पा एकीकृता एतावन्तः—षडशीतिसहस्राष्टशताशीतिप्रमिताः ८६८८० भवन्ति ॥३५५॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, 'तत्र मिथ्यादृष्ट्यादिषु' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २०७-३०८) तथा श्लो० ३६६ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चौबीससे गुणा करने पर वे सर्व पदवृन्द भङ्ग छयासी हजार आठ सौ अस्सी (८६८८०) होते हैं ॥३५५॥

विशेषार्थ—मिथ्यात्वसे लेकर अपूर्वकरण गुणस्थान तक सर्व पदवृन्द-भङ्ग ८६८८० होते हैं, उनका विवरण इस प्रकार है—

गुणस्थान	उदयपदवृन्द	सर्वभङ्ग
मिथ्यात्व	७८८ × २४ =	१८९१२
सासादन	३८४ × २४ =	९२१६
मिश्र	३२० × २४ =	७६८०
अविरत	६०० × २४ =	१४४००
देशविरत	४६८ × २४ =	११२३२
प्रमत्तविरत	४८४ × २४ =	११६१६
अप्रमत्तविरत	३९६ × २४ =	९५०४
अपूर्वकरण	१८० × २४ =	४३२०

इस प्रकार उक्त सर्व भङ्गोंका योग = ८६८८०

अब सासादन गुणस्थानगत विशेष भंगोंका निरूपण करते हैं—

[1]बत्तीसं आसादे वेउव्वियमिस्स सोलसेण हया ।
पंचसयाणि य णियमा बारससंजुत्तया य तहा ॥३५६॥

सासादनाविरतयोर्विशेषमाह— ['बत्तीसं आसादे' इत्यादि ।] सासादनस्य वैक्रियिकमिश्रयोगे ७
८।८ एषामुदया द्वात्रिंशत् ३२ । स्त्री-पुंवेदौ २ हास्यादिद्वयं २ कषायचतुष्कं ४ परस्परं गुणिता षोडश १६ ९
तैर्गुणिताः पुनः द्वात्रिंशत् इति द्वादशोत्तरपञ्चशतप्रमिताः ५१२ पदबन्धाः स्युः । सासादनो नरकं न यातीति तस्य नपुंसकवेदो नास्ति ॥३५६॥

सासादन गुणस्थानमें सर्व प्रकृतियाँ बत्तीस हैं । उन्हें वैक्रियिकमिश्रकाययोग-सम्बन्धी सोलह भंगोंसे गुणा करने पर नियमसे पाँचसौ बारह भंग प्राप्त होते हैं ॥३५६॥

[2]सासणे उदया ७ ८८ एएसिं पयडीओ ३२ । पुव्वुत्तसोलस-भंगगुणा वेउव्वियमिस्सजोगहया ७
अण्णे वि पयबंधा ५१२ ।

तथाहि—सासादनस्य ७ ८।८ एतेषां प्रकृतयः ३२ पूर्वोक्तषोडशभिर्भङ्गैर्गुणिता वैक्रियिकमिश्रयोगेन ९
१ हताश्च अन्ये पदबन्धाः ५१२ ।

सासादनमें उदयस्थान ९, ८, ८ और ७ हैं । इनकी उदयप्रकृतियाँ ३२ होती हैं । इस गुणस्थानवाला नरकमें नहीं जाता है, इसलिए बत्तीसको दो ही वेदोंके परिवर्तनसे सम्भव सोलह भंगोंसे गुणा करने पर वैक्रियिकमिश्रकाययोगसम्बन्धी ५१२ अन्य भी पदवृन्द-भंग होते हैं ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३७० । 2. ५, 'सासने चत्वारः पाकाः' इत्यादिगद्यभागः । (पृ० २०८) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब चौथे गुणस्थानमें सम्भव विशेष भंगोंका निरूपण करते हैं—

[1]अविरयसम्मे सट्ठी भंगा वे-जोगएण संगुणिया।
पुणरवि सोलह-गुणिया भंगवियप्पा हवंति णायव्वा ॥३५७॥

अविरतसम्यग्दृष्टेः षष्टिर्भङ्गा ६० वैक्रियिकमिश्र-कार्मणयोगाभ्यां २ संगुणिताः १२० । पुनरपि पुन्नपुंसकवेदद्वयं हास्यादिद्वयं २ कषायचतुष्कजनितषोडशभिर्भङ्गैः १६ गुणिता एकसहस्रविंशत्यधिकनवशतप्रमिताः भवन्ति ज्ञातव्याः ॥३५७॥

अविरतसम्यक्त्व गुणस्थानमें जो पहले उदयस्थान-सम्बन्धी साठ भंग बतलाये हैं, उन्हें वैक्रियिकमिश्र और कार्मणकाय इन दो योगोंसे गुणित करना चाहिए। पुनरपि उदयप्रकृतियोंके परिवर्तनसे सम्भव सोलह भंगोंसे गुणित करने पर जो संख्या उत्पन्न हो, उतने अर्थात् उन्नीस सौ बीस (१९२०) भंग-विकल्प जानना चाहिए ॥३५७॥

[2] असंजये उदया ७ ६ ८८ ७७ एदेसिं च पयडीओ ६० पुवुत्त-सोलसभंगगुणा ९६० । वेउव्विय-
९ ८

मिस्स-कम्मइयजोगगुणा एगसहस्सं णवसदवीसुत्तरिया ते भंगा १९२० ।

तथाहि—असंयतवैक्रियिकमिश्र-कार्मणयोगयोः स्त्रीवेदोदयो नास्ति, असंयतस्य स्त्रीष्वनुत्पत्तेः ।

असंयते एते उदया ७ ६ ८।८। ७।७ एतेषां च प्रकृतयः ६० पूर्वोक्तषोडशभङ्गैर्गुणितः ९६० । पुनः वैक्रि-
९ ८

यिकमिश्र-कार्मणयोगाभ्यां २ गुणिता एकसहस्रविंशत्यग्रनवशतप्रमिता १९२० उदयविकल्पा भवन्ति ।

असंयतगुणस्थानमें उदयस्थान ९, ८, ८, ७ और ८, ७, ७, ६ प्रकृतिक आठ होते हैं। इनकी सर्व प्रकृतियाँ साठ होती हैं। उन्हें पूर्वोक्त सोलह भंगोंसे गुणा करनेपर ९६० पदवृन्द-भंग होते हैं। इन्हें वैक्रियिकमिश्र और कार्मणकाय, इन दो योगोंसे गुणा करनेपर एक हजार नौ सौ बीस (१९२०) भंग प्राप्त होते हैं।

[3]तेसिं सट्ठि वियप्पा अट्ठवियप्पेण संगुणिया।
तस्सोरालियमिस्से चउसदसीदी य भंगया जाण ॥३५८॥
एदे पुण पुव्वुत्ता पक्खित्ते हुंति भंगा दु+ ।

असंयतस्यौदारिकमिश्रयोगस्य ७ ६ ८।८। ७।७ तेषामुदयविकल्पाः षष्टिः ६० पुंवेदैक १ हास्यादियुग्म २
९ ८

कषायचतुष्क ४ हताष्टभिर्भङ्गैः ८ गुणिताः अशीत्यधिकचतुःशतप्रमिताः ४८० असंयतौदारिकमिश्रे इति जानीहि । असंयतौदारिकमिश्रस्य स्त्री-षण्ढत्वेनानुत्पत्तेः। एते पुनः पूर्वोक्ता भङ्गाः १९२० प्रक्षेपणीयाः ॥३५८॥

उसी अविरतसम्यक्त्वी जीवके औदारिकमिश्रकाययोगमें चारसौ अस्सी भंग और जानना चाहिए। जो कि पूर्वोक्त साठ उदयविकल्पोंको आठ भंगोंसे गुणा करनेपर प्राप्त होते हैं। इन भंगोंको पूर्वोक्त १९२० भंगोंमें प्रक्षेप करनेपर सर्व अपर्याप्त-दशागत भंगोंका प्रमाण २४०० आ जाता है ॥३५८॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३७१-३७२ । 2. ५, 'असंयतेऽष्टोदयाः' इत्यादिगद्यांशः । (पृ० २०८) । 3. ५, ३७३ ।

+ संस्कृतटीकाप्रतौ गाथार्धमिदं नास्ति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]अविरयउदयपयडीओ ६० अट्ठभंगगुणा ४८० । एवमण्णे वि ओरालियमिस्सजोगभंगा* ४८० । एवमसंजए तिसु जोगेसु अण्णे वि मेलिया पयबंधा २४०० ।

अविरतोदयप्रकृतयः ६० पुंवेद-हास्यादिद्वय-कषायचतुष्क ४ हतैरष्टभिर्भङ्गैर्गुणिता ४८० । एवमन्येऽपि औदारिकमिश्रयोगेनैकेन १ गुणिता भङ्गाः ४८० । एवमसंयते त्रिषु योगेषु अन्येऽपि मीलिताः पदबन्धाः २४०० ।

अविरतगुणस्थानमें उदयप्रकृतियाँ ६० हैं, उन्हें आठ भंगोंसे गुणा करनेपर ४८० होते हैं । ये औदारिकमिश्रकाययोग-सम्बन्धी और भी ४८० भंग होते हैं । इस प्रकार असंयतगुणस्थानमें तीनों योगोंके सर्व भंग मिला देनेपर २४०० पदवृन्द-भंग आ जाते हैं ।

अब नौवें और दशवें गुणस्थानके पद-वृन्दोंका प्रमाण कहते हैं—

[2]बारसभंगे विगुणे उवरिमभंगा वि पंच पक्खविय ।
णवजोगेहि य गुणिए इगिसट्ठा विगसया होंति ॥३५६॥

अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराययोरुदयान् प्राह—['बारसभंगे विगुणे' इत्यादि ।] उपरिमाः अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराययोः पुंवेद-संज्वलनचतुष्कमिति पञ्चप्रकृतिभङ्गाः प्रक्षेपणीयाः । तथाहि—अनिवृत्तिकरणस्य सवेदभागे द्वादशभिः १२ भंगैर्द्विकोदये गुणिते चतुर्विंशतिः २४ । अवेदभागे चतुर्भिरेकोदयेन गुणिते ४ । सूक्ष्मे सूक्ष्मलोभोदयः । एवमेकोनत्रिंशदुदयाः २९ नवभिर्योगै ९ र्गुणिता एकषष्ट्यधिकद्विशतप्रमिता २६१ उदयप्रकृतिविकल्पा भवन्ति ॥३५९॥

अनिवृत्तिकरणके संवेदभागमें दो उदयप्रकृतियोंसे गुणित बारह अर्थात् चौबीस भंग होते हैं । अवेदभागमें एक उदयप्रकृतिवाले चार भंग होते हैं । सूक्ष्मसाम्परायमें एक सूक्ष्मलोभ होता है । इन पाँचको उपर्युक्त चौबीसमें प्रक्षेप करनेपर उनतीस होते हैं । उन्हें नौ योगोंसे गुणित करनेपर दो सौ इकसठ भंग हो जाते हैं ॥३५९॥

[3]अणियट्टीए उदया २ बारसभंगगुणा २४ । एगोदएहिं चदुहिं सह २८ । सुहुमे एगोदएण सह २९ । एदाओ पयडीओ णवजोगगुणा २६१ ।

अनिवृत्तौ उदयौ २ द्वादशभङ्गगुणिताः २४ एकोदयैश्चतुर्भिः सह २८ सूक्ष्मे एकोदयेन सह २९ । एताः प्रकृतयो नवयोगगुणिताः २६१ ।

अनिवृत्तिकरणमें सवेदभागमें उदयप्रकृतियाँ दोको बारह भंगोंसे गुणा करनेपर २४ होते हैं । उनमें अवेदभागकी एक उदयवाली चार प्रकृतियोंको मिलानेपर २८ होते हैं । सूक्ष्मसाम्परायमें उदय होनेवाली एक प्रकृतिके मिलानेपर २९ होते हैं । इन २९ प्रकृतियोंको नौ योगोंसे गुणा करनेपर २६१ पदवृन्द-भंग प्राप्त होते हैं ।

अब मोहकर्मके योगोंकी अपेक्षा संभव सर्व भंगोंका निरूपण करते हैं—

[4]णउदी चेव सहस्सा तेवण्णं चेव होंति बोहव्वा ।
पयसंखा णायव्वा जोगं पडि मोहणीयस्स ॥३६०॥

[5]एवं मोहे जोगं पडि गुणठाणेसु पयबंधा ९००५३ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, 'असंयतेऽन्ये' इत्यादिगद्यांशः (पृ०२०८) । 2. ५, ३७४ । 3. ५, 'नवमे उदये' इत्यादिगद्यभागः (पृ० २०९) । 4. ५, ३७५ । 5. ५, 'इति मोहे' इत्यादिगद्यभागः (पृ० २०९) ।

*ब गुणा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इति गुणस्थानेषु मोहनीयस्य योगान् प्रत्याश्रित्य नवतिसहस्रत्रिपञ्चाशत्प्रमिताः पदबन्धसंख्या भवति ज्ञातव्याः ९००५३ । ॥३६०॥

गुण०	यो०	उद०	प्रकृ०	उद० पद०	सर्वभं०
मि०	१३	८	६८	७८८।२४	१८९१२
सा०	१३	४	३२	३८४।२४	११९६।५१२
मि०	१०	४	३२	३२०।२४	७६८०
अवि०	१३	८	६०	६००।२४	१४४००।२४००
देश०	९	८	५२	४६८।२४	११२३२
प्रम०	११	८	४४	४८४।२४	११६१६
अप्र०	९	८	४४	३९६।२४	९५०४
अपू०	९	४	२०	१८०।२४	४३२०
अनि०	९	१ १	२ १	२४ ४	२५२
सूक्ष्म०	९	१	१	९	९
					९००५३

इति गुणस्थानेषु मोहप्रकृत्युदयविकल्पाः समाप्ताः ।

मोहनीयकर्मके योगोंकी अपेक्षा सर्वपदवृन्दोंके भंगी संख्या नब्बै हजार तिरेपन होती है, ऐसा जानना चाहिए ॥३६०॥

भावार्थ—आठ गुणस्थानोंके पर्याप्तकाल-सम्बन्धी पदवृन्दोंका परिमाण ८६८८० बतला आये हैं, उनमें अपर्याप्तकाल सम्बन्धी सासादनगुणस्थानके ५१२, अविरतगुणस्थानके २४०० तथा नौवें और दशवें गुणस्थानके २६१ भंगोंको और जोड़ देनेपर योगोंकी अपेक्षा मोहकर्मके सर्व उदयस्थान-सम्बन्धी पदवृन्द-भंगोंका प्रमाण ९००५३ प्राप्त हो जाता है ।

योगकी अपेक्षा सर्व भंगोंकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—

गुण०	योग	उदयस्थान	उ० प्र०	पद०	गुण०	भं०
मिथ्यात्व	१३	८	६८	७८८	२४	१८९१२
सासादन	१३	४	३२	३८४	२४	९२१६
	१	४	३२		१६	५१२
मिश्र	१०	४	३२	३२०	२४	७६८०
अविरत	१०	४	६०	६००	२४	१४४००
	२	४	६०	१२०	१६	१९२०
	१	४	६०	६०	८	४८०
देशविरत	९	८	५२	४६८	२४	११२३२
प्रमत्तविरत	११	८	४४	४८४	२४	११६१६
अप्रमत्तविरत	९	८	४४	३९६	२४	९५०४
अपूर्वकरण	९	४	२०	१८०	२४	४३२०
अनिवृत्तिकरण	९	१ १	२ १	२४ ४		२५२
सूक्ष्मसाम्पराय	९	१	१	१		९

समस्त पदवृन्द-भंग = ९००५३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब उपयोगकी अपेक्षा मोहनीयकर्ममें उदयसम्बन्धी भंगोंका निरूपण करते हैं—

[1]मिच्छादिय-देसंता पण पण छ छक्क छच्च उवओगा ।
विरयादिय-खीणंता उवओगा सत्त दुसु दोण्णि ॥३६१॥

[2]एवं गुणठाणेसु उवओगा ५।५।६।६।६।७।७।७।७।७।७।७।२।२।

अथ मोहनीयप्रकृत्युदयस्थानतत्प्रकृतीः गुणस्थानेषु उपयोगानाश्रित्याऽऽह—['मिच्छादिय-देसंता' इत्यादि ।] मिथ्यादृष्ट्यादिदेशसंयतान्ताः क्रमेण पञ्च पञ्च षट् षट् षडुपयोगाः । प्रमत्तादिक्षीणान्ता उपयोगाः सप्त ७ । द्वयोः सयोगायोगयोर्द्वौ उपयोगौ । तथाहि—उपयोगा मिथ्यादृष्टि-सासादनयोः त्र्यज्ञानं चक्षुरचक्षुर्दर्शनद्वयमिति पञ्च ५ । मिश्रादित्रये त्रिज्ञानं त्रिदर्शनमिति षट् ६ । प्रमत्तादिसप्तके चतुर्ज्ञानं त्रिदर्शनमिति सप्त ७ । सयोगायोगसिद्धेषु केवलज्ञान-दर्शनमिति द्वौ २ ॥३६१॥

उपयोगके मूलमें दो भेद हैं—ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग । ज्ञानोपयोगके आठ और दर्शनोपयोगके चार भेद होते हैं । उनमेंसे, मिथ्यादृष्टिगुणस्थानसे लेकर देशसंयतगुणस्थान तक क्रमशः पाँच, पाँच, छह, छह और छह उपयोग होते हैं । प्रमत्तविरतसे लेकर क्षीणकषायगुणस्थान तक प्रत्येक गुणस्थानमें सात सात उपयोग होते है । अन्तिम दो गुणस्थानोंमें दो दो उपयोग होते हैं ॥३६१॥

गुणस्थानोंमें उपयोग इस प्रकारसे होते हैं—

मि०	सा०	मिश्र	अवि०	देश०	प्रम०	अप्र०	अपू०	अनि०	सू०	उप०	क्षी०	स०	अ०
५	५	६	६	६	७	७	७	७	७	७	७	२	२

[3]सग-सगभंगेहि य ते उवओगा संगुणं च काऊण ।
चउवीसेण य गुणिए छावत्तरिसयमसीदी य ॥३६२॥

स्वक-स्वकगुणस्थानोक्तप्रकृतिस्थानभङ्गविकल्पैः कृत्वा तान् स्व-स्वगुणस्थानोक्तोपयोगान् संगुणं कृत्वा संगुण्य पुनश्चतुर्विंशत्या २४ गुणयित्वा मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरणान्ताः सप्तसहस्राशीत्यधिकषट्शतप्रमिताः स्थानविकल्पाः ७६८० भवन्ति ॥३६२॥

इन उपर्युक्त उपयोगोंको अपने अपने गुणस्थानसम्बन्धी भंगोंसे गुणा करके पुनः चौबीससे गुणा करनेपर छिहत्तरसौ अस्सी सर्व भंगोंका प्रमाण आ जाता है ॥३६२॥

[4]गुणठाणेसु अट्ठसु उदया ८।४।४।८।८।८।८।४ सगसगउवओगगुणा ४०।२०।२४।४८।४८।५६।५६। २८। चउवीसभंगगुणा ९६०।४८०।५७६।११५२।११५२।१३४४।१३४४।६७२। सव्वे वि मेलिया ७६८० ।

तथाहि—तत्र मिथ्यादृष्टौ स्थानानि प्रकृतयश्च $\frac{८}{१०}$ । $\frac{७}{९}$ स्वोपयोगै ५ गुणिते सति स्थानानि चत्वारिंशत् ४० । सासादने $\frac{७}{९}$ स्वोपयोगै ५ गुणिते स्थानानि २० । मिश्रे $\frac{७}{९}$ । स्वोपयोगै ६ गुणिते स्थानानि २४ । असंयते $\frac{७}{९}$ । $\frac{६}{८}$ स्वोपयोगै ६ गुणिते स्थानानि ४८ । देशसंयते $\frac{६}{८}$ । $\frac{५}{७}$ स्वो-

1 सं० पञ्चसं० ५, ३७६-३७७ । 2. ५, गुणेषूपयोगाः' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २०६)। 3. ५, ३७८ । 4. ५, '९६०' इत्यादिसंख्यापंक्तिः (पृ० २०६) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पयोगै ६ गुणिता स्थानविकल्पाः ४८। प्रमत्ते अप्रमत्ते च $\frac{५}{७}$।$\frac{४}{६}$। $\frac{५}{७}$।$\frac{४}{६}$ स्वोपयोगै ७ गुणिताः स्थान-

विकल्पाः ५६।५६। अपूर्वकरणे $\frac{५}{६}$।$\frac{४}{६}$ स्वोपयोगै ७ गुणिताः स्थानविकल्पाः २८। पुनर्मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरण-

गुणस्थानेषु अष्टसु उपयोगाः—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अप्र०	अपू०
५	५	६	६	६	७	७	७

स्व-स्वस्थानसंख्याभिः स्व-स्वोपयोगगुणिताः—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अप्र०	अपू०
४०	२०	२४	४८	४८	५६	५६	२८

एते चतुर्विंशतिभङ्गैर्गुणिताः सन्तः—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अप्र०	अपू०
९६०	४८०	५७६	११५२	११५२	१३४४	१३४४	६७२

सर्वेऽपि मीलिताः सप्तसहस्रषट्शताशीतिप्रमिताः स्थानविकल्पाः ७६८० भवन्ति।

आदिके आठों गुणस्थानोंमें उदयस्थान ८, ४, ४, ८, ८, ८, ८, ४ हैं। इन्हें अपने अपने गुणस्थानके उपयोगोंसे गुणा करनेपर ४०, २०, २४, ४८, ४८, ५६, ५६, और २८ आते हैं। इन्हें चौबीससे गुणा करनेपर ९६०, ४८०, ५७६, ११५२, ११५२, १३४४, १३४४ और ६७२ भंग प्राप्त होते हैं। इन सर्व भंगोंको मिलानेपर ७६८० आठ गुणस्थानोंमें उपयोग-सम्बन्धी भंग आ जाते हैं।

[1]अणियट्टिसुदए भंगा सत्तारस चेव होंति णायव्वा।
सत्तुवओगे गुणिया सय दस णव चेव भंगा हु ॥३६३॥

अणियट्टीए १२।४। सुहुमे १। दो वि मेलिया १७। सत्तुवजोगगुणा ११९।

अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराययोः सप्तदशोदयभङ्गविकल्पा भवन्ति १७ ज्ञातव्याः। ते सप्तोपयोगैर्गुणिताः शत १०० दश १० नव ९ चेति [११९] भङ्गा विकल्पा भवन्ति ॥३६३॥

अनिवृत्तिकरणस्य सवेदभागे १२ अवेदभागे ४ सूक्ष्मे १ सर्वे मीलिताः १७। एते सप्तोपयोगैर्गुणिताः ११९। तथाहि—अनिवृत्तौ सवेदभागे एकप्रकृतिकस्थानं १ सप्तोपयोगगुणितं सप्तकम् ७। पुनर्द्वादशभङ्गैर्गुणिते चतुरशीतिः ८४। अवेदभागे स्थानमेकं १ सप्तभिरुपयोगैर्गुणितं सप्तकम् ७। पुनश्चतुर्भङ्गैर्गुणिते अष्टाविंशतिः २८। सूक्ष्मे स्थानमेकं १ सप्तोपयोगैर्गुणितं सप्तकम् ७। एवं मीलिताः ११९।

अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानमें उदयसम्बन्धी भंग सत्तरह होते हैं। उन्हें सात उपयोगोंसे गुणा करने पर एकसौ उन्नीस भङ्ग होते हैं ऐसा जानना चाहिए ॥३६३॥

[2]सत्तत्तरि चेव सया णवणउदी चेव होंति बोहव्वा।
उदयवियप्पे जाणसु उवओगे मोहणीयस्स ॥३६४॥

उदयवियप्पा ७७९९।

उपयोगाश्रितमोहनीयोदयस्थानविकल्पान् जानीहि, भो भव्यवर! त्वम्। कति? सप्तसहस्रसप्तशतनवनवतिर्ज्ञातव्या भवन्ति ७७९९ ॥३६४॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३७९। 2. ५, ३८०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गु०	स्था०	प्र०	उप०	भं०	भं० वि०	गु०
मि०	८	६८	५	४०	३४०	२४
सा०	४	३२	५	२०	१६०	२४
मि०	४	३२	६	२४	१९२	२४
अ०	८	६४	६	४८	३६०	२४
दे०	८	५२	६	४८	३१२	२४
प्र०	८	४४	७	५६	३०८	२४
अप्र०	८	४४	७	५६	३०८	२४
अपू०	४	२०	७	२८	१४०	२४
	१	२	७	७	१४	१२
अनि०	१	१		७	७	४
सू०	१	१	७	७	७	१
उ०			७			
क्षी०			७			
स०			२			
अयो०			२			

इस प्रकार मोहनीयकर्मके उपयोगकी अपेक्षा सर्व उदयविकल्प सतहत्तरसौ निन्यानबै (७७९९) होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥३६४॥

उपयोगोंकी अपेक्षा उदयविकल्पोंकी संदृष्टि इस प्रकार है:—

गुणस्थान	उपयोग	उदयस्थान	गुणकार	भंग
मिथ्यात्व	५	८	२४	९६०
सासादन	५	८	२४	४८०
मिश्र	६	४	२४	५७६
अविरत	६	८	२५	११५२
देशविरत	६	८	२४	११५२
प्रमत्तविरत	७	८	२४	१३४४
अप्रमत्तविरत	७	८	२४	१३४४
अपूर्वकरण	७	४	२४	६७२
अनिवृत्ति	७		१२ ४	८४ २८
सूक्ष्मसाम्प०	७		१	१

सर्व उदय विकल्प ७७९९

अब गुणस्थानोंमें उपयोगकी अपेक्षा मोहनीयकी उदयप्रकृतियोंकी संख्या बतलाते हैं—

[1]मिच्छादि-अपुव्वंता पयडिवियप्पा हवंति णायव्वा ।
उवओगेण य गुणिया चउवीसगुणा य पुणरवि य ॥३६५॥

1. सं० पञ्चसं० ५, ३८१ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथ गुणस्थानेषु उपयोगाश्रितमोहोदयप्रकृतिसंख्या कथ्यते—['मिच्छादि-अपुव्वंता' इत्यादि ।]

मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरणान्ताः प्रकृतिविकल्पा भवन्ति ज्ञातव्याः । मिथ्यादृष्टौ ६।६ । ८।८ एषामष्टषष्टिः ६८ । एवं सासादनाद्यपूर्वकरणान्तेषु ज्ञेयम् । ता उदयप्रकृतयः स्व-स्वगुणस्थानसम्भव्युपयोगैर्गुणिता पुनरपि चतुर्विंशतिभङ्गैः २४ गुणिता उदयविकल्पा भवन्ति ॥३६५॥

मिथ्यात्वगुणस्थानसे लेकर अपूर्वकरण तक जितने प्रकृतिविकल्प होते हैं, उन्हें पहले उपयोगसे गुणित करे । पुनरपि चौबीससे गुणा करे ॥३६५॥

[1]एवं गुणठाणेसु अट्ठसु उदयपयडीओ ६८।३२।३२।६०।५२।४४।४४।२०। उवओगगुणा ३४०। १६०।१६२।३६०।३१२।३०८।३०८।१४०। चउवीसभंगगुणा—

मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरणान्तगुणस्थानेषु अष्टसु उदयप्रकृतयः ६८।३२।३२।६०।५२।४४।४४।२० स्व-स्वगुणस्थानसम्भव्युपयोगैः गुणिताः ३४०।१६०।१६२।३६०।३१२।३०८।३०८।१४०। पुनरपि वेदत्रय ३ हास्यादियुग्म २ कषायचतुष्क ४ गुणितचतुर्विंशतिभङ्गैः २४गुणिताः—

मिथ्यात्व आदि आठ गुणस्थानोंमें उदयप्रकृतियाँ क्रमशः इस इस प्रकार हैं—६८, ३२, ६०, ५२, ४४, ४४, और २० । इन्हें अपने अपने गुणस्थानके योगोंसे गुणा करनेपर ३४०, १६०, १६२, ३६०, ३१२, ३०८, ३०८ और १४० संख्या प्राप्त होती है । इन्हें चौबीस चौबीस भंगोंसे गुणा करनेपर अपने अपने गुणस्थानके भंग आ जाते हैं ।

अब आगे प्रत्येक गुणस्थानमें उन भंगोंका प्रमाण बतलाते हैं—

अट्ठसहस्सा एयसदसट्ठी मिच्छम्हि हवंति णायव्वा ।
तिण्णि सहस्सा अडसदचत्ताला सासणे भंगा ॥३६६॥

८१६०।३८४०।

तद्गुणितफलं गाथाचतुष्केणाऽऽह—['अट्ठ सहस्सा य सदसट्ठी' इत्यादि ।] मिथ्यादृष्टौ अष्टसहस्राः एकशतषष्टिप्रमिताः मोहोदयप्रकृतिविकल्पा भवन्ति ८१६० । सासादने त्रिसहस्रचत्वारिंशदधिकाष्टशतभङ्ग-संख्या ज्ञातव्याः ३८४० ॥३६६॥

मिथ्यात्वगुणस्थानमें आठ हजार एक सौ साठ भंग (८१६०) होते हैं । सासादनमें तीन हजार आठ सौ चालीस (३८४०) भंग होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥३६६॥

सम्मामिच्छे भंगा अट्ठुत्तरछस्सदा चउसहस्सा ।
छच्च सया सत्ताला अट्ठ सहस्सं तु अजदीए ॥३६७॥

४६०८।८६४०।

सम्यग्मिथ्यात्वे मिश्रे चतुःसहस्राष्टोत्तरषट्शतप्रमिता मोहोदयप्रकृतिविकल्पाः ४६०८ । असंयते अष्टसहस्रचत्वारिंशदधिकषट्शतभङ्गाः ८६४० ॥३६७॥

सम्यग्मिथ्यात्वगुणस्थानमें चार हजार छह सौ आठ (४६०८) भंग होते हैं । अविरत-सम्यक्त्वगुणस्थानमें आठ हजार छह सौ चालीस (८६४०) भंग होते हैं ॥३६७॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, 'गुणेष्वष्टेषु' इत्यादिगद्यभागः । (पृ० २१०) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देसे सहस्स सत्तय चउसय अट्ठुत्तरा असीदी य ।
तिण्णि सया वाणउदी सत्त सहस्सा पमत्ते दु ॥३६८॥

७४८८।७३९२।

देशसंयते सप्तसहस्राष्टाशीत्युत्तरचतुःशतसंख्या ७४८८ भवन्ति । प्रमत्ते शतत्रयद्वानवतिसप्तसहस्राणीतिमोहोदयप्रकृतिपरिमाणं ७३९२ ॥३६८॥

देशविरतगुणस्थानमें सात हजार चार सौ अठासी (७४८८) भंग होते हैं प्रमत्तविरतमें सात हजार तीनसौ बानबै (७३९२) भङ्ग होते हैं ॥३६८॥

अह+ अप्पमत्तभंगा तावदिया होंति णायव्वा ।
तिग तिग छस्सुण्णगदा भंगवियप्पा अपुव्वे य ॥३६९॥

७३९२।३३६० सव्वेमेलिया ५०८८० ।

अथ अप्रमत्ते भङ्गाः प्रमत्तोक्तप्रमितास्तावन्त उदयविकल्पाः ७३९२ भवन्ति । अपूर्वकरणे त्रिकत्रिकषट्शून्यं गताः उदयविकल्पाः ३३६० ज्ञातव्या भवन्ति ॥३६९॥

सर्वे मीलिताः ५०८८० ।

इससे आगे सातवें अप्रमत्तगुणस्थानमें भी उतने ही अर्थात् सात हजार तीनसौ बानबै (७३९२) भङ्ग जानना चाहिए । अपूर्वकरणमें तीन, तीन, छह और शून्य अर्थात् तीन हजार तीन सौ साठ (३३६०) भङ्ग होते हैं ॥३६९॥

उक्त आठों गुणस्थानोंके भङ्गोंका जोड़ ५०८८० होता है ।

[1]अणियट्टिम्मि वियप्पा दोण्णि सया तिगधिया मुणेयव्वा ।
सव्वेसु मेलिदेसु य उवओगवियप्पया णेया ॥३७०॥

अणियट्टिउदयपयडीओ २४ । अवेदे ४ सुहुमे १ । सव्वे वि २९ । सत्तुवओगगुणा २०३ ।

अनिवृत्तिकरणस्य सवेदभागे प्रकृतिद्वयं २ वेदत्रयकषायचतुष्कहतैर्द्वादशभङ्गैर्गुणिताः २४ । अवेदभागे प्रकृतिः १ चतुःसंज्वलनहता ४ । सूक्ष्मे सूक्ष्मलोभः १ । एवमेकोनत्रिंशदुदयविकल्पाः २९ सप्तभिर्योगैर्गुणितास्त्र्यधिकद्विशतप्रमिता उदयविकल्पाः २०३ ज्ञेयाः ॥३७०॥

अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायमें तीन अधिक दो सौ अर्थात् २०३ भङ्ग जानना चाहिए । इन सर्व भङ्गोंके मिला देने पर उपयोग-विकल्पोंका प्रमाण निकल आता है ऐसा जानना चाहिए ॥३७०॥

अनिवृत्तिकरणके सवेदभागमें उदयप्रकृतियाँ २४ होती हैं और अवेद भागमें ४ होती हैं । सूक्ष्मसाम्परायमें उदयप्रकृति १ है । ये सब मिलकर २९ हो जाती हैं । उन्हें सात उपयोगसे गुणा करने पर २०३ भङ्ग दोनों गुणस्थानोंके आ जाते हैं ।

[2]इक्कावण्णसहस्सा तेसीदी चेव होंति बोहव्वा ।
पयसंखा णायव्वा उवओगे मोहणीयस्स[1] ॥३७१॥

५१०८३ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३८२ । 2. ५, ३८३ ।

१. गो० क० गा० ४९३ ।

+ ब अथ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपयोगाश्रितमोहनीयपदबन्धसंख्या प्रकृतिपरिमाणं एकपञ्चाशत्सहस्रत्र्यशीतिप्रमिता ५१०८३ मोहोदयविकल्पा सर्वे भवन्ति ज्ञातव्याः ॥३७१॥

गु०	प्र०	उ०	प्र० वि०	गु०	प्र० भं०
मि०	६८	५	३४०	२४	८१६०
सा०	३२	५	१६०	२४	३८४०
मि०	३२	६	१९२	२४	४६०८
अ०	६०	६	३६०	२४	८६४०
दे०	५२	६	२१२	२४	७४८८
प्र०	४४	७	२०८	२४	७३९२
अप्र०	४४	७	२०८	२४	७३९२
अपू०	२०	७	१४०	२४	३३६०
अनि०	२	७	१४	१२	१६८
	१		७	४	२८
सू०	१	७	७	१	७
					५१०८३

इति गुणस्थानेषु उपयोगाश्रितमोहोदयप्रकृतिविकल्पाः समाप्ताः ।

इस प्रकार उपयोगकी अपेक्षा मोहनीयकर्मके पदवृन्द-भङ्गोंका प्रमाण इकावन हजार तेरासी (५१०८३) होता है, ऐसा जानना चाहिए ॥३७१॥

उपर्युक्त सर्व भङ्गोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

गुणस्थान	उपयोग	उदयपद	गुणकार	भङ्ग
मिथ्यात्व	५	६८	२४	८१६०
सासादन	५	३२	२४	३८४०
मिश्र	६	३२	२४	४६०८
अविरत	६	६०	२४	८६४०
देशविरत	६	५२	२४	७४८८
प्रमत्तविरत	७	४४	२४	७३९२
अप्रमत्तविरत	७	४४	२४	७३९२
अपूर्वकरण	७	२०	२४	३६६०
अनिवृत्तिकरण	७	२	१२	१६८
		१	४	२८
सूक्ष्मसाम्पराय	७	१	१	७
सर्व पदवृन्द-भङ्ग				५१०८३

अब लेश्याओंकी अपेक्षा गुणस्थानोंमें मोहके उदयस्थानोंकी संख्याका विचार करते हुए पहले गुणस्थानोंमें संभवती लेश्याओंका निरूपण करते हैं—

[1]मिच्छादि-अप्पमत्तंताणं लेसा जिणेहिं णिद्दिट्ठा ।
छ छक्क छक्क छ त्तिय तिग तिण्णि य होंति लेसाओ ॥३७२॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३८४ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तस्सुवरि सुक्कलेसा मिच्छादि-अपुव्वंतया लेसा ।
चउवीसेण य गुणिदे भंगेहिं गुणिज्ज पच्छा दु ॥३७३॥

अथ लेश्यामाश्रित्य गुणस्थानेषु मोहदयस्थानसंख्यामाह । आदौ गुणस्थानेषु सम्भवल्लेश्याः प्राह— ['मिच्छादिअप्पमत्तं' इत्यादि ।] मिथ्यादृष्ट्याद्यप्रमत्तान्तगुणस्थानेषु क्रमेण षट् ६ षट्क ६ षट्क ६ षट् ६ तिस्रः ३ तिस्रः ३ तिस्रो ३ लेश्या भवन्ति । तथाहि—मिथ्यादृष्ट्यादिचतुर्षु गुणस्थानेषु प्रत्येकं षट् ६ लेश्या भवन्ति । देशसंयतादित्रये शुभा एव तिस्रः ३ । तत उपर्यपूर्वकरणादिसयोगपर्यन्तमेका शुक्ललेश्यैव ।

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अप्र०	अपू०	अनि०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
६	६	६	६	३	३	३	१	१	१	१	१	१	०

मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरणान्तलेश्या इति स्व-स्वगुणस्थानोक्तमोहोदयस्थानभङ्गाः स्वगुणस्थानोक्तलेश्याभिर्गुणिताः पश्चाच्चतुर्विंशतिभङ्गैः २४ गुणिताः ॥३७२-३७३॥

मिथ्यात्व गुणस्थानसे लेकर अप्रमत्तसंयत तक जिनेन्द्रदेवने लेश्याएँ क्रमशः इस प्रकारसे निर्दिष्ट की हैं—छह, छह, छह, छह, तीन, तीन और तीन । अर्थात् चौथे गुणस्थान तक छहों लेश्याएँ होती हैं । पाँचवेंसे सातवें तक तीनों शुभ लेश्याएँ होती हैं । इससे ऊपरके गुणस्थानोंमें केवल एक शुक्ललेश्या होती हैं । (चौदहवाँ गुणस्थान लेश्या-रहित होता है ।) इनमेंसे मिथ्यात्वसे लेकर अपूर्वकरण गुणस्थान तक की लेश्याओंको अपने-अपने गुणस्थानोंके मोहसम्बन्धी उदयस्थानोंकी संख्यासे गुणा करे । पीछे चौबीस भङ्गोंसे गुणा करे ॥३७२-३७३॥

[1]६।६।६।६।३।३।३।१ मिच्छादिसु उदया ८।४।४।८।८।८।८।४। सग-सगलेसगुणा ४८।२४।२४। ४८।२४।२४।२४।४ । चउवीसभंगगुणा—

मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्णभरणान्तोदयस्थानसंख्या—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्रम०	अप्र०	अपू०
८	४	४	८	८	८	८	८

स्व-स्वगुणस्थानोक्तलेश्याभिर्गुणिताणिताः—

मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्रम०	अप्र०	अपू०
४८	२४	२४	४८	२४	२४	२४	४

मिथ्यात्वादि आठ गुणस्थानोंमें लेश्याएँ इस प्रकार हैं—६, ६, ६, ६, ३, ३, ३, १ । इन्हें इन्हीं गुणस्थानोंके उदयस्थानोंसे गुणे, जिनकी संख्या इस प्रकार है—८, ४, ४, ८, ८, ८, ८, ४ । इस प्रकार अपनी अपनी लेश्यासे गुणा करने पर ४८, २४, २४, ४८, २४, २४, २४, ४ संख्या आती है । उन्हें चौबीस भङ्गोंसे गुणा करने पर अपने अपने गुणस्थानके भङ्ग आ जाते हैं । जो इस प्रकार हैं—

मिच्छादिट्ठी भंगा एक्कारस सया य होंति वावण्णा ।
सासणसम्मे भंगा छावत्तरि पंचसदिगा य ॥३७४॥

११५२।५७६।

८ ७
तथाहि—मिथ्यादृष्टौ स्थानानि दशादीनि चत्वारि ९।९ नवादीनि चत्वारि ८।८ मिलित्वाऽष्टौ ८
१० ९

1. सं० पञ्चसं० ५, '६, ६, ६, ६,' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २१०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

षड्लेश्याभि ६ र्गुणितानि ४८। सासादने नवादीनि चत्वारि ८।८ षड्लेश्याभिर्गुणितानि २४ मिश्रे
७ ६
स्थानानिनवादीनि चत्वारि ८।८ षड्लेश्याभिर्गुणितानि २४। असंयते स्थानानि नवादीनि चत्वारि ८।८
७ ६ ७ ९
अष्टादीनि चत्वारि ७।७। मिलित्वा अष्टौ ८ षड्लेश्यागुणितानि ४८। देशसंयते स्थानानि अष्टादीनि
६ ८
चत्वारि ७।७ सप्तादीनि चत्वारि ६।६ मिलित्वा अष्टौ शुभलेश्यात्रयगुणितानि २४। प्रमत्ते अप्रमत्ते च
५ ४ ८ ७
स्थानानि सप्तादीनि चत्वारि ६।६ षट्कादीनि चत्वारि ५।५ मिलित्वा अष्टौ तत्त्रयलेश्यागुणितानि २४।२४।
७ ६
अपूर्वे स्थानानि षट्कादीनि चत्वारि शुक्ललेश्यागुणितानि चत्वार्येव ४। एतावत्पर्यन्तं सर्वत्र
गुणकारश्चतुर्विंशतिः २४।

मिथ्यादृष्टेरुदयस्थानभङ्गाः ४८ चतुर्विंशत्या भङ्गैर्गुणिता एकादशशतद्वापञ्चाशत् ११५२ भवन्ति। सासादने २४ चतुर्विंशत्या २४ गुणिताः पञ्चशतषट्सप्ततिप्रमिता मोहोदयस्थानविकल्पाः ५७६ स्युः ॥३७४॥

मिथ्यादृष्टिगुणस्थानके लेश्या-सम्बन्धी मोहके उदयस्थानोंके भङ्ग ग्यारहसौ बावन (११५२) होते हैं। सासादनसम्यक्त्वमें पाँचसौ छिहत्तर भंग (५७६) होते हैं ॥३७४॥

सम्मामिच्छे जाणे तावदिया चेव होंति भंगा हु।
एक्कारस चेव सया वावण्णासंजया सम्मे ॥३७५॥

५७६।११५२।

सम्यग्मिथ्यात्वे मिश्रे तावन्तः पूर्वोक्तषट्सप्तत्यधिकपञ्चशतप्रमिता भवन्तीति जानीहि ५७६। असंयतसम्यग्दृष्टौ एकादशशतद्वापञ्चाशद् भङ्गा ११५२ भवन्ति ॥३७५॥

सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानमें उतने ही भङ्ग जानना चाहिए अर्थात् ५७६ भङ्ग होते हैं। असंयतसम्यक्त्वगुणस्थानमें ग्यारहसौ बावन (११५२) भङ्ग होते हैं ॥३७५॥

विरयाविरए भंगा छावत्तरि होंति पंचसदिगा य।
विरए दोसु वि जाणे तावदिया चेव भंगा हु ॥३७६॥

५७६।५७६।५७६

❀.....
..... ॥३७६॥

❀टीका प्रतिमें १८१ वाँ पत्र नहीं होनेसे गाथाङ्क ३७१ से ३८६ तककी टीका अनुपलब्ध है। अतः छूटे अंशके सूचनार्थ बिन्दुएँ दी गई हैं। तथा १८२ वाँ पत्र आधा टूटा है, अतः त्रुटित अंश पर बिन्दु देकर उपलब्ध अंश दिया जा रहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विरताविरतगुणस्थानमें पाँचसौ छिहत्तर (५७६) भङ्ग होते हैं। दोनों विरत अर्थात् प्रमत्त और अप्रमत्तविरतमें भी उतने ही अर्थात् पाँच सौ छिहत्तर, पाँचसौ छिहत्तर भङ्ग जानना चाहिए ॥३७६॥

छण्णउदिं च वियप्पा अउव्वकरणस्स होंति णायव्वा ।
पंचेव सहस्साइं वेसदमसिदी य भंगा हु ॥३७७॥

९६।५२८०।

अपूर्वकरणमें छयानबै (९६) भङ्ग होते हैं। इस प्रकार आठों गुणस्थानोंके लेश्याकी अपेक्षा उदयस्थानके विकल्प पाँच हजार दो सौ अस्सी (५२८०) होते हैं ॥३७७॥

अणियट्टिय सत्तरसं पक्खिवियव्वा हवंति पुव्वुत्ता ।
तेहिं जुआ सव्वे वि य भंगवियप्पा हवंति णायव्वा ॥३७८॥

इन उपर्युक्त भङ्गोंमें अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायके पूर्वोक्त सत्तरह भङ्ग और प्रक्षेप करना चाहिए। इस प्रकार इनसे युक्त होने पर जो आठों गुणस्थानोंके उदयविकल्प हैं, वे सर्व मिलकर लेश्याकी अपेक्षा मोहके उदयविकल्प हो जाते हैं ॥३७८॥

अणियट्टि-सुहुमाणं उदया १७। सुक्कलेसगुणा १७। सव्वे वि मेलिया—

अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायके उदय-विकल्प १७ होते हैं। उन्हें एक शुक्ल-लेश्यासे गुणा करने पर १७ भङ्ग हो जाते हैं। वे उपर्युक्त सर्व भंग कितने होते हैं, इसे भाष्य-कार स्वयं बतलाते हैं—

[1]बावण्णं चेव सया सत्ताणउदी य होंति बोहव्वा ।
उदयवियप्पे जाणसु लेसं पडि मोहणीयस्स ॥३७९॥

५२९७।

मोहनीयकर्मके लेश्याओंकी अपेक्षा सर्व उदयविकल्प बावन सौ सत्तानबै (५२९७) होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥३७९॥

इन उदयस्थानोंके भङ्गोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

गुणस्थान	लेश्या	उदयस्थान	गुणकार	भङ्ग
मिथ्यात्व	६	८	२४	११५२
सासादन	६	४	२४	५७६
मिश्र	६	४	२४	५७६
अविरत	६	८	२४	११५२
देशविरत	३	८	२४	५७६
प्रमत्तविरत	३	८	२४	५७६
अप्रमत्तविरत	३	८	२४	५७६
अपूर्वकरण	१	४	२४	९६
अनिवृत्तिकरण	१		१२	१२
			४	४
सूक्ष्मसाम्पराय	१		१	१
			सर्व भङ्ग—	५२९७

1. सं० पञ्चसं० ५, ३८५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब लेश्याओंकी अपेक्षा मोहनीयके पदवृन्द बतलाते हैं—

[1]मिच्छादिट्ठिप्पहुदिं जाव अपुव्वंतलेसकप्पा दु ।
पयडिट्ठाणेहिं हया चउवीसगुणा य होंति पदबंधा ॥३८०॥

मिथ्यादृष्टि गुणस्थानसे लेकर अपूर्वकरण गुणस्थान तक जो लेश्याके विकल्प बतलाये गये हैं उन्हें पहले उस उस गुणस्थानके उदयस्थानोंकी प्रकृतियोंसे गुणा करे। पीछे चौबीससे गुणा करने पर विवक्षित गुणस्थानके पदवृन्द प्राप्त हो जाते हैं ॥३८०॥

अट्ठसु गुणठाणेसु पुव्वुत्ता उदयपयडीओ ६८।३२।३२।६०।५२।४४।४४।२०। सग-सगलेसगुणा ४०८।१६२।१६२।३६०।१५६।१३२।१३२।२०। चउवीस-भंग-गुणा—

आदिके आठों गुणस्थानोंमें पूर्वमें बतलाई गई उदयप्रकृतियाँ क्रमशः ६८, ३२, ३२, ६०, ५२, ४४, ४४ और २० होती हैं। इन्हें अपने अपने गुणस्थानकी लेश्या-संख्यासे गुणा करनेपर ४०८, १६२, १६२, ३६०, १५६, १३२, १३२ और २० संख्या प्राप्त होती हैं। उस संख्याको चौबीस भंगोंसे गुणा करनेपर प्रत्येक गुणस्थानके उदयपदवृन्दोंका प्रमाण प्राप्त हो जाता है।

अब भाष्यगाथाकार स्वयं प्रत्येक गुणस्थानके पदवृन्दोंको कहते हैं—

मिच्छादिट्ठी-भंगा सत्तसया णवसहस्स बाणउदी ।
सासणसम्मे जाणसु छायालसदा य अट्ठधिया ॥३८१॥

९७९२।४६०८।

मिथ्यादृष्टिगुणस्थानके सर्व भंग नौ हजार सात सौ बानबै (९७९२) होते हैं। सासादन-सम्यक्त्वमें आठ अधिक छयालीस सौ अर्थात् चार हजार छह सौ आठ (४६०८) भंग होते हैं ॥३८१॥

सम्मामिच्छे जाणसु तावदिया चेव होंति भंगा हु ।
अट्ठेव सहस्साइं छस्सय चाला अविरदे य ॥३८२॥

४६०८।८६४० ।

सम्यग्मिथ्यात्वगुणस्थानमें भी इतने ही अर्थात् चार हजार छह सौ आठ (४६०८) जानना चाहिए। अविरतसम्यक्त्वमें आठ हजार छह सौ चालीस (८६४०) भंग होते हैं ॥३८२॥

विरयाविरए जाणसु चोद्दाला सत्तसय तिय सहस्सा ।
विरदे य होंति णेया एक्कत्तीस सय अडसट्ठी ॥३८३॥

३७४४।३१६८।

विरताविरतमें तीन हजार सात सौ चवालीस (३७४४) भंग होते हैं। प्रमत्तविरतमें इकतीससौ अडसठ अर्थात् तीन हजार एक सौ अडसठ (३१६८) भंग होते हैं ॥३८३॥

अथ अप्पमत्तविरदे तावदिया चेव होंति णायव्वा ।
जाणसु अपुव्वविरदे चउसदमसिदी य भंगा हु ॥३८४॥

३१६८।४८०। सव्वे मेलिया ३८२०८।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, गुणाष्टके पदबन्धे' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २१०-२११)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्रमत्तविरतमें भी इतने ही भंग होते हैं अर्थात् तीन हजार एक सौ अड़सठ (३१६८) भंग जानना चाहिए। अपूर्वकरणमें चार सौ अस्सी (४८०) भंग होते हैं ॥३८४॥

इस प्रकार आठों गुणस्थानोंके सर्वपदवृन्द मिलकर ३८२०८ होते हैं।

ऊणत्तीसं भंगा अणियट्टी-सुहुमगाण बोहव्वा।
सव्वे वि मेलिदेसु य सव्ववियप्पा वि एत्तिया होंति ॥३८५॥

अणियट्टि-सुहुमाणं उदयपयडीओ २६।

अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायके उनतीस भंग जानना चाहिए। इन सर्वभंगोंके मिला देनेपर जो सर्वविकल्पोंका प्रमाण होता है। वह इतना (वक्ष्यमाण) है ॥३८५॥

अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायकी उदयप्रकृतियाँ २६ होती हैं।

[1]अट्ठत्तीससहस्सा बे चेव सया हवंति सगतीसा।
पदसंखा णायव्वा लेसं पडि मोहणीयस्स[1] ॥३८६॥

३८२३७।

....[अष्टात्रिंशत्सहस्र] द्विशतससप्तत्रिंशत्प्रमिता पदसंख्या मोहोदयप्रकृतिविकल्पाः प्रागुक्तलेश्यामाश्रित्य.....[ज्ञा]तव्याः ॥३८६॥

गुण०	स्थान०	प्रकृ०	लेश्या	स्था०	गुण०	भंगाः	भंगविक०	
मि०	८	६८	६	४८	२४	११५२	६७६२	४०८
सा०	४	३२	६	२४	२४	५७६	४६०८	१६१
मि०	४	३२	६	२४	२४	५७६	४६०८	१६२
अवि०	८	६०	६	४८	२४	११५२	८६४०	३६०
दे०	८	५२	३	२४	२४	५७६	३७४४	१५६
प्रम०	८	४४	३	२४	२४	५७६	३१६८	१३२
अप्र०	८	४४	३	२४	२४	५७६	३१६८	१३२
अपू०	४	२०	१	४	२४	९६	४८०	२
अनि०	४	२	१	१	१२	१२	४४	१
		१		१	४	४	४	
सूक्ष्म०	१	१	१	१	१	१	१	१
							३८२३७	

मोहनीयकर्मके लेश्याकी अपेक्षा सर्व पदवृन्दोंकी संख्या अड़तीस हजार दो सौ सैंतीस (३८२३७) होती है, ऐसा जानना चाहिए ॥३८६॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३८६।

१. गो० क० गा० ५०५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लेश्याओंकी अपेक्षा पदवृन्दोंके भंगोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

गुणस्थान	लेश्या	उदयपद	गुणकार	भंग
मिथ्यात्व	६	६८	२४	९७९२
सासादन	६	३२	२४	४६०८
मिश्र	६	३२	२४	४६०८
अविरत	६	६०	२४	८६४०
देशविरत	३	५२	२४	३७४४
प्रमत्तविरत	३	४४	२४	३१६८
अप्रमत्तविरत	३	४४	२४	३१६८
अपूर्वकरण	१	२०	२४	४८०
अनिवृत्तिकरण	१	२	१२	२४
		१	४	४
सूक्ष्मसाम्पराय	१	१	१	१

सर्व पदवृन्दभङ्ग—३८२३७

[1]मिच्छादिसु उदया ८।४।४।८।८।८।८।४ एदे तिवेदगुणा २४।१२।१२।२४।२४।२४।२४।१२। चउवीस-भंग-गुणा ५७६।२८८।२८८।५७६।५७६।५७६।५७६।२८८। सव्वे वि मेलिया ३७४४। अणियट्टिम्मि संजलणा तिवेदगुणा १२। दो वि मेलिया—

अथ वेदानाश्रित्य मोहोदयस्थान-तत्प्रकृतिविकल्पान् दर्शयति—मो·····गुणस्थानाष्टके याश्चतुर्विंशतिसंगुणाः १ मिथ्यादृष्ट्यादिष्वष्टसु उदयाः स्थानविक[ल्पाः]·····[मिथ्या० ८। सासा० ४। मिश्र० ४। अवि० ८। देश० ८। प्रम० ८। अप्र० ८। अपू० ४। एते त्रिभिर्वेदै ३ गुणिताः मि० २४। मि० २४। सा० १२। मि० १२ अ० २४। देश० २४। प्रम० २४। अ [प्र० २४। अपू० १२। एते चतुर्विंशतिभङ्गैर्गुणि] ताः मि० ५७६। सा० २८८। मि० २८८। अ० ५७६। दे० ५७६। प्र० ५७६। अप्र० ५७६। अपू० २८८। स [र्वेऽपि मेलिताः ३७४४। अनिवृत्तिकरणे सं] ज्वलनाश्चत्वारः ४ त्रिवेदगुणिता द्वादश १२। उभये मेलिताः तदाह—

अब आगे वेदकी अपेक्षा मोहकर्मके उदय-विकल्पोंका निरूपण करते हैं—

मिथ्यात्व आदि आठ गुणस्थानोंमें उदयस्थान क्रमशः ८, ४, ४, ८, ८, ८, ८ और ४ होते हैं। इन्हें तीनों वेदोंसे गुणा करने पर क्रमशः २४, १२, १२, २४, २४, २४, २४ और १२ संख्या प्राप्त होती है। इन संख्याओंको चौबीस भङ्गोंसे गुणा करने पर क्रमशः ५७६, २८८, २८८, ५७६, ५७६, ५७६, ५७६ और २८८ भंग होते हैं। ये सर्व भङ्ग मिलकर ३७४४ हो जाते हैं। अनिवृत्तिकरणमें संज्वलनकषायोंको तीनों वेदोंसे गुणा करने पर १२ भङ्ग होते हैं। ये दोनों राशियाँ मिल कर ३७५६ भङ्ग हो जाते हैं।

अब भाष्यकार इसी अर्थको गाथाके द्वारा प्रकट करते हैं—

[2]तिण्णेव सहस्साइं सत्तेव सया हवंति छप्पण्णा।
उदयवियप्पे जाणसु वेदं पडि मोहणीयस्स ॥३८७॥

३७५६।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३८७। तथा 'मिथ्यादृष्ट्यादिष्वष्टसूदयाः' इत्यादिगद्यभागः (पृ० २११)।
2. ५, ३८८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

['तिण्णेवसहस्साइं' इत्यादि । वेदान् प्रत्याश्रित्य मोहोदयस्थानविकल्पाः.....[त्रीणि सहस्राणि सप्तश-]तानि षट्पञ्चाशत् ३७५६ भवन्तीति मन्यस्व ॥३८७॥

वेदकी अपेक्षा मोहनीयकर्मके उदयविकल्प तीन हजार सात सौ छप्पन (३७५६) होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥३८७॥

उक्त भङ्गोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

गुणस्थान	उदयपद	वेद	गुणकार	सर्वभङ्ग
मिथ्यात्व	८	३	२४	५७६
सासादन	४	३	२४	२८८
मिश्र	४	३	२४	२८८
अविरत	८	३	२४	५७६
देशविरत	८	३	२४	५७६
प्रमत्तविरत	८	३	२४	५७६
अप्रमत्तविरत	८	३	२४	५७६
अपूर्वकरण	८	३	२४	२८८
अनिवृत्तिकरण	४	३		१२
			सर्व उदयविकल्प	३७५६

अब वेदकी अपेक्षा मोहनीयकर्मकी पदवृन्द-संख्याको बतलाते हैं—

[1]मिच्छादिसु उदयपयडीओ ६८।३२।३२।६०।५२।४४।४४।२० । एए तिवेदगुणा २०४।९६।९६। १८०।१५६।१३२।१३२।६०। एए चउवीसगुणा ४८९६।२३०४।२३०४।४३२०।३७४४।३१६८।३१६८। १४४० । सव्वे वि मेलिया २५३४४ । अणियट्टीए संजलणा दो उदयगुणा तिवेदगुणा य ४।८।२४ दो वि मेलिया—

पाकप्रकृतयः सर्वा वेदत्रयहता.....ताः १ मिथ्यादृष्ट्यादिषु अष्टसु उदयप्रकृतयः मि० ६८ । सा० ३२ । मि० ३२ । अवि० ६० दे० ५२ [प्रम० ४४ । अप्र० ४४ । अपू० २० । एते त्रिवेदगुणिताः मि० २०४ । सा०] ९६ । मि० ९६ । अवि० १८० । दे० १५६ । प्रम० १३२ । अप्र० १३२ । अपू० ६० । एते चतुर्विंशत्या २४ गुणिता [मि० ४८९६ । सा० २३०४ । मि० २३०४ । अवि० ४३२० । देश०] ३७४४ । प्रम० ३१६८ । अप्र० ३१६८ । अपू० १४४० । सर्वेऽपि मीलिताः २५३४४ । अनिवृत्तिकरणे [चत्वारः संज्वलनाः उदयद्विकेन] गुणिताः ८ त्रिभिर्वेदैर्गुणिताः २४ । उभये मीलिताः तदाह—

मिथ्यात्व आदि आठ गुणस्थानोंमें उदयप्रकृतियाँ क्रमशः ६८, ३२, ३२, ६०, ५२, ४४, ४४ और २० होती हैं । इन्हें तीनों वेदोंसे गुणा करने पर २०४, ९६, ९६, १८०, १५६, १३२, १३२ और ६० संख्या प्राप्त होती हैं । उसे चौबीससे गुणा करने पर क्रमशः ४८९६, २३०४, २३०४, ४३२०,३७४४,३१६८,३१६८ और १४४० भङ्ग प्राप्त होते हैं । ये सब मिलकर २५३४४ हो जाते हैं । अनिवृत्तिकरणमें चारों संज्वलनोंको दो उदयप्रकृतियोंसे गुणा करके पुनः तीनों वेदोंसे गुणा करने पर (४×२×३=) २४ भंग प्राप्त होते हैं । दोनों राशियोंके मिला देने पर सर्व भङ्ग २५३६८ हो जाते हैं ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३८९ । तथा तदधस्तनगद्यभागः । (पृ० २११) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब भाष्यकार इसी अर्थको गाथाके द्वारा प्रकट करते हैं—

[1]पणुवीससहस्साइं तिण्णेव सया हवंति अडसट्ठी ।
पयसंखा णायव्वा वेदं पडि मोहणीयस्स ॥३८८॥

२५३६८ ।

['पणवीससहस्साइं' इत्यादि ।] वेदानाश्रित्य मोहनीयस्य पदबन्धसंख्या मोहोदयप्रकृतिप्रमाणं··· [पञ्चविंशतिसहस्राणि त्रीणि शतानि] अष्टषष्टिश्च २५३६८ मोहोदयप्रकृति-विकल्पा भवन्ति ॥३८८॥

वेदकी अपेक्षा मोहनीयकर्मके पदवृन्दोंकी संख्या पच्चीस हजार तीन सौ अडसठ होती है, ऐसा जानना चाहिए ॥३८८॥

इन पदवृन्दोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

गुणस्थान	उदयपद	वेद	गुणकार	सर्वभङ्ग
मिथ्यात्व	६८	३	२४	४८९६
सासादन	३२	३	२४	२३०४
मिश्र	३२	३	२४	२३०४
अविरत	६०	३	२४	४३२०
देशविरत	५२	३	२४	३७४४
प्रमत्तविरत	४४	३	२४	३१६८
अप्रमत्तविरत	४४	३	२४	३१६८
अपूर्वकरण	२०	३	२४	१४४०
अनिवृत्तिकरण	४	३	२	२४

सर्व पदवृन्द-संख्या—२५३६८

अब संयमकी अपेक्षा मोहकर्मके उदय-विकल्पोंका निरूपण करते हैं—

[2]पमत्तापमत्ताणं उदया ८।८। तिसंजमगुणा २४।२४। अपुव्वे उदया ४ । दुसंजमगुणा ८ । एए चउवीसगुणा ५७६।५७६।१९२। सव्वे वि मेलिया १३४४ । अणियट्टीए उदया १६ । दुसंजमगुणा ३२ । सुहुमे उदओ १ । एओ संजमगुणो १ सव्वे वि मेलिया—

अथ संयममाश्रित्य मोहो[दय····वि]कल्पाः ८।८ । सामायिक-च्छेदोपस्थापना-परिहारविशुद्धि-संयमैस्त्रिभिर्गुणिताः प्र० २४ । [अप्र० २४·····अपूर्वे उदयविकल्पाः ४] सामायिकच्छेदोपस्थापना-संयमाभ्यां द्वाभ्यां गुणिताः ८ । एते चतुर्विंशत्या २४ गुणिताः ····· [प्रमत्ते ५७६] अप्रमत्ते ५७६ । अपूर्वे १९२ । सर्वेऽपि मीलिताः १३४४ । अनिवृत्तिकरणे उदयाः १६ । ·····सामायिकच्छेदोपस्थापना-भ्यां गुणिताः ३२ । सूक्ष्मे उदयः १ एकसूक्ष्मसाम्परायेण·····[गुणितः] १ सर्वेऽपि मीलिताः तदाह—

संयमकी प्राप्ति छठे गुणस्थानसे होती है । प्रमत्त और अप्रमत्त संयतके उदयस्थान ८, ८ हैं । उन्हें तीन संयमोंसे गुणा करने पर २४, २४ भंग होते हैं। अपूर्वकरणमें उदयस्थान ४ हैं । उन्हें दो संयमोंसे गुणा करने पर ८ भङ्ग आते हैं । इन सबको चौबीससे गुणा करने पर ५७६, ५७६ और १९२ भङ्ग हो जाते हैं । वे तीनों मिलकर १३४४ भङ्ग होते हैं । अनिवृत्तिकरणमें उदयविकल्प १६ हैं, उन्हें दो संयमोंसे गुणा करने पर ३२ भङ्ग प्राप्त होते हैं । सूक्ष्मसाम्परायमें उदयप्रकृति १ है उसे एक संयमसे गुणा करने पर १ भङ्ग रहता है । ये सर्व भङ्ग मिल करके १३७७ उदयविकल्प हो जाते हैं ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३९०-३९१ । 2. ५, ३९२ । तथा तदधस्तनगद्यभागः (पृ० २१२) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब भाष्यकार इन्हीं भंगोंको गाथाके द्वारा प्रकट करते हैं—

[1]तेरस सयाणि सयरिं सत्तेव तहा हवंति णेया दु ।
उदयवियप्पे जाणसु संजमलंभेण मोहस्स ॥३८६॥

१३७७।

['तेरस सयाणि सयरिं' इत्यादि ।] संयमालम्बनेन मोहनीयस्य उदयस्थानविक-[ल्पाः..... जानी]हि । किं तत् ? त्रयोदश शतानि सप्तसप्तत्यग्राणि १३७७ मिलित्वा भवन्तीति जानीहि ॥३८६॥

संयमकी प्राप्तिकी अपेक्षा मोहनीय कर्मके उदयविकल्प तेरह सौ सतहत्तर (१३७७) होते हैं ऐसा जानना चाहिए ॥३८६॥

संयमकी अपेक्षा उदयविकल्पोंकी संदृष्टि—

गुणस्थान	उदयविकल्प	संयम	गुणकार	सर्वभंग
प्रमत्तसंयत	८	३	२४	५७६
अप्रमत्तसंयत	८	३	२४	५७६
अपूर्वकरण	४	२	२४	१६२
अनिवृत्तिकरण		२	१६	३२
सूक्ष्मसाम्पराय		१	१	१

सर्व उदय-विकल्प—१३७७

अब संयमकी अपेक्षा मोहनीयकर्मके पदवृन्दोंकी संख्या बतलाते हैं—

[2]पमत्तापमत्ताणं उदयपयडीओ ४४।४४। तिसंजमगुणा १३२।१३२ । अपुव्वे उदयपयडीओ २० । दो संजमगुणा ४० । एए चउवीसभंगगुणा ३१६८।३१६८।६६० सव्वे वि मेलिया ७२६६ । अणियट्टीए बारहभंगा दुपयडिगुणा २४ । एकोदया ४ । मेलिया २८ । दो वि दुसंजमगुणा ५६ । सुहुमे एगोदओ १ एयसंजमगुणो १ । सव्वे वि मेलिया—

.....पदबन्धाः प्रमत्ताप्रमत्तयोरुदयप्रकृतयः प्रम० ४४ । अप्र० ४४ । संयमत्रयगुणाः प्रम० १३२ [अप्र० १३२.....अ] पूर्वे उदयप्रकृतयः २० द्विसंयमगुणाः ४० । ते चतुर्विंशतिभङ्गैर्गुणाः प्रम० ३१६८ । अप्र० ३१६८ । [.....अपूर्वे ६] ६० । सर्वेऽपि मीलिताः ७२६६ । अनिवृत्तिकरणे सवेदभागे द्वे प्रकृती २ द्वादशभंगैर्गुणिताः.....[२४ । अवे ।] दभागे एकोदयप्रकृतिः १ चतुर्भिः ४ संज्वलनैर्गुणिता मिलिता २८ । सामायिकच्छेदो [पस्थापनासंयमाभ्यां द्वा] भ्यां गुणिताः ५६ । सूक्ष्मे एकोदयः सूक्ष्मलोभः १ एकेन सूक्ष्मसाम्परायसंयमेन गुणितः १ .....[सर्वेऽपि मी]लिताः किमिति ?

प्रमत्तविरत और अप्रमत्तविरतमें उदयप्रकृतियाँ ४४, ४४ हैं । इन्हें तीन संयमोंसे गुणा करने पर १३२, १३२ भंग प्राप्त होते हैं । अपूर्वकरणमें उदयप्रकृतियाँ २० हैं, उन्हें दो संयमोंसे गुणा करने पर ४० भङ्ग होते हैं । इन सर्व भंगोंको चौबीस भंगोंसे गुणा करने पर ३१६८ ३१६८ और ६६० भंग हो जाते हैं । ये सर्व मिलकर ७२६६ भंग होते हैं । अनिवृत्तिकरणमें बारह भंगोंको दो प्रकृतियोंसे गुणा करने पर २४ भंग होते हैं । तथा एक प्रकृतिके उदयवाले ४ भंग उनमें मिला देने पर २८ भंग हो जाते हैं । उन्हें दोनों संयमोंसे गुणा करने पर ५६ भंग हो जाते हैं । सूक्ष्मसाम्परायमें एक प्रकृतिका उदय होता है और संयम भी एक ही होता है, अतः एक

1. सं० पञ्चसं० ५, ३६३-३६४ । 2. ५, ३६५ । तथा तदधस्तनगद्यांशः (पृ० २२२) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को एकसे गुणित करने पर भंग एक ही रहता है। इस प्रकार ये उपर्युक्त सर्व भङ्ग मिलकर ७३५३ हो जाते हैं।

अब भाष्यकार इन्हीं भंगोंको गाथाके द्वारा उपसंहार करते हैं—

[1]सत्तेव सहस्साइं तिण्णेव सया हवंति तेवण्णा।
पयसंखा णायव्वा संजमलंभेण मोहस्स ॥३६०॥

७३५३।

['सत्तेव सहस्साइं' इत्यादि।] संयमावलम्बनेन मोहनीयस्योदयप्रकृतयः सप्त सहस्राणि त्रीणि श[तानि] त्रिपञ्चाशत् ७३५३ पदबन्धसंख्या भवन्तीति ज्ञातव्याः ॥३६०॥

संयमकी प्राप्तिकी अपेक्षा मोहनीयकर्मके पदवृन्दोंकी संख्या सात हजार तीन सौ तिरेपन (७३५३) होती है, ऐसा जानना चाहिए ॥३६०॥

इन पदवृन्दोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

गुणस्थान	उदयपद	संयम	भङ्ग	गुणकार	सर्वभंग
प्रमत्तविरत	४४	३	१३२	२४	३१६८
अप्रमत्तविरत	४४	३	१३२	२४	३१६८
अपूर्वकरण	२०	२	४०	२४	९६०
अनिवृत्तिकरण	२	२	४	१२	४८
	१	२		४	८
सूक्ष्मसाम्पराय		१		१	१
				सर्व-पदवृन्द—७३५३	

अब सम्यक्त्वकी अपेक्षा मोहकर्मके उदय-विकल्पोंका निरूपण करते हैं—

[2]असंजदादिसु उदया ८।८।८।८। तिसम्मत्तगुणा २४।२४।२४।२४। अपुव्वे उदया ४ दुसम्मत्तगुणा ८ एए सव्वे वि चउवीसभंगगुणा ५७६।५७६।५७६।५७६।१९२। सव्वे वि मेलिया २४९६। अणियट्टि-सुहुमाणं उदया १७ दुसम्मत्तगुणा ३४ दो वि मेलिया—

अथ सम्यक्त्वमाश्रित्य मोहोद[यप्रकृतिभङ्गा]न् दर्शयति—असंयतादिगुणस्थानचतुष्टये उदयस्थान-विकल्पाः अविरते ८। दे० ८। प्र० ८ अप्र० ८। उपशम-वेदक-क्षायिकसम्यक्त्वत्रयेण गुणिताः अवि० २४। दे० २४। प्रम० २४। अप्र० २४। अपूर्वकरणे उदयस्थानानि ४ उपशम-क्षायिकाभ्यां २ द्वाभ्यां सम्यक्त्वाभ्यां गुणितानि ८। एते उदयस्थानविकल्पाः सर्वेऽपि चतुर्विंशत्या २४ भंगैर्गुणितानि असंयमे ५७६। दे० ५७६। प्र० ५७६। अप्र० ५७६। अपूर्वे १९२। सर्वेऽपि मीलिताः ३४९६। अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराययोरुदयस्थानविकल्पाः सप्तदश १७। उपशम-क्षायिकसम्यक्त्वाभ्यां द्वाभ्यां २ गुणिताः३४। उभये मीलिताः—

असंयत आदि चार गुणस्थानोंमें मोहकर्मके उदयस्थान ८, ८, ८, ८ होते हैं। उन्हें तीनों सम्यक्त्वोंसे गुणा करने पर २४, २४, २४, २४ भङ्ग, होते हैं। अपूर्वकरणमें उदयस्थान ४ हैं। उन्हें दो सम्यक्त्वसे गुणा करने पर ८ भङ्ग होते हैं। इन सबको चौबीस भंगोंसे गुणा करने पर ५७६, ५७६, ५७६, ५७६, १९२ भंग होते हैं। ये सर्व मिलकर २४९६ हो जाते हैं। अनिवृत्ति-करण और सूक्ष्मसाम्परायमें उदयप्रकृतियाँ १७ हैं। उन्हें दो सम्यक्त्वोंसे गुणा करने पर ३४ भंग प्राप्त होते हैं। इन दोनों राशियोंको मिला देने पर २५३० उदयविकल्प हो जाते हैं।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ३९६, तदधस्तनगद्यांशः (पृ० २१२) ३९७ श्लोकश्च। 2. ५, ३९८–३९९। तथा 'असंयतादिगुणचतुष्टये' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २१३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब भाष्यकार इसी अर्थको गाथाके द्वारा प्रकट करते हैं—

[1]दो चेव सहस्साइं पंचेव सया हवंति तीसहिया ।
उदयवियप्पे जाणसु सम्मत्तगुणेण मोहस्स ॥३६१॥

२५३० ।

['दो चेव सहस्साइं' इत्यादि ।] सम्यक्त्वगुणेन सह मोहनीयस्य उदयविकल्पान् स्थानविकल्पान् त्वं जानीहि—द्वे सहस्रे पञ्च शतानि त्रिंशच्च २५३० इत्युदयविकल्पा भवन्तीति जानीहि । गोमट्टसारे प्रकारान्तरेण स्थानविकल्पा दृश्यन्ते तत्तत्रावलोकनीयाः ॥३६१॥

सम्यक्त्वगुणकी अपेक्षा मोहनीयकर्मके उदय-विकल्प दो हजार पाँच सौ तीस (२५३०) होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥३६१॥

इन उदयविकल्पोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

गुण०	उदयस्थान	सम्यक्त्व	गुण०	भङ्ग
अविरत	८	३	२४	५७६
देशविरत	८	३	२४	५७६
प्रमत्तविरत	८	३	२४	५७६
अप्रमत्तविरत	८	४	२४	५७६
अपूर्वकरण	४	२	२४	१६२
अनिवृत्तिकरण		२	१६	३२
सूक्ष्मसाम्पराय		२	१	२
			सर्व उदयविकल्प	२५३०

अब सम्यक्त्वकी अपेक्षा मोहकर्मके पदवृन्दोंकी संख्या कहते हैं—

[2] अविरयादिसु उदयपयडीओ ६०।५२।४४।४४। तिसम्मत्तगुणा १८०।१५६।१३२।१३२ । अपुव्वे उदयपयडीओ २० दुसम्मत्तगुणा ४० । एए चउवीसभंगगुणा ४३२०।३७४४।३१६८।३१६८।६६० । सव्वे वि मेलिया १५३६० अणियट्टि-सुहुमाणं उदयपयडीओ २६ दुसम्मत्तगुणा ५८ दोवि मेलिया—

अथासंयतादिषु उदयप्रकृतयः अविरते ६० । दे० ५२ । प्रम० ४४ । अप्र० ४४ सम्यक्त्वत्रयेण गुणिताः असंयते १८० । दे० १५६ । प्रम० १३२ । अप्र० १३२ । अपूर्वोदयप्रकृतयः २० उपशम-क्षायिकसम्यक्त्वाभ्यां द्वाभ्यां २ गुणिताः ४० । एताः पुनरपि चतुर्विंशतिभङ्गगुणिताः असंयते ४३२० । दे० ३७४४ । प्रम० ३१६८ । अपूर्वे ६६० । सर्वेऽपि उदयविकल्पा मीलिताः १५३६० । अनिवृत्तिकरणे सवेदभागे द्वे प्रकृती २ द्वादशभङ्गगुणिताः २४ । अवेदभागे प्रकृतिरेका १ चतुःसंज्वलनैर्गुणिताः ४ । सूक्ष्मे सूक्ष्मलोभप्रकृतिरेका एकेन गुणिता तदेकः १ एव । एवं अनिवृत्ति-सूक्ष्मयोरुदयप्रकृतयः २६ उपशम-क्षायिकसम्यक्त्वद्वयेन गुणिताः ५८ । उभये मीलिताः तदाह—

अविरत आदि चार गुणस्थानोंमें उदयप्रकृतियाँ क्रमसे ६०, ५२, ४४, ४४ हैं । उन्हें तीनों सम्यक्त्वोंसे गुणा करनेपर १८०, १५६, १३२, १३२ भङ्ग प्राप्त होते हैं । अपूर्वकरणमें उदयप्रकृतियाँ २० हैं । उन्हें दो सम्यक्त्वोंसे गुणा करनेपर ४० भङ्ग होते हैं । इन सबको चौबीस भङ्गोंसे गुणा करनेपर ४३२०, ३७४४, ३१६८, ३१६८, ६६० भङ्ग होते हैं । ये सर्व भङ्ग मिलकर १५३६० भङ्ग हो जाते हैं । अनिवृत्तिकरण सूक्ष्मसाम्परायकी उदयप्रकृतियाँ २६ हैं, उन्हें दो

1. सं० पञ्चसं० ५, ४०० । 2. ५, ४०१ । तथा तदधस्तनगद्यभागः । (पृ० २१३) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्यक्त्वोंसे गुणा करनेपर ५८ भङ्ग आते हैं। ये दोनों राशियाँ मिलकर १५४१८ पदवृन्दोंका प्रमाण हो जाता है।

अब भाष्यकार इसी अर्थको गाथाके द्वारा उपसंहार करते हैं—

[1]पण्णरस सहस्साइं चत्तारि सया हवंति अट्ठरसा।
पयसंखा णायव्वा सम्मत्तगुणेण मोहस्स ॥३९२॥

१५४१८।

एवं मोहणीए उदयट्ठाणपरूवणा समत्ता।

['पण्णरस सहस्साइं' इत्यादि।] सम्यक्त्वगुणेन सह मोहनीयोदयप्रकृतिपरिमाणं पञ्च[दश]-सहस्राष्टादशाधिकचतुःशतप्रमिताः १५४१८ पदबन्धसंख्या भवन्ति ज्ञातव्याः। एते गोम्मट्टसारे प्रकारान्तरेण दृश्यन्ते। अत्र प्रकरणे यथा गुणस्थानेषु योगोपयोगलेश्या-वेद-संयम-सम्यक्त्वान्याश्रित्य मोहनीयोदय-स्थानतत्प्रकृतय उक्तास्तथा जीवसमासेषु गत्यादिविशेषमार्गणासु चागमानुसारेण वक्तव्याः ॥३९२॥

इति मोहनीयस्योदयस्थान-तत्प्रकृत्युदयविकल्पप्ररूपणा समाप्ता।

मोहनीयकर्मके सम्यक्त्वगुणकी अपेक्षा पदवृन्दकी संख्या पन्द्रह हजार चार सौ अट्ठारह (१५४१८) होती है, ऐसा जानना चाहिए ॥३९२॥

इन पदवृन्दोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

गुण०	उदयपद	सम्यक्त्व	गुण०	भङ्ग
अविरत	६०	३	२४	४३२०
देशविरत	५२	३	२४	३७४४
प्रमत्तविरत	४४	३	२४	३१६८
अप्रमत्तविरत	४४	३	२४	३१६८
अपूर्वकरण	२०	२	२४	९६०
अनिवृत्तिकरण	१२	२	१२	४८
	१	२	४	८
सूक्ष्मसाम्पराय	१	२	१	२
			सर्व उदयपदवृन्द	१५४१८

इस प्रकार मोहनीयकर्मके उदयस्थानोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

अब मूलसप्ततिकाकार गुणस्थानोंमें मोहकर्मके सत्त्वस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०४३] [2]तिण्णेगे एगेगं दो मिस्से पंच-चदु णियट्टीए तिण्णि।
दस बादरम्हि सुहुमे चत्तारि य तिण्णि उवसंते[1] ॥३९३॥

अथ गुणस्थानेषु मोहनीयसत्त्वप्रकृतीर्यथासम्भवं गाथाषट्केन कथयति—['तिण्णेगे एगेगं' इत्यादि।] मोहनीयसत्त्वप्रकृतिस्थानानि मिथ्यादृष्टौ त्रीणि ३। सासादने एकं १। मिश्रे २। असंयतादिचतुषु प्रत्येकं पञ्च पञ्च ५।५।५।५। अपूर्वकरणे त्रीणि ३। अनिवृत्तिकरणे दश १०। स्थूललोभापेक्षयैकादश ११। सूक्ष्मसाम्पराये चत्वारि ४। उपशान्तकषाये त्रीणि ३ च भवन्ति ॥३९३॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४०२-४०३। 2. ५, ४०५।

१. सप्ततिका० ४८। परं तत्र तृतीयचरणे 'एक्कारं बायरम्मी' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोहकर्मके सत्त्वस्थान मिथ्यात्वमें तीन, सासादनमें एक, मिश्रमें दो अविरत आदि चार गुणस्थानोंमें पाँच-पाँच, अपूर्वकरणमें तीन, अनिवृत्तिबादरमें दश, सूक्ष्मसाम्परायमें चार और उपशान्तमोहमें तीन होते हैं ॥३६३॥

[1]मोहे संतट्ठाणसंखा मिच्छादिसु उवसंततेसु ३।१।२।५।५।५।३।१०।४।३।

मोहे सत्त्वस्थानसंख्या मिथ्यादृष्ट्याद्युपशान्तेषु ३।१।२।५।५।५।३।१०।४।३ । तथाहि—तानि कानि मोहसत्त्वस्थानानि ? पञ्चदश । २८।२७।२६।२४।२३।२२।२१।१३।१२।११।५।४।३।२।१ । अत्र त्रिदर्शनमोहं ३ पञ्चविंशतिचारित्रमोहं अष्टाविंशतिकम् २८। तत्र सम्यक्त्वप्रकृतावुद्वेल्लितायां सप्तविंशतिकम् २७ । पुनः सम्यग्मिथ्यात्वे उद्वेल्लिते षड्विंशतिकम् २६ । पुनः अष्टाविंशतिकेऽनन्तानुबन्धिचतुष्के विसंयोजिते क्षपिते वा चतुर्विंशतिकम् २४ । पुनर्मिथ्यात्वे क्षपिते त्रयोविंशतिकम् २३ । पुनः सम्यग्मिथ्यात्वे क्षपिते द्वाविंशतिकम् २२ । पुनः सम्यक्त्वे क्षपिते एकविंशतिकम् २१ । पुनः मध्यमकषायाष्टके क्षपिते त्रयोदशकम् १३ । पुनः षण्ढवेदे स्त्रीवेदे वा क्षपिते द्वादशकम् १२ । पुनः स्त्रीवेदे षण्ढवेदे वा क्षपिते एकादशकम् ११ । पुनः षण्णोकषाये क्षपिते पञ्चकम् ५ । पुनः पुंवेदे क्षपिते चतुष्कम् ४ । पुनः संज्वलनक्रोधे क्षपिते त्रिकम् ३ । पुनः संज्वलनमाने क्षपिते द्विकम् २ । पुनः संज्वलनमायायां क्षपितायामेककम् १ । पुनः बादरलोभे क्षपिते सूक्ष्मलोभरूपमेककम् १ । उभयत्र लोभसामान्येनैक्यम् ।

गुणस्थानेषु सत्त्वस्थानानि—

मि०	३	२८	२७	२६		
सा०	१	२८				
मि०	२	२८	२४			
अ०	५	२८	२४	२३	२२	२१
दे०	५	२८	२४	२३	२२	२१
प्र०	५	२८	२४	२३	२२	११
अप्र०	५	२८	२४	२३	२२	२१

उपशमश्रेणौ					क्षपकश्रेणौ							
२८	२४	२१	अपू०	३	२१							
२८	२४	२१	अनि०	११	२१	१३	१२	११	५	४	३	२	१
२८	२४	२१	सू०	४	१							
२८	२४	२१	उप०	३	१							

मिथ्यात्वसे लेकर उपशान्तमोह तकके गुणस्थानोंमें मोहनीयकर्मके सत्त्वस्थानोंकी संख्या इस प्रकार है—३, १, २, ५, ५, ५, ५, ३, १०, ४, ३ । इनका विशेष विवरण ऊपर सं० टीकामें दी हुई संदृष्टिमें किया गया है ।

अब भाष्यगाथाकार उक्त कथनका स्पष्टीकरण करते हैं—

[2]अट्ठ य सत्त य छक्क य वीसधिया होइ मिच्छदिट्ठिस्स ।
अट्ठावीसा सासण अट्ठ चउव्वीसया मिस्से ॥३६४॥

[3]मिच्छे २८।२७।२६। सासणे २८ । मिस्से २८।२४ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, 'क्रमादेकादशगुणेषु' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २१४)। 2. ५, ४०६ ।
3. ५, 'मिथ्यादृष्टौ' इत्यादिगद्यभागः (पृ० २१४) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथ गुणस्थानेषु तानि कानि मोहसत्त्वस्थानानीति चेदाह—['अट्ठ य सत्त य छक्क य' इत्यादि ।] मिथ्यादृष्टेरष्टाविंशतिकं २८ सप्तविंशतिकं २७ षड्विंशतिकं २६ च त्रीणि भवन्तीति ३ । सम्यक्त्व-मिश्र-प्रकृत्युद्वेल्लनायाश्चतुर्गतिजीवानां तत्र करणात् । सासादनेऽष्टाविंशतिकम् २८ । मिश्रे द्वेऽष्टाविंशतिकं चतुर्विंशतिकं च २८।२४ । विसंयोजितानन्तानुबन्धिनोऽपि सम्यग्मिथ्यात्वोदये तत्र गमनात् ॥३९४॥

मिथ्यात्वगुणस्थानमें मिथ्यादृष्टि जीवके अट्ठाईस, सत्ताईस और छब्बीसप्रकृतिक तीन सत्त्वस्थान होते हैं । सासादनमें अट्ठाईसप्रकृतिक एक सत्त्वस्थान होता है । मिश्रमें अट्ठाईस और चौबीसप्रकृतिक दो सत्त्वस्थान होते हैं ॥३९४॥

[1]असंजदमादिं किच्चा अप्पमत्तंत पंच ठाणाणि ।
अट्ठ य चदु तिय दुगेगाहियवीस मोहसंताणि ॥३९५॥

[2]अविरय-देसविरयप्पमत्तापमत्तेषु २८।२४।२३।२२।२१।

असंयतमादिं कृत्वाऽप्रमत्तान्तं असंयत-देशसंयत-प्रमत्ताप्रमत्तेषु प्रत्येकं मोहसत्त्वस्थानानि पञ्च—अष्टाविंशतिकं २८ चतुर्विंशतिकं २४ त्रयोविंशतिकं २३ द्वाविंशतिकं २२ एकविंशतिकं २१ चेति पञ्च मोहसत्त्वस्थानानि; विसंयोजितानन्तानुबन्धिनः क्षपितमिथ्यात्वादित्रयाणां च तेषु सम्भवात् ॥३९५॥

अविरतादिचतुषु २८।२४।२३।२२।२१ ।

मिथ्यात्वमें २८, २७, २६, सासादनमें २, मिश्रमें २८, २४ प्रकृतिक सत्त्वस्थान होते हैं ।

असंयतको आदि करके अप्रमत्त-पर्यन्त चार गुणस्थानोंमें अट्ठाईस, चौबीस, तेईस, बाईस और इक्कीसप्रकृतिक पाँच-पाँच सत्त्वस्थान होते हैं ॥३९५॥

अविरतगुणस्थामें २८, २४, २३, २२, २१ सत्त्वस्थान होते हैं ।
देशविरतगुणस्थानमें २८, २४, २३, २२, २१ सत्त्वस्थान होते हैं ।
प्रमत्तविरतगुणस्थानमें २८, २४, २३, २२, २१ सत्त्वस्थान होते हैं ।
अप्रमत्तविरतगुणस्थाममें २८, १४, २३, २२, २१ सत्त्वस्थान होते हैं ।

[3]अपुव्वम्मि संतट्ठाणा अट्ठ चउरेय अहिय वीसाणि ।
अणियट्टिबादरस्स य दस चेव य होंति ठाणाणि ॥३९६॥

अपुव्वे २८।२४।२१।

[4]अट्ठचउरेयवीसं तिय दुय एगधिय दस चेव ।
पण चउ तिग दो चेवाणियट्टिए होंति दस एदे ॥३९७॥

[5]अणियट्टिम्मि २८।२४।२१।१३।१२।११।५।४।३।२

अपूर्वकरणे अष्टाविंशतक-चतुर्विंशतिकैकविंशतिकानि त्रीणि मोहप्रकृतिसत्त्वस्थानानि २८।२४।२१ तथाहि—अपूर्वकरणस्योपशमश्रेण्यां एतानि त्रीणि स्थानानि २८।२४।२१ स्युः । विसंयोजितानन्तानुबन्धिनः क्षपितदर्शनमोहसप्तकस्य तत्सत्त्वस्य च तत्रारोहणात् । अपूर्वकरणस्य क्षपकश्रेण्यामेकविंशतिकम् २१ । अनिवृत्तिकरणस्य मोहप्रकृतिसत्त्वस्थानानि दश भवन्ति । तानि कानि ? अष्टाविंशतिकं २८ चतुर्विंशतिकं २४ एकविंशतिकं २१ त्रयोदशकं १३ द्वादशकं १२ एकादशकं ११ पञ्चकं ५ चतुष्कं ४ त्रिकं ३ द्विकं २ चेति मोहसत्त्वस्थानानि दशैतानि अनिवृत्तिकरणे भवन्ति । तथाहि—अनिवृत्तिकरणस्योपशम-

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४०७ । 2. ५, चतुर्थपञ्चम' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २१४) । 3. ५, ४०८ । 4. ५, ४०९ । 5. ५, 'अनिवृत्तेः शुभके' इत्यादिगद्यभागः (पृ० २१५) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रेण्यां २८।२४।२१ । विसंयोजितानन्तानुबन्धिनः क्षपितदर्शनमोहसप्तकस्य तत्सत्त्वस्य च तत्रारोहणात् अनिवृत्तिकरणस्य क्षपकश्रेण्यां २१ । मध्यमकषायाष्टके क्षपिते [त्रयोदशकम्] १३ । पुनः षण्ढे वा स्त्रीवेदे वा क्षपिते द्वादशकम् १२ । पुनः स्त्रीवेदे वा षण्ढे वा क्षपिते एकादशकम् ११ । पुनः षण्णोकषाये क्षपिते पञ्चकम् ५ । पुनः पुंवेदे क्षपिते चतुष्कम् ४ । पुनः संज्वलनक्रोधे क्षपिते त्रिकम् ३ । पुनः संज्वलनमाने क्षपिते द्विकम् २ । पुनः संज्वलनमायायां क्षपितायामेककम् १ । पुनः बादरलोभे क्षपिते एककम् १ ॥३६६–३६७॥

अपूर्वकरण गुणस्थानमें अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीसप्रकृतिक तीन सत्त्वस्थान होते हैं। अनिवृत्तिबादरसंयतके दश सत्त्वस्थान होते हैं ॥३६६॥

अपूर्वकरणमें २८, २४, २१ प्रकृतिक तीन सत्त्वस्थान होते हैं।

अनिवृत्तिबादरसंयतके अट्ठाईस, चौबीस, इक्कीस, तेरह, बारह, ग्यारह, पाँच, चार, तीन और दो प्रकृतिक दश सत्त्वस्थान होते हैं ॥३६७॥

अनिवृत्तिकरणमें २८, २४, २१, १३, १२, ११, ५, ४, ३, २ प्रकृतिक दश सत्त्वस्थान होते हैं।

[1]सुहुमम्मि होंति ठाणे अट्ठ चदुरेय वीसमधियमेयं च ।
उवसंतवीयराए अट्ठचदुरेयवीससंतट्ठाणाणि ॥३६८॥

[2]सुहुमे २८।२४।२१।१।उवसंते २८।२४।२१।

एवं मोहणीयस्स सत्तापरूवणा समत्ता ।

सूक्ष्मसाम्पराये अष्टाविंशतिक-चतुर्विंशतिकैकविंशतिकैककानि मोहसत्त्वस्थानानि चत्वारि भवन्ति २८।२४।२१।१ । तथाहि सूक्ष्मसाम्परायस्योपशमश्रेण्यां २८।२४।२१ । विसंयोजितानन्तानुबन्धिनः २४ । क्षपितदर्शनमोहसप्तकस्य २१ । तत्सत्त्वस्य च तत्रारोहणात् । सूक्ष्मसाम्परायस्य क्षपकश्रेण्यां एकं सूक्ष्मलोभरूपं सूक्ष्मकृष्टिरूपमनुदयगतमत्रोदये गतमिति ज्ञातव्यम् । उपशान्तवीतरागे उपशान्तकषाये अष्टाविंशतिकचतुर्विंशतिकैकविंशतिकानि त्रीणि मोहसत्त्वस्थानानि २८।२४।२१ । विसंयोजितानन्तानुबन्धिनः २४ क्षपितदर्शनमोहसप्तकस्य २१ तत्सत्त्वस्य तत्रारोहणात् ॥३६८॥

इति गुणस्थानेषु मोहसत्त्वस्थानप्ररूपणा समाप्ता ।

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें अट्ठाईस, चौबीस, इक्कीस और एक प्रकृतिक चार सत्त्वस्थान होते हैं। उपशान्तकषायवीतराग छद्मस्थके अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक तीन सत्त्वस्थान होते हैं ॥३६८॥

सूक्ष्मसाम्परायमें २८, २४, २१, १ प्रकृतिक चार तथा उपशान्तमोहमें २८, २४, २१ प्रकृतिक तीन सत्त्वस्थान होते हैं।

इस प्रकार मोहनीयकर्मके सत्त्वस्थानोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४१०। 2. 'सूक्ष्मस्य शमके' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २१५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अब मूलसप्ततिकाकार मिथ्यात्वसे आदि लेकर सूक्ष्मसाम्पराय तकके गुणस्थानोंमें अनुक्रमसे नामकर्मसम्बन्धी बन्ध, उदय और सत्त्वस्थानोंका निर्देश करते हैं—

मिच्छादि-सुहुमंतगुणठाणेसु अणुक्कमेण णामसंबंधिबंधादितयं वुच्चए—

[मूलगा०४४][1]छण्णव छत्तिय सत्तय एगदुयं तिय तियट्ठ चदुं।
दुअ दुअ चउ दुय पण चउ चदुरेग चदुपणगेग चदुं[1] ॥३९९॥

[मूलगा०३५][2]एगेगमट्ठ एगेगमट्ठ छदुमत्थ-केवलिजिणाणं।
एग चदुरेग चदुरो दो चदु दो छक्कमुदयंसा ॥४००[2]॥

	मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अपू०	अनि०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अ०
बं	६	३	२	३	२	२	४	५	१	१	०	०	०	०
उ	९	७	३	८	२	५	१	१	१	१	१	१	२	२
स	६	१	२	४	४	४	४	४	८	८	४	४	४	६

अथ गुणस्थानेषु नामकर्मणो बन्धोदयसत्त्वस्थानानां त्रिसंयोगं गाथाविंशत्याऽऽह—['छण्णव छत्तिय' इत्यादि।] मिथ्यादृष्ट्यादिसूक्ष्मसाम्परायान्तगुणस्थानेषु अनुक्रमेण नाम्नः सम्बन्धिबन्धादित्रयमुच्यते—तत्नाम्नः बन्धोदयसत्त्वस्थानानि गुणस्थानेषु क्रमेण मिथ्यादृष्टौ षट् नव षट् ६।९।६। सासादने त्रीणि सप्तैकम् ३।७।१। मिश्रे द्वे त्रीणि द्वे २।३।२। असंयते त्रीण्यष्टौ चत्वारि ३।८।४। देशसंयते द्वे द्वे चत्वारि २।२।४। प्रमत्ते द्वे पञ्च चत्वारि २।५।४। अप्रमत्ते चत्वार्येकं चत्वारि ४।१।४। अपूर्वकरणे पञ्चैकं चत्वारि ५।१।४। अनिवृत्तिकरणे एकमेकमष्टौ १।१।८। सूक्ष्मसाम्पराये एकमेकमष्टौ १।१।८। उपरतबन्धे शून्यं०। उदय-सत्त्वयोरेव उपशान्तकषाये एकं चत्वारि ०।१।४। क्षीणकषायेऽप्येकं चत्वारि ०।१।४। सयोगे द्वे चत्वारि ०।२।४। अयोगे द्वे षट् ०।२।६ भवन्ति। छद्मस्थानां केवलिनोश्च छद्मस्थानां मिथ्यादृष्ट्यादिसूक्ष्मान्तेषु सयोगायोगकेवलिनोर्द्वयोश्चेति ॥३९९–४००॥

गुणस्थानेषु नाम्नः बन्धोदयसत्त्वस्थानानि—

गुण०	मि०	सा०	मि०	अ०	दे०	प्र०	अ०	अपू०	अनि०	सू०	उ०	क्षी०	स०	अयो०
बन्ध०	६	३	२	३	२	२	४	५	१	१	०	०	०	०
उद०	९	७	३	८	२	५	१	१	१	१	१	१	२	२
सत्त्व	६	१	२	४	४	४	४	४	८	८	४	४	४	६

मिथ्यात्वगुणस्थानमें नामकर्मके बन्धस्थान छह, उदयस्थान नौ, और सत्त्वस्थान छह होते हैं। सासादनमें बन्धस्थान तीन, उदयस्थान सात और सत्त्वस्थान एक होता है। मिश्रमें बन्धस्थान दो, उदयस्थान तीन और सत्त्वस्थान दो होते हैं। अविरतमें बन्धस्थान तीन, उदयस्थान आठ और सत्त्वस्थान चार होते हैं। देशविरतमें बन्धस्थान दो, उदयस्थान दो और सत्त्वस्थान चार होते हैं। प्रमत्तविरतमें बन्धस्थान दो, उदयस्थान पाँच और सत्त्वस्थान चार होते हैं। अप्रमत्तविरतमें बन्धस्थान चार, उदयस्थान एक और सत्त्वस्थान चार होते हैं। अपूर्व-

1. सं० पञ्चसं० ५, ४११-४१३। 2. ५, ४१४-४१५।

१, सप्ततिका० ४९। परं तत्रेदक् पाठः—

छण्णव छक्कं तिग सत्त दुगं दुग तिग दुगं तिगऽट्ठ चउ।
दुग छच्चउ दुग पण चउ चउ दुग चउ पणग एग चऊ॥

२. सप्ततिका० ५०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करणमें बन्धस्थान पाँच, उदयस्थान एक और सत्त्वस्थान चार होते हैं। अनिवृत्तिकरणमें बन्धस्थान एक, उदयस्थान एक और सत्त्वस्थान आठ होते हैं। सूक्ष्मसाम्परायमें बन्धस्थान एक, उदयस्थान एक और सत्त्वस्थान आठ होते हैं। दोनों छद्मस्थ जिनोंके अर्थात् उपशान्तमोह और क्षीणमोह वीतराग संयतोंके एक एक उदयस्थान और चार चार सत्त्वस्थान होते हैं। केवली जिनोंके अर्थात् सयोगिकेवली और अयोगिकेवलीके क्रमशः दो दो उदयस्थान और चार तथा छह सत्त्वस्थान होते हैं ॥३९९-४००॥

इन तीनों स्थानोंकी अङ्कसंदृष्टि मूल और टीकामें दी है।

अब भाष्यगाथाकार उक्त त्रिसंयोगी स्थानोंका स्पष्टीकरण करते हैं—

णामस्स य बंधोदयसंताणि गुणं पडुच्च य विभज्ज।
तिगजोगेण य एत्थ दु भणियव्वं अत्थजुत्तीए ॥४०१॥

नाम्नो बन्धोदयसत्त्वस्थानानि गुणस्थानानि प्रतीत्याऽऽश्रित्य अत्र गुणस्थानेषु त्रिसंयोगेन बन्धोदयसत्त्वभेदेन विभज्य विभागं कृत्वाऽत्र तान्येव प्रत्येकतोऽर्थयुक्त्या सर्वाण्युच्यन्ते ॥४०१॥

नामकर्मके बन्धस्थान, उदयस्थान और सत्त्वस्थान गुणस्थानोंकी अपेक्षा विभाग करके त्रिसंयोगी भंगरूपसे अर्थयुक्तिके द्वारा यहाँ पर कहे जाते हैं ॥४०१॥

[1]तेवीसमादि कादुं तीसंता होंति बंधमिच्छम्हि।
उवरिम दो वज्जित्ता उदया णव चेव होंति णायव्वा ॥४०२॥

[2]मिच्छे बंधा २३।२५।२६।२८।२९।३०। उदया २१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१।

मिथ्यादृष्टौ बन्धस्थानानि त्रयोविंशतिकमादिं कृत्वा त्रिंशत्कान्तानि २३।२५।२६।२८।२९।३० भवन्ति। उदयस्थानानि उपरिमद्वयं नवकाष्टकस्थानद्वयं वर्जयित्वा एकविंशतिकादीनि नव भवन्ति ज्ञातव्यानि २१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१॥४०२॥

मिथ्यात्वगुणस्थानमें तेईस प्रकृतिको आदि करके तीस प्रकृतिक तकके छह बन्धस्थान होते हैं। तथा उपरिम दोको छोड़कर शेष नौ उदयस्थान होते हैं ॥४०२॥

मिथ्यात्वमें बन्धस्थान २३, २५, २६, २८, २९, ३० प्रकृतिक छह होते हैं। उदयस्थान २१, २४, २५, २६, २७, २८, २९, ३०, ३१ प्रकृतिक नौ होते हैं।

[3]तस्स य संतट्ठाणा तेणउदिं वज्जिदूण छाउवरिं।
सासणसम्मे बंधा अट्ठावीसादि-तीसंता ॥४०३॥

९२।९१।९०।८८।८४।८२। सासणे बंधा २८।२९।३०।

तस्य मिथ्यादृष्टेः सत्त्वस्थानानि त्रिनवतिकं वर्जयित्वा उपरितनानि षट् ९२।९१।९०।८८।८४।८२। तथाहि—तैजसकार्मणागुरुलघुपघातनिर्माणवर्णचतुष्काणीति ध्रुवाः ९। स्वरयुग्मोनत्रसबादरपर्याप्तप्रत्येकस्थिरशुभसुभगादेययशस्कीर्त्तियुग्मानामेकैकेत्यपि नव ९। चतुर्गति-पञ्चजाति-त्रिदेह-षट्-संस्थान-चतुरानुपूर्व्याणामेकैकेऽपि पञ्च ५ मिलित्वा त्रयोविंशतिकं २३ बन्धस्थानं इत्यादिबन्धस्थानानि पूर्वं प्रतिपादितानि। तैजस-कार्मणद्वयं २ वर्णचतुष्कं ४ स्थिरास्थिरे २ शुभाशुभे २ अगुरुलघु १ निर्माणं १ चेति ध्रुवाः १२। गतिषु एका गतिः १ जातिषु एका जातिः १ त्रस-बादर-पर्याप्त-सुभगादेययशोयुग्मानामेकतराणि १।१।१।१।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४१६। 2. ५, 'बन्धे २३' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २१६)। 3. ५, ४१७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१।१ । चतुरानुपूर्व्येषु एकतरानुपूर्व्यं १ एवमेकविंशतिकं २१ चातुर्गतिकानां विग्रहगतौ इदं ज्ञेयम् । एवं पूर्वमेवोदय [स्थान] व्याख्यानं कृतम् । तैर्थ्यं विना ९२ आहारकद्वयं विना ९१ तत्त्रितयं विना ९० । अत्र देवद्विकोद्वेल्लिते ८८ । अत्र नारकचतुष्के उद्वेल्लिते ८४ । अत्र मनुष्यद्विके उद्वेल्लिते ८२ । इत्येवं सत्त्वव्याख्या पूर्वमेव कृताऽस्ति, अतो ग्रन्थभूयस्त्वभयाद्नास्माभिर्विस्तीर्यते । सासादने बन्धस्थानानि अष्टाविंशतिकादित्रिंशत्कान्तानि २८।२९।३० ॥४०३॥

मिथ्यात्वगुणस्थानमें तेरानवैको छोड़कर उपरिम छह सत्त्वस्थान होते हैं । सासादनमें बन्धस्थान अट्ठाईस, उनतीस और तीस प्रकृतिक तीन होते हैं ॥४०३॥

मिथ्यात्वमें सत्त्वस्थान ९२, ९१, ९०, ८८, ८४, ८२ प्रकृतिक छह होते हैं । सासादनमें बन्धस्थान २८, २९, ३० प्रकृतिक तीन होते हैं ।

तस्स य उदयट्ठाणाणि होंति इगिवीसमादिएक्कतीसंता ।
वज्जिय अट्ठावीसं सत्तावीसं च संत णउदीयं ॥४०४॥

[1]आसादे उदया २१।२४।२५।२६।२९।३०।३१ । तित्थयराहारदुअसंतकम्मिओ सासणगुणं पडिवज्जइ, तेण संता ९० ।

तस्य सासादनस्य नामोदयस्थानानि अष्टाविंशतिकं सप्तविंशतिकं च परिवर्ज्य एकविंशतिकाद्येकत्रिंशत्कान्तानि २१ ।२४।२५।२६।२९।३०।३१ । सत्त्वस्थानमेकं नवतिकम् ९० । कुतः ? तीर्थकराऽऽहारकद्विकसत्त्वकर्मयुक्तो जीवः सासादनगुणस्थानं न प्रतिपद्यते, तेन सत्त्वस्थानं नवतिकम् ९० । सासादनतीर्थङ्कराऽऽहारकद्वयसत्कर्मा न भवतीत्यर्थः ॥४०४॥

सासादनमें उदयस्थान सत्ताईस और अट्ठाईसको छोड़कर इक्कीसको आदि लेकर इकतीस प्रकृतिक तकके सात होते हैं । सत्त्वस्थान नब्बे प्रकृतिक एक होता है ॥४०४॥

सासाननमें उदयस्थान २१, २४, २५, २६, २९, ३०, ३१ प्रकृतिक सात हैं । तीर्थंकर प्रकृति और आहारकद्विककी सत्तावाला जीव सासादनगुणस्थानको प्राप्त नहीं होता है, इसलिए यहाँ पर सत्त्वस्थान ९० प्रकृतिक एक ही होता है ।

[2]मिस्सम्मि ऊणतीसं अट्ठावीसा हवंति बंधाणि ।
इगितीसूणत्तीसं तीसं च य उदयठाणाणि ॥४०५॥

मिस्से बंधा २८।२९। उदया २९।३०।३१ ।

मिश्रे बन्धस्थानान्येकोनत्रिंशत्काष्टाविंशतिकद्वयं २८ । २९ भवति । नामोदयस्थानानि एकोनत्रिंशत्कत्रिंशत्कैकत्रिंशत्कानि त्रीणि २९।३०।३१ ॥४०५॥

मिश्रगुणस्थानमें बन्धस्थान अट्ठाईस और उनतीस प्रकृतिक दो होते हैं । तथा उदयस्थान उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक तीन होते हैं ॥४०५॥

मिश्रमें बन्धस्थान २८, २९ प्रकृतिक दो और उदयस्थान २९, ३०, ३१ प्रकृतिक तीन हैं ।

[3]तस्सेव संतकम्मा वाणउदिं णउदिमेव जाणाहि ।
अविरयसम्मे बंधा अडवीसुगुतीस-तीसाणि ॥४०६॥

तित्थयरसंतकम्मिओ मिस्सगुणं ण पडिवज्जइ, तेण तस्स तेणउदि-इगिणउदीओ ण संभवंति सेसा ९२।९०। असंजए बंधा २८।२९।३० ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, 'पाके २१' इत्यादिगद्यांशः (पृ० २१६) । 2. ५, ४१८ । 3. ५, ४१९ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तस्यैव मिश्रगुणस्थानस्य सत्त्वस्थानद्वयं द्वानवतिक-[नवतिक-]द्वयमिति जानीहि ९२।९०। तीर्थकरसत्कर्मा जीवो मिश्रगुणस्थानं न प्रतिपद्यते, तेन तस्य मिश्रस्य त्रिनवतिकमेनवतिकं च न सम्भवति। असंयतसम्यग्दृष्टौ नामबन्धस्थानानि त्रीणि—अष्टाविंशतिक-नवविंशतिक-त्रिंशत्कानि २८।२९।३०॥४०६॥

उसी मिश्र गुणस्थानमें बानबै और नब्बै प्रकृतिक दो ही सत्त्वस्थान जानना चाहिए। अविरत सम्यक्त्वगुणस्थानमें बन्धस्थान अट्ठाईस, उनतीस और तीस प्रकृतिक तीन होते हैं॥४०६॥

तीर्थङ्करप्रकृतिकी सत्तावाला जीव मिश्रगुणस्थानको प्राप्त नहीं होता है। इसलिए उसके तेरानबै और इक्यानबै प्रकृतिक सत्त्वस्थान सम्भव नहीं है। शेष ९२ और ९० प्रकृतिक दो सत्त्वस्थान उसके होते हैं। असंयतसम्यग्दृष्टिके २८, २९, ३० प्रकृतिक तीन बन्धस्थान होते हैं।

तस्सेव होंति उदया उवरिम दो वज्जिदूण हेट्ठिल्ला।
चउवीसं वज्जित्ता हिट्ठिमचदुरेव संताणि॥४०७॥

अविरए उदया २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। संता ९३।९२।९१।९०।

तस्यासंयतस्योदयस्थानानि उपरिमद्वयमष्टकनवकद्वन्द्वं अधःस्थचतुर्विंशतिकं च वर्जयित्वा तस्य चतुर्विंशतिकस्यैकेन्द्रियेष्वेवोदयात् एकविंशतिकादीन्यष्टौ २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। असंयते सत्त्वस्थानानि अधःस्थितानि चत्वारि, अद्यानि चत्वारि ९३।९२।९१।९०॥४०७॥

उसी असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें उदयस्थान उपरिम दो और अधस्तन चौबीसको छोड़कर शेष आठ होते हैं। तथा उसीके सत्त्वस्थान अधस्तन चार होते हैं॥४०७॥

अविरतमें उदयस्थान २१, २५, २६, २७, २८, २९, ३०, ३१ प्रकृतिक आठ होते हैं। सत्त्वस्थान ९३, ९२, ९१, ९० प्रकृतिक चार होते हैं।

[1]विरदाविरदे जाणे ऊणत्तीसट्ठवीसबंधाणि।
तीसेक्कतीसमुदया हेट्ठिमचत्तारि संताणि॥४०८॥

देसे बंधा २८।२९। उदय ३०।३१। संता ९३।९२।९१।९०।

देशसंयते बन्धस्थाने द्वे—अष्टाविंशतिकैकोनत्रिंशत्कद्वयं जानीहि २८।२९। उदयस्थाने द्वे—त्रिंशत्कैकत्रिंशत्कद्वयम् ३०।३१। सत्त्वस्थानानि अधःस्थानि चत्वारि ९३।९२।९१।९०॥४०८॥

विरताविरत गुणस्थानमें अट्ठाईस और उनतीस प्रकृतिक दो बन्धस्थान जानना चाहिए। तीस और इकतीस प्रकृतिक दो उदयस्थान तथा अधस्तन चार सत्त्वस्थान होते हैं॥४०८॥

देशविरतमें बन्धस्थान २८, २९, उदयस्थान ३०, ३१ और सत्त्वस्थान ९३, ९२, ९१, प्रकृतिक ९० होते हैं।

[2]उगुतीसट्ठावीसा पमत्तविरयस्स बंधठाणाणि।
पणुवीस सत्तवीसा अडवीसुगुतीस तीसुदया॥४०९॥

पमत्ते बंधा २८।२९। उदया २५।२७।२८।२९।३०।

प्रमत्तविरतस्थमुनेः अष्टाविंशतिक-नवविंशतिकद्वयं बन्धस्थानम् २८।२९। उदयस्थानानि पञ्चविंशतिक-सप्तविंशतिकाष्टाविंशतिक-नवविंशतिक-त्रिंशत्कानि पञ्च २५।२७।२८।२९।३०॥४०९॥

1. सं० पञ्चसं० ५, ४२०। 2. ५, ४२१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रमत्तविरतके बन्धस्थान अट्ठाईस और उनतीस प्रकृतिक दो तथा गुणस्थान पच्चीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस और तीस प्रकृतिक पाँच होते हैं ॥४०६॥

प्रमत्तसंयतके बन्धस्थान २८, २९ और उदयस्थान २५, २७, २८, २९, ३० प्रकृतिक होते हैं।

[1]तस्स य संतट्ठाणा हेट्ठा चउरेव णिद्दिट्ठा।
इगिबंधं वज्जित्ता हेट्ठिमचउ अप्पमत्तस्स ॥४१०॥

पमत्तो संता ९३।९२।९१।९०। अपमत्ते बंधा २८।२९।३०।३१।

तस्य प्रमत्तस्याऽऽद्यचतुःसत्त्वस्थानानि ९३।९२।९१।९०। अप्रमत्तस्य एकं बन्धस्थानं यशःकीर्त्तिकं १ वर्जयित्वा अधःस्थचतुर्बन्धस्थानानि २८।२९।३०।३१ ॥४१०॥

उसी प्रमत्तविरतके सत्त्वस्थान अधस्तन चारों ही कहे गये हैं। अप्रमत्तविरतके एकप्रकृतिक बन्धस्थानको छोड़कर अधस्तन चार बन्धस्थान होते हैं ॥४१०॥

प्रमत्तसंयतके सत्त्वस्थान ९३, ९२, ९१, ९० प्रकृतिक चार होते हैं। अप्रमत्तसंयतके २८, २९, ३०, ३१ प्रकृतिक चार बन्धस्थान होते हैं।

[2]तीसं चेव उदयं ति-दु-इगि-णउदी य णउदिसंताणि।
जाणिज्ज अप्पमत्ते बंधोदयसंतकम्माणं ॥४११॥

अप्पमत्ते उदयं ३०। संता ९३।९२।९१।९०।

अप्रमत्ते त्रिंशत्कमुदयस्थानमेकमुदयति ३०। सत्त्वस्थानानि त्रिनवतिक-द्विनवतिकैकनवतिक-नवतिकानि चत्वारि ९३।९२।९१।९०। अप्रमत्ते इत्येवं बन्धोदयसत्त्वकर्मणां स्थानानि जानीयात् ॥४११॥

उसी अप्रमत्तसंयतमें तीनप्रकृतिक एक उदयस्थान होता है, तथा तेरानबै, बानबै, इक्यानबै और नब्बैप्रकृतिक चार सत्त्वस्थान जानना चाहिए ॥४११॥

अप्रमत्तमें ३० प्रकृतिक एक उदयस्थान और ९३, ९२, ९१, ९० प्रकृतिक चार सत्त्वस्थान होते हैं।

उवरिमपंचट्ठाणे अपुव्वकरणस्स बंधंतो।
उदयं तीसट्ठाणं हेट्ठिम चत्तारि संतठाणाणि ॥४१२॥

अपुव्वे बंधा २८।२९।३०।३१।१। उदयं ३०। संता ९३।९२।९१।९०।

अपूर्वकरणस्य उपरिमपञ्चस्थानानि——अष्टाविंशतिक-नवविंशतिक-त्रिंशत्कैकत्रिंशत्कैककानि २८।२९। ३०।३१।१ बन्धतः त्रिंशत्कमुदयं याति ३०। अधःस्थचत्वारि सत्त्वस्थानानि ९३।९२।९१।९० भवन्ति ॥४१२॥

उपरिम पाँच बन्धस्थानोंको बाँधनेवाले अपूर्वकरणसंयतके तीसप्रकृतिक एक उदयस्थान और अधस्तन चार सत्त्वस्थान होते हैं ॥४१२॥

अपूर्वकरणमें बन्धस्थान २८, २९, ३०, ३१, १ प्रकृतिक पाँच; उदयस्थान ३० प्रकृतिक १ और सत्त्वस्थान ९३, ९२, ९१, ९० प्रकृतिक चार होते हैं।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४२२। 2. ५, ४२३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[1]अणियट्टिस्स दुबंधं जसकित्ती उदय तीसगं चेव ।
ति-दु-इगि-णउदिं णउदिं णव अड सत्तऽधियसत्तरिमसीदिं ॥४१३॥
[2]एदाणिं चेव सुहुमस्स होंति बंधोदयाणि संताणि ।
उवसंते तीसुदए हेट्ठिमचत्तारि संताणि ॥४१४॥

अणियट्टि-सुहुमाणं बंधो १ उदओ ३० । संता ९३।९२।९१।९०।८०।७९।७८।७७। उवरदबंधे उवसंते उदया ३० संता ९३।९२।९१।९०।

अनिवृत्तिकरणस्य एकं यशस्कीर्त्तिनाम बन्धतः त्रिंशत्क ३० मुदयं याति । त्रिनवतिक ९३ द्विनवतिकै ९२ कनवतिक ९१ नवतिका ९० शीतिक ८० नवसप्ततिका ७९ अष्टसप्ततिक ७८ सप्तसप्ततिकानि ७७ सत्त्वस्थानान्यष्टौ भवन्ति । सूक्ष्मसाम्परायस्यैतानि बन्धोदयसत्त्वस्थानानि भवन्ति । अनिवृत्तिकरण-सूक्ष्मसाम्पराययोः बन्धस्थानमेकम् १ । उदये ३० । सत्त्वस्थानानि ९३।९२।९१।९०।८०।७९।७८।७७ । उपशान्तकषाये बन्धरहिते उदये स्थानं त्रिंशत्कं ३० त्रिनवतिकादीनि चत्वारि सत्त्वस्थानानि ९३।९२।९१।९० ॥४१३–४१४॥

अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें एक यशःकीर्त्तिका बन्ध होता हैं। तीसप्रकृतिक एक उदयस्थान है। तेरानबै, बानबै, इक्यानबै, नब्बै, अस्सी, उन्यासी, अठहत्तर और सतहत्तरप्रकृतिक आठ सत्त्वस्थान होते हैं। ये ही बन्ध, उदय और सत्त्वस्थान सूक्ष्मसाम्परायसंयतके भी होते हैं। उपरतबन्धवाले उपशान्तमोहमें तीसप्रकृतिक उदयस्थान और अधस्तन चार सत्त्वस्थान होते हैं ॥४१३–४१४॥

अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायके बन्धस्थान एकप्रकृतिक एक, उदयस्थान ३० प्रकृतिक एक और सत्त्वस्थान ९३, ९२, ९१, ९०, ८०, ७९, ७८, ७७ प्रकृतिक आठ हैं। मोहके बन्धसे रहित उपशान्तमोहमें उदयस्थान ३० प्रकृतिक एक है और सत्त्वस्थान ९३, ९२, ९१, ९० प्रकृतिक चार होते हैं।

[3]तह खीणेसु वि उदयं उवरिमदुगमुज्झिऊण चउसंता ।
तीसेक्कतीसमुदयं होंति सजोगिम्मि णियमेण ॥४१५॥

खीणे उदओ ३० संता ८०।७९।७८।७७।

तथा क्षीणकषाये उदयस्थानं त्रिंशत्कं ३० । उपरितः दशक-नवकद्वयं वर्जयित्वा अशीतिकादीनि चत्वारि सत्त्वस्थानानि ८९।७९।७८।७७ । सयोगकेवलिनि त्रिंशत्कैकत्रिंशत्कद्वयमुदयस्थानं ३०।३१ नियमेन भवन्ति ॥४१५॥

क्षीणकषाय-गुणस्थानमें उदयस्थान तीसप्रकृतिक एक ही है। तथा उपरिम दोको छोड़कर चार सत्त्वस्थान होते हैं। सयोगिकेवलीमें नियमसे तीस और एकतीसप्रकृतिक दो उदयस्थान होते हैं ॥४१५॥

क्षीणकषायमें उदयस्थान ३० प्रकृतिक एक है और सत्त्वस्थान ८०, ७९, ७८, ७७ प्रकृतिक चार होते हैं।

[4]तस्य य संतट्ठाणा उवरिम दो वज्जिदूण चउ हेट्ठा ।
णव अट्ठेव य उदयाऽजोगिम्हि[†] हवंति णेयाणि ॥४१६॥

सजोगे उदया ३०।३१ । संता ८०।७९।७८।७७।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४२४ । 2. ५, ४२५ । 3. ५, ४२६ । 4. ५, ४२७ ।

[†]ब 'जोगीहिं' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तस्य सयोगिकेवलिनः उपरिमसत्त्वस्थानद्वयं वर्जयित्वा अशीतिकादीनि चत्वारि सत्त्वस्थानानि ८०। ७९।७८।७७ भवन्ति । अयोगिकेवलिनि नामप्रकृतिनवकमष्टकं चोदयस्थानद्वयं भवति ॥४१६॥

उन्हीं सयोगिकेवलीके उपरिम दो दो छोड़कर अधस्तन चार सत्त्वस्थान होते हैं । अयोगिकेवलीके नौ और आठप्रकृतिक दो उदयस्थान होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥४१६॥

सयोगिकेवलीके ३०, ३१ प्रकृतिक दो उदयस्थान और ८०, ७९, ७८, ७७ प्रकृतिक चार सत्त्वस्थान होते हैं ।

[1]णव दस सत्तत्तरियं अट्ठत्तरियं च ऊणसीदी य ।
आसीदिं चाजोगे संतट्ठाणाणि जाणेज्जो ॥४१७॥

अजोगे उदया ९।८। संता ८०।७९।७८।७७।१०।९ ।

एवं णामपरूवणा गुणेसु समत्ता ।

अयोगिकेवलिनि नवक ९ दशक १० सप्तसप्ततिका ७७ अष्टसप्ततिक ७८ नवसप्ततिका ७९ शीतिकानि ८० षट् सत्त्वस्थानानि अयोगिनो भवन्तीति जानीयात् ॥४१७॥

अयोगिकेवलिनि उदयस्थानद्वयं ९।८ । सत्त्वस्थानषट्कम् ८०।७९।७८।७७।१०।९ ।

अथ मिथ्यादृष्ट्यादिगुणस्थानेषु नामबन्धोदयसत्त्वस्थानसंख्या-तत्प्रकृतिस्थानसंख्या रचना रच्यते । तस्य यन्त्ररचना—

गुण०	बन्ध-सं०	बन्ध-प्र० स्था०	उदयसं०	उदय-प्र० स्था०	सत्त्व-सं०	सत्त्व-प्र० स्था०
मि०	६	२३,२५,२६,२८ २९,३० ।	९	२१,२४,२५,२६,२७, २८,२९,३०,३१ ।	६	९२,९१,९०,८८,८४, ८२ ।
सा०	३	२८,२९,३० ।	७	२१,२४,२५,२६,२९, ३०,३१ ।	१	९० ।
मि०	२	२८,२९ ।	३	२९,३०,३१ ।	२	९२,९० ।
अवि०	३	२८,२९,३० ।	८	२१,२५,२६,२७,२८, २९,३०,३१ ।	४	९३,९२,९१,९० ।
देश०	२	२८,२९ ।	२	३०,३१ ।	४	९३,९२,९१,९० ।
प्रम०	२	२८,२९ ।	५	२५,२७,२८,२९,३०।	४	९३,९२,९१,९० ।
अप्र०	४	२८,२९,३०,३१	१	३०	४	९३,९२,९१,९० ।
अपू०	५	२८,२९,३०,३१,१	१	३०	४	९३,९२,९१,९० ।
अनि०	१	१	१	३०	८	९३,९२,९१,९०,उप० ८०,७९,७८,७७ क्षप०
सू०	१	१	१	३०	८	९३,९२,९१,९० उप० ८०,७९,७८,७७ क्षप०
उप०	०		१	३०	४	९३,९२,९१,९० ।
क्षी०	०		२	३०	४	८०,७९,७८,७७ ।
सयो०	०		२	३०,३१ ।	४	८०,७९,७८,७७ ।
अयो०	०		२	९,८ ।	६	८०,७९,७८,७७, १०,९ ।

1. सं० पञ्चसं० ५, ४२८ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अयोगिकेवलीके अस्सी, उन्यासी अट्ठहत्तर, सत्तहत्तर, दश और नौप्रकृतिक छह सत्त्वस्थान जानना चाहिए ॥४१७॥

अयोगिजिनके ६, ८ प्रकृतिक दो उदयस्थान और ८०, २६, ७८, ७२ १० और ६ प्रकृतिक छह सत्त्वस्थान होते हैं। इन सब स्थानोंका स्पष्टीकरण टीकामें दी गई संदृष्टिमें किया गया है।

इस प्रकार गुणस्थानोंमें नामकर्मके त्रिसंयोगी प्ररूपणा की।

अब मूलसप्तिकार मार्गणाओंमें नामकर्मके बन्ध, उदय और सत्त्वस्थानोंका विचार करते हुए सबसे पहले गतिमार्गणामें उनका निर्देश करते हैं—

[मूलगा०४६] [1]दो छक्कट्ठ चउक्कं णिरयादिसु पयडिबंधठाणाणि ।
पण णव दसयं पणयं ति-पंच-चारे चउक्कं च [1] ॥४१८॥

		नरक०	तिर्यंच०	मनुष्य०	देव०
	ब०	२	६	८	४
णिरयादिसु	उ०	५	६	१०	५
	स०	३	५	१२	४

अथ चतुर्दशमार्गणासु नामबन्धोदयसत्त्वस्थानानां त्रिसंयोगमाह—['दो छक्कट्ठ चउक्कं' इत्यादि ।] नरकादिगतिषु नामप्रकृतिबन्धस्थानानि द्वे २ षट् ६ अष्टौ ८ चत्वारि ४ । नामप्रकृत्युदयस्थानानि पञ्च ५ नव ६ दश १० पञ्च ५ । नामप्रकृतिसत्त्वस्थानानि त्रीणि ३ पञ्च ५ द्वादश १२ चत्वारि ४ ॥४१८॥

	नरक०	ति०	म०	देव०
बं०	२	६	८	४
उ०	५	६	१०	५
स०	३	५	१२	४

नरक आदि गतियोंमें नामकर्मके प्रकृतिक बन्धस्थान क्रमशः दो, छह, आठ और चार होते हैं। उदयस्थान क्रमशः पाँच, नौ, दश और पाँच होते हैं। तथा सत्त्वस्थान क्रमशः तीन, पाँच, बारह और चार होते हैं ॥४१८॥

इस गाथाके द्वारा चारों गतियोंके नामकर्म-सम्बन्धी बन्ध, उदय और सत्तास्थान बतलाये गये हैं, जिनकी संदृष्टि मूल और टीकामें दी हुई है।

अब उक्त गाथा-सूत्र-द्वारा सूचित स्थानोंका भाष्यगाथाकार स्पष्टीकरण करते हुए पहले नरकगतिसम्बन्धी बन्धादि-स्थानोंका निरूपण करते हैं—

[2]णिरए तीसुगुतीसं बंधट्ठाणाणि होंति णायव्वा ।
इगि-पण-सत्तट्ठधिया वीसा उगुतीसमेवुदया ॥४१९॥
[3]संतट्ठाणाणि पुणो होंति तिण्णेव णिरयवासम्मि ।
वाणउदिमादियाणं णउदिट्ठाणंतियाणि सया ॥४२०॥

[4]णिरयगईए बंधो २६।३०। उदया २१।२५।२७।२८।२६। संता ६२।६१।६०।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ४२६-४३० । 2. ५, ४३१ । 3. ५, ४३२ । 4. ५, 'श्वभ्रे बन्धे' इत्यादिगद्यभागः (पृ० २१८) ।

१. सप्ततिका० ५१ । परं तत्र पाठोऽयम्—

दो छक्कट्ठ चउक्कं पण णव एक्कार छक्कगं उदया ।
नेरइआइसु संता ति पंच एक्कारस चउक्कं ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

